борона́ (स्त्री०) हेगा , सुहागा ।

боро́ться (आत्म० अपू०) १ (के विरुद्ध) लडना , सघर्ष करना , २ कुश्ती लडना ।

борт (पु०) १ (पोत का) पार्श्व ; बाजू , ओर ; пра́вый б जमना बाजू , दायी तरफ , левыи б डावा बाजू , बायी तरफ , २ (कोट की) छाती ; ३. (बिलियर्ड का) कुशन ।

борт-меха́ник (पु०) हवाई जहाज का मिस्त्री ।

бортово́й (वि०) борт से वि० ।

борщ (पु०) चुकन्दर और गोभी का शोरवा ।

борьба́ (स्त्री०) सघर्ष ; मल्लयुद्ध ; कुश्ती ; б. за существова́ние अस्तित्व के लिए सघर्ष ।

босико́м (क्रि० वि०) नगे पाँव ।

босо́||й (वि०) नगे पाँव ; नगी टाँगोवाला , **—но́гий** (वि०) नगे पाँववाला ; **—но́жка** (स्त्री०) नगी टागो से नाचनेवाली ; **—но́жки** (बहु०) (एक प्रकार के जूते) सैंडिल ।

бося́к (पु०) आवारागर्द ।

бот (पु०) नाव।

ботанизи́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) (वनस्पति शास्त्र के) अध्ययन के लिए वनस्पति आदि संग्रह करना।

ботани́|к (पु०) वनस्पतिशास्त्र-वेत्ता, **—ика** (स्त्री०) वनस्पति-शास्त्र, औद्भिदी, **—и́ческий** (वि०) वनस्पति-शास्त्रीय, औद्भिदीय; वनस्पतिशास्त्र-सम्बन्धी।

ботва́ (स्त्री०) चुकन्दर के पत्ते।

ботви́нья (स्त्री०) मछली और सब्जियों का (ठंडा) शोरवा।

бо́тик (पु०) **I.** युद्धपोत पर की नाव, **II.** (जूते के ऊपर पहनने के) बड़े जूते, रबड़ के जूते।

боти́нок (पु०) बूट, बड़े जूते।

бо́ты (बहु०) (जूते के ऊपर पहनने के) बड़े जूते; रबड़ के जूते।

бо́цман (पु०) डेकसरंग, जहाज की नावों, झंडों आदि की देखरेख करनेवाला अधिकारी।

боча́р (पु०) पीपे बनानेवाला, पीपागर, **—ный** (वि०) бочáр से वि०, —ное ремéсло पीपे बनाने का धन्धा, पीपागरी।

бо́чка (स्त्री०) पीपा, कनस्तर, टीन।

бочко́м (क्रि० वि०) तिरछा, पार्श्व से।

бочо́к (पु०) бок का अल्प०।

бочо́нок (पु०) бóчка का अल्प०।

боязли́в|ость (स्त्री०) भीरुता, कायरता, **—ый** (वि०) भीरु, कायर।

бо́язно (कर्तृ-निरपेक्ष) мне б мुझे डर लगता है।

боя́зн|ь (स्त्री०) भय, आतंक, डर; из —и, что он заболéет उसके बीमार पड़ने के डर से।

боя́р|ин (पु०) बोयार (क्रान्ति-पूर्व रूस का सौदागर) **—ский** (वि०) बोयार का, **—ыня** (स्त्री०) बोयार की पत्नी।

боя́рышник (पु०) एक काटेदार पेड़; नागफनी।

боя́рышня (स्त्री०) बोयार की कुमारी।

боя́ться (अस०म० अपू०) डरना, भयभीत होना; вам нéчего б आपको डरने की आवश्यकता नहीं; боюсь, что он не придет मुझे डर है कि वह नहीं आयेगा, □ боюсь сказáть कहते हुए डरता हूँ, не бóйся डरिए मत, डरो मत।

брав|áда (स्त्री०) आडम्बरी साहसिकता, **—и́ровать** (अपू०) (वर्त०—рую) शान मारना।

брáво! (विस्मय०) शाबाश! वाह! वाह!

брáвый (वि०) वीर, साहसी।

брáга (स्त्री०) घर निकाली हुई बीयर (जौ की शराब)।

брáжничать (अपू०) अधिक मदिरा पीना; अतिपान करना।

бразды́ (बहु०) б правлéния राज्य की बागडोर।

брак (पु०) **I.** विवाह, शादी, гражданский б. पौर विवाह, सिविल विवाह, вступúть в б विवाह करना।

брак-II. (पु०) खराब माल, नुक्सदार माल; **—сра́ж** (पु०) निर्यात की जानेवाली वस्तुओं का सरकारी निरीक्षण, छंटाई, **—ова́ть** (अपू०) **забракова́ть** (पू०) (वर्त०—кýю) नुक्सदार माल निकाल देना, छंटाई करना, **—о́вщик** (पु०) नुक्सदार माल की छंटाई करनेवाला।

бракоде́л (पु०) नुक्सदार माल उत्पादन करनेवाला।

браконье́р (पु०) अवैध कब्जा करनेवाला।

брако|разво́дный (वि०) तलाक या विवाह-विच्छेद-सम्बन्धी, **—сочета́ние** (नपु०) विवाह।

брами́н (पु०) ब्राह्मण।

брандва́хта (स्त्री०) रक्षापोत।

бра́ндер (पु०) आग बुझाने का जहाज।

брандмайо́р (पु०) दमकल-केन्द्र का प्रधान।

брандма́уер (पु०) अग्निसह दीवार।

брандме́йстер (पु०) दमकल-केन्द्र का प्रधान, **—спóйт** (पुं०) आग बुझाने का पम्प या इंजन।

брани́ть (अपू०) गाली देना, झिड़की देना, डाँटना, **—ся** (आत्म०) झगड़ना, एक-दूसरे को गाली देना।

бра́нный (वि०) **I.** —ое слóво दुर्वचन, **II.** युद्ध-सम्बन्धी।

бранчли́вый (वि०) झगड़ालू।

бран|ь (स्त्री०) **I.** गाली, **II.** пóле —и रणक्षेत्र।

брасле́т (पु०), **—ка** (स्त्री०) कंगन, पहुँची, बाजूबन्द।

брат (पु०) १ भ्राता, भाई, двоюродный б चचेरा/ममेरा/फुफेरा भाई, २ (सम्बोधन) भैया!

брата́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) मैत्री करना, भाईचारा रखना।

бра́т‖ец (पु०) भैया, **—и́шка** (पु०) १ छोटा भाई (बच्चे के विषय मे), २ भैया, **—ия** (स्त्री०) भाईचारा।

брато́к (पु०) भैया।

брато‖уби́йство (नपु०) भाई की हत्या, भ्रातृहत्या, **—уби́йца** (पु०) भ्रातृहत्यारा।

бра́тски (क्रि० वि०) भ्रातृवत्, प्रेमपूर्वक।

бра́т‖ский (वि०) भ्रातृ-, भाई का, —ая любо́вь भ्रातृप्रेम, **—ство** (नपु०) १ भ्रातृभाव, २ भाईचारा।

брать (अपू०), **взять** (पू०) (वर्त० беру́, берешь, भवि० возьму́, возьмешь) १. लेना, б взаймы́ उधार लेना, б биле́ты टिकट लेना, б под аре́ст गिरफ्तार करना, б в плен बन्दी बनाना, २ किराये पर लेना, भाडे पर लेना, ३ (बुद्धि आदि द्वारा) सफल होना, б на учет रजिस्टर मे दर्ज करना, б сло́во с кого́-л. किसी-से वचन लेना; б ли́шнее अधिक दाम लेना; нож не берет चाकू चलता नही, **—ся** (आत्म०) १ जिम्मेदारी लेना, он взя́лся за э́ту рабо́ту उसने इस काम की जिम्मेदारी ली, २ आरम्भ करना, हाथ मे लेना, —ся за чте́ние पढना आरम्भ करना, (से) छूना, पकड लेना, —ся за́ руки हाथ मिलाना, हाथ पकडना, □ —ся за ум होश मे आना, отку́да ни возьми́сь अचानक ही आ टपकना।

бра́чн‖ый (वि०) वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, —ое сожи́тельство सहवास करना, मैथुन करना।

бревен́чатый (वि०) इमारती लकडी का; б дом लकडी का घर।

бревно́ (नपु०) (लकडी का) शहतीर।

бред (पु०) प्रलाप, सन्निपात।

бре́д‖ить (अपू०) (वर्त० бре́жу, бре́дишь) प्रलाप करना, सन्निपात होना, पागल की तरह चिल्लाना; **—ни** (बहु०) १. असम्भव कल्पना; शेखचिल्लीपन; २ बकवास; **—ово́й** (वि०) सन्निपात-सम्बन्धी।

бре́зг‖ать (अपू०), **по—** (पू०) १. अरुचि अनुभव करना, घृणा करना, он —ает пить из чужо́го стака́на वह दूसरे के गिलास मे पीने से घृणा करता है, २ हिचकिचाना; (नकारात्मक रूप से) он не —ает никаки́ми сре́дствами वह किसी भी साधन को प्रयोग मे लाने से नही हिचकिचाता, **—ли́во** (क्रि० वि०) अरुचिपूर्वक, घृणापूर्वक, हिचकिचाहट से, **—ли́вость** (स्त्री०) अरुचि, घृणा, हिचकिचाहट, **—ли́вый** (वि०) (व्यक्ति के बारे मे) घृणा करनेवाला, नकचढा, —ли́вое чу́вство घृणा।

брезе́нт (पु०) मोमजामा; तिरपाल, **—овый** (वि०) मोमजामे का, —овое пальто́ मोमजामे का कोट।

бре́зжить (अपू०) **—ся** (आत्म०) पौ फटना; (तारो का) झिलमिलाना।

брело́к (पु०) लोलक।

бре́м‖я (स्त्री०) भार, बोझ; वजन, б. забо́т चिन्ताओ का भार, □ разреши́ться от —ени बच्चा जनना।

бре́нн‖ость (स्त्री०) भगुरता; **—ый** (वि०) भगुर, □ —ые оста́нки अस्थि-अवशेष।

бренча́ть (अपू०) ठनकाना, अनाडीपन से कोई वाद्ययन्त्र बजाना।

брести́ (अपू०) (वर्त० бреду́, бредешь) चले जाना; कठिनता से जाना।

бретéль(ка) (स्त्री०) स्कन्धिका, कन्धे पर का फीता।

бретёр (पु०) झगडालू आदमी।

брех‖а́ть (अपू०) **брехну́ть** (पू०) (वर्त० брешу́, бре́шешь) १.(कुत्त का) भौकना; २. झूठ बोलना, डीग मारना, भौकना; **—ня́** (स्त्री०) झूठी बात; **—у́н** (पु०) झूठा।

брешь (स्त्री०) दरार।

бригад‖а (स्त्री०) जत्था, मडली; दल; टीम; ब्रिगेड; б. рабо́чих मजदूरो का दल; **—и́р** (पुं०) १ (सेना०) ब्रिगेडियर; २ टीम का नेता; दलनायक।

бри́джи (वहु०) बिरजिस ।

бриз (पु०) समीर, हवा ।

бриза́нтный (वि०) विस्फोटक ।

бриллиа́нт, брильянт (पु०) हीरा, **—овый** (वि०) हीरे का ।

брита́н||ец (पु०) अंग्रेज; **—ский** (वि०) बरतानिया का ।

бри́тв||а (स्त्री०) उस्तरा, रेजर; **—енный** (वि०) उस्तरा-सम्बन्धी, दाढी बनाने का ।

бри́тый (वि०) दाढी बनाये हुए ।

бри||ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० бре́ю, бре́ешь) दाढी बनाना, **—тьё** (नपु०) हजामत; **—ться** (आत्म०) अपनी दाढी बनाना ।

бро́вка (स्त्री०) छोर; किनारा ।

бровь (स्त्री०) भ्रू; भौं ।

брод (पु०) चलकर पार करने योग्य नदी आदि का कम गहरा स्थान, पाँझ ।

броди́ло (नपु०) (भौ०) किण्व ।

броди́льный (वि०) किण्वन-; б. ферме́нт किण्वन-साधन ।

броди́ть (अपू०) **I.** (वर्त० брожу́, бро́дишь) विचरना, घूमना, б по у́лицам सडको पर घूमना, **II.** (अपू०) किण्वन करना ।

бродя́га (उभ०) घुमक्कड; आवारा ।

бродя́ч||ий (वि०) आवारा, घुमक्कड; —ие племена́ घुमक्कड जातियाँ; यायावर ।

броже́ние (नपु०) (रस०) किण्वन ।

бром (पु०) (रस०) ब्रोमीन, ब्रोमाइड ।

броне||автомоби́ль (पु०) बक्तरबन्द गाडी; **—ба́шня** (स्त्री०) बक्तरबन्द बुर्जी; **—ви́к** (पु०) बक्तरबन्द गाडी, **—во́й** (वि०) बक्तरबन्द; कवचित —вой автомоби́ль = бронеавтомоби́ль, **—маши́на** (स्त्री०) बक्तरबन्द गाडी; **—но́сец** (पु०) युद्धपोत; जगी जहाज; **—но́сный** (वि०) बक्तरबन्द; कवचित ।

бро́нз||а (स्त्री०) काँसा; **—овый** (वि०) काँसे का ।

брони́ровать (अपू० और पू०) (рую) १. बक्तरबन्द करना; कवचित करना; २. **забро-ни́ровать** (पू०) सुरक्षित करना, रिजर्व करना, б ме́сто स्थान सुरक्षित (रिजर्व) करना ।

бро́н||я́ (स्त्री०) १. कवच; २ सुरक्षित स्थान; सुरक्षित मात्रा (कोटा), получи́ть биле́т по —е जगह सुरक्षित (रिजर्व) करना ।

броса́ть (अपू०), **бро́сить** (पू०) (भवि० бро́шу, бро́сишь) १ फेंकना, б ка́мни पत्थर फेंकना; б взгляд (на) नजर मारना, б я́корь लगर डालना; २ त्याग देना, छोड देना; б. ору́жие हथियार डालना; б семью́ परिवार त्यागना; б. кури́ть तम्बाकू पीना छोड देना, **—ся** (आत्म०) १ टूट पडना, झपटना, —ся в во́ду पानी में कूद पडना, —ся на по́мощь सहायता के लिए भागना; —ся на коле́ни पाँव पडना; —ся в объя́тия आलिंगन करना, बगलगीर होना; соба́ка бро́силась на него́ कुत्ता उस पर टूट पडा, २ (केवल अपू०) एक-दूसरे पर टूट पडना, ३. (केवल अपू०) घृणा करना ।

брос||ко́м (क्रि० वि०) झपटकर, **—ово́й, —овый** (वि०) फेंकने का; फेंकने योग्य; रद्दी; **—о́к** (पु०) झपट्टा ।

бро́шенный (कृदन्त और वि०) त्यक्त ।

брошировать = брошюровать.

бро́шка, брошь (स्त्री०) स्त्रियो के वस्त्रो पर लगाने की रत्नजटित पिन ।

брошю́р||а (स्त्री०) पुस्तिका, **—ова́льный** (वि०) (छपे हुए पन्नो को पुस्तक रूप मे) सीने का ।

брошюрова́ть (अपू०), **с—** (पू०) छपे हुए पन्नो को पुस्तक रूप मे सीना ।

брус (पु०) शहतीर ।

бруско́в||ый (वि०) छड का, —ое желе́зо छड का लोहा ।

брусни́ка (स्त्री०) एक प्रकार की रसभरी ।

бру́тто (नपु०) कुल; कुल भार ।

брыже́йка (स्त्री०) आन्त्रपेशी ।

бры́згать (अपू०), **за—** (पू०); **бры́знуть** (पू०) १. छिडकना; छींटे मारना; б. водо́й (на) पानी के छींटे देना; २ (क्षण भर के अर्थ मे) кровь бры́знула из ра́ны रक्त का

फव्वारा छूटना।

брызга́ться (आत्म० अपू०) १ (अपने आप पर) छिड़कना, ६ दुसरों पर छींटे मारना।

брызги (बहु०) छींटे, बिन्दकियाँ, ६ грязи कीचड़ के छींटे।

брызнуть दे० брызгать

брыка́ть (अपू०), **брыкну́ть** (पू०) दुलत्ती मारना।

брынза (स्त्री०) भेड़ के दूध का पनीर।

брысь (विस्मय०) शी! (बिल्ली को भगाने के लिए)।

брюзга́ (उभ०) बड़बड़ानेवाला व्यक्ति; **—гли́вый** (वि०) बड़बड़ानेवाला, **—жа́ние** (नपु०) बड़बड़ाहट, **—жа́ть** (अपू०) बड़बड़ाना।

брю́ква (स्त्री०) (जाड़े ऋतु का) शलजम।

брю́ки (बहु०) पतलून, ब्रिचिस।

брюне́т (पु०) काले बालोंवाला पुरुष, श्यामकेशी, **—ка** (स्त्री०) काले बालोंवाली स्त्री, श्यामकेशिनी।

брю́хо (नपु०) पेट, наполня́ть ६ пе́ть भरना।

брюши́на (स्त्री०) आँतों की ऊपरी झिल्ली, **—ный** (वि०) आंतों की ऊपरी झिल्ली का।

брюшко́ (पु०) брю́хо का अल्प०, **—но́й** (वि०) पेट-सम्बन्धी, उदरीय।

бря́кать (अपू०) **бря́кнуть** (पू०) १ धड़ाम से गिराना, घुमाकर फेंकना, २ बकबक करना, ३ बक देना, बेसमझे बोल उठना, **—ся** (आत्म०) धड़ाम से गिरना।

бряца́ние (नपु०) झनझनाहट।

бряца́ть (अपू०) झनझन शब्द करना।

бу́бен (पु०) झाँझलाता डफ, खंजड़ी, **—е́ц** (पु०) घंटी।

бубе́нчик = бубене́ц.

бу́блик (पु०) छल्ले के आकार की रोटी या पेस्ट्री।

бубни́ть (अपू०) बड़बड़ करना।

бубно́вый (वि०) (ताश में) ईंट का, ६. туз ईंट का इक्का।

бу́бны (बहु०) १. бу́бен का बहु०, २. (ताश में) ईंट का रंग।

бубо́н (पु०) (चिकि०) कखौरी, कछराली।

бугро́ (पु०) टीला, छोटी पहाड़ी, **—о́к** (पु०) गिल्टी, गाँठ, उभार, ग्रन्थि, गिल्टी, **—ча́тка** (स्त्री०) क्षय-रोग, तपेदिक, **—ча́тый** (वि०) १ ग्रन्थिल, गाँठदार, २ क्षय-सम्बन्धी।

бугри́стый (वि०) टीलोंवाला, असम, ऊबड़-खाबड़, ऊंचा-नीचा।

буддизм (पु०) बौद्ध मत, बौद्ध धर्म, **—ст** (पु०) बौद्ध, बौद्ध धर्म का अनुयायी।

бу́дет १ दे० быть, २ बस, काफी है, अलम्, ६ тебе плака́ть रोना बन्द कर, ६ с вас бо́гого? क्या यह काफी है?, बस?

буди́льник (पु०) अलार्म घड़ी।

буди́ровать (अपू०) (—рую) १. गुस्सा होना; मन ही मन क्षुब्ध होना, २ उत्तेजित करना।

буди́ть (अपू०), **раз—, про—** (पू०) (वर्त० бужу́, бу́дишь) १ (разбуди́ть पू० के साथ) जगाना, разбуди́те меня́ ра́но मुझे जल्दी जगाइए, २ (пробуди́ть पू० के साथ) जागृत करना, उत्तेजित करना।

бу́дка (स्त्री०) पहरेदार का कोष्ठ।

бу́дни (बहु०) (सप्ताह के) काम करने के दिन (रविवार और छुट्टियों को छोड़कर), नीरस जीवन, **—ный** (वि०) दैनिक, प्रतिदिन का, **—ичность** (स्त्री०) नीरसता, **—ичный** (वि०) १. दैनिक, प्रतिदिन का, २ नीरस, —ичная жизнь नीरस जीवन, —ичный день (सप्ताह का) काम करने का दिन (रविवार और छुट्टी को छोड़कर)।

будора́жить (अपू०), **вз—** (पू०) शान्ति भंग करना, उत्तेजित करना, हलचल पैदा करना।

бу́дочник (पु०) १ (काम पर तैनात) सिपाही, २ रेलवे गार्ड।

бу́дто (अ०) (सम्बन्धसूचक), १. मानो, जैसे, у вас тако́й вид, ६ вы не по́няли आपकी शक्ल से ऐसा लगता है मानो आप समझे नहीं; २ प्रतीत होता है, स्पष्ट रूप से, говоря́т, ६ он уе́хал कहते हैं कि वह चला गया, ऐसा लगता है कि वह चला गया, ३. सचमुच।

бу́ду (दे०) быть

будуа́р (पु०) (स्त्रियों का) एकान्त कक्ष ।

бу́дущ||ее (नपु०) (वि० रू०) भविष्य, в —ем भविष्य मे; **—ий** (वि०) भावी, आगामी; अगला, в —ем году́ अगले वर्ष, в —ий раз अगली बार, —ее поколе́ние भावी पीढी, —ее вре́мя भविष्यकाल, **—ность** (स्त्री०) भविष्य ।

бу́ер (पु०) बर्फ पर चलनेवाली नाव ।

буера́к (पु०) जलमार्ग, नाली ।

бужени́на (स्त्री०) सुअर का माँस ।

буза́ (स्त्री०) **I.** (केवल एकवचन) एक मादक पेय; **II.** (स्त्री०) झगडा, подня́ть —у́ झगडा खडा करना ।

бузи́на (स्त्री०) (केवल एकवचन) श्वेत पुष्पोवाला एक वृक्ष ।

бузи́ть (अपू०) झगडा खडा करना, उद्दंड करना, **—отёр** (पु०) झगडालू, उद्दंडी ।

буй (पु०) तिरौदा, बोया ।

бу́йвол (पु०) भैंसा, **—ица** (स्त्री०) भैंस, **—ёнок** (पु०) कटडा (भैंस का बच्चा), **—овый** (वि०) भैंस का ।

бу́йный (वि०) प्रचंड, तीव्र, तूफानी, दुर्धर्ष ।

бу́йство (नपु०) हल्लागुल्ला, कोलाहल, **—вать** (अपू०) (वर्त० —ствую) हल्लागुल्ला करना, कोलाहल करना ।

бук (पु०) एक प्रकार का जंगली वृक्ष ।

бу́ка (उभ०) १. हौआ; २ असामाजिक मनुष्य ।

бука́шка (स्त्री०) छोटा कीडा ।

бу́кв||а (स्त्री०) अक्षर; वर्ण, нача́льная б प्रारम्भिक (अथवा पहला) अक्षर या वर्ण, **—а́льно** (क्रि० वि०) अक्षरश:, **—а́льный** (वि०) अक्षरश, शाब्दिक, —а́льное значе́ние शाब्दिक अर्थ ।

буква́рь (पु०) वर्णमाला की पुस्तक, प्रथम पुस्तक ।

бу́квенный (वि०) अक्षरों मे ।

буквое́д (पु०) पाडित्य-दम्भी; पडितम्मन्य, **—ство** (नपु०) पाडित्य-दम्भ, पडितम्मन्यता ।

букволите́йщик (पु०) टाइप ढालनेवाला ।

буке́т (पु०) गुलदस्ता, फूलों का गुच्छा ।

букини́ст (पु०) पुरानी पुस्तकें बेचने और खरीदने-वाला, **—и́ческий** (वि०) —ическим магази́н पुरानी पुस्तकें बेचने और खरीदने की दुकान ।

бу́кля (स्त्री०) घूँघर; लट; छल्ला ।

бу́ковый (वि०) бук से वि० ।

буко́л||ика (स्त्री०) ग्रामजीवन-वर्णन; **—и́ческий** (वि०) ग्रामजीवनवर्णन-सम्बन्धी ।

бу́кса (स्त्री०) (रेल के पहिये का) धुरे का डिब्बा ।

букси́р (पु०) १ कर्षक पोत, २ खीचने का रस्सा, **—ный** (वि०) रस्सा बाँधकर खीचने का, **—овать** (अपू०) (—рую) (रस्सा बाँधकर) खीचना ।

буксова́ние (नपु०) (फिसलन के कारण) पहिये का बिना आगे खिसके घूमना ।

буксова́ть (अपू०) (—су́ю) (फिसलन के कारण) पहिये का बिना आगे खिसके घूमना ।

булава́ (स्त्री०) भारी गदा ।

була́в||ка (स्त्री०) पिन, б для га́лстука टाई की पिन, □ англи́йская б सेफ्टी पिन, **—очный** (वि०) पिन का ।

була́ный (घोडा) हल्के भूरे रग का ।

була́т (पु०) १. बढिया इस्पात, २. तलवार ।

бу́лка (स्त्री०) गोल लम्बी डबलरोटी, сдобная б बन (खाने का) ।

бу́лла (स्त्री०) साँड ।

бу́лочка (स्त्री०) गोल लम्बी डबलरोटी, बन ।

бу́лоч||ная (स्त्री०) (वि० रू०) नानबाई की दुकान, **—ник** (पु०) नानबाई ।

бултых (विस्मय०) छपाक! (जल मे गिरने का शब्द), он б в во́ду वह छपाक से पानी मे गिर पडा, **—а́ться** (आत्म० अपू०), **бултых-ну́ться** (आत्म० अपू०) छपाक से पानी मे गिरना ।

булы́жник (पु०) सडके बनाने का गोल पत्थर ।

бульва́р (पु०) तरुमडित राजपथ ।

бульдо́г (पु०) एक प्रकार का अंग्रेजी कुत्ता, बुलडॉग ।

бу́лькать (अपू०) (पानी मे) छल-छल का शब्द करना।

бульо́н (पु०) अखनी, (माँस का) शोरबा; सूप।

бума́г||а. (स्त्री०) **I.** १ कागज, б в лине́йку लकीरदार कागज, б в кле́тку चारखानेदार कागज, заверну́ть в газе́тную —у अखबार के कागज में लपेटना, копирова́льная б. कार्बन कागज, мра́морная б. अबरी; пи́счая б लिखने का कागज, цветна́я б रगदार कागज; २ प्रतिभूतियाँ; **II.** रुई; सूत, шерсть с —ой ऊन और सूत (मिश्र)।

бумагодержа́тель (पु०) १ प्रतिभूतिधारी; २ कागज रखने का थैला।

бумагопряд||е́ние (नपु०) सूत की कताई, **—и́льный** (वि०) सूत कातने का, —и́льная маши́на सूत कातने की मशीन, **—и́льня** (स्त्री०) सूत कातने का कारखाना।

бума́жка (स्त्री०) १ कागज का टुकडा; २ (मुद्रा) नोट, пятирублевая б पाँच रूबल का नोट।

бума́жник (पु०) **I.** कागज बनानेवाला; **II.** बटुआ।

бума́жн||ый (वि०) **I.** कागज-सम्बन्धी; —ая фа́брика कागज का कारखाना, कागज-मिल; **II.** सूती, —ая ткань सूती कपडा; —ая пря́жа सूत।

бумазе́я (स्त्री०) (केवल एकवचन) एक प्रकार का मोटा सूती कपडा।

бумера́нг (पु०) बूमरंग (एक प्रकार का लकडी का तीर जो फेकने पर फिर से वापस आ जाता है); प्रत्यावर्तक अस्त्र।

бу́нкер (पु०) (कोयले का) कोठार।

бунт (पु०) **I.** बडल; पैकेट; गाँठ; **II.** विद्रोह, बगावत, गदर, विप्लव; **—а́рский** विद्रोहपूर्ण; **—а́рство** (नपु०) विद्रोह; बगावत; **—а́рь** (पु०) विद्रोही, बागी; **—ова́ть** (अपू०), **взбунтова́ть** (पू०) (—ту́ю) **взбунтова́ться** (आत्म० पू०) १ (взбунтова́ться पू० के साथ) विद्रोह करना; बगावत करना; २ (взбунтова́ть पू० के साथ) विद्रोह कराना; बगावत कराना, **—ова́ться** (आत्म० अपू०) **взбунтова́ться** (आत्म० पू०) = бунтова́ть १, **—овско́й** (वि०) विद्रोही, बागी, **—овщи́к** (पु०) विद्रोही, बागी।

бур (पु०) **I.** बरमा; **II.** बोअर (एक जाति)।

бура́ (स्त्री०) (रस०) सोहागा।

бура́в (स्त्री०) बडा बरमा; **—ить** (अपू०) (वर्त० бура́влю, бура́вишь) छेद करना; सुराख करना; **—чик** (पु०) छोटा बरमा।

бура́к (पु०) चुकन्दर।

бура́н (पु०) बर्फ का तूफान।

бурбо́н (पु०) अक्खड, गँवार।

бурда́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) धोवन।

бурдю́к (पु०) शराब का थैला।

буреве́стник (पु०) तूफान की सूचना देनेवाली विशेष चिडिया।

бурело́м (पु०) आँधी से गिरे हुए पेड।

буре́ние (नपु०) छेद करने की क्रिया।

буре́ть (अपू०), **по—** (पू०) भूरा हो जाना।

буржуа́ (पु०) बूर्जुआ, प्रतिक्रियावादी मध्यवर्ग, **—зный** (वि०) प्रतिक्रियावादी मध्यवर्ग का।

бури́ль||ный (वि०) छेद करने का, **—щик** (पु०) छेद करनेवाला।

бури́ть (अपू०) छेद करना।

бу́рки (बहु०) नमदे के बूट।

бу́ркнуть (पू०) गरजना, गुर्राना।

бурла́||к (पु०) खेरवाह; नाव खीचनेवाला; **—цкий** (वि०) бурла́к से वि०, खेरवाह-सम्बन्धी **—чить** (अपू०) (रस्सा बाँधकर नाव आदि) खीचना।

бурли́вый (वि०) उफनता हुआ, क्षुब्ध।

бурли́ть (अपू०) गरजना, उफनना।

бу́рный (वि०) तूफानी, प्रचड; तीव्र; —ые аплодисме́нты भारी हर्षध्वनि।

буров||о́й (वि०) छेद करने का, —ая маши́на छेद करने की मशीन।

бу́рса (स्त्री०) (धर्मशास्त्र-सम्बन्धी) शिक्षालय।

бу́рский (वि०) बोअर जाति का।

буру́н (पु०) तरग।

буру́ны (बहु०) हिल्लोल ।

бурч||а́ние (नपुं०) १ बडबडाहट ; २. (पेट की) गडगडाहट ; **—а́ть** (अपू०), **пробурча́ть** (पू०) १. बडबड करना, २ (केवल अपू०) पेट का गडगड करना, (देगची का) खद्खद् करना ।

бу́рый (वि०) भूरा ; б медве́дь भूरा रीछ, б у́голь लिगनाइट ।

бурья́н (पु०) (केवल एकवचन) लम्बे सरकडे ।

бу́ря (स्त्री०) तूफान ; сне́жная б बर्फ का तूफान ।

буря́т (पुं०) **—ка** (स्त्री०) बुर्यात-निवासी/निवासिनी, **—ский** (वि०) बुर्यात देश का ।

бу́син||а (स्त्री०) **—ка** (स्त्री०) मनका ।

буссо́ль (स्त्री०) सर्वेक्षण-दिक्सूचक ।

бу́сы (बहु०) मनके ।

бут (पु०) (केवल एकवचन) अनगढ पत्थर ।

бута́н (पु०) (रस०) बुटेन ।

бугафо́р (पु०) रगमच के उपकरण तैयार करनेवाला ।

бутафо́рия (स्त्री०) १ (केवल एकवचन) रगमच के उपकरण, २ (दुकान मे दिखावे के लिए) मूर्ति ।

бутербро́д (पु०) मक्खन लगा डबलरोटी का टुकडा, सैंडविच ।

бути́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० бучу́, бути́шь) ईट-रोडे से भरना ।

бутто́н (पु०) कली ।

бутонье́рка (स्त्री०) बटन का छेद ।

бу́тсы (बहु०) फुटबाल के बूट ।

бутуз (पु०) छोटा बच्चा ।

буты́л||ка (स्त्री०) बोतल ; **—очка** (स्त्री०) छोटी बोतल ; **—очный** (वि०) बोतल-सम्बन्धी ।

буты́ль (स्त्री०) बडी बोतल ।

бу́фер (पु०) (रेल०) टक्कररोक, अन्त स्थ ; **—ный** (वि०) टक्कररोक का, —ное госуда́рство अन्त स्थ राज्य ।

буфе́т (पु०) १ बुफे ; २ सामान रखने की खुली अलमारी ; **—ная** (स्त्री०) (वि० रू०) मोदीखाना ; **—ный** (वि०) буфе́т से वि० ; **—чик** (पु०) **—чица** (स्त्री०) बुफे का कर्मचारी ।

буф(ф)о́н (पुं०) विदूषक ; **—а́да** (स्त्री०) विदूषकता ।

бухар||ец (पुं०) **—ка** (स्त्री०) बुखारा-निवासी/निवासिनी ।

бу́хать (अपू०) **бу́хнуть** (पू०) १. (जोर से) मारना, पीटना, २ (अकर्मक) (बन्दूक आदि का) धडाके का शब्द करना, ३ बक देना, **—ся** (आत्म०) धडाम से गिर पडना ।

бухга́лт||ер (पु०) लेखापाल, हिसाब-किताब रखनेवाला, **—е́рия** (स्त्री०) लेखापालन, **—ерский** (वि०) लेखापालन-सम्बन्धी ; हिसाबकिताब-सम्बन्धी ।

бу́хнуть-I दे० бу́хать.

бу́хнуть-II (अपू०), **раз—** (पू०) सूजना ; फूलना ।

бу́хнуться दे० бу́хаться

бу́хта (स्त्री०) **I.** छोटी खाडी, **II.** रस्से की गेडुरी ।

бу́хты-бара́хты : с б-б यूँही, अकारण, अकस्मात् ।

бу́цы = бу́тсы

бу́ча (स्त्री०) (केवल एकवचन) उपद्रव, झगडा ; подня́ть —у झगडा खडा करना, उपद्रव करना ।

бушева́ть (अपू०) क्रोधावेश मे आना, हल्ला-गुल्ला करना ।

бу́шель (पु०) बुशल (एक तोल) ।

буя́н (पु०) उपद्रवी, झगडालू, **—ить** (अपू०), **набуя́нить** (पू०) उपद्रव करना ; झगडा करना ।

бы, б (अ०) (यदिवाचक विधिलिंग-भूतकाल में) она́ писала́ бы ему́, е́сли бы не была́ так занята́ यदि वह इतनी व्यस्त न होती तो उसको अवश्य पत्र लिखती, кто бы э́то мог быть वह कौन हो सकता है ? кто бы ни कोई भी, что бы ни कुछ भी हो, когда́ бы ни जब भी □ без како́го бы то ни́ было труда́ अनायास ।

быва́ло (अ०) он б ча́сто е́здил в дере́вню अक्सर वह गाँव जाया करता था ; как ни в

чем не б जैसे कुछ हुआ ही न हो !

быва́лый (वि०) अनुभवी, लोकपटु।

быва́льщина (स्त्री०) लोक-साहित्य का एक रूप; भूतकथा।

быва́||ть (अपू०) १ होना, ве́чером он всегда́ —ет дóма शाम को वह सदा घर पर होता है, он —ет óчень грýб कभी-कभी वह बहुत रूखा हो जाता है, २ मिलने जाना, я у них ре́дко —ю मैं उनके यहाँ बहुत कम जाता हूँ; ३ घटित होना, —ет что ऐसा होना है कि ..; заседа́ния —ют раз в ме́сяц बैठक साल मे एक बार होती है, □ сне́га как не —ло बर्फ का निशान तक नहीं रहा।

бы́вший: १ быть से कृदन्त, २ भूतपूर्व; б. президе́нт भूतपूर्व प्रधान।

бык (पु०) १ बैल, साँड, २ सेतु-स्तम्भ।

были́на (स्त्री०) बिलीना (वीर-गीत) [लोक-साहित्य का गद्य मे पुराना रूप]

были́нка (स्त्री०) घास की पत्ती।

были́нный (वि०) वीरगीत/वीरकाव्य-सम्बन्धी।

бы́ло (अ०) लगभग, प्राय: он б стал засыпа́ть वह सोने ही वाला था, वह प्राय: सो गया था; он чуть б не забы́л वह प्राय भूल गया था।

было́е (नपु०) (वि० रू०) भूतकाल।

был||о́й (वि०) भूतपूर्व, बीता हुआ, в —ы́е времена́ बीते हुए समय मे, प्राचीन समय मे।

быль (स्त्री०) १ तथ्य; २ सच्ची कहानी, सत्य कथा।

бы́стро (क्रि० वि०) शीघ्रतापूर्वक, जल्दी से, он б сообража́ет वह कुशाग्रबुद्धि है, так б. как то́лько мо́жно यथासम्भव शीघ्र, **—гла́зый** (वि०) पैनी दृष्टिवाला, तीक्ष्णदृष्टि, **—сообража́ющий** (वि०) कुशाग्रबुद्धि;

быстрота́ (स्त्री०) वेग, रफ्तार।

быстрохо́дный (वि०) तेज रफ्तारवाला; द्रुतगामी।

бы́стр||ый (वि०) वेगवान, तेज, प्रखर; —ое тече́ние प्रखर धारा।

быт (पु०) (केवल एकवचन) जीवन-विधि; रहन-सहन का ढग, जीवन, но́вый б नया जीवन; дома́шний б घरेलू जीवन; पारिवारिक जीवन।

бытие́ (नपु०) अस्तित्व।

бы́тность (स्त्री०) в б जब, किसीके ठहरने के समय, в б мою́ студе́нтом जब मैं विद्यार्थी था।

быт||ова́ть (अपू०) होना, घटित होना; **—ово́й** (वि०) быт से वि०, —овы́е усло́вия जीवन-परिस्थितियाँ, —ово́е явле́ние नित्य-प्रति की घटना, **—описа́тель** (पु०) १ इतिहासकार, २ सामान्य जीवन का चित्रण करनेवाला।

быть (अपू०) (भवि० бу́ду, бу́дешь) होना; он был здесь वह यहाँ था, он был рабо́чим वह मजदूर था, б вы́нужденным विवश होना, б знако́мым (с кем л) (किसीसे) परिचित होना, б в пальто́ कोट पहनना; б в отсу́тствии अनुपस्थित होना, б обя́занным кому́-л किसीका आभारी होना, б свиде́телем साक्षी होना, □ б в состоя́нии सकना, он не был в состоя́нии пойти́ वह जा न सका, б нача́ку सावधान होना, как б ? कैसे होगा?, क्या करना चाहिए ? мо́жет б शायद, быть по твоему जैसी तुम्हारी इच्छा, будь, что бу́дет कुछ भी हो, будь то मानो; жи́знь, бу́дьте добры́ कृपा करके, कृपया, бу́дьте добры́, позвони́те कृपया उसे टेलीफोन कर दीजिए, бу́дет! काफी है, बस, так и б एवमस्तु, ऐसा ही हो, должно́ б सम्भवत।

бытьё (नपु०) (केवल एकवचन) जीवन; житье-б. जीवन।

быч||а́чий (वि०) бык से वि०; б язы́к बैल की जीभ, **—о́к** (पु०) १ जवान साँड; २. एक प्रकार की मछली।

бювáр (पु०) स्याहीसोख पैड।

бюве́т (पु०) पम्प करने का कमरा।

бюдже́т (पु०) बजट, आयव्ययक; **—ный** (वि०) बजट-सम्बन्धी।

бюллете́н||ь (पु०) १ बुलेटिन; वृत्तपत्र;

२ मतपत्रक ; पर्ची ; ३. रिपोर्ट ; ४. डाक्टरी प्रमाण-पत्र , он на —е वह बीमारी की छुट्टी पर है ।

бюре́тка (स्त्री०) (रस०) ब्यूरेट ।

бюро́ (नपुं०) १ ब्यूरो ; कार्यालय ; दफ्तर ; спра-вочное б पूछताछ-कार्यालय , २. लिखने की मेज ।

бюрокра́т (पु०) नौकरशाह ; दफ्तरशाह , **—ия** (स्त्री०) नौकरशाही ; दफ्तरशाही ।

бюст (पुं०) १ ऊर्ध्वांग की मूर्ति , २. (स्त्री की) छाती , **—га́льтер** (पुं०) अँगिया , चोली ।

В

в, во I. (अ०) १ मे, को, в Москвé मास्को मे; в áрмии सेना में; в шкóле स्कूल मे, éхать в Москвý मास्को को जाना, ходúть в шкóлу स्कूल को जाना; входúть в зал शाला मे प्रवेश करना, २. одéтый в чернóе काले कपडो में; काले कपडे पहने, завернутый в бумáгу कागज में लपेटा हुआ, ३ в пятú дéйствиях (नाटक आदि) पाँच अको मे, ४ -की दूरी पर, в грех киломéтрах от Москвы́ मास्को से तीन किलोमीतर (की दूरी पर); ५ в 1954 годý १९५४ मे; в январé जनवरी मे, в четвéрг बृहस्पतिवार को; в три часá तीन बजे, в этом годý इस वर्ष, ६ भीतर, मे, он сдéлает э́то в три дня वह इसे तीन दिन के भीतर कर लेगा, ७ двáжды в год वर्ष मे दो बार; ८ местá в три рубля́ तीन रूबल के टिकट की जगह; ९ в три рáза тóлще тогó मोटा, в два раза мéньше прéжнего आधा, १० разрывáть в кусúй टुकडे-टुकडे कर देना, ११ быть úзбранным в секретарú मन्त्री चुना जाना, □ в слýчае, если यदि, в течéние के दौरान मे, он весь в отцá वह बिल्कुल अपने पिता पर है, в концé концóв आखिरकार, अन्तत ।

в- (во-, въ-) II (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोडने से क्रिया मे 'भीतर' का अर्थ आ जाता है जैसे вбегáть भीतर भाग आना ।

ва-бáнк (क्रि० वि०) стáвить в сво-कुछ दाँव पर लगा देना ।

вáб||ик (पु०) (शिकार-सम्बन्धी) (पक्षी या जन्तुओ को बुलाने या आकर्षित करने का) धूनू, **—ить** (अपू०) (धूनू आदि बजाकर) शिकार फँसाना ।

вáга (स्त्री०) (भारी चीजे तोलने की) तराजू, तोलने की मशीन ।

вагóн (पु०) (रेल का) डिब्बा, товáрный в. माल का डिब्बा, почтóвый в डाक का डिब्बा, **—éтка** (स्त्री०) ट्रॉली, ट्रक, ठेला, **—овожáтый** (पु०) (वि० रू०) ट्राम-चालक ।

вагрáнка (स्त्री०) गुम्बद; कलश; शिखर; रसपात्र : गलनपात्र ।

вáжн||ичание (नपु०) शान मे आना; **—ичать** (अपू०) हवा में आना ।

вáжно (क्रि० वि०) १ शान में आकर, २ (कर्तृ-निरपेक्ष) óчень в. знать यह जानना जरूरी है, □ э́то не в. यह मामूली बात है; यह जरूरी नही ।

вáжн||ость (स्त्री०) १. महत्ता, महत्त्व; большóй —ости बहुत महत्त्वपूर्ण, २ दिखावा; ढोग; **—ый** (वि०) जरूरी; महत्त्वपूर्ण, अर्थवान; रोबदार, भव्य, घमडी, शान मे आया हुआ ।

вáза (स्त्री०) फूलदान; в для цветóв फूलदान ।

вазели́н (पु०) वैसलीन ।

вакáн||сия (स्त्री०) रिक्त स्थान; खाली जगह; **—тный** (वि०) रिक्त; खाली ।

вакáции (बहु०) (स्कूल आदि मे) छुट्टियाँ ।

вáкс||а (स्त्री०) (बूट) पालिश, **—ить** (अपू०), **навáксить** (पू०) (बूटो पर) पालिश करना ।

вáкуум (पु०) शून्य, रिक्त स्थल ।

вакх (पु०) यूनान का मद्य-देवता, **—и́ческий** (वि०) मदिरा-सम्बन्धी, मदिराप्रिय, मद्यप्रिय ।

вакци́н||а (स्त्री०) वैक्सीन; शीतला का टीका; **—áция** (स्त्री०) शीतला का टीका लगाने की क्रिया ।

вал (पु०) **I** हिल्लोल; बडी लहर, **II** किले की भीत, दुर्ग-प्राचीर; **III** ईषा; колéнчатый в. वक्राक्ष (क्रैंक-शाफ्ट) ।

валáндаться (आत्म० अपू०) इधर-उधर घूमना, आवारागर्दी करना ।

валéжник (पु०) (समू०) आँधी मे गिरे पेड ।

валёк (पु०) १ (कपडे धोने की) मोगरी, २ चप्पू का ऊपरी भाग; ३ गाडी की जोतो को पक्का करने के लिए लोहे या लकडी की छडी, ४ (छपाई-सम्बन्धी) बेलन ।

вáленок (पु०) वालनौक (एक प्रकार का नमदे का बूट) ।

валéнтность (स्त्री०) (रस०) सयोजकता ।

вáленый (वि०) नमदे का ।
валéт (पु०) (ताश में) गुलाम ।
вáлик (पु०) रोलर; सिलेंडर ।
валúть I. (अपू०), **по—** (पू०) १ भीड मे जमा होना наро́д валúт то́лпами लोगो की भीड जमा हो रही है; २ (गुस्से से) टूट पडना; (धुएँ का) वेग से निकलना; **—ся** (आत्म०) गिरना ।
валúть II (अपू०), **по—, с—** (पू०) १ (повалúть और свалúть पू० के साथ) नीचे लाना; नीचे गिराना; (पेड काटकर) गिराना; २ (свалúть पू० के साथ) ढेर लगाना; अम्बार लगाना, □ свалúть вину́ на кого́-л किसी पर अपराध थोपना ।
вáлкий (वि०) अस्थिर, डगमग ।
вáлкость (स्त्री०) अस्थिरता; डगमगाहट ।
валово́й (वि०) कुल, ब дохо́д कुल आय ।
валу́н (पु०) गोल पत्थर ।
вáльдшнеп (पु०) चाहा पक्षी, कुक्कुट; जगली मुर्गा ।
вальс (पु०) वाल्स (एक प्रकार का नृत्य); **—úровать** (अपू०) (वर्त०—рую) वाल्स नृत्य करना ।
вальцовáть (अपू०) (वर्त०—цу́ю) (बेलनो के बीच या बेलन पर) घुमाना ।
валю́т||а (स्त्री०) १ मुद्रा; иностра́нная в विदेशी मुद्रा, २ (हुंडी आदि का) मूल्य; **—ный** (वि०) валю́та से वि०, —ный курс मुद्रा-विनिमय-दर ।
валя́ль||ный (वि०) नमदा बनाने का, —ная маши́на नमदा बनाने की मशीन; **—ня** (स्त्री०) नमदा बनाने का कारखाना, **—щик** (पु०) नमदा बनानेवाला ।
валя́ние (नपु०) नमदा बनाने की क्रिया ।
валя́ть (अपू०), **вы—, с—, на—** (पू०) १ (केवल अपू०) घसीटना; в. по́ полу फर्श पर घसीटना; २. (вы́валять पू० के साथ); (कीचड, बर्फ में) घसीटना, ३ сваля́ть पू० के साथ) नमदा बनाना; в. шля́пы नमदे की टोपियाँ बनाना, ४ (наваля́ть पू० के साथ) अव्यवस्थित ढग से करना; □ в дурака́ मूर्ख बनाना; вали́й! вали́йте! चलते चलिए!
валя́ться (आत्म० अपू०), **вы—** (आत्म० पू०) १ (केवल अपू०) (वस्तुओ का) इधर-उधर बिखरी पडी रहना, २ (केवल अपू०) लेटना, करवटे बदलना, ३ लोटना, □ в в нога́х किसीके पाँव पडना ।
вам (सर्व०) (вы का सम्प्रदानकारक-रूप) आपको ।
вами (सर्व०) (вы का करणकारक-रूप) आपके द्वारा ।
вампи́р (पु०) प्रेत, पिशाच, रुधिर पीनेवाला ।
вана́дий (पु०) (रस०) वनेडियम ।
вандáл (पु०) सस्कृति-ध्वसक, शिल्प-ध्वंसक; कलान्तकी, **—изм** (पु०) सस्कृति-ध्वसवाद; कलान्तवाद ।
ва́нн||а (स्त्री०) स्नान, со́лнечная в सूर्य-स्नान; धूप-सेवन करना, приня́ть —у स्नान करना; **—ая** (स्त्री) (वि० रू०) गुसलखाना, स्नान-घर; **—очка** (स्त्री०) ва́нна का अल्प० ।
ва́нька-вста́нька (स्त्री०) बिल्लू (एक प्रकार की गुडिया जो कभी लेटती नही) ।
вапоризáция (स्त्री०) वाष्पायन; भाप में परिणत करने की क्रिया ।
вар (पु०) राल; (मोची का) मोम ।
ва́рвар (पु०) बर्बर, असभ्य, नृशस, **—изм** (पु०) बर्बरतावाद, **—ский** (वि०) बर्बर, असभ्य, नृशस, **—ство** (नपु०) बर्बरता; असभ्यता ।
ва́рево (नपु०) (केवल एकवचन) सूप, शोरवा ।
ва́режка (स्त्री०) (एक प्रकार का) दस्ताना ।
варенéц (पु०) (दूध का) खोया ।
варéние (नपु०) = **ва́рка**
варéник (पु०) फल-मिश्रित दही ।
варёный (वि०) उबाला हुआ ।
варéнье (नपु०) मुरब्बा ।
вариáнт (पु०) पाठान्तर, पाठ ।
вариáция (स्त्री०) परिवर्तन; विभेद ।
варикóзный (वि०) (चिकि०) धमनी फूलने का ।

вариóметр (पु॰) बेतार का एक यन्त्र ।

варúть (अपू॰), **с—** (पू॰) १. उबालना, पकाना ; в óвощи сбрúзгать उबालना, в обéд खाना पकाना ; २ पचाना, ३ ढलाई करना ; **—ся** (आत्म॰) १. उबालना, २ варúть का कर्मवाच्य ।

вáрка (स्त्री॰) उबालने/खाना पकाने की क्रिया ।

вáрница (स्त्री॰) नमक का कारखाना ।

варьетé (नपु॰) रंगारंग प्रोग्राम या आयोजन ।

варьúровать (अपू॰) (—рую) विविध बनाना, परिवर्तन करना ; रूपान्तर करना ।

вас (सर्व॰) वः का सम्बन्धकारक-रूप ।

василёк (पु॰) नीलगोथा (अन्न के साथ उगनेवाला एक फूलदार पौधा) ।

василькóвый (वि॰) василек से वि॰ ।

вассáл (पु॰) वशवद, दास, **—ьный** (वि॰) вассáл से वि॰।

вáт||а (स्त्री॰) रुई, пальтó на —е रुई का कोट ।

ватáга (स्त्री॰) गिरोह, मंडली ; जत्था

вáтка (स्त्री॰) रुई का छोटा-सा टुकड़ा ।

ватрýшка (स्त्री॰) पनीर का केक ।

ватт (पु॰) (बिजली का) वाट, **—мéтр** (पु॰) वाटमापी ।

вахлáк (पु॰) फूहड़ ; बेशऊर ।

вáхмистр (पु॰) घुड़सवार फौज का सार्जेंट-मेजर ।

вáхт||а (स्त्री॰) (नौसेना॰) पहरा, стоять на —е पहरा देना, **—енный** (वि॰) १ पहरे का; २ (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) पहरेदार, प्रहरी ।

вáхтер (पु॰) द्वारपाल, परिचर ।

ваш (सर्व॰) तुम्हारा, आपका, óто —а книгá यह आपकी पुस्तक है ; по —ему мнéнию आपके मतानुसार ; आपकी राय में ।

вáши (सर्व॰ बहु॰) तुम्हारे (आपके) लोग ।

вая||ние (नपु॰) मूर्तिकला, **—тель** (पु॰) मूर्तिकार ; **—ть** (अपू॰), **изваять** (पू॰) मूर्ति गढना, संगतराशी करना ।

вбегáть (अपू॰), **вбежáть** (पू॰) (भवि॰ вбегý, вбежúшь) भीतर दौड़ आना ।

вбивáть (अपू॰), **вбить** (पू॰) (भवि॰ вобью́, вобьёшь) हथौड़े से ठोकना, मारना ; вбить мяч (फुटबाल में) गोल करना ; вбить клин पच्चड़ / फट्टी ठोकना ।

вбирáть (अपू॰), **вобрáть** (पू॰) (भवि॰ вберý, вберёшь) अवशोषण करना, सोखना ; साँस भरना, **—ся** (आत्म॰) १ सोख जाना ; २ вбирáть का कर्मवाच्य ।

вбить दे॰ вбивáть

вблизи́ (क्रि॰ वि॰) समीप, дом находúться гдé-то в нéр यहीं कहीं समीप ही है ।

вброд (क्रि॰ वि॰) переходúть в пóни में चलकर (नदी आदि) पार करना ।

вваливать (अपू॰), **ввалúть** (पू॰) (-में) फेंकना **—ся** (आत्म॰) १. धँस जाना, पिचक जाना, २ (-में) गिर पड़ना, ३ (-में) घुस जाना ।

введéние (नपु॰) भूमिका ; आमुख, प्राक्कथन ।

ввезти́ दे॰ ввозúть

ввек (क्रि॰ वि॰) कभी नहीं, कदापि नहीं ; в óтого не забýду этого कदापि नहीं भूलूँगा ।

ввергáть (अपू॰), **ввéргнуть** (पू॰) १ (-में) फेंक देना, в в печáль दुःखी करना ; उद्विग्न करना, २ (लड़ाई आदि में) घसीट लेना ।

ввéрить(ся) दे॰ вверя́ть(ся)

ввёртывать (अपू॰), **ввернýть** (पू॰) (-में) घुमाकर कस देना (चिकरी आदि), в лáмпочку बिजली का बल्ब (घुमाकर) लगा देना ।

вверх क्रि॰ वि॰) ऊपर, ऊपर को ; в по рекé, течéнию धारा के विरुद्ध, प्रतिप्रवाह, в. по лéстнице सीढ़ी द्वारा ऊपर ; поднять в. ऊपर उठाना ; поднимáться в ऊपर चढ़ना ; смотрéть в ऊपर देखना ।

вверхý (क्रि॰ वि॰) ऊपर ; в страни́цы पन्ने के बिल्कुल ऊपर ; पृष्ठ के शीर्ष पर ।

вверя́ть (अपू॰) **ввéрить** (पू॰) सौंपना ; रहस्य कहना, ввéрить тáйну кому́-л किसी को रहस्य बताना, **—ся** (आत्म॰) १. विश्वास करना ; २. вверя́ть का कर्मवाच्य ।

ввести́ दे० вводи́ть

ввиду́ (क्रि० वि०) -के कारण, क्योंकि, в. того́, что इस कारण से कि, в. того́, что он здесь क्योंकि वह यहाँ है।

ввинчивать (अपू०), **ввинти́ть** (पू०) (भवि० ввинчу́, ввинти́шь) (ढिबरी आदि) घुमाकर कस देना।

вводи́ть (अपू०), **ввести́** (पू०) (भवि० введу́, введёшь) (-में) लाना, ले जाना, в су́дно в га́вань पोत को बन्दरगाह में लाना, в мо́ду फैशन चलाना, □ в кого́-л в расхо́ды किसी पर खर्च डालना, в кого́-л в заблужде́ние कुपथ पर ले जाना, गलत रास्ते पर ले जाना, в зако́н в де́йствие कानून चालू करना; в кого́-л. во владе́ние कब्जा देना।

вво́дный (वि०) परिचायक, भूमिका-रूप का।

ввоз (पु०) (केवल एकवच०) आयात, **—и́ть** (अपू०), **ввезти́** (पू०) (भवि० ввезу́, ввезёшь) आयात करना, देशांतर से माल मँगाना, **—ный** (वि०) आयात-; —ная по́шлина आयात-कर।

вво́лю (क्रि० वि०) जी भरकर, अघाकर, बहुतायत से, нае́сться в अघाकर खाना।

вво́сьмеро (क्रि० वि०) आठ गुना, в ме́ньше आठवाँ भाग।

вво́сьмером (क्रि० वि०) आठों मिलकर, мы в нём आठों मिलकर।

ввя́зывать (अपू०), **ввяза́ть** (पू०) (भवि० ввяжу́, ввя́жешь) १ (-में) बुन देना, गूँथ देना ввяза́ть ленту в косу चोटी में फीता गूँथ देना, २ (किसी मामले में) फंसा लेना, **—ся** (आत्म०) १ फँस जाना, २. ввя́зывать का कर्मवाच्य।

вгиба́ть (अपू०) **вогну́ть** (पू०) भीतर को मोड देना, **—ся** (आत्म०) भीतर को मुड जाना।

вглубь (क्रि० वि०) गहराई में, проника́ть в чего́-л किसी बात की गहराई में जाना।

вгля́дываться (आत्म० अपू०) **вглядéться** (आत्म० पू०) (भवि० вгляжу́сь, вглядишься) ध्यान से देखना; दृष्टि गडाकर देखना।

вгоня́ть (अपू०), **вогна́ть** (पू०) १ भीतर हाँक देना в скот во двор मवेशियों को सहन में हाँक देना, २ ठोकना, गाडना; в гвоздь в стену दीवार में कील गाडना, в в гроб кого́-л मरे को गाडना, श्मशान पहुँचाना।

вдава́ться (आत्म० अपू०), **вда́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вдам́ся, вда́шься) भीतर चला जाना, उभर आना, мо́ре вдается глубоко́ в су́шу समुद्र काफी खुश्की में चला गया है; □ в в подро́бности बारीकियों में जाना।

вдавливать (अपू०), **вдави́ть** (पू०) (भवि० вдавлю́, вдави́шь) भीतर को दबाना, **—ся** (आत्म०) भीतर को दबना।

вда́лбливать (अपू०), **вдолби́ть** (पू०) (भवि० вдолблю́, вдо́лбишь) ठूँसना।

вдалеке́, вдали́ (क्रि० वि०) दूरी पर, दूर; держа́ться в дали́ दूर रहना।

вдаль (क्रि० वि०) दूर, гляде́ть в даль दूर देखना।

вда́ться दे० вдава́ться

вдвига́ть (अपू०), **вдви́нуть** (पू०) (भीतर) धकेलना, **—ся** (आत्म०) १. भीतर आना, २. вдвига́ть का कर्मवाच्य।

вдво́е (क्रि० वि०) दुगुना, в ста́рше आयु में दुगुना, сложи́ть в дво́е दुहरा करना, दो तहे करना; увели́чить в дво́е दुगुना करना।

вдвоём (क्रि० वि०) दोनों (मिलकर), мы в. हम दोनों।

вдвойне́ (क्रि० वि०) दुगुना, заплати́ть в. दुगुना अदा करना।

вдева́ть (अपू०), **вдеть** (पू०) (भवि० вде́ну, вде́нешь) (-में) डालना; в. ни́тку в иго́лку सुई में धागा डालना, в но́гу в стре́мя पाँव (घोडे की) रकाब में डालना।

вдво́ятеро (क्रि० वि०) नौगुना।

вдевятером (क्रि० वि०) नौ मिलकर।

вде́лывать (अपू०), **вде́лать** (पू०) (-में) जडना; फिट करना; в. ка́мень в кольцо́ अँगूठी में हीरा जड़ना।

вдёргивать (अपू०), **вдёрнуть** (पू०) (तग छेद आदि मे से) डालना; в ни́тку в иго́лку सुई मे धागा डालना।

вдéсятеро (क्रि० वि०) दसगुना।

вдесятеро́м (क्रि० वि०) दस मिलकर।

вдеть दे० вдева́ть

вдоба́вок (क्रि० वि०) (-के) अतिरिक्त।

вдова́ (स्त्री०) विधवा।

вдов||е́ть (अपू०), **о—** (पू०) (स्त्री का) विधवा हो जाना; (पुरुष का) रँडुआ हो जाना; विधुर हो जाना, **—е́ц** (पु०) रँडुआ, विधुर।

вдо́вий (वि०) вдова́ से वि०।

вдо́воль (क्रि० वि०) १ बहुतायत से, प्रभूत मात्रा मे; २. जी भरकर; अघाकर; в. наéсться जी भर/अघाकर खाना।

вдовство́ (नपु०) वैधव्य, रँडापा, विधुरता।

вдо́вствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) (स्त्री का) विधवा हो जाना, (पुरुष का) विधुर हो जाना।

вдо́вый (वि०) रँडुआ/विधुर।

вдогóнку (क्रि० वि०) (के) पीछे; пусти́ться за кем-л в. किसीके पीछे भागना।

вдолби́ть दे० вдáлбливать.

вдоль (क्रि० वि०) १ साथ-साथ, в бéрега तट के साथ-साथ, २. लम्बाई मे, □ знать что-л в. и поперек पूर्ण ज्ञान रखना।

вдох (पु०) साँस; сдéлать глубóкий в गहरी साँस लेना।

вдохнов||éние (नपु०) अन्त प्रेरणा, **—éнно** (क्रि० वि०) अन्त प्रेरणा से; **—éнный** (वि०) प्रेरित; **—и́тель** (पु०) प्रेरक।

вдохновля́ть (अपू०), **вдохнови́ть** (पू०) प्रेरित करना, प्रेरणा देना; **— ся** (आत्म०) १ प्रेरित होना, २ вдохновля́ть का कर्मवाच्य

вдохну́ть दे० вдыха́ть

вдре́безги (क्रि० वि०) छोटे-छोटे टुकडो मे; खड-खड।

вдруг (क्रि० वि०) अकस्मात्, अचानक।

вдрызг (क्रि० वि०) быть в пья́ным нशे में चूर होना।

вдува́||ние (नपु०) हवा भरने की क्रिया; **—ть** (अपू०), **вду́нуть** (पू०) (вду́ну, вду́нешь), **вдуть** (पू०) (вду́ю, вду́ешь) हवा भरना; फुलाना।

вду́м||аться दे० вду́мываться; **—чивость** (स्त्री०) विचारशीलता; विचारमग्नता; **—чивый** (वि०) विचारशील; विचारमग्न।

вду́мываться (आत्म० अपू०), **вду́маться** (आत्म० पू०) विचार करना, विचारमग्न होना।

вду́нуть, вдуть दे० вдува́ть

вдыха́||ние (नपु०) श्वसन; साँस लेने की क्रिया, **—тельный** (वि०) साँस लेने का; **—ть** (अपू०) **вдохну́ть** (पू०) १. साँस लेना, २ प्रेरित करना।

вегетариа́н||ец (पु०) शाकाहारी, **—ский** (वि०) शाकाहारी का।

вегетати́вный (वि०) समवर्धी।

ве́дать (अपू०) १. जानना; २ प्रबन्ध करना; कार्यभारी होना।

ве́дени||е (नपु०) अधिकार; नियन्त्रण; быть в —и (-के) अधिकार-क्षेत्र मे होना।

веде́ние (नपु०) निर्देशन, в заседа́ния सभा का सभापतित्व करना।

ведёрный (वि०) १ ведро́ से वि०; २. बाल्टीभर।

ве́дома: с моего́ в मुझ से कहकर, मेरे जानते हुए।

ве́домость (स्त्री०) सूची; रजिस्टर, पजी।

ве́дом||ственный (वि०) विभागीय, **—ство** (नपु०) विभाग।

ведо́мый (वि०) परिचालित।

ведр||о́ (नपु०) बाल्टी, по́лное в भरी हुई बाल्टी; дождь льет как из —á मूसलाधार वर्षा हो रही है।

вёдро (नपु०) अच्छा मौसम।

веду́щ||ий १ вести́ से कृदन्त; २. मुख्य; —ие о́трасли промы́шленности मुख्य उद्योग; ३ (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) नेता।

ведь (अ०) १ तुम जानते हो ; तुम्हे मालूम है , он лежи́т, в он на про́шлой неде́ле заболе́л वह बिस्तर मे है, तुम्हे मालूम है वह पिछले सप्ताह बीमार हो गया था ; २ परन्तु ; в он вам говори́л परन्तु उसने तो आपसे कह दिया था , ३ в э́то пра́вда ? क्या यह सच नही ? в он не ребенок वह बच्चा नही ।

ве́дьма (स्त्री०) जादूगरनी , दुष्टा , मायाविनी ।

ве́ер (पु ०) पखा , обма́хиваться —ом (अपने ऊपर) पखा झलना , **—ообра́зный** (वि०) पखे के आकार का ।

ве́жливо (क्रि० वि०) विनीत भाव से, नम्रतापूर्वक ।

ве́жлив||ость (स्त्री०) विनीत भाव ; नम्रता , **—ый** (वि०) विनीत ; नम्र ।

везде́ (क्रि० वि०) सर्वत्र ।

вездесу́щий (वि०) सर्वव्यापक ।

вездехо́д (पु ०) सर्वत्रगामी , देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जानेवाली गाडी ।

вез||ти́ (अपू०) **I по—** (पू०) दे० вози́ть , **II** (कर्तृ-निरपेक्ष) ему —ет वह भाग्यवान है ।

век (पु ०) १. शताब्दी , २ युग , ३ जीवन , на моем —у́ मेरे जीवनकाल मे , ४ мы с тобо́й в не вида́лись, не встреча́лись हम युगो से नही मिले , ☐ бро́нзовый в. कास्य-युग ; желе́зный в लौहयुग , ка́менный в पाषाणयुग , сре́дние —á मध्ययुग ।

ве́ко (नपु ०) पलक ।

векове́чный (वि०) चिरस्थायी, अनन्त , शाश्वत ।

веково́й (वि०) प्राचीनतम ।

векову́ха, векову́ша (स्त्री०) अनूढा ; अविवाहिता ।

векселе||да́тель (पु ०) हुडी करनेवाला ; हुडीकर्ता, **—держа́тель** (पु ०) हुडीधारी ।

ве́ксель (पु ०) हुडी , **—ный** (वि०) हुडी-सम्बन्धी ।

веле́нев||ый (वि०) —ая бума́га स्वच्छ खाल जो लिखने या जिल्द बाँधने के काम आती है ।

веле́ние (नपु ०) आदेश ; हुक्म ।

вел||е́ть (अपू० और पू०) आदेश देना ; हुक्म देना ; он —е́л ему сде́лать э́то उसने उसे यह करने की आज्ञा दी , де́лайте, как вам ве́лено वही करो जो तुमसे कहा गया है ; ☐ ему не —ят кури́ть उसको तम्बाकू पीने की आज्ञा नही ।

велика́н (पु ०) दानव , दैत्य ।

вели́к||ий (वि०) १. महान् , Петр Вели́кий पीतर महान् , २. बडा , сапоги́ ему —и́ जूते उसके नाप से बडे हैं , ☐ от ма́ла до —а छोटे से बडे तक ।

великова́тый (वि०) कुछ बडा , बडा-सा ।

великоду́ш||ие (नपु ०) उदारता , औदार्य ; **—ничать** (अपू०), **свеликоду́шничать** (पू०) उदारता दिखाना , **—но** (क्रि० वि०) उदारतापूर्वक , **—ный** (वि०) उदार ।

великоле́п||ие (नपु ०) वैभव , शान ; ऐश्वर्य ; **—ный** (वि०) वैभवशाली , शानदार , ऐश्वर्यवान ।

великосве́тский (वि०) उच्च समाज का ; अभिजातवर्गीय ।

велича́вость (स्त्री०) रोब ; बडप्पन ; गरिमा ; भव्यता ।

велича́вый (वि०) प्रभावशाली , रोबदार ; बडा , भव्य , उदात्त ।

велича́йший (वि०) महानतम , महत्तम , उच्चतम ।

велича́ть (अपू०) १. बडा नाम देना , बडे नाम से पुकारना ; २ सम्मान करना ।

вели́чественн||ость (स्त्री०) रोब , बडप्पन ; भव्यता , ऐश्वर्य , उत्कर्ष , **—ый** (वि०) रोबदार ; बडा , भव्य , ऐश्वर्यवान , उत्कृष्ट , महिमावान ।

вели́чество (नपु ०) महिमा , बडप्पन ।

вели́чие (नपु ०) महानता , उत्कृष्टता , गरिमा ।

величина́ (स्त्री०) १. मात्रा , राशि ; मान ; неизве́стная в अज्ञात राशि ; २ महान् व्यक्ति ; литерату́рная в महान् लेखक , ३. प्रवीणता ; ☐ ничто́жная в. नगण्य राशि ।

велодро́м (पु ०) साइकिल का रास्ता ।

велосипе́д (पु ०) बाइसिकिल ; साइकिल ; **—и́ст** (पु ०) साइकिल-सवार ; **—ный** (वि०) बाइसिकिल/साइकिल-सम्बन्धी ।

вельбо́т (पु॰) ह्वेल मछली पकडने की नाव ।

вельве́т (पु॰) मखमल, **—ный** (वि॰) मखमल का, मखमली ।

вельмо́жа (पु॰) अभिजात ।

ве́на (स्त्री॰) नस, नाड़ी, शिरा ।

венге́р||ец (पु॰) **—ка** (स्त्री॰) हगरी-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि॰) हंगरी देश का ।

Вене́ра (स्त्री॰) शुक्र ग्रह ।

венери́к (पु॰) यौन रोगी ; गुप्त रोग से पीडित ।

венер||и́ческий (वि॰) यौन ; —и́ческая боле́знь यौन रोग ; **—о́лог** (पु॰) यौन-रोग-चिकित्सक, **—оло́гия** (स्त्री॰) यौन रोग चिकित्सा ।

ве́н||ец (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) वियना-निवासी/निवासिनी ।

вене́ц (पु॰) १. मुकुट, ताज ; २. (काव्य॰) उत्तस, ३. (तारागण के चारो ओर का) परिवलय ; □ вести́ под в पाणिग्रहण करना ।

вене́чный (वि॰) कपाल-सम्बन्धी ।

ве́нзель (पु॰) मोनोग्राम ।

ве́ник (पु॰) झाड़ू ।

вено́зный (वि॰) नाडी / शिरा-सम्बन्धी ।

вено́к (पु॰) पुष्पहार ; फूलमाला ।

ве́нский (वि॰) वियना का ।

вентили́ровать (अपू॰), **про—** (पू॰) (—рую) सवातन करना ; हवा के आने-जाने का प्रबन्ध करना ।

ве́нтиль (पु॰) वाल्व ।

вентиля́||тор (पु॰) रोशनदान, पखा, **—ция** (स्त्री॰) सवातन ; हवा के आने-जाने की व्यवस्था ।

венча́||льный (वि॰) विवाह-सम्बन्धी ; वैवाहिक ; **—ние** (नपु॰) १. विवाह-सस्कार ; २. राज्याभिषेक ।

венча́ть (अपू॰ और पू॰), **по—, у́—** (पू॰) १. (повенча́ть पू॰ के साथ) विवाह करना ; २. (венча́ть पू॰ के साथ) राज्याभिषेक करना ; ३. (увенча́ть पू॰ के साथ) (काव्य॰) увенча́ть лавро́вым венко́м सफल होना ; **—ся** (आत्म॰) १. (चर्च में) अपना विवाह करना ; २. венча́ть का कर्मवाच्य ।

ве́нчик (पु॰) १. परिवेश ; २. (वन॰) दलपुजी, कौरोला ।

вепрь (पु॰) जगली सुअर ।

ве́ра (स्त्री॰) धर्म ; विश्वास ; आस्था, твердая в ве́ру दृढ विश्वास ; в. в самого́ себя́ आत्म-विश्वास ; христиа́нская в. ईसाई धर्म, слепа́я в अन्धविश्वास ।

вера́нда (स्त्री॰) बरांडा ; बरामदा ।

ве́рба (स्त्री॰) सरपत, सरई ।

верблю́||д (पु॰) ऊँट, **—жий** (वि॰) ऊँट का, —жья шерсть ऊँट के बाल ।

ве́рбн||ый (वि॰) ве́рба से वि॰ ; □ —ое воскресе́нье ईस्टर से पहले का रविवार, ईसाइयो का त्यौहार ।

верб||ова́ть (अपू॰), **за—** (पू॰) (वर्त॰ —бу́ю) सेना या दल मे भरती करना, अपने पक्ष मे कर लेना, **—о́вка** (स्त्री॰) भरती (सेना या दल मे), **—о́вщик** (पु॰) भरती करनेवाला ; भरती करानेवाला एजेंट ।

ве́рбовый (वि॰) सरपत/सरई का ।

верди́кт (पु॰) (अदालती) अन्तिम निर्णय ।

верёв||ка (स्त्री॰) रस्सी ; सुतली ; связывать —кой रस्सी से बाँधना ; **—очный** (वि॰) वेरेवका से वि॰ ।

верени́ц||а (स्त्री॰) पक्ति ; ताँता, в у́ток बत्तखो की पक्ति ; дви́гаться —ей पक्ति में चलना ।

ве́реск (पु॰) एक प्रकार की झाडी ।

веретено́ (नपु॰) तकली ।

верещА́ть (अपू॰) चूँ-चूँ करना, किकियाना ।

верзи́ла (उभ॰) दुबला लम्बा आदमी ।

вери́ги (बहु॰) बेडियाँ ; जजीरे ; (तपस्वियो द्वारा पहनी जानेवाली) शृंखलाएँ ।

вери́тельн||ый (वि॰) :— ая гра́мота प्रत्ययपत्र ; विश्वास-पत्र ।

ве́рить (अपू॰), **по—** (पू॰) विश्वास करना ; я э́тому не ве́рю मैं इस पर विश्वास नही करता, २. (में) विश्वास रखना ; **—ся** (आत्म॰)

(कर्तृ-निरपेक्ष) мне не ве́рится मुझे विश्वास नही आता।

вермише́ль (स्त्री०) सेवई।

вернисс||а́ж (पुं०) प्रदर्शनी का प्रथम दिवस।

ве́рно (क्रि० वि०) १. ठीक; सही; в говори́ть सही बोलना; २. वफादारी से; निष्ठापूर्वक; ३. सम्भवतः; он в. не придет सम्भवतः वह नही आयेगा।

вернопо́дданический (वि०) (क्रान्ति-पूर्व) वफादार; राजभक्त।

вернопо́дданный (पुं०) (वि० रू०) राजभक्त (प्रजा)।

ве́рность (स्त्री०) १. वफादारी; स्वामिभक्ति; राजभक्ति; २ सचाई; शुद्धता।

верну́ть (पू०) १. वापस करना; लौटाना; २. पुनः प्राप्त करना; в. здоро́вье फिर से स्वास्थ्य-लाभ करना; ३. वापस भेजना; बाहर जाने के लिए बाध्य करना; **—ся** (आत्म०) वापस आना; लौटना; —ся домо́й घर लौटना।

ве́рн||ый (वि०) १. सही, ठीक; सच-सच; у вас —ые часы́? क्या आपकी घडी सही है? это —о यह सही है; यह सच है; соверше́нно —о बिल्कुल ठीक; २. वफादार; ३. विश्वस्त; в. исто́чник विश्वस्त सूत्र, ४. निश्चित; —ая смерть निश्चित मृत्यु।

ве́рова||ние (नपुं०) विश्वास; **—ния** (बहु०) धर्म; धार्मिक विश्वास।

ве́ровать (अपू०) (—рую) (में) विश्वास रखना।

вероиспове́дани||е (नपुं०) धर्म; सम्प्रदाय; свобо́да —я धार्मिक स्वातन्त्र्य।

вероло́м||ный (वि०) विश्वासघाती; **—ство** (नपुं०) विश्वासघात।

вероотсту́пни||к (पुं०) सिद्धान्तभ्रष्ट; धर्मभ्रष्ट; धर्मच्युत; **—чество** (नपुं०) सिद्धान्तभ्रंश; धर्मभ्रंश; धर्मच्युति; सिद्धान्त-त्याग।

веротерпи́м||ость (स्त्री०) (धार्मिक) सहिष्णुता; **—ый** (वि०) (धार्मिक) सहिष्णु।

вероуче́ние (नपुं०) धर्मसिद्धान्त-प्रतिपादन; मताग्रह।

вероя́т||ие (नपुं०) सम्भावना; सम्भाव्यता; **—но** (क्रि० वि०) सम्भवतः; **—ность** (स्त्री०) सम्भाव्यता; **—ный** (वि०) सम्भव; सम्भाव्य।

ве́рси||я (स्त्री०) विवरण; कथन; पाठ; разли́чные —и विभिन्न कथन; विभिन्न विवरण।

верст||а́ (स्त्री०) वर्स्त = ३५०० फुट □ его́ за —у́ ви́дно वह मीलो से दिखायी देता है।

верста́к (पु०) बढई के औजार।

верст||а́льщик (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) फरमो में पन्नो के अनुसार टाइप लगानेवाला; **—а́ть** (अपू०) **сверста́ть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) फरमो मे पन्नो के अनुसार टाइप लगाना।

вёрстка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़रमो में पन्नों के अनुसार टाइप लगाने की क्रिया।

верстово́й (वि०) वर्स्त का; в. столб वर्स्त का निशान।

ве́ртел (पुं०) माँस भूनने का सीकचा।

верте́п (पु०) खोह; गुफा।

верте́ть (अपू०) घुमाना; चक्कर देना; **—ся** (आत्म०) १. घूमना; चक्कर खाना, २. घुमा-फिरा-कर बात करना; वाक्छल करना; ३. (बातचीत का) चलते रहना, разгово́р верте́лся о́коло одного́ предме́та बातचीत एक ही विषय पर चलती रही।

вертика́л (पुं०) १. खमध्य से गुज़रनेवाला ऊर्ध्व वृत्त; २. तारागण की ऊँचाई नापने का यन्त्र।

вертика́ль (स्त्री०) ऊर्ध्वाधर रेखा; खडी रेखा; **—ный** (वि०) ऊर्ध्वाधर; खडा; सीधा।

вертля́в||ость (स्त्री०) चुलबुलाहट; अस्थिर-चित्तता; चचलता; **—ый** (वि०) चुलबुला; अस्थिरचित्त।

вертопра́х (पुं०) अस्थिरचित्त/चचल मनुष्य।

верту́шка (स्त्री०) १. वर्त्तक; लट्टू; फिरकनी; २. वर्त्तक द्वार; ३ छबीली, प्रेमविलासिनी; प्रेमलीला करनेवाली स्त्री।

ве́рующий १. ве́ровать से कृदन्त; २. आस्तिक।

верфь (स्त्री०) पोतनिर्माण-शाला; डॉकयार्ड;

गोदी ।

верх (पु॰) चोटी ; शिखर ; ऊपर की मंज़िल ; в горы́ पर्वत-शिखर ।

верх||и́ (बहु॰) समाज का उच्चतर स्तर ; नेतागण ; □ нахвата́ться —о́в ऊपरी (सतही) ज्ञान प्राप्त करना ।

ве́рхний (वि॰) ऊपर का ; उच्च ; в. этáж ऊपर की मंज़िल ।

верхо́вн||ый (वि॰) उच्चतम ; सर्वोच्च ; —ая власть सर्वोच्च सत्ता ; В Сове́т सर्वोच्च सोवियत ।

верхово́д (पु॰) सरगना ; बागियों का मुखिया ।

верхов||о́й -I. (वि॰) : १. —а́я езда́ घोड़े की सवारी ; २ (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) घुड़सवार ।

верхово́й -II. (वि॰) नदी की धारा के विरुद्ध ; ऊपर को ।

верхо́вье (नपुं॰) (नदी का) उद्गम ।

верхогля́д (पु॰) छिछला व्यक्ति ; पल्लवग्राही ; **—ство** (नपु॰) छिछलापन ।

ве́рхом (क्रि॰ वि॰) **I.** ऊपर की मंज़िल में ; **II.** наси́пать в лбалов भरना ।

верхо́м, (क्रि॰ वि॰) ऊपर ; е́здить в. घोड़े की सवारी करना ; घोड़े पर बैठकर जाना ।

верху́шка (स्त्री॰) १. ऊपरी भाग ; चोटी ; शिखर ; २ नेतागण ।

ве́рша (स्त्री॰) मछलियों की टोकरी ।

верши́на (स्त्री॰) १. चोटी ; शिखर ; ऊँचाई ; २. (गणित) शिरोबिन्दु , शिखाग्र ।

верши́ть (अपू॰) प्रबन्ध करना ; नियन्त्रण करना ।

вершо́к (पु॰) वरशोक (१¾ इंच) ।

вес (पु॰) भार ; वजन ; प्रभाव ; दबाव ।

весели́ть (अपू॰) प्रसन्न करना ; खुश करना ; **—ся** (आत्म॰) प्रसन्न होना ; खुश होना ।

ве́село (क्रि॰ वि॰) प्रसन्नतापूर्वक ।

весёл||ость (स्त्री॰) प्रसन्नता ; विनोदिता ; आह्लाद ; **—ый** (वि॰) प्रसन्नचित्त ; विनोदी ; हँसमुख ।

весе́ль||е (नपुं॰) अठखेली ; उल्लास ; आनन्द ; **—чак** (पुं॰) विनोदी पुरुष ; हँसमुख आदमी ।

веселя́щий газ : हँसानेवाली गैस ।

весе́нний (वि॰) весна́ से वि॰ ।

ве́сить (अपू॰) (ве́шу, ве́сишь) तोलना ।

ве́ский (वि॰) वजनदार ; बोझिल ; भारी ।

весло́ (नपुं॰) पतवार ; चप्पू ।

весн||а́ (स्त्री॰) वसन्त ; **—о́й,** **—о́ю** (क्रि॰ वि॰) वसन्त में ।

весну́||шка (स्त्री॰) (वसन्त मे पडनेवाला) शरीर का पीला धब्बा या चित्ती ; **—щатый** (वि॰) पीले धब्बे या चित्तीवाला ।

вес||ово́й (वि॰) १. весы́ से वि॰ ; २ तोल से बिकनेवाला ; **—овщи́к** (पुं॰) तोलनेवाला ।

весо́м||ость (स्त्री॰) भारवत्ता ; **—ый** (वि॰) भारवान् ।

веста́лка (स्त्री॰) देवदासी ; चिरकुमारिका ।

вести́ (अपू॰), **по—** (पू॰) (वर्त॰ веду́, ведёшь) १. दे॰ води́ть-१. २. नेतृत्व करना , निदेशन करना ; в. собра́ние सभा का सभापतित्व करना ; в хозя́йство घर-गृहस्थी का प्रबन्ध करना ; ३. куда́ ведет э́та доро́га? यह सडक कहाँ जाती है ? □ в бой युद्ध करना ; в. перепи́ску पत्र-व्यवहार करना , в. кампа́нию आन्दोलन चलाना ; в разгово́р बातचीत करना ; в счет हिसाब रखना ; в себя́ बर्ताव करना , в. себя́ ду́рно बुरा बर्ताव करना ।

вестибю́ль (पुं॰) उपान्तिका ; प्रवेश-कक्ष ।

вести́сь (आत्म॰ अपू॰) вести́ का कर्मवाच्य ; □ ведется обы́чай ऐसी प्रथा है ।

ве́стник (पु॰) अग्रदूत ; दूत ; о́блако в мегдудут ।

вестово́й (पुं॰) (वि॰ रू॰) **I.** अर्दली ; **II.** (वि॰) सकेतक (सिगनल) का ।

ве́сточка (स्त्री॰) весть का अल्प॰ ।

весть (स्त्री॰) **I.** सूचना , खबर ; समाचार ; शुभ समाचार ; **II.** бог в. ईश्वर जानता है ; ईश्वर जाने ।

весы́ (बहु॰) तुला ; तराजू ; तोलने की मशीन ।

весь (पुं॰), **вся** (स्त्री॰), **всё** (नपुं॰) सब ; в день सारा दिन ; вся Москва́ सारा मास्को ; во в. го́лос पूरे ज़ोर से चिल्लाकर ; □ во

всю мочь пурй шктки се; всегó хорóшего! вида! ялвида!

весьмá (क्रि० वि०) अत्यन्त; बहुत।

ветвúстый (वि०) शाखी, शाखावान।

ветвúться (आत्म० अपू०) शाखाएं फूटना।

ветвь (स्त्री०) शाखा।

вéтер (पु०) वात; समीर; हवा; पवन।

ветерáн (पुं०) अनुभवज्ञान-वरिष्ठ, वयोवृद्ध; ज्ञानवृद्ध।

ветеринáр (पु०) पशु-चिकित्सक; **—ия** (स्त्री०) पशु-चिकित्सा; पशुचिकित्सा-शास्त्र; **—ный** (वि०) पशुचिकित्सा-सम्बन्धी।

ветерóк (पुं०) मन्द पवन, समीर।

вéтка (स्त्री०) शाखा, железнодорóжная в. शाखा लाइन।

вéто (नपु०) वीटो, रोध-अधिकार, наложúть в. वीटो करना।

вéточка (स्त्री०) (छोटी) शाखा, टहनी।

ветóшь (स्त्री०) (केवल एकवचन) चिथड़े; पुराने कपड़े।

вéтре||ник (पु०) अस्थिरचित्त व्यक्ति; चचल व्यक्ति; **—ница** (स्त्री०) अस्थिरचित्त स्त्री; चचल स्त्री।

вéтрен||о (क्रि० वि०) बिना विचारे; **—ость** (स्त्री०) चाचल्य; चित्त की अस्थिरता; **—ый** (वि०) १ अस्थिरचित्त; चचलचित्त; २. वातुल।

ветрогóн=вéтреник.

ветромéр (पु०) पवनमापी।

вéтрян||ый (वि०) вéтер से वि०; —ая мéльница हवाचक्की, □ —ая óспа छोटी चेचक; खसरा।

зало́жник (पु०), **зало́жница** (स्त्री०) शरीरबन्धक ; शरीरप्रतिभू ; बन्धक-रूप व्यक्ति ।

заломи́ть दे० зала́мывать.

залп (पु०) (अभिवादन के लिए) तोपे दागना ; (गोलियो की) वर्षा ; стреля́ть —ами गोलियो की वर्षा करना ।

за́лпом (क्रि० वि०) एक साँस में ; выпива́ть з. एक घूँट मे पी जाना ; произноси́ть з. एक साँस मे बोल जाना ।

залуча́ть (अपू०), **залучи́ть** (पू०) लुभाना ; फँसाना ; फुसलाना ।

залюбова́ться (आत्म० पू०) (—бу́юсь) प्रशंसा करना ; प्रशंसा में अपने आपको भूल जाना ।

замазать(ся) दे० замазывать(ся).

замазка (स्त्री०) १. (खिडकी आदि के शीशो को पक्का करने के लिए चारो ओर लगाने का) सफेद मसाला ; २. ऐसा मसाला लगाने की क्रिया ।

замазывать (अपू०) **замазать** (भवि० замажу, замажешь) १. रोगन कर देना ; मिटा देना ; २. (खिडकी आदि के शीशो को सुदृढ करने के लिए चारो ओर) सफेद मसाला लगाना ; ३. पोतना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) १. मलिन हो जाना ; गन्दा होना , २. замазывать का कर्मवाच्य ।

замалчивать (अपू०), **замолча́ть** (पू०) उपेक्षा करना , चुप रहना , किसी मामले को दबा देना ।

замани́вать (अपू०), **замани́ть** (पू०) लुभाना , फुसलाना , आकर्षित करना ।

замани́чив||ость (स्त्री०) प्रलोभन , फुसलाहट ; आकर्षण , **—ый** (वि०) प्रलोभक ; फुसलानेवाला ; आकर्षक ।

замара́ть (पू०) १. दे० мара́ть ; २. मिटा देना ; (ख्याति का) नाश करना ; बदनाम करना ; з. репута́цию ख्याति नष्ट करना ; बदनाम करना ।

замара́ться दे० мара́ться.

замара́шка (उभ०) गन्दा व्यक्ति ।

замаскиро́вывать(ся), замаскирова́ть(ся) दे० маскирова́ть(ся).

замасли́вать (अपू०), **замасли́ть** (पू०) १. (तेल आदि लगाकर) गन्दा कर देना ; з. кни́гу तेल लगाकर पुस्तक गन्दी कर देना ; २. मक्खन लगाना ; चापलूसी करना ; **—ся** (आत्म०) (वस्त्रो आदि का) चिकना हो जाना ; तेल या ग्रीज़ लगकर चिकना/गन्दा हो जाना ।

замата́тывать (अपू०), **замота́ть** (पू०) १. लपेटना ; तह करना ; २. (गोले आदि पर) लपेटना ; ३. परिश्रान्त करना ; थका देना ; **—ся** (आत्म०) लिपट जाना ; (अधिक काम के कारण) परिश्रान्त होना ; थक जाना ।

замаха́ть (पू०) १. फहराने/लहराने लगना ; हिलाने लगना ; २. маха́ть का पू०

замáх||иваться (आत्म० अपू०), **замахну́ться** (आत्म० पू०) धमकाना ; धमकी देना ; замахну́ться па́лкой на кого́-л. किसीको छड़ी दिखाकर धमकाना ।

замáчивать (अपू०), **замочи́ть** (पू०) १. (थोडा-सा) गीला करना ; замочи́ть но́ги पाँव गीले करना ; २ भिगोना ; з белье (धोने के लिए) कपड़े भिगोना ।

замáшки (बहु०) आचार-व्यवहार ; बर्ताव ।

замáщивать (अपू०), **замости́ть** (पू०) (भवि० замощу́, замости́шь) पत्थर या ईट बैठाना ; з. у́лицу सडक पर पत्थर बैठाना ।

замáяться (आत्म० पू०) (अपने आपको) थकाकर चूर कर लेना ; परिश्रान्त होना ; क्लान्त होना ।

замедлéни||е (नपु०) १ (गति का) मन्द होना ; २ विलम्ब ; देर ; без —я तुरन्त ।

замедля́ть (अपू०), **замéдлить** (पू०) (गति का) मन्द करना ; विलम्ब करना ; देर करना ; прошу́ не замéдлить отве́том कृपया लौटती डाक से उत्तर दीजिए अथवा उत्तर में विलम्ब मत कीजिए ; он не замéдлил яви́ться वह तुरन्त आ पहुँचा ; **—ся** (आत्म०) १ (गति का) मन्द होना ; २. замедля́ть का कर्मवाच्य ।

замелька́ть (पू०) (क्षण मात्र के लिए) चमकना ; कौधना ; जगमगाना ।

замéна (स्त्री०) १. बदली ; बदलने की क्रिया ; з потéрянной кни́ги но́вой खोयी हुई पुस्तक के बदले मे नयी पुस्तक देना ; २ स्थानापन्न ; एवजी ।

замени́тель (पुं०) स्थानापन्न ; एवजी ।

заменя́ть (अपू०), **замени́ть** (पू०) बदलना ; स्थानापन्न नियुक्त करना ; не́кому меня́ замени́ть मेरी जगह लेनेवाला कोई नही अथवा मेरा स्थानापन्न कोई नही ।

замере́ть दे० замира́ть.

замерза́ни||е (नपुं०) जमने की क्रिया ; то́чка —я हिमाक ।

замерза́ть (अपू०), **замёрзнуть** (पू०) जम जाना ; बर्फ में परिणत हो जाना ; река́ замерзла नदी जम गयी ।

за́мертво (क्रि० वि०) मृतप्राय ; मुर्दे की भाँति ; बेहोश ।

замеси́ть दे० замéшивать

замести́ दे० замета́ть.

замести́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) स्थानापन्न ; उप- ; डिप्टी- ; з. дире́ктора उपनिदेशक ; डिप्टी-डाइरेक्टर ; з. председа́теля उपप्रधान ।

земести́ть दे० замеща́ть.

замета́ть -I (अपू०), **замести́** (पू०) (भवि० замету́, заметешь) १. झाड़ू देना , साफ करना; २. (रेत, बर्फ आदि द्वारा) ढँक जाना ; доро́гу замело́ сне́гом सडक बर्फ से ढँक गयी ।

замета́ть -II दे० замётывать.

замета́ться (आत्म० पू०) (इधर-उधर) दौड-धूप/भाग-दौड शुरू करना ; (बिस्तर मे) करवटे बदलने लगना ।

замети́ть दे० замеча́ть.

замéтк||а (स्त्री०) १ अनुच्छेद , कडिका (पैरा) ; २. सूचना , ज्ञप्ति ; नोटिस ; ३ टिप्पणी ; निशान ; де́лать —и (पुस्तक मे) निशान लगाना ।

замéтн||о (क्रि० वि०) देखने मे ; प्रत्यक्ष रूप से ; он з. постаре́л वह बूढ़ा दिखायी देता है ; (कर्तृ-निरपेक्ष) замéтно दीख पडता है कि.. ; **—ый** (वि०) १. दृश्यमान ; प्रत्यक्ष ; २. विशिष्ट ; साक्षात् ; खास ।

замётывать (अपू०), **замета́ть** (पू०) (मोटे-मोटे) टाँके लगाना ; सिलाई करना ।

замеча́ние (नपु०) १ टिप्पणी ; २. फटकार ; झिडकी ; निन्दा ।

замеча́тельн||о (क्रि० वि०) अद्भुत रूप से ; विलक्षणता से ; असाधारण रूप से ; **—ый** (वि०) अद्भुत् ; विलक्षण ; अद्वितीय , विशेष ; खास ।

замеча́ть (अपू०), **замéтить** (पू०) (भवि० замéчу, замéтишь) ध्यान देना ; टिप्पणी करना ।

замеча́ться (आत्म० पू०) स्वप्न देखना ; स्वप्न में खो जाना ।

замешáтельство (नपुं०) परिभ्रान्ति ; अस्त-व्यस्तता ; अव्यवस्था ; गडबडी ; परेशानी ; вноси́ть з. в ряды́ проти́вника शत्रु की सेना अस्त-व्यस्त कर देना ; शत्रु-सेना मे अव्यवस्था फैलाना ; привести́ в з परिभ्रान्त करना ; परेशान करना ।

заме́шивать (अपू०), **замеша́ть** (पू०) **I.** (किसीको किसी बुरे मामले, अपराध आदि मे) फँसा लेना ; लपेट लेना ; **II.** सम्मिश्रित करने लगना ; मिलाने लगना ; з. те́сто आटा तैयार करना/गूँधना ; **—ся** (आत्म०) १. (भीड आदि मे) मिल जाना ; २ заме́шивать-I का कर्मवाच्य ।

заме́шка||ться (आत्म० पू०) विलम्ब करना ; देर करना , он —лся у свои́х прия́телей वह अपने मित्रो के यहाँ बहुत देर तक ठहरा रहा ।

замещ||а́ть (अपू०), **замести́ть** (पू०) (भवि० замещу́, замести́шь) १. (किसीके स्थान पर) काम करना ; (किसीका) स्थानापन्न होना , २ (रस०) प्रतिस्थापन करना ; प्रतिस्थापित करना ; **—е́ние** (नपुं०) १. स्थानापन्न होना ; २. (रस०) प्रतिस्थापन ।

зами́нк||а (स्त्री०) हिचकिचाहट ; बाधा ; रुकावट , без —и बिना रुकावट के , говори́ть с —ой रुक-रुककर बोलना ।

замира́ние (नपुं०) १ (दिल का) बैठना , डूबना ; з се́рдца हृदय का डूबना ; दिल का बैठना ; २. नि.शब्द होना ।

замира́ть (अपू०), **замере́ть** (पू०) (भवि० замру́, замрешь) १ स्तब्ध होना ; (हृदय का) बैठना/डूबना ; धडकन बन्द होना; २. शब्द का सुनायी देना बन्द हो जाना ।

за́мкнуто (क्रि० वि०) : жить з एकान्त जीवन व्यतीत करना ; बन्द कोठरी मे रहना ; держа́ться з. चुप्पी साधना ।

за́мкнут||ость (स्त्री०) १ बन्द होने का भाव ; २. चुप्पी ; मौन ; **—ый** (वि०) १. замыка́ть से कृदन्त , २. मौन ; चुप ; ३. बन्द ; (बटन) बन्द किया हुआ ; вести́ з. о́браз жи́зни एकान्त जीवन व्यतीत करना ।

замкну́ть(ся) दे० замыка́ть(ся).

за́мков||ый (वि०) за́мок से वि० · महल का ; किले का , —ая стена́ महल की दीवार ।

замко́вый (वि०) замо́к से वि० ; ताले का ।

замоги́льн||ый (वि०) १. (काव्य०) मरणोत्तर; मृत्यु के पश्चात् का ; —ая любо́вь मृत्यु के पश्चात् का प्रेम , २ (आवाज के बारे में) धीमी (जैसी श्मशान मे होती है) ।

за́м||ок (पु०) महल ; दुर्ग ; किला , □ возду́шные —ки हवाई किले ।

зам||о́к (पु०) ताला , □ за семью́ —ка́ми सात तालो के अन्दर (अत्यन्त गुप्त रखा हुआ) ।

замо́лвить (पू०) з. слове́чко за кого́-л. (किसी की) सिफारिश करना ।

замолка́ть (अपू०), **замо́лкнуть, замолча́ть** (पू०) चुप हो जाना ; बोलना बन्द कर देना ; разгово́р замо́лк बातचीत बन्द हो गयी ।

замолча́ть दे० замолка́ть और замáлчивать.

замора́живать (अपू०), **заморо́зить** (पू०) (भवि० заморо́жу, заморо́зишь) बर्फ मे परिणत करना , जमाना ।

заморга́ть (पू०) १. पलक मारने लगना ; २. морга́ть का पू० ।

заморённ||ый (कृदन्त और वि०) दुर्बल ; क्षीण-काय ; मरियल ; —ая ло́шадь मरियल घोडा ।

замори́ть (पू०) (भूखो) मार देना ; (बुरा व्यवहार करके) मार देना ; (पालतू जानवर को अत्यधिक) काम कराके मार देना ; з. го́лодом भूखो मारना ; з. больно́го дурны́м лече́нием रोगी का बुरा इलाज करके मार देना ।

заморо́зить दे० замора́живать

за́морозки (बहु०) प्रथम हिमपात ।

замороси́ть (पू०) (заморошу́, заморо-си́шь) १. फुहार पडने लगना , बूँदा-बाँदी शुरू होना ; २. моросúть का पू० ।

замо́рский (वि०) सागर-पार का ; विदेशी ।

замо́рыш (पु॰) भूखा प्राणी ; (भूख से) दुर्बल ; क्षीण ; मरियल ।

замости́ть दे॰ замащивать,

замота́ть -I. दे॰ замáтывать ; **II.** हिलाने लगना ; з головóй (अपना) सिर हिलाने लगना ।

замота́ться दे॰ замáтываться.

замочи́ть दे॰ замáчивать.

замо́чн||ый (वि॰) замóк से वि॰ ; —ая сквáжина ताली का सुराख ।

за́муж (क्रि॰ वि॰) вы́йти з за кого́-л. (केवल स्त्री के बारे में) किसीसे विवाह करना ।

заму́жество (नपुं॰) (स्त्री का) विवाहित जीवन ।

заму́жняя (वि॰) विवाहिता (स्त्री) ।

замуро́вывать (अपू॰), **замурова́ть** (पू॰) (भवि॰ —ру́ю) १. (मारने के लिए) दीवार मे चिन देना ; २. з драгоценности в стенé जेवर आदि दीवार मे गाड देना ।

замусóливать (अपू॰), **замусóлить** (पू॰) (लार, कीचड आदि से) मलिन करना ; गन्दा करना ।

замути́ть(ся) दे॰ мути́ть(ся).

замухры́шка (उभ॰) क्षीणकाय ; दुबला-पतला/दुबली-पतली ; मरियल ।

заму́чивать (अपू॰), **заму́чить** (पू॰) यातना देना ; पीडा देना ; सताना ; заму́чить дó смерти यातना देकर मार डालना ।

за́мша (स्त्री॰) साबर ; साँभर हिरन या पहाड़ी बकरी का कोमल चमड़ा ।

замыва́ть (अपू॰), **замы́ть** (पू॰) (भवि॰ замóю, замóешь) धो डालना ।

замыка́||ние (नपुं॰) बिजली की धारा के परिपथ का बन्द होना ; коро́ткое з. लघु परिपथ ; **—тель** (पुं॰) (बिजली की) धारा / परिपथ बन्द करनेवाला यन्त्र ।

замыка́ть (अपू॰), **замкну́ть** (पू॰) बिजली की धारा/परिपथ बन्द कर देना ; **—ся** (आत्म॰) बिजली की धारा/परिपथ का बन्द हो जाना ।

за́мысел (पुं॰) १. योजना ; युक्ति ; संकल्प ; इरादा ; २. (कला-सम्बन्धी) कल्पना ; अवधारणा ।

замы́слить दे॰ замышля́ть.

замысловáт||ость (स्त्री॰) जटिलता ; पेचीदगी ; **—ый** (वि॰) जटिल ; पेचीदा ।

замы́ть दे॰ замывáть.

замышля́||ть (अपू॰), **замы́слить** (पू॰) योजना बनाना ; भली भाँति सोचना ; इरादा करना ; что вы —ете? आपका क्या विचार है ?, आपका क्या इरादा है ?

замя́ть (पू॰) (भवि॰ замну́, замнешь) (किसी बात को) दबा देना ; з. разговóр बातचीत का विषय बदल देना ; з. дéло किसी मामले को दबा देना ।

замяу́кать (पू॰) १. म्याऊँ-म्याऊँ करने लगना ; २. мяу́кать का पू॰ ।

за́навес (पु॰) पर्दा ।

занавéс||ить दे॰ занавéшивать ; **—ка** (स्त्री॰) (खिडकी का) पर्दा ।

занавéшивать (अपू॰), **занавéсить** (पू॰) (भवि॰ занавéшу, занавéсишь) पर्दा लगाना ; з. окнó खिडकी मे पर्दा लगाना ; खिड़की का पर्दा गिराना ।

занáшивать (अपू॰), **заноси́ть** (पू॰) (भवि॰ заношу́, занóсишь) (वस्त्र आदि) बहुत समय तक पहनना ; बिना बदले पहनते रहना ।

занемогáть (अपू॰), **занемóчь** (पू॰) (भवि॰ занемогу́, занемóжешь) अस्वस्थ हो जाना ; बीमार पड़ जाना ।

занесéние (नपुं॰) (सूची आदि मे) प्रविष्टि ; इन्दराज ; दर्ज करने की क्रिया ।

занести́(сь) दे॰ заноси́ть(ся).

занимáтельный (वि॰) मनोरजक ; रोचक ।

занимáть (अपू॰), **заня́ть** (पू॰) (भवि॰ займу́, займешь) **I.** उधार लेना ; **II.** १ स्थान घेरना ; (पद) ग्रहण करना ; з. дóлжность पद ग्रहण करना ; з. мнóго мéста अधिक स्थान घेरना ; २. अपना स्थान/पद सुरक्षित करना/रखना ; ३. दिलचस्पी होना ; его́ ничтó не занимáет उसको किसी बात में दिलचस्पी नही है ; □ з. положéние पद ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म॰)

I. १. व्यस्त होना ; मसरूफ होना ; заня́ться чте́нием पढाई में व्यस्त होना ; з вопро́сом सवाल हल करने मे व्यस्त होना ; २. अध्ययन करना ; पढना ; з медици́ной डाक्टरी पढना ; □ з покупа́телем ग्राहको का भुगतान करने में व्यस्त होना ; **II.** आग लगना ; сосе́дний дом за́нялся पडौसी के घर मे आग लग गयी ।

за́ново (क्रि० वि०) पुन ; फिर से ; नये ढंग से ।

зано́за (स्त्री०) १. फाँस; सिल्त; २. चिपक जानेवाला व्यक्ति ; झगडालू ।

заноси́ть (अपू०), **занести́** (पू०) (भवि० занесу́, занесешь) १. (जाते-जाते रास्ते में) छोड-जाना/लाना ; з зара́зу छूत की बीमारी लाना ; सक्रामक कीटाणु लाना , २. दर्ज करना ; लिख लेना ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) всю доро́гу занесло́ сне́гом सारी सडक बर्फ से ढँक गयी है ; ४. उठाना ; खडा करना ; з. ру́ку हाथ उठाना ; हाथ खडा करना ; ५. (कर्तृ-निरपेक्ष). маши́ну зано́сит गाडी रुक-रुककर चलती है ; □ каки́м ве́тром вас сюда́ занесло́ ? आप आज इधर कैसे आ निकले ?; **—ся(сь)** (आत्म०) १. गर्व करना ; घमड करना ; २. заноси́ть का कर्मवाच्य ।

зано́сный (वि०) (रोग आदि) किसी दूसरे स्थान से लाया गया ; बाहर का ।

зано́счив||ость (स्त्री०) गर्व ; अभिमान ; उद्दडता ; धृष्टता , **—ый** (वि०) गर्विष्ठ ; अभिमानी , उद्दड ; धृष्ट ।

заночева́ть (पू०) (—чу́ю) रात काटना ; रात के लिए ठहरना ।

занумеро́вывать (अपू०), **занумерова́ть** (पू०) (—ру́ю) अकित करना ; नम्बर लगाना ; गणना करना ।

заня́ти||е (नपुं०) १. व्यस्तता ; पेशा ; कारोबार ; काम ; часы́ —й काम करने का (अथवा पढ़ाई का) समय ; २. बलात् ग्रहण ; पकड ; ३. अध्ययन ; पाठ ।

заня́тный (वि०) मनोरंजक ; रोचक ; कौतूहलजनक ।

заня́то́й (वि०) व्यस्त ; मसरूफ ।

за́нят||ость (स्त्री०) १ व्यस्तता ; मसरूफियत ; २. रोजगार ; कारोबार ; पेशा ; काम ; **—ый** заня́ть से कृदन्त ; я о́чень за́нят मैं बहुत व्यस्त हूँ ; на заво́де —а ты́сяча рабо́чих कारखाने में हजार मजदूर काम करते हैं ।

заня́ть(ся) दे० занима́ть(ся).

заодно́ (क्रि० वि०) १. एक साथ ; मिलकर ; २. साथ-साथ ।

заозёрный (वि०) झील-पार का ।

заокеа́нский (वि०) सागर-पार का ।

зора́ть (पू०) १. चिंघाड़ने या चिल्लाने लगना ; २. ора́ть का पू० ।

заострённ||ость (स्त्री०) पैनापन ; तीखापन ; तीक्ष्णता ; **—ый** (वि०) पैना ; तीक्ष्ण ; तीखा ; तेज ; नोकदार ।

заостря́ть (अपू०), **заостри́ть** (पू०) पैना करना , धार बाँधना ; तेज करना ; जोर देना ; заостри́ть каранда́ш पेंसिल बनाना ; з. противоре́чия प्रतिवाद पर जोर देना ; з вопро́с प्रश्न पर जोर देना ; заостри́ть внима́ние ध्यान दिलाना ; दिलचस्पी पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) पैना होना ; तीक्ष्ण होना ; तीव्र होना ; तेज होना ।

зао́ч||ник (पुं०) पत्र-व्यवहार द्वारा विद्या प्राप्त करनेवाला छात्र ; **—но** (क्रि० वि०) बिना देखे ; (अदालत-सम्बन्धी) अनुपस्थिति में ; **—ый** (वि०) —ое обуче́ние पत्र-व्यवहार द्वारा पढ़ाई ।

за́пад (पुं०) पश्चिम ; к —у, на з पश्चिम को ।

запа́дать (पू०) गिरने लगना ।

западать (अपू०), **запа́сть** (पू०) (भवि० западу́, западешь) १. पीछे गिरना ; २. छाप डालना ; слова́ его́ запа́ли мне в ду́шу उसके शब्द मेरे मन में घर कर गये ।

за́падн||ый (वि०) पश्चिमी ; —ая Евро́па पश्चिमी यूरोप ।

западн||я́ (स्त्री०) फन्दा ; कूटगर्त ; कूटयन्त्र ; попа́сть в —ю फन्दे में फँसना ।

запа́здыва||ние (नपुं०) विलम्ब ; **—ть** (अपू०), **запозда́ть** (पू०) देर से आना ;

निश्चित समय के बाद आना ।

запа́ивать (अपू०), **запая́ть** (पू०) टाँका लगाना ; झाल लगाना ।

запа́йка (स्त्री०) टाँका ; झाल ।

запа́костить (पू०) (запа́кощу, запа́костишь) गन्दा करना ; मलिन करना ।

запа́л (पुं०) **I.** हौकनी (घोड़े आदि का एक रोग) ; **II.** विस्फोटक ; फ्यूज ।

запали́ть (पू०) आग लगाना ; (सिगरेट) सुलगाना ; з. соло́му भूसे को आग लगाना ।

запа́льчивый (वि०) उग्रस्वभाव ; तेज-मिज़ाज ।

запа́мятова||ть (पू०) (—тую) भूल जाना ; он совсе́м —л वह बिल्कुल भूल गया ।

запа́ривать (अपू०), **запа́рить** (पू०) १. भाप देना ; २. (पशुओं के चारे आदि को) भाप देकर नर्म या साफ करना ; **—ся** (आत्म०) १. पसीने से तरबतर होना ; २ (बहुत देर तक काम करने या चलने से) थककर चूर हो जाना ।

запа́рывать (अपू०), **запоро́ть** (पू०) बेत या चाबुक से मार डालना ।

запа́с (पुं०) १ भडार ; जखीरा ; в —е भंडार में ; з зна́ний ज्ञान-भंडार , विद्या का भडार ; з. слов शब्द-भडार ; з. боеприпа́сов गोला-बारूद का भडार ; २. (कपडे की सिलाई में) दबाव ; ३. (सेना०) быть в —е आरक्षित (रिजर्व मे) होना ; увóлить в з. रिज़र्व मे बदली करना ।

запаса́ть (अपू०), **запасти́** (पू०) (भवि० запасу́, запасешь) बचाकर रखना ; जखीरा जमा करना ; **—ся (сь)** (आत्म०) अपने लिए बचाकर रखना ; —ся дрова́ми (शरद् ऋतु के लिए) लकडियो का जखीरा करना ।

запа́слив||ость (स्त्री०) मितव्ययिता ; किफायत-शआरी ; **—ый** (वि०) मितव्ययी ; किफायत-शआरी ।

запасн||о́й (वि०) १. फ़ालतू ; з. вы́ход संकट-कालीन निर्गम-द्वार (बाहर निकलने का दरवाजा) ; з. путь (रेल की) पार्श्व-लाइन ; **—ы́е ча́сти** फालतू पुर्जे ; २. आरक्षित सेना का सिपाही ।

запа́сный = запасно́й.

запа́сти (сь) दे० запаса́ть(ся)

за́пах (पुं०) गन्ध ; सुगन्ध ; слы́шать з. गन्ध लेना ; सूँघना ।

запа́хивать -I (अपू०), **запаха́ть** (पू०) (भवि० запашу́, запа́шешь) हल जोतना ; जुताई करना ।

запа́хивать -II (अपू०), **запахну́ть** (पू०) १. (कसकर) लपेटना ; २. खीचना ; з. занаве́ску पर्दा गिराना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) कसकर लपेटना ।

запа́х||нуть (पू०) गन्ध देने लगना ; गन्ध छोडना ; чем-то —ло (किसी वस्तु की) गन्ध आयी ।

запа́чкать(ся) दे० па́чкать(ся).

запа́ш||ка (स्त्री०) १ (हल से) जुताई ; २ जुताई शुरू करने का कार्य ; **—ник** (पुं०) हल की अनी/फाल ।

запая́ть दे० запа́ивать.

запева́ла (पुं०) मुख्य संगायक ; समूहगान में गाना शुरू करनेवाला ।

запека́нка (स्त्री०) १. पुडिंग ; २. मसालेदार शराब ।

запе́ниться (आत्म० पू०) झाग देने लगना ।

запере́ть(ся) दे० запира́ть(ся)

заперши́||ть (पू०) у него́ —ло в го́рле उसके गले में खारिश होने लगी ।

запе́ть (पू०) १. गाना शुरू करना ; २. петь का पू० ।

запечата́тать दे० запечáтывать.

запечат||лева́ть (अपू०), **запечатле́ть** (पू०) अकित करना ; छाप डालना ; —ле́ть в па́мяти (किसी बात को) मस्तिष्क में बिठाना ; मन में उतारना ।

запечáтывать (अपू०), **запечáтать** (पू०) मुहर लगाना ; मुहर लगाकर बन्द करना ; सील करना ।

запе́чь(ся) दे० запека́ть(ся).

запива́ть -I (अपू०), **запи́ть** (पू०) (भवि०

запью́, запьешь) १. शराब पीने की आदत डालना ; शराब पीते रहना ; खूब शराब पीना ; २. (स्वाद के लिए) पीना ; ३. (कुछ खाने के तुरन्त बाद) पीना ।

запина́ться (आत्म० अपू०), **запину́ться** (आत्म० पू०) हिचकिचाकर बोलना ; रुक-रुककर बोलना , हकलाकर बोलना ।

запи́нк||а (स्त्री०) हिचकिचाहट ; हकलाहट ; без —и बिना किसी हिचकिचाहट के ।

запира́тельство (नपुं०) मुकर जाना ।

запира́ть (अपू०), **запере́ть** (पू०) (भवि० запру́, запрешь) १. (ताला आदि लगाकर) बन्द करना ; з на засо́в सिटकनी/चिटखनी लगाकर बन्द करना ; २. (किसीको) ताले मे बन्द करना ; ३. रुकावट डालना , **—ся** (आत्म०) १ अपने आपको ताले मे बन्द कर लेना ; २. запира́ть का कर्मवाच्य ।

записа́ть(ся) दे० запи́сывать(ся)

запи́ска (स्त्री०) पत्र , रुक्का , नोट , докладна́я з प्रतिवृत्त ; विवरण ; रिपोर्ट , любо́вная з. प्रेम-पत्र ; пригласи́тельная з. निमन्त्रण-पत्र ।

записн||о́й (वि०) १ —а́я кни́жка नोट-बुक ; २. प्रवीण ; सिद्ध , सिद्धहस्त ; निपुण ; प्रथम श्रेणी का ; з. игро́к प्रवीण खिलाडी , प्रथम श्रेणी का खिलाडी ।

запи́сывать (अपू०), **записа́ть** (पू०) (भवि० запишу́, запи́шешь) लिख लेना ; नोट कर लेना ; अंकित कर लेना ; з. на чей-л. счет किसीके हिसाब में डाल देना ; з. ле́кцию भाषण लिख लेना ; भाषण मे से नोट लेना ; з. в расхо́д खर्चे मे दर्ज कर लेना ; **—ся** (आत्म०) अपना नाम दर्ज करना ; —ся в кружо́к मंडल का सदस्य बनना ; —ся к врачу́ डाक्टर से मिलने का समय नियत करना ; —ся в библиоте́ку पुस्तकालय का सदस्य बनना ।

запи́сь (स्त्री०) नोट करने/लिखने की क्रिया ; अभिलेख ; (रजिस्टर आदि में) प्रविष्टि ; इन्दराज ।

запи́ть दे० запива́ть.

запи́хивать (अपू०), **запиха́ть, запихну́ть** (पू०) ठूँसना ; запиха́ть бума́ги в портфе́ль पोर्टफोलियो में कागज ठूँसना ।

запла́кать (पू०) १. रोने लगना ; २. пла́кать का पू० ।

запла́т||а (स्त्री०) पैबन्द ; थेगली ; наложи́ть —у पैबन्द लगाना ।

заплати́ть (पू०) (заплачу́, запла́тишь) अदा करना ; ऋण चुकाना ; з. по счету हिसाब चुकाना ।

заплёвывать (अपू०), **заплева́ть** (पू०) (भवि० заплюю́, заплюешь) १. थूकना ; २. (केवल पू०) थूकने लगना ।

заплёсневеть दे० плёсневеть.

заплета́ть (अपू०), **заплести́** (पू०) (भवि० заплету́, заплетешь) गूँथना ; з. ко́су चोटी गूँथना ।

заплета́||ться (आत्म० अपू०) १. у него́ язы́к —ется (बोलते-बोलते) उसकी जीभ पलट जाती है (अथवा वह तुतलाकर बोलता है) ; у него́ —ются но́ги उसकी टाँगे लडखडाती हैं ।

заплечн||ый (वि०) कन्धो पर का ; з. мешо́к कन्धो पर रखी बोरी ; □ з. ма́стер, —ых дел ма́стер जल्लाद ।

заплечье (नपुं०) शाना ; मोंढ़ा ।

запломбирова́ть दे० запломбиро́вывать और пломбирова́ть.

запломбиро́вывать (अपू०), **запломбирова́ть** (पू०) (भवि०—ру́ю) १. (दाँत आदि का खोल) भर देना ; मुहर लगाकर बन्द कर देना ; (सिक्के की) सील लगाकर बन्द कर देना ।

заплута́ться (आत्म० पू०) रास्ता भूल जाना ।

запл||ыва́ть (अपू०), **заплы́ть** (पू०) (भवि० заплыву́, заплывешь) १. तैर आना ; तैर जाना ; з. далеко́ बहुत दूर तैर जाना ; २. (किसी व्यक्ति का) स्थूल हो जाना ; चर्बी चढना ; у него́ —ы́ли глаза́ उसकी आँखों पर चर्बी चढ़ गयी है ।

заплясáть (पू०) (भवि० запляшу, запля́шешь) नाचने लगना ।

запнýться दे० запинáться

заповéд||ник (पु०) आरक्षित वन ; **—ный** (वि०) वर्जित ; निषिद्ध ; —ный лес = заповéдник.

зáповедь (स्त्री०) धर्मादेश ; उपदेश ; प्रवचन ।

запóдлинно (क्रि० वि०) अवश्य ; ज़रूर ।

заподóзри||ть (पू०) सन्देह करना ; егó —ли во лжи उस पर झूठ बोलने का सन्देह किया गया ।

запоздáлый (वि०) १. नियत समय के बाद का; देर से किया हुआ ; з. платеж नियत समय के बाद अदायगी ; २. पिछड़ा हुआ ।

запоздáть दे० запáздывать.

запóй (पु०) (समय-समय पर) शराब आदि पीने की हुडक ।

заползáть (अपू०), **заползти́** (पू०) रेंग-कर चलना ; रेंगकर आ जाना ।

запóлнить(ся) दे० заполня́ться.

зáполночь (क्रि० वि०) आधी रात के बाद ।

заполня́ть (अपू०), **запóлнить** (पू०) (प्रश्नावली, फार्म आदि) भरना ; उत्तर लिखना ; पूर्ति करना ; з. анкéту फार्म भरना ; з недостáток खामी पूरी करना ; **—ся** (आत्म०) भर जाना ; भरा जाना ।

заполоня́ть (अपू०), **заполони́ть** (पू०) बन्दी बनाना ; अधीन करना ; वशीभूत करना ; जीतना ।

заполучи́ть (पू०) अपने लिए उपलब्ध करना ।

запомина́ть (अपू०), **запóмнить** (पू०) कठस्थ करना ; स्मरण करना ; ध्यान में रखना ; **—ся** (आत्म०) १. कठस्थ होना ; स्मरण रहना ; емý запóмнился э́тот стих उसको यह कविता अब तक कठस्थ है ; २. запомина́ть का कर्मवाच्य ।

зáпонка (स्त्री०) स्टड (दोहरे सिरे का बटन) ; कॉलर का बटन ।

запóр (पुं०) १. सिटकनी ; ताला ; на —е ताले के अन्दर बन्द ; २. क़ब्ज़ी ; बदहज़मी ; страда́ть —ом क़ब्ज़ी या बदहज़मी की शिकायत होना ।

запоро́жец (पुं०) ट्रेनपियर का कज़ाक ।

запоро́ть दे० запáрывать.

запороши́ть (पू०) (पाउडर आदि) बुकना ; बुरकना ।

запотевáть (अपू०), **запотéть** (पू०) धुँधला पड़ना/होना ; о́кно запотéло खिड़की का शीशा धुँधला पड़ गया है ।

запотéлый (वि०) (खिड़की के शीशे आदि के बारे में) धुँधला ।

запотéть दे० запотевáть और потéть.

заправи́ла (पुं०) (किसी संस्था आदि का) अध्यक्ष ; मालिक ।

заправля́ть (अपू०), **запрáвить** (पू०) (भवि० запрáвлю, запрáвишь) १ भीतर कर लेना ; (में) दे देना ; з брю́ки в сапóги पतलून को जूतों के भीतर कर लेना ; २. (प्रयोग के लिए) तैयार करना , з автомоби́ль бéнзином गाड़ी में पेट्रोल डलवाना ; з. лáмпу लैम्प की बत्ती आदि ठीक करना ; ३ (भोजन का स्वाद बनाने के लिए) और कुछ डालना ; з. щи смета́ной बन्दगोभी के शोरबे में खट्टी मलाई डालना ।

запрáвский (वि०) सच्चा ; वास्तविक ; यथार्थ ।

запрáшивать (अपू०), **запроси́ть** (पू०) (भवि० запрошу́, запро́сишь) १ पूछताछ करना ; पता लगाना ; २. बहुत दाम माँगना ; запроси́ть высóкую цéну बहुत दाम माँगना ।

запрéт (पुं०) निषेध ; मनाही ; под —ом निषिद्ध ; **—и́ть** दे० запрещáть ; **—ный** (वि०) निषिद्ध ; वर्जित ।

запрещáть (अपू०), **запрети́ть** (पू०) (भवि० запрещу́, запрети́шь) निषिद्ध करना ; मनाही करना ; रोकना ; बरजना ; **—ся** (आत्म०) запрещáть का कर्मवाच्य ; кури́ть запрещáется तम्बाकू या सिगरेट पीना मना है ।

запрещéние (नपुं०) निषेध ; मनाही ; судéбное з. (अदालत की) निषेधाज्ञा ; наложи́ть з. на имýщество सम्पत्ति को राज्याधिकार में ले लेना ।

запримéтить (पू०) (запримéчу, запримéтишь) ध्यान से देखना ; з. кого́-л. в лицо́ किसीके मुख की ओर ध्यान से देखना ।

заприхо́довать (पू०) (—дую) जमा-खाते मे दर्ज करना ।

запродава́ть (अपू०), **запрода́ть** (पू०) (वर्त० запродаю́, запродаешь ; भवि० запрода́м, запрода́шь) (चीज के तैयार होने से पहले ही) बेचना स्वीकार करना ; कच्चा सौदा करना ; अगाऊ सौदा करना ।

запрода́||жа (स्त्री०) अगाऊ सौदा ; कच्चा सौदा ।

запрода́ть दे० запродава́ть.

запроекти́ровать दे० проекти́ровать.

запроки́дывать (अपू०), **запроки́нуть** (पू०) (पीछे) गिराना ; ढुलकाना ; з. го́лову सिर ढुलकाना ; **—ся** (आत्म०) १ पीछे गिरना ; ढुलकना ; २ запроки́дывать का कर्मवाच्य ।

запропасти́||ться (आत्म० पू०) (запропащу́сь, запропасти́шься) खो जाना ; गुम हो जाना ; куда́ —лась моя́ книга́ ? मेरी पुस्तक कहाँ खो गयी ? ; куда́ ты —лся ? तू कहाँ गुम (अथवा गायब) हो गया था ?

запро́с (पु०) १. पूछताछ ; сде́лать з. पूछताछ करना ; २ (मूल्य के बारे मे) : це́ны без —а एक दाम ; **—и́ть** दे० запра́шивать.

за́просто (क्रि० वि०) अनौपचारिक रूप से ।

запро́с||ы (बहु०) रुचियाँ ; आवश्यकताएँ ; культу́рные з. सांस्कृतिक रुचियाँ ।

запротоколи́ровать (पू०) (—рую) दर्ज कर लेना ; з. пре́ния कार्यवाही लिखना ।

запру́да (स्त्री०) (अस्थायी) बाँध ।

запру́живать, (अपू०), **запруди́ть** (पू०) (भवि० запружу́, запру́дишь) (अस्थायी) बाँध लगाना ।

запряга́ть (अपू०), **запря́чь** (पू०) (भवि० запрягу́, запряжешь) (घोड़े, बैल आदि को) जोतना ; (किसी काम पर) लगा देना ; जुटा देना ; **—ся** (आत्म०) १. (काम पर) जुट जाना ; २. запряга́ть का कर्मवाच्य ।

запря́жка (स्त्री०) घोडे या बैल जोतने की क्रिया ।

запря́тывать (अपू०), **запря́тать** (पू०) (भवि० запря́чу, запря́чешь) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ; छिपाया जाना ।

запря́чь दे० запряга́ть.

запу́гивать (अपू०), **запуга́ть** (पू०) डराना ; धमकाना ।

запуска́ть (अपू०), **запусти́ть** (पू०) (भवि० запущу́, запу́стишь) १ जोर से फेकना ; з. ка́мнем в окно́ खिडकी या खिडकी के शीशे पर पत्थर फेकना ; २. (-में) डालना/ठूँसना ; з. ру́ку в карма́н (किसी दूसरे की) जेब मे हाथ डालना ; ३. उपेक्षा करना ; प्रमाद करना ; з. хозя́йство गृहस्थी के काम की उपेक्षा करना ।

запусте́||лый (वि०) १. निर्जन ; जनशून्य ; उजाड ; २. उपेक्षित ; **—ние** (नपु०) उजाडने/निर्जन करने की क्रिया ।

запусти́ть दे० запуска́ть.

запу́танность (स्त्री०) जटिलता ; उलझन ; पेचीदगी ।

запу́танный (वि० और कृदन्त) पेचीदा ; जटिल ; з вопро́с जटिल प्रश्न ।

запу́тывать (अपू०), **запу́тать** (पू०) उलझाना ; गडबड कर देना ; запу́тать де́ло मामला गडबड करना ; **—ся** (आत्म०) १. उलझना ; फँसना ; —ся в долга́х ऋण में डूब जाना ; २. запу́тывать का कर्मवाच्य ।

запу||ха́ть (अपू०), **запу́хнуть** (पू०) सूज जाना ; у него́ запу́хли глаза́ उसकी आँखे सूज गयी ।

запу́щенн||ость (स्त्री०) १. उपेक्षा ; २. निर्जनता ; जनशून्यता ; **—ый** (वि० और कृदन्त) उपेक्षित ; —ая боле́знь उपेक्षित रोग ।

запыла́||ть (पू०) (आग) भभक उठना ; भडक उठना ; вся дере́вня —ла सारे गाँव में आग भड़क उठी ।

запыли́ть (पू०) धूलि-धूसरित करना ।

запыха́ться (आत्म० पू०) हाँफना ; साँस फूलना ।

запя́стье (नपुं०) १ कलाई ; पहुँची २ बाजू-बन्द , चूडी ; पहुँची ।

запята́я (स्त्री०) (वि० रू०) कौमा ; अर्ध-विराम ; (,) चिह्न , то́чка с —ой सेमीकोलन ; (;) चिह्न ।

запятна́ть (पू०) धब्बा लगाना ; मलिन करना ; з. свое и́мя अपने नाम पर धब्बा लगाना ।

зараба́тывать (अपू०), **заработа́ть** (पू०) (जीविका) कमाना ; з. сре́дства к существова́нию जीविका कमाना ; з. мно́го де́нег बहुत धन कमाना ; **—ся** (आत्म०) काम मे अपने आपको भूल जाना ; बहुत देर तक काम करते रहना ; शक्ति से अधिक काम करना ।

заработа́ть(ся) I. दे० зараба́тывать(ся) ; **II.** १ काम करने लगना ; २. (इजन का) चालू हो जाना ।

за́работ||ный (वि०) —ная пла́та मजदूरी , वेतन ; तनख्वाह ; **—ок** (पु०) कमाई ।

зара́внивать (अपू०), **заровня́ть** (पू०) समतल करना ; बराबर करना ; з. я́му गढा भर देना ।

заража́ть (अपू०), **зарази́ть** (पू०) (भवि० заражу́, зарази́шь) सक्रामक रोग फैलाना ; (विष आदि डालकर) दूषित करना ; з. во́ду पानी मे विष डाल देना ; पानी को जहरीला बना देना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) संक्रामक रोग लगा लेना ।

зараже́ние (नपु०) संक्रमण ; छूत का रोग लगना ; з кро́ви रक्त मे विष फैल जाना ।

зара́з (क्रि० वि०) एक ही बार में ; एक बैठक मे ।

зара́з||а (स्त्री०) सक्रमण ; छूत का रोग लगना ; **—и́тельный** (वि०) संक्रामक , **—и́ть** दे० заража́ть.

зара́зн||ый (वि०) संक्रामक ; —ые боле́зни संक्रामक रोग ।

зара́нее (क्रि० वि०) पहले से ही , समय रहते ; з. заду́манный पूर्वचिन्तित ।

зарапортова́ться (आत्म० पू०) (—ту́юсь) (विवरण देते हुए) अनर्गल बाते करना ।

зарости́ (अपू०), **зарасти́** (पू०) (भवि० зарасту́, зарастешь) १. (पौधे, घास आदि का) बहुत बढ जाना ; २. (घाव का) भर जाना ।

зарва́ться दे० зарыва́ться.

зарде́ться (आत्म० पू०) शर्मा जाना ; लज्जारुण होना ; शर्म के मारे कपोलो का लाल हो जाना ।

за́рево (नपुं०) (आकाश की) लाली ; (आग की) चमक ।

зарёз (पुं०) э́то для меня́ з. यह तो मेरा अन्त होगा, इससे तो मेरा खात्मा हो जायेगा ; до —у दे० дозаре́зу.

заре́зать दे० ре́зать

заре́заться (आत्म० पू०) अपना गला काटना ।

зарека́ться (आत्म० अपू०), **заре́чься** (आत्म० पू०) (भवि० зареку́сь, заречешься) त्यागना ; विरत होना ; न करने का वचन देना ; □ от тюрмы́ да от сумы́ не зарека́йся भाग्य का लिखा कौन जानता है !

зарекомендова́ть (आत्म० पू०) (—ду́ю) з себя́ с хоро́шей стороны́ अपने अच्छे गुणो को सामने रखना ; з себя́ хоро́шим рабо́тником अपने आपको अच्छा काम करनेवाला सिद्ध करना ।

заре́ч||ный (वि०) नदी-पार का ; **—ье** (नपुं०) नगर का नदी-पार का भाग ।

заре́чься दे० зарека́ться

заржа́веть (पू०) मोर्चा खा जाना ; जग लगना ।

заржа́ть (पू०) १. हिनहिनाने लगना ; २ ржа́ть का पू० ।

зарисо́вка (स्त्री०) १. रेखाचित्र (स्केच) बनाने की क्रिया ; २. रेखाचित्र ; स्केच ।

зарисо́вывать (अपू०), **зарисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) रेखाचित्र (स्केच) बनाना ।

за́риться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) स्पृहा करना ; लालसा करना ; लालच-भरी आँखों से देखना ।

зарни́ца (स्त्री०) तापज दीप्ति (गर्मी के दिन के अन्त में क्षितिज से बिजली की-सी चमक)।

заровня́ть दे० зара́внивать.

зароди́ть दे० зарожда́ть.

заро́дыш (पु०) भ्रूण; गर्भस्थ शिशु; подави́ть в —е अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

зарожда́ть (अपू०), **зароди́ть** (पू०) (भवि० зарожу́, зароди́шь) जनना; **—ся** (आत्म०) १. उत्पन्न होना; पैदा होना; у него́ зароди́лось сомне́ние उसके मन में सन्देह उत्पन्न हो गया; २ जीना आरम्भ करना।

зарожде́ние (नपुं०) गर्भाधान; उद्भव; उत्पत्ति।

заро́к (पुं०) (कोई कार्य-विशेष न करने का) प्रण; वचन; तौबा; он дал з. не пить उसने शराब न पीने का वचन दिया है अथवा प्रण किया है; उसने शराब पीने से तौबा की है।

зарони́ть (पू०) १. (पीछे) गिरा देना; з. ключ за сундýк सन्दूक के पीछे तालियाँ गिरा देना; २ फेंक देना; з и́скру чингарी फेंक देना; ३. (भावना आदि) जागृत करना।

за́росль (स्त्री०) झाड-झखाड।

зарпла́та = за́работная пла́та दे० за́работный.

зарубá́ть (अपू०), **заруби́ть** (पू०) **I.** दाँते निकालना; कटाव डालना; **II.** कत्ल कर देना; कुल्हाड़े से काटकर मार देना।

зарубе́жный (वि०) विदेश का; सीमा-पार का।

заруби́ть दे० зарубá́ть.

зару́бка (स्त्री०) दाँता; कटाव।

заруга́ть (पू०) गाली देना; झिड़की देना।

зарумя́ниваться (आत्म० अपू०), **зарумя́ниться** (आत्म० पू०) १ लज्जारुण होना; शर्म से गालो पर लाली आ जाना; २. (पककर अथवा भुनकर) लाल हो जाना।

заруча́ться (आत्म० अपू०), **заручи́ться** (आत्म० पू०) (чем) उपलब्ध करना; з. поддéржкой सहायता उपलब्ध करना।

зарыва́ть (अपू०), **зары́ть** (पू०) (भवि० зарóю, зарóешь) (भूमि के भीतर) दबा देना; з. клад खज़ाना दबा देना; **—ся** (आत्म०) १. दब जाना; зары́ться в песóк रेत में दब जाना; २. (अपने आपको या अपना मुँह) ढाँप लेना; (में) घुस जाना; з. в одея́ло रज़ाई में घुस जाना; з. лицóм в подýшку तकिये से मुँह ढाँप लेना; ३. एकान्त में जा बसना; ४. तल्लीन हो जाना; з в кни́ги पुस्तको मे तल्लीन हो जाना।

зарыва́ться (आत्म० अपू०), **зарва́ться** (आत्म० पू०) (अपनी शक्ति, क्षमता, साधनों से बढकर) कोई काम करना।

зарыда́ть (पू०) १. सिसकी भरने लगना; २. рыда́ть का पू०।

зары́ть(ся) दे० зарыва́ть(ся).

зарыча́ть (पू०) १. दहाड़ने लगना, २. рыча́ть का पू०।

зар||я́ (स्त्री०) १ प्रभात; अरुणोदय; पौ फटने का समय; सवेरा; सन्ध्या; सूर्यास्त; на —é सवेरे; अरुणोदय के समय; з. занима́ется पौ फट रही है; २ प्रारम्भ; на —é его́ но́вой жи́зни उसके नवजीवन के प्रारम्भ में; от —и́ до —и́ प्रात काल से सायकाल तक; दिन भर।

заряби́ть दे० ряби́ть.

заря́д (पुं०) १. बारूद; कारतूस; холосто́й з. खाली कारतूस; २ (बिजली आदि) की सप्लाई; आवेश; चार्ज; электри́ческий з. विद्युत्-आवेश; बिजली की सप्लाई/चार्ज।

зарядú́ть -I दे० заряжа́ть.

зарядú||ть -II (पू०) एक ही काम में लगे रहना; जुटे रहना; с утрá —л дождь सुबह से लगातार वर्षा हो रही है।

заря́д||ка (स्त्री०) (कारतूस, बारूद आदि) भरने का काम; (बिजली) चार्ज करने का कार्य; **—ный** (वि०): —ный я́щик बारूद का डिब्बा।

заса́да (स्त्री०) घात।

заса́живать (अपू०), **засади́ть** (पू०) (भवि० засажу́, заса́дишь) १ पौधा लगाना; वृक्षारोपण; २. (-में) धकेल देना; ३ बन्द करना;

бिठाना ; з в тюрьмý क़ैद करना ; जेल में बन्द कर देना/बिठाना ; ४. जुट जाना ; लग जाना ; з. за рабóту काम पर जुट जाना/लग जाना ।

засáливать -I (अपू०), **засáлить** (पू०) मैला करना ।

засáливать -II (अपू०), **засолúть** (पू०) नमक डालना ; अचार डालना ।

засáсывать (अपू०), **засосáть** (पू०) १. चूसना ; २. हड़प कर जाना ; किसीको शिकार बनाना ; गर्क कर देना ; болóто засосáло лошадéй घोड़े दलदल मे गर्क हो गये ।

засветúть (पू०) (засвечý, засветúшь) लैम्प आदि जलाना ; प्रकाश करना ; **—ся** (आत्म०) प्रकाश होना ।

зáсветло (क्रि० वि०) रात्रि होने से पूर्व ।

засвидéтельствовать (पू०) (—ствую) गवाही देना ; प्रमाणित करना ।

засвистáть, засвистéть (पू०) (засвищý, засвúщешь—засвистúшь) १. सीटी बजाने लगना ; २. свистéть का पू० ।

засéв (पुं०) १ बुवाई ; २. बीज ; ३. बुवाई का क्षेत्र ।

засевáть (अपू०), **засеять** (पू०) बीज बोना ।

заседáние (नपुं०) बैठक ; अधिवेशन ; सम्मेलन ।

заседáтель (पुं०) निर्धारक (अंग्रेजी—असेसर) ।

засéивать = засевáть.

засéка (स्त्री०) झाड़बन्ध ; गिराये हुए पेड़ो से बनी आड़ जिसमे वृक्षो की शाखाएँ शत्रु की ओर रखी जाती हैं ।

засекáть (अपू०), **засéчь** (पू०) (भवि० засекý, засечешь) १. बेंत लगाकर मार डालना ; २ (कुल्हाड़े मे काटकर पेड़ आदि पर) निशान लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. नेबर लगना ; (घोड़े का) एक पाँव पर दूसरा पाँव रखकर चोट खाना ; २. засекáть का कर्मवाच्य ।

заселéние (नपु०) बसाने का कार्य ।

заселя́ть (अपू०), **заселúть** (पू०) बसाना ; आबाद करना ।

засéсть (पू०) (засяду, засядешь) १. बैठ जाना ; जुट जाना ; з. за рабóту काम पर बैठ जाना/जुट जाना ; २. धँस जाना ; लगना ; пýля засéла у негó в бокý गोली उसकी पसली में लगी/धँस गयी ; ३. टिककर बैठना ; बस जाना ; з. дóма घर पर ही बैठे रहना ।

засéчка (स्त्री०) (कुल्हाड़े से काटकर पेड़ पर लगाया हुआ) निशान ।

засéчь दे० **засекáть.**

засéять दे० **засевáть.**

засúживать (अपू०), **засидéть** (पू०) (भवि० засижý, засидúшь) मक्खियो आदि का अपने मल से गन्दा कर देना ; (बैठ-बैठकर) धब्बे लगाना ; мýхи засидéли всю картúну मक्खियो ने सारे चित्र को धब्बे लगाकर खराब कर दिया है ; **—ся** (आत्म०) बहुत देर तक बैठे रहना ।

засúлье (नपु०) दमन , दबाव ; अत्याचार ।

засинéть(ся) (आत्म०) नीला दिखायी पड़ना ।

засúнивать (अपू०), **засинúть** (पू०) बहुत नीला करना ।

засия́ть (पू०) १. चमकने लगना ; २. сия́ть का पू० ।

заскакáть (पू०) (заскачý, заскáчешь) कूदने/फुदकने लगना ।

заскáкивать (अपू०), **заскочúть** (पू०) पीछे कूदना ।

заскирдовáть दे० скирдовáть.

заскóк (पुं०) १. (आगे को) झपट ; २. मनोग्रस्ति ; गल्बा ।

заскорýзлый (वि०) १. (परिश्रम के कारण) ठेक/घट्ठे पड़े हुए ; —ая рукá (परिश्रम के कारण) घट्ठे/ठेक पड़े हाथ ; २. क्रूर ; कठोर ।

заскочúть दे० заскáкивать.

заскрежетáть (पू०) १. दाँत पीसने लगना ; २. скрежетáть का पू० ।

заскрипéть दे० скрипéть.

заскучáть (पू०) ऊबने लगना ; उकताने लगना ।

заслáть दे० засылáть.

заследи́ть (पू०) (заслежу́, заследи́шь) (गन्दे पाँवो के निशान लगाकर) मलिन करना/गन्दा करना ।

заслóн (पु०) (सेना०) रक्षा-टुकडी ।

заслони́ть(ся) दे० заслоня́ть(ся).

заслóнка (स्त्री०) अँगीठी/भट्टी का मुँह ।

заслоня́ть (अपू०), **заслони́ть** (पू०) १. आच्छादित करना ; (बीच में आकर) ढँक लेना ; туча́ заслони́ла со́лнце बादल ने सूर्य को आच्छादित कर लिया ; २. रास्ता रोकना ; з. доро́гу सडक रोकना ; ३. (रक्षा करने के लिए किसीको) छिपा लेना ; з. свое́ю гру́дью сы́на अपनी छाती मे अपने बेटे को छिपा लेना ; **—ся** (आत्म०) १. ढँक जाना ; со́лнце заслони́лось ту́чами सूर्य बादलो मे ढँक गया ; २. заслоня́ть का कर्मवाच्य ।

заслу́г||а (स्त्री०) योग्यता , सुपात्रता ; सेवा ; име́ть больши́е —и пе́ред страно́й अपने देश की बहुत सेवाएँ किये हुए होना ।

заслу́женный (वि०) सुपात्र ; योग्य ; सम्मानित; प्रख्यात ; з. де́ятель нау́ки प्रख्यात वैज्ञानिक ; з. де́ятель иску́сства सम्मानित कलाकार ।

заслу́жива||ть (अपू०), **заслужи́ть** (पू०) योग्य होना ; पात्र होना ; सुपात्र होना ; з. дове́рия विश्वस्त होना ; как вы того́ —ете आपको योग्यता के अनुसार ।

заслу́шивать (अपू०), **заслуша́ть** (पू०) सुनना ; з. отчет विवरण सुनना ; **—ся** (आत्म०) प्रसन्नतापूर्वक सुनना ; सुनकर प्रसन्न होना ।

заслы́шать (पू०) सुनना ।

заслю́нивать (अपू०), **заслюни́ть** (पू०) लार टपकाकर गन्दा कर देना ।

засма́тривать (अपू०) झाँकना ; भीतर देखना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **засмотре́ться** (आत्म० पू०) (किसी की ओर देखते-देखते) अपने आपको भूल जाना ।

засмея́ть (पू०) उपहास करना ; **—ся** (आत्म०) हँसने लगना ; हँसना ।

засмотре́ться दे० засма́триваться.

засну́ть दे० засыпа́ть.

заснять (पू०) फोटो खीचना ।

зосо́в (पुं०) (किवाड बन्द करने की) कुडी , अर्गला ; задви́нуть дверь —ом अर्गला से किवाड बन्द करना , कुडी लगाना ।

засо́вывать (अपू०), **засу́нуть** (पू०) (भीतर) डालना ; ठूँसना ; засу́нуть ру́ки в рукава́ हाथ आस्तीन मे डालना ।

засо́л (पु०) १. नमक डालने (लगाने) की क्रिया ; २ अचार ; з огурцо́в खीरो का आचार ; **—и́ть** दे० заса́ливать.

засопе́ть (पू०) (засоплю́, засопи́шь) १. (गहरा साँस लेते हुए) नाक से घरघर का शब्द करना ; २. сопе́ть का पू० ।

засоре́ние (नपु०) अवरोध ; रोक ; з. желу́дка कब्ज़ी ; बदहज़मी ।

засоря́ть (अपू०), **засори́ть** (पू०) १. अवरोध उपस्थित करना ; रुकावट डालना ; (ट्यूब आदि का) रास्ता बन्द करना ; २. कब्ज़ी करना ; बदहज़मी करना ; **—ся** (आत्म०) १. बिखर जाना ; २ रुक जाना ; ३. कब्ज़ी होना ; बदहज़मी होना ; ४. засоря́ть का कर्मवाच्य ।

засоса́ть दे० заса́сывать.

засо́хнуть दे० засыха́ть.

заспа́ть दे० засыпа́ть.

заспа́ться (आत्म० पू०) बहुत सोना ।

заспо́рить (पू०) बहस करने लगना ।

заста́ва (स्त्री०) नगर-द्वार ; (पुलिस या सेना की) चौकी ।

заставáть (अपू०), **заста́ть** (पू०) (वर्त० застаю́, застаешь; भवि० заста́ну, заста́нешь) पाना ; मिलना ; (अचानक) आ दबाना ; आ पकडना ; з. до́ма (किसीको) घर पर पाना/मिलना ।

заставля́ть (अपू०), **заста́вить** (पू०) (भवि० заста́влю, заста́вишь) १. विवश करना; मजबूर करना ; —कराना ; он заста́вил его́ молча́ть उसने उसे चुप कर दिया, उसने उसको चुप हो जाने पर मजबूर कर दिया ; ничто́ не заста́вит

его́ сде́лать э́то वह इसको किसी लालच से नहीं करेगा ; он заста́вил нас себя́ ждать उसने हमे इन्तजार कराया , २. (ढूँसकर) भर देना ; з. всю́ ко́мнату ме́белью फर्नीचर से सारा कमरा भर देना , ३ रुकावट डालना , з. две́рь шка́фом अलमारी रखकर दरवाजे का रास्ता बन्द करना ; ४. गलत जगह पर रखना (जहाँ से ढूँढना कठिन हो) ; з. кни́гу पुस्तक को गलत जगह पर रखना ।

заста́вн||ый (वि०) . —ые бу́квы शीर्षक देने का (बडा) टाइप ।

заста́иваться (आत्म० अपू०), **застоя́ться** (आत्म० पू०) १. बहुत देर तक खड़े रहना ; खडे-खड़े थक जाना ; конь застоя́лся घोडा बहुत देर तक खडा होने के कारण रस्सा तुडा रहा है , २. बासी हो जाना ; вода́ застоя́лась पानी अब ताज़ा नही रहा (अर्थात् बासी हो गया है) ।

застаре́л||ый (वि०) पुराना ; पक्का , —ые привы́чки पुरानी (पक्की) आदते ।

заста́ть दे० заставля́ть.

застёгивать (अपू०), **застегну́ть** (पू०) बटन बन्द करना ; हुक लगाना ; बकसुआ लगाना ; बाँधना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने) बटन बन्द करना ; २. застегивать का कर्मवाच्य ।

застёжка (स्त्री०) बटन/बकसुआ आदि लगाने की क्रिया ।

застекля́ть (स्त्री०) **застекли́ть** (पू०) शीशे लगाना ; застекли́ть шкаф अलमारी (के किवाडो) मे शीशे लगाना ।

засте́нок (पु ०) कालकोठरी ।

засте́нчив||ость (स्त्री०) लज्जालुता , लज्जाशीलता , शर्मीलापन ; **—ый** (वि०) लज्जालु ; लज्जाशील ; शर्मीला ।

заст||ига́ть (अपू०), **засти́гнуть** (पू०) आ पकडना , अचानक आ दबाना ; нас —и́гла гроза́ तूफान ने हमे आ घेरा ।

застила́ть (अपू०), **застла́ть** (पू०) ढाँपना ; बिछाना ; з ковро́м दरी बिछाना ; з. обла-ка́ми बादल छा जाना ।

засти́рывать (अपू०), **застира́ть** (पू०) (धोकर) उतार देना ; धो डालना ; з. пятно́ на пиджаке́ कोट पर से धब्बा धो डालना ।

за́стить (पू०) (защу́, засти́шь) з. кому́-л. свет (किसीके आगे खडा होकर) उजाला रोकना ।

застла́ть दे० застила́ть.

засто́й (वि०) गतिशून्यता ; (कारोबार की) मन्दी ; в торго́вле з. कारोबार मन्दा है ।

засто́льн||ый (वि०) : —ая бесе́да (खाने की मेज़ पर होनेवाली) अनौपचारिक वार्ता ।

застона́ть (पू०) कराहने लगना ।

застоя́ться दे० заста́иваться.

застра́ивать (अपू०), **застро́ить** (पू०) १. निर्माण करना , बनाना ; २ निर्माण-कार्य आरम्भ करना ; बनाने लगना ; **—ся** (आत्म०) (मकानो का) निर्माण होना ; बनाया जाना ।

застрахо́вывать (अपू०), **застрахова́ть** (पू०) बीमा करना ; **—ся** (आत्म०) १ अपना जीवन-बीमा कराना ; २ застрахо́вывать का कर्मवाच्य ।

застра́щивать (अपू०), **застраща́ть** (पू०) भयभीत करना ; डराना ।

застрева́ть (अपू०), **застря́ть** (पू०) धँस जाना , फँस जाना , колесо́ застря́ло в грязи́ पहिया कीचड मे धँस गया है/फँस गया है ; пи́ща застря́ла в го́рле खाना गले मे अटक गया ।

застрели́ть (पू०) गोली का निशाना बनाना ; गोली चलाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) गोली का निशाना बनाना ।

застре́льщик (पु ०) १. अग्रयायी ; नेता ; अगुआ ; २ पहल करनेवाला ।

застро́ить दे० застра́ивать.

застро́йк||а (स्त्री०) निर्माण ; пра́во —ки निर्माणाधिकार ; **—щик** (पु ०) जो अपने खर्चे पर मकान बनाये ।

застрочи́ть (पू०) १. घसीट लिखना , जल्दबाजी में लिखना ; з. письмо́ (घसीट में, या जल्दबाजी में) पत्र लिखना ; २. टाँका लगाना ।

застря́ть दे० застрева́ть.

застуди́ть दे० засту́живать ; **—ся** (आत्म०) ठड खाना ।

засту́живать (अपू०), **застуди́ть** (पू०) (भवि० застужу́, засту́дишь) ठड लगना (जिससे किसी रुग्ण अग का कष्ट बढ जाये) ; з. го́рло गले में ठड लगना ।

за́ступ (पु०) कुदाल ।

заступа́ться (आत्म० अपू०), **заступи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० заступлю́сь, засту́пишься) (किसीकी ओर से) बीच में पडना ; (की) पैरवी करना ; पक्ष लेना ; हिमायत करना ।

засту́п||ник (पु०) १ मध्यस्थ ; बीच में पडनेवाला, पक्ष लेनेवाला ; २. सरक्षक ; **—ница** (स्त्री०) सरक्षिका ; **—ничество** (नपु ०) सरक्षकता ।

застуча́ть (पू०) १. खटखटाने लगना ; २. стуча́ть का पू० ।

застыва́ть (अपू०), **засты́нуть, засты́ть** (पू०) (भवि० засты́ну, засты́нешь) १. (ठडा होकर) गाढा हो जाना ; सख्त हो जाना ; जम जाना , २. (ठंड के कारण) अकड़ जाना ।

застуди́ть (पू०) (застыжу́, застуди́шь) शर्मिन्दा करना ; **—ся** (आत्म०) शर्माना ; लजाना ; सिटपिटाना ।

засты́нуть, засты́ть दे० застыва́ть.

засуди́ть (पू०) (засужу́, засу́дишь) कठोर दड देना ।

засу́нуть दे० засо́вывать

за́суха (स्त्री०) अनावृष्टि ; खुश्की ।

засу́чивать (अपू०), **засучи́ть** (पू०) (कमीज़ की आस्तीन) ऊपर चढाना ; लपेटना ।

засу́шивать (अपू०), **засуши́ть** (पू०) सुखाना ; खुश्क करना ।

засу́шлив||ый (वि०) खुश्क ; —ая зо́на खुश्क इलाक़ा / प्रदेश ।

засчи́тывать (अपू०), **засчита́ть** (पू०) (-में) गिन लेना ; प्रविष्ट कर लेना ; हिसाब में ले लेना ।

засыла́ть (अप०), **засла́ть** (पू०) (भवि० зашлю́, зашлешь) (गलत पते पर) कही दूर भेजना ; паке́т по оши́бке засла́ли в Сиби́рь पैकेट गलती से साइबेरिया भेज दिया गया ; з в далекие края́ बहुत दूर देश मे निर्वासित कर देना ।

засыпа́ть -I (अपू०), **заспа́ть** (पू०) з. младе́нца नीद मे बच्चे को नीचे दबा लेना ।

засыпа́ть -II (अपू०), **засну́ть** (पू०) सो जाना ।

засыпа́ть -III (अपू०), **засы́пать** (पू०) (भवि० засы́плю, засы́плешь) १. (गढा) भर देना , २. ढँक देना ; दबा देना ; ऊपर बिखेर देना ; доро́жка засы́пана ли́стьями रास्ता पत्तो से ढँका हुआ है ; □ з. кого́-л вопро́сами (किसी पर) प्रश्नो की बौछार करना, प्रश्न पर प्रश्न करना ; з. кого́-л. пода́рками (किसीको) उपहारो से लाद देना ; **—ся** (आत्म०) (в) १. भीतर चले जाना ; песо́к засы́пался ему́ в башмаки́ उसके बूटो के भीतर रेत चला गया ; २. ढँक जाना ; (नीचे) दब जाना ; ३. रँगे हाथो पकड़ा जाना ; (परीक्षा मे) असफल हो जाना ।

засыха́ть (अपू०), **засо́хнуть** (पू०) सूख जाना ; मुरझा जाना ।

зата́ивать (अपू०), **зата́ить** (पू०) दिल मे रखना ; затайть дыха́ние साँस रोकना ; затайть оби́ду दिल मे अदावत रखना ।

затанцова́ть (पू०) (—цу́ю) नाचने लगना ।

зата́пливать (अपू०), **затопи́ть** (पू०) (भवि० затоплю́, зато́пишь) (भट्टी या अँगीठी मे) आग जलाना ; तपाना ।

зата́птывать (अपू०), **затопта́ть** (पू०) (भवि० затопчу́, зато́пчешь) पावो से रौंदकर मैला करना ; रौदना ; कुचलना ।

зата́скивать -I (अपू०), **затаска́ть** (पू०) (पहनकर) घिस देना ; з. пальто́ ओवरकोट पहनते-पहनते घिस देना ।

зата́скивать -II (अपू०), **затащи́ть** (पू०) घसीट ले जाना ; (किसी वस्तु को) गलत जगह छोड़ देना ।

зата́чивать (अपू०), **заточи́ть** (पू०) पैना करना ; तेज करना ; धार बाँधना ।

затащи́ть दे० затáскивать-II.

затверд||ева́ть (अपू०), **затверде́ть** (पू०) कडा हो जाना ; सख्त हो जाना ; **—е́лость** (स्त्री०) = затверде́ние , **—е́лый** (वि०) सख्त ; **—е́ние** (नपुं०) (चिकि०) शरीर का अकड जाना ।

затверди́ть (पू०) (затержу́, затверди́шь) १. कठस्थ करना ; (पाठ) पक्का करना ; रट्टा लगाना , २. з. одно́ и то́ же एक ही बात की रट लगाना ।

затво́р (पुं०) १. (बन्दूक आदि का) घोडा ; (दरवाजे की) कुडी या साँकल ; जल-द्वार ; (कैमरे का) शटर ; २. (एकान्तवास के लिए) गुफा ; **—ник** (पु०), **—ница** (स्त्री०) तपस्वी ; एकान्तवासी ; सन्यासी ; **—нический** (वि०) एकान्त ; —нический о́браз жи́зни एकान्त जीवन ; सन्यास का जीवन ।

затворя́ть (अपू०), **затвори́ть** (पू०) (द्वार आदि) बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. (द्वार आदि) बन्द होना , २. (अपने आपको) ताले मे बन्द कर लेना , एकान्तवास करना ; ३. затворя́ть का कर्मवाच्य ।

затева́ть (अपू०), **зате́ять** (पू०) १. किसी काम को साहस से हाथ मे लेना ; आरम्भ करना , सूझना ; ста́рый холостя́к зате́ял жени́ться वूढ़े कुवाँरे को विवाह की सूझी ; २. सगठन करना , (झगड़ा आदि) खड़ा करना , зате́ять и́гры खेलो का सगठन करना ; зате́ять дра́ку लडाई-झगड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) आरम्भ किया जाना/होना ; зате́ялось де́ло काम शुरू हो गया/कारोबार शुरू हो गया ।

зате́й||ливый (वि०) १. जटिल ; २. चतुर ; निपुण ; ३. कल्पनात्मक ; मनोरजक ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) विदूषक; मसखरा ; पेशेवर मसखरा , मनोरजन करनेवाला ।

затека́ть (अपू०), **зате́чь** (पू०) (भवि० затеку́, затечешь) (в) १. (-में) बह आना/चू जाना ; (за) (पीछे) चूना ; २. सुन्न हो जाना ; у него́ затекли́ но́ги उसकी टाँगें सुन्न हो गयी ।

зате́м (क्रि० वि०) १. फिर ; तब , उसके पश्चात् ; २ ताकि ; (-के) कारण ; з что क्योकि ।

затемне́ние (नपुं०) १. अँधेरा होना ; २. (सूर्य/चन्द्र) ग्रहण ।

затемни́ть दे० затемня́ть.

за́темно (क्रि० वि०) मुँह-अँधेरे , पौ फटने से पहले ।

затемня́ть (अपू०), **затемни́ть** (पू०) अँधेरा करना ।

затеня́ть (अपू०), **затени́ть** (पू०) छाया करना ।

зате́плить (पू०) (दीपक, मोमबत्ती आदि) जलाना ; **—ся** (आत्म०) जगमगाने लगना ।

затере́ть दे० затира́ть.

затеря́ть (पू०) खोना , गलत जगह रखना ; रखकर भूल जाना ; **—ся** (आत्म०) खो जाना ; गलत जगह रखा जाना ; भुला दिया जाना ।

затёсывать (अपू०), **затеса́ть** (पू०) (थोडा-सा) तराशना , तराशकर तेज़ करना ।

зате́чь दे० затека́ть.

зате́я (स्त्री०) १. उद्यम ; साहस का काम ; २. ठिठोली ; मनोरजन ।

зате́ять दे० затева́ть

затира́ть (अपू०), **затере́ть** (पू०) (भवि० затру́, затрешь) १. मिटा देना , पोत डालना ; з. на́дпись на стене́ दीवार पर लिखा हुआ मिटा देना ; з. кра́ской рису́нок चित्र पर रग पोत देना ; २. जाम कर देना ; (किसीको) कोई अवसर न देना ; ३ मैला करना ; गन्दा करना ।

зати́скивать -I (अपू०), **зати́снуть** (पू०) भीचना ।

зати́скивать -II (अपू०), **зати́скать** (पू०) ज़ोर से आलिगन करना/प्यार करना ;

затиха́ть (अपू०), **зати́хнуть** (पू०) शान्त होना ; (ध्वनि/शब्द का) धीमा पड जाना ; नि:शब्द हो जाना ।

зати́шье (नपुं०) नि:शब्दता ; (कारोबार का) मन्दा होना ; (तूफान से पहले या बाद की) शान्ति ।

заткáть (पू०) बुनने लगना।

заткнýть दे० затыкáть.

затмевáть (अपू०), **затмúть** (पू०) (भवि० затмлю́, затми́шь) आच्छादित करना; ढाप लेना; अँधेरा करना; (सूर्य/चन्द्रमा को) ग्रहण लगना, тýчи затми́ли нéбо मेघों ने आकाश को आच्छादित कर लिया/मेघ आकाश पर छा गये, затмúть чью-л. слáву किसीकी कीर्ति को ग्रहण लगाना।

затм||éние (नपु०) ग्रहण; з. сóлнца सूर्यग्रहण; лýнное з. चन्द्रग्रहण; **—úть** दे० затмевáть

зато́ (अ०) (-को) बजाय; (-के) स्थान पर; उसके लिए।

затовáривать (अपू०), **затовáрить** (पू०) з. рынóк (बाजार को) माल से पाट देना।

затолкáть (पू०) झटका देना।

зато́н (पु०) १. प्रतीप जल (नदी या सागर से एक ओर को बहकर आया हुआ बन्द पानी); २. मछलियाँ पकड़ने की जगह (तालाब या बन्द पानी)।

затонýть (पू०) डूब जाना; गर्क हो जाना।

затопúть -I दे० затáплливать

затопúть -II दे० затоплять.

затоплять (अपू०), **затопúть** (पू०) (भवि० затоплю́, зато́пишь) आप्लावित करना; डुबो देना।

затоптáть दे० затáптывать.

зато́р (पु०) **I.** अवरोध; रुकावट; з. у́личного движéния सडक के यातायात की रुकावट; **II** (बीयर के कारखाने में जौ इत्यादि का) मलीदा।

затормозúть (पू०) (заторможу́, затормозúшь) ब्रेक लगाना।

затороплúться (आत्म० पू०) (затороплю́сь, заторо́пишься) भागदौड़ करने लगना।

затосковáть (पू०) (—кýю) १. झूरने लगना, विरह में तडपने लगना, २. тосковáть का पू०।

заточ||áть (अपू०), **заточúть** (पू०) कैद करना; (मठ में) एकान्तवास कराना; —úть в тюрьмý कैद करना; **—éние** (नपु०) कैद; (मठ में) एकान्तवास; он живет в —éнии वह एकान्त जीवन (अर्थात् संन्यासी का जीवन) व्यतीत करता है; **—úть** दे० затáчивать और заточáть.

затошни́ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ затошни́ло उसे उलटी आ गयी।

затравúть (पू०) (затравлю́, затравúшь) १ (कुत्तों की सहायता से) पकड़ना या मारना; з. зáйца खरगोश मारना, २ सन्ताप देना; यातना देना।

затрáгивать (अपू०), **затрóнуть** (पू०) प्रभावित करना; у нéе затрóнуты лёгкие उसके फेफड़ों पर रोग का असर है; □ з. вопрóс प्रश्न पर विचार आरम्भ करना; з чьё-л. самолю́бие किसी के अहं को ठेस पहुँचाना।

затрапéзный (वि०) काम के समय पहना जानेवाला (कपडा)।

затрáта (स्त्री०) खर्च; व्यय; напрáсная з. अपव्यय।

затрáчивать (अपू०), **затрáтить** (पू०) (भवि० затрáчу, затрáтишь) खर्च करना।

затрéбовать (पू०) (—бую) माँगना, з. нýжную бумáгу जरूरी कागज माँगना।

затрепáть (पू०) (затреплю́, затрéплешь) (बहुत देर तक पहनकर) घिस देना; फाड़ डालना।

затрепетáть (पू०) (затрепещу́, затрепéщешь) १. धड़कने या काँपने लगना; २. трепетáть का पू०।

затрещáть (पू०) १ तड़कने लगना, फटने लगना; २ трещáть का पू०।

затрéщ||ина (स्त्री०) (जोर का) तमाचा; дать кому́-л. —ину किसीके तमाचा मारना।

затрóнуть दे० затрáгивать.

затрудн||éние (नपु०) कष्ट, परेशानी; मुसीबत; कठिनाई; попáсть в з. कष्ट में पडना, मुसीबत में फँसना; дéнежное з. आर्थिक कठिनाई; **—úтельный** (वि०) कठिन; कष्टप्रद; परेशान करनेवाला; —úтельное положéние कठिन स्थिति।

затрудня́ть (अपू०), **затрудни́ть** (पू०) १ बाधा डालना ; विघ्न उपस्थित करना , कठिन बनाना ; затрудни́ть до́ступ куда́-л. कहीं पहुँचने मे बाधा डालना ; २ कष्ट देना ; परेशान करना , э́то вас не затрудни́т ? इससे आपको कोई कष्ट तो नही ? ; **—ся** (आत्म०) कष्ट उठाना ; परेशानी उठाना , —ся в разгово́ре कठिनाई से बोलना ।

затрясти́ (पू०) (затрясу́, затрясешь) १. हिलाने लगना , २ трясти́ का पू० ; **—сь** (आत्म० पू०) १ हिलने लगना ; २ трясти́сь का पू० ।

затума́нивать (अपू०), **затума́нить** (पू०) १. धुँधला करना ; २ छिपाना , **—ся** (आत्म०) धुँधला होना ; धुन्ध या बादलो का छा जाना ; его́ глаза́ затума́нились слеза́ми आँसुओ के कारण उसकी दृष्टि धुँधला गयी ।

затупля́ть (अपू०), **затупи́ть** (पू०) (भवि० затуплю́, зату́пишь) बिल्कुल कुठित करना ; धारहीन करना ; **—ся** (आत्म०) बिल्कुल कुंठित होना ; धारहीन होना ।

затуха́ть (अपू०), **зату́хнуть** (पू०) धीरे-धीरे बुझना ; (शब्द का) सुनायी पडना धीरे-धीरे बन्द हो जाना ।

затушёвывать (अपू०), **затушева́ть** (पू०) (भवि०—шу́ю) (हल्का-हल्का) काला रग भरना ।

затуши́ть (पू०) १ बुझाना ; २. दमन करना ।

за́тхл||ость (स्त्री०) सडाँध ; **—ый** (वि०) सड़ा हुआ , दुर्गन्धित , па́хнуть —ым दुर्गन्ध आना ।

затыка́ть (अपू०), **заткну́ть** (पू०) १. छेद बन्द करना ; डाट लगाना ; заткну́ть буты́лку про́бкой बोतल मे डाट लगाना ; заткну́ть рот मुँह बन्द करना ; заткну́ть у́ши कान बन्द करना ; २. धकेलना ; □ заткну́ть кого́-л. за по́яс किसीसे आगे बढ़ जाना, किसीको पीछे छोड़ जाना ।

заты́лок (पुं०) गुद्दी ; □ станови́ться в з (एक-दूसरे के पीछे) पक्ति में खड़ा होना ।

заты́льник (पु०) (मशीनगन की) पिछली प्लेट ।

заты́чка (स्त्री०) १ डाट ; २ रिक्तिपूरक ; ३ कार्यवाहक ; (किसीकी अनुपस्थिति मे) काम चलानेवाला व्यक्ति ।

затя́гивать (अपू०), **затяну́ть** (पू०) १. (खीचकर) कसना ; з. у́зел कसकर गाँठ बाँधना ; з ремни чемода́на सूटकेस के तस्मे कसना ; २ घसीट लेना ; в о́бщество э́то затяну́ли его́ два прия́теля इस समाज में उसको दो मित्रो ने घसीट लिया ; ३ (घाव) भरना ; ра́ну затяну́ло घाव भर गया है ; ४. (भीतर को) खींच लेना ; его́ затяну́ло в боло́то वह दलदल में धँस गया ; ५ विलम्ब कर देना ; **—ся** (आत्म०) १ (गाँठ आदि का) कसा जाना ; २. (आकाश पर बादल) छा जाना ; ३ (घाव) भरना ; ४ विलम्ब होना ; घिसटते रहना ; अधिक देर तक चलते रहना ; де́ло затяну́лось на два го́да मामला दो वर्ष तक घिसटता रहा ; собра́ние затяну́лось до 12 часо́в बैठक बारह बजे तक चलती रही ; ५ (तम्बाकू या सिगरेट का) कश लगाना ।

затя́жка (स्त्री०) १ (तम्बाकू, सिगरेट का) कश लगाने की क्रिया , २ विलम्बन ।

затяну́ть दे० затя́гивать

зау́мн||ый (वि०) गूढ , दुर्बोध ; कठिन ; з. язы́к कठिन भाषा ; —ая поэ́зия गूढ़ कविता ।

зауны́в||ный (वि०) शोकपूर्ण ; दुखी ; विषाद-पूर्ण , —ная пе́сня विषाद-गीत ।

заупоко́йн||ый (वि०) —ая слу́жба मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना (सस्कार) ।

заупря́миться दे० упря́миться.

заура́льский (वि०) यूराल-पार का ।

зауря́дный (वि०) सामान्य ; साधारण प्रतिभा का ; з. челове́к साधारण प्रतिभा का व्यक्ति ।

зау́треня (स्त्री०) (गिरजाघर मे) प्रभात-प्रार्थना ।

зау́чивать (अपू०), **заучи́ть** (पू०) कंठस्थ करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत अध्ययन करना ।

зау́шница (स्त्री०) (चिकि०) कनवर ; कनफेड़ ।

зафикси́ровать दे० фикси́ровать.

захáжив||ать (अपू०) (किसीके यहाँ) बार-बार जाना ; ранéше он к нам —ал पहले वह हमारे यहाँ अक्सर आया करता था ।

захандри́ть दे० хандри́ть.

захáять (पू०) अपयश फैलाना ; बदनाम करना ।

захва́ливать (अपू०), **захвали́ть** (पू०) अति प्रशंसा करना ।

захва́т (पु०) १. अपहरण ; २. पकड ।

захва́тный : १. захвата́ть से कृदन्त ; २. (वि०) (प्रयोग द्वारा) मलिन किया हुआ ; अँगूठे के निशानों से गन्दा किया हुआ ।

захвата́ть, захвати́ть दे० захва́тывать, I, II

захва́тническ||ий (वि०) लूटमार का ; —ая война́ लूटमार के लिए की गयी लड़ाई ।

захва́тч||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) अपहर्ता/अपहर्त्री ।

захва́тывать -I (अपू०), **захвата́ть** (पू०) (हाथों से छूकर) मलिन करना ।

захва́т||ывать -II (अपू०), **захвати́ть** (पू०) (भवि० захвачу́, захва́тишь) १. (अपने साथ) ले जाना , он —и́л с собо́й де́ньги वह अपने साथ धन ले गया ; २ छीनना ; अधिकार जमाना ; कब्जा करना , —и́ть власть सत्ता छीनना ; —и́ть в плен बन्दी बनाना ; ३. आ दबाना ; по доро́ге его́ —и́л дождь रास्ते में उसको वर्षा ने आ दबाया ; ४. पुलकित करना ; му́зыка его́ —и́ла संगीत ने उसे पुलकित कर दिया ।

захвора́ть (पू०) बीमार होना ।

захире́ть दे० хире́ть.

захихи́кать दे० хихи́кать.

захлёбыва||ться (आत्म० अपू०), **захлебну́ться** (आत्म० पू०) उच्छ्वास आना ; गला रुँधना ; □ говори́ть —ясь एक साँस में बोलना ।

захлёстывать -I (अपू०), **захлеста́ть** (पू०) १ चाबुक से मारना ; з. ло́шадь घोड़े को चाबुक से मारना ; २ (केवल पू०) चाबुक से मारने लगना ; (वर्षा की बूँदों का) टपाटप बजना ; захлеста́л дождь वर्षा की बूँदें टपाटप गिरने लगीं ।

захлёстывать (अपू०), **захлестну́ть** (पू०) १. (रस्सी आदि से) बाँधना ; कसना ; з. верёвку रस्सी बाँधना , २ (लहरों का) ऊपर से गुजर जाना ; волно́й захлестну́ло ло́дку लहरें नाव पर से गुजर गयीं , ३ वेग से फेंकना ; ветром захлестну́ло занаве́ску हवा ने पर्दे को जोर से जंगले पर फेंक दिया ।

захло́пать (पू०) १ ताली बजाने लगना ; з. в ладо́ши ताली बजाने लगना ; २. хло́пать का पू० ।

захло́пнуться (आत्म० पू०) दे० захло́пывать(ся).

захлопота́ться (आत्म० पू०) भागदौड करते-करते तंग आ जाना या थक जाना ।

захло́пывать (अपू०), **захло́пнуть** (पू०) किवाड 'खट' से बन्द करना , **—ся** (आत्म०) (किवाड) 'खट' से बन्द होना ; дверь захло́пнулась किवाड 'खट' से बन्द हो गये ।

захо́д (पु०) सूर्यास्त ; (रास्ते मे किसी स्थान पर) पडाव ; без —а अविराम, बिना कहीं ठहरे ।

заходи́ть (अपू०), **зайти́** (पू०) (वर्त० захожу́, захо́дишь ; भवि० зайду́, зайдёшь) १. (रास्ते में) किसी स्थान पर ठहरना, किसीके यहाँ होते जाना ; он зайдёт за тобо́й वह तुझे लेने आयेगा ; २ पहुँच जाना ; куда́ мы зашли́ ? हम कहाँ आ निकले ? ; он зашёл в незнако́мую часть го́рода वह शहर के एक अनजाने भाग मे आ निकला ; ३. (पीछे) जाना ; मुडना ; з. за́ угол मोड पर से मुडना ; ४. (सूर्य का) अस्त होना ; छिपना ; डूबना ; ५. हवाई जहाज का लक्ष्य के समीप पहुँचना ; □ з слишко́м далеко́ बहुत दूर चले जाना ; разгово́р зашёл о поли́тике बातचीत राजनीति पर होने लगी ।

заходя́щ||ий заходи́ть से कृदन्त ; —ее со́лнце अस्तमान (डूबता हुआ) सूर्य ।

захолу́стный (वि०) (सास्कृतिक केन्द्रो से) दूर का ; ग्रामीण ।

захоте́ть दे० **хоте́ть.**

захохота́ть (पू०) (захохочу́, захохо́чешь) १ अट्टहास करना ; ठहाका मारना ; २ хохота́ть का पू० ।

захрапе́ть (पू०) (захраплю́, захрапи́шь) १ खर्राटे भरने लगना ; २. храпе́ть का पू० ।

захрипе́ть दे० хрипе́ть.

захрома́ть (पू०) लँगडाने लगना ।

захуда́лый (वि०) १. क्षीणकाय; २. नगण्य , ३. दीन ।

зацвета́ть (अपू०), **зацвести́** (पू०) (भवि० зацвету́, зацветешь) (फूलो का) खिलने लगना ।

зацелова́ть (पू०) (—лу́ю) चुम्बन करना , चुम्बनो की बौछार करना ; चूम-चूमकर तग कर देना ।

зацепи́ть दे० зацепля́ть.

заце́пка (स्त्री०) १. कुडी ; हुक ; काँटा ; कील ; २ =заря́чка ; ३ बाधा ; रुकावट ।

зацепля́ть (अपू०), **зацепи́ть** (पू०) (भवि० зацеплю, зацепишь) १. काँटा फँसाना , हुक फँसाना ; २. झगडा मोल लेना ; **—ся** (आत्म०) काँटे/हुक का फँस जाना ; (-से) बँध जाना , (केवल पू०) (सेना०) पाँव जमाना ।

зачаро́вывать (अपू०), **зачарова́ть** (पू०) (भवि०—ру́ю) जादू करना ; मोहित करना ; मुग्ध करना ।

зачаст||и́ть (पू०) (зачащу́, зачасти́шь) (कोई काम) बार-बार करना ; (किसी स्थान) पर) बार-बार आना ; □ дождь —и́л वर्षा का जोर बढता गया ।

зачасту́ю (क्रि० वि०) प्राय: ; बार-बार ।

зача́тие (नपु०) गर्भधारण

зача́ток (पु०) १. गर्भ ; २. प्रारम्भ ; अकुर ।

зача́ть दे० зачина́ть

зача́хнуть दे० ча́хнуть.

заче́м (क्रि० वि०) क्यों ; किसलिए ।

зачёркивать (अपू०), **зачеркну́ть** (पू०) काटा लगाना ; (सूची आदि मे से) काट देना ।

зачерне́ть(ся) (आत्म० पू०) काला-काला दिखायी पडना ।

зачёрпывать (अपू०), **зачерпну́ть** (पू०) (चम्मच, कलछी आदि से) बाहर निकालना ।

зачерстве́л||ость (स्त्री०) १ बासीपन ; २. कडापन ; कठोरता ; **—ый** (वि०) १. बासी ; २. कडा ; कठोर ।

зачерстве́||ть (पू०) १. (बासी होकर) सख्त हो जाना ; कडा होना ; कठोर होना , хлеб —л रोटी (बासी होकर) सख्त हो गयी ; се́рдце —ло हृदय कठोर हो गया ।

зачёс (पु०) बालो की माँग ।

зачеса́ть दे० зачёсывать.

зачеса́||ться (आत्म० पू०) १. (सिर आदि) खुजलाने लगना , २. खारिश होना ; खुजली होना ; у него́ —лся нос उसकी नाक पर खारिश होने लगी ।

зачёсть (पू०) दे० зачи́тывать-II.

зачёсывать (अपू०), **зачеса́ть** (पू०) (भवि० зачешу́, зачёшешь) (बालो मे) कंघी करना , माँग निकालना ।

зачёт (पु०) (उच्च विद्यालय मे) परीक्षा ; получи́ть з , сдать з. परीक्षा पास करना ; □ в з. пла́ты आशिक भुगतान ; **—ный** (वि०) зачет से वि० ; —ная кни́жка परीक्षाक-पजिका ; —ная се́ссия परीक्षा ।

зачи́н (पु०) प्रारम्भ ; з пье́сы नाटक का प्रारम्भ ।

зачина́ть (अपू०), **зача́ть** (पू०) (भवि० зачну́, зачнешь) १. (स्त्री का) गर्भ धारण करना ; २. प्रारम्भ करना ।

зачи́нивать (अपू०), **зачини́ть** (पू०) मरम्मत करना ।

зачи́нщик (पु०) उकसानेवाला ; भडकानेवाला ।

зачисле́ние (नपु०) भरती ; गिनती में होना ; з. в а́рмию सेना मे भरती होना ।

зачисля́ть (अपू०), **зачи́слить** (पू०) १. हिसाब में गिन लेना ; २ सूची मे दर्ज करना ; ३ भरती करना ।

зачита́ть दे० зачи́тывать-I.

зачи́тывать -I (अपू०), **зачита́ть** (पू०) १ पढ देना ; २. पढने के लिए ली हुई पुस्तक वापस न करना ; **—ся** (आत्म०) पढने में लीन होना ।

зачи́тывать -II (अपू०), **зачесть** (पू०) (भवि० зачту́, зачтешь) १. (हिसाब में) गिन लेना ; हिसाब मे ले लेना ; з. 5 рубле́й в упла́ту до́лга पाँच रूबल कर्ज की अदायगी के हिसाब मे गिन लेना ; преподава́тель зачел мою́ рабо́ту अध्यापक ने मेरा (परीक्षा का) पर्चा स्वीकार कर लिया है ।

зачиха́ть (अपू०) छीकने लगना ।

зачумлённый (वि०) प्लेग का रोगी ।

зашага́ть (पू०) चलने लगना ; कदम उठाना ; (दे० шага́ть)

зашата́ться (आत्म० पू०) लडखडाने लगना ।

зашвы́ривать (अपू०), **зашвырну́ть** (पू०) फेक देना , ३ мяч गेद फेक देना ।

зашевели́ть (पू०) १. हिलने/डोलने लगना ; २ шевели́ть का पू० ।

зашелесте́ть (पू०) (पत्तो आदि का) खडखडाने लगना ; २ шелесте́ть का पू० ।

зашепеля́вить (पू०) १ तुतलाने लगना ; २ шепеля́вить का पू० ।

зашепта́ть (पू०) १. कानाफूसी करने लगना ; २ шепта́ть का पू० ।

зашиба́ть (अपू०), **зашиби́ть** (पू०) १. चोट मारना/पहुँचाना , आघात करना ; २. (केवल अपू०) नशा चढना ; его́ заши́бло с одно́го стака́на एक गिलास पीने से ही उस पर नशा चढ गया ; □ з де́ньги बहुत धन कमाना, पैसा बनाना ।

зашива́ть (अपू०), **заши́ть** (पू०) (भवि० зашью́, зашьешь) सी देना ; (सीकर) मरम्मत करना ।

зашифро́вывать (अपू०), **зашифрова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) बीजांकन ; गुप्त भाषा में लिखना ।

зашнурО́вывать (अपू०), **зашнурова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) रस्सी बाँधना ।

зашпи́ливать (अपू०), **зашпи́лить** (पू०) पिन से जोडना ; पिन लगाना ।

заштемпелева́ть दे० штемпелева́ть.

заштО́пать दे० штО́пать.

заштрихова́ть दे० штрихова́ть.

заштукату́рить (पू०) (दीवार आदि पर) पलस्तर करना ।

зашуме́ть (पू०) (зашумлю́ зашуми́шь) १ शोर मचाने लगना ; २ шуме́ть का पू० ।

зашурша́ть दे० шурша́ть

зашушу́каться दे० шушу́каться.

защекота́ть (पू०) (защекочу́, защеко́чешь) १. गुदगुदी करने लगना ; २. щекота́ть का पू० ।

защёлка (स्त्री०) खटका ; चिटखनी ।

защёлкать (पू०) (कोयल का) कूकने लगना ; (जीभ आदि से) 'टच्' की आवाज़ करने लगना ; टिटकारना ; चुटकी बजाना ।

защёлкивать (अपू०), **защёлкнуть** (पू०) किवाडो को 'खट' से चिटखनी लगाकर बन्द करना ।

защем||ля́ть (अपू०), **защеми́ть** (पू०) (भवि० защемлю́, защеми́шь) (सँडासी, चिमटे आदि से दबाकर) भीचना ; चिकोटी काटना , (किवाडो मे उँगली आदि) पिचना , (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ —и́ло се́рдце उसके दिल में टीस उठी ।

защи́т||а (स्त्री०) रक्षा ; सरक्षण ; प्रतिवादी-पक्ष ; सफाई-पक्ष ; свиде́тели —ы प्रतिवादी-पक्ष के गवाह, सफाई-पक्ष के गवाह ; в —у सफाई-पक्ष में ।

защи́тн||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) रक्षक ; बचानेवाला ; प्रतिवादी-पक्ष ; (सफाई पक्ष का) वकील ; (फुटबाल, हाकी का) फुलबैक ; **—ый** (वि०) रक्षक-; बचाव का ; —ый цвет खाकी रंग ।

защища́ть (अपू०), **защити́ть** (पू०) (भवि० защищу́, защити́шь) १. रक्षा करना ;

बचाव करना ; २. पक्ष मे बोलना , पैरवी करना ; **—ся** (आत्म०) अपना बचाव करना ; अपनी रक्षा करना ।

зая́вка (स्त्री०) हक ; दावा ; माँग ।

заявле́ние (नपुं०) १. घोषणा; वक्तव्य; сде́лать з. घोषणा करना ; वक्तव्य देना ; २. आवेदन-पत्र ; प्रार्थना-पत्र ; अर्जी ; пода́ть з. प्रार्थना-पत्र पेश करना/देना ।

заявля́ть (अपू०), **заяви́ть** (पू०) (भवि० заявлю, заявишь) घोषणा करना ; वक्तव्य देना ; з. жела́ние इच्छा की घोषणा करना ।

зая́длый (वि०) पक्का ; з. игро́к पक्का खिलाड़ी ।

за́я||ц (पुं०) खरगोश ; □ е́хать за́йцем बेटिकट यात्रा करना ; одни́м уда́ром уби́ть двух за́йцев एक पन्थ दो काज ; **—чий** (वि०) खरगोश का ।

зва́ние (नपुं०) नाम ; दर्जा ; पद ; पदवी ; उपाधि ; почетное з. सम्मानार्थ उपाधि ; з. геро́я труда́ श्रमवीर की पदवी ।

зва́ный (वि०) : з. обед दावत ; भोज ; —ые го́сти निमन्त्रित अतिथि ; з. ве́чер सान्ध्य भोज ।

зва́тельный (वि०) з. паде́ж (व्या०) सम्बोधन कारक ।

зва́ть (अपू०), **по—, на—** (पू०) (वर्त० зову́, зовешь) १. बुलाना ; з. на по́мощь सहायता के लिए बुलाना ; २. मित्रता करना ; ३. (केवल अपू०) как вас зову́т ? आपका नाम क्या है ? ।

звезд||а́ (स्त्री०) तारा ; सितारा ; па́дающая з. उल्का, टूटकर गिरनेवाला तारा ; з экра́на फिल्मी सितारा ; ве́рить в свою́ —у́ अपने भाग्य पर विश्वास करना ; он звезд с не́ба не хвата́ет वह आकाश के तारे नही तोड़ सकता ।

звёздн||ый (वि०) ताराजटित ; तारोवाला ; —ое не́бо ताराजटित आकाश ।

звездообра́зный (वि०) तारे के सदृश ; तारे के आकार का ।

звездочёт (पुं०) ज्योतिषी ।

звёздочка (स्त्री०) १. звезда́ का अल्प० ; २. तारे का चिह्न (*) ।

звен||е́ть (अपू०), **про—, за—** (पू०) १. (घंटी आदि का) बजना ; झनझन करना ; ко́локольчики звена́т घंटियाँ बज रही हैं, घूँघरू बज रहे हैं ; २. (गिलास, सिक्को आदि के टकराने से) झनझन का शब्द होना ; ठनकना ; □ у него́ —и́т в уша́х उसके कान बज रहे हैं, उसके कानो में सायँ-सायँ का शब्द होता है ।

звено́ (नपुं०) १. (ज़ंजीर की) कडी ; २. टोली ; मंडली ; त्रिक (तीन हवाई जहाज़ों की टोली) ।

звеньево́й (वि०) १. звено́ से वि० ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) मंडली (टोली) का नेता ।

зверёныш (पुं०) वन्यपशु-शावक ; जंगली पशु का बच्चा ।

звере́ть (अपू०), **о—** (पू०) पशुता दिखाना ; क्रूर बनना ।

звери́н||ец (पू०) वन्य पशु रखने का स्थान ; **—ый** (वि०) पशु का ; —ые следы́ वन्य पशुओ के खुरो के चिह्न ।

зверобо́й (पुं०) १. पीतशोभा (एक प्रकार का पौधा) ; २. = звероло́в.

звероло́в (पुं०) वन्य पशु पकडनेवाला , वन्य पशुओ का व्यापार करनेवाला ।

звероподо́бный (वि०) वन्यपशुवत् ; जंगली जानवर जैसा ।

зве́р||ски (क्रि० वि०) पाशविकता से ; क्रूरता से ; निर्दयता से ; **—ский** (वि०) पाशविक ; क्रूर ; निर्दयी ; **—ство** (नपुं०) पाशविकता ; पशु-वृत्ति ; निर्दयता ; क्रूरता ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) पाशविक व्यवहार करना ; अत्याचार करना ।

зверь (पुं०) १. वन्य पशु ; जंगली जानवर ; २. क्रूर ; अत्याचारी ।

звон (पुं०) (घंटी की) टनटन ; ध्वनि ; शब्द ; □ з. в уша́х कान बजना, कानो में सायँ-सायँ का

शब्द होना ; **—а́рь** (पुं०) १. (चर्च में) घड़ियाल बजानेवाला ; २. बकवासी ; बातूनी ।

звон||и́ть (अपू०), **по—** (पू०) घंटा बजाना ; टेलीफोन करना ; з в ко́локол घंटा बजाना ; он —и́л об э́том उसने इसके बारे में टेलीफोन किया था ।

звóнк||ий (वि०) ठनकता हुआ ; झनकता हुआ ; स्पष्ट ; з. го́лос झनकदार/ठनकदार/स्पष्ट आवाज ; □ —ая моне́та नकद रुपया, ठनकदार रुपया ।

звонко́вый (वि०) звоно́к से वि० ।

звоно́к (पुं०) घटी ; дать з. घंटी देना (बजाना) ; электри́ческий з बिजली की घंटी ; разда́лся з. घंटी का शब्द सुनायी पडा ।

звук (पुं०) शब्द ; ध्वनि ; гла́сный з. (व्या०) स्वर ; согла́сный з व्यंजन ; чи́стый з. स्पष्ट शब्द ; **—ово́й** (वि०) शब्द/ध्वनि-सम्बन्धी ; —ово́й сигна́л ध्वनि-सकेत ।

звукоглуши́тель (पुं०) नि:शब्दक ; आवाज-रोक (अंग्रेजी—साइलेंसर) ।

звукоподража́ние (नपुं०) शब्दानुकरण ।

звуч||а́ние (नपु०) (घटी) बजने की क्रिया ; टनटन ; झनझन ; **—а́ть** (अपू०), **прозвуча́ть** (पू०) (वर्त० звучу́, звучи́шь) (घंटी आदि का) बजना ; गूँजना ; सुनायी पड़ना ; □ его́ слова́ —а́т и́скренно उसके शब्दो मे सचाई की गूँज है ।

зву́чн||о (क्रि० वि०) उच्च स्वर से ; शब्द करते हुए ; **—ость** (स्त्री०) ध्वनि ; **—ый** (वि०) शब्द/ध्वनि करनेवाला ; ठनकता हुआ ; —ый го́лос ठनकदार आवाज ।

зва́кать (अपू०), **зва́кнуть** (पू०) ठनकना ; टनटन/झनझन का शब्द करना ; з. ключа́ми तालियाँ झनझनाना ।

зга (केवल मुहावरे में प्रयुक्त) ; ни зги не ви́дно अँधेरा-घुप है, हाथ को हाथ नही सूझता ।

зда́ние (नपुं०) भवन ।

здесь (क्रि० वि०) यहाँ ; з. и там यहाँ और वहाँ ; кто з. ? यहाँ कौन है ?

зде́шний (वि०) यहाँ का ; स्थानीय ; इस स्थान का ; з. жи́тель यहाँ का रहनेवाला, स्थानीय निवासी ; он не з. वह यहाँ का रहनेवाला नहीं, वह अजनबी है ।

здоро́ваться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (एक-दूसरे को) अभिवादन करना ।

здорове́ть (अपू०), **по—** (पू०) हृष्ट-पुष्ट होना ; स्वस्थ होना ।

здо́ров||о (क्रि० वि०) १. उत्तम रीति से ; बढ़िया ढंग से ; २ शाबाश ! ; खूब ! ; ३. कुशलता से ।

здоро́в||ый (वि०) १. स्वस्थ ; तन्दुरुस्त ; हृष्ट-पुष्ट ; बलवान ; २ स्वास्थ्यप्रद ; स्वास्थ्यदायक ; —ая пи́ща स्वास्थ्यप्रद भोजन ; з. кли́мат स्वास्थ्यप्रद जलवायु ; □ бу́дьте —ы राजी रहो ! , कल्याण हो ! ; **—ье** (नपुं०) स्वास्थ्य ; तन्दुरुस्ती ; как ва́ше —ье ? आपका स्वास्थ्य कैसा है ?, आपका क्या हाल है ?

здоровя́к (पुं०) हृष्ट-पुष्ट मनुष्य ; तगडा आदमी ।

здра́виц||а (स्त्री०) टोस्ट ; провозглаша́ть —у किसीके स्वास्थ्य के लिए टोस्ट का प्रस्ताव करना, किसीके लिए जामेसेहत पीने का प्रस्ताव करना ।

здра́вница (स्त्री०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ।

здра́во (क्रि० वि०) समझदारी से ; उचित ढंग से ; सविवेक ; **—мы́слящий** (वि०) धीर ; संयत , विवेकशील ।

здравоохране́ни||е (नपुं०) जनता के स्वास्थ्य की देखभाल ; мини́стер —я स्वास्थ्य-मन्त्री ।

здра́вст||вовать (अपू०), (वर्त०—ствую) स्वस्थ होना ; चगा होना ; राजी होना ; □ да —вует ! -की जय हो ! ; —вуй(те) स्वस्थ हो !, (अभिवादन मे) नमस्कार !

здра́вый (वि०) विवेकपूर्ण ; युक्तिसगत ; здрав и невредим́ सही-सलामत ; з. смысл व्यावहारिक ज्ञान ।

зе́бра (स्त्री०) जेबरा ।

зе́бу (पुं०) (भारत और अफ्रीका देश का) साँड ।

зев (पुं०) १. ग्रसनी (उदर में भोजन, जल इत्यादि जाने की नलिका) ; २. (पशु का) खुला हुआ जबड़ा ।

зев‖а́ка (उभ०) निरुद्यमी ; बेकार ; वृथा समय नष्ट करनेवाला , **—а́ть** (अपू०), **зевну́ть, прозева́ть** (पू०) १ (зевну́ть पू० के साथ) जँभाई लेना ; २ (прозева́ть पू० के साथ) चूकना; छोड़ देना ; ३. (केवल **अपू०**) ताकना ; आँखे फाड़कर देखना ; не прозева́й ! उठ, जल्दी कर ! सुस्ती मत कर !

зев‖о́к जँभाई , उबासी ; **—о́та** (स्त्री०) जँभाई/उबासी लेने का कार्य ।

зелене́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. हरा हो जाना ; २ हरा दिखायी पडना ; **—ся** (आत्म०) = зелене́ть-2.

зеленн‖о́й (वि०) —а́я ла́вка सब्जी की दुकान ।

зеленова́тый (वि०) हरा-सा ।

зеленщи́к (पुं०) कुँजडा ; सब्जीफरोश ।

зелёный (वि०) हरा ; з. горо́шек हरी मटर ; □ зе́лен виногра́д ! अंगूर खट्टे है !

зе́лень (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. हरियाली ; २. (समू०) तरकारियाँ ; सब्जियाँ ; ३. (विशेष प्रकार का) हरा रोगन ।

зе́лье (नपुं०) १. (जडी-बूटियो से तैयार किया गया) एक विषैला पेय ; २ बौदका (शराब) ; □ любо́вное з. (लोक-साहित्य मे प्रयुक्त) वशीकरण-औषधि ।

земе́льн‖ый (वि०) भूमि-सम्बन्धी ; з. уча́сток भूखड ; —ая ре́нта लगान ।

землеве́дение (नपुं०) भूगोल ।

землевладе́‖лец (पुं०) जमीदार ; भूस्वामी ; भूमिपति ; **—ние** (नपुं०) भूमि-स्वामित्व ।

земледе́лец (पुं०) किसान ; कृषक ।

земледе́лие (नपुं०) कृषि ; खेती ।

земледе́льческий (वि०) कृषि-सम्बन्धी ।

земле‖ко́п (पुं०) कुदाली-मजदूर ; भूमि खोदनेवाला या नहर खोदनेवाला मजदूर ; **—па́шество** (नपुं०) (भूमि की) जुताई ; काश्त ; **—па́шец** (पुं०) (भूमि की) जुताई करनेवाला ; काश्तकार ; **—по́льзование** (नपुं०) पट्टा ; जुताई-अधिकार ; काश्त ; भूमिभोग-विधि ; **—трясе́ние** (नपुं०) भूचाल ।

земли́стый (वि०) मिट्टी का ।

земл‖я́ (स्त्री०) १ मिट्टी , засы́пать —ей (मिट्टी में) दबा देना ; сравня́ть с —ей मिट्टी मे मिला देना ; २. भूमि ; पृथ्वी ; धरती ; на ру́сской —е रूसी भूमि पर, रूसी धरती पर ।

земля́к (पुं०) सहदेशी , हमवतन ।

земляни́ка (स्त्री०) एक प्रकार की झरबेरी (अंग्रेजी—स्ट्राबेरी) ।

земля́нка (भूमि खोदकर बनाया हुआ) कच्चा मकान ; झोपड़ी ।

землян‖о́й (वि०) मिट्टी का ; з цвет मिट्टी का रग ; —ы́е рабо́ты खुदाई का काम ।

земля́чка (स्त्री०) земля́к का स्त्री०-रूप ।

земново́дные (बहु०) (वि० रू०) उभयचर ; जलथलचर प्राणी ।

земно́й (वि०) पार्थिव ; पृथ्वी-सम्बन्धी ; ऐहिक ; सांसारिक ; लौकिक ; з. шар भूमंडल ।

зе́м‖ский (वि०) зе́мство से वि० ; **—ство** (नपुं०) ज़ेम्स्त्वो (क्रान्ति-पूर्व रूस में जिला-कमेटी) ।

зени́т (पुं०) उच्चतम बिन्दु ; □ в —е сла́вы ख्याति के उच्चतम शिखर पर ।

зе́ркало (नपुं०) दर्पण ; आइना ; शीशा ।

зерка́льный (वि०) दर्पण का ; शीशे का ; शीशे की तरह साफ ; з. завод शीशे का कारखाना ।

зе́ркальце (नपुं०) зе́ркало का अल्प० ; छोटा आइना ।

зерни́стый (वि०) दानेदार ।

зерно́ (नपुं०) १. बीज ; दाना , २ अनाज ; □ жемчу́жное з. मोती ।

зерно‖ви́дный (वि०) दाने के आकार का ; **—во́й** (वि०) зерно́ से वि० ; —вы́е зла́ки अन्न, अनाज ; **—дроби́льный** (वि०) —дроби́льная маши́на चक्की, आटा पीसने की मशीन ; **—храни́лище** (नपुं०) धान्यागार ; खत्ती ।

зерноя́дный (वि०) अन्नाहारी ; अन्नभक्षी ; अनाज खानेवाला ।

зёрнышко (नपु०) зерно́ का अल्प० ।

зефи́р (पु०) मन्द समीर ।

зигза́г (पु०) तिरछी या टेढ़ी-मेढ़ी लकीर ।

зима́ (स्त्री०) हिम ; जाडा , शरद् ऋतु ; з. наступа́ет शरद् ऋतु आ रही है , □ ско́лько лет, ско́лько зим ! बडी मुद्दत के बाद मिले हैं !

зи́мний (वि०) शरद् ऋतु का ।

зимова́ть (अपू०), **про—** (पू०) (—му́ю) शरद् ऋतु बिताना ; जाडा बिताना ।

зимо́й (क्रि० वि०) शरद् ऋतु में ।

зиморо́док (पुं०) एक बडे सिरवाला जलपक्षी जो मछलियाँ खाकर जीता है ।

зипу́н (पु०) (किसान का) मोटे कपड़े का कोट ।

зия́||ние (नपुं०) **I.** (शब्दशास्त्र-सम्बन्धी) कर्णकटु सहिता (एक शब्द के अन्त के और दूसरे शब्द के आदि के स्वर का कर्णकटु मेल, जैसे она́ опя́ть ; весно́ю у́ехали) ; **II.** जँभाई ; उबासी ; **—ть** (अपू०) जँभाई लेना ।

зла́ки (बहु०) अन्न ; अनाज ; хле́бные з. गल्ला ।

зла́то (नपुं०) зо́лото का काव्य-रूप ; स्वर्ण ।

златокры́лый (वि०) स्वर्णपक्षी ; सुनहरी पखोवाला ; **—ку́дрый** (वि०) (काव्य०) सुनहरे बालोंवाला ।

златоцве́т (पुं०) शृंगारबीज (एक प्रकार की कुमुदिनी/कमलिनी) ।

злить (अपू०), **обозли́ть** (पू०) गुस्सा दिलाना ; तंग करना ; छेडना ; з соба́ку कुत्ते को छेडना ; **—ся** (आत्म०) गुस्सा होना ; चिढना ।

зло (नपुं०) १. पाप ; दुष्टता ; हानि ; कष्ट ; आपत्ति; его́ з берет वह चिढ गया है ; жела́ть кому́ -л зла किसीका बुरा चाहना ; причиня́ть кому́-л. з किसीको हानि पहुँचाना ; □ ко́рень зла पाप की जड ; из двух зол выбира́ть ме́ньшее बड़ी बुराई के मुकाबले छोटी को चुनना ; २. (क्रि० वि०) दुष्टतापूर्वक ;

зло́ба (स्त्री०) क्रोध ; गुस्सा ; नाराज़गी ; □ з. дня ज्वलन्त प्रश्न ।

зло́бный (वि०) पापात्मा ; पापी ; नाराज़ ; द्वेषी ।

зло́бодневн||ость (स्त्री०) ज्वलन्तता ; **—ый** (वि०) ज्वलन्त ; जिसकी चर्चा सबकी ज़बान पर हो ; —ый вопро́с ज्वलन्त प्रश्न, प्रमुख प्रश्न ।

зло́бствовать (अपू०) (—ствую) (на) (किसीसे) नाराज़ होना ; गुस्सा करना ।

злове́щий (वि०) अशुभ ; अमंगलसूचक ; पापसूचक ।

злово́н||ие (नपुं०) दुर्गन्ध ; सडाँध ; **—ный** (वि०) दुर्गन्धयुक्त ।

зловре́дный (वि०) हानिकारक ; अहितकर ।

злоде́й (पु०), **—ка** (स्त्री०) दुष्ट / दुष्टा ; चाडाल/चाडालिनी ; बदमाश , **—ство** (नपुं०) दुष्टता ; बदमाशी ।

злодея́ние (नपुं०) पाप ; कुकर्म ।

зложела́тельный (वि०) अशुभचिन्तक ; कुबुद्धि ; बुरा चाहनेवाला ।

злой (वि०) पापी ; दुष्ट ; बुरा ।

злока́чественн||ый (वि०) साघातिक ; बहुत खतरनाक ; —ая о́пухоль साघातिक (बहुत खतरनाक) फोडा ।

злоключе́ние (नपुं०) दुर्घटना ; दुर्भाग्य ; असफलता ।

злоко́зненный (वि०) कपटी ; छलिया ; धूर्त ।

злонаме́ренный (वि०) दुराशय ; बुरे इरादे का ।

злопа́мятный (वि०) द्वेषी ; वैरी ।

злополу́чный (वि०) अभागा ।

злора́д||ный (वि०) किसीको आपत्ति में देखकर प्रसन्न होनेवाला ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) किसीको आपत्ति में देखकर प्रसन्न होना ।

злосло́вие (नपुं०) चुगली ; अपमानजनक बात ; दुर्वचन ।

зло́стный (वि०) बुरे स्वभाव का ; बुरी प्रकृति-

злость (स्त्री०) बुरा स्वभाव ; दुष्टता ; घोर क्रोध ; तैश ।

злосча́стный (वि०) अभागा ।

злоумы́шленн‖ик (पुं०) अशुभचिन्तक (व्यक्ति) ; **—ый** (वि०) अशुभचिन्तित (कार्य आदि) ।

злоупотреб‖ле́ние (नपुं०) दुरुपयोग ; **—ля́ть** (अपू०), **злоупотреби́ть** (पू०) (भवि० злоупотреблю́, злоупотреби́шь) दुरुपयोग करना ; —ля́ть вла́стью सत्ता का दुरुपयोग करना ।

злоязы́чие (नपु०) चुगली ; दुर्वचन ।

злю́‖ка, —чка (उभ०) हमेशा कुढनेवाला/वाली ; **—щий** (वि०) उग्र ; कोपाकुल ।

змееви́дный (वि०) सर्पवत् ; सर्पाकार ; सर्पिल ।

змееви́к (पुं०) १. गेडुरी ; कुंडली ; २ सर्पिज (एक खनिज) (अंग्रेजी—सरपेंटाइन) ।

змеёныш (पुं०) १ सँपोला ; छोटा साँप ; साँप का बच्चा ; २ चुगलखोर ; कपटी ।

змеи́н‖ый (वि०) सर्प-सम्बन्धी ; सर्प का ; —ое жа́ло सर्प का दंश ।

змеи́ться (आत्म० अपू०) १. (सर्पवत्) गेडुरी बनाना ; सरकना , रेंगना , २. (धुम्रकाहट का) मन्द-मन्द प्रकट होना ।

зме‖й́ (पुं०) १ शेषनाग (पौराणिक सर्प) ; अजगर ; २ पतग ; запуска́ть —я पतंग उडाना ।

зме́йка (स्त्री०) змея́ का अल्प० ।

змея́ (स्त्री०) सर्प ; साँप , अजगर ; नाग ; □ отогре́ть змею́ на свое́й груди́ आस्तीन मे साँप पालना ।

знава́‖ть (अपू०) जानना ; परिचित होना ; она́ —ла его́ ребенком वह उसको बचपन से जानती थी ।

знак (पु०) १. चिह्न ; निशानी ; प्रतीक ; з. ра́венства (गणित) समता का चिह्न (=) ; з. дру́жбы मित्रता का प्रतीक ; восклица́тельный з. विस्मयादिबोधक चिह्न (!) ; вопроси́тельный з. प्रश्न-चिह्न (?) ; २. शकुन ; ३. संकेत ; дать з. संकेत देना ; □ водяно́й з. (कागज में का) जल-चिह्न ; де́нежный з. बैंक का नोट ; опознава́тельный з. सीमा-चिह्न ; фабри́чный з. व्यापार-चिह्न (ट्रेड-मार्क) ; "Знак Почета" सम्मान-चिह्न, बिल्ला, बैज ।

знако́м‖ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) परिचित व्यक्ति ।

знако́мить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० знако́млю, знако́мишь) परिचय कराना ; **—ся** (आत्म०) १ परिचय प्राप्त करना ; २. मिलने जाना ; देखने जाना , знако́миться с музе́ями го́рода नगर के अजायबघर देखने जाना ।

знако́мство (नपु०) १. परिचय ; ज्ञान ; заводи́ть з с кем-л. किसीसे परिचय प्राप्त करना ; २ परिचित व्यक्ति ।

знако́м‖ый (वि०) १. परिचित ; его́ лицо́ мне —о मैं उसकी सूरत से परिचित हूँ ; २ मित्र ।

знамена́тель (पुं०) (गणित) हर ; о́бщий з. सर्व/सामान्य हर ; **—ный** (वि०) सार्थक ; अर्थपूर्ण ।

зна́мение (नपुं०) चिह्न ।

знамени́т‖ость (स्त्री०) प्रसिद्धि , यश ; **—ый** (वि०) सुप्रसिद्ध ; प्रख्यात ; यशस्वी ।

знаменова́ть (अपू०) (—ну́ю) व्यक्त करना ।

знамено́сец (पु०) ध्वजधारी ; पताकावाहक ; झंडाबरदार ।

зна́м‖я (स्त्री०) पताका ; झंडा ; ध्वजा ; под —енем झंडे के नीचे ।

зна́ни‖е (नपुं०) ज्ञान ; приобрести́ —я ज्ञानोपार्जन करना ।

зна́тный (वि०) १. कुलीन ; अभिजात ; २. सुप्रसिद्ध ; विख्यात ।

знато́к (पु०) विशेषज्ञ ; दक्ष ; विशारद ; быть —о́м своего́ де́ла अपने काम में दक्ष होना ।

знать -I (अपू०), जानना ; (-का) ज्ञान होना ; (-से) परिचित होना ; □ дать з. кому́-л. किसीको बताना ; знать себе́ цену́ अपना मूल्य जानना ; наско́лько я зна́ю जहाँ तक मुझे पता

है ; **II.** (स्त्री०) (एकवचन) (समू०) आभिजात्य ; अभिजात-वर्ग ; **III.** (विधेय) स्पष्ट रूप से ; यह स्पष्ट है ।

зна́ться (आत्म० अपू०) सम्बन्ध रखना ; он с тобо́й и з. не хо́чет वह तुमसे कोई सम्बन्ध नही रखना चाहता ।

зна́харка (स्त्री०) зна́харь का स्त्री०-रूप ।

зна́харь (पुं०) जादू से इलाज करनेवाला ; अनाडी वैद्य ; नीम हकीम ।

значе́ни||е (नपुं०) १. अर्थ ; бу́квальное з. शब्दार्थ ; २ महत्ता , име́ть большо́е з. बहुत महत्व रखना ; ме́стного —я स्थानीय महत्ता का ; придава́ть з. чему́-л. किसी बात को महत्व देना ; ३. (गणित) मूल्य ; मान ।

зна́чимость (स्त्री०) १. अर्थ ; २. महत्ता ।

значи́тельн||о (क्रि० वि०) १. अर्थपूर्वक ; सार्थकता से ; २. अनल्प ; अतीव ; बहुत ; **—ый** (वि०) १. अर्थपूर्ण ; सार्थक ; २. महत्त्वपूर्ण ; ३. अनल्प ; अतीव , बहुत ।

зна́ч||ить (अपू०) १ अर्थ होना ; मतलब होना ; что э́то —ит ? इसका क्या अर्थ है ? ; —ит ли э́то что... क्या इसका यह अर्थ है कि... ; २. मान्यता होना ; कद्र होना ; он здесь ма́ло —ит उसकी यहाँ कम मान्यता है, उसकी यहाँ कोई कद्र नही ।

значо́к (पुं०) १ चिह्न ; २. बिल्ला ; बैज ।

зна́ющий (कृदन्त और वि०) ज्ञानवान ; विद्वान् ; अधीत ।

зноб||и́ть (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप- знобит) ठड लग जाना ; его́ —и́т (ठंड लग जाने की वजह से) उसको बुखार-सा हो रहा है ।

зной (वि०) (सूर्य की) गर्मी; ताप, **—ный** (वि०) गर्म ; गर्मी का ; —ный день गर्म दिन, गर्मी का दिन ।

зоб (पुं०) १. (पक्षियों, कीडो के गले का) पोटा ; २. (चिकि०) गलगड ।

зов (पुं०) आमन्त्रण ; बुलावा ; прийти́ по пе́рвому —у पहले ही बुलावे पर आना ।

зна́ки —а राशियाँ ।

зо́дч||еский (वि०) वास्तुविद्या-सम्बन्धी ; स्थापत्य- ; गृहनिर्माण-सम्बन्धी विद्या का ; **—ество** (नपु०) वास्तु-विद्या ; स्थापत्य ; **—ий** (वि०) वास्तु-शास्त्री का ; स्थपति का ।

зола́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) राख ; भस्म ।

золо́вка (स्त्री०) ननद ।

золоти́стый (वि०) सुनहरी ; सोने का ।

золоти́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० золочу́, золоти́шь) सोने का पानी करना ; सोने का मुलम्मा चढाना ।

золотни́к (पुं०) १. जोलोतनिक (प्राचीन रूसी पाउंड का १/९६ भाग) , □ मल ३., да до́рог छोटा पर बहुत कीमती ; २. डी-वाल्व ; ३ पिस्टन-वाल्व ।

зо́лото (नपुं०) सोना ; सुवर्ण ; □ не все то з., что блести́т हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और ।

золотоволо́сый (वि०) सुनहरे बालोवाला ।

золот||о́й -I (वि०) सोने का ; स्वर्ण- ; सुनहरी ; —ы́е при́иски सोने की खाने ; —а́я валю́та स्वर्ण-मुद्रा (सिक्का) ; —ы́х дел ма́стер सुनार ; □ з век स्वर्ण-युग ; —ы́е ру́ки कुशल उँगलियाँ, सोने के हाथ ; мой з. ! प्रियतम ! ; —о́е дно सोने की खान ; **II.** (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) सोने का सिक्का ; इगलैंड में) सॉवरेन ।

золотоно́сный (वि०) स्वर्ण (कण)-वाही ; з. райо́н स्वर्ण-क्षेत्र ।

золотопромы́шленн||ик (पुं०) स्वर्ण-उद्योगपति ; सोने की खानो का स्वामी ; **—ость** (स्त्री०) स्वर्ण-उद्योग ।

золоту́||ха (स्त्री०) (चिकि०) गंडमाला ; **—шный** (वि०) गंडमाला-ग्रस्त ।

золоч||е́ние (नपुं०) सोने का मुलम्मा करने की क्रिया ; **—ёный** (वि०) सोने के मुलम्मेवाला ।

зо́лушка (स्त्री०) उपेक्षित अथवा पीडित कन्या ;

зо́на (स्त्री०) क्षेत्र ; प्रदेश ; нейтра́льная з तटस्थ प्रदेश ।

зонд (पु०) सागर आदि की गहराई नापने का यन्त्र ।

зонт, —ик (पु०) छतरी ।

зоо́л||ог (पु०) प्राणिविज्ञान-वेत्ता ; प्राणि-वैज्ञानिक ; **—оги́ческий** (वि०) प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी ; प्राणि-वैज्ञानिक ; **—о́гия** (स्त्री०) प्राणिविज्ञान ।

зоопа́рк (पु०) चिडियाघर ।

зооха́мия (स्त्री०) प्राणिरसायन-विज्ञान ।

зо́рк||ий (वि०) १ पैनी दृष्टिवाला ; २ सावधान ; जागरूक ; सतर्क ; **—ость** (स्त्री०) सावधानी ; जागरूकता ; सतर्कता ।

зрачо́к (पु०) (आँख की) पुतली ।

зре́лище (नपु०) दृश्य ; तमाशा ; (नाटक का) अभिनय ।

зре́л||ость (स्त्री०) परिपक्व अवस्था ; प्रौढता ; полова́я з वयस्कता, यौवन ; аттеста́т —ости दसवीं कक्षा पास होने का प्रमाण-पत्र (मैट्रिकुलेशन सार्टिफिकेट) ; **—ый** (वि०) प्रौढ ; परिपक्व ।

зре́ни||е (नपु०) दृष्टि ; नजर , то́чка —я दृष्टिकोण ।

зреть (अपू०), **со—** (पू०) परिपक्व होना, पकना ।

зри́тель (पु०), **—ница** (स्त्री०) दर्शक/दर्शिका , तमाशबीन ।

зри́тельн||ый (वि०) चाक्षुष ; दृष्टि-सम्बन्धी ; —ая тру́ба दूरबीन ; २. з зал प्रेक्षागृह, हॉल, आडीटोरियम ।

зря (क्रि० वि०) व्यर्थ ; फिजूल ; बेकार ; □ он болта́ет з. वह बेकार की बकबक कर रहा है ; он пришел сюда́ з. वह यहाँ बेकार आया है ।

зря́чий (पु०) (वि० रू०) सदृष्टि (दृष्टिवाला) ; (अन्धे का विपर्याय) , слепо́й по́сле опера́ции сно́ва стал зря́чим ऑपरेशन के बाद अन्धे को आँखो से दिखायी देने लग गया ।

зуб (पु०) दाँत ; моло́чный з दूध का दाँत ; глазно́й з. सुआ-दाढ ; коренно́й з. चव, चबाने के दाँत ; з. му́дрости प्रज्ञादन्त, अक़्ल-दाढ़ ; вставны́е —ы नकली दाँत ; скрежета́ть —а́ми दाँत पीसना या किटकिटाना ; вы́рвать з. दाँत निकालना ; □ хоть ви́дит о́ко, да з. неймет अभी दिल्ली दूर है ।

зубн||о́й (वि०) १. दाँत का ; —а́я бо́ль दाँत का दर्द ; з. врач दाँतों का डाक्टर ; з. проте́з नकली दाँत ; —а́я щетка दाँतों का बुरुश ; з. порошо́к दाँतों का मंजन ; २ (व्या०) दन्त्य ।

зубо́к (पु०) знать что-л. на з किसी बात का पूर्ण ज्ञान होना ।

зубр||ёжка (स्त्री०) १ रट्टा ; **—и́лка** (उभ०) रट्टा लगानेवाला/वाली ; **—и́ть** (अपू०) १. रट्टा लगाना ; २. (कुल्हाड़े आदि की) धार तोड़ना ; कुंठित करना ।

зубча́тый (वि०) दाँतेदार ।

зуд (पु०) खुजली ; खारिश ।

зуд||е́ть (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप- зуди́т) खुजलाना ; खारिश होना ; ру́ки у меня́ —я́т मेरे हाथो पर खुजली हो रही है/ खारिश हो रही है ।

зуди́ть (अपू०) (зужу́, зу́дишь) = зубри́ть-I.

зуёк (पु०) लम्बे पंखोवाला एक पक्षी ।

зы́биться (आत्म० अपू०) (зы́блюсь, зы́бишься) झूलना ; डोलना ।

зы́бкий, зыбу́чий (वि०) अस्थिर ; हिचकोले खानेवाला ; डोलनेवाला ।

зы́чный (वि०) (स्वर) ऊँचा , तीखा ।

зюйд (पु०) (नौचालन०) दक्षिण ; зюйд-ве́ст दक्षिण-पश्चिम ; зюйд-о́ст दक्षिण-पूर्व ।

зя́бкий (वि०) (जिसको बहुत ही जल्दी) ठंड लग जाये ; जो जरा भी ठड बर्दाश्त न कर सके ।

зя́блев||ый (वि०) —ая вспа́шка शरद् ऋतु की जुताई ।

зя́блик (पु०) एक प्रकार की छोटी चिडिया ।

зя́бнуть (अपू०) (ठड से) अकड जाना ; सुन्न हो जाना ।

зя́бь (स्त्री०) पतझड़ में गर्मी की फसल के लिए बोया गया खेत ।

зять (पु०) १. जामाता ; दामाद ; २. बहनोई ; ३. ननदोई (ननद का पति) ।

И

и (अ०) १. और ; और फिर ; और बस ; стол и стул मेज और कुर्सी ; .. и он уéхал और फिर वह चला गया ; он собирáлся уéхать и уехал उसने जाने की सोची और बस वह चला गया ; २. यही तो ; вот об э́том то он и ду́мает बस यही तो (इसीके बारे मे ही तो) वह सोच रहा है ; ३. भी ; и в э́том слу́чае इस अवस्था मे भी, इस स्थिति मे भी ; и не там और वहाँ भी नही ; □ и так да́лее, и про́чее इत्यादि ; и вот और अब ; и др और दूसरे ।

и́бис (पु०) कोटाचंचु ; सारस की तरह का एक पक्षी ।

и́бо (अ०) क्योकि ।

и́ва (स्त्री०) सरपत ; सरई ।

игла́ (स्त्री०) सुई ; (पशुओ के शरीर के) सख्त बाल ; (पौधो का) काँटा , вяза́льная и. बुनाई करने की सलाई , што́пальная и. रफू करने की सुई ।

иглообра́зный (वि०) सुई के आकार का ।

игнори́ровать (अपू० और पू०) (—рую) उपेक्षा करना ।

и́го (नपुं०) (केवल एकवचन) शासन ; दासता ; татáрское и. तातारी शासन ।

иго́лка, иго́лочка (स्त्री०) игла का अल्प०; костю́м с иго́лочки बिल्कुल नया सूट ।

иго́льн||ик (पुं०) सुई रखने की डिबिया ; **—ый** (वि०) सुई का ; — ое у́шко́ सुई का नक्का (छेद) ।

игóрный (वि०) जुआ खेलने का ; и. дом जुआघर, द्यूतगृह ।

игр||á (स्त्री०) खेल ; क्रीड़ा ; अभिनय ; ताश ; ко́мнатные и́гры अन्तशाला (कमरे में खेले जानेवाले) खेल ; □ и не сто́ит свеч यह बेकार है ; и. приро́ды प्रकृति का खेल ; и. слов शब्द-क्रीड़ा ; биржева́я и. हुडियो का सट्टा ; **—а́льный** (वि०) खेलने का ; —а́льные ко́сти (चौपड़ आदि खेलने के) पासे ।

игра́ть (अपू०), **сыгра́ть** (पू०) १ खेलना ; क्रीड़ा करना ; अभिनय करना ; वाद्ययन्त्र बजाना ; игра́ть в что́-л (कोई खेल) खेलना ; игра́ть Га́млета हैमलेट का अभिनय करना ; и. на роя́ле पियानो बजाना ; и в ша́хматы शतरज खेलना ; и. на де́ньги (धन लगाकर) जुआ खेलना ; २ (केवल अपू०) चमकना ; ३. (केवल अपू०) खिलवाड करना ; छिछोरेपन का बर्ताव करना ; □ и кому́-л в ру́ку किसीके इशारे पर नाचना, किसीके हाथ की कठपुतली होना ; э́то не игра́ет ро́ли इसका कोई महत्व (अर्थ) नही ।

игри́вый (वि०) चचल ; चपल , खिलाडी ।

игри́ст||ый (वि०) —ое вино́ प्रबुदबुद मदिरा, फेनिल मदिरा, झाग देनेवाली शराब ।

игро́к (पुं०) १. खिलाडी ; २. जुआरी ।

игру́шечный (वि०) खिलौने का ; и. магази́н खिलौनो की दुकान ।

игру́шк||а (स्त्री०) खिलौना ; □ э́то для него́ —и यह तो उसके लिए बच्चो का खेल है/ यह उसके बायें हाथ का काम है ।

игу́мен (पु०), **—ья** (स्त्री०) किसी मठ या गिरजे का बड़ा पादरी ।

идеа́л (पुं०) आदर्श ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) आदर्श बनाना ; **—и́зм** (पु०) आदर्शवाद ; **—и́ст** (पुं०) आदर्शवादी ; **—исти́ческий** (वि०) आदर्शवादीय ; आदर्शवाद-सम्बन्धी ।

идеа́льн||ость (स्त्री०) आदर्शवादिता ; **—ый** (वि०) आदर्श ।

иде́йный (वि०) १ идея́ से वि० ; २ (साहित्य, कला के विषय मे) उत्कृष्ट ; उदात्त ; उच्च कोटि का ; ३. ऊँचे सिद्धान्तोवाला ।

идент||ифика́ция (स्त्री०) एकात्मीकरण ; एक जैसा करने की क्रिया ; **—ифици́ровать**

(अपू० और पू०) (—рую) एकात्म करना ; एक जैसा करना ; **—и́чный** (वि०) एकात्मक ; एकसम ; जसा ।

идеóл‖ог (पुं०) सिद्धान्तवादी ; आदर्शवादी ; **—óгия** (स्त्री०) १. विचारधारा ; २ आदर्श ।

идéя (स्त्री०) विचार , धारणा ; अवधारणा ; гениáльная и अतिसुन्दर विचार, भव्य विचार ।

идилли́ческий (वि०) प्राकृतिक जीवन-सम्बन्धी लघुकाव्य का ।

иди́ллия (स्त्री०) प्राकृतिक जीवन-सम्बन्धी लघुकाव्य ।

иди́ом, —ати́зм (पु०) मुहावरा ; **—ати́ческий** (वि०) मुहावरेदार ।

идиосинкрази́я (स्त्री०) (चिकि०) विलक्षणता ; झक्कीपन ।

идиóт (पुं०) मूर्ख ; बेवकूफ ; बुद्धिहीन मनुष्य ।

и́дол (पुं०) मूर्ति ; प्रतिमा ; आराध्य वस्तु ।

идолопоклóн‖ник (पु०) मूर्तिपूजक ; **—ничество, —ство** (नपुं०) मूर्तिपूजा ।

идти́ = итти́.

иéна (स्त्री०) (जापान का सिक्का) येन ।

иера́рхия (स्त्री०) सोपानतन्त्र ; उच्चोच्च परम्परा ।

иерóглиф (पुं०) चित्रलिपि ।

иждиве́н‖ец (पु०) अधीन ; निर्भर ; **—ие** (नपुं०) निर्वाह ; पोषण ; निर्वाह-खर्च ; быть на —ии у когу́-л. किसीके खर्च पर रहना, किसी पर निर्भर होना ।

из, изо (अ०) १ (किसी स्थान) से ; में से ; приезжáть из Москвы́ मास्को से आना ; пить из стакана गिलास से पीना ; вынимáть из карма́на जेब से निकालना ; २. से ; лучший из всех सबसे अच्छा ; оди́н из 100 सौ मे से एक ; ३. का (से) बना हुआ ; (сде́ланный) из ста́ли इस्पात का ; □ из стра́ха भय से, भय के कारण ; из не́нависти घृणा से, घृणा के कारण ; выходи́ть из себя́ आपे से बाहर होना ; изо всéх сил पूरी शक्ति से ।

из-, (изо-, ис-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. 'मे से' का अर्थ, जैसे изгоня́ть (-में से भगा देना) ; २. क्रियाओ के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे печь (पकाना) से испе́чь , жари́ть (भूनना या तलना) से изжари́ть

изба́ (स्त्री०) कुटीर ; झोपडी ; किसान का घर ।

избави́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उद्धारक , मुक्तिदाता/दात्री ।

избáвить(ся) दे० избавлять(ся).

избавле́ние (नपुं०) मुक्ति ; छुटकारा ।

избавля́ть (अपू०), **избáвить** (पू०) (भवि० избáвлю, избáвишь) बचाना ; मुक्ति दिलाना ; छुटकारा दिलाना ; и. от смéрти मृ-यु से बचाना ; вы егó избáвили от хлопóт आपने उसको कष्ट से बचा लिया ; □ избáви бог ! ईश्वर बचाये ! ; **—ся** (आत्म०) बचना ; पीछा छुडाना ; избáвиться от дурнóй привы́чки बुरी आदतो से बचना ।

избалóвывать (अपू०), **избаловáть** (पू०) (भवि० —лу́ю) (लाड, प्यार करके) सिर चढाना ; खराब कर देना ।

избáч (पु०) गाँव का पुस्तकालयाध्यक्ष ।

избегáть (अपू०), **избежáть** (भवि० избегу́, избежи́шь), **избéгнуть** (पू०) (से) कतराना ; बचना ; आँख बचाना ; दूर रहना ।

избéгаться (आत्म० अपू०) बहुत भागकर थक जाना ।

избéгнуть दे० избегáть.

избежáние (नपुं०) टालमटोल ; во и. (чегó-л) किसी (काम) से बचने के लिए/टालने के लिए ।

избивáть (अपू०), **избúть** (पू०) (भवि० изобью́, изобьешь) १. निर्दयतापूर्वक मारना ; बहुत पीटना ; и. ребенка बच्चे को बहुत पीटना ; २ नष्ट करना ।

избие́ние (नपु०) १. हत्याकाड ; २. (कानून-सम्बन्धी) फ़ौजदारी ; привле́чь к судý за и. फौजदारी के लिए मुकदमा चलाना ।

избира́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निर्वाचक/निर्वाचिका; **निर्वाचक-मंडल ; निर्वाचन-क्षेत्र ;**

–ный (वि०) निर्वाचन-सम्बन्धी ; निर्वाचन- ; –ный спи́сок निर्वाचन-सूची ; —ная исте́ма निर्वाचन-पद्धति ; —ный бюллете́нь त-पत्र, वोट ; —ное пра́во मताधिकार ; –ная у́рна मतपत्र-पेटिका, वोट डालने की टी ।

бира́ть (अपू०), **избра́ть** (पू०) (भवि० зберу́, изберешь) (प्रतिनिधि का) निर्वाचन रना ; चुनाव करना ।

би́ть दे० избива́ть

бра́н||ие (नपु ०) चुनाव ; निर्वाचन ; **—ник** पु ०), **—ница** (स्त्री०) निर्वाचित प्रतिनिधि ; ара́дный —ник जनता का निर्वाचित तिनिधि ।

бра́ть दे० избира́ть.

бу́шка (स्त्री०) изба́ का अल्प० ।

бы́т||ок (पु ०) १. अवशिष्ट ; फ़ालतू ; и. ле́ба फालतू अनाज ; २ अतिरेक ; बाहुल्य ; хлеб нас в —ке हमारे यहाँ अनाज का बाहुल्य है ; **—очный** (वि०) अतिरिक्त , फ़ालतू ।

вая́ние (नपु ०) (कलात्मक) मूर्ति ।

ваять दे० ваять

ве́дывать (अपू०), **изве́дать** (पू०) नुभव करना ; (अनुभव से) जानना ; изве́дать ча́стья आनन्द का अनुभव करना ।

верг (पु ०) क्रूर , दानव ।

верга́ть (अपू०), **изве́ргнуть** (पू०) ाहर फेक देना ; उलटी करना ; कै करना ; **—ся** (आत्म०) (ज्वालामुखी पहाड़ आदि का) फटना ।

верже́ние (नपु ०) निर्गम , नि:सृति ; फटना ।

ве́риться (आत्म० पू०) विश्वास खोना ; и. з свои́х си́лах अपनी शक्तियो मे विश्वास खोना ।

верну́ться दे० изворáчиваться.

вести́(сь) दे० изводи́ть(ся).

ве́сти||е (नपु ०) १. समाचार ; सूचना ; खबर ; после́дние —я नये समाचार, ताजी खबरे ; २. (केवल बहु०) कार्यवाही ; ३. आवधिक प्रकाशन ।

вести́ть दे० извеща́ть.

ве́стка (स्त्री०) (बुझाया हुआ) चूना ।

известко́в||ый (वि०) (बुझाये हुए) चूने का ; —ая вода́ चूने का पानी ।

изве́ст||но (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ и., что उसे विदित है कि , наско́лько мне и. जहाँ तक मुझे पता है ; **—ность** (स्त्री०) यश ; ख्याति ; дурна́я —ность अपयश, कुख्याति ; **—ный** (वि०) १ प्रसिद्ध ; प्रख्यात ; मशहूर ; —ный худо́жник प्रख्यात कलाकार ; он —ен под и́менем... वह...नाम से मशहूर है ; २. कुख्यात ; —ный лгун कुख्यात झूठा , ३. в —ных слу́чаях कुछ अवस्थाओ में ।

известня́к (पु ०) चूर्ण प्रस्तर ; चूने का पत्थर ।

и́звесть (स्त्री०) चूना ; гашеная и бу́мага हुआ चूना ।

извещ||а́ть (अपू०), **извести́ть** (पू०) (भवि० извещу́, извести́шь) (के विषय में) सूचित करना ; बताना , **—е́ние** (नपु ०) विज्ञापन ; (अदालत के) समन ; नोटिस ।

изви́в (पु ०) मोड़ ; и. реки́ नदी का मोड़ ।

извива́ться (आत्म० अपू०), **изви́ться** (आत्म० पू०) (भवि० изовью́сь, изовьешься) (सर्पवत्) गेडुरी बनाना ; कुडली मारना , बल खाना ; и. от бо́ли दर्द के मारे ऐठना ।

изви́ли||на (स्त्री०) (बल खाता हुआ) मोड़ ; —ны доро́ги सड़क के बल खाते हुए मोड़ ; **—стый** (वि०) घुमावदार ; —стые у́лицы घुमावदार गलियाँ ।

извин||е́ние (नपु ०) क्षमा , проси́ть —е́ния у кого́-л किसीसे क्षमा माँगना ; прошу́ —ения क्षमा कीजिए, क्षमा चाहता हूँ ; **—и́тельный** (वि०) क्षम्य ।

извиня́ть (अपू०), **извини́ть** (पू०) क्षमा करना ; э́то мо́жно извини́ть यह क्षम्य है, यह क्षमा किया जा सकता है ; извини́те ! क्षमा कीजिए !, क्षमा करना ! ; **—ся** (आत्म०) क्षमा माँगना ; извиня́юсь ! क्षमा चाहता हूँ ! ; извини́тесь за меня́ मेरी ओर से क्षमा माग लेना ।

изви́ться दे० извива́ться

извлека́ть (अपू०), **извле́чь** (पू०) (भवि० извлеку́, извлечешь) (-मे से) निकाल लेना ; (-से) प्राप्त करना ; и. вы́году लाभ उठाना ; извле́чь пу́лю (शरीर मे से) गोली बाहर निकाल लेना ; и. удово́льствие सन्तुष्ट होना ; □ и уро́к (из) (-से) सबक सीखना , и. по́льзу लाभ उठाना ।

извле́чение (नपु॰) निकास ; (बाहर) निकालने की क्रिया ; प्राप्ति ; и. ко́рня (गणित) मूल निकालना ।

извле́чь दे० извлека́ть.

извне́ (क्रि० वि०) बाहर से ।

изво́д (पु॰) **I.** अपव्यय , फिजूलखर्ची ; пусто́й и. де́нег धन का अपव्यय/फिजूलखर्ची ; **II.** (भाषा-विज्ञान) पुनःसस्करण ।

изводи́ть (अपू०), **извести́** (पू०) (वर्त० извожу́, изво́дишь ; भवि० изведу́, изведешь) १. खर्च कर डालना , प्रयोग मे ले आना , २. थका देना ; परेशान/तग करना , पीडा देना ; и. себя́ рабо́тои अपने आप पर काम लाद लेना ; и. насме́шками हँसी उड़ाकर परेशान कर देना ; **—ся(сь)** (आत्म०) १ परेशान होना ; तग होना , थक जाना ; २. изводи́ть का कर्मवाच्य ।

изво́з (पु॰) (घोड़ो द्वारा) ढुलाई का व्यवसाय ; वाहन-व्यवसाय ।

изво́зчик (पु॰) १. ठेलेवाला ; रेड़ीवाला ; ढुलाई का व्यवसाय करनेवाला ; २. टैक्सीवाला ।

изво́л||ить (अपू०) १. कृपा करना ; вы затеря́ли ключ, тепе́рь —ьте найти́ ! आपने ताली खोयी है, अब कृपा करके उसे ढूँढिए ; —ьте вы́йти ! कृपा करके बाहर चले जाइए ; २. (बड़े अफसर आदि का) प्रसन्न हो जाना ।

изворáчиваться (आत्म० अपू०), **изверну́ться** (आत्म० पू०) १. चक्कर देना ; चकमा देना ; его́ схвати́ли, но он ло́вко извернýлся и убежа́л उसको पकड़ लिया गया, परन्तु उसने खूब चकमा दिया और भाग गया ।

изворо́тлив||ость (स्त्री०) उपाय-कौशल ; **—ый** (वि०) उपायकुशल ।

извращ||а́ть (अपू०), **изврати́ть** (पू०) (भवि० извращу́, изврати́шь) (किसी बात को) विकृत रूप देना , तोड-मरोड करना ; गलत अर्थ लगाना , и. чьи-л. слова́ किसीके शब्दो का गलत अर्थ लगाना ; **—е́ние** (नपु०) गलत अर्थ निकालना ; दोष ; विकार ; **—ённость** (स्त्री०) १. गलत अर्थ निकालने का भाव ; २ अप्राकृतिक रुचि/प्रवृत्ति ; ३. काम-विकार ; व्यभिचारिता ; **—ённый** (वि०) विकृत ।

изга́живать (अपू०), **изга́дить** (पू०) (भवि० изга́жу, изга́дишь) खराब करना ; गन्दा करना ; коро́ва изга́дила весь двор गाय ने सारा सहन गन्दा कर दिया ।

изги́б (पु॰) नति ; झुकाव ; मोड़ ।

изгиба́ть (अपू०), **изгибну́ть** (पू०) झुकाना ; मोड़ना ; टेढा करना , **—ся** (आत्म०) झुकना , टेढा होना ।

изгла́живать (अपू०), **изгла́дить** (पू०) (भवि० изгла́жу, изгла́дишь) मिटाना ; и. из па́мяти बिल्कुल भुला देना ; **—ся** (आत्म०) मिट जाना ।

изгна́н||ие (नपु॰) देशनिकाला ; निर्वासन ; निष्कासन ; (समाज या सभा की सदस्यता से) बहिष्कार ; **—ник** (पु॰), **—ница** (स्त्री०) निर्वासित / निर्वासिता ।

изгна́ть दे० изгоня́ть.

изголо́вье (नपु॰) (पलँग का) सिरहाना ; —м ему́ служи́ла оха́пка соло́мы घास-फूस के गट्ठर ने उसके सिरहाने का काम दिया ।

изголода́||ться (आत्म० पू०) भूखो मरना ; (-के लिए) तड़पना ; он —лся по хоро́шей му́зыке वह अच्छे सगीत के लिए तड़प रहा था ।

изгоня́ть (अपू०), **изгна́ть** (पू०) (भवि० изгоню́, изго́нишь) भगा देना ; निर्वासित करना ; देशनिकाला देना ; बहिष्कार करना ; и. из употребле́ния प्रयोग वर्जित करना/निषिद्ध करना ।

и́згородь (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ; жива́я и. झाड़ियों की बाड़ ।

изгота́вливать (अपू०), **изгото́вить** (पू०) (भवि० изгото́влю, изгото́вишь) वस्तु-निर्माण करना ; तैयार करना , बनाना ।

изготовля́ть = изгота́вливать.

изгрыза́ть (अपू०), **изгры́зть** (पू०) कुतरना ; दाँतो से काटना ।

издава́ть (अपू०), **изда́ть** (पू०) (वर्त० издаю́, издаешь , भवि० изда́м, изда́шь) १ प्रकाशित करना ; (कानून की) घोषणा करना ; जारी करना ; प्रख्यापित करना , и. прика́з आदेश देना, हुक्म जारी करना , २. (शब्द) उच्चार करना , ३ (गन्ध) देना ।

и́здавна (क्रि० वि०) चिरकाल से ; प्राचीन काल से ।

издалека́, и́здали (क्रि० वि०) दूर से ; बहुत दूर से ।

изда́||ние (नपु ०) १. प्रकाशन , प्रख्यापन , (कानून का) जारी होना ; २ (पुस्तक आदि का) सस्करण ; **—тель** (पु ०), **—тельница** (स्त्री०) प्रकाशक ; **—тельский** (वि०) प्रकाशन-सम्बन्धी ; —тельская фи́рма प्रकाशन-गृह ; प्रकाशन-सस्था ; —тельское де́ло प्रकाशन-कार्य ; **—тельство** (नपु ०) प्रकाशन-गृह ; госуда́рственное —тельство सरकारी प्रकाशन-गृह ।

изда́ть दे० издава́ть.

издева́тель||ский (वि०) हँसी उडानेवाला , विडम्बनात्मक , —ское отноше́ние हँसी उड़ाने-वाला/विडम्बनात्मक व्यवहार , **—ство** (नपु ०) विडम्बना ; उपहास ; हँसी ; मखौल ।

издева́ться (आत्म० अपू०) हँसी उडाना ; मखौल करना ; ठट्ठा करना ।

издёвка (स्त्री०) हँसी , ठट्ठा ; विडम्बना ; उपहास ।

издéл||ие (नपु ०) १ वस्तुनिर्माण-कार्य , २. (फैक्टरी मे) निर्मित वस्तु ; तैयार माल/चीज़ ; куста́рные —ия कुटीर-उद्योग द्वारा निर्मित वस्तुएँ/माल , दस्तकारी की चीजें ; гли́няные —ия मिट्टी की चीज़े ।

издёргивать (अपू०), **издёргать** (पू०) १ खीचकर टुकडे-टुकडे कर देना ; २ तग करना ; परेशान करना ; ३. सामर्थ्य से अधिक काम देना ; **—ся** (आत्म०) १ सामर्थ्य से अधिक काम करना ; २ издёргивать का कर्म-वाच्य ।

издéрживать (अपू०), **издержа́ть** (पू०) खर्च करना , **—ся** (आत्म०) सब-कुछ खर्च कर डालना ।

издéржки (बहु०) खर्च ; व्यय ।

издóхнуть दे० издыха́ть.

и́здре́вле (क्रि० वि०) प्राचीन काल से ।

издыха́н||ие (नपु ०) до последнего —ия आखिरी साँस तक, अन्तिम श्वास तक ।

издыха́ть (अपू०), **издохну́ть** (पू०) मर जाना ।

изжева́ть (पू०) (—жую) (चबाकर) टुकड़े-टुकड़े कर डालना ; सारा चबा डालना ।

и́зжелта (क्रि० वि०) ईषत् पीत ; कुछ पीला ; पीली झलकवाला ।

изжива́ть (अपू०), **изжи́ть** (पू०) (भवि० изживу́, изживешь) पीछा छुडाना , (धीरे-धीरे) क़ाबू पा लेना ।

изжо́га (स्त्री०) (आसनली में) जलन ।

из-за (अ०) १. पीछे से ; и. до́ма घर के पीछे से ; २. (-के) कारण ; के मारे ; कारण से ; и. него́ उसके कारण , и. ле́ни आलस्य के कारण/आलस्य के मारे ।

изза́бнуть (पू०) (ठड के मारे) सुन्न हो जाना ; अकड़ जाना ।

излага́ть (अपू०), **изложи́ть** (पू०) सामने रखना ; विवरण देना ; बयान करना ; и. на бумаге लिखा-पढ़ी करना , लिखना ।

излáмывать (अपू०), **изломáть** (पू०) (कई जगह से) तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (कई जगह से) टूटना ; २. (केवल पू०) (हद से ज्यादा) बनना ; ज़ाहिरदारी करना ।

изле́ниваться (आत्म० अपू०), **изленúть-ся** (आत्म० पू०) बहुत ही आलसी हो जाना/सुस्त हो जाना।

излёт (पु०) पुंज्या ना —e चली हुई गोली।

излече́н||ие (नपु०) १. स्वास्थ्य-लाभ; आराम; आरोग्य-प्राप्ति; २. चिकित्सा; इलाज; на —ии इलाज होना।

излéч||ивать (अपू०), **излечúть** (पू०) चिकित्सा करना; इलाज करना, **—и́мый** (वि०) चिकित्सा-साध्य (जिसका इलाज हो सके)।

излива́ть (अपू०), **излúть** (भवि० изолью́, изольешь) (मे से) उँडेलना; (मनोभाव) व्यक्त करना; и. ду́шу हृदय खोलकर रख देना, मन हल्का करना; **—ся** (आत्म०) १. बहना; २. अभिव्यक्त होना; अपने मनोभाव प्रकट करना।

излúш||ек (पु०) अतिरेक; बाहुल्य, **—ество** (नपु०) १ अत्यासक्ति, २ अतिशयता, अधिकता; बाहुल्य।

излúшне (क्रि० वि०) १ वृथा; अनावश्यक रूप से; २ (कर्तृ-निरपेक्ष) यह वृथा है/फिजूल है।

излия́ние (नपु०) बहने का कार्य; बहाव।

изловúть (पू०) (изловлю́, излóвишь) पकड लेना, и вóра चोर को पकड लेना।

изловч||áться (आत्म० अपू०), **изловчúться** (पू०) अवसर ढूँढना; काम बना लेना; प्रबन्ध कर लेना, —и́лся и уда́рил его́ в гру́дь अवसर मिलते ही उसने उसकी छाती पर प्रहार किया; я тебé трúдцать рублéй изловчу́сь вы́слать मैं तेरे लिए २० रूबल भेजने का प्रबन्ध कर दूँगा।

изложéние (नपु०) विवरण, वक्तव्य; крáткое и сжúтое изложéние संक्षिप्त विवरण।

излóм (पु०) हड्डी का टूटना; अस्थि-भ्रंश।

изломáть दे० излáмывать.

излуч||áть (अपू०), **излучúть** (पू०) किरण फेकना; **—éние** (नपु०) विकिरण; किरणें फेकने की क्रिया।

излу́чина (स्त्री०) मोड; рекá в э́том мéсте делáет нескóлько излу́чин नदी यहाँ कई मोड खाती है।

излучúться दे० излучáться.

излю́бленный (वि०) कृपा-पात्र; स्नेह-भाजन

измáзывать (अपू०), **измáзать** (पू० (भवि० измáжу, измáжешь) १. पोतना; धब्बे लगाना; गन्दा करना २. (पोतकर) सारा प्रयोग कर ले आना; измáзать всю мазь सारी मरहम लग देना; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना मलिन करना।

измáрывать (अपू०), **измарáть** (पू० गन्दा करना; मलिन करना, **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना।

измáтывать (अपू०), **измотáть** (पू० (बिल्कुल) थका देना; अशक्त करना; परिश्रान्त करना; **—ся** (आत्म०) थक जाना; (परिश्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना।

измáя||ться (आत्म० पू०) अत्यन्त परिश्रान्त होना; थक जाना; (श्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना; он совсéм —лся वह एकदम परिश्रान्त हो गया, वह बिल्कुल निःशक्त हो गया है।

измельчáние (नपु०) १ छिछला/कम गहरा होना, २ (नैतिक) पतन।

измельчáть -I (अपू०), **измельчúть** बुकनी करना; चूर्ण करना, टुकड़े-टुकडे करना पीसना।

измельчá||ть -II (पू०) १. छोटा होना २. छिछला या कम गहरा होना; óзеро —ло झील कम गहरी हो गयी है।

измельчúть दे० измельчáть -I.

измéна (स्त्री०) १ देशद्रोह; राजद्रोह; २. विश्वासघात; बेवफाई।

измен||éние (नपु०) परिवर्तन; вноси́ть и. परिवर्तन करना; **—и́ть** दे० изменя́ть.

измéнни||к (पु०), **—ца** (स्त्री०) १. देशद्रोही/देशद्रोहिणी, २. विश्वासघाती/विश्वासघातिनी; बेवफा; **—ческий** (वि०) विश्वासघाती; धोखेबाज।

измéнчив||ый (वि०) परिवर्तनशील; अस्थिर; धोखेबाज; —ая погóда परिवर्तनशील मौसम।

изменя́емый (वि०) परिवर्तनीय ; चल ; अस्थिर ।

измени́ть (अपू०), **измени́ть** (पू०) I. परिवर्तन करना ; बदलना , सशोधन करना ; и. законопроéкт билл के मसौदे मे सशोधन करना , II. विश्वासघात करना; बेवफाई करना ; धोखा देना ; □ пáмять емý изменя́ет उसकी स्मरण-शक्ति उसे धोखा देती है ; **—ся** (आत्म०) १. परिवर्तन होना ; बदलना ; измени́ться к лýчшему बेहतरी के लिए बदलना , २ बेवफाई करना ; विश्वासघात करना ; ३ измени́ть-I का कर्मवाच्य ।

измер||éние (नपु०) १ मापने का कार्य , २. सर्वेक्षण ; ३ माप ; и. углóв कोणो का माप ; **—и́мый** (वि०) मापने-योग्य , मापनीय ; **—и́тель** (पु०) १. मापी ; मापने का यन्त्र ; २. (अर्थ०) निर्देशिका ; इडैक्स ।

измеря́ть (अपू०), **изме́рить** (पू०) मापना ; и. глубúну гहराई मापना ।

измождённый (वि०) अत्यन्त परिश्रान्त ; बहुत थका हुआ , и вид थकी हुई सूरत ।

измока́ть (अपू०), **измóкнуть** (पू०) भीगना , गीला होना , सराबोर होना ।

измóр (पु०) (भूखो मारकर विवश करके) लेना ; (बहुत कष्ट देकर) लेना ; городá берýт —ом लोगो को भूखो मारकर नगरो पर अधिकार किया जाता है ।

и́морозь (स्त्री०) (केवल एकवचन) तुषार ; पाला ।

и́морось (स्त्री०) (केवल एकवचन) फुहार ; बूँदा-बाँदी ।

измота́ть दे० измáтывать.

измоча́ливать (अपू०), **измоча́лить** (पू०) १. (कपड़े को) तार-तार कर देना ; २. बहुत तग करना ; такáя жизнь измоча́ла егó ऐसे जीवन से वह तग आ गया है ; **—ся** (आत्म०) तार-तार हो जाना ; टुकडे-टुकडे हो जाना ।

измýчивать (अपू०), **измучи́ть** (पू०) परिश्रान्त करना ; बहुत थका देना ; तग करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत थक जाना ; (बहुत) तंग होना ।

измываться = издева́ться.

измы́згивать (अपू०), **измы́згать** (पू०) (कीचड़ आदि से) बिल्कुल गन्दा कर डालना/मलिन कर देना ।

измы́ливать (अपू०), **измы́лить** (पू०) (सारा साबुन) लगा देना/इस्तेमाल कर लेना ।

измы́||слить दे० измышля́ть, **—шле́ние** (नपु०) उपाय सोचने या बात गढने की क्रिया ; **—шля́ть** (अपू०), **измы́слить** (पू०) (भवि० измы́шлю या измы́слю, измы́слишь) उपाय सोचना ; (बात) गढना ।

изм|я́ть (पू०) (भवि० изомнý, изомнешь) (कपडो मे, कागज मे) बल डालना ; शिकन डालना, मुड़ी-मुड़ी करना , **—ся** (आत्म०) बल पडना ; शिकन पडना ।

изна́нк||а (स्त्री०) उलटी ओर . вывернуть на —у उलटाना ।

изнаси́лование (नपु०) बलात्कार ।

изнаси́ловать दे० насúловать.

изнача́льный = иско́нный.

изна́шивание (नपु०) (प्रयोग मे लाकर) घिसा देने की क्रिया , и. оборýдования प्रयोग से यन्त्र आदि का घिस जाना ।

изна́шивать (अपू०), **износи́ть** (पू०) (भवि० изношý, изно́сишь) (कपडा, जूता आदि) पहनकर घिसा देना ; **—ся** (आत्म०) (कपड़े आदि का) पहनते-पहनते घिस जाना ।

изне́женн||ость (स्त्री०) १. कोमल स्वभाव ; नजाकत ; आरामतलबी ; २. स्त्रैणता ; (पुरुष मे) स्त्री-स्वभाव ; **—ый** (वि०) १. कोमल स्वभाव का ; नाजुक , आरामतलब ; २. स्त्रैण (पुरुष) ।

изне́живать (अपू०), **изне́жить** (पू०) लाड करना , नाजुक बनाना ; आरामतलब बनाना ; изне́жить ребенка बच्चे को नाजुक बनाना ; изне́жить кóжу चमडी को नाजुक बनाना ; **—ся** (आत्म०) नाजुक बनना , आरामतलब बनना

изнемо‖га́ть (अपू०), **изнемо́чь** (पू०) (भवि० изнемогу́, изнемо́жешь) नि.शक्त हो जाना, परिश्रान्त होना, он —га́ет от уста́лости वह बहुत थक गया है, उसे बेहद थकावट है, **—же́ние** (नपु०) नि शक्तता, परिश्रान्ति, थकावट, быть в —же́нии बिल्कुल थक जाना, परिश्रान्त हो जाना।

изно́‖с (पु०) (प्रयोग से) घिसावट; э́тому пальто́ нет —а यह कोट खूब चलेगा, यह कोट जल्दी नही फटेगा।

износи́ть दे० изна́шивать.

изнуре́ни‖е (नपु०), **изнурённость** (स्त्री०) नि शक्तता, थकावट, дойти́ до —я बहुत थक जाना।

изнуря́ть (अपू०), **изнури́ть** (पू०) शक्ति क्षीण कर देना, थका देना, सामर्थ्य से अधिक काम कराना, **—ся** (आत्म०) शक्ति क्षीण हो जाना; थक जाना, सामर्थ्य से अधिक काम करना।

изнутри́ (क्रि० वि०) भीतर से; дверь за́перта и. द्वार भीतर से बन्द है।

изнывать (अपू०), **изны́ть** (पू०) (भवि० изно́ю, изно́ешь) (दुःख या शोक के कारण) तडपना, व्याकुल होना; निढाल हो जाना, и от тоски́ по до́му घर जाने के लिए तडपना; и от жары́ गर्मी के कारण निढाल होना; и от жа́жды प्यास के कारण निढाल होना।

изо दे० из; изо всех сил पूरे ज़ोर से।

изоба́ра (पु०) (भौ०) समदबाव रेखा।

изоби́л‖ие (नपु०) बाहुल्य; आधिक्य; बहुतायत; в —ии बाहुल्य से; बहुतायत से; **—овать** (अपू०) (—лую) बहुतायत मे होना; се́вер —ует леса́ми उत्तर जगलो से भरा पड़ा है।

изоби́льный (वि०) बहुतायत का; अधिक।

изоблич‖а́ть (अपू०), **изобличи́ть** (पू०) १. भेद खोलना; उघाडना, (सच्चे रूप मे) प्रकट करना; भांडा फोडना; पर्दा फाश करना; —и́ть врага́ शत्रु का भांडा फोड़ना, शत्रु का पर्दा फाश करना; २. अपराधी ठहराना; दड देना; ३. (केवल अपू०) प्रकट करना; ज़ाहिर करना; все —а́ло в нем охо́тника उसकी सब बाते उसे शिकारी ज़ाहिर करती हैं; **—е́ние** (नपु०) भेद खोलने की क्रिया; अपराधी घोषित करने की क्रिया; **—и́тельный** (वि०) भेद खोलनेवाला; अपराध सिद्ध करनेवाला; —и́тельные доку́менты भेद खोलनेवाले प्रलेख, अपराध सिद्ध करनेवाले प्रलेख।

изобража́ть (अपू०), **изрази́ть** (पू०) (भवि० изображу́, изрази́шь) निरूपण करना; चित्रित करना, अभिव्यक्त करना, नकल करना, **—ся** (आत्म०) प्रकट होना, दिखायी पड़ना, चित्रित होना।

изобра‖же́ние (नपु०) १. चित्रण, निरूपण; २. चित्र, मूर्ति, प्रतिबिम्ब, и. в зе́ркале दर्पण मे प्रतिबिम्ब, **—зи́тельный** (वि०) सालकार; अलकारमय; □ —зи́тельные иску́сства अनुकरणात्मक कलाएँ (चित्रकारी, मूर्तिकला, स्थापत्य, आलेखन-कला)।

изобре‖сти́ दे० изобрета́ть; **—та́тель** (पु०), **—та́тельница** (स्त्री०) आविष्कर्ता/आविष्कर्त्री; **—та́тельность** (स्त्री०) आविष्कार-शक्ति, никто́ не жда́л от него́ тако́й —та́тельности उससे इस आविष्कार की किसीको आशा नही थी, **—та́тельный** (वि०) आविष्कार-कुशल; —та́тельный челове́к आविष्कार-कुशल व्यक्ति; **—та́тельский** (वि०) आविष्कर्ता का, —та́тельское бю́ро आविष्कार-ब्यूरो; **—та́тельство** (नपु०) आविष्कार-कार्य।

изобре‖та́ть (अपू०), **изобрести́** (पू०) (भवि० изобрету́, изобретешь) आविष्कार करना; **—те́ние** (नपु०) आविष्कार।

изо́гнутый (कृदन्त और वि०) झुका हुआ; मुड़ा हुआ; टेढा।

изогну́ть(ся) दे० изгиба́ть(ся).

изодра́ть (पू०) (भवि० издеру́, издерешь) फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना; **—ся** (आत्म०)

फट जाना ; फटकर तार-तार हो जाना ।

изойти́ दे० исходи́ть.

изолга́ться (आत्म० पू०) (भवि० изолгу́сь, изолжешься) झूठ बोलने में पक्का हो जाना ।

изолиро́ванный (कृदन्त और वि०) (भौ०) पृथक्कृत , पृथक् किया हुआ ।

изоли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (भौ०) पृथक् करना ; अलग करना ।

изоля́тор (पु ०) १. (भौ०) पृथक्कारी (अंग्रेजी–इन्सुलेटर) ; २. (कैद मे) एकान्तवास ; (अस्पताल मे) पृथक् वार्ड ।

изоля́ция (स्त्री०) पृथकत्व ।

изорва́ть दे० изрыва́ть

изощ||ре́ние (नपु ०) परिष्कार ; परिमार्जन ; विकास ; सस्कार ; —ре́ния хи́трости धूर्तता ।

изощря́ть (अपू०), **изощри́ть** (पू०) परिष्कार/परिमार्जन करना , सस्कार करना ; विकसित करना ; и. ум मन की शक्तियो का विकास करना ; и. па́мять स्मरण-शक्ति का विकास करना **—ся** (आत्म०) परिमार्जित होना ; विकसित होना ।

из-под (अ०) नीचे से , и. стола́ मेज के नीचे से ।

израз||е́ц (पु ०) टाइल ; **—цо́вый** (वि०) टाइल का ।

изра́нить (पू०) (बहुत) घायल करना ।

израсхо́довать दे० расхо́довать.

израсхо́дов||аться (आत्म० पू०) (सारा धन) खर्च कर डालना/खर्च कर चुकना , он совсе́м —ался वह अपना सारा धन खर्च कर चुका है ।

и́зредка (क्रि० वि०) कभी-कभी , समय-समय पर ।

изре́зывать (अपू०), **изре́зать** (पू०) (भवि० изре́жу, изре́жешь) काट डालना ; и. бума́гу на клочки́ कागज काटकर टुकडे-टुकड़े कर देना ।

изрека́ть (अपू०), **изре́чь** (पू०) (भवि० изреку́, изречешь) (रोब से) बोलना , गम्भीरता से बोलना ।

изрече́ние (नपु ०) १. सूत्र ; २. कहावत ।

изре́чь दे० изрека́ть.

изреше́чивать (अपू०), **изрешети́ть** (पू०) (भवि० изрешечу́, изрешети́шь) छलनी बना देना ; (गोलियो से) छलनी करना ।

изрисо́вывать (अपू०), **изрисова́ть** (पू०) (भवि० —сую́) १. (पेंसिल, कागज आदि प्रयोग करते-करते) समाप्त कर देना ; २. चित्रो से भर देना ।

изруби́ть (पू०) (भवि० изрублю́, изру́бишь) (कुल्हाड़े आदि से) काट डालना ।

изрыва́ть -I (अपू०), **изорва́ть** (पू०) (भवि० изорву́, изорвешь) फाड डालना ; फाडकर टुकड़े-टुकडे कर देना ; с доса́дой он изорва́л письмо́ उसने खिन्न होकर पत्र फाड दिया ।

изрыва́ть -II (अपू०), **изры́ть** (पू०) (भवि० изро́ю, изро́ешь) खोद डालना ; गड्ढे कर देना; изры́тый о́спой चेचक के दागोवाला ।

изрыга́ть (अपू०), **изрыгну́ть** (पू०) कै करना ; उलटी करना ।

изры́ть दे० изрыва́ть-II

изря́д||но (क्रि० वि०) काफी अच्छी तरह ; खूब ; вы́пить и. खूब पीना ; **—ный** (वि०) बढिया , काफी अच्छा ; खासा ; —ное расстоя́ние काफी फासला ; пальто́ —ное ओवरकोट काफी अच्छा है ।

изуве́р (पु ०) धर्मान्ध , धर्मोन्मादी व्यक्ति ; कट्टर व्यक्ति ; **—ский** (वि०) धर्मान्ध ; धर्मोन्मादी ; कट्टर , **—ство** (नपु ०) धर्मान्धता ; धर्मोन्माद ; कट्टरपन ।

изуве́ч||ивать (अपू०), **изуве́чить** (पू०) अपाहिज करना ; लँगडा-लूला करना , муж в сраженьях —ен पति लडाई मे अपाहिज हो गया है ; **—иваться** (आत्म०) अपाहिज होना ; लँगडा-लूला होना ।

изукра́шивать (अपू०), **изукра́сить** (पू०) (भवि० изукра́шу, изукра́сишь) १. खूब सजाना ; २. (धब्बो आदि से) मलिन करना ।

изуми́тельн||о (क्रि० वि०) विस्मय से ; आश्चर्य से ; **—ый** (वि०) विस्मयजनक ; आश्चर्यजनक ।

изум||и́ть(ся) दे० изумля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) विस्मय ; आश्चर्य ; **—ля́ть** (अपू०), **изуми́ть** (पू०) (भवि० изумлю́, изу́мишь) विस्मित करना ; **—ля́ться** (आत्म० अपू०), **изуми́ться** (आत्म० पू०) विस्मित होना ; चकित होना ।

изумру́д (पुं०) मरकत ; पन्ना ।

изуро́довать दे० уро́довать

изуч||а́ть (अपू०), **изучи́ть** (पू०) १ पढना; अध्ययन करना ; (किसी कला मे) पारगत होना ; पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना ; २. (केवल पू०) सीखना ; अच्छी तरह से जान लेना/पहचान लेना ; он —и́л его́ वह उसे अच्छी तरह से जान गया है/पहचान गया है ; **—е́ние** (नपु०) अध्ययन ।

изъеда́ть (अपू०), **изъе́сть** (पू०) (भवि० изъе́м, изъе́шь) १. (दाँतो से काटकर) खराब कर देना ; नष्ट कर देना , मोल изъе́ла мех पोस्तीन को कीडा लग गया ; २. (मोरचा, जग आदि लगकर) खराब हो जाना ।

изъе́здить (पू०) (भवि० изъе́жу, изъе́здишь) (बहुत) यात्रा कर आना ; и весь свет समस्त ससार मे घूम आना, ससार भर की यात्रा कर आना ।

изъе́сть दे० изъеда́ть

изъяви́тельн||ый (वि०) , —ое накло-не́ние (व्या०) स्वार्थसूचक विधिलिंग ।

изъяв||и́ть दे० изъявля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) अभिव्यक्ति , —ле́ние согла́сия सहमति की अभिव्यक्ति ; **—ля́ть** (अपू०), **изъяви́ть** (पू०) (भवि० изъявлю́, изъя́вишь) अभिव्यक्त करना ; प्रकट करना ; —ля́ть согла́сие सहमति प्रकट करना ।

изъязви́ть दे० изъязвля́ть.

изъязвл||е́ние (नपुं०) फोडे निकलना ; **—я́ть** (अपू०), **изъязви́ть** (पू०) (भवि० изъязвлю́, изъязви́шь) फोड़े निकलना ।

изъя́н (पुं०) १. दोष ; नुक्स ; с —ом सदोष ; नुक्सदार ; २. कमी ; खामी ; у э́того челове́ка мно́го изъя́нов इस आदमी में बहुत खामियाँ हैं ।

изъя́||тие (नपुं०) १ (प्रयोग से) हटा लेना ; (सिक्का आदि चलने से) वापस ले लेना ; и. из обраще́ния (моне́ты) (सिक्के को चलने से) वापस लेना ; २. अपवाद ; без —тия बिना अपवाद के ; в и из пра́вил नियमो के अपवाद-रूप में ।

изыма́ть (अपू०), **изъя́ть** (पू०) (भवि० изыму́, изы́мешь) (प्रयोग से) हटा देना ; (सिक्का आदि चलने से) वापस लेना ; छूट देना ; и в по́льзу госуда́рства जब्त कर लेना ।

изыска́ние (नपुं०) (निरन्तर प्रयास से) खोज ; ढूँढ ।

изы́сканн||ость (स्त्री०) (आचार-व्यवहार की) शुद्धता ; शिष्टता , परिष्कृति , **—ый** (वि०) १. изыска́ть से कृदन्त ; २. सुसंस्कृत ; —ые мане́ры सुसंस्कृत आचार ; —ое блю́до स्वादिष्ट भोजन ।

изы́скивать (अपू०), **изыска́ть** (पू०) (भवि० изы́щу́, изы́щешь) (निरन्तर प्रयास से) खोज करना ; ढूँढ करना ; (केवल अपू०) पता लगाने की कोशिश करना ।

изю́м (पुं०) (केवल एकवचन) दाख ; किशमिश ; मुनक्का ; **—ина** (स्त्री०) दाख ; **—инка** (स्त्री०) изю́м का अल्प० ।

изя́щ||ество (नपुं०) लालित्य ; सुकुमारता ; सौष्ठव ; सस्कारिता ; **—ный** (वि०) ललित ; सुष्ठु ; सुसंस्कृत ; —ные иссу́ства ललित कलाएँ ; —ная литерату́ра ललित साहित्य ।

ика́ть (अपू०), **икну́ть** (पू०) हिचकी लेना ।

ико́н||а (स्त्री०) (मसीह की) मूर्ति ; प्रतिमा ; **—обо́рец** (पुं०) मूर्तिपूजा का विरोधी ; **—обо́рчество** (नपुं०) मूर्तिपूजा-विरोध ।

икоса́эдр (पुं०) (गणित) बीसभुजी ठोस आकृति ।

ико́та (स्त्री०) हिचकी ।

икра́ (स्त्री०) **I.** इकरा (मछलियो के अडे) ; (अग्रेजी—कावियार) ; **II.** पिडली ।

икромета́ние (नपुं०) (मेंढको, मछलियों के) अडे देने की क्रिया , मछलियो के अडे देने का समय ।

икс-лучи́ (बहु०) ऐक्स-रे ।

ил (पु॰) (नदी या झील के तल पर बैठी) गाद ; कीचड ।

или (अ॰) या , अथवा ।

и́листый (वि॰) गादवाला ; कीचडवाला ।

иллю́з||ия (स्त्री॰) भ्रान्ति , माया ; создава́ть —ии भ्रान्ति उत्पन्न करना ; прекра́сная и. सुन्दर स्वप्न ; **—о́рный** (वि॰) भ्रान्तिजनक ; मायिक ।

иллюмина́тор (पु॰) प्रदीप्तिकर ; प्रदीप्त करनेवाला ; (पोत का) वातायन ; पोत-प्रकाश ।

иллюмина́ция (स्त्री॰) प्रदीप्ति ; रोशनी ; जगमगाहट ।

иллюмини́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) प्रदीप्ति करना ; रोशनी करना ।

иллюстр||ати́вный (वि॰) दृष्टान्तमूलक ; и матери́ал दृष्टान्तमूलक सामग्री ; **—а́тор** (पु॰) दृष्टान्त या चित्र द्वारा व्याख्या करनेवाला ; **—а́ция** (स्त्री॰) दृष्टान्त ; उदाहरण ; **—и́ро́ванный** (वि॰) सोदाहरण ; सचित्र ; —и́ро́ванный журна́л सचित्र पत्रिका ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) दृष्टान्त देना ; सचित्र करना ।

ило́т (पु॰) प्राचीन स्पार्टा का दास ।

и́лька (स्त्री॰) १. गन्धमार्जार (अमरीका देश की एक प्रकार की बिल्ली) , २. गन्धमार्जार की पोस्तीन ।

ильм (पु॰) एलम (एक वृक्ष) ।

има́м (पुं॰) इमाम (मुसलमान पुरोहित) ।

имби́рный (वि॰) अदरक का ।

имби́рь (पुं॰) (वन॰) अदरक ।

име́ние (नपु॰) भू-सम्पत्ति ; आस्ति ।

именин||ник (पुं॰), **—ница** (स्त्री॰) जिसका नामदिवस हो ; сего́дня он —ник आज उसका नामदिवस है ; □ выглядеть —ником प्रसन्न दिखायी पडना ; **—ный** (वि॰) नामदिवस का ; **—ы** (बहु॰) नामदिवस ।

именительный (वि॰) и. паде́ж (व्या॰) कर्ताकारक ।

именитый (वि॰) यशस्वी ; विख्यात ; नामवर ।

и́менно (क्रि॰ वि॰) १. अर्थात् ; २ ठीक वही ; ठीक-ठीक ; и. э́тот слу́чай ठीक यही अवसर ; вот и. э́то он и говори́л ठीक यही तो उसने कहा था ; □ вот и ! बिल्कुल सही !

именн||о́й (वि॰) नाम-सम्बन्धी ; и спи́сок नामों की सूची ; —о́е кольцо́ अँगूठी जिस पर नाम खुदा हो ।

именова́ть (अपू॰), **на—** (पू॰) (वर्त॰ —ну́ю) नाम देना/रखना ; **—ся** (आत्म॰) नाम दिया जाना ।

име́||ть (पू॰) १ रखना ; и. в виду́ ध्यान में रखना ; и успе́х सफलता प्राप्त करना ; **—ться** (आत्म॰) होना ; у них —ются но́вые кни́ги उनके पास नयी पुस्तकें हैं ; —ться нали́цо उपलब्ध होना ; २. मिलना ; е́сли таковы́е кни́ги —ются यदि ऐसी पुस्तकें मिलती हों ।

имит||а́тор (पु॰), **—а́торша** (स्त्री॰) अनुकर्ता / अनुकर्त्री ; नकल करनेवाला / वाली ; **—а́ция** (स्त्री॰) अनुकरण ; नकल ; **—и́ровать** (अपू॰), (—рую) अनुकरण करना ; नकल करना ।

иммане́нтн||ый (वि॰) अभ्यन्तर ; अन्तर्हित ; अन्तर्व्यापक , हकीकी ; —ые причи́ны अन्तर्भूत कारण ।

иммигр||а́нт (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) आवासी ; **—а́ция** (स्त्री॰) आवास ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) आवास करना ।

иммун||иза́ция (स्त्री॰) (रोग से) प्रतिरक्षण ; **—изи́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) (रोग से) प्रतिरक्षा करना ।

иммуните́т (पुं॰) (रोग से) प्रतिरक्षा ।

императи́вный (वि॰) आज्ञासूचक ।

импера́т||ор (पुं॰) सम्राट ; **—орский** (वि॰) सम्राट का ; शाही ; **—ри́ца** (स्त्री॰) सम्राज्ञी ।

империа́л (पु॰) इम्पीरियल (एक सिक्का) ।

империал||и́зм (पु॰) साम्राज्यवाद ; **—и́ст** (पु॰) साम्राज्यवादी ; **—исти́ческий, —и́стский** (वि॰) १. साम्राज्यवाद-सम्बन्धी ; २. साम्राज्यवादी ।

импе́рия (स्त्री॰) साम्राज्य ।

импоза́нтный (वि०) भव्य ; रोबदार ; शानदार ।

импони́ровать (अपू०) आदर-भाव जागृत करना ।

и́мпорт (पुं०) आयात ; **—ёр** (पुं०) आयात-कर्त्ता ; दिसावर से माल लानेवाला ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) आयात करना ; दिसावर से माल लाना ।

импоте́н||т (पुं०) नपुंसक , नामर्द ; **—ция** (स्त्री०) नपुंसकता ; नामर्दी ।

импресса́рио (पुं०) खेल-तमाशो का पेशेवर प्रबन्धकर्त्ता ।

импровиз||а́тор (पुं०) आशुरचयिता ; सद्यः-स्फूर्त वक्ता, बिना तैयारी के रचना करनेवाला/बोलने-वाला ; **—а́ция** (स्त्री०) आशुरचना ; बिना तैयारी के रचना/भाषण ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) आशुरचना करना ; सद्य स्फूर्त भाषण देना ; बिना तैयारी के भाषण देना ।

и́мпульс (पु०) आवेग ; मनोवेग ।

иму́ществен||ный (वि०) सम्पत्ति-सम्बन्धी ; и. ценз साम्पत्तिक योग्यता ; —ные отно-ше́ния साम्पत्तिक सम्बन्ध ।

иму́щество (नपुं०) सम्पत्ति ; मालमता ; дви́жимое и недви́жи-мое и अचल सम्पत्ति ।

иму́щий (वि०) धनिक ; सम्पन्न ; अच्छा खाता-पीता ।

и́м||я (नपुं०) १ नाम ; дать и. नाम देना/रखना ; по —ени Ива́н ईवान नाम का ; २. (व्या०) и. существи́тельное संज्ञा ; и прилага́-тельное विशेषण ; □ запятна́ть свое и. अपने नाम को कलंक लगाना ; челове́к с —енем नामी आदमी ; от —ени की ओर से ।

инакомы́сляющий (वि०) विमत ; भिन्नमति ; भिन्न विचार रखनेवाला ।

ина́че (क्रि० वि०) १. अन्यथा ; अन्य प्रकार से ; २. वरना ; спеши́те, ина́че опозда́ете ! जल्दी कीजिए, वरना देर हो जायेगी ; □ так или и. ऐसे या वैसे ।

инвали́д (पुं०) विकलांग ; (रोग या बुढापे के कारण) अशक्त व्यक्ति ; **—ность** (स्त्री०) विकलांगता ; (रोग या बुढापे से उत्पन्न) अशक्तता ; **—ный** (वि०) (रोग या बुढापे के कारण) अशक्त ; विकलांग ।

инвента́рь (पुं०) फेहरिस्त ; सूची ; живо́й и пушной ; сельскохозя́йственный и. खेती-बाडी के औजार ।

инве́рсия (स्त्री०) विपर्यास ; उलटा-पलटी ।

инвести́тура (स्त्री०) पदाभिषेक ; मानाभिषेक ; सम्मान-दीक्षा ।

ингаля́||тор (पुं०) (चिकि०) आश्वसित्र ; वायुशोधक यन्त्र ; **—ция** (स्त्री०) (चिकि०) आश्वसन ; श्वास लेना ।

ингредие́нт (पुं०) अवयव ; घटक ।

инде́ец (पुं०) उत्तरी अमरीका का प्राचीन निवासी (रेड इंडियन) ।

инде́йка (स्त्री०) एक प्रकार की मुर्गी (टर्की) ।

инде́йский (वि०) उत्तरी अमरीका के प्राचीन निवासी (रेड इंडियन) का ।

и́ндекс (पुं०) अनुक्रमणिका ; इंडेक्स ।

индетермин||и́зм (पुं०) अनिश्चयवाद ; विकल्पवाद ; **—и́ст** (पुं०) अनिश्चयवादी ; विकल्पवादी ।

индиа́нка (स्त्री०) उत्तरी अमरीका की प्राचीन निवासिनी ।

индиви́д (पुं०), **индиви́дуум** (पुं०) एक व्यक्ति , प्राणी ; **—уализа́ция** (स्त्री०) व्यक्तीकरण ; **—уали́зм** (पु०) व्यक्तिवाद ; **—уали́ст** व्यक्तिवादी ।

и́ндиго (नपुं०) १ नील का पौधा ; २. नील ; जम्बुकी रंग ।

инди́ец (पु०) भारतीय पुरुष ।

и́ндий (पुं०) (रस०) इंडियन ।

инди́йск||ий (वि०) भारतीय ; भारत का ; —ое прави́тельство भारत-सरकार ।

индика́тор (पुं०) सूचक यन्त्र ; **—ный** (वि०) सूचक ।

индиф(ф)ер||ентизм (पु॰) उदासीनतावाद ; **—е́нтный** (वि॰) उदासीन ।

индоссаме́нт (पु॰) पृष्ठांकन ; अनुमोदन-हस्ताक्षर ।

индукти́вный (वि॰) आगमनात्मक ।

инду́кция (स्त्री॰) (भौ॰) प्रेरण ; (दर्शनशास्त्र) आगमन (अनेक उदाहरणों द्वारा सामान्य नियम का अनुमान करना) ।

индульге́нция (स्त्री॰) (कैथलिक धर्म मे पैसे लेकर पादरी द्वारा किसीका) पाप-मोचन ।

инду́с (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) हिन्दू पुरुष/स्त्री ; **—кий** (वि॰) हिन्दू का ।

индустри||ализа́ция (स्त्री॰) औद्योगीकरण ; **—а́льный** (वि॰) औद्योगिक ।

инду́стрия (स्त्री॰) (केवल एकवचन) उद्योग ; धन्धा ।

индю́||к (पु॰) एक प्रकार का मुर्गा (टर्की) ; **—шка** (स्त्री॰) индю́к का स्त्री॰-रूप ।

и́ней (पु॰) पाला ।

ине́ртн||ость (स्त्री॰) जडता, निष्क्रियता ; गतिहीनता ; **—ый** (वि॰) निष्क्रिय ; जड़, गतिहीन ।

ине́рц||ия (स्त्री॰) १ (भौ॰) अवस्थितित्व ; गतिजनित शक्ति ; गतिमात्रा ; по —и स्वचलित ; २. जडता ; निर्जीवता ; निष्क्रियता ।

инжене́р (पु॰) इंजीनियर ; **—ный** (वि॰) इंजीनियर का ।

инжи́р (पु॰) अंजीर (फल या पेड) ।

инициа́лы (बहु॰) (नाम के) आद्यक्षर ।

инициати́в||а (स्त्री॰) प्रेरक शक्ति ; पहलकदमी ; по —е кого́-л. किसीकी प्रेरणा से ; **—ный** (वि॰) प्रेरणा-शक्ति से सम्पन्न ।

инквизи́ция (स्त्री॰) अदालती तहकीकात ।

инко́гнито (क्रि॰ वि॰) गुप्त वेश में ; वेश बदलकर ।

инкорпор||а́ция (स्त्री॰) सम्प्रवेशन ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) सम्प्रविष्ट करना ।

инкримини́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) अपराध लगाना ; अपराध में शामिल करना ।

инкруст||а́ция (स्त्री॰) पच्चीकारी का काम ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) पच्चीकारी करना ; जडना ।

инкуба́||тор (पु॰) गर्मी पहुँचाने (अंडा सेने) का यन्त्र ; **—ицио́нный** (वि॰) —ицио́нный перио́д उद्भव-काल, अंडा सेने का समय ।

иновéрец (पु॰) भिन्नधर्मा ; भिन्न विश्वास रखनेवाला ।

иногда́ (स्त्री॰) कभी-कभी ।

инозе́м||ец (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) विदेशी ; अजनबी ।

ин||о́й (वि॰) १ भिन्न ; दूसरा ; —ы́ми слова́ми दूसरे शब्दों में ; по —о́му भिन्न प्रकार से ; २. कुछ ; —ы́е здесь, —ы́е там कुछ यहाँ और कुछ वहाँ ; и раз फिर कभी, दूसरी बार ।

и́нок (पु॰) भिक्षु ; **—иня** (स्त्री॰) भिक्षुणी ।

инокул||и́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) (चिकि॰) टीका लगाना ; सुई लगाना ; **—я́ция** (स्त्री॰) (चिकि॰) टीका/सुई लगाने की क्रिया ।

иноплеме́нн||ик (पु॰), **—ица** (स्त्री॰) अन्य कबीले/अन्य जाति का व्यक्ति ।

инороднный (वि॰) भिन्नजातीय ; विविधजातीय ।

иносказа́||ние (नपु॰) अन्योक्ति ; रूपक ; **—тельный** (वि॰) अन्योक्तिमूलक ; रूपकमूलक ।

иностра́н||ец (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) विदेशी व्यक्ति ; **—ный** (वि॰) विदेशी ; वैदेशिक ।

иноходец (पु॰) कदम चाल चलनेवाला घोडा ; धीरे-धीरे चलनेवाला घोडा ।

и́ноходь (स्त्री॰) (घोड़े की) कदम चाल ।

иноязы́чный (वि॰) अन्यभाषा-भाषी ।

инсинуа́ция (स्त्री॰) १. चालाकी या छल-कपट से कहीं घुस जाने की क्रिया ; २. अपभाषण ; चुगली ।

инсоля́ция (स्त्री॰) १ (भौ॰) भानुपाक ; शुद्ध करने (या पकाने) के लिए सूर्य की किरणों के सामने रखना ; २. रश्मि-चिकित्सा ।

инспектúровать (अपू०) (—рую) निरीक्षण करना ; मुआइना करना ।

инспéктор (पु०) निरीक्षक ; इंस्पेक्टर ।

инспéкция (स्त्री०) निरीक्षण ; मुआइना ;

инспир||áтор (पु०) दुष्प्रेरक ; उत्तेजना दिलानेवाला ; उकसानेवाला ; **—áция** (स्त्री०) प्रेरणा ; दुष्प्रेरणा ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) उत्तेजित करना ; उकसाना ; दुष्प्रेरणा देना ।

инстúнкт (पु०) सहजवृत्ति ; **—úвный** (वि०) सहजवृत्तिमूलक ।

институ́т (पु०) १ संस्थान ; २. संस्था ; и брáка विवाह-संस्था ।

инструктор (पु०) अनुदेशक ; शिक्षक ; **—ша** (स्त्री०) अनुदेशिका ; शिक्षिका ।

инструкция (स्त्री०) निदेश ; अनुदेश ।

инструмéнт (पु०) उपकरण ; औजार ; музыкáльный и वाद्ययन्त्र ; **—áльный** (वि०) १. कारण ; हेतु , २ औजार-सम्बन्धी ; औजार बनाने का , —áльное произвóдство औजार बनाने का काम , —áльная сталь औजार बनाने का इस्पात ; **—áльщик** (पु०) औजार-निर्माता ।

инсценúровать (अपू० और पू०) (—рую) १ नाट्य-रूपान्तर करना ; и романи उपन्यास का नाट्य-रूपान्तर करना ; २. बहाना करना ; ३. मुकदमा तैयार करना ।

интегр||áл (पु०) (गणित) पूर्ण संख्या ; अखंड संख्या ; **—áльный** (वि०) (गणित) पूर्ण/अखंड (संख्या) ।

интеллéкт (पु०) मेधा ; बुद्धि ; **—уáльный** (वि०) बौद्धिक ; बुद्धि-सम्बन्धी ।

интеллигéнция (स्त्री०) बुद्धिजीविवर्ग ।

интендáнт (पु०) (सेना०) कमीसरी ; **—ский** (वि०)कमीसरी-सम्बन्धी ; कमीसरी का ; **—ство** (नपु०) कमीसरियत ; सेनारसद-विभाग ।

интенсúвн||ый (वि०) प्रकृष्ट ; गहन ; प्रगाढ ; —ое хозя́йство गहन कृषि ।

интервáл (पु०) अवकाश , अन्तराल ; अन्तर्विराम ।

интервéнция (स्त्री०) हस्तक्षेप ; दखल ।

интервью́ (नपु०) भेंट ; मुलाकात ; **—éр** (पु०) भेंट करनेवाला ; मुलाकात करनेवाला ।

интерéс (पु०) १ दिलचस्पी ; अभिरुचि ; रुचि ; возбуждáть и. दिलचस्पी पैदा करना ; проявúть и दिलचस्पी दिखाना ; २. स्वार्थ ; हित ; э́то в ва́ших —ах यह आपके हित की बात है ।

интерéсн||о १. (क्रि० वि०) दिलचस्पी लेकर ; अभिरुचिपूर्वक ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) éсли вам и. знать यदि आपको जानने में दिलचस्पी है ; **—ый** (वि०) दिलचस्प ; रोचक ; सुन्दर ; मनोहर ; —ая женщúна सुन्दरी ; रमणी ।

интересовáть (अपू०) (—сýю) दिलचस्पी पैदा करना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **поинтересовáться** (आत्म० पू०) दिलचस्पी लेना ।

интермéдия (स्त्री०) (नाटक में) विष्कम्भक ।

интéрн (पु०) नजरबन्द ।

интернáт (पु०) बोर्डिंग-स्कूल (स्कूल जिसमें रहने और खाने का प्रबन्ध हो) ।

интернационáл (पु०) अन्तर्राष्ट्रिक ; अन्तर्राष्ट्रीय संघ (समाजवादी दलों का अन्तर्राष्ट्रीय संघ) ; III и. तृतीय अन्तर्राष्ट्रिक ।

интернационáльный (वि०) अन्तर्राष्ट्रीय ।

интернúровать (अपू० और पू०) (—рую) अन्तर्वासित करना , नजरबन्द करना ।

интерпол||úровать (अपू० और पू०) (—рую) (पुस्तक में) क्षेपक भर देना ; **—я́ция** (स्त्री०) क्षेपक ।

интерпрет||áция (स्त्री०) भाषान्तर ; व्याख्या ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) भाषान्तर करना , व्याख्या करना ।

интерферéнция (स्त्री०) (भौ०) व्यतिकरण ।

интúмн||ость (स्त्री०) घनिष्ठता , निकट परिचय ; **—ый** (वि०) घनिष्ठ ; निकट परिचित ; —ый дрýг घनिष्ठ मित्र ।

интоксикáция (स्त्री०) नशा ; मादकता ।

интонáция (स्त्री०) (संगीत में) स्वरगायन ; स्वर का उतार-चढाव ।

интри́г||а (स्त्री०) कुचक्र ; вести́ —у कुचक्र रचना ; **—áн** (पु०), **—áнка** (स्त्री०) कुचक्री ;

—ова́ть (अपू०), **заинтрига́ть** (पू०) (वर्त० —гу́ю) १. (केवल अपू०) कुचक्र रचना ; २ कौतूहल पैदा करना ।

интроду́кция (स्त्री०) (संगीत की) भूमिका ।

интроспе́кция (स्त्री०) अन्तर्दृष्टि ; आत्म-निरीक्षण ।

интуити́вный (वि०) अन्तर्ज्ञानमूलक ; सहज-ज्ञानमूलक ।

интуи́ц||ия (स्त्री०) अन्तर्ज्ञान ; सहजज्ञान ; по —ии सहजज्ञान से ।

инфекцио́нн||ый (वि०) सक्रामक ; —ое заболева́ние सक्रामक रोग ।

инфе́кция (स्त्री०) सक्रमण ।

инфинити́в (पु॑०) (व्या०) सामान्य रूप ।

инфлюэ́нца (स्त्री०) श्लेष्मा ज्वर , जुकाम ।

инфля́ция (स्त्री०) मुद्रास्फीति ; मुद्रा-विस्तार ।

информ||а́тор (पु०) सूचनादाता ; मुखबिर ; **—а́ция** (स्त्री०) सूचना ; समाचार ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) १. सूचना देना ; २ मुखबिरी करना ।

инфракра́сный (वि०) (भौ०) अवरक्त , अधो-रक्त ।

инциде́нт (पु॑०) घटना ।

инъе́кци||я (स्त्री०) сде́лать —ю इंजेक्शन देना, सुई लगाना ।

и. о. (исполня́ющий обя́занности) कार्य-वाहक ।

ио́д (पु॑०) (रस०) आयोडीन ।

ио́н (पु०) (भौ०) आयन ।

ио́г (पु॑०) योगी , भारतीय तत्त्वज्ञानी ।

ио́га (स्त्री०) योग , भारतीय दर्शन का अंग ।

ио́т (पु०) अक्षर "ज" (रूसी वर्णमाला मे यह अक्षर नही है) ।

ио́т||а (स्त्री०) कण , लेश ; ни на —у कण भी नही, लेशमात्र भी नही, तनिक भी नही ।

ипоте́ка (स्त्री०) (अचल सम्पत्ति) गिरवी , बन्धक , धरोहर ।

ипохо́ндр||ик (पु॑०) विषादरोग-ग्रस्त ; सदा उदास रहनेवाला व्यक्ति ; **—ия** (स्त्री०) विषाद-रोग ।

ипподро́м (पु०) घुडदौड का मैदान ।

ипполо́гия (स्त्री०) अश्व-विद्या ।

ира́н||ец (पु॑०) ईरान का निवासी , ईरानी ; **—ский** (वि०) ईरान देश का ।

и́рбис (पु॑०) बर्फ में रहनेवाला चीता ।

ири́дий (पु०) (रस०) इरिडियम ।

ири́с (पु॑०) (केवल एकवचन) टाफी (बच्चो की मिठाई) ।

ирла́нд||ец (पु॑०), **—ка** (स्त्री०) आयरलैंड-निवासी/निवासिनी , **—ский** (वि०) आयरलैंड का ।

и́род (पु०) क्रूर , उत्पीडक ; अत्याचारी ।

ирон||изи́ровать (अपू०) (—рую) व्यग्य करना , ताना कसना , **—и́ческий** (वि०) व्यग्यपूर्ण , ताने का ।

иро́ния (स्त्री०) व्यग्य ; ताना ।

иррациона́льн||ый (वि०) १. निर्विवेक ; विवेकहीन , अविवेकी ; २. (गणित) अपरिमेय ; —ое число́ करण (अंग्रेजी—सर्ड) ।

иррегуля́рный (वि०) अनियमित ; नियम-विरुद्ध ।

ирriга́ция (स्त्री०) सिचाई ।

иск (पु०) (अदालती) वाद ; नालिश ; मुकदमा ; अभियोग , граждáнский и. दीवानी मुकदमा ; предъяви́ть и. кому́-л किसी पर मुकदमा दायर करना ।

искажа́ть (अपू०), **искази́ть** (पू०) (भवि० искажу́, искази́шь) विकृत रूप देना; तोड़-मरोड देना ; गलत अर्थ निकालना ; गलत बतलाना ; बिगाडना ; страх искази́л его́ лицо́ डर के मारे उसका मुख विकृत हो गया ; и чьи-л. слова́ किसीके शब्दों को तोड-मरोड़ देना (अर्थात् उलटा अर्थ निकालना) ; **—ся** (आत्म०) १. (मुँह) बिगडना , २ искажа́ть का कर्मवाच्य ।

искаже́ние (नपु०) विकार, बिगाड ; (शब्द आदि को) तोड-मरोड देने या उलटा अर्थ निकालने की क्रिया ; (तथ्य को) गलत बनाकर कहना ; **—ённый** (वि० और कृदन्त) विकृत ; विपर्यस्त ।

искале́чивать (अपू०), **искале́чить** (पू०) अपाहिज बनाना ; लँगडा-लूला करना ; अग-भंग करना ।

иска́лывать (अपू०), **исколо́ть** (पू०) (सुई आदि चुभोकर) छलनी करना ; (छुरे से) जगह-जगह घाव करना ।

иска́ние (नपुं०) खोज , अन्वेषण , и. пра́вды सत्य की खोज ।

иска́пывать (अपू०), **ископа́ть** (पू०) (जगह-जगह) खोद डालना ।

иска́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) खोजी ; अन्वेषक/अन्वेषिका ; и. приключе́ний साहसी आदमी, जीवट का आदमी ।

иска́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ищу́, и́щешь) खोज करना ; ढूँढना ; и дом घर की तलाश करना ; и ме́ста नौकरी ढूँढना, जगह ढूँढना ।

исключ‖а́ть (अपू०), **исключи́ть** (पू०) बाहर निकाल देना , अपाकरण करना , व्यावर्तन करना , बहिष्कार करना , (सूची में से) काट देना ; возмо́жность тако́го слу́чая —ена ऐसा होने की सम्भावना नहीं , **—а́я** : १ исключа́ть से कृदन्त , २ (-के) सिवाय , (-के) अतिरिक्त , (-के) अलावा ; не —а́я बिना अपवाद के ; **—е́ние** (नपु०) बहिष्कार , अपाकरण , व्यावर्तन ; (गणित) निरसन , विलोपन , □ за —е́нием (-के) अतिरिक्त , в ви́де —е́ния अपवाद-रूप में ।

исключи́тельн‖о (क्रि० वि०) अनन्य रूप से , **—ый** (वि०) अपवादभूत , अनन्य , —ый слу́чай अनन्य अवसर , —ое пра́во अनन्य अधिकार ।

исключи́ть दे० исключа́ть

искове́ркать दे० кове́ркать.

исколо́ть दे० иска́лывать.

иско́мкать (पू०) (बिल्कुल) मसल डालना ; शिकन डालना ; и всю бума́гу सारे कागज को मसल डालना ।

иско́м‖ое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) अज्ञात मात्रा/राशि ; **—ый** (वि०) इष्ट ; अन्वेषणीय ।

иск‖они́ (क्रि० वि०) अनादि काल से ; **—о́нный** (वि०) आदि- ; —о́нный оби́тель आदिवासी ।

ископа́емый (वि०) खनिज ; खोदा हुआ ।

ископа́ть दे० иска́пывать.

искорен‖е́ние (नपुं०) उन्मूलन , **—я́ть** (अपू०), **искорени́ть** (पू०) उन्मूलन करना ; जड से उखाडना ।

и́скоса (क्रि० वि०) तिरछी नजर से ; कनखियों से , и. погля́дывать на кого́-л. किसीकी ओर कनखियों से देखना ।

и́скра (स्त्री०) चिनगारी , и. наде́жды आशा की किरण ।

искре́ние (नपुं०) चिनगारी निकालने की क्रिया ।

и́скрен‖не = и́скренно ; —ний (वि०) सच्चा , ईमानदार , निष्कपट ; —ний челове́к ईमानदार आदमी , **—но** (क्रि० वि०) सच्चाई से ; ईमानदारी से ; —но пре́данный вам (सरकारी पत्रों में) भवदीय, भवन्निष्ठ ; **—ность** (स्त्री०) सच्चाई ; ईमानदारी ।

искрив‖и́ть(ся) दे० искривля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) १. टेढा करने/मोडने की क्रिया ; २ वक्रता , टेढापन ।

искривля́ть (अपू०), **искриви́ть** (पू०) (भवि० искривлю́, искриви́шь) टेढा करना ; मोडना ; झुकाना , (शब्दों के अर्थ) तोडना-मरोडना ; बिगाडना , **—ся** (आत्म०) १. विकृत होना , बिगडना , его́ лицо́ искриви́лось उसका मुँह बिगड गया, २. искривля́ть का कर्मवाच्य ।

искр‖и́стый (वि०) चिनगारीवाला; **—и́ться** (आत्म०) चिनगारी निकालना ।

искрово́й (वि०) चिनगारी देनेवाला ।

искрогаси́тель (पुं०) चिनगारी बुझानेवाला ।

искромса́ть दे० кромса́ть.

искро‖удержа́тель, —рови́тель (पुं०) स्फुलिंग-ग्राहक ; चिनगारी ग्रहण करने का यन्त्र ।

искупа́ть -I (अपू०), **искупи́ть** (पू०) (भवि० искуплю́, иску́пишь) प्रायश्चित्त

करना ; पाप धोना ; **—ся** (आत्म०) प्रायश्चित्त करना ; (अपने) पाप धोना ।

искупа́ть -II (पू०) नहलाना ; स्नान कराना ; **—ся** (आत्म०) (स्वयं) नहाना ; स्नान करना ।

искуп||и́тельный (वि०) प्रायश्चित्त का ; **—ле́ние** (नपु०) प्रायश्चित्त ।

и́скус (पुं०) परीक्षा , आजमाइश ; он прошел тяжелый и вह कठिन परीक्षा से गुजरा ।

искуса́ть (पू०) (कुत्ते आदि का) बहुत बार काटना ; (कीड़े आदि का) डक मारना ; बुरी तरह डक मारना ।

искуси́тель (पुं०) प्रलोभक ; मोहक ।

искуси́ть दे० искуша́ть

искýс||ник (पुं०) (किसी कला में) दक्ष , निष्णात ; कुशल ; и. в своем де́ле अपने काम मे कुशल या दक्ष ; **—ный** (वि०) निष्णात ; —ный врач कुशल डाक्टर ।

искýсствен||но (क्रि० वि०) कृत्रिमता से , बनावटीपन से ; **—ный** (वि०) शिल्पनिर्मित ; कृत्रिम , नकली , बनावटी , —ные цветы́ बनावटी फूल , —ные зу́бы नकली दाँत , —ная улы́бка बनावटी मुस्कराहट ।

искýсств||о (नपु०) १. कला , изобрази́тельные, изя́щные —а ललित कलाएँ , произведе́ние —а कलाकृति ; २. (कला में) कुशलता ; दक्षता , प्रवीणता , с больши́м —ом बडी कुशलता से ।

искусствове́д (पु०) कलाविद् ; कला-समीक्षक , **—ение** (नपु०) कला का अध्ययन ; कला-समीक्षा ।

искуш||а́ть (अपू०), **искуси́ть** (पू०) (भवि० искушу́, искуси́шь) फुसलाना ; प्रलुब्ध करना ; **—е́ние** (नपु०) फुसलाने की क्रिया ; प्रलोभन ; вводи́ть в —е́ние फुसलाना ; **—ённый** (वि०) अनुभवी ।

испа́нд||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आइसलैंड-निवासी/निवासिनी , **—ский** (वि०) आइसलैंड का ।

испа́н||ец (पु०), **—ка** (स्त्री०) स्पेन-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) स्पेन का ।

испаре́ние (नपुं०) १. वाष्पीकरण , २ (बहु०) धुआँ , हानिकर भाप ।

испа́рина (स्त्री०) पसीना , स्वेद ।

испаря́ть (अपू०), **испари́ть** (पू०) वाष्प-रूप मे उडाना , **—ся** (आत्म०) वाष्प-रूप में उडना , वाष्प में परिणत होना ; भाप बनकर उड जाना ।

испа́чкать दे० па́чкать.

испепеля́ть (अपू०), **испепели́ть** (पू०) (जलाकर) राख कर देना ; भस्म कर देना ।

испестря́ть (अपू०), **испестри́ть** (पू०) बहुरगा कर देना ।

испе́чь दे० печь

испи́сывать (अपू०), **исписа́ть** (पू०) (भवि० испишу́, испи́шешь) १ (पेसिल, कागज आदि) लिखकर समाप्त कर देना , २ सब लिख डालना ।

испито́й (वि०) दुबला-पतला , पिचके गालोवाला ।

исповеда́ние (नपु०) (धर्म) अगीकरण ; धर्म ; и. ве́ры धर्म-अगीकरण , христиа́нское и. मसीही धर्म ।

испове́довать (अपू० और पू०) (—дую) १ (मसीही धर्म मे) पाप-अगीकार सस्कार कराना ; २. पूछताछ करना , и. прия́теля, что́бы знать его́ но́вые взгля́ды मित्र के नये विचार जानने के लिए उससे पूछताछ करना ; २. (धर्म) ग्रहण करना ; и мусульманство इस्लाम धर्म ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने पापो का अगीकरण करना , २ испове́довать का कर्मवाच्य ।

и́споведь (स्त्री०) (मसीही धर्म मे पादरी के सम्मुख) पाप-अगीकार सस्कार ।

и́сподвол (क्रि० वि०) थोडा-थोड़ा करके ; धीरे-धीरे ।

исподло́бья (क्रि० वि०) . смотре́ть и. अविश्वासपूर्वक देखना, उदास दृष्टि से देखना ; гляде́ть и. अविश्वासपूर्वक देखना ।

исподтишка́ (क्रि० वि०) चुपके-चुपके ; चोरी से ; де́йствовать и. चुपके-चुपके काम करना ।

испокóн (क्रि० वि०) и векóв, и вéку अनादिकाल से।

исполи́н (पु०) १ भीमकाय, २ दिग्गज; и. нау́ки विज्ञान के क्षेत्र मे दिग्गज।

исполкóм (исполни́тельный комите́т) कार्यकारिणी समिति।

исполне́ние (नपुं०) १ (इच्छा, आज्ञा आदि की) पूर्ति; कार्यान्विति; परिपालन; (कर्तव्य, धर्म आदि का) पालन; २ (नाटक आदि मे) अभिनय, □ проводи́ть в и कार्यान्वित करना।

исполни́мый (वि०) पूरा/कार्यान्वित करने योग्य।

исполни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) १. (इच्छा आदि) कार्य-रूप मे परिणत करनेवाला/वाली, निर्वर्तक, суде́бный и बेलिफ; २ (नाटक आदि का) कलाकार।

исполни́тельн||ый (वि०) १ कार्यकारिणी, и. комите́т कार्यकारिणी समिति, —ая власть कार्यकारिणी सत्ता, प्रबन्धकारिणी सत्ता, २. उद्यमी, उद्योगी; परिश्रमी, सावधान।

исполн||я́ть (अपू०), **испо́лнить** (पू०) १ कार्यान्वित करना, (इच्छा आदि) पूरी करना, (आज्ञा, कर्तव्य, धर्म आदि का) पालन करना, —я́ющий обя́занности कार्यवाहक, и. жела́ние इच्छा पूरी करना, и рабо́ту काम पूरा करना; и. обеща́ние वायदा पूरा करना; и. свой долг अपना कर्तव्य पालना, २. (नाटक आदि में) अभिनय करना, и. та́нец नृत्य करना, **—ся** (आत्म०) (इच्छा आदि की) पूर्ति होना; мое жела́ние испо́лнилось मेरी इच्छा पूर्ण हो गयी; २ ему́ испо́лнилось 20 лет उसकी आयु बीस वर्ष की हो गयी है/उसका बीसवाँ वर्ष पूरा हो चुका है, ३. परिपूरित होना, भरना; мое се́рдце испо́лнилось ра́достью मेरा मन प्रसन्नता से परिपूर्ण हो गया; ४. исполня́ть का कर्मवाच्य।

и́сполу (क्रि० वि०) आधा-आधा; де́лать и. आधा-आधा करना/दो बराबर भागो में बाँटना।

испо́льзов||ание (नपुं०) उपयोग; प्रयोग; **—ать** (अपू०) (—зую) उपयोग करना; प्रयोग मे लाना, लाभ उठाना; —ать все сре́дства सब साधन प्रयोग मे लाना।

испо́ртить(ся) दे० по́ртить(ся)

испо́рченн||ость (स्त्री०) भ्रष्टता; दुराचारिता; **—ый** (वि०) १ испо́ртить से कृदन्त; २ दुराचारी; भ्रष्ट, खराब, सडा हुआ; (लाड-प्यार से) बिगडा हुआ (बच्चा); —ый хара́ктер दुराचार; —ые зу́бы खराब दाँत।

исправи́тельный (वि०) सुधार करने का; и дом (अपराधी बच्चो का) सुधारघर।

испра́в||ить दे० исправля́ть; **—ле́ние** (नपु०) (गलतियाँ) ठीक करने की क्रिया; शोधन; सशोधन; सुधार; मरम्मत।

исправля́ть (अपू०), **испра́вить** (पू०) (भवि० исправлю́, испра́вишь) (गलतियाँ आदि) ठीक करना; मरम्मत करना; सुधार करना; प्रायश्चित्त करना; и оши́бку गलती ठीक करना; испра́вленное изда́ние सशोधित सस्करण; □ и. до́лжность, обя́занность кого́-л. किसीके स्थान पर काम करना; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) सुधारना, २. исправля́ть का कर्मवाच्य।

испра́вник (पु०) (क्रान्ति-पूर्व रूस मे) जिले का पुलिस-अफसर।

испра́в||ность (स्त्री०) १ अच्छी अवस्था, २. यथार्थता; समयानुपालन; समयनिष्ठता; **—ный** परिश्रमी; समयानुपालक; समयनिष्ठ।

испражн||е́ние (नपु०) मलहरण, शौच-क्रिया; **—е́ния** (बहु०) विष्ठा; मल; **—я́ться** (आत्म० अपू०) शौच जाना; टट्टी जाना।

испра́шивать (अपू०), **испроси́ть** (पू०) (भवि० испрошу́, испро́сишь) बार-बार माँग-कर लेना; प्रार्थना करके लेना; и. ава́нс पेशगी माँगना; и. разреше́ние इजाज़त माँगना।

испро́бова||ть (पू०) (—бую) १. जाँच करना; परखना; и. но́вый инструме́нт नये औज़ार की जाँच करना; २. आज़माना; он —л

мно́го профе́ссий उसने बहुत से धन्धे आजमाये हैं।

испроси́ть दे० испра́шивать.

испу́г (पु०) भय; आतंक; в —е भय के कारण; **—анный** (वि० और कृदन्त) डरा हुआ; भयभीत; **—а́ть** दे० пуга́ть.

испуска́ть (अपू०), **испусти́ть** (पू०) (भवि० испущу́, испу́стишь) बाहर निकालना; निश्वास छोड़ना; (श्वास) बाहर निकालना; (चीख) मारना; □ испусти́ть дух अन्तिम श्वास लेना, श्वास छोड़ना/मरना; испусти́ть вздох आह भरना, उच्छ्वास लेना।

испыта́ни||е (नपु०) १ जाँच; परख; आजमाइश; कठिन परीक्षा; быть на —и आजमाइश पर होना, परीक्षाधीन होना, производи́ть и. आजमाइश करना, пройти́ тя́жкие —я कठिन परीक्षा से गुजरना; २. परीक्षा, вступи́тельное и. प्रवेश-परीक्षा; вы́держать и परीक्षा में उत्तीर्ण होना।

испы́т||анный (वि० और कृदन्त) १ (भली प्रकार) आजमाया हुआ, परखा हुआ, **—а́тельный** (वि०) जाँच का; आजमाइश का; परीक्षा का, —а́тельная коми́ссия परीक्षा-बोर्ड, —а́тельный стаж जाँच (आजमाइश) की अवधि, **—а́ть** दे० испы́тывать; **—у́емый** (वि०) परीक्षार्थी, **—у́ющe** (क्रि० वि०). —у́ющe смотре́ть सूक्ष्म परीक्षा करना, बारीकी से जाँचना।

испы́тывать (अपू०), **испыта́ть** (पू०) १. जाँच करना, परीक्षा लेना, आजमाइश करना; и. де́йствие мото́ра इंजन की जाँच करना; и. свои́ си́лы अपनी ताकत की आजमाइश करना; २. अनुभव करना, महसूस करना, и удово́льствие प्रसन्नता अनुभव करना।

иссека́ть (अपू०), **иссе́чь** (पू०) (भवि० иссеку́, иссечешь) १. काट डालना; २. संगतराशी करना; (संगमरमर आदि को) छेनी से काटना।

иссле́дова||ние (नपु०) १. अनुसन्धान, खोज; विश्लेषण; निदान; जाँच-पड़ताल; и. больно́го रोग का निदान; и. кро́ви रक्त का विश्लेषण, нау́чное и. वैज्ञानिक अनुसन्धान; २ निबन्ध; **—тель** (पु०) अनुसन्धानता; खोज करनेवाला, **—тельский** (वि०) अनुसन्धान का, —тельская рабо́та अनुसन्धान-कार्य।

иссле́довать (पू०) (—дую) जाँच-पड़ताल करना, अन्वेषण करना, खोज करना; अनुसन्धान करना; परीक्षण करना, (नये देश का) पता लगाना, विश्लेषण करना; и. кровь रक्त का विश्लेषण करना, и. вопро́с समस्या की जाँच-पड़ताल करना।

иссо́хнуть दे० иссыха́ть.

и́сстари (क्रि० वि०) प्राचीन काल से; и. ведётся यह बहुत पुरानी प्रथा है।

исстрада́ться (आत्म० पू०) बहुत कष्ट उठाना।

исступле́ни||е (नपु०) आवेश, पागलपन; उन्माद, прийти́ в и. आवेश में आना, гне́вное и. क्रोधावेश, довести́ до —я आवेश दिलाना, क्रोधित करना, и. восто́рга हर्षोन्माद।

иссуш||а́ть (अपू०), **иссуши́ть** (पू०) सुखा देना; и. боло́то दलदल सुखा देना; лихора́дка —и́ла больно́го बुखार ने रोगी को सुखा दिया है।

иссыха́ть (अपू०), **иссо́хнуть** (पू०) सूख जाना; пру́д иссо́х तालाब सूख गया, трава́ иссо́хла घास सूख गयी।

иссяка́||ть (अपू०), **исся́кнуть** (पू०) (जल आदि का) समाप्त हो जाना; कम हो जाना; вода́ в исто́чнике постепе́нно —ла स्रोत में पानी धीरे-धीरे समाप्त हो गया, ме́дленно —ла любо́вь धीरे-धीरे प्रेम कम हो गया।

ста́пливать (अपू०), **истопи́ть** (पू०) (भवि० истоплю́, исто́пишь) १. (अंगीठी) तपाना; २. (ईंधन) खर्च करना; ३. पिघलाना।

ста́птывать (अपू०), **истопта́ть** (पू०) (भवि० истопчу́, исто́пчешь) १. पाँव से रौंदना, २. (पहनते-पहनते) जूतों की एड़ियाँ घिसा देना।

истáскивать (अपू०), **истаскáть** (पू०) (कपडे को पहन-पहनकर) घिस देना/फाड देना ; **—ся** (आत्म०) (कपडे का पहनने के कारण) घिस जाना/फट जाना ।

истек||áть (अपू०), **истéчь** (पू०) (भवि० истеку́, истечешь) (समय का) बीतना ; गुज़रना ; врéмя —ло́ समय समाप्त हो गया ; □ и. кро́вью बहुत खून बहना ।

истéкш||ий १. истека́ть से कृदन्त ; २. गत ; पिछला ; गुजरा हुआ ; в —ем году́ गत वर्ष ; 10-го числа́ —его мéсяца गत मास की १० तारीख को ।

истерéть दे० истира́ть.

истерзáть दे० терза́ть.

истéр||ика (स्त्री०) अपस्मार ; वातोन्माद ; मिरगी का दौरा ; (मिरगी रोग के कारण) असयत होकर हँसना और रोना ; **—и́я** (स्त्री०) मिरगी रोग ; हिस्टीरिया ; **—и́ческий** (वि०) हिस्टीरिया का ; हिस्टीरिया-सम्बन्धी ।

истéц (पु०) मुद्दई , वादी , अभियोक्ता ।

ист||ечéние (नपु०) १. बहाव ; स्राव ; и. крóви रक्तस्राव ; २. (समय, अवधि की) समाप्ति ; बीत जाना ; **—éчь** दे० истека́ть

и́стин||а (स्त्री०) सत्यता , सच्चाई ; यथार्थता ; в э́том есть до́ля —ы इसमे सच्चाई का कुछ अश है ।

и́стин||но (क्रि० वि०) सचमुच ; यथार्थ मे ; **—ность** (स्त्री०) सत्यता , सच्चाई ; **—ный** (वि०) सच्चा ; सत्य ; यथार्थ ; —ный друг सच्चा दोस्त ; —ное происше́ствие सत्य कथा, सच्ची घटना ।

истира́ть (अपू०), **истере́ть** (पू०) (भवि० изотру́, изотрешь) १. घिसकर खत्म कर देना ; कद्दूकस पर कसना ; २. रगडकर (प्रयोग मे लाकर) खत्म कर देना ; □ истере́ть в порошо́к चूर्ण बनाना, पीसकर पाउडर बनाना ।

истл||ева́ть (अपू०), **истле́ть** (पू०) सड जाना ; मिट्टी हो जाना ; (जलकर) भस्म हो जाना ; у́гли в костре́ —е́ли अँगीठी में कोयले जलकर राख हो गये ।

и́стовый (वि०) सत्यनिष्ठ , उत्सुक , व्यग्र ।

исто́к (पु०) उद्गम , स्रोत ।

истолкова́ние (नपु०) व्याख्या , टीका ; भाष्य ।

истолко́вывать (अपू०), **истолкова́ть** (पू०) (भवि० —кую) व्याख्या करना , टीका/भाष्य करना ; समझाना ।

истолóчь (पू०) (истолку́, истолчешь) पीसना , बुकनी करना ।

исто́ма (स्त्री०) थकावट , क्लान्ति ।

истомля́ть (अपू०), **истоми́ть** (पू०) (भवि० истомлю́, истоми́шь) थकाना , क्लान्त करना , **—ся** (आत्म०) १ थकना , तग आना ; क्लान्त होना , मूच्छित होना , истоми́ться в ожида́нии प्रतीक्षा करते-करते तग आ जाना/थक जाना ; истоми́ться от жа́жды प्यास के कारण निढाल हो जाना , २. истомля́ть का कर्मवाच्य ।

истопи́ть दे० истáпливать.

истопни́к (पु०) झोकिया (भट्टी मे कोयला झोकनेवाला) ।

истопта́ть दे० истáптывать.

исторга́ть (अपू०), **исто́ргнуть** (पू०) १. बाहर फेक देना , २ बहिष्कार करना ; и. кого́-л. из о́бщества समाज से बाहर निकाल देना , ३ मुक्ति दिलाना ; ४ вулка́н исторга́ет ла́ву ज्वालामुखी पहाड से लावा निकल रहा है ; и. обеща́ние वचन ले लेना ।

исто́рийка (स्त्री०) चुटकुला ; मज़ेदार कहानी ।

исто́рик (पु०) इतिहासकार ।

истори́ч||еский (वि०) ऐतिहासिक ; **—ность** (स्त्री०) ऐतिहासिक प्रवृत्ति ।

исто́рия (स्त्री०) १. इतिहास ; २ कथा ; ३. घटना ।

истосковáться (आत्म० अपू०) (—кую́сь) १. (किसीके) विरह में सूख जाना ; झूरना ; आतुर होना , तड़पना ; २. (अभाव में) बेचैन होना ।

источа́ть (अपू०) १ (अपने मे से) बहाना ; टपकाना ; २ (गन्ध) फेकना ।

источи́ть (पू०) तेज करना , पैना करना , н. нож चाकू पैना करना ।

исто́чник (पु०) १ स्रोत , चश्मा , उद्गम , २ सूत्र ; साधन , из достове́рных —ов विश्वस्त सूत्रो द्वारा ।

исто́шный (वि०) (ध्वनि) हृदय-विदारक ।

истоща́ть (अपू०), **истощи́ть** (पू०) (प्रयोग में लाकर) समाप्त कर देना , भूखो मारना , निचोड लेना , истощи́ть запа́сы रसद समाप्त कर देना ; истощи́ть ресу́рсы सारे साधन प्रयोग मे ले आना , и по́чву भूमि का सत निकाल लेना (निकम्मा कर देना) , н. чье-л терпе́ние किसीका धैर्य भग करना ; **—ся** (आत्म०) १. थक जाना ; दुर्बल हो जाना , (रसद आदि का) समाप्त हो जाना , २ истощать का कर्मवाच्य ।

истоще́ние (नपु०) समाप्ति , (स्वास्थ्य आदि की) क्षीणता ।

истра́тить दे० тра́тить.

истреби́тель (पु०) १ नाशक , २. लडाकू हवाई जहाज (अंग्रेजी—फाइटर) ।

истреб||и́ть दे० истребля́ть , **—ле́ние** (नपु०) विनाश , बरबादी , **—ля́ть** (अपू०), **истреби́ть** (पू०) (भवि० истреблю́, истреби́шь) सर्वनाश करना , बरबाद करना ; —ля́ть неприя́тельские войска शत्रु-सेना का सर्वनाश कर देना ।

истре́бовать (पू०) (—бую) (माँगकर) प्राप्त करना , и документы दस्तावेज प्राप्त करना ।

истрёпывать (अपू०), **истрепа́ть** (पू०) (भवि० истреплю́, истре́плешь) (लापरवाही से प्रयोग करके) फाड डालना , फाडना ; **—ся** (आत्म०) (लापरवाही से प्रयोग के कारण) फट जाना, (थकावट से शरीर का) टूटना ।

истука́н (पु०) मूर्ति , प्रतिमा , стоять как и. मूर्तिवत् खडे होना ।

и́стый (वि०) असली , सच्चा , и. охо́тник असली शिकारी ।

исты́кать (पू०) छलनी करना ; и. сте́ну гвоздя́ми कीलो से दीवार छलनी करना ।

истяза́||ние (नपु०) दारुण वेदना , यातना , **—тель** (पु०) यातना देनेवाला , **—ть** (अपू० और पू०) दारुण वेदना देना ; यातना देना ; सताना ।

исхлеста́ть (पू०) (исхлещу́, исхлещешь) (जोर-जोर से) चाबुक मारना ।

исхлопота́ть (पू०) (исхлопочу́, исхлопо́чешь) (माँगकर) लेना ।

исхо́д (पु०) १. परिणाम ; फल ; н. дела मामले का परिणाम , на —е дня सायंकाल के लगभग , день на —е दिन समाप्त हो रहा है ; २ निष्क्रमण , कूच ।

исходата́йствовать (पू०) (—твую) (प्रार्थना करके या माँगकर) प्राप्त करना , मागना ।

исходи́ть -I (पू०) (исхожу́, исходишь) (पैदल चलकर) बहुत-सी जगहो पर हो आना , н. все поле सारे खेत मे पैदल चक्कर लगाना ।

исходи́ть -II (अपू०), **изойти́** (पू०) (भवि० изойду́, изойдешь) १ (-से) आना , (-से) जारी होना , (-से) प्रारम्भ होना , २. (केवल अपू०) (-से) आगे बढना , चलना , н. из предположения कल्पना से आरम्भ करना ; ३ н. кровью रक्तस्राव से मृत्यु होना , и слезами आसू बहाना ।

исхо́дный (वि०) प्रारम्भिक ।

исходя́щий (वि० और कृदन्त) (बाहर) जानेवाला ।

исхуда́||лый (वि०) निःशक्त , **—ние** (नपु०) निःशक्तता , दुर्बलता , क्षीणता , **—ть** (पु०) निःशक्त होना , दुर्बल होना , क्षीण होना ।

исцарапывать (अपू०), **исцарапать** बुरी तरह से खरोंचना , नाखून मारना ।

исцеле́ние (नपु०) चिकित्सा , (रोग से) मुक्ति ।

исцеля́ть (अपू०), **исцели́ть** (पू०) चिकित्सा करना , इलाज करना , **—ся** (आत्म०) १ घाव भरना , (रोग से) मुक्त होना , आराम होना , २. исцеля́ть का कर्मवाच्य ।

исча́дие (नपु०) : и. а́да शैतान, पिशाच।

исчез||а́ть (अपू०), **исче́знуть** (पू०) गायब हो जाना, लुप्त हो जाना, и из по́ля зре́ния आँखो से ओझल होना, अन्तर्धान होना, **—нове́ние** (नपु०) गायब होना, लुप्त होना।

исче́рп||ывать (अपू०), **исчерпа́ть** (पू०) (बिल्कुल) समाप्त कर देना, खर्च कर देना, вопро́с —ан प्रश्न का हल हो चुका है, и все до́воды сказа́ны सारी युक्तियाँ दी जा चुकी हैं; вре́мя —ано समय समाप्त हो चुका है, **—ывающий** (वि० और कृदन्त) विस्तीर्ण, विस्तृत; —ывающее объясне́ние विस्तृत व्याख्या।

исче́ркивать (अपू०), **исчерти́ть** (पू०) (भवि० исчерчу́, исчерти́шь) (पेंसिल आदि प्रयोग मे लाकर) समाप्त कर देना; रेखाओं अथवा चित्रो से भर देना।

исчисле́ние (नपु०) गणना, गिनती।

исчисля́ть (अपू०), **исчи́слить** (पू०) गणना करना, अनुमान लगाना।

исчисля́||ться (आत्म० अपू०) исчисля́ть का कर्मवाच्य; сто́имость —ется в 100 рубле́й मूल्य १०० रूबल है।

ита́к (अ०) इस प्रकार से, ऐसे, इस रीति से; अत।

италья́н||ец (पु०), **—ка** (स्त्री०) इटली निवासी/निवासिनी; इतालवी, **—ский** (वि०) इटली का; इतालवी; —ская забасто́вка काम-रोक हड़ताल (काम पर जाकर काम न करना)।

и т. д. (и так да́лее) इत्यादि, वगैरा।

ито́г (पु०) योग, योगफल; परिणाम; в —е обнару́жена оши́бка योगफल मे गलती पकड़ी गयी है; в —е (-ке) फलस्वरूप; в коне́чном —е अन्त मे; подводи́ть и. जोड़ करना।

итого́ (क्रि० वि०) सब मिलाकर।

и т. п. (и тому́ подо́бное) इत्यादि।

итти́ (अपू०), **пойти́** (पू०) (वर्त० иду́, идешь) १ दे० ходи́ть; २ प्रस्थान करना; रवाना होना, चल पड़ना, по́езд идет в пять часо́в गाड़ी पाँच बजे छूटती है; ३ (समीप) आना; по́езд идет गाड़ी आ रही है; ४ (धुआँ, भाप, पानी आदि का) बाहर निकलना; дым идет из трубы́ धुआँ चिमनी मे से बाहर निकल रहा है ५ फैलना; да́лее идут го́ры आगे पहाड़ हैं, лес идет до реки́ जगल नदी तक फैला हुआ है; ६ (बर्फ आदि का) गिरना; पड़ना; снег идет बर्फ पड़ रही है; ७ (बातचीत आदि) चलना, иду́т переговоры बातचीत चल रही है; идет бой लड़ाई चल रही है (युद्ध हो रहा है), ८. भरती होना; बनना; и в летчики वैमानिक बनना; и на вое́нную слу́жбу सेना मे भरती होना; ९ बिक्री होना; माँग होना, това́р хорошо́ идет माल की अच्छी बिक्री हो रही है, माल अच्छा चल रहा है; १० आवश्यकता होना; प्रयोग मे आना; काम आना; на пла́тье идет 5 ме́тров мате́рии (स्त्री के) सूट मे पाँच मीटर कपड़ा लगता है; тряпье́ идет на изготовле́ние бума́ги चीथड़े कागज बनाने के काम आते है; ११ फबना; अच्छा लगना; १२ (नाटक आदि) चलना; खेला जाना; э́та опера идет ка́ждый ве́чер यह ऑपेरा (सगीत-रूपक) हर शाम को खेला जाता है; १३ (समय) बीतना; шли го́ды वर्षों बीत गये; и к це́ли उद्देश्य की ओर बढना; и вперед आगे बढना; и. враз-бро́д अपने-अपने रास्ते जाना, अपनी-अपनी ढफली अपना-अपना राग; и. за кем-л. किसीका पीछा करना; и (за́муж) за кого́-л. (स्त्री का) किसीसे विवाह करना; и на все सब-कुछ करने के लिए तैयार रहना; и. навстре́чу किसीसे मिलने के लिए आगे बढ़ना, अगवानी करना; и. в атаку आक्रमण करना; речь, вопро́с идет о . . . का प्रश्न है; вопро́с идет о его́ жи́зни и́ли сме́рти यह उसके लिए जीवन और मरण का प्रश्न है; дела́ иду́т хорошо́ काम ठीक चल रहा है; куда́ ни шло! चाहे कुछ भी हो!; идет! अच्छा! रही!

их I. они́ का सम्बन्धकारक-रूप; **II.** (सर्वनाम) उनका/की; их кни́ги उनकी पुस्तकें।

и́хний = **их**-II

ишáк (पु०) गधा, खच्चर।

ишь (ви́дишь का संक्षिप्त रूप) देखा !, и ты ! कैसा है !, कैसा रहा !

ищéйка (स्त्री०) पुलिस का कुत्ता।

ию́ль (पुं०) जुलाई (मास); **—ский** (वि०) जुलाई (मास) का।

ию́нь (पुं०) जून (मास), **—ский** (वि०) जून (मास) का।

К

к, ко (अ०) १. को, की ओर, पर, идти́ к до́му घर की ओर जाना; письмо́ к его́ дру́гу उसके मित्र को पत्र; он до́бр к нем वह उस पर मेहरबान है; २. किसलिए?, क्यों?; कैसे?; к чему́ он э́то сказа́л? यह उसने क्यों कहा?; к чему́ э́то? यह किसलिए/क्यों?, ३ (-के) समीप; तक, он кончи́т к пя́ти (часам) वह इसको पाँच बजे तक समाप्त कर लेगा, к пе́рвому января́ पहली जनवरी तक; он придет к трем वह तीन बजे तक आयेगा, к тому́-же इसके अतिरिक्त; э́то ни к чему́ इसका कोई लाभ नहीं, यह व्यर्थ है; к лу́чшему -की बेहतरी के लिए, лицо́м к лицу́ आमने-सामने; к ва́шим услу́гам आपकी सेवा में, к сло́ву (сказа́ть) प्रसंगवश (कहना)।

-ка (प्रत्यय) १ जरा; तनिक; да́йте-ка мне जरा मुझे देना तो, २. क्या?; куплю́-ка я э́ту кни́гу? क्या मैं यह पुस्तक खरीद लूँ?

кабáк (पु०) कलवरिया, शराबखाना।

кабалá (स्त्री०) दासता, गुलामी।

кабáльный (वि०) दासतापूर्ण; к договор लाचारी का समझौता, एकतरफा करार।

кабáн (पु०) I जंगली सुअर; самка —а जंगली सुअरी; II खंड; टुकड़ा।

кабáний (वि०) जंगली सुअर का।

кабарга́ (स्त्री०) कस्तूरा (कस्तूरीवाला हिरन)।

кабаре́ (नपु०) कैबरे।

кабáтчик (पु०) कलवार, शराबखाने का मालिक।

кабачóк (पु०) १ кабáк का अल्प०, २. कद्दू या सीताफल जैसी एक सब्ज़ी।

кáбель (पु०) केबल; समुद्री तार।

кабúна (स्त्री०) १. (लकड़ी का बना) कोष्ठ; गुमटी, केबिन, २ चालक-आसन, वैमानिक के बैठने का स्थान।

кабинéт (पु०) १ अध्ययन-कक्ष; (डाक्टर का) मशवरा करने का कमरा, ऑपरेशन-कमरा; २ मन्त्रिमंडल।

кабúнка (स्त्री०) кабúна का अल्प०।

каблогрáмм||а (स्त्री०) समुद्री तार (केबल); посылáть —у समुद्री तार भेजना।

каблýк (पु०) एड़ी, быть у кого́-л под —о́м किसीकी मुट्ठी में होना, किसीके वश में होना।

кабы́ (अ०) е́сли бы दे० если

кавалéр (पु०) १. घुड़सवार, अश्वारोही, २. नृत्य में (लड़की/स्त्री का) साथी, ३. प्रशंसक; ४. к. о́рдена पदवीधारी।

кавалер||и́йский (वि०) кавалерия से वि०; **—и́ст** (पु०) अश्वारोही सैनिक, घुड़सवार सिपाही।

кавалéрия (स्त्री०) अश्वारोही सेना, घुड़सवार सेना।

кавалькáда (स्त्री०) घुड़सवारों का दल।

кавардáк (पु०) १. (क़ज़ाकिस्तानी शब्द) भुने हुए मांस का टुकड़ा, २. गड़बड़ी; устро́ить к. गड़बड़ी फैलाना।

кáверза (स्त्री०) कुचक्र, वाक्छल, ओछी हरकत।

кавéрна (स्त्री०) (फेफड़ों में) गुहा।

кавы́чки (बहु०) ("—") दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आरम्भ और अन्त में आते हैं, □ в —ах तथाकथित।

кади́ло (नपु०) (धातु की बनी) धूपदानी।

кáдка (स्त्री०) (तरल वस्तु रखने का लकड़ी का ढोल जैसा पात्र) पीपा।

кадр (पु०) १. (सेना०) संवर्ग, २. प्रशिक्षित दल; —ы революцио́нных рабо́чих क्रान्तिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षित दल।

кадри́ль (स्त्री०) काद्रील (एक नृत्य), ग्रामीण नृत्य।

кады́шка (स्त्री०) छोटा पीपा, दे० кадка।

кадык (पु०) टेंटुआ।

каём||ка, —очка (स्त्री०) каймá का अल्प०।

каёмчатый (वि०) मगजीवाला; किनारीदार।

каждодне́вный (वि०) दैनिक ; प्रतिदिन का ।

ка́жд||ый (वि०) १ प्रत्येक ; प्रति ; हर ; к. день प्रतिदिन ; —ые два дня हर दूसरे दिन ; на —ом шагу́ हर कदम पर ; २. हर एक (मनुष्य) ; к до́лжен знать э́то हर एक को (अर्थात् सबको) यह जान लेना चाहिए ।

ка́жется दे० каза́ться-२.

ка́жущийся (कृदन्त) प्रतीयमान , भासमान ।

каза́рма (स्त्री०) १. (सेना की) बारके (रहने का स्थान) ; २ धान्यागार ।

каза́ть (अपू०) не к. глаз आँख बचाना, सूरत न दिखाना (मिलने न आना) ।

каза́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кажу́сь, ка́жешься) १ दिखायी पडना ; लगना; मालूम पडना ; он ка́жется у́мным वह बुद्धिमान लगता है , २ (कर्तृ-निरपेक्ष) ка́жется, что लगता है कि ; ка́жется, я не опозда́л मेरा विश्वास है कि मुझे देर नही हुई ।

казачо́к (पुं०) १ कजाचोक (युक्रेन का एक सजीव नृत्य) ; २ (सेवा करनेवाला) छोकरा ।

казеи́н (पुं०) (रस०) केसीन ।

казённ||ый (वि०) १ राजवित्तीय ; राजवित्त-विषयक ; सरकारी खजाने का ; на к. счет सरकारी खर्चे पर ; —ная кварти́ра सरकारी क्वार्टर (मकान) ; २ औपचारिक ; बाजाऊ ; ३ साधारण ; तुच्छ ; भद्दा ; —ная часть бандю́ка या तोप की नली का पिछला भाग ; **—щина** (स्त्री०) रूढिवादिता , फाइल-परस्ती , दीर्घसूत्रता , लालफीताशाही ।

казино́ (नपु ०) केसीनो ; जुआ खेलने का स्थान ।

казн||а́ (स्त्री०) १ राजकोष , खजाना ; २ सरकार , ३ धन , सम्पत्ति ; ४. तोप या बन्दूक की नली का पिछला भाग , **—ачёй** (पु ०) राज-कोषाध्यक्ष , खजाची , **—ачёйский** (वि०) казначёй और казначёйство से वि० ; **—ачёйство** (नपु ०) राजकोष , खजाना ।

казни́ть (अपू० और पू०) प्राणदंड देना ; к. на электри́ческом сту́ле बिजली की कुर्सी पर बिठाकर प्राणदंड देना ; **—ся** (आत्म०) पश्चात्ताप करना ।

казнокра́д (पु ०) राज्य/सरकारी सम्पत्ति का गबन करनेवाला ।

казнь (स्त्री०) प्राणदंड ; смёртная к. प्राणदंड ।

ка́зус (पु ०) १ (अदालत का) अजीब और पेचीदा मुकदमा ; २ विचित्र घटना ।

каймá (स्त्री०) किनारी , मगजी ; छोर ।

как -I. (क्रि० वि०) १. किस प्रकार ? ; कैसे ? ; कितना ? ; к он э́то сде́лал ? उसने यह कैसे किया ?; к. вам э́то нра́вится ? आपको यह कैसा लगता है ? ; как до́лго ? कितनी देर ? ; к он уста́л ! वह कितना (अर्थात् बहुत) थक गया है ! ; к (ва́ши) дела́ ? आपका काम-काज कैसा है ? ; к. пожива́ете ? (आपका) क्या हाल है ?; к вы отно́ситесь (к) ? (-के विषय में) आपका क्या विचार है ? , к вам не сты́дно ! आपको शर्म नही आती ! (बडे शर्म की बात है !) , २. क्या ; к ва́ше и́мя ?, как вас зову́т ? आपका नाम क्या है ? ; к. вы сказа́ли ? आपने क्या कहा ? ; к , он ушел ? क्या वह चला भी गया ? ; ३ к. ни चाहे कितना भी ; к. ни тру́дно चाहे कितना भी कठिन हो ; ४ अचानक ; अकस्मात् ; к. он вскочит अकस्मात् वह उछल पडा ; ५ दे० как -II ; □ вот как ! सचमुच ! ; к знать कौन जानता है ! , к. когда́ -पर निर्भर है ।

как -II (अ०) १ -के सदृश , की भाँति ; जो ; के रूप में , он поступи́л, к. вы сказа́ли उसने वही किया जो आपने कहा था ; широ́кий к мо́ре सागर के सदृश विस्तीर्ण ; Толсто́й к. писа́тель लेखक (के रूप में) तालस्ताय ; २ जब ; जब से ; прошло́ два го́да, как мы познако́мились हमारा परिचय हुए दो वर्ष हो गये ; по́сле того́ к. तब से जब ; в то вре́мя к. उस समय जब ; до того́ к. तब तक ; □ к. а́рмия, так и флот थल-सेना और नौसेना दोनो ; к. наприме́р उदाहरणतया ; к. раз बिल्कुल ठीक ; к вдруг जब अचानक ही,

जब अकस्मात् ही ; к попáло जैसे-तैसे, जहाँ जिसके सींग समाये ।

какаду́ (नपु०) काकातुआ (कलगीवाला तोता) ।

какáо (नपु०) कोको (एक गर्म पेय) ।

кáк-либо, кáк-нибудь (क्रि० वि०) किसी न किसी प्रकार ; जैसे-तैसे ।

какóв (वि० और सर्वनाम) क्या ?, किस प्रकार का ?, कैसा ? ; к результáт ? क्या परिणाम हुआ ? ; к он собóй वह कैसा दीख पड़ता है ?

каковóй (सर्वनाम) जो ; к. дóлжен быть возвращен जो लौटा दिया जाना चाहिए ।

как||óй (वि० और सर्वनाम) १ कौन-सा ?, कैसा ?, —ýю книгу вы читáете ? आप कौन-सी पुस्तक पढ़ रहे हैं ? ; к вы любúте цвет ? आपको कौन-सा रंग पसन्द है ?; —áя хорóшая погóда! कैसा अच्छा मौसम है !; २ जो, (कई) किन, —úе вам нужны́, у негó нет вे पुस्तकें जो आपको चाहिएँ, उसके पास नहीं ; ३ जो भी ; —ýю книгу он ни возьмéт जो भी पुस्तक वह लेगा ।

как||óй-либо, —óй-нибудь (वि०) १ कोई ; дáйте мне —ýю-нибудь книгу मुझे कोई-सी पुस्तक दीजिए ; २. (संख्या के पूर्व) कुछ ; कोई ; —úс-нибудь 20 рублéй कोई बीस रूबल ।

какóй-то (वि०) १. (अज्ञात) कोई, एक ; вас спрáшивает к -то человéк आपको कोई पूछ रहा है/आपको एक आदमी बुला रहा है ; २ एक प्रकार का ; सदृश ; óто какáя-то мáния यह एक प्रकार का उन्माद है ।

как-то (क्रि० वि०) १ किसी न किसी प्रकार ; к -то он ухитри́лся сдéлать óто उसने यह किसी न किसी प्रकार चालाकी से कर ही डाला ; २. एक दिन ; एक बार ; к -то раз एक बार ; ३ अर्थात ; ४ (अनिश्चित) किसी प्रकार ; कैसे ; посмотрю, к.-то он вы́йдет из положéния देखूँगा वह इस स्थिति से कैसे निकलता है ।

кал (पुं०) (केवल एकवचन) विष्ठा ; मल ।

каламбýр (पुं०) श्लेष ; वक्रोक्ति ; वाक्छल ।

каланчá (स्त्री०) १ पौरी-मीनार ; निगरानी करने की मीनार ; २ लम्बा-तड़ंगा आदमी ।

калáч (पुं०) एक प्रकार की सफेद डबलरोटी ।

калéка (उभ०) अपाहिज आदमी, अंगभंग व्यक्ति ।

календáрь (पुं०) कलेंडर ; पंचांग ; जन्त्री ।

калéни||е (नपु०) तापदीप्ति ; लाल हो जाने तक गर्म करने का कार्य ; □ довести́ до бéлого —я बहुत क्रोध दिलाना, क्रोधोन्मत्त कर देना ।

калён||ый (वि०) १ परितप्त ; इतना गर्म कि लाल हो गया हो ; —ое желéзо परितप्त लोहा ; २. —ые орéхи भुनी हुई गिरी ।

калéчить (अपू०) अपाहिज करना ; लँगड़ा करना ; अंगभंग करना ।

калúбр (पु०) १ प्रमापी ; २ (बन्दूक का) नालमुख ।

кáлиевый (वि०) पोटाशियमयुक्त ।

кáлий (पुं०) (रस०) पोटाशियम ।

калúйн||ый (वि०) पोटाशियम का ; —ое удобрéние पोटाशियम की खाद ।

калúна (स्त्री०) कालीना ; हिमकन्दुक (वृक्ष) ।

калúтка (स्त्री०) छोटा फाटक ।

калúть (अपू०) १. परितप्त करना ; (लोहे को) आब देना ; २ (अखरोट आदि की गिरी को) भूनना ।

калúф (पुं०) खलीफा ।

калиграфúческий (वि०) सुलेख-विषयक ।

калигрáфия (स्त्री०) सुलेख ; सुलेख-कला ।

комедиа́нт (पु॰), **—ка** (स्त्री) १. कलाकार ; २. (सरकस में) मसखरा ; ३. कपटी ; पाखडी ; он лежи́т и к. वह झूठा और कपटी है ।
комеди́йный (वि॰) коме́дия से वि॰ ; к. актер प्रहसन या कामदी का अभिनेता ।
коме́ди||я (स्त्री॰) प्रहसन ; कामदी ; разы́грывать —ю किसीको बुद्धू बनाना , ку́кольная к कठपुतलियो का प्रहसन ।
ко́мель (पु॰) १. पेड का मोटा ठूँठ ; २ (गेहूँ आदि काटने के पश्चात् बचा हुआ) ठूँठ ।

комендáнт (पुं०) (दुर्ग या नगर का) कमांडेंट ; रेलवे यातायात-अधिकारी ।

комендатýра (स्त्री०) कमांडेंट का दफ्तर ।

комендóр (पुं०) (नौसेना मे) तोपखाने का कप्तान ।

комéта (स्त्री०) पुच्छल तारा ।

кóмик (पुं०) १. प्रहसन या कामदी का अभिनेता ; २ मसखरा ; ३. प्रहसन या कामदी का लेखक ।

коминтéрн (Коммунистúческий Интернационáл) साम्यवादी अन्तर्राष्ट्रीय सगठन ।

комиссáр (पु०) विशेषाधिकारी ; कमीसार ; **—иáт** (पुं०) विशेषाधिकारी का दफ्तर ; कमीसरियत , **—ский** (वि०) विशेषाधिकारी का ; कमीसार का ।

комиссионéр (पुं०) अभिकर्ता ; एजेंट ; आढती ; दलाल ।

комиссиóнный (वि०) १. комúссия से वि० ; २ к магазúн आढत की दुकान (वह दुकान जहाँ पुरानी वस्तुएँ दलाली पर बेची जाती हैं) ।

комúссия (स्त्री०) १. आयोग ; समिति ; врачéбно-экспéртная к चिकित्सा-विशेषज्ञो का आयोग ; २. अभिकरण ; एजेंसी ; आढत ; दलाली ।

комитéт (पु०) समिति ; बोर्ड ; मडल ; исполнúтельный к कार्यकारिणी समिति ; районный к प्रदेश-समिति ।

комúческий (वि०) हास्यरसपूर्ण ; हास्यजनक ; अजीब ; к. сюжéт हास्यरसपूर्ण विषय ।

комúчный (वि०) हास्यरसपूर्ण ।

кóмкать (अपू०), **с—** (पू०) मसलना ; शिकन डालना ; к бельe कपडो मे शिकन डालना ।

коммент||áрий (पु०) १ समीक्षा , विवरण ; भाष्य ; टीका ; (रेडियो आदि पर) आँखो-देखा हाल ; **—áтор** (पुं०) भाष्यकार ; टीकाकार ; समीक्षाकार ; (रेडियो पर) आँखों-देखा हाल बतानेवाला ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) टीका-टिप्पणी करना ।

ком(м)ерсáнт (पुं०) व्यापारी ; सौदागर ।

ком(м)éр||ция (स्त्री०) व्यापार ; वाणिज्य ; **—ческий** (वि०) व्यापारिक ; वाणिज्य-सम्बन्धी ।

коммивояжёр (पु०) (दूसरे स्थानो पर घूमकर) माल के आर्डर लेनेवाला एजेंट ।

коммýна (स्त्री०) कम्यून ; Парúжская К Пéрис-кóмyн ; сельскохозя́йственная к. खेती-कम्यून ।

коммунáльн||ый (वि०) नगरपालिका-सम्बन्धी ; पौर ; साझी ; —ые услýги सार्वजनिक सुविधाएँ/उपयोगिताएँ ; —ая сóбственность साझी/पौर सम्पत्ति ।

коммунúзм (पुं०) साम्यवाद ; первобы́тный к आदिम साम्यवाद ।

ком(м)уникáция (स्त्री०) संचार ।

коммунúст (पुं०), **—ка** (स्त्री०) साम्यवादी दल का सदस्य ।

коммунистúческий (वि०) साम्यवादीय ; Коммунистúческая Пáртия साम्यवादी दल ; К. Манифéст साम्यवादी घोषणा-पत्र ; Коммунистúческий Союз Молодéжи (सक्षिप्त—комсомóл) साम्यवादी युवक-सघ ।

коммутáтор (पु०) विद्युत्-पट्ट ; (बिजली का) स्विच बोर्ड ।

коммюникé (नपुं०) विज्ञप्ति ।

кóмнат||а (स्त्री०) कमरा ; жилáя к. निवास-कक्ष ; रिहाइशी कमरा ; вáнная к. गुसलखाना ; убрáть —у कमरा साफ करना ; **—ный** (वि०) कमरे का ।

комóд (पुं०) (कपडे या घरेलू चीजे रखने की) दराजोवाली अलमारी ।

комóк (पुं०) ком का अल्प० ; свернýться, съежиться в к गोले मे लिपट जाना ; गोला बन जाना ।

комóл||ый (वि०) बिना सीगो का ; —ая корóва बिना सीगो की गाय ।

компáктн||ость (स्त्री०) घनता ; ठोसपन ; **—ый** (वि०) घना ; ठोस ; —ый комóк снéга बर्फ का ठोस गोला ।

компанéйский (वि०) मिलनसार ; к. человéк मिलनसार व्यक्ति ।

компáн||ия (स्त्री०) १ कम्पनी ; акционéрная к संयुक्त पूँजी-कम्पनी ; २ संग ; साथ ; водúть —ию с кéм-л किसीका संग करना ।

компаньóн (पु०), **—ка** (स्त्री०) संगी/संगिनी ; सखा/सखी , साथी/साथिन ।

компáртия (коммунистúческая пáртия) साम्यवादी दल ।

кóмпас (पु०) कुतुबनुमा ; दिक्सूचक यन्त्र ।

компéндиум (पु०) सार-संग्रह ।

компенс||áция (स्त्री०) क्षतिपूर्ति ; प्रतिकरण ; मुआवजा ; **—úровать** (अपू० और पू०) (—рую) क्षतिपूर्ति करना ; प्रतिकरण करना ; मुआवजा देना ।

компетéн||тный (वि०) समर्थ ; सशक्त ; **—ция** (स्त्री०) अधिकार-क्षेत्र ; शक्ति ; सामर्थ्य ; э́то не в моéй —ции यह मेरी सामर्थ्य के परे है ; यह मेरी शक्ति के बाहर है ।

компил||úровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) संकलन करना ; संग्रह करना ; **—я́тор** (पु०) सकलनकर्ता ; **—я́ция** (स्त्री०) संकलन ; सग्रह ।

кóмплекс (पु०) १ समाहार ; समुच्चय ; निकाय ; २. बुद्धि का भ्रम ; दिमागी वहम , **—ный** (वि०) १. кóмлекс से वि० ; २. जटिल , —ные чúсла जटिल सख्याएँ ।

комплéкт (पु०) १. पूर्ण सग्रह ; सैट ; к. журнáлов за 1943 г , १९४३ की पत्रिकाओ का पूर्ण सग्रह ; २. निर्दिष्ट सख्या , сверх —а निर्दिष्ट सख्या से ऊपर ; **—ный** (वि०) पूर्ण ; **—ováние** (नपु०) १. (सेना में) भरती ; —ováние áрмии सेना की भरती ; २. (पुस्तकालय के लिए) पुस्तक-उपलब्धि ; **—ováть** (अपू०), **укомплектовáть** (पू०) (—тýю) १ पूर्ण करना ; पुनः पूरित करना ; मुहैया करना ; २. (सेना में) भरती करना ।

комплéкция (स्त्री०) गठन ; बनावट ; (शरीर) रचना ; स्वभाव ; प्रकृति ।

комплемéнт (पु०) पूरक ।

комплимéнт (पु०) प्रशंसा ; बड़ाई , сдéлать к. प्रशंसा करना ।

комплóт (पु०) षड्यन्त्र ; दुरभिसन्धि ; साजिश ।

композúтор (पु०) सगीतकार ; **—ский** (वि०) सगीतकार का ।

компонéнт (पु०) अवयव ; अंग ।

компоновáть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —нýю) विन्यास ; पुर्जों को इकट्ठा करना ; जोडना ।

компóст (पु०) (कृत्रिम) खाद ।

компóстер (पु०) (रेल के टिकटो में छेद करने का) छिद्रक ; पच ।

компостúровать (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० —рую) (रेल के टिकटो को) पंच करना ; छेद करना ।

компóт (पु०) मुरब्बा ।

компрéсс (पु०) (घाव के ऊपर रखने की दवाई या गर्म पानी में भिगोया हुआ) फोहा ।

компрометúровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) बदनाम करना ; к. себя́ в глазáх óбщества समाज की आँखों में गिरना ।

компромúсс (पु०) निपटारा ; समझौता ; идтú на к. (आपस में) निपटारा करना, समझौता करना ।

компромúссный (वि०) समझौते के रूप में ; परस्पर समझौते द्वारा उपलब्ध ।

комсомóл (Коммунистúческий Сою́з Молодéжи) कमसोमोल (साम्यवादी युवक-सघ) ; **—ьский** (वि०) कमसोमोल-सम्बन्धी ।

конвéнция (स्त्री०) अभिसमय ; समझौता ; почтóвая к अन्तर्राष्ट्रीय डाक-समझौता ।

конвéрсия (स्त्री०) परिवृत्ति ; к. займа ऋण की परिवृत्ति ।

конвéрт (पु०) लिफाफा ।

конвертúровать (अपू० और पू०) (—рую) परिवृत्ति करना ; к. заем ऋण की परिवृत्ति करना ।

конво́й (पु॰) अनुरक्षक ; अनुरक्षक पोत ।

конвульси́вный (वि॰) ऐंठन उत्पन्न करनेवाला ।

конву́льсия (स्त्री॰) (चिकि॰) ऐंठन ; आक्षेप ।

конгениа́льный (वि॰) अनुरूप ; मनोनुकूल ।

конгре́сс (पु॰) महासभा ; काँग्रेस ।

кондач||о́к (पु॰) : с —ка́ बिना सोचे-समझे ।

конденс||а́тор (पु॰) (भौ॰) संघनित्र ; (बिजली का) धारित्र (अंग्रेजी—कंडेंसर) ; **—а́ция** (स्त्री॰) (भौ॰) संघनन ; **—и́ровать** (अपू॰ और पू॰) (—рую) घना करना ।

конди́тер (पु॰) मिठाई बनानेवाला ; पेस्ट्री बनानेवाला ; **—ская** (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) मिठाई/पेस्ट्री की दुकान ।

конду́ктор (पु॰) १. (बस आदि का) चालक ; कंडक्टर ; (रेल का) गार्ड ; २. (बिजली का) चालक ; **—ский** (वि॰) кондýктор-१. से वि॰ ।

конево́д (पु॰) अश्वपालक ; **—ство** (नपु॰) अश्वपालन ; **—ческий** (वि॰) अश्वपालन-सम्बन्धी ।

конёк (पु॰) १. конь का अल्प॰ ; морско́й к. दरियाई घोडा ; २ शौक , ३. दे॰ конькú ; ४. छेजे के आगे निकली हुई लकडी की घोड़े की मूर्ति ।

кон||е́ц (पु॰) अन्त ; समाप्ति ; приходи́ть к —цу́ अन्त होना ; доводи́ть до —ца́ पूरा करना ; в —це́ дня दिन के अन्त में ; २. (एक स्थान से दूसरे स्थान तक का) फासला ; в одúн к. एक तरफ का फासला ; ३. (रस्सी का) सिरा ; छोर ; □ в к. पूर्णतः ; в —це́ —цо́в अन्ततोगत्वा, आखिरकार ; положи́ть к. чему́-л. किसी बात का अन्त करना ; пришел к. अन्त आ गया ; со всех —цо́в коне́-коне́ се ; из —ца́ в к एक सिरे से दूसरे सिरे तक ; па́лка о двух —цах दुधारी तलवार ; к. де́лу вене́ц अन्त भला सो भला ।

коне́чно (क्रि॰ वि॰) अवश्य ; निश्चयपूर्वक ।

коне́чн||ость (स्त्री॰) १. परिमितता ; सीमितता ; २ छोर ; ३. पशु का अंग (टाँग आदि) ; **—ый** (वि॰) जिसका अन्त हो ; नश्वर ; челове́к существо́ —ое मनुष्य नश्वर प्राणी है ; २. अन्तिम ; अन्त का ; в —ом счёте अन्त में ।

кони́на (स्त्री) (केवल एकवचन) घोडे का माँस ।

кони́ческ||ий (वि॰) शकु की आकृति का ; गावदुम ; —ое сече́ние (ज्यामिति) शकु-छेद ।

ко́нка (स्त्री॰) (घोडो से चलनेवाली) ट्राम (मोनो) ।

конкорда́т (पु॰) (पोप और किसी राज्य के बीच) सन्धि ।

конкре́тн||ый (वि॰) ठोस ; मूर्त ; निर्दिष्ट ; नियत ; —ая цéль निर्दिष्ट उद्देश्य ; नियत लक्ष्य ।

конкуре́нт (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) १. प्रतियोगी ; २. प्रतिस्पर्धी ।

конкур||е́нция (स्त्री॰) १. प्रतियोगिता ; २. प्रतिस्पर्धा ; **—и́ровать** (अपू॰) (वर्त॰ —рую) १. प्रतियोगिता में भाग लेना ; २. प्रतिस्पर्धा करना ।

ко́нкурс (पु॰) १ प्रतियोगिता ; २ प्रतिस्पर्धा ; **—ный** (वि॰) प्रतियोगिता का ।

ко́нник (पु॰) अश्वारोही ; घुडसवार ; घुडसवार सैनिक ।

ко́нница (स्त्री॰) अश्वारोही सेना ।

коннозаво́д||ский (वि॰) अश्वपालन का ; **—ство** (नपु॰) अश्वपालन ; **—чик** (पु॰) अश्वपालक ।

ко́нный (वि॰) १. घोडे का ; к. двор अश्वशाला, अस्तबल ; २. ко́нница से वि॰ ; —ая а́рмия अश्वारोही सेना ; ३. घोडे द्वारा खीचा जानेवाला ।

коновáл (पु॰) १. घोडो का डाक्टर ; २. नीम हकीम ।

коново́д (पु॰) I. (सेना मे) घोडा-अर्दली ; II. नेता ; दल का अगुआ ।

конокра́д (पु॰) घोडाचोर ; **—ство** (नपु॰) घोडो की चोरी ।

конопа́тить (अपू॰), **про—** (पू॰) (वर्त॰ конопáчу, конопáтишь) (जहाज या नाव की) सन्दे बन्द करना ; कलापट्टी करना ।

конопл||я́ (स्त्री॰) पटुआ ; सन ; **—яный**

(वि०) पटुए का; सन का, —я́ное се́мя पटुए का बीज।

коносаме́нт (पु०) लदान-पत्र।

консерв||ати́вность (स्त्री०) अनुदारता; रूढिवादिता; कट्टरता; **—ати́вный** (वि०) अनुदार; रूढिवादी; **—ати́зм** (पुं०) अनुदारता; रूढिवादिता; **—а́тор** (पुं०) १. अनुदार; रूढिवादी; २ (इँगलैंड में) टोरी पार्टी का सदस्य।

консерв||а́ция (स्त्री०) १. (रासायनिक विधि द्वारा) परिरक्षण; सडने से बचाव; २. (किसी संस्था की) कार्यशीलता अथवा विकास को रोकना; к предприя́тия (कुछ समय के लिए) संस्था को बन्द कर देना।

консерви́ровать (अपू० और पू०), **за—** (पू०) (—рую) १ (रासायनिक विधि से) परिरक्षण करना; सडने से बचाना; मुरब्बा डालना; к фру́кты फलो का मुरब्बा डालना; २ (किसी संस्था की कार्यशीलता अथवा विकास को) रोकना; к предприя́тие संस्था को (कुछ समय के लिए) बन्द कर देना।

консе́рвный (वि०): —ая фа́брика (बर्तनो में बन्द करके) फल आदि परिरक्षण करने का/फलो का मुरब्बा डालने का कारखाना।

консе́рвы (बहु०) मुरब्बे; डिब्बाबन्द माल (खाद्य पदार्थ आदि); (रासायनिक विधि से) परिरक्षित फल आदि।

консили́ум (पु०) (किसी गम्भीर रोग के इलाज के लिए बुलाये गये कई डाक्टरो का रोग के निदान आदि के बारे मे आपस में) परामर्श; सलाह-मशविरा।

консисте́нция (स्त्री०) (भौ०) घनत्व; गाढापन।

ко́нск||ий (वि०) घोडे का; к. во́лос घोडे का बाल; —ое мя́со घोड़े का माँस; —ие состяза́ния घुडदौड।

консолид||а́ция (स्त्री०) चकबन्दी; एकत्रीकरण; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) चकबन्दी करना, एकत्रीकरण करना।

консо́ль (पुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) एक प्रकार का ब्रैकेट।

консона́нс (पुं०) (संगीत) संनाद; समनुरूपता।

конспе́кт (पुं०) संक्षिप्त विवरण; सारांश; सार; к ле́кции व्याख्यान का साराश, **—и́вный** (वि०) संक्षिप्त; —и́вное изложе́ние संक्षिप्त विवरण।

конспекти́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० —рую) सारलेखन; साराश-कथन; к. кни́гу पुस्तक का सारलेखन।

конспир||ати́вный (वि०) (शासन से) गुप्त; —ати́вная кварти́ра गुप्त निवास, **—а́тор** (पुं०) षड्यन्त्रकारी; साजिश करनेवाला; **—а́ция** (स्त्री०) षड्यन्त्र; साज़िश; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) षड्यन्त्र रचना; साजिश करना।

конста́нта (स्त्री०) (गणित और भौ०) अचर राशि।

констати́ровать (अपू० और पू०) (—рую) प्रमाणित करना, к. смерть मृत्यु प्रमाणित करना।

констелля́ция (स्त्री०) नक्षत्रमडल; तारामडल।

конституи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) विधान करना; सगठन करना।

конституци||онали́зм (पुं०) संविधानप्रियता, साविधानिकता; **—онáльный** (वि०) शारीरिक गठन-सम्बन्धी, प्राकृतिक, शरीर-रचना-विषयक।

конституцио́нн||ый (वि०) सांविधानिक; —ая мона́рхия साविधानिक राजतन्त्र।

конститу́ция (स्त्री०) **I.** सविधान; **II.** (शरीर की) बनावट।

конструи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १ संगठन करना, बनाना; к. прави́тельство सरकार बनाना, २ (योजना आदि) तैयार करना; ३ निर्माण करना।

констру́к||тор (पुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) नमूना तैयार करनेवाला; निर्माता; **—ция** (स्त्री०) निर्माण।

ко́нсул (पु०) कासुल ; **—ьский** (वि०) कासुल का ; कासुली, **—ьство** (नपुं०) कासुल-आवास ।

консульт‖а́нт (पुं०) परामर्शदाता , सलाहकार , **—ати́вный** (वि०) सलाहकार की ; परामर्शदायिनी ; **—а́ция** (स्त्री०) परामर्श , मन्त्रणा , **—и́ровать** (अपू०), (वर्त० —рую) १ परामर्श करना , मन्त्रणा करना , सलाह लेना , २. परामर्श देना , सलाह देना ।

конта́кт (पु०) सम्पर्क , установи́ть к. सम्पर्क स्थापित करना , быть в —е सम्पर्क मे होना ।

контамина́ция (स्त्री०) दूषण , अपवित्रता , मलिनता ।

конте́кст (पुं०) प्रसग ।

континге́нт (पु०) सेनादल , दल ।

контине́нт (पुं०) महाद्वीप , **—а́льный** (वि०) महाद्वीपीय , महाद्वीप-सम्बन्धी , ।

контокорре́нт (पु०) चालू खाता ।

конто́р‖а (स्त्री०) कार्यालय , दफ्तर , почто́вая к. डाकघर , **—ский** (वि०) कार्यालय/दफ्तर-सम्बन्धी ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) क्लर्क , मुशी ।

контраба́нд‖а (स्त्री०) वर्जित माल या निषिद्ध वस्तु का व्यापार , **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) निषिद्ध व्यापार करनेवाला/वाली ; **—ный** (वि०) निषिद्ध , —ный това́р निषिद्ध/वर्जित माल ।

контраге́нт (पु०) ठेकेदार ।

контр-адмира́л (पु०) रियर एडमिरल ।

контра́кт (पु०) ठेका , करार ; सविदा **—и́ровать** (अपू०) (—рую) ठेका करना ; करार करना , सविदा करना ।

контрама́рка (स्त्री०) (नाटक-गृह आदि का) पास ; प्रवेश-पत्र ।

контрассигна́ция (स्त्री०) प्रतिहस्ताक्षर करने की क्रिया ।

контра́ст (पुं०) अन्तर ; भेद ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) भेद दिखलाना , तुलना करना ।

контрата́ка (स्त्री०) प्रत्याक्रमण ; जवाबी हमला ।

контрафа́кция (स्त्री०) प्रतिलिपि-अधिकार (कापीराइट) का उल्लघन ।

контрибу́ция (स्त्री०) तावान ।

контрнаступле́ние (नपु०) प्रत्याक्रमण ; जवाबी हमला ।

контролёр (पु०) नियन्त्रक , निरीक्षक , टिकट-कलक्टर ।

контро́ллер (पु०) (बिजली का) नियन्त्रक ।

контро́ль (पु०) नियन्त्रण ।

контро́льный (वि०) नियन्त्रण-सम्बन्धी ; नियत्रण- ।

контрпредложе́ние (नपुं०) प्रतिप्रस्ताव ; प्रतिसुझाव ।

контрпрете́нзия (स्त्री०) प्रतिस्वत्व ; जवाबी माँग/दावा ।

контрразве́дка (स्त्री०) शत्रु के जासूसों के कार्य का प्रतिकार करनेवाली सस्था ।

контрревол‖юционе́р (पु०) प्रतिक्रान्तिवादी व्यक्ति ; **—юция** (स्त्री०) प्रतिक्रान्ति ।

ко́нтр‖ы (बहु०) विमति ; असहमति ; अनबन ; они в —ах उनकी अनबन हो गयी है ।

конту́‖зить (अपू०) (वर्त० конту́жу, конту́зишь) (भीतरी) घाव करना ; пу́ля —зила его́ в го́лову गोली से उसके सिर में घाव हो गया ; **—зия** (स्त्री०) भीतरी चोट ।

ко́нтур (पु०) रूपरेखा ; наброса́ть, начерти́ть к. रूपरेखा तैयार करना ।

кон‖ура́, —у́рка (स्त्री०) श्वानगृह ; कुत्तो का घर ।

ко́нус (पु०) (ज्यामिति) शकु ; कोन ।

конфедера́ция (स्त्री०) राजसघ ।

конфере́нция (स्त्री०) सम्मेलन ; काफ्रेंस ।

конфе́т‖а, —ка (स्त्री०) मिठाई ।

конфе́тти (बहु०) विवाह या उत्सव के समय एक-दूसरे पर फेके जानेवाले रगीन कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़े ।

конфигура́ция (स्त्री०) सरूप, क звезд на нéбе नभ पर तारो का सरूप ।
конфиденциа́льный (वि०) गुप्त, गोपनीय ।
конфирма́ция (स्त्री०) पुष्टीकरण ; अनुमोदन ।
конфиск||а́ция (स्त्री०) जब्ती ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—ку́ю) जब्त करना ।
конфли́кт (पुं०) अन्तर्द्वन्द्व ; विरोध ; **—ный** (वि०) परस्पर विरोधी ; विवादास्पद ; झगड़े का ; —ное де́ло विवादास्पद मामला ।
конфу́з (पु०) घबडाहट, आकुलता ।
конфу́зить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० конфу́жу, конфу́зишь) घबड़ा देना ; औसान बिगाड देना ; सकुचा देना ; भद्दी स्थिति मे डालना ; लज्जित करना ; **—ся** (आत्म०) सकुचाना ; शर्माना ; लज्जित होना ।
конфу́з||ливый (वि०) शर्मीला ; लज्जाशील ; **—ный** (वि०) भद्दी स्थिति मे डालनेवाला ; घबडा देनेवाला ।
концево́й (वि०) коне́ц से वि० ।
концентрацио́нный (वि०) : к ла́герь समाहरण-शिविर ।
концентра́ция (स्त्री०) समाहरण ; सकेन्द्रीकरण ।
концентри́ч||еский (वि०) एककेन्द्रीय ; —еские круги́ एककेन्द्रीय वृत्त ; **—ность** (स्त्री०) एककेन्द्रीयता ।
концепт (पुं०) अवधारणा, कल्पना, सम्बोध ।
концепция (स्त्री०) अवधारणा ; भाव ; विचार ।
концерн (पुं०) (व्यापार) कम्पनी ; सस्था ।
концерт (पुं०) सगीत-समारोह ; **—а́нт** (पुं०) सगीत-समारोह मे भाग लेनेवाला ।
концессио́нный (वि०) концéссия से वि० ।
концéссия (स्त्री०) छूट ; रियायत ।
концо́вка (स्त्री०) (पुस्तक या लेख के अन्त में निर्मित) अलंकरण-चित्र ।
конча́ть (अपू०), **ко́нчить** (पू०) अन्त करना ; समाप्त करना ; (विश्वविद्यालय आदि से) उपाधि लेना, स्नातक होना ; ко́нчить рабо́ту काम समाप्त करना ; ко́нчить плóхо बुरा अन्त होना, с ним все ко́нчено उससे अब कोई सम्बन्ध नही रहा ; ко́нчить самоуби́йством आत्महत्या करना, खुदकुशी करना ; **—ся** (आत्म०) अन्त होना, समाप्त होना ; (समय) बीत जाना ; मृत्यु होना ; मर जाना, на э́том все и ко́нчилось यह इसका अन्त था ; э́тим де́ло не ко́нчилось इस पर बात खत्म नही हुई, इस पर मामले का अन्त नही हुआ ; ко́нчиться ниче́м कुछ परिणाम न निकलना ।
ко́нчено (कर्तृ-निरपेक्ष) ко́нчено ! बस ! काफी है !
ко́нчик (पु०) коне́ц का अल्प० ; छोर ; किनारा ; к веревки रस्सी का सिरा ।
кончи́на (स्त्री०) मृत्यु ; безвре́менная к. अकाल मृत्यु, असामयिक देहावसान ।
ко́нчить दे० конча́ть.
конъекту́ра (स्त्री०) अनुमान ; अटकल ।
конъюнктиви́т (पुं०) (चिकि०) नेत्रश्लेष्मिका ।
конь (पु०) घोडा ; शतरंज का घोड़ा ।
коньк||и́ (बहु०) स्केट (स्केटिंग करने के जूते) ; ката́ться на —а́х स्केटिंग करना ।
конькобе́ж||ец (पुं०) स्केटिंग करनेवाला ; **—ный** (वि०) स्केटिंग-सम्बन्धी ।
конья́||к (पुं०) ब्राडी (एक तरह की शराब) ; **—чный** (वि०) ब्राडी-सम्बन्धी ।
ко́нюх (पुं०) साईस ; अस्तबल में काम करनेवाला नौकर ; घोडे पर खरहरा करनेवाला नौकर ।
коню́шенный (वि०) коню́шня से वि० ।
коню́шня (स्त्री०) अश्वशाला ; अस्तबल ।
коопер||ати́в (पु०) सहकारी मंडली ; सहकारी सभा ; **—ати́вный** (वि०) सहकारी ; सहयोगी ; **—а́тор** (पुं०) सहकारी सभा या मडली का सदस्य ; **—а́ция** (स्त्री०) सहकारिता ; सहयोग ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) सहयोग करना ।
коопт||а́ция (स्त्री०) (सदस्य का) सहयोजन या विनियुक्ति ; **—и́ровать** (अपू० और पू०)

(—рую) (सदस्य) सहयोजित करना ; विनियुक्त करना ; नियुक्त करना ।

координ‖а́та (स्त्री०) (गणित) निर्देशांक ; **—а́ция** (स्त्री०) समन्वय ; मेल ; तालमेल ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) समन्वय करना ; तालमेल रखना ।

копа́л (पुं०) वार्निश (रोगन) मे प्रयोग की जानेवाली राल ।

копа́нье (नपुं०) खुदाई ।

копа́ть (अपू०) खोदना ; खोदकर निकालना ; к. карто́фель (खोदकर) आलू निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. ढूँढ-खोज करना ; टटोलना ; छानबीन करना ; ढूँढ-खोज में समय नष्ट करना ; —ся в душе́ अपना मन टटोलना ; २. копа́ть का कर्मवाच्य ।

копе́йк‖а (स्त्री०) कोपे (रूसी मुद्रा) , сколоти́ть —у धन कमाना, पैसा बनाना ; без —и निर्धन ; □ к рублю́ бережет ब्रूँद-ब्रूँद करके घडा भरना ।

ко́пи (बहु०) खाने , каменноуго́льные к. कोयले की खाने ; соляны́е к. नमक की खाने ।

копи́лка (स्त्री०) गोलक (धन एकत्र करने की तग मुँह की सन्दूकची) ।

копи́рка (स्त्री०) कार्बन पेपर ।

копи́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —рую) १. प्रतिलिपि करना ; नक़ल करना ; २. अनुकरण करना ; नकल उतारना ।

копиро́в‖ка (स्त्री०) प्रतिलिपि या नकल करने की क्रिया ; **—щик** (पु ०), **—щица** (स्त्री०) प्रतिलिपि करनेवाला/वाली ; नक़ल करनेवाला/वाली ।

копи́ть (अपू०), **на—** (पूं०) (वर्त० коплю́, ко́пишь) सचय करना ; जमा करना ; बचाकर रखना ; к. де́ньги धन सचय करना ।

ко́пия (स्त्री०) प्रतिलिपि , नकल ; (चित्र का) प्रतिरूप ।

копна́ (स्त्री०) (सूखी घास का) ढेर ; अम्बार ; к. се́на गट्ठर ; सूखी घास का ढेर ; к волос́ बालो का गुच्छा ।

копну́ть (पू०) खोदना ।

копотли́вый (वि०) सुस्त , मन्दगति , धीमा ।

ко́поть (स्त्री०) काजल ; कालिख ।

копоши́ться (आत्म० अपू०) १. (कीड़ो का) जमा होना ; (मनुष्यो की) भीड़ होना ; २ उत्तेजित होना ।

копте́‖ть -I (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप-коптéет) (लैम्प का) धुआँ देना ; (धुएँ से) काला होना ; потолóк —ет от ды́ма धुएँ से छत काली हो रही है ।

коптеть -II (अपू०) (копчу́, копти́шь) कठोर परिश्रम करना , दे० корпе́ть.

копти́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० копчу́, копти́шь) १. (मछली, माँस आदि) धुआँ देकर तैयार करना ; २. धुएँ से काला करना ; ३. (लैम्प आदि का) धुआँ देना , □ к. не́бо अकर्मण्य जीवन व्यतीत करना ।

копу́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) आलसी ; दीर्घसूत्री ।

копу́ша (उभ०) **= копу́н, —ья.**

копч‖е́ние (नपु ०) (माँस, मछली आदि) धुआँ देकर तैयार करने की क्रिया ; **—ёный** (копти́ть से कृदन्त और वि०) ; —еная ры́ба धुआँ देकर तैयार की हुई मछली ।

ко́пчик (पु ०) अनुत्रिक ; कौक्सिक्स (रीढ़ की सबसे नीचे की तिकोनी हड्डी) ।

копы́тные (बहु०) (वि० रू०) खुरोवाले पशु ।

копь दे० ко́пи.

копьё (नपुं०) बरछी ; भाला ।

кора́ (स्त्री०) वल्कल ; वृक्ष की छाल ; कड़ी तह ; (वन०) अन्तस्त्वचिका (अग्रेजी—кортéкс) ; (शरीर-रचना०) प्रान्तस्थ भाग (अग्रेजी—кортéкс) ।

корабе́льный (वि०) पोत-सम्बन्धी ।

корабле‖вожде́ние (नपु ०) नौचालन ; **—круше́ние** (नपुं०) जहाज का डूबना या नष्ट होना ; **—строе́ние** (नपुं०) पोत-निर्माण ; **—строи́тельный** (वि०) पोतनिर्माण-सम्बन्धी ।

кора́бль (पु ०) पोत ; जहाज ।

кора́лл (पुं०) मूँगा , प्रवाल ।

ко́рда (स्त्री०) घोड़ा फेरने की रस्सी ।

кордит (पु०) (भौ०) निर्धूम विस्फोटक।

кордон (पु०) (स्थान-स्थान पर नियुक्त) सैनिकों की पंक्ति।

кореец (पु०) कोरिया-निवासी।

корёж||ить (अपू०) १. झुकाना, मोडना; तोडना-मरोड़ना; २ (कर्तृ-निरपेक्ष) बल पड़ना; ईंठना, его —ит от бóли पीडा के कारण वह ईंठा जा रहा है, **—иться** (आत्म०) टेढा हो जाना; मुड जाना।

корéйский (वि०) कोरियाई; कोरिया का।

коренáстый (वि०) १. मामल; हृष्ट-पुष्ट; गोलमटोल; २. (वन०) (बडी और मजबूत) जडोवाला।

корени́ться (आत्म० अपू०) जड पकडना।

коренн||óй १ (वि०) आमूल; मूलभूत, —ым óбразом आमूल; २ क. жúтель आदिवासी।

кóр||ень (पु०) मूल; जड; съедóбный к. कन्द-मूल; вырывáть с —нем जड से उखाड़ना, उन्मूलन करना; квадрáтный к. (गणित) वर्गमूल; кубúческий к. (गणित) घनमूल; показáтель —ня (गणित) मूल घाताक; извлечéние —ня (गणित) मूल निकालना; □ на —ню (खडी) फसल, к. зла पाप की जड।

корéнья (बहु०) (गाजर आदि की) तरकारी।

корешóк (पु॑०) १ кóрень का अल्प०, २. (कुकुरमुत्ते का) डठल; (पुस्तक की) जिल्द का पिछला भाग जहाँ पन्नों की सिलाई होती है; ३. (रसीद का) प्रतिपत्रक।

корзúн||а, —ка (स्त्री०) टोकरी, **—щик** (पु॑०), **—щица** (स्त्री०) टोकरी बनानेवाला/वाली।

коридóр (पु०) बरामदा; दालान; **—ный** (वि०) बरामदे का।

корúнка (स्त्री०) (केवल एकवचन) दाख; किशमिश।

корúть (अपू०), **у—** (पू०) धिक्कारना; झिडकना; डाँटना; к. кого́-н. за невнимáтельности असावधानी के लिए किसीको डाँटना।

коричневáтый (वि०) कत्थई-सा (रग)।

корúчневый (वि०) कत्थई (रग)।

кóрк||а (स्त्री०) छाल; (फल आदि का) छिलका; (घाव पर की) पपडी; апельсúнная к. सन्तरे का छिलका, **—овый** (वि०) кóрка से वि०।

корм (पु०) (मवेशियों का) चारा; भूसा; задавáть к. चारा डालना; на подножном —ý चरते हुए।

кормá (स्त्री०) १. बराम; किलिन (जहाज या नाव का पुच्छल भाग), २. корм का बहु०।

кормёжк||а (स्त्री०) १ चारा, к. лошадéй घोड़ों का चारा, २ खुराक, от плохóй —и он похудéл बुरी खुराक से वह दुबला पड़ गया।

кормúл||ец (पु०) १. (परिवार का) पोषक; पालक; २ दाता, हितकारी; **—ица** (स्त्री०) १ धाय; २ кормúлец-१. का स्त्री०-रूप।

кормúло (नपु॑०) पतवार, कर्ण।

кормúть (अपू०) **на—, по—** (पू०) (वर्त० кормлю́, кóрмишь) १. पोषण करना; पालन करना; भोजन कराना; к. на убóй (ज्यादा खिलाकर) मोटा करना; २ (बच्चों को) स्तनपान कराना/दूध पिलाना; ३. जीविका चलाना; □ соловьúными бáснями не кóрмят मीठी बातों से पेट नहीं भरता; **—ся** (आत्म०) १ भोजन करना, खाना; २. जीविका चलाना; गुजारा करना; —ся урóками पढ़ाकर जीविका चलाना; ३. кормúть का कर्मवाच्य।

кормлéние (नपु०) पोषण; к. грýдью स्तनपान कराना।

кормов||óй (वि०) **I.** (मवेशियों के) चारे का; चारे के काम आनेवाला; —áя свéкла (चारे के काम आनेवाला) चुकन्दर; **II.** кормá का वि०।

кормýшка (स्त्री०) (मवेशियों को चारा खिलाने का) कठौता।

кóрмчий (पु०) (वि० रू०) कर्णधार; पतवरिया।

корне||вúдный (वि०) जड़ के आकार का, **—вóй** (वि०) кóрень से वि०।

корнеплóд (पु॑०) जड़; कन्द।

корнерéзка (स्त्री०) चारे के लिए गाजरो आदि का टोका करने का यन्त्र ।

корнéт (पु०) तुरही की तरह का एक बाजा ।

корнишóн (पु०) सिरके मे डाला हुआ छोटा-सा खीरा ।

кóроб (पु०) डिब्बा ; बक्स ; चौडी टोकरी ; □ целый к новостéй बहुत-सी खबरे ; **—éйник** (पु०) फेरीवाला ।

коробúть, **по—** (पू०) (वर्त० короблю, коробúшь) १. टेढा-मेढा करना ; доскú коробúт от сырости सील के कारण तख्ते टेढे-मेढे हो जाते हैं ; २. बुरा लगना ; меня́ коробúт от егó слов मुझे उसके शब्द बुरे लगते है ; **—ся** (आत्म०) टेढा होना ; इँठना ।

коробкá (स्त्री०) डिबिया ; बक्स ; к спúчек दियासलाई की डिबिया ; дверна́я к дверáже की चौखट , к. передáч, к. скоростéй गीयर-बक्स ।

коробóчка (स्त्री०) коробкá का अल्प० ।

коров||а (स्त्री०) धेनु ; गाय ; дóйная к. दुधारू गाय ; дои́ть —у गाय का दूध दुहना ।

коровáй (पु०) बडी गोल रोटी ।

коров||ий (वि०) गाय का ; **—ка** (स्त्री०) १. коровá का अल्प० ; २. वीरबहूटी ; इन्द्रवधू ; **—ник** (पु०) १ मवेशी रखने का स्थान ; २. ग्वाला ; गाय की देख-रेख करनेवाला ; **—ница** (स्त्री०) ग्वालिन ।

королéв||а (स्त्री०) सम्राज्ञी ; मलिका ; **—ич** (पु०) (काव्य) राजकुमार ; **—на** (स्त्री०) राजकुमारी ; **—ский** (वि०) राजकीय ; राजसी ; शाही ; **—ство** (नपु०) राज्य ।

королёк (पु०) **I.** (छोटी नस्ल का) मुर्गा या मुर्गी; **II.** मालटा (सन्तरा) ।

корóль (पु०) १. सम्राट ; बादशाह ; २. (शतरज का) बादशाह ।

коромы́сло (नपु०) (बाल्टियाँ उठाने की) बहँगी ; (तराजू का) डडा ; □ там идет дым —м वहाँ हल्ला-गुल्ला हो रहा है ।

корóн||а (स्त्री०) मुकुट , ताज ; **—ациóнный** (वि०) राज्याभिषेक-सम्बन्धी ; **—áция** (स्त्री०) राज्याभिषेक ।

корóнка (स्त्री०) दात का बाहरी भाग ।

корóнн||ый (वि०) корóна से वि० ; □ —ая роль (नाटक में) प्रमुख भूमिका ।

корон||ováние (नपु०) = **корона́ция** ; **—ováть** (अपू० और पू०) (—нýю) राज्याभिषेक करना ।

корóста (स्त्री०) खुरट ; पपडी ।

корота́ть (अपू०), **с—** (पू०) क. врéмя समय बिताना ; समय नष्ट करना ।

корóтк||ий (वि०) लघु ; छोटा ; थोडा ; —ая волнá लघु तरग ; —ое замыкáние लघु परिपथ ; □ быть на —ой ногé с кем-л. किसी-से घनिष्ठ सम्बन्ध होना , у негó ум корóток для того́, чтóбы . . . . . उसमे इतनी बुद्धि नही कि . . ।

кóротко (क्रि० वि०) १. सक्षेप मे , к. говоря́ थोडे शब्दो मे, सक्षेप मे, २. घनिष्ठता से ।

коротко||волóсый (वि०) छोटे बालोवाला ; **—нóгий** (वि०) छोटी टाँगोवाला ; **—хвóстый** (वि०) छोटी पूँछवाला ।

коротышка (उभ०) नाटा आदमी; ठिगना आदमी ।

корóче коротко और корóткий का तरप्रत्ययान्त रूप ।

кóрочка (स्त्री०) кóрка का अल्प० ।

корпéть (अपू०), **про—** (पू०) (किसी काम को) उत्साह से करना ; कठोर परिश्रम करना ।

кóрпия (स्त्री०) घाव मे मरहम लगाने का मुलायम कपडा (अग्रेजी—लिट) ।

корпора́ци||я (स्त्री०) निगम ; कारपोरेशन ; член —и निगम-सदस्य ।

корпулéнтный (वि०) स्थूलकाय ; मोटा ।

кóрпус (पु०) १. शरीर ; देह ; २. खोखु ; खोल ; जहाज का पेटा ; ३ भवन ; ४. (सेना०) अनीकिनी ; कोर ; ५. खोल ; फ्रेम ; ६. кадéтский к. कैडिटो का स्कूल ।

кóрпусный (वि०) кóрпус से वि० ।

корректи́в (पु०) शोधन, внести́ к. शोधन करना।

корре́ктный (वि०) सही; ठीक।

корре́кт‖ор (पु०) प्रूफ-शोधक; प्रूफ पढ़नेवाला; **—у́ра** (स्त्री०) प्रूफ; держа́ть, пра́вить —у́ру प्रूफ-शोधन, प्रूफ पढ़ना।

корреля́т (पु०) अन्योन्याश्रित।

корреспонд‖е́нт (पु०) १. सवाददाता; со́бственный к. (газе́ты) (समाचार-पत्र का) निजी सवाददाता; २ член-к. पत्र-व्यवहारी सदस्य; **—е́нтский** (वि०) सवाददाता का; **—е́нция** (स्त्री०) पत्र-व्यवहार; डाक; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) पत्र-व्यवहार करना।

корридо́р = коридо́р.

корру́зия (स्त्री०) १ कटाव, २ (धातुओं को) मोरचा/जंग लगने की क्रिया।

корру́пция (स्त्री०) भ्रष्टता, भ्रष्टाचार।

корса́ж (पु०) (स्त्रियों के पहनने की) चोली; अँगिया।

корса́р (पु०) दस्यु-पोत; नौ-दस्यु (समुद्री डाकू)।

корсе́т (पु०) चोली, कचुकी; अँगिया।

корте́ж (पु०) जुलूस।

ко́ртик (पु०) (समुद्री और हवाई बेड़े के अफसरों की) कटार।

ко́рточк‖и (बहु०). сидеть на —ах चौकड़ी मारकर बैठना, उकड़ूँ बैठना।

корчева́ть (अपू०), **вы—** (पू०) (वर्त० —чу́ю) जड़ें उखाड़ना, भूमि में से ठूँठ निकालना।

ко́рчить (अपू०), **с—** (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) १ बल खाना; शरीर ऐंठना; его́ ко́рчит от бо́ли वह पीड़ा से ऐंठा जा रहा है/तड़प रहा है; २ к. ро́жи, грима́сы मुँह बनाना; ३. (केवल अपू०) к. из себя́ बनना; बाहरी दिखावा करना; **—ся** (आत्म०) बल खाना; ऐंठना।

корчма́ (स्त्री०) (यूक्रेन और श्वेत रूस में) शराबखाना; **—рь** (पु०) शराबखाने का मालिक।

ко́ршун (पु०) चील; काली चील; налета́ть —ом (на) (चील की तरह) झपट्टा मारना।

кори́стный (वि०) लोभी; लोलुप; भृतक; भाड़े का।

корысто‖люби́вый (वि०) स्वार्थी; लालची; **—лю́бие** (नपु०) स्वार्थ; लालच।

кори́сть (स्त्री०) १ = корыстолю́бие, २. लाभ; नफा।

кори́то (नपु०) कठौता; नाँद।

корь (स्त्री०) (चिकि०) मसूरिका; रोमान्तिका; खसरा (अंग्रेजी—मीजल्स)।

коря́вый (वि०) १. खुरदरा, असम; २. चेचक के दागोंवाला; ३ टेढ़ा-मेढ़ा, ४ भद्दा; भोंडा; к. стиль भोंड़ी शैली।

коря́г‖а (स्त्री०) पानी में डूबा हुआ शाखादार पेड़; ло́дка наткну́лась на —у नाव पानी में डूबे हुए पेड़ से टकरा गयी।

коса́ (स्त्री०) **I.** (बालों की) चोटी; वेणी, जूड़ा; заплета́ть ко́су चोटी गूँथना; **II.** हँसिया; □ нашла́ к. на ка́мень लोहे को लोहा काटता है, **III.** भू-जीभ (पृथ्वी का नुकीला भाग जो समुद्र में घुसा हो)।

коса́рь (पु०) १ (घास आदि) काटनेवाला व्यक्ति, २ (घास काटने का) गँडासा।

косве́нн‖ый (वि०) अप्रत्यक्ष, परोक्ष; —ые налоги अप्रत्यक्ष कर; —ые у́лики वृत्तान्तानुमेय साक्ष्य; परिस्थिति-साक्ष्य।

коси́лка (स्त्री०) घास काटने का यन्त्र।

коси́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० кошу́, ко́сишь) १ घास काटना, काटना, □ кос и́ коса́, пока́ роса́ अवसर पर मत चूको; २. तिरछी नजर से देखना; कटाक्ष करना।

коси́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) १. एक ओर को झुकना, २ तिरछी नजर से देखना; कटाक्ष करना, ३. (केवल अपू०) प्रतिकूल दृष्टि से देखना; टेढ़ी नजर से देखना।

коси́чка (स्त्री०) коса́ का अल्प०।

косма́тый (वि०) मोटे रोएँ का; खुरखुरा।

косме́тика (स्त्री०) कान्तिवर्धक ओषधियाँ; अंगराग; उबटन आदि।

космúческ‖ий (वि०) . —ие лучи́ अन्तरिक्ष-किरण ।

космополи́т (पु ०) विश्वबन्धु , **—и́зм** (पु ०) विश्वबन्धुता , **—и́ческий** (वि०) विश्वहितैषी का , विश्वबन्धु का ।

ко́смос (पु ०) नियमबद्ध ससार ; व्यवस्थित विश्व ।

косн‖е́ть (अपू०), **за—** (पू०) १. गतिहीन होना, क ब नेवेजस्तव अज्ञान मे पड़े रहना , २. लचीलापन खोना ; कडा होना ; говори́ть —е́ющим языко́м अकडी हुई जीभ से बोलना ।

ко́сность (स्त्री०) शिथिलता ; आलस्य , जडता ,

косноязы́ч‖ие (नपु ०), **—ность** (स्त्री०) जबान जकड़ जाना , स्पष्ट उच्चारण न कर सकना , **—ный** (वि०) जडितवाक् ; जो स्पष्ट उच्चारण न कर सके ।

коснýться दे० касаться.

ко́сный (वि०) गतिहीन , आलसी ; निष्क्रिय ; к. о́браз жи́зни आलसी जीवन ।

ко́со (क्रि० वि०) तिरछी ओर को ; तिरछा ।

кособо́кий (वि०) टेढा ।

косоворо́тка (स्त्री०) टेढे कालरो की मर्दानी कमीज ।

косогла́з‖ие (नपु ०) भेगापन ; **—ый** (वि०) भेगा ।

коsóй (वि०) १. तिरछा ; टेढा ; २ (दृष्टि) भेगी ।

косола́пый (वि०) १. मुडे हुए पजोवाला ; к. ме́дведь टेढे पजोवाला रीछ ; २. भद्दा ।

костене́‖ть (अपू०), **о—** (पू०) (हड्डी की तरह) कडा होना ; अकड जाना ; सुन्न होना ; ру́ки —ли от хо́лода ठड के मारे हाथ अकड़ गये हैं/ सुन्न हो गये है ।

костёр (पु ०) अलाव ।

кости́стый, костля́вый (वि०) हड्डीदार ।

ко́стный (वि०) कोस्त से वि० ।

костое́да (स्त्री०) हड्डियो या दाँतो का सडना ।

костопра́в (पु ०) हड्डी ठीक करनेवाला ; हड्डी चढानेवाला ।

ко́сточка (स्त्री०) १ кость का अल्प० ; २. (फलो की) गुठली ; ३. (बच्चो को गिनती सिखानेवाले तख्ते का) मनका ।

костыль (पु ०) १ बैसाखी (लगड़े के सहारे की लकडी) , २ लम्बी कील ।

кост‖ь (स्त्री०) १. हड्डी ; перело́м —и हड्डी का टूटना ; грудна́я к. उरास्थि ; берцо́вая к. जाँघ की हड्डी ; лучева́я к त्रिज्या ; локтева́я к बाँह के भीतरी ओर की हड्डी ; слоно́вая к. हाथीदाँत , २. (चौपड़ खेलने का) पासा (अग्रेजी—डोमिनो) ।

костю́м (पु ०) (पुरुष की) पोशाक ; सूट ; **—ный** (वि०) костю́м से वि० ।

костяно́й (वि०) кость से वि० ।

костя́шка = **ко́сточка**.

косы́нка (स्त्री०) (सिर पर बाँधने का) तिकोना रूमाल ।

косьба́ (स्त्री०) (फसल की) कटाई ।

кося́к (पु ०) **I.** १. (दरवाजे या खिड़की का) खम्भा ; बगली ; २. टेढी या तिरछी रखी हुई वस्तु ; **II.** (मछलियो आदि का) झुंड ।

кот (पुं०) बिल्ला ।

котёл (पु ०) १ देगची ; पतीला ; केतली , २. वाष्पित्र , बॉयलर ।

котело́к (पु ०) १ बर्तन ; २ सिर का टोप ; हेट ।

котéльная (स्त्री०) (वि० रू०) वाष्पित्र-कक्ष ; बायलर का कमरा ।

котёнок (पु ०) बिल्ली का बच्चा ।

ко́тик (पु ०) кот का अल्प० ।

коти́р‖овать (अपू० और पू०) (—рую) उद्धरण देना ; **—о́вка** (स्त्री०) उद्धरण ।

котле́та (स्त्री०) कटलेट (माँस का पकाया हुआ टुकड़ा) ।

котлова́н (पु ०) (दीवार आदि की) नीव ।

котлови́на (स्त्री०) गड्ढा ।

котлообра́зный (वि०) देगची के आकार का ।

кото́мка (स्त्री०) (चमडे या टाट का) सफरी थैला झोला ।

кото́р‖ый (सर्व०) १ (प्रश्नसूचक) कौन-सा ; к. из них ? उनमे से कौन-सा ? , —ую кни́гу вы возьмете ? आप कौन-सी पुस्तक लेगे ? ; в —ом часу́ ? किस समय ?, कितने बजे ? ; к. раз ? कितनी बार ?, किस बार? , к тебе́ год ? तेरी क्या उम्र है ? ; २. (सम्बन्धसूचक) जो ; кни́га, —ая лежи́т на столе́ पुस्तक जो मेज पर पडी है , кни́га, —ую он купи́л पुस्तक जो उसने खरीदी , челове́к, к вчера́ приходи́л वह आदमी जो कल आया था ; челове́к, —ого он ви́дел वह आदमी जिसे उसने देखा था ।

ко́ттедж (पु॰) झोपडी ।

коту́рны (बहु०) घुटने तक के जूते (प्राचीन ढग के थियेटरो मे ऐसे जूते त्रासदियो में अभिनय करनेवाले कलाकारो द्वारा पहने जाते थे) ।

ко́фе (नपु ०) कॉफी ।

кофе́й‖ник (पु ०) कॉफी का बर्तन , **—ница** (स्त्री०) (हाथ की) कॉफी पीसने की चक्की ; **—ный** (वि०) कॉफी का ; —ное де́рево कॉफी का पेड ।

кофе́йня (पु ०) कॉफी हाउस ।

ко́фт‖а (स्त्री०) स्त्रियो के पहनने की जाकेट , **—очка** (स्त्री०) ब्लाउज ।

кочан́ (पु ०) : к. капу́сты बन्दगोभी का ऊपरी भाग ।

коч‖ева́ть (अपू०) (वर्त० кочу́ю) १. यायावर का जीवन बिताना ; खानाबदोश होकर घूमना ; **—ёвка** (स्त्री०) (यायावरो का) डेरा ; (खानाबदोशो का) तम्बू ; २. यायावरो (खानाबदोशो) का अटन , **—е́вник** (पु ०), **—е́вница** (स्त्री०) यायावर ; खानाबदोश ; **—ево́й** (वि०) यायावरीय ; खानाबदोश ; —во́й наро́д यायावरजन ; खानाबदोश लोग ; **—е́вье** (नपु॰) १. =кочевка , २. (खानाबदोशो का) अटन-क्षेत्र ।

кочега́р (पु ०) झोकिया (इजन की भट्टी मे कोयला झोकनेवाला) ।

кочене́‖ть (अपू०), **за—, о—** (पू०) १. (ठड के कारण) अकड जाना , ру́ки —ли от хо́лода ठड के मारे हाथ अकड गये ; २. (закочене́ть पू० के साथ) कडा हो जाना ; सख्त हो जाना ।

кочерга́ (स्त्री०) आग-कुरेदनी ; आग सुलगाने का सीकचा ।

кочеры́жка (स्त्री०) बन्दगोभी का ठूँठ ।

ко́чка (स्त्री०) (दलदल आदि मे) मिट्टी का टीला ।

кошачий (वि०) ко́шка से वि० ; बिल्ली का ।

кошево́й (वि०) ; к атама́н अतामान/कजाक सरदार ।

кошелёк (पु ०) थैली , тугои́ к भरी हुई थैली ।

кошель (पु ०) १ =кошелек ; २. थैला ; बैग ।

ко́шка (स्त्री०) १. बिल्ली , २. (बहु०) बहुत-सी रस्सियोवाला चाबुक , ३ (मेखे आदि निकालने की) जम्हूरी ; सँडासी ४ (बर्फ आदि पर चढने के लिए) नुकीली कीलोवाले जूते ; □ черная к. пробежа́ла काली बिल्ली रास्ता काट गयी ।

кошма́ (स्त्री०) नमदा ।

кошма́р (पुं०) दु स्वप्न ।

кощей́ (पुं०) १ कोश्चेई (रूसी लोक-साहित्य मे एक कल्पित दुबला-पतला, धनी और चालाक बूढा जो अमर जीवन का भेद जानता है) ; २. लम्बा दुबला-पतला बूढा ; ३. कजूस ।

кощу́нст‖венный (वि०) ईश्वरनिन्दा-सम्बन्धी ; **—во** (नपु ०) ईश्वरनिन्दा ; **—вовать** (अपू०) (वर्त०—ствую) ईश्वर-निन्दा करना ।

коэффициент (पु ०) (गणित) गुणक ; गुणनखड ।

краб (पु ०) केकड़ा ।

кра́ги (बहु०) टाँगो पर पहनने के चमड़े के खोल ।

кра́ден‖ое (नपु ०) (वि० रू०) चोरी का माल ; **—ый** (वि०) चोरी का ; चुराया हुआ ।

кра́дучись (क्रि० वि०) चोरी-छिपे ; चुपके-चुपके ।

краеуго́льный (वि०) मूलभूत ; महत्वपूर्ण ; к. вопро́с महत्वपूर्ण प्रश्न ।

кра́ешек (पुं०) किनारा ; छोर ।

кра́жа (स्त्री०) चोरी ; к. со взло́мом सेंध मारकर चोरी ; соверши́ть —у सेंध मारना ।

кра||й (पु०) **I.** १ किनारा ; छोर ; (वर्तन का) मुँह ; на са́мом —ю́ बिल्कुल किनारे पर ; по́лный до —ев मुँह तक भरा हुआ ; лабалаб भरा हुआ , к ра́ны घाव का मुँह , ३. (माँस की) तरफ ; ओर ; то́лстый к. (माँस की) मोटी तरफ ; □ из —я́ в к. एक छोर से दूसरे छोर तक ; конца́-кра́ю нет (-ка) कोई अन्त नही ; мо́я ха́та с —ю, ничего́ не зна́ю इससे मेरा कोई वास्ता नही ; **II.** प्रदेश , क्षेत्र , родно́й к. मातृभूमि ।

крайисполко́м (краево́й исполни́тельный комите́т) प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति ।

кра́йне (क्रि० वि०) अत्यन्त ; बहुत ; я к. сожале́ю मुझे बहुत खेद है ; к ну́жное де́ло अत्यन्त आवश्यक कार्य ।

кра́йн||ий (वि०) अति ; अतिशय ; चरम ; अन्तिम ; पिछला ; आखिरी ; सिरे का ; к дом в у́лице गली मे (सबसे) अन्तिम मकान ; в —ем слу́чае अन्तिम अवस्था मे ; на к. слу́чай बुरी से बुरी हालत में , по —ей ме́ре कम से कम ; —яя цена́ कम से कम मूल्य ; к. срок अन्तिम अवधि ; — ие чле́ны (गणित) बाह्यपद ; **—ость** (स्त्री०) १. छोर ; पराकाष्ठा ; सीमा ; हद ; впада́ть в — ость पराकाष्ठा पर पहुँचना ; हद तक पहुँचना ; переходи́ть из одно́й —ости в другу́ю एक हद से दूसरी हद तक जाना ; —ости схо́дятся छोर से छोर मिल ही जाते हैं , до —ости अतिशयता से ; २. आत्यन्तिक अवस्था/स्थिति ; पराकाष्ठा ।

краковя́к (पुं०) क्राकोव्याक (एक नृत्य) ।

крамо́ла (स्त्री०) राजद्रोह ।

крамо́льн||ик (पुं०) राजद्रोही ; **—ый** (वि०) राजद्रोहात्मक ।

кран (पुं०) १. (नल की) टोटी ; २. मलसूत (अंग्रेजी—क्रेन) ।

кра́п (पु०) (केवल एकवचन) धब्बा ; चित्ती ; दाग ।

кра́па||ть (अपू०) (кра́паю, кра́паешь और кра́плю́, кра́плешь) बूँद-बूँद करके टपकना ; дождь —ет बूँदा-बाँदी हो रही है ;

крапи́в||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) बिच्छू-बूटी (एक विषैला पेड); **—ный** (वि०) बिच्छू-बूटी का ।

кра́пина (स्त्री०) चित्ती ; धब्बा ; दाग ; голуби́ное яйцо́ в —х कबूतर का चित्तीदार अंडा ।

крас||а́ (स्त्री०) (काव्य०) १ सौन्दर्य ; सुन्दरता ; (बहु०) जादू ; मोहकता ; २ अलंकार ; आभूषण ; **—а́вец** (पुं०) सुन्दर (पुरुष) ; **—а́вица** (स्त्री०) सुन्दरी , **—а́вчик** (पुं०) १. = краса́вец ; २ छैला , बाँका ।

краси́в||о (क्रि० वि०) १. सुन्दरता से ; सुन्दर रीति से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) э́то о́чень к यह अति सुन्दर है ; **—ый** (वि०) सुन्दर ; —ые слова́ सुष्ठु (सुन्दर) शब्द ।

краси||льное заведе́ние (नपुं०), **—льня** (स्त्री०) रँग बनाने का कारखाना ; **—льщик** (पु०), **—льщица** (स्त्री०) रँगरेज/रँगरेजिन ; रँगनेवाला/वाली ।

краси́тель (पु०) (रस०) रँग ।

кра́сить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० кра́шу, кра́сишь) १. रँग देना ; रोगन करना ; (ओठों और कपोलो पर) लाली लगाना ; २ सजाना ।

кра́ска (स्त्री०) रँग ; रोगन ; акваре́льная к. जलरग , ма́сляная к. तैलरग ।

красне́ть (अपू०) **по—** (पू०) लज्जारुण होना ; लाल हो जाना ; (लज्जा, आनन्द आदि के कारण) मुँह लाल हो जाना ।

красно́ (क्रि० वि०) : к. говори́ть पटुता से बोलना ।

красноарм||е́ец (पुं०) लाल सेना का सैनिक ; **—е́йский** (वि०) लाल सेना का ।

краснобу́рый (वि०) लाली-माइल भूरा ।

краснодере́в||ец (पुं०), **—щик** (पुं०) (लकड़ी का) फर्नीचर बनानेवाला ।

краснознамённый (वि०) लाल झडे के तमगे से सुसज्जित ।

краснолéсье (नपु०) चीड अथवा देवदारु का जगल ।

красно‖речúвость (स्त्री०) वक्तृत्व-शक्ति ; वाग्मिता ; वाक्पटुता ; **—речúвый** (वि०) वाक्पटु ; वाग्मी ; **—рéчие** (नपुं०) वाक्-पटुता ; वाग्मिता ।

краснотá (स्त्री०) लालिमा ; लाली , सुर्खी ।

краснофлóтец (पुं०) लाल बेड़े का सैनिक ।

крáсн‖ый (वि०) लाल ; Крáсная áрмия लाल सेना ; Крáсное Знáмя लाल झडा ; К. Крест रेड-क्रास ; —ая строкá नया पैरा ; —ое лéто ग्रीष्म (ऋतु) ।

красовáться (आत्म० अपू०) (—сýюсь) १ शोभायमान होना ; २ दिखावा करना ; ३. दर्शन देना ।

красотá (स्त्री०) सुन्दरता ।

красóтка (स्त्री०) सुन्दरी ; प्रेयसी ; प्रियतमा ।

крáсочн‖ый (वि०) १ крáска से वि० ; —ая промы́шленность रँगों का उद्योग ; २. रगीन ; सुन्दर ।

красть (अपू०), **укрáсть** (पू०) (वर्त० крадý, крадешь) चुराना ।

крáсться (आत्म० अपू०) चोरी-छिपे आ घुसना ।

крáтер (पु०) ज्वालामुखी पर्वत का मुख ।

крáтк‖ий (वि०) छोटा ; सक्षिप्त ; к. обзóр सक्षिप्त पर्यालोचन ; в —их словáх संक्षेप में ; थोडे शब्दो में ; **—о** (क्रि० वि०) सक्षेप में ।

кратковрéменный (वि०) क्षणिक ; अस्थायी ।

краткосрóчный (वि०) थोडी अवधि का ।

крáткость (स्त्री०) सक्षिप्तता ।

крáтное (नपु०) (वि० रू०) (गणित) गुणज ; óбщее к лучшим сáмое/сáмое к лучшим सार्व/सामान्य गुणज ।

кратчáйший крáткий का तम-प्रत्ययान्त रूप ।

крах (पु०) १. दिवाला ; २. पूर्ण असफलता ; потерпéть к असफल होना ।

крахмáл (पु०) माँडी , कलफ ; स्टार्च ; **—истый** (वि०) माँडीदार ; कलफदार ; **—ить** (अपू०), **накрахмáлить** (पू०) कलफ देना ।

крахмáльн‖ый (वि०) १ माँडी का , कलफ का ; २. —ая рубáшка कलफ दी हुई कमीज ।

крáше красúвый का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

крáше‖ние (नपु०) रँगाई ; **—ный** (वि०) रँगा हुआ ।

крáю‖ха, —шка (स्त्री०) रोटी का बडा टुकडा ।

креатýра (स्त्री०) जीव ; प्राणी ।

кревéтка (स्त्री०) झीगा मछली ।

крéдит (पुं०) १ उधार ; в к. उधार ; открывáть к., предоставлять к. उधार देना ; २ साख ।

кредúт‖ка (स्त्री०) = кредúтный билéт दे० кредúтный ; **—ный** (वि०) १ кредúт से वि० ; —ный билéт बैंक-नोट ; **—овáть** (अपू० और पू०) (—тýю) खाते में जमा करना ; **—óр** (पुं०) १. उत्तमर्ण ; ऋण-दाता ; २ बन्धकगृहीता ; **—оспособность** (स्त्री०) ऋणशोध-क्षमता ।

крéйсер (पु०) क्रूजर ; जगी जहाज ।

крем (पु०) (मुँह आदि पर लगाने की) क्रीम ।

крематóрий (पुं०) श्मशान ।

кремáция (स्त्री०) दाहक्रिया ।

кремéн‖ь (पुं०) १. चकमक पत्थर ; २. कठोर-हृदय ; **—шóк** (पुं०) चकमक पत्थर का टुकडा ।

кремлёвский (वि०) क्रेमलिन का ।

кремль (पुं०) क्रेम्ल ; क्रेमलिन ।

кремнёвый (वि०) १ चकमक पत्थर का बना हुआ ; २. सिलिसिक ।

кремнезём (पु०) (रस०) सिलिका ।

крéмовый (वि०) १ दूधिया रँग का ; २ शर्बती रँग का चिकना कागज ।

крен (पुं०) (पानी के जहाज का) एक ओर को झुकना ।

кре́ндель (पु॰) अक्षर 'ब' की शक्ल की रोटी।

крени́||ть (अपू॰), **на—** (पू॰) (जहाज का) एक ओर को झुकना, си́льный ве́тер —л ло́дку तेज हवा के कारण नाव एक ओर को झुक गयी।

креп (पु॰) १. क्रेप (कपडा); २. महीन काला कपडा जिसका मातम में प्रयोग होता है।

крепи́льщик (पु॰) (खानो में) लकडी की थूनियाँ बनानेवाला बढई।

крепи́тельный (वि॰) १ (खानो में) सुदृढ करने की थूनियाँ, २ दस्त रोकने की दवा।

крепи́ть (अपू॰), **под—**(पू॰) (वर्त॰ креплю́, крепи́шь) १ पक्का करना; मजबूत करना; к набере́жную (नदी के) तट को पक्का करना; २ थूनी देना; ३. दस्त रोकना; कब्जी पैदा करना।

кре́пк||ий (वि॰) पक्का; मजबूत; सुदृढ; к. организ́м सुदृढ शरीर; к. стари́к हृष्ट-पुष्ट बूढा; —ая ткань मजबूत कपडा; к чай तेज चाय; к. сон गहरी नीद; —ое слови́ шपथ; कसम; कठोर शब्द; к. на́ ухо ऊँचा सुननेवाला।

кре́пко (क्रि॰ वि॰) दृढता से, मजबूती से; к. вы́ругать शपथ लेना; к. целова́ть जोर से चुम्बन करना; к. спать गहरी नीद सोना।

крепколо́бый (वि॰) जडमति; मूर्ख।

крепле́ние (नपु॰) १. सुदृढ करना; पक्का करना; मजबूत करना; २ थूनी देना; थूनी देकर सुदृढ करना।

кре́пнуть (अपू॰), **о—** (पू॰) मजबूत होना; पक्का होना।

кре́повый (वि॰) क्रेप (कपडे) का बना हुआ।

крепостни́||к (पु॰) भूसक्त दास-प्रथा का हिमायती; **—чество** (नपु॰) भूसक्त दास-प्रथा।

крепостн||о́й (वि॰) **I.** १. भूसक्त दास-सम्बन्धी; —о́е пра́во भूसक्त दास रखने का अधिकार, २. भूसक्त दास; **II.** кре́пость-I से वि॰; —ые укрепле́ния किलेबन्दी।

кре́пость (स्त्री॰) **I.** किला, दुर्ग; गढ; **II.** ку́пчая к. क्रय-प्रलेख; खरीद का दस्तावेज; तमस्सुक; **III.** शक्ति; बल; к. ду́ха आत्मबल।

крепча́||ть (अपू॰) जोर पकडना; तेज होना; अधिक होना; моро́з крепча́ет पाला तेज हो रहा है।

кре́пче кре́пкий और кре́пко का तर-प्रत्ययान्त रूप।

крепы́ш (पु॰) हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति; हृष्ट-पुष्ट बच्चा।

кре́сло (नपु॰) आरामकुर्सी; बाजुओंवाली कुर्सी।

крест (पु॰) क्रास; सलीब; напе́рсный к. (मसीहियो का) छाती पर पहनने का सलीब; поста́вить к. (на) काटा लगाना; काटना।

кресте́ц (पु॰) त्रिक (कमर के पीछे की हड्डी) (अंग्रेजी—सेक्रम)।

крести́ны (बहु॰) बपतिस्मा; बपतिस्मे की प्रथा।

крести́ть (अपू॰) **о—, пере—** (पू॰) (वर्त॰ крещу́, кре́стишь) १. (अपू॰ और पू॰) (окрести́ть भी पू॰) (किसी दूसरे को) बपतिस्मा देना; मसीही बनाना; २ (केवल अपू॰) किसी बच्चे का धर्म-पिता या धर्म-माता बनना; ३ (пере-крести́ть पू॰ के साथ) (मसीहियो का) सलीब बनाना; **—ся** (आत्म॰) (अपू॰ और पू॰) (окрести́ться भी पू॰) बपतिस्मा लेना; मसीही धर्म ग्रहण करना; २. (перекрести́ться पू॰ के साथ) (मसीहियो का अपने शरीर पर) सलीब बनाना।

кре́стная (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) धर्म-माता।

кре́стн||ик (पु॰), **—ица** (स्त्री॰) धर्म-पुत्र/धर्म-पुत्री।

кре́стн||ый (वि॰) крест से वि॰; —ое зна́мение सलीब का झडा।

кре́стный (पु॰) (वि॰ रू॰) धर्म-पिता।

крестови́к (पु॰) एक प्रकार की विषैली मकडी।

крестови́на (स्त्री॰) १. कटवाँ टिकठी; गुणा-चिह्न (×) के आकार में रखी दो थूनियाँ; २. (रेलगाड़ी को एक पटरी से दूसरी पटरी पर बदलने का) काँटा।

кресто́вый (वि॰) к. похо́д ईसाइयो का धर्मयुद्ध।

крестоно́сец (पु॰) धर्मयुद्ध लडनेवाला।

крестья́н||ин (पु॰) (बहु॰ крестья́не) किसान; **—ка** (स्त्री॰) किसान स्त्री; कृषक स्त्री;

—ский (वि०) किसान का , कृषक-; **—ство** (नपुं०) कृषकजन ; किसान लोग ।

кретóн (पु ०) छींट , दरेस (छपा हुआ सूती कपडा)

крещéние (नपुं०) बपतिस्मा ।

кривáя (स्त्री०) (वि० रू०) वक्र रेखा ; к. температýры ताप-वक्र रेखा ।

крúвда (स्त्री०) (लोक-साहित्य मे प्रयुक्त) झूठ ; असत्य ।

кривизнá (स्त्री०) (केवल एकवचन) टेढापन ; वक्रता ।

кривúть (अपू०), **с—, по—,** (पू०) (वर्त० кривлю́, кривúшь) टेढा करना ; तिरछा करना ; तोडना-मरोडना ; к рот मुँह टेढा करना ; □ кривúть, покривúть душóй अन्त करण के विरुद्ध काम करना ; **—ся** (आत्म०) १ टेढा होना ; तिरछा होना ; २. (скривúться पू० के साथ) मुँह बनाना ।

кривля́||ка (उभ०) आडम्बरी ; बननेवाला आदमी ; **—нье** (नपुं०) आडम्बर ; बनना ; **—ться** (आत्म० अपू०) १. आडम्बर करना ; बनना ; २. मुँह बनाना ।

крúво (क्रि० वि०) वक्रता से ; टेढेपन से ।

криводýшие (नपु ०) कपट ; छल ।

крив||óй (वि०) १. वक्र ; टेढा ; २. कपटी ; ३. काना ; —ая лóшадь काना घोडा ।

криволинéйный (वि०) वक्र रेखाओ से बना हुआ ।

кривотóлки (बहु०) झूठी अफवाहे ; उडती खबरे ।

крúзис (पु ०) सकट ; к наступúл संकट आ पडा ।

крик (पुं०) चीख ; चिल्लाहट ।

криклúв||ый (वि०) १. ऊँचे स्वर का ; कोलाहलमय ; २. चटकदार ; она —о одевáется वह चटकदार कपडे पहनती है ।

крúк||нуть दे० кричáть ; **—ýн** (पुं०), **—ýнья** (स्त्री०) शोर मचानेवाला/वाली ।

кримин||алúст (पु ०) अपराधी ; **—алúстика** (स्त्री०) दंड-विधान , **—áльный** (वि०) दड-सम्बन्धी ; दड्य ; **—олóгия** (स्त्री०) अपराध-विज्ञान ।

кристáлл (पुं०) स्फटिक ; बिल्लौर ; **—изúровать** (अपू० और पू०) (—рую) रवा करना या बनाना ; दाने जमाना ।

кристáльный (वि०) १ बिल्लौरी; बिल्लौर का; २. (बिल्लौर की भाँति) निर्मल ; स्फटिक-शुभ्र ; ३ एकदम स्पष्ट ।

критéрий (पु ०) कसौटी , служúть к. कसौटी होना ।

крúти||к (पुं०) समालोचक ; आलोचक ; **—ка** (स्त्री०) समालोचना , आलोचना ; गुणदोष-विवेचन ; **—кáн** (पु ०) छिद्रान्वेषक ; दोषदर्शी ; टीका-टिप्पणी करनेवाला ; **—цúзм** (पु ०) १ समालोचना ; २. टीका-टिप्पणी ।

критúческ||ий (वि०) १. आलोचनात्मक ; —ая статья́ आलोचनात्मक लेख ; २ शोचनीय ; नाजुक ; —ое положéние शोचनीय स्थिति, नाजुक हालत ।

кричáть (अपू०), **крúкнуть** (पू०) १. चिल्लाना ; चीख मारना ; बहुत ऊँचे बोलना ; २. पुकारना , बुलाना ; к о пóмощи सहायता के लिए पुकारना ।

кров (पुं०) (केवल एकवचन) आश्रय ; घर ; лишенный —а बेघरबार ।

кровáв||ый (वि०) १. लहू का ; २. खून से लथपथ ; к. понóс आँव के साथ खून गिरना ; □ —ая бáня हत्याकाड ; कत्लेआम ।

кровáтка (स्त्री०) кровáть का अल्प० ।

кровáть (स्त्री०) चारपाई ; पलँग ; खटिया ; дéтская к. खटोला ; лечь в к सो जाना ।

крóвельный (वि०) छत-सम्बन्धी ; छत का ।

кровенóсн||ый (वि०) : —ая системá रक्त-सचार-प्रणाली ; —ые сосýды रक्तवाहिनी नाड़ियाँ ।

крови́нк||а (स्त्री०) रक्त की बूँद , ни —и в лицé सफेद फक चेहरा ।

кро́вля (स्त्री०) छत ; желе́зная к. लोहे की छत ।

кро́вн||ый (वि०) १. रक्त का ; खून का ; —ое родство́ खून का रिश्ता ; २. (पशु) (अच्छी) नस्ल का ; —ая ло́шадь (अच्छी) नस्ल का घोडा ; ३. मार्मिक , ४ (घाव) गहरा ; (अपमान) घोर ; □ —ая месть रक्तपातमय प्रतिकार ; खून के बदले खून ; к. враг जानी दुश्मन ; —ые де́ньги खून-पसीने की कमाई ; पसीने से कमाया हुआ धन ।

кровожа́дн||ость (स्त्री०) रक्त-पिपासा ; क्रूरता , **—ый** (वि०) रक्त-पिपासु ; खून का प्यासा ; क्रूर ; निर्दयी ।

кровоизлия́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; खून का बहना ।

кровообраще́ние (नपुं०) रक्त-संचार ।

кровопи́йца (स्त्री०) खून चूसनेवाला ; धन ऐठनेवाला ।

кровоподтёк (पुं०) आघात ; चोट ।

кровопроли́т||ие (नपु०) रक्तपात ; **—ный** (वि०) रक्तपात का ।

кровопуска́ние (नपुं०) १. (चिकि०) फस्त खोलना , २ हत्याकांड ।

кровосме||си́тель (पुं०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग करनेवाला ; **—ше́ние** (नपु०) (सगोत्रजा स्त्री से) वर्जितगमन/वर्जित सम्भोग ।

кровотече́ние (नपुं०) रक्तस्राव ; к. и́з носу नाक से खून बहना ।

кровоточи́||ть (अपू०) रक्त बहना ; ра́на си́льно —т घाव से खूब खून बह रहा है ।

кровоха́ркань|е (नपुं०) थूक के साथ खून आना ।

кров||ь (स्त्री०) रक्त ; रुधिर ; खून ; останови́ть к (घाव से) रक्त का बहना बन्द कर देना ; в —и́ खून से लथपथ ; э́то у него́ в —и́ यह उसके खून मे है ; у него́ к. кипи́т उसका खून खौल रहा है ; проли́ть к. रक्तपात करना ; **—яни́стый** (वि०) खूनवाला ; सरक्त ; —яни́стое мя́со खूनवाला माँस ; **—яно́й** (वि०) रक्त का ; खून का ; —я́ное давле́ние रक्त-दाब, खून का दबाव ।

крои́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० крою́, крои́шь) (कपडे) ब्योंतना ; कटाई करना ; к. пальто́ कोट ब्योतना ।

кро́йка (स्त्री०) (कपडो का)ब्योत ; कटाई ।

крике́т (पुं०) क्रिकेट (एक खेल) ।

крои́ (नपुं०) खाका ; रेखाचित्र ।

крокоди́л (पु०) मकर ; मगरमच्छ ; **—овый** (वि०) मगरमच्छ का ; —овая ко́жа मगरमच्छ की खाल ; □ —овы слезы मिथ्या विलाप ; झूठा रुदन ।

кро́ли||к (पु०) शशक , **—ково́д** (पुं०) शशक-पालक ; **—ково́дство** (नपु०) शशक-पालन ; **—чий** (वि०) शशक का ; —чий мех शशक की पोस्तीन ।

кроль|ча́тник (पुं०) शशक का पिजडा ; शशक के रहने के लिए बनाया हुआ स्थान ।

кро́ме (अ०) अतिरिक्त ; अलावा ; सिवा ; к. того́ उसके अतिरिक्त ।

кроме́шн||ый (वि०) · к ад नरक ; तम —ая тьма घोर अँधेरा ।

кро́мка (स्त्री०) किनारा ; छोर ; गोट ; संजाप ।

кромса́ть (अपू०), **ис—** (पू०) (लापरवाही से) टुकडे-टुकडे करना ; к хлеб रोटी के टुकडे करना ।

кро́на (स्त्री०) **I.** क्राउन (अंग्रेजी सिक्का) ; **II.** तरुशिखा ।

кронци́ркуль (पुं०) (गोल वस्तु का भीतरी या बाहरी व्यास नापने का) परकार ।

кронште́йн (पुं०) ताख ; к для ла́мпы लैम्प रखने का ताख ।

кропа́ть (अपू०) १ फूहडपन से करना ; जल्दबाजी में करना ; २. भद्दी लिखाई लिखना ।

кропи́||ть (अपू०) (वर्त० кроплю́, кропи́шь) छींटे देना ; ме́лкий до́ждь —л у́лицы हल्की वर्षा से सडक गीली हो गयी ; це́лый день —л до́ждь सारा दिन बूँदा-बाँदी होती रही ।

кропотли́в||ый (वि०) १. परिश्रम का ; मेहनत का ; —ая рабо́та (परिश्रम का) प्रारम्भिक

काम, तैयारी का काम ; २ परिश्रमी ; मेहनती (आदमी) ।

крот (पु॰) छछूँदर ।

кро́ткий (वि॰) विनीत ; विनम्र ; к. ребёнок विनम्र बालक ।

кротово́вый (वि॰) छछूँदर का ।

кро́тость (स्त्री॰) विनम्रता ; विनय ।

кроха́ (स्त्री॰) (रोटी का) कौर ; (बहु॰) जूठन ।

крохобо́р (पु॰) बाल की खाल निकालनेवाला ; **—ство** (नपु॰) बाल की खाल निकालने का कार्य ।

кро́хотный (वि॰) नन्हाँ ; छोटा ; к. ребенок नन्हाँ बच्चा ।

кро́шево (नपु॰) खिचडी ; गडुबडु ।

кро́шеч||ка = кро́шка ; —ный = кро́хотный.

крошúть (अपू॰) तोडना ; छोटे-छोटे टुकडे करना; काटकर टुकडे-टुकडे करना ; к. ку́рам хлеб मुर्गियो को रोटी के छोटे-छोटे कौर बनाकर डालना ।

кро́шк||а (स्त्री॰) १ (रोटी का) कौर ; टुकडा ; □ ни —и कण भी नही ।

круг (पु॰) १ वृत्त ; चक्र ; घेरा ; пло́щадь —а (गणित) वृत्त का क्षेत्रफल ; к развúтия विकास-चक्र, к жúзни जीवन-चक्र ; беговóй к दौड-चक्कर ; २. मंडल ; क्षेत्र ; э́то не вхóдит в к. мои́х обя́занностей यह मेरे कार्य-क्षेत्र में नही आता ; правúтельственные —и́ सरकारी हल्के , к. знако́мых परिचित वृत्त ; в те́сном —ý, в своем —ý मित्रमडली मे ; □ на к. औसत से ; поро́чный к. दूषित चक्र ।

кру́гленький (वि॰) १. кру́глый का अल्प॰; २ गोलमटोल ।

кругл||е́ть (अपू॰), **о—, по—** (पू॰) गोल हो जाना ; **—ова́тый** (वि॰) गोल-सा ।

круглоголо́вый (वि॰) गोल सिरवाला ।

круглоли́цый (वि॰) गोल चेहरेवाला ।

круглосу́точный (वि॰) पूरे दिन-रात का ; चौबीस घटो का ।

кру́гл||ый (वि॰) १. गोल ; २. पूर्ण ; पूरा ; पक्का ; к. дура́к पूरा/निरा मूर्ख ; —ое невéжество पूर्ण अज्ञान ; □ к. год पूरे वर्ष भर ; सारा वर्ष ; —ые су́тки पूरे दिन-रात ; —ые ци́фры पूर्ण संख्या ; पूर्ण अंक ।

кругов||о́й (वि॰) वर्तुलाकार ; चक्राकार ; □ —ая пору́ка परस्पर प्रतिभूति ।

круговоро́т (पु॰) घूर्णन ; चक्रानुवर्तन ; चक्कर; к. времен года ऋतुओ का चक्रानुवर्तन ।

кругозо́р (पु॰) १. क्षितिज ; २. विचार ; दृष्टिकोण ; полити́ческий к. राजनीतिक दृष्टिकोण ।

круго́м (क्रि॰ वि॰) १ चक्कर मे ; चारो ओर ; повернýться к. चक्कर खाना ; к. мно́го лесóв चारो ओर जगल ही जंगल है ; २. पूरी तरह से ; पूर्णरूपेण ; вы к винова́тый इसमें सरासर आपका ही कुसूर है ; □ у меня́ голова́ идет кру́гом मेरा सिर चकरा रहा है ; मुझे चक्कर आ रहे है ।

кругообороо́т (पु॰) परिक्रमा ; चक्रण , परिचलन ।

кругообра́зный (वि॰) गोलाकार ।

кругосве́тный (वि॰) पृथ्वी के चारो ओर का ।

кружа́ло (नपु॰) १. (मेहराब की चिनाई करने के लिए) कमान जैसा लकडी का तख्ता ; २ (कुम्हार का) चाक ।

кружевн||и́ца (स्त्री॰) झालर बुननेवाली ; **—о́й** (वि॰) झालर का ।

кру́жево (नपु॰) झालर ।

кружéние (नपु॰) परिक्रमण ; चक्रण ; चक्कर खाने की क्रिया ।

кружи́ть (अपू॰) १. चक्कर देना ; घुमाना ; २. चक्कर काटना ; घूमना ; **—ся** (आत्म॰) चक्कर खाना ; घूमना ; □ у меня́ кружи́тся го́лова मेरा सिर चकरा रहा है ; मुझे चक्कर आ रहे हैं ।

кру́жка (स्त्री॰) १. मग (बीयर आदि पीने का बडा प्याला) ; २. दान-पात्र , ३. डूश (नली द्वारा शरीर के भीतर या बाहर पिचकारी देने का यन्त्र) ।

кружко́вый (वि॰) кружóк-२ से वि॰ ।

мо́жно (कर्तृ-निरपेक्ष) (आज्ञासूचक ; क्षमतासूचक) э́то м прочёсть यह पढा जा सकता है ; здесь м кури́ть यहाँ तम्बाकू पीने की आज्ञा है ; э́то м. сде́лать यह किया जा सकता है ; е́сли м यदि सम्भव हो ; как м. скоре́е यथासम्भव शीघ्र , м. мне войти́ ? क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ ? ; м откры́ть окно́ ? क्या मै खिडकी खोल सकता हूँ ? ; □ как м. ! असम्भव !/यह कैसे हो सकता है !

моза́и||ка (स्त्री०) पच्चीकारी ; **—чный** (वि०) पच्चीकारी का , —чная рабо́та पच्चीकारी का काम ।

мозг (पुं०) १. मस्तिष्क , भेजा ; головно́й м. मस्तिष्क ; **спинно́й м.** रीढ की हड्डी ; २. मज्जा ; □ шевели́ть —а́ми बुद्धि से काम लेना ; **—ово́й** (वि०) मस्तिष्क-सम्बन्धी ; मस्तिष्क का ।

мозжечо́к (पुं०) अनुमस्तिष्क (अग्रेजी—सेरिबेलम) ।

мозо́листый (वि०) घट्ठे पडे हुए ; ठेक पडे हुए कडे ; —ые ру́ки (परिश्रम के कारण) घट्ठे/ठेक पडे हुए हाथ ।

мозо́лить (अपू०), **на—** (पू०) м глаза́ кому́-л. किसीकी आँखो में खटकना ।

мозо́ль (स्त्री०) (तलवे या हथेली मे पडी हुई) ठेक ; घट्ठा ; **—ный** (वि०) ठेक का ; घट्ठे का ।

мой (वि० और सर्व०) मेरा ; э́то м. каранда́ш यह मेरी पेसिल है ; э́тот каранда́ш м. यह पेसिल मेरी है ; ваш каранда́ш здесь, а м. там आपकी पेंसिल यहाँ है और मेरी वहाँ है ; □ мои́ (дома́шние) मेरे परिजन (घर के लोग, सगे-सम्बन्धी) ; э́то мое де́ло यह मेरा काम है ।

мо́йка (स्त्री०) धुलाई ; धोने की क्रिया ।

мо́йн||ый (वि०) धुलाई का ; धोने का ; —ая маши́на धुलाई की मशीन ।

мо́кнуть (अपू०) भीग जाना ; गीला होना ; м. под дождем वर्षा में भीग जाना ।

мокрова́тый (वि०) गीला-सा ।

мокрота́ (स्त्री०) गीलापन ; आर्द्रता ।

мокро́т||а (स्त्री०) बलगम, कफ; отха́ркивать —у खाँसकर बलगम निकालना।

мо́крый (वि०) आर्द्र; गीला; भीगा हुआ।

мол (पु०) **I.** (बन्दरगाह मे जहाजो को पानी की लहरो की टक्कर से बचाने के लिए) तरगरोध; बाँध; **II.** (विधेय) 'उसने/उन्होने कहा' (दूसरे के शब्द ज्यो के त्यो कहने के लिए); он, м, э́того не знал Усне сказал, 'मै यह नही जानता था'।

молва́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) अफवाह; जनप्रवाद; किम्वदन्ती, идет м, что अफवाह है कि...।

мо́лвить (पू०) (वर्त० мо́лвлю, мо́лвишь) बोलना; कहना।

моле́б||ен, —ствие (नपु०) (चर्च मे) छोटी-सी सामूहिक प्रार्थना।

моле́кул||а (स्त्री०) परमाणु; कण; **—я́рный** (वि०) परमाणु-सम्बन्धी, परमाणवीय।

моле́льня (स्त्री०) गिरजाघर; ईसाइयो का प्रार्थना-स्थान।

моли́т||ва (स्त्री०) प्रार्थना; स्तुति; उपासना; **—венник** (पु०) प्रार्थना-पुस्तक।

моли́ть (अपू०) प्रार्थना करना; विनती करना; याचना करना; м о пощаде́ दया की प्रार्थना करना; **—ся** (आत्म० अपू०), **помоли́ться** (आत्म० पू०) प्रार्थना करना; स्तुति करना; उपासना करना; я це́лую ночь не спала́, моли́лась и пла́кала मै सारी रात नही सोयी, प्रार्थना करती रही और रोती रही।

молниено́сн||о (क्रि० वि०) विद्युत्वेग से; बिजली के वेग से; अतिवेग से; **—ый** (वि०) बिजली के वेगवाला; अतिवेगवान्।

мо́лния (स्त्री०) (बादल में की) विद्युत्; बिजली।

молода́я (स्त्री०) (वि० रू०) दुलहिन; वधू।

молодёжь (स्त्री०) (समू०) नौजवान; युवकगण; учащаяся м. विद्यार्थीगण।

молодёнький (वि०) (बहुत) छोटा; नन्हाँ जवान।

молоде́ть (अपू०), **по—** (पू०) फिर से युवावस्था को प्राप्त करना/जवान होना।

молоде́ц (पु०) जवान, भला युवक; बहादुर; **—кий** (वि०) बीर; बहादुर।

молоде́чество (नपु०) वीरता; बहादुरी।

молоди́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० моложу́, молоди́шь) जवान बनाना, **—ся** जवान दिखायी पडना।

моло́д||ка (स्त्री०) १ (विवाहिता) युवती; जवान औरत; २. छोटी मुर्गी, **—няк** (पु०) १. (केवल एकवचन) छोटा पौधा, पौध; पनीरी; २. नयी पीढी, ३. (समू०) छोटे पशु।

молодожёны (बहु०) (नवविवाहित) दम्पति।

молод||о́й (वि०) १. युवा, जवान; तरुण; नया; м. карто́фель नये आलू; —о́е вино́ नयी मदिरा/शराब; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) दूल्हा; वर; □ мо́лодо-зе́лено हरा/कच्चा।

мо́лодост||ь (स्त्री०) यौवन; तरुणावस्था; जवानी; втора́я м नयी जवानी/कायाकल्प; не первой —и अधेड अवस्था का।

молодцева́т||ость (स्त्री०) जोश; उत्साह; साहस; उल्लास; **—ый** (वि०) जोशीला; उत्साही; साहसी; उल्लासपूर्ण।

моло́дч||ик (पु०) युवक; जवान; **—и́на** (स्त्री०) (केवल एकवचन) युवक; जवान; बहादुर।

моложа́в||о (क्रि० वि०) म. выглядеть युवक दिखायी पडना; **—ость** (स्त्री०) तरुणाई; यौवन; **—ый** (वि०) तरुण; तरुण दिखायी देनेवाला।

моло́зиво (नपु०) (केवल एकवचन) प्रसव के पश्चात् माता का पहला दूध; (पशु का) कीला दूध।

моло́ки (बहु०) मत्स्याड; मछली का पित्ता।

молок||о́ (नपु०) दूध; ки́слое м. खट्टा या फटा हुआ दूध/फेना; □ у него́ м. на губа́х не обсо́хло उसके ओठो का तो दूध भी नहीं सूखा, обжегшись на —е, ду́ешь и на́ воду दूध का जला छाछ को फूँक-फूँककर पीता है।

молокосо́с (पु०) दुधमुँहा; दूध पीता बच्चा।

мо́лот (पु०) हथौडा ; серп и м. हँसिया और हथौडा ।

молоти́л||ка (स्त्री०) दायँ-मशीन ; भूसी से अनाज अलग करने की मशीन ; **—ьщик** (पु०) दायँ करनेवाला , भूसी से अनाज अलग करनेवाला ।

молоти́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० молочу́, моло́тишь) दायँ करना ; गाहना ; भूसी से अनाज अलगाना ।

молотобо́ец (पु०) हथौडे मारनेवाला ; हथौडे की चोट मारनेवाला ।

молот||о́к (पुं०) हथौडा ; □ продава́ть с —ка́ नीलाम करना ; **—о́чек** (पुं०) १. молото́к का अल्प० ; २ костяно́й , कान की हड्डी (अंग्रेज़ी—मैलियस) ।

моло́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० мелю́, ме́лешь) पीसना , □ м вздор बकवास करना, बेकार की बातें करना ।

молотьба́ (स्त्री०) दायँ करने/भूसी से अनाज अलग करने की क्रिया ।

молоча́й, —ник (पु०) (केवल एकवचन) स्नुहा ; एक प्रकार का सफेद रसदार पौधा ।

моло́чн||ая (स्त्री०) (वि० रू०) दूध की दुकान ; डेरी ; **—ик** (पु०) १. दूध बेचनेवाला ; **—ица** (स्त्री०) १ दूध बेचनेवाली ; २. (चिकि०) मुँह आना , मुँह में छाले पडना ।

моло́чн||ый (वि०) दूध का ; —ая дие́та दूध की खुराक ; —ая коро́ва दुधारु गाय ; □ —ые зу́бы दूध के दाँत ; м. бра́т धात्री-पुत्र/सपोषित भाई ।

мо́лч||а (क्रि० वि०) चुपचाप ; बिना बोले ; **—али́вость** (स्त्री०) मौन ; चुप्पी ; **—али́-вый** (वि०) मौन ; चुप ; निःशब्द ; **—а́ние** (नपु०) मौन ; चुप्पी ।

молча́ть (अपू०), **за—, по—** (पू०) चुप होना ; молча́ть ! चुप !

моль (स्त्री०) (कपड़ो को खानेवाली) टिड्डी ।

мольба́ (स्त्री०) प्रार्थना ; याचना ; विनती ।

мольбе́рт (पुं०) तस्वीर , तख्ता इत्यादि रखने का ढाँचा ।

моме́нт (पु०) १. क्षण , पल ; घड़ी ; в э́тот са́мый м. इसी क्षण, इसी घड़ी ; в оди́н м. एक पल में ; удо́бный м. सुअवसर ; —ами यदा-कदा ; २. लक्षण ; ३. (भौ०) घूर्ण ।

момента́льн||о (क्रि० वि०) क्षण भर में ; **—ый** (वि०) क्षणिक ; पल भर का ।

мона́да (स्त्री०) १. इकाई , २. अभेद्य वस्तु ।

мона́рх (पुं०) राजा ; **—и́зм** (पुं०) राजतन्त्र-वाद ; **—и́ст** (पुं०) राजतन्त्रवादी ; **—и́ческий** (वि०) राजतन्त्रीय ; राजतन्त्रात्मक ; **—ия** (स्त्री०) राजतन्त्र ; абсолю́тная —ия स्वेच्छाचारी राजतन्त्र/निरकुश राजतन्त्र ; конституцио́нная —ия वैधानिक राजतन्त्र ।

мона́рший (वि०) राजतन्त्रीय ; राजतन्त्र-सम्बन्धी ।

монасты́р||ский (वि०) मठ-सम्बन्धी ; विहार-सम्बन्धी ; **—ь** (पु०) मठ ; विहार ; □ в чужо́й —ырь со свои́м уста́вом не хо́дят जैसा देश वैसा वेश ।

мона́||х (पु०) मठवासी ; विहार मे रहनेवाला ; **—хиня** (स्त्री०) मठवासिनी ; विहारवासिनी ; **—шенка** (स्त्री०) १. = мона́хиня ; २. एक प्रकार का कीड़ा ; **—шеский** (वि०) मठ-सम्बन्धी ; विहार-सम्बन्धी ।

моне́т||а (स्त्री०) मुद्रा ; सिक्का ; зво́нкая м. ठनकता रुपया/नकद रुपया ; ходя́чая м. चालू मुद्रा ; □ плати́ть то́й же —ой जैसे को तैसा ; **—ный** (वि०) मुद्रा-सम्बन्धी ; —ный двор टकसाल ; **—чик** (पुं०) सिक्का बनाने-वाला ।

мон||и́зм (पु०) अद्वैतवाद ; एकात्मवाद ; **—и́ст** (पु०) अद्वैतवादी ; एकात्मवादी ; **—исти́ческий** (वि०) अद्वैतवादीय ; एकात्मवादीय ।

мони́сто (नपुं०) कठहार ।

монога́мия (स्त्री०) एकपत्नीत्व ।

монограмма (स्त्री०) गुम्फाक्षर ; मोनोग्राम ।

монография (स्त्री०) किसी एक विषय पर लेख या निबन्ध ।

моно́кль (पुं०) (एक आँख का) चश्मा ।

монолúт (पु०) (एक ही ठोस पत्थर का बना हुआ) खम्भा/मूर्ति ; **—ность** (स्त्री०) ठोसपन ।

монолóг (पु०) स्वगत भाषण ।

моно́м (पु०) (गणित) एकपदी ।

мономáния (स्त्री०) (किसी एक बात की) झक/सनक ।

монополúя (स्त्री०) एकाधिकार ; इजारा ।

моноте||и́зм (पुं०) एकेश्वरवाद ; **—исти́ческий** (वि०) एकेश्वरवादी ।

монотúп (पुं०) टाइप ढालने के साथ-साथ कम्पोज़ करने का एक यन्त्र ; मोनोटाइप ।

монотóнн||ость (स्त्री०) विरसता ; नीरसता ; **—ый** (वि०) विरस ; नीरस ।

монпансьé (नपु०) फलरस मिली मिठाई ।

монтáж (पु०) १. (कल-पुर्जों का) जोड़ना ; विन्यास , २. रेडियो-रूपान्तर ; **—ник** (पु०) फिटर ; मशीन के कल-पुर्जे जोड़नेवाला ।

монтёр (पु०) फिटर ; (बिजली आदि की) मरम्मत करनेवाला ।

монти́ровать (अपू०), **с—** (पू०) (—рую) (मशीन के कल-पुर्जों को) जोड़ना ; विन्यास करना ; स्थापन करना ; फिट करना ।

монумéнт (पु०) स्मारक ।

мопс (पुं०) एक प्रकार का कुत्ता ।

мор (पु०) महामारी ; प्लेग ।

морал||изи́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) धर्मोपदेश करना ; **—и́ст** (पुं०) नीतिज्ञ ; नीति-उपदेशक ।

морáль (स्त्री०) शील ; नैतिक स्तर ; नीति-शास्त्र ; आचार-नीति , **—ный** (वि०) नैतिक ; —ное состоя́ние नैतिक स्तर ।

морг (पु०) शिनाख्त के लिए अज्ञात मृतको के शव रखने का स्थान ।

моргáть (अपू०), **моргну́ть** (पू०) आँख झपकना ; पलक मारना ।

мóрд||а (स्त्री०) १. थूथुन (पशु के मुख का अगला नुकीला भाग) ; भद्दा मुँह ; **—áстый** (वि०) लम्बी थूथुनवाला ; भद्दे मुँहवाला ।

мóр||е (नपुं०) सागर ; समुद्र ; у **—я** सागर-तट पर ; за́ м. सागर-पार ।

морепла́ва||ние (नपुं०) नौचालन , **—тель** (पुं०) नौचालक ; नाविक , **—тельный** (वि०) नौचालन-सम्बन्धी ।

морехóд = морепла́ватель.

мори́ть (अपू०) १. नष्ट करना ; मारना ; м. гóлодом भूखो मारना ।

морковный (वि०) गाजर का ।

морко́вь (स्त्री०) (केवल एकवचन) गाजर ।

моровóй (वि०) महामारी/प्लेग का ।

моро́жен||ица (स्त्री०) आइसक्रीम जमाने का साँचा ; आइसक्रीम जमाने की मशीन ; **—ое** (नपुं०) (वि० रू०) आइसक्रीम ; **—щик** (पुं०) आइसक्रीम बेचनेवाला ; **—ый** (वि०) जमाया हुआ ; (बर्फ की भाँति) बहुत ठडा किया हुआ ।

моро́з (पुं०) तुषार ; पाला ; कुहरा ; ठड ; 10 гра́дусов —а दस हिमाक/दस डिग्री पाला ।

моро́з||ить (अपू०) १ बर्फ में परिणत करना ; जमाना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) —ит बड़े ज़ोर का पाला पड रहा है ।

моро́зный (वि०) पाले का ; कुहरे का , м. день पाले का दिन ।

морос||и́ть (अपू०) बूँदा-बाँदी होना ; फुहार पड़ना , (कर्तृ-निरपेक्ष) —и́т ; дождь —и́т, बूँदा-बाँदी हो रही है/फुहार पड़ रही है ।

моро́чить (अपू०), **об—** (पू०) मूर्ख बनाना ; आँखो में धूल झोकना ; चक्कर मे डालना ।

морс (पुं०) फलो का रस ; फलो के रस का पानी ।

морск||о́й (वि०) समुद्री ; सागर-सम्बन्धी ; नौ-सैनिक ; м. бéрег सागर-तट ; —а́я вода́ समुद्री पानी ; —о́е дно समुद्र-तल ; —о́е путеше́ствие समुद्र-यात्रा ; м. флот नौसेना, जलसेना ।

мóрфий (पुं०) माफिया ; अफीम का सत ।

морфоло́гия (स्त्री०) रूप-विचार ; पद-विज्ञान ।

морщи́н||а (स्त्री०) १ झुर्री ; २. (वस्त्र पर) सलवट ; शिकन ; **—истый** (वि०) १. झुर्रीदार; २. सलवटोवाला ; शिकनदार ; **—ка** (स्त्री०) морщи́на का अल्प० ।

мо́рщить (अपू०), **на—, с—** (पू०) १ झुर्री डालना ; म लोब त्यौरी बदलना, भृकुटि चढाना ; २. सलवट डालना ; शिकन डालना ; **—ся** (आत्म०) १ त्यौरी बदलना ; भृकुटि चढाना ; २. (वस्त्र पर) सलवट पडना ; शिकन पडना ।

моря́к (पु०) नाविक ; केवट ।

москате́льный (वि०) म मागज़ीन साबुन, मोमबत्ती आदि की दुकान ।

москви́ч (पु०), **—ка** (स्त्री०) मास्को-निवासी/निवासिनी ।

моски́т (पु०) मच्छर ।

моско́вский (वि०) मास्को का ।

Моссове́т = (Моско́вский совет депута́тов трудя́щихся) मास्को की मजदूर-प्रतिनिधि-सोवियत ।

мост (पु०) पुल ; железнодоро́жный м. रेल का पुल ; доро́жный м सडक का पुल ; навести́ м. पुल बनाना ; **—ик** (पु०) छोटा पुल ।

мости́ть (अपू०) (мощу́, мости́шь) पत्थर या ईट बिठाना ; फर्श लगाना ; м. у́лицы асфа́льтом सडक पर अस्फालट का फर्श लगाना ।

мостки́ (बहु०) काष्ठपथ ।

мостова́я (स्त्री०) (वि० रू०) (सड़क की) पटरी ।

мостово́й (वि०) पुल का ।

мо́ська (स्त्री०) एक प्रकार का कुत्ता ।

мот (पु०) अपव्ययी ; खर्चीला , धन उडानेवाला ।

мота́льн||ый (वि०) चक्कर देनेवाला ; घुमानेवाला ; —ая маши́на घुमाने की मशीन ।

мота́ть (अपू०) **I.** १. लपेटना ; м. ни́тки धागा लपेटना ; २. घुमाना ; इधर-उधर हिलाना ; **II.** अपव्यय करना ; धन उडाना ।

моти́в (पुं०) १ (सगीत) सुर ; लय ; २. (कलाकृति का) विषय ; ३. हेतु ; कारण ; प्रवृत्ति ; привести́ —ы (किसी कार्य की प्रवृत्ति का) कारण बताना ।

мотну́ть (पू०) (एक बार) हिलाना ; м. голово́й सिर हिलाना ।

мотови́ло (नपुं०) (टेक०) गेहूँ काटने की मशीन के आगे लगी हुई लम्बी चर्खी ।

мото́в||ка (स्त्री०) खर्चीली औरत ; **—ство́** (नपु०) अपव्यय ; फजूलखर्ची ।

мото́к (पुं०) धागे की लच्छी ; अटी ।

мото́р (पुं०) इजन ; **—ный** (वि०) इजन का ।

мотоци́кл (पुं०), **—ет** (पुं०) मोटर-साइकिल ; **—и́ст** (पुं०) मोटर-साइकिल चलानेवाला ।

моты́га (स्त्री०) कुदाल , फावडा ।

моты́жить (अपू०) कुदाल से खोदना ; फावड़ा चलाना ।

моты́лёк (पुं०) तितली ; पतगा ।

моты́ль (पुं०) धुरे का मुडा हुआ भाग ।

мох (पुं०) काई ।

мохна́т||ый (वि०) रुएँदार ; —ое полоте́нце रुएँदार तौलिया ।

мохообра́зный (वि०) काई के सदृश ; काई जैसा ।

моцио́н (पुं०) टहलना ; चलना-फिरना ; де́лать м. टहलना/चलना-फिरना ।

моча́ (स्त्री०) मूत्र ; पेशाब ।

моча́л||ить (अपू०) रेशा अलगाना ; **—ка** (स्त्री०) (कीचड आदि धोने के लिए) वल्कल का टुकडा ; सन का टुकडा ।

моча́ло (नपुं०) वल्कल ।

мочеви́на (स्त्री०) (रस०) यूरिआ ।

мочево́й (वि०) मूत्र-सम्बन्धी ।

мочего́нный (वि०) मूत्रवर्धक ।

мочеиспуска́ние (नपुं०) पेशाब करने की क्रिया ।

мочеиспуска́тельный (वि०) : м. кана́л मूत्र-नाली ।

мочёный (वि०) भिगोया हुआ ; गीला ।

мочето́чник (पुं०) मूत्रद्वार ।

мочи́ть (अपू०) १ भिगोना ; गीला करना ; २ सोखना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **помочи́ться** (आत्म० अपू०) १. (केवल अपू० आत्म०) мочи́ть का कर्मवाच्य ; २. पेशाब करना ।

мо́чка (स्त्री०) १. भिगोने/भिगोकर मुलायम करने

की क्रिया ; २ पेपड़ी (कान का लटकता हुआ भाग) ; ३. महीन रेशा ।

мочь -I (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० могу́, мо́жешь) —सकना ; क्षमता होना ; он сде́лает все, что мо́жет वह यथासम्भव सब-कुछ करेगा ; вы, мо́жете подожда́ть ? क्या आप कुछ प्रतीक्षा कर सकते है ? ; мо́жет быть सम्भव है ; हो सकता है ; शायद ; (э́то) не мо́жет быть (यह) असम्भव है ।

мочь -II (स्त्री०) शक्ति ; बल ; изо всей —и पूरी शक्ति से, पूरे बल से ।

мошéнн||ик (पुं०) दुष्ट ; शठ ; ठग ; **—ичать** (अपू०), **смошéнничать** (पू०) ठगना ; शठता/दुष्टता का बर्ताव करना ; **—ичество** (नपु ०) ठगी ; ठगविद्या ।

мóшк||а (स्त्री०) (मच्छर जैसा) एक छोटा कीडा ; **—ará** (स्त्री०) (समू०) छोटे कीडो का समूह ।

мошн||á (स्त्री०) (केवल एकवचन) थैली ; बटुआ ; набúть —ý थैली भरना ।

мошóн||ка (स्त्री०) अडकोष ; **—очный** (वि०) अंडकोष-सम्बन्धी ।

мощ||éние (नपुं०) फर्श लगाने या ईंट-पत्थर बिठाने की क्रिया ; м у́лиц सडको पर पत्थर बिठाना ; **—ёный** (वि०) ईंटो या पत्थर के फर्शवाला ; पटरीदार ।

мóщи (बहु०) (किसी सन्त के) भौतिक अवशेष ।

мóщн||ость (स्त्री०) बल ; शक्ति ; उत्पादन-शक्ति ; (इजन की) अश्व-शक्ति ; **—ый** (वि०) शक्तिशाली ; बलवान ।

мощь (स्त्री०) (केवल एकवचन) शक्ति ; बल ।

моя (सर्व०) мой का स्त्री०-रूप ।

мразь (स्त्री०) (समू०) कमीने लोग ; ओछे आदमी ।

мрак (पुं०) अन्धकार ; धुँधलापन ; во —е но́чи रात्रि के अन्धकार में ।

мракобéсие (नपुं०) विकास-विरोध ; ज्ञान-वैर ।

мрáмор (पुं०) सगमरमर ; **—ный** (वि०) १. संगमरमर का ; २ सगमरमर के सदृश ।

мрачнéть (अपू०), **по—** (पू०) अन्धकारमय होना ; धुँधला होना ।

мрáчн||ость (स्त्री०) १. अन्धकार ; धुँधलापन ; २. विषाद ; **—ый** (वि०) १. अन्धकारमय ; २. विषण्ण ।

мсти́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) बदला लेनेवाला/वाली ; प्रतिहिंसाशील ; प्रतिशोधी ; **—ность** (स्त्री०) प्रतिहिंसा-बुद्धि ; बदला लेने की भावना ; **—ный** (वि०) प्रतिहिंसा-बुद्धि ; बदला लेने की भावना रखनेवाला ; प्रतिशोधेच्छु ; बदला लेने की इच्छा रखनेवाला ।

мстить (अपू०), **отомсти́ть** (पू०) (वर्त० мщу, мстишь) बदला लेना ; м врагу́ शत्रु से बदला लेना ।

МТС (маши́нно-тра́кторная ста́нция) ट्रैक्टर-स्टेशन ।

мудр||ено́ (क्रि० वि०) १. चतुराई से ; निपुणता से ; २. कठिन ; (कर्तृ-निरपेक्ष) м. нонять его́ उसको समझना बडा कठिन है ; не м., что.... आश्चर्य की बात नही कि ‥, यह कोई अचम्भे की बात नही कि ‥ ; **—ёность** (स्त्री०) पटुता ; कौशल ; चातुर्य ; **—ёный** (वि०) १. अजीब ; विलक्षण ; अद्भुत ; —ёный челове́к अजीब आदमी ; нет ничего́ —еного ताज्जुब नही कि ‥ ; २ कठिन ; जटिल ।

мудре́ц (पुं०) पंडित ; ज्ञानी ; महात्मा ; मनीषी ।

мудри́ть (अपू०), **на—** (पू०) दार्शनिक रूप देना ; बाल की खाल निकालना ।

му́дрый (वि०) बुद्धिमान ; ज्ञानी ; महात्मा ।

муж (पु ०) १ (बहु० мужья́) पति ; २ (बहु० мужи́) वयस्क पुरुष ।

мужа́ть (अपू०) पुरुषत्व को प्राप्त होना ; वयस्कता/यौवन को प्राप्त होना ; **—ся** (आत्म०) साहस करना ।

муже||обра́зный, —подо́бный (वि०) पुरुष के सदृश ; पौरुषयुक्त ।

му́жеский (वि०) म. रोद (व्या०) पुल्लिग ।

му́жественн||ость (स्त्री०) पौरुष ; पुंसत्व ; वयस्कता ; **—ый** (वि०) वयस्क ; पौरुषयुक्त ; पुरुषोचित ।

му́жество (नपुं०) पौरुष ; शौर्य ; साहस ; वीरता ; яви́ть м. वीरता दिखाना ।

мужи́||к (पुं०) १ (क्रान्ति-पूर्व) रूसी किसान ; २ पति ; ३ पुरुष ; **—цкий** (वि०) (क्रान्ति-पूर्व) रूसी किसानो का ।

му́жн||ий, —ин (वि०) पति का ; —яя жена́ विवाहिता स्त्री ।

мужск||о́й (वि०) १. мужчи́на से वि० ; २. पुरुषोचित ; पुरुष का ; मर्दाना ; —ое пла́тье मर्दाने कपडे ; м. пол नर ; м род (व्या०) पुल्लिग ।

мужчи́на (पुं०) पुरुष ; नर ।

му́за (स्त्री०) सरस्वती (देवी) ; ललित कलाओ की अधिष्ठात्री देवी ।

музе́й (पुं०) अजायबघर ; **—ный** (वि०) अजायबघर-सम्बन्धी ।

му́зык||а (स्त्री०) सगीत ; занима́ться —ой संगीत का अभ्यास करना ; танцева́ть под —у सगीत की लय पर नृत्य करना/नाचना ; **—а́льность** (स्त्री०) सगीत-प्रतिभा ; **—а́льный** (वि०) सगीत-सम्बन्धी ; —а́льная шко́ла सगीत-विद्यालय ; **—а́нт** (पुं०), **—а́нтша** (स्त्री०) संगीतज्ञ ; गाने-बजानेवाला/वाली ।

музыкове́д (पुं०) संगीतज्ञ ; सगीत-विद्या में दक्ष ; **—ение** (नपुं०) सगीत-विद्या ।

му́ка (स्त्री०) सन्ताप ; पीडा , यातना ; वेदना ; यन्त्रणा ; □ хожде́ние по —м त्याग और बलिदान के मार्ग पर चलना/शहीद होना ।

мука́ (स्त्री०) आटा ; मैदा ।

мукомо́л (पु०) पीसनहारा ; आटा पीसनेवाला ; **—ьный** (वि०) आटा पीसने का ।

мул (पुं०) खच्चर ।

му́льда (स्त्री०) साँचा ।

мультиплика́||тор (पुं०) (गणित) गुणक ; **—ция** (स्त्री०) (गणित) गुणन ।

му́мия (स्त्री०) परिरक्षित शव ; मसाला लगाकर सुरक्षित किया हुआ शव ।

мунди́р (पुं०) (सेना की) वर्दी ।

мундшту́к (पुं०) १. (बाजे या हुक्के की) मुखनली ; (सिगरेट आदि का) होल्डर ; २. (घोड़े का) दहाना (लगाम का मुँह में रहनेवाला भाग) ।

муниципалите́т (पुं०) नगरपालिका ; म्युनिसिपैलिटी ।

мурава́ (स्त्री०) **I.** (केवल एकवचन) (काव्य०) घास ; हरियाली ; **II.** (मिट्टी के बर्तनो पर की जानेवाली) चमकदार पालिश ।

мураве́й (पुं०) चीटी ; **—ник** (पुं०) बल्मीक ; बाँबी ।

мура́вленый (वि०) पालिश किया हुआ ; शीशे की भाँति चमकाया हुआ ।

муравье́д (पु०) मूर ; चीटी-भक्षक ।

муравьи́н||ый (वि०) चीटी का ; (रस०) फार्मिक ; —ая ку́ча बल्मीक, बाँबी ।

мура́шки (बहु०) छोटी चीटियाँ ; м по спине́ бе́гают मेरी पीठ पर चीटियाँ-सी चल रही हैं ।

мурлы́ка||ние (नपुं०) (प्रसन्न होने पर) बिल्ली का शब्द ; घुरघुराना , **—ть** (अपू०) **замурлы́кать** (पू०) १ (प्रसन्न होने पर) बिल्ली का शब्द करना ; घुरघुराना ; २. गुनगुनाना ।

муска́т (पुं०) १. (वन०) जायफल ; २. मुस्कात नाम की शराब ; ३ मुस्कात नाम का अगूर ; **—ный** (वि०) муска́т से वि० ।

му́скул (पुं•) मासपेशी ; पुट्ठा ; **—ату́ра** (स्त्री०) पुट्ठे ; पेशियाँ ; **—и́стый** (वि०) पेशीदार ; पुट्ठेदार ; हृष्ट-पुष्ट ; **—ьный** (वि०) स्नायु-सम्बन्धी ; मासपेशी/पुट्ठे का ।

му́скус (पुं०) कस्तूरी ।

мусли́н (पुं०) मलमल ; महीन कपडा ।

му́слить (अपू०) (राल या थूक से) मलिन करना ; गन्दा करना ।

мусо́лить = му́слить.

му́сор (पु०) मलबा ; कूडा-कर्कट ; कचरा ।

му́сор||ить (अपू०), **на —** (पू०) कूडा-कर्कट या कचरा बिखेरना ; गन्दगी फैलाना ; **—ный** (वि०) मलबे का ; कूडे-कर्कट का ; —ный я́щик कचरापेटी , खाकदान ; **—щик** (पुं०) कूडा-कर्कट उठानेवाला ; भगी ।

мусси́ровать (अपू०) (जनप्रवाद, अफवाह) फैलाना ।

муссо́н (पुं०) मानसून (हवा) ।

мустáнг (पु॰) अमरीका का जंगली घोडा ।

мусульмáн||ин (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) मुसलमान ; **—ский** (वि॰) मुसलमान का ; **—ство** (नपु॰) इस्लाम (धर्म) ।

мутáция (स्त्री॰) परिवर्तन ।

мути́ть (अपू॰), **за—, по—** (पू॰) (वर्त॰ мучу́, мути́шь) १. (замути́ть पू॰ के साथ) किसी तरल पदार्थ को हिलाना ; २. (помути́ть पू॰ के साथ) गँदला करना ; धुँधला करना ; **—ся** (आत्म॰) गँदला होना ; धुँधला होना ।

мутн||е́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) गँदला होना ; धुँधला होना ; **—ова́тый** (वि॰) गँदला-सा ; अपारदर्शी , धुँधला-सा ।

му́тн||ость (स्त्री॰) गँदलापन ; धुँधलापन ; अपारदर्शिता , **—ый** (वि॰) गँदला ; अपारदर्शी ; धुँधला ।

мутóвка (स्त्री॰) रई ।

му́ть (स्त्री॰) (केवल एकवचन) मैल ; गाद ।

му́фта (स्त्री॰) १ रुएँदार दस्ताना या मोजा ; २ क्लच ।

му́ха (स्त्री॰) मक्खी ; □ де́лать из му́хи слона́ राई का पहाड बनाना / तिल का ताड बनाना ।

мухолóвка (स्त्री॰) १. मक्खीमार (मक्खियाँ मारने का एक उपकरण) ; २ एक प्रकार का पौधा ; ३. मक्खियाँ पकडकर खानेवाला एक जन्तु ।

мухóртый (वि॰) (घोडे का रँग) कुम्मैत ।

мучéние (नपु॰) यन्त्रणा ; वेदना ; पीडा ।

му́чени||к (पु॰), **—ца** (स्त्री॰) शहीद ; यन्त्रणा सहनेवाला/वाली ; **—ческий** (वि॰) शहीद का ; подверга́ть —ческой сме́рти शहीद होना ; **—чество** (नपु॰) शहादत ।

му́читель (पु॰), **—ница** (स्त्री॰) आततायी ; यन्त्रणा देनेवाला/वाली ; **—ный** (वि॰) दु:खदायी ; तीव्र ; असह्य ; —ная головна́я боль असह्य सिरदर्द ।

му́чить (अपू॰), **по—** (पू॰) पीड़ा देना ; यातना देना ; सताना ; तग करना ; **—ся** (आत्म॰) १. चिन्ता करना ; (किसी के लिए) दु ख मानना ; २ अपने आपको पीडा देना ; दु ख उठाना ।

мучн||и́к (पु॰) आटा बेचनेवाला ; **—о́й** (वि॰) आटे का ।

муши́ный (वि॰) मक्खी का ।

му́шка (स्त्री॰) **I.** १. एक छोटी मक्खी ; २. (सुन्दरता बढाने के लिए मुँह पर लगाने का बनावटी) मस्सा/तिल ; **II.** (बन्दूक आदि की) मक्खी ।

мушкéт (पु॰) (बारूदवाली) बन्दूक ; **—ёр** (पु॰) बन्दूकधारी सैनिक ।

муштабéль (पु॰) चित्र बनाते समय हाथ साधने की छडी ।

муштр||á (स्त्री॰) (केवल एकवचन) कवायद ; ड्रिल ।

муштр||ова́ть (अपू॰), **вы́муштровать** (पू॰) (वर्त॰ —ру́ю, भवि॰ —рую) कवायद करना ; **—о́вка** (स्त्री॰) कवायद करने का कार्य ।

МХАТ : Моско́вский худо́жественный акаде́мический теа́тр) मास्को की कला-अकादमी का नाट्यगृह ।

мча||ть (अपू॰) बडे वेग से ले जाना ; по́езд —л нас на юг रेल बडे वेग से हमें दक्षिण दिशा को ले गयी ; **—ться** (आत्म॰) बडे वेग से जाना ।

мши́стый (वि॰) काईदार ।

мще́ние (नपु॰) बदला ; प्रतिहिंसा ।

мы (सर्व॰) (कर्मकारक और सम्बन्धकारक-रूप нас, सम्प्रदानकारक-रूप нам, करणकारक-रूप на́ми) हम ; у нас есть кни́га हमारे पास पुस्तक है ; он говори́т о нас वह हमारे बारे मे कह रहा है ; мы с сестро́й मैं और मेरी बहन ; мы с ва́ми मै और तुम ।

мы́за (स्त्री॰) (मय खेत के) देहाती मकान ।

мы́кать (अपू॰) कपे से ऊन या रुई साफ करना ; □ м. го́ре कष्टमय जीवन व्यतीत करना ; **—ся** (आत्म॰) —ся по све́ту संसार भर में घूमना/ठोकरें खाना ।

мы́лить (अपू॰), **на—** (पू॰) साबुन लगाना ; साबुन का झाग उठाना ; м. ру́ки हाथो में साबुन

लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी देह पर साबुन लगाना ; झाग उठना ; झाग देना ; २. мы́лить का कर्मवाच्य ।

мы́ло (नपुं०) १. साबुन ; २. (घोड़े के शरीर से निकलनेवाला) झाग ।

мыловáр (पुं०) साबुन बनाने का विशेषज्ञ ; **—éние** (नपुं०) साबुन बनाने का काम ; **—енный** (वि०) : —енный завóд साबुन का कारखाना ।

мы́ль||ница (स्त्री०) साबुनदानी ; **—ный** (वि०) साबुन का ; —ная пéна साबुन का झाग ; —ный пузы́рь साबुन का बुलबुला ।

мыльня́нка (स्त्री०) सफेनिका (एक ऐसा पेड़ जिसकी जड़ें, पत्ते आदि मैल धोने के काम आते है) ।

мыс (पु०) (भूगोल०) अन्तरीप ।

мы́сленн||о (क्रि० वि०) मन से , **—ый** (वि०) मानसिक ।

мы́слим||ый (वि०) विचारणीय ; —ое ли э́то де́ло ? क्या इसका मन मे विचार भी आ सकता है ?

мыслúтель (पुं०) विचारक ; **—ный** (वि०) —ные спосóбности विचार-शक्ति/क्षमता ।

мы́слить (अपू०) (мы́шлю और мы́слю, мы́слишь) विचार करना , ध्यान करना ; चिन्तन करना ।

мысль (स्त्री०) विचार , блестя́щая м. भव्य विचार ; мелькну́ла м. विचार आया/सूझा ; ему́ пришла́ в го́лову м उसे सूझा ।

мытáрить (अपू०) यातना देना ; सताना ; तंग करना ; **—ся** (आत्म० अपू०) तंग होना , चिन्तित होना ।

мытáрств||о (नपुं०) कठोर यातना , пройти́ че́рез все —а कठोर यातनाएँ सहना ।

мыть (अपू०), **вы́мыть, помы́ть** (पू०) (वर्त० мóю, мóешь) धोना ; м посу́ду बर्तन धोना ।

мы́ться (आत्म० अपू०), **вы́мыться** (आत्म० पू०) (अपनी) देह धोना ; मुँह-हाथ धोना ।

мытьё (नपुं०) धुलाई ।

мыча́||ние (नपुं०) (गाय, साँड आदि का) रँभाना ; **—ть** (अपू०) १. (गाय, साँड आदि का) रँभाना ; २ अस्पष्ट बोलना , मे-मे करके बोलना ।

мышелóвка (स्त्री०) चूहेदानी ।

мы́шечн||ый (वि०) पेशी का ; —ая боль पेशियो का दर्द ।

мышúный (वि०) चूहे का ।

мы́шка (स्त्री०) चुहिया ।

мы́шле́ние (नपु०) विचार ; चिन्तन ; चिन्ता-धारा ।

мышóнок (पुं०) चुहिया ।

мы́шца (स्त्री०) पेशी , पुट्ठा ।

мышь (स्त्री०) चूहा ; □ лету́чая м चमगादड ।

мышья́к (पुं०) सखिया ; **—óвистый, —óвый** (वि०) सखियावाला ; सखियायुक्त ।

мя́гк||ий (वि०) १ मुलायम ; नर्म , м. хлеб नर्म (ताजा) रोटी ; м вагóн गद्देदार जगहोवाला रेल का डिब्बा ; —ое крéсло आरामकुर्सी ; —ое небо तालु का पिछला भाग , २. (मनुष्य के विषय में) विनम्र ; भला , मुलायम प्रकृति का

мя́гко (क्रि० वि०) कोमलता से , मृदुता से ; □ м. выража́ясь नर्म शब्दो में कहना/मुलायमियत से कहना ।

мягкосердéчный (वि०) कोमलहृदय ; कृपालु ।

мя́гкость (स्त्री०) कोमलता ; मृदुता ।

мягкотéлость (स्त्री०) निर्बलता ; दुर्बलता ।

мягкотéлый (वि०) १ कोमलशरीर ; २. निर्बल ; दुर्बल ; निरुत्साह ।

мягкошёрстный (वि०) मुलायम बालों-वाला ।

мягчúтельн||ый (वि०) (चमड़े को) मुलायम करनेवाला ; —ое срéдство (चमड़े को) मुलायम करनेवाली ओषधि ।

мягчúть (अपू०), **с—** (पू०) मुलायम करना ; नर्म करना ।

мякúна (स्त्री०) भूसी ; छिलका ।

мя́киш (पुं०) (केवल एकवचन) रोटी की नर्म ओर ।

мя́кнуть (अपू०), **раз—** (पू०) मुलायम होना ; नर्म होना ; पिलपिला होना ।

мя́коть (स्त्री०) १. मनुष्य या पशु के मांस का नर्म भाग ; २. (फल का) गूदा।

мя́млить (अपू०), **про—** (पू०) १. अस्पष्ट बोलना ; गुनगुनाना ; २. (केवल अपू०) विलम्ब करना ; हीला-हवाला करना।

мя́мля (उभ०) अस्थिरचित्त ; डावांडोल प्रकृति का मनुष्य।

мяси́стый (वि०) मांसल ; (फल) गूदेदार।

мясн||а́я (स्त्री०) (वि० रू०) मांस की दूकान ; **—и́к** (पुं०) कसाई ; बूचड़ ; मांस बेचनेवाला।

мясн||о́е (नपुं०) (वि० रू०) सामिष भोजन ; **—о́й** (वि०) मास का।

мя́со (नपुं०) मास ; вареное, жа́реное м. उबाला या भुना हुआ मास ; пу́шечное м रणचडी की बलि।

мясое́д (पुं०) १ वह समय जब धर्मानुसार मास खाने की आज्ञा होती है ; २. मासाहारी ; मासभक्षी।

мясору́бка (स्त्री०) १. मास काटने की मशीन ; २. बूचडखाना।

мя́та (स्त्री०) (वन०) पर्णांग ; पोदीना।

мяте́ж (पु०) विद्रोह ; बगावत ; गदर ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) विद्रोही/विद्रोहिणी बागी ; **—ный** (वि०) १. विद्रोही ; बागी ; २. अधीर ; उत्साहपूर्ण ; जोशीला/जोशीली।

мяте́ль (स्त्री०) = метéль.

мя́тный (वि०) (वन०) पर्णांग का ; पोदीने का।

мять (अपू०), **помя́ть** (पू०) (वर्त० мну, мнешь) १ रौदना ; मसलना ; उथल-पुथल करना ; м. траву́ घास रौंदना ; २. (आटा) गूँधकर तैयार करना ; **—ся** (आत्म०) १. आसानी से रौंदा जाना/मसला जाना ; २. हिचकिचाना ; ३. आटे का गूँधा जाना ; ४. мять का कर्मवाच्य।

мяу́ка||нье (नपु०) (बिल्ली की) म्याऊँ ; **—ть** (अपू०) (बिल्ली का) म्याऊँ-म्याऊँ करना।

мяч, —ик (पु०) गेंद ; футбо́льный м. फुटबॉल।

Н

на (अ०) १ पर ; ऊपर ; кни́га лежи́т на столе́ पुस्तक मेज पर पडी है ; сесть на стул कुर्सी पर बैठना ; на трех страни́цах तीन पन्नो पर ; с кольцо́м на па́льце उँगली में अँगूठी पहने ; надева́ть кольцо́ (себе́) на па́лец उँगली में अँगूठी पहनना ; на таки́х усло́виях ऐसी शर्तों पर ; २. (स्थान, देश, दिशासूचक) में , पर ; को ; की ओर ; на се́вере उत्तर मे ; на у́лице सडक पर, गली में ; на заво́де कारखाने मे ; дом стои́т на доро́ге मकान सडक पर है ; на се́вер उत्तर को ; доро́га на Москву́ मास्को (को) जानेवाली सडक, по́езд на Москву́ मास्को (को) जानेवाली गाडी ; ३ (साधनसूचक) द्वारा ; से ; е́хать на по́езде गाडी से जाना , ४. (समयसूचक) मे , दौरान मे ; पर ; на деся́том году́ दसवे वर्ष मे ; на тре́тий день तीसरे दिन ; на но́вый год नये वर्ष पर ; на э́той неде́ле इस सप्ताह ; на друго́й день दूसरे दिन ; ५. (समयसूचक, अर्थसूचक) लिए ; на что э́то ему́ ну́жно ? उसको यह किसलिए चाहिए ? ; ко́мната для двои́х दो के लिए कमरा ; уро́к на за́втра कल के लिए पाठ , на́ зиму शरद ऋतु के लिए ; ६. (जीविकासाधन-सूचक) पर ; жить на (свой) за́работок अपनी कमाई पर जीना ; ७. (मूल्यसूचक) का ; на рубль ма́рок एक रूबल के डाक के टिकट ; ८. (मापसूचक) से ; продава́ть на вес तोल से बेचना ; продава́ть на ме́тры प्रति मीटर की दर से बेचना ; ९. (परिमाण, मात्रा की भिन्नता सूचित करने के अर्थ में) населе́ние увели́чилось на миллио́н जनसख्या (आबादी) दस लाख बढ गयी ; ко́роток на дюйм एक इच छोटा ; на шаг да́льше एक कदम आगे ; १०. (गुणा या विभाजन करने के अर्थ में) से ; помно́жить пять на́ три पाँच को तीन से गुणा करना ; пять ме́тров (в длину́) на́ три (в ширину́) पाँच मीटर (लम्बाई) × तीन मीटर (चौडाई) ; раздели́ть пятна́дцать на́ три पन्द्रह को तीन से विभाजित करना ; дели́ть на ча́сти भाग करना / हिस्सो में बाँटना ; □ на ме́сте स्थान पर ; на со́лнце धूप में ; на (чи́стом, во́льном) во́здухе खुली हवा में ; на его́ глаза́х उसकी आँखो के सामने, उसकी उपस्थिति में ; переводи́ть на друго́й язы́к दूसरी भाषा में अनुवाद करना ; оши́бка на оши́бке गलती पर गलती ; (как) на беду́ दुर्भाग्य से ; на э́тот раз इस बार ; вот тебе́ на́ ! कमाल कर दिया !

на- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोडने से क्रिया मे निम्नलिखित अर्थ आ जाते है : १ कार्य की अति सूचित करने का अर्थ, जैसे наговори́ть (अत्यधिक बोलना) ; २. 'पर' का अर्थ सूचित करने के लिए, जैसे набро́сить (-पर फेकना) ; ३ 'बहुत मात्रा मे' के अर्थ में, जैसे набра́ть (बहुत मात्रा मे लेना) ; ४. —ся (-сь) में अन्त होनेवाली क्रियाओ में कार्य की समाप्ति तथा कर्ता का पूर्ण परितोष (जी भरकर) सूचित करने के लिए, जैसे нае́сться (जी भरकर खाना) ; ५. क्रिया के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे писа́ть से написа́ть.

набавить दे० набавля́ть.

набавка (स्त्री०) (मूल्य में) वृद्धि ; बढ़ोतरी ; बढती ।

набав||ля́ть (अपू०), **набавить** (पू०) (भवि० набавлю, набавишь) (-में) जोडना ; जमा करना ; बढाना ; н. цену́ मूल्य बढाना ; н. 5 рубле́й на что-л. (किसी वस्तु का मूल्य) पाँच रूबल बढ़ाना ।

набавочный (वि०) अतिरिक्त ; बढाया हुआ ।

набалдашник (पु०) छडी की मूठ ।

набаловать (पू०) (—лую) (लाड-प्यार करके) सिर पर चढ़ाना ; बिगाडना ; शरारती बनाना ।

набáт (पुं०) (केवल एकवचन) खतरे की घंटी ; бить в н. खतरे की घंटी बजाना ; (खतरे की सूचना देने के लिए) शोर मचाना ; **—ный** (वि०) खतरे का सूचक ; —ный кóлокол खतरे की घंटी ।

набéг (पुं०) आक्रमण ; धावा ; произвестú н. धावा बोलना ।

набегáть (अपू०), **набежáть** (पू०) (भवि० набегý, набежúшь) १. (दौडते हुए) टक्कर खाना ; (दौडकर) पहुँच जाना ; २ (साथ-साथ) दौडकर आना ; ३. भर जाना ; срáзу набежáло пóлное ведрó воды́ बाल्टी पानी से एकदम भर गयी ।

набéгаться (आत्म पू०) दौडते-दौडते थककर चूर हो जाना ।

набедокýрить (पू०) अस्तव्यस्त करना ; गडबड फैलाना ।

набекрéнь (क्रि० वि०) टेढा ; तिरछा ; с шáпкой н. टेढी टोपी लगाये ।

нáбело (क्रि० वि०) साफ ; साफ-सुथरा ; переписáть н. साफ प्रतिलिपि करना ।

нáбережная (स्त्री०) (वि० रू०) घाट ; तटबन्ध ।

набивáть (अपू०), **набúть** (पू०) (भवि० набью́, набьешь) १. -से भरना ; н. пóгреб снéгом तहखाने को बर्फ से भरना ; н. пýхом तकिया परो से भरना ; २. (कपड़ा) छापना ; □ н. цéны मूल्य बढाना ; **—ся** (आत्म०) १ (किसी स्थान पर) भीड़ जमा करना ; —ся биткóм भीड से खचाखच भरना ; —ся в друзья́ (किसी पर) अपनी मित्रता जबर्दस्ती थोपना ; २. भरा जाना ; ३. कपड़ा छापा जाना ; ४ набивáть का कर्मवाच्य ।

набúв||ка (स्त्री०) १. (ठूँसकर) भरने की क्रिया ; २. (कपड़े की) छपाई ; **—нóй** (वि०) (कपडा) छपा हुआ ; —нóй сúтец छीट, दरेस ।

набирáть (अपू०), **набрáть** (पू०) (भवि० наберý, наберешь) १. एकत्रित करना ; इकट्ठा करना ; н рабóтников मजदूर इकट्ठे करना ; н я́годы रसभरी चुनना ; २ (छपाई-सम्बन्धी) कम्पोज करना ; н. кни́гу पुस्तक कम्पोज करना ; □ н. нóмер (टेलीफोन का) नम्बर मिलाना ; н. высотý ऊपर चढना ; набрáть водú в рот मौन रहना ; **—ся** (आत्म०) १. इकट्ठे होना ; जमा होना ; २. (अपने में) संचित करना ; बटोरना ; —ся хрáбрости हिम्मत बाँधना ; ३. सीखना ; अपनाना ; —ся умá बुद्धिमान होना ।

набúтый (वि०) (ठूँसकर) भरा हुआ ; खचाखच भरा हुआ ; зал был набúт हॉल खचाखच भरा हुआ था ; □ н. дурáк निरा बुद्धू , वज्र मूर्ख ।

набúть (पू०) १. दे० набивáть ; २. ठोकना ; मारना ; н. гвоздéй в стéну दीवार में (बहुत) मेखे ठोकना ; н дúчи (बहुत) शिकार मारना ; **—ся** (आत्म०) दे० набивáться.

наблюдáтель (पुं०) निरीक्षक ; प्रेक्षक ; **—ность** (स्त्री०) प्रेक्षण-शक्ति ; दृष्टि की तीक्ष्णता ; **—ный** (वि०) १. पैनी दृष्टिवाला ; तेजनिगाह ; जागरूक ; २ प्रेक्षण- ; —ный пункт प्रेक्षण-चौकी ।

наблюд||áть (अपू०), **наблюстú** (पू०) (भवि० наблюдý, наблюдешь) १. प्रेक्षण करना ; निरीक्षण करना ; २. चौकसी रखना ; ध्यान में रखना ; **—éние** (नपुं०) १. प्रेक्षण ; निरीक्षण ; २. देख-भाल ; नियन्त्रण ; रखवाली ; चौकसी ; быть под —éнием निरीक्षण में होना ।

наблюстú दे० наблюдáть.

нáбожн||ость (स्त्री०) ईश्वरभक्ति ; धर्म-परायणता ; **—ый** (वि०) ईश्वरभक्त ; धर्म-परायण ।

набóйка (स्त्री०) **I.** छीट ; दरेस ; **II.** जूते की एडी का तला ।

набóйщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (कपड़ा) छापनेवाला/वाली ।

нáбок (क्रि० वि०) एक ओर को ; टेढ़ा ।

наболéть (पुं०) पीड़ा करना ; दर्द करना ।

наболта́ть (पू०) १. बहुत बकवास करना ; २. गप्पे हाँकना **—ся** (आत्म०) लम्बी बातचीत करना ; जी भरकर बातचीत करना ।

набо́р (पुं०) १. (विद्यार्थियो का) दाखिला ; भरती ; भरती किये हुए विद्यार्थी ; (सेना मे) भरती ; (मजदूर) उजरत पर रखना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) कम्पोज करने की क्रिया , ३. सैट ; ॥ инстру-мéнтов औजारो का सैट ; **—ная** (स्त्री०) (वि० रू०) (छपाई-सम्बन्धी) कम्पोज करने का कमरा ; **—ный** (वि०) (छपाई-सम्बन्धी) कम्पोज करने का ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) कम्पोज करनेवाला/वाली ।

набра́сывать -I. (अपू०), **наброса́ть** (पू०) खाका बनाना ; रूपरेखा तैयार करना ; मसविदा बनाना ; (शीघ्रता से) नोट कर लेना ।

набра́сывать -II. (अपू०), **набро́сить** (पू०) (भवि० набро́шу, набро́сишь) (पर, पर से) फेकना , □ н. тень छाया फेकना/परछाई डालना ; **—ся** (आत्म०) (-पर) गिरना ; टूट पडना ; आक्रमण करना ; झपटना ; —ся на кни́гу पुस्तक छीनना ; —ся на еду́ खाने पर टूट पड़ना ।

набра́ть(ся) दे० набира́ть(ся).

набрести́ (पू०) (भवि० набреду́, набредешь) आ पड़ना ; (सयोगवश) होना ; он набрел на интере́сную мысль उसको एक दिलचस्प बात सूझी ।

наброса́ть -I. दे० набра́сывать-I ; **II.** (पू०) इधर-उधर फेकना ; बिखराना ; ॥ бума́ги на полу́ फर्श पर कागज बिखराना ।

набро́сить(ся) दे० набра́сывать(ся)-II.

набро́сок (पुं०) खाका ; मसविदा ; रूपरेखा ।

набры́згать (पू०) (छीटे देकर) गीला करना या मैला करना ।

набрю́шник (पुं०) (गर्मी पहुँचाने अथवा रक्षा के लिए पेट पर बाँधने की) पेटी ।

набуха́ние (नपुं०) सूजन ।

набуха́ть (अपू०), **набу́хнуть** (पू०) सूजना ।

набуя́нить दे० буя́нить.

нава́ксить दे० ва́ксить.

нава́ливать (अपू०), **навали́ть** (पू०) १. ऊपर रखना ; ढेर लगाना ; बोझ लादना ; अत्यधिक बोझ लादना ; све́рху навали́ли тя́желый ка́мень ऊपर एक भारी पत्थर रख दिया गया ; на стол навали́ли ку́чу книг मेज पर पुस्तको का ढेर लगा दिया गया ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) мно́го сне́гу навали́ло बहुत बर्फ पडी ; наро́ду навали́ло बहुत भीड इकट्ठी हो गयी ; **—ся** (आत्म०) १. आक्रमण करना ; टूट पडना ; झपटना ; навали́ться на еду́ खाने पर टूट पडना ; २. झुकना ; सहारा लेना ; ३ нава́ли-вать का कर्मवाच्य ।

нава́лом (क्रि० वि०) अधिक मात्रा में ; अत्यधिक ; грузи́ть ॥ अत्यधिक बोझ लादना ।

навали́ть (पू०) १. दे० вали́ть ; २. किसी न किसी तरह कर देना ।

нава́р (पु०) (किसी तरल पदार्थ को उबालने पर ऊपर जमा हो जानेवाली) चर्बी ; **—ивать** (अपू०), **навари́ть** (पू०) १. सन्धान करना ; वेल्डिग करना ; **—истый** (वि०) बहुत उबाला हुआ ; गाढा ; ॥. суп गाढा शोरबा ।

навари́ть (पू०) १. दे० нава́ривать ; २. पकाना ; उबालना ।

нава́р||ка (स्त्री०) सन्धान/वेल्डिग करने की क्रिया ; **—но́й** (वि०) सन्धान/वेल्डिग की हुई ।

навева́ть (अपू०), **навея́ть** (पू०) (वायु का) उडा लाना ; छा जाना ; ве́тер навéял прохла́ду शीतल पवन चल रहा था ; ॥. тоску́ शोक छा जाना ।

наве́даться दे० наве́дываться.

наведе́ние (नपुं०) १. (तर्क०) आगमन ; २. (रँग, रोगन आदि का) कोट (पर्त) ; ॥. ло́ска, гля́нца वार्निश करना / पालिश करना ; ३. बन्दूक की सीध बाँधना ।

наве́дываться (आत्म० अपू०), **наве́даться** (आत्म० पू०) मिलने जाना ; पूछताछ करना ।

навезти́ (पू०) (навезу́, навезешь) **I.** गाड़ी की टक्कर मारना ; (किसीके ऊपर) गाडी चढा देना ; **II.** (अधिक मात्रा मे) गाडी पर लादना ।

навёк, навёки (क्रि० वि०) सदा-सर्वदा ; सदा के लिए ।

навербова́ть दे० вербова́ть.

наве́рно (क्रि० वि०) १. सम्भवत : ; कदाचित् ; गालिबन ; २. निश्चित रूप से ; निश्चय ही ।

наверну́ть(ся) दे० навертывать(ся).

наверняка́ (क्रि० वि०) निश्चय ही ; он де́йствует то́лько н. वह तभी कुछ करता है जब उसे सफलता का पूर्ण निश्चय होता है ।

навёрстывать (अपू०), **наверста́ть** (पू०) (विशेष चेष्टा द्वारा) घाटा पूरा करना ; क्षतिपूर्ति करना ; н. поге́рянное вре́мя गँवाये हुए समय की क्षतिपूर्ति करना ।

навертёть (पू०) दे० навертывать और наве́рчивать.

навёртывать (अपू०), **наверну́ть, навертёть** (पू०) (навертёть से наверчу́, наве́ртишь) १. (наверну́ть पू० के साथ) : (घुमाकर ढिबरी आदि) कसना ; н. га́йку на ось धुरे पर ढिबरी कसना ; २. (навертёть पू० के साथ) (घुमाकर) लपेटना ; **—ся** (आत्म० अपू०), **наверну́ться** (आत्म० पू०) १. (ढिबरी आदि का) कसा जाना ; २. (लौटकर) आना ; наверну́лся покупа́тель ग्राहक (लौटकर) आया ; ३. навертывать का कर्मवाच्य ।

наве́рх (क्रि० वि०) १. ऊपर ; ऊपर की मंजिल ; его́ перссели́ли н. उसको ऊपर की मंजिल पर बसा दिया गया ; २. ऊपर ; ऊपर को ; взгляну́ть н. ऊपर को झाँकना ।

наверху́ (क्रि० वि०) ऊपर ; ऊपर की मंजिल पर ; он живет н. वह ऊपर की मंजिल पर रहता है ।

наве́рчивать (अपू०), **навертёть** (पू०) (भवि० наверчу́, наве́ртишь) (घुमाकर) तैयार करना ; बनाना ; н. моро́женого आइस-क्रीम तैयार करना ; н. дыр सुराख करना ।

наве́с (पु०) ओसारा ; छप्पर ; शैड ।

навеселе́ (क्रि० वि०) नशे में ; मस्ती में ।

наве́сить दे० наве́шивать.

наве́ска (स्त्री०) (किवाड़ का) कब्जा ; चूल ।

наве́сн||ый (वि०) : —ая пе́тля कब्जा, चूल ।

навести́ दे० наводи́ть.

навести́ть दे० навеща́ть.

навесу́ (क्रि० वि०) लटकता हुआ ; держа́ться н. (हवा मे) लटकना ।

наве́т (पु०) अपभाषण ; निन्दा ; बुराई ।

наве́тренный (वि०) १. अनुवात ; वायु-प्रवाह के अनुकूल ; २. जिस पर हवा का प्रभाव पड़ सकता हो ।

наве́чно (क्रि० वि०) सदा के लिए ; बिल्कुल ।

наве́шать -I दे० наве́шивать -II ; **II.** (कुछ मात्रा में, कुछ संख्या में) लटकाना ; н. мно́го карти́н на сте́ну दीवार पर बहुत-से नक्शे लटकाना ।

наве́шивать -I (अपू०), **наве́сить** (पू०) (भवि० навешу́, наве́сишь) (चूल, कब्जे आदि के सहारे) लटकाना ; наве́сить дверь (कब्जा लगाकर) किवाड़ चढाना ।

наве́шивать -II (अपू०), **наве́шать** (पू०) (अधिक मात्रा में) तोलना ।

навеща́ть (अपू०), **навести́ть** (पू०) (भवि० навещу́, навести́шь) मिलने जाना ; किसीके यहाँ अतिथि बनकर जाना ।

наве́ять -I दे० навева́ть : **II.** (कुछ मात्रा मे) फटकना ; पछोरना ।

на́взничь (क्रि० वि०) पीठ के बल ; упа́сть н. पीठ के बल गिरना ।

навзры́д (क्रि० वि०) пла́кать н. सिसकियाँ भरकर रोना ।

навига́тор (पु०) नौचालक ।

навига||ацио́нный (वि०) नौचालन-सम्बन्धी ; **—а́ция** (स्त्री०) नौचालन ।

навида́ться (आत्म० पू०) बहुत-कुछ देख चुकना ; अनुभव होना ; н. го́ря बहुत शोक का अनुभव होना ; н. ви́дов बहुत-कुछ देख चुकना ; н. вся́кого सब प्रकार का अनुभव होना ।

навинчивать (अपू०), **навинти́ть** (पू०) (भवि० навинчу́, навинти́шь) (घुमाकर) कसना ; н. га́йку на винт पेच पर ढिबरी कसना ।

нависа́ть (अपू०), **нави́снуть** (पू०) (ऊपर) लटकना ; मंडराना ; над ним нави́сла угро́за उस पर खतरा मँडरा रहा था ।

навлека́ть (अपू०), **навле́чь** (पू०) (भवि० навлеку́, навлечешь) (बुरे काम मे) खींचना ; (दंड का) भागी बनना ; (खतरा) लाना ; н. на себя́ подозре́ние सन्देह पैदा करना, सन्देह का पात्र बनना ।

наводи́ть (अपू०), **навести́** (पू०) (वर्त० навожу́, наводи́шь ; भवि० наведу́, наведешь) १. मार्ग दर्शाना ; मार्ग पर लाना ; (—पर) निशाना करना ; लक्ष्य करना ; н. ору́дие बन्दूक साधना/बन्दूक की शिस्त बाँधना ; н. кого́-л на мысль किसीको विचार सुझाना ; २. पोतना ; (-का) कोट करना ; н. лоск, гля́нец पालिश करना, चमकाना ; н. красоту́ सुन्दर बनाना ; н. страх भय पैदा करना ; н. кри́тику आलोचना करना, नुक्ताचीनी करना ।

наво́дка (स्त्री०) १. सीध बाँधने की क्रिया ; н. телеско́па на луну́ चाँद पर दूरबीन की सीध बाँधना ; २. पालिश करना ; (शीशे पर) पानी चढ़ाना ।

наводне́ние (नपु०) बाढ ।

наводня́ть (अपू०), **наводни́ть** (पू०) जलप्लावित कर देना ; बाढ़ लाना ; भरमार करना ; भर देना ; н. ры́нок मंडी या बाज़ार को माल से पाट देना ; **—ся** (आत्म०) (जल से परिपूरित होकर) बह निकलना ।

наво́дчик (पुं०) बन्दूक की सीध बाँधनेवाला ।

навожде́ние (नपुं०) इन्द्रजाल ; माया ; मरीचिका ।

наво́з (पुं०) (केवल एकवचन) १. खाद ; गोबर ; २. कूड़ा-करकट ।

навози́ть (पू०) (अधिक मात्रा मे) लादकर ले आना ।

наво́зный (वि०) наво́з से वि० ; —ая ку́ча गोबर का ढेर/घूरा ।

навозоразбра́сыватель (पुं०) खाद डालने का यन्त्र ।

наво́й (वि०) खड्डी का बेलन (जिसके गिर्द बाना आदि लपेटा जाता है) ।

на́волока, на́волочка (स्त्री०) तकिये का गिलाफ ।

навоня́ть (पू०) दुर्गन्ध फैलाना ; बदबू फैलाना ।

наворачивать (अपू०), **наворoти́ть** (भवि० наворочу́, наворо́тишь) (अव्यवस्थित ढग से) ढेर लगाना ; अम्बार लगाना ।

наворова́ть (पू०) (भवि० —ру́ю) अधिक मात्रा में चुराना ।

наворoти́ть दे० наворачивать.

навостри́ть (पू०) तेज़ करना ; н. у́ши कान खड़े करना ; **—ся** (आत्म०) प्रवीणता प्राप्त करना ; कुशलता प्राप्त करना ।

навощи́ть (पू०) दे० вощи́ть.

навра́ть (पू०) (наврý, наврешь) १. झूठ बोलना ; असत्य कहना ; २. त्रुटियाँ करना ; गलतियाँ करना ; ३. (बहुत) झूठ बोलना ।

навреди́ть (पू०) (भवि० наврежу́, навре́дишь) बहुत हानि पहुँचाना ।

навря́д ли (क्रि० वि०) कठिनाई से ; मुश्किल से ।

навсегда́ (क्रि० वि०) सदा के लिए ।

навстре́чу (क्रि० वि०) अगवानी के लिए ; идти́ н. кому́-л. आगे बढ़कर स्वागत करना/किसीकी अगवानी करना ।

навы́ворот (क्रि० वि०) उल्टा ; ши́ворот н. उथल-पुथल, उलट-पुलट ; де́лать все ши́ворот н. सब उलट-पुलट कर देना ।

на́вык (पुं०) आदत ; अभ्यास ; приобрести́ н. आदत डाल लेना/अभ्यस्त होना ।

навы́кат (क्रि० वि०) : глаза́ н. आँखें फाड़कर ।

навы́лет (क्रि० वि०) आर-पार ; пу́ля прошла́ н. गोली आर-पार निकल गयी ।

навью́чивать (अपू०), **навью́чить** (पू०) लादना ; बोझा लादना ।

навяза́ть (अपू०), **навя́знуть** (पू०) १. चिपकना ; гли́на навя́зла на колесах पहियो पर मिट्टी चिपक गयी ; □ э́то навя́зло у всех в зуба́х इससे सब तग हैं ; २. (अधिक मात्रा मे) बाँधना ; ३. दे० навязыва́ть.

навя́зчив‖ость (स्त्री०) जबर्दस्ती घुस बैठने का भाव ; किसीकी दृष्टि में आने के लिए बराबर आगे आने का भाव ; धृष्टता ; **—ый** (वि०) जबर्दस्ती घुस बैठनेवाला ; किसीकी दृष्टि में आने के लिए बराबर आगे आनेवाला ; धृष्ट ।

навязыва́ть (अपू०), **навяза́ть** (पू०) (भवि० навя́жу, навя́жешь) १. (-पर) बाँधना ; पक्का करना ; मजबूत करना ; २. (-पर) जोर देना ; (-पर) थोपना ; न. кому́-л. свое мне́ние किसी पर अपनी राय थोपना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको किसी पर थोपना ; किसी पर भार होना , २. навязыва́ть का कर्मवाच्य ।

нагада́ть (पू०) भविष्यवाणी करना ; पूर्वकथन करना ।

нага́дить दे० га́дить.

нага́йка (स्त्री०) चाबुक ।

нага́н (पुं०) बेल्जियम का नागान्त नामक रिवाल्वर ।

нага́р (पुं०) (मोमबत्ती या दीपक का) गुल ; मोरचे (जग) की तह ; снять н. со свечи́ मोमबत्ती का गुल उतारना ।

на́гель (पुं०) (लकड़ी का बड़ा) कील ।

нагиба́ть (अपू०), **нагну́ть** (पू०) झुकाना ; нагну́ть го́лову सिर झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. झुकना ; २. нагиба́ть का कर्मवाच्य ।

нагишо́м (क्रि० वि०) नंगा ; नंग-धड़ंग ।

нагла́зник (पुं०) नेत्र-रक्षक ; अँधौटी (जो घोड़े की आँखो पर इधर-उधर देखने से रोकने के लिए बाँधी जाती है) ।

наглеть (अपू०), **об—** (पू०) बिल्कुल निर्लज्ज हो जाना ; империали́зм наглеет с ка́ждым днем साम्राज्यवाद दिन-प्रतिदिन उघरता जा रहा है ।

наглец́ (पुं०) धृष्ट ; अशिष्ट ; निर्लज्ज ; गुस्ताख ।

на́глость (स्त्री०) धृष्टता ; अशिष्टता ; निर्लज्जता ।

наглота́ться (आत्म० पू०) (अधिक मात्रा मे) निगल जाना ; н. пы́ли गर्द से मुँह भर जाना ।

на́глухо (क्रि० वि०) कसकर ; मजबूती से ; н. заде́лать дверь (कीले ठोककर) किवाड मजबूती से बन्द कर देना ।

на́гл‖ый (वि०) निर्लज्ज ; धृष्ट ; अशिष्ट ; —ая ложь सफेद झूठ, सरासर झूठ ।

нагля́деться (आत्म० पू०) (нагляжу́сь, нагляди́шься) भली भाँति देखना ।

нагля́дн‖о (क्रि० वि०) स्पष्ट ; साफ ; जाहिरा तौर पर ; **—ость** (स्त्री०) स्पष्टता ; दृष्टि-गोचरता ; **—ый** (वि०) १. स्पष्ट ; साफ ; जाहिर ; —ый приме́р स्पष्ट उदाहरण ; २. चाक्षुष ; —ое обуче́ние चाक्षुष शिक्षा-पद्धति ; —ые посо́бия चाक्षुष साधन ।

нагна́ть दे० нагоня́ть.

нагнета́ть (अपू०), **нагнести́** (पू०) (भवि० нагнету́, нагнетешь) (तरल पदार्थ, गैस आदि) दबाव डालकर एक स्थान पर इकट्ठा करना ; □ н. давле́ние दबाव बढाना ।

нагное́ние (नपु०) फोड़ा ; вы́звать н. घाव पकना, सड़ना ।

нагну́ть दे० нагиба́ть.

наговар́ивать (अपू०), **наговори́ть** (पू०) १. अपभाषण करना ; निन्दा करना ; २. н. пласти́нку ग्रामोफोन का रिकार्ड भरना ।

наговор́ (पु०) अपभाषण ; निन्दा ।

наговори́ть **-I.** दे० наговар́ивать ; **II.** अत्यधिक बोलना ; बहुत-कुछ कह देना ; न. мно́го неприя́тного बहुत बुरी बाते कहना ; **—ся** (आत्म०) लम्बी बातचीत करना ; बहुत देर तक बातचीत करना ।

нагой́ (वि०) नग्न ; नंगा ।

на́голо́ (क्रि० वि०) १ म्यान से निकालकर; ша́шки н. तलवार म्यान से निकालकर; २. चमडी तक; остри́чь го́лову н. सिर की चमड़ी तक मूँडना।

наголода́ться (आत्म० पू०) भूखो मरना।

нагоня́й (पुं०) झाड़ (बुरा-भला कहना); डाँट-फटकार; дать н. डाँटना, झाड़ना।

нагоня́ть (अपू०), **нагна́ть** (पू०) (भवि० нагоню́, нагна́нишь) १. दौड़कर जा पकड़ना/पहुँचना; २. क्षतिपूर्ति करना; कमी पूरी करना; ३. उत्पन्न करना; н. страх на кого́-л. किसीमे भय उत्पन्न करना; ४. (पशु आदि हाँककर) इकट्ठा करना; на база́р нагна́ли мно́го скота́ बाजार में बहुत-से पशु जमा कर दिये; □ н це́ну मूल्य बढाना।

нагоре́||ть (पू०) १. (मोमबत्ती, दीपक आदि की बत्ती का) गुल बन जाना; (कर्तृ-निरपेक्ष) мне за э́то —ло इसके लिए मुझे डाँट खानी पडी।

нагóрный (वि०) पहाडी; पहाड़ी का।

нагороди́ть (पू०) (нагорожу́, нагоро́дишь) १. ढेर लगाना; अम्बार लगाना; २. (मेड़, बाड़) लगाना; □ н. вздо́ра बकवास करना।

нагóрье (नपुं०) पहाडी प्रदेश।

нагота́ (स्त्री०) नग्नता; नंगापन।

нагото́ве (क्रि० वि०) तैयार; быть н तैयार रहना।

нагото́вить (पू०) (нагото́влю, нагото́вишь) १. तैयार करके रखना; सँभालकर रखना; २. (अधिक मात्रा में) पकाना।

награ́бить (पू०) (награ́блю. награ́бишь) लूट-मार करके बहुत इकट्ठा करना।

награ́да (स्त्री०) पुरस्कार; पदक; प्रतिकरण।

награди́ть दे० награжда́ть.

наградн||о́й (वि०) награ́да से वि०।

наградны́е (बहु०) (वि० रू०) बोनस।

награжда́ть (अपू०), **награди́ть** (पू०) (भवि० награжу́, награди́шь) पुरस्कार देना; पदक देना; पारितोषिक देना; н. орде́ном Ленина लेनिन-पदक प्रदान करना।

награжде́ние (नपुं०) पुरस्कार/पदक/पारितोषिक/प्रतिकरण देनेकी क्रिया।

нагре́в (पुं०) ऊष्मा; ताप; गर्मी; **—а́ние** (नपु०) तपाना, तापमान बढाना; **—а́тель** (पु०) तापक (अंग्रेजी—हीटर); **—а́тельный** (वि०) ऊष्माकर; ताप बढ़ानेवाला; गर्म करनेवाला।

нагрева́ть (अपू०), **нагре́ть** (पू०) १. तपाना; गर्म करना; २. ठगना; он нагре́л его́ на 5 рубле́й उसने उससे पाँच रूबल ठग लिये; **—ся** (आत्म०) तपना; गर्म होना।

нагромажда́ть (अपू०), **нагромозди́ть** (पू०) (भवि० нагроможу́, нагромозди́шь) ढेर लगाना; अम्बार लगाना।

нагромождéние (नपुं०) १. ढेर लगाने की क्रिया; २ ढेर।

нагрубúть दे० грубúть.

нагрубúянить दे० грубúянить.

нагру́дник (पुं०) १. (बच्चे की) गतिया; बिब; २ छाती पर लगाने का कवच; ३ छाती पर का कालर।

нагру́дный (वि०) छाती का; н. знак छाती पर लगाने का बिल्ला/बैज।

нагружа́ть (अपू०), **нагрузи́ть** (पू०) (भवि० нагружу́, нагрузи́шь) लादना; बोझ लादना; भार डालना; **—ся** (आत्म०) अपने पर लादना।

нагру́зка (स्त्री०) १. लादने की क्रिया; २. बोझ; भार; □ общественная н. समाज-सेवा।

нагрязни́ть दे० грязни́ть.

нагря́ну||ть (पू०) एकाएक आ जाना; अकस्मात् आ टपकना; поли́ция —ла на фа́брику फैक्टरी में एकाएक पुलिस आ गयी।

нагу́л (पुं०) (अधिक चारा डालने से पशु पर आयी) चर्बी; स्थूलता।

нагу́ливать (अपू०), **нагуля́ть** (पू०) (अधिक चारा डालकर पशुओ को) स्थूल करना; चर्बी बढ़ाना; □ нагуля́ть румя́нец टहलने के पश्चात् गाल लाल हो जाना।

нагуля́ться (आत्म० पू०) लम्बी सैर करना ; н до уста́лости सैर करते-करते थक जाना ।

над (अ०) पर ; ऊपर , пролста́ть н. го́родом शहर पर से उडान करना , □ н. голово́й ऊपर/सिर पर ।

над-, (надо-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोडने से क्रिया मे निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं · १. 'पर' का अर्थ, जैसे надстро́ить (पर बनाना —चौबारा आदि) ; २. 'ऊपर से थोडा-सा' का अर्थ जैसे надре́зать (ऊपर से थोडा-सा काटना) ।

надава́ть (पू०) (надаю́, надаешь) अधिक मात्रा मे देना ; н. обеща́ний वचन पर वचन देना ।

надавлива́ть, (अपू०), **надави́ть** (पू०) (भवि० надавлю́, надави́шь) १ धीरे से दबाना ; н кно́пку (धीरे से) घटी का बटन दबाना ; २. दबाव डालना ; ३ अधिक मात्रा मे निचोडना ; н ча́шку лимо́ного со́ка एक प्याला-भर नीबू का रस निचोड़ना ; ४. दबाकर (बहुत सख्या में) नष्ट कर देना ; н мух दबाकर मक्खियाँ मारना ।

нада́ивать (अपू०), **надои́ть** (पू०) н. по́лное ведро́ बाल्टी भरकर दूध दुहना ।

надба́вка (स्त्री०) = наба́вка

надбавля́ть = набавля́ть.

надбро́вный (वि०) भौह के ऊपर का ।

надвига́ть (अपू०), **надви́нуть** (पू०) (ऊपर को) सरका लेना , खीच लेना ; н. шля́пу टोपी ऊपर को सरका लेना ; **—ся** (आत्म०) १. (समीप) आ जाना ; आ पहुँचना ; надви́нулись вражеские войска́ शत्रु की सेना समीप आ गयी ; २. надвига́ть का कर्मवाच्य ।

надво́дн||ый (वि०) पानी के ऊपर का ; —ая часть су́дна जहाज का (पानी के) ऊपर का भाग ।

на́двое (क्रि० वि०) दो भागो मे ; दुहरे अर्थ मे ; द्व्यर्थकता मे ।

надво́рн||ый (वि०) ; —ые постро́йки उपगृह ।

надвя́зывать (अपू०), **надвяза́ть** (पू०) (भवि० надвяжу́, надвя́жешь) १. (स्त्रियो का जुराब या नाइलॉन) ऊपर बाँधना ; २. (रस्सी के साथ एक और टुकडा) जोड़ना ; बाँधना ।

надгро́бие (नपु०) समाधि (मकबरे) के ऊपर पत्थर पर खुदा हुआ लेख ।

надгро́бный (वि०) कब्र पर का ; —ая речь अन्तिम सस्कार के समय का भाषण ; —ая надпись = надгро́бие ; н. па́мятник समाधि; मकबरा ।

надгрыза́ть (अपू०), **надгры́зть** (पू०) (पर से) कुतरना ।

наддава́ть (अपू०), **наддать** (पू०) (वर्त० наддаю́, наддаешь ; भवि० наддам́, наддашь) बढ़ाना ; н. це́ну कीमत बढाना/मूल्य बढ़ाना ।

надева́ние (नपु०) पहनने की क्रिया ।

надева́ть (अपू०), **наде́ть** (पू०) (भवि० наде́ну, наде́нешь) पहनाना ; कसना ; м. ла́ты कवच पहनाना ; н сбру́ю на ло́шадь घोड़े पर जीन कसना ; н нару́чники हथकड़ी पहनाना ; **—ся** (आत्म०) पहनना ।

наде́жд||а (स्त्री०) आशा ; пита́ть —у आशा पालना ; в —е आशा में ।

надёжн||ость (स्त्री०) १. विश्वस्तता ; २. अभय ; सुरक्षा ; **—ый** (वि०) १. विश्वसनीय ; २. सुरक्षित ।

наде́л (पु०) नियतन ; भाग ।

наде́лать (पू०) (अधिक मात्रा मे) तैयार करना ; बनाना ; н. коробо́чек डिब्बे बनाना ; (कष्ट आदि) देना ; (-का) कारण होना ; н хлопо́т कष्ट देना ; н. оши́бок बड़ी भारी भूल (गलती) करना ; н. глу́постей मूर्खता के काम करना ; н. много шу́ма बहुत शोर-शराबा करना ।

наделе́ние (नपु०) नियतन ।

наделя́ть (अपू०), **наделя́ть** (पू०) नियतन करना ; भेट करना ; н. пода́рками उपहार भेट करना ।

надёргать (पू०) (अधिक मात्रा मे) बाहर खीचना।

надерзи́ть दे० дерзи́ть

наде́ть(ся) दे० надева́ться

наде́яться (आत्म० अपू०) (-की) आशा करना; (किसी पर) विश्वास करना; я наде́юсь уви́деть вас сего́дня मैं आज आपसे मिलने की आशा करता हूँ।

надзвёздный (वि०) सितारो के ऊपर का।

надзе́мн||ый (वि०) भूमि के ऊपर का; —ая желе́зная доро́га भूमि के ऊपर बनी हुई रेल की सडक।

надзира́тель (पु०), **—ница** (स्त्री०) ओवरसियर; अधीक्षक/अधीक्षिका; इस्पेक्टर/इस्पेक्ट्रेस; निगरानी करनेवाला/वाली।

надзира́ть (अपू०) चौकसी करना; निगरानी करना; अधीक्षण करना।

надзо́р (पु०) निगरानी; अधीक्षण; быть под —ом निगरानी में होना।

надиви́ться (आत्म० पू०) (надивлю́сь, надиви́шься) अत्यन्त चकित होना।

нади́р (पु०) अधोविन्दु (ऊर्ध्व विन्दु का उल्टा); सबसे नीचे का स्थान।

надка́лывать (अपू०), **надколо́ть** (पू०) धीरे से चुभोना; (कुल्हाडे से) थोडा-सा फाड़ना।

надколе́нн||ый (वि०) घुटने के ऊपर का; —ая ча́шка घुटने की चपनी।

надку́сывать (अपू०), **надкуси́ть** (पू०) (भवि० надкушу́, надкуси́шь) कुतरना; (दाँतो से) थोडा-सा काटना।

надла́мывать (अपू०), **надломи́ть** (पू०) (भवि० надломлю́, надло́мишь) आशिक रूप से तोडना; दरार डालना; फाड़ना; надломи́ть свой си́лы अपनी शक्ति को अत्यधिक प्रयोग में लाना; надломи́ть свое́ здоро́вье अपना स्वास्थ्य खराब करना; **—ся** (आत्म०) १. टूटना; फूटना; его́ си́лы надломи́лись वह बिल्कुल निःशक्त हो गया; २. надла́мывать का कर्मवाच्य।

надлеж||а́ть (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —и́т сде́лать э́то उसको यह करना है; э́то —а́ло сде́лать यह कर दिया जाना चाहिए था।

надлеж||а́щий (वि०) उचित; ठीक; योग्य; в н срок उचित समय मे; в —а́щем поря́дке उचित ढग से।

надло́м (पु०) अस्थिभग; हड्डी का टूटना।

надломи́ть दे० надла́мывать

надме́нн||ость (स्त्री०) उद्दडता; अभिमान; घमड; **—ый** (वि०) उद्दड; अभिमानी; घमडी।

на-дня́х (क्रि० वि०) १ एक-दो दिन मे; शीघ्र ही; २. हाल में; थोड़े दिन हुए; इन्ही दिनो।

надо -I = ну́жно; II. (अ०) = **над.**

на́добн||о = ну́жно; —ость (स्त्री०) आवश्यकता; जरूरत; в слу́чае —ости आवश्यकता पडने पर; име́ть —ость в чем-л. किसी वस्तु की आवश्यकता पडना; **—ый** (वि०) आवश्यक।

обвива́ть (अपू॰), **обви́ть** (पू॰) (भवि॰ обовью́, обовьешь) (चारो ओर) लपेटना; गूँथना, обви́ть ше́ю рука́ми (किसीके) गलबहियाँ डालना, **—ся** (आत्म॰) (चारो ओर) लिपटना/गुँथ जाना।

обвин||е́ние (नपु॰) १. दोषारोपण; अभियोग; возводи́ть на кого́-л. о. в преступле́нии किसी पर अपराध का आरोप करना; २. (कानून-सम्बन्धी) अभियोग-पक्ष; **—и́тель** (पु॰), **—и́тельница** (स्त्री॰) अभियोक्ता; वादी; मुद्दई; обще́ственный —и́тель सरकारी अभियोक्ता; **—и́тельный** (वि॰) अभियोजन-, —и́тельный приговóр अपराधिता-निर्णय; —и́тельный акт अभियोग-पत्र/दोषारोप-पत्र।

обвини́ть दे॰ обвиня́ть.

обвиня́емый (कृदन्त) १ दे॰ обвиня́ть; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) अभियुक्त; मुद्दालय।

обвиня́ть (अपू॰), **обвини́ть** (पू॰) १. दोषारोपण करना, २. अभियोग लगाना; मुकदमा चलाना; **—ся** (आत्म॰) दोषारोप किया जाना; अभियोग लगाया जाना।

обвиса́ть (अपू॰), **обви́снуть** (पू॰) लटकना; (शरीर का) पिलपिला/ढीला होना; शिथिल पड जाना।

обви́слый (वि॰) १ लटकता हुआ; २. पिलपिला; ढीला।

обви́снуть दे॰ обвиса́ть

обви́сший = обви́слый

обви́ть(ся) दे॰ обвива́ть(ся)

обводи́ть (अपू॰), **обвести́** (पू॰) (वर्त॰ обвожу́, обво́дишь; भवि॰ обведу́, обведешь) १ (चारो ओर) ले जाना/घुमाना; २. घेरना; ३ (पर्वत, समुद्र-तट इत्यादि की) रेखाएँ अकित करना; □ о глаза́ми चारो ओर देखना।

обводне́ние (नपु॰) सिचाई; पानी देने/पानी से भरने की क्रिया; о кана́ла नहर मे और पानी छोडना।

обводня́ть (अपू॰), **обводни́ть** (पू॰) सीचना; पानी देना; (नहर, तालाब को) पानी से भरना।

обвола́кивать (अपू॰), **обволо́чь** (पू॰) (भवि॰ обволоку́, обволочешь) लपेटना; ढँकना; आच्छन्न करना; о. тума́ном धुन्ध से ढँक लेना; **—ся** (आत्म॰) आच्छन्न हो जाना; ढँक जाना।

обворо́вывать (अपू॰), **обворова́ть** (पू॰) (भवि॰ —ру́ю) चोरी करना, चुराना; लूटना।

обворожи́тельн||ость (स्त्री॰) सम्मोहन; आकर्षण; जादू; **—ый** (वि॰) मोहक; मनोहारी।

обворожи́ть (पू॰) मोह लेना; मन्त्रमुग्ध कर लेना; जादू करना

обвя́зывать -I (अपू॰), **обвяза́ть** (पू॰) (भवि॰ обвяжу́, обвя́жешь) (चारो ओर) बाँधना; о. го́лову платко́м सिर पर रूमाल बाँधना; **—ся** (आत्म॰) (अपने चारों ओर)

बाँधना ; —ся веревкой अपनी कमर पर रस्सी बाँधना ।

обвя́зывать -II (अपू०), **обвяза́ть** (पू०) (चारो ओर) बुनना ।

обгла́дывать (अपू०), **обглода́ть** (पू०) (भवि० обгложу́, обгло́жешь) कुतरना ; दाँतो से काटना ; चिचोरना ; обглода́ть кость हड्डी को दाँत से चिचोरना ।

обгоня́ть (अपू०), **обогна́ть** (पू०) (भवि० обгоню́, обго́нишь) (दौडकर) आगे बढ जाना ; पीछे छोड देना ; आगे निकल जाना ; о в полете (हवाई जहाज में उडान करके) आगे निकल जाना ।

обгора́ть (अपू०), **обгоре́ть** (पू०) (भवि० обгорю́, обгори́шь) झुलस जाना , (चारो ओर से) जल जाना ।

обгоре́лый (वि०) झुलसा हुआ ; जला हुआ ।

обгоре́ть दे० обгора́ть

обгрыза́ть (अपू०), **обгры́зть** (पू०) (किसी कठोर वस्तु को) दाँत से चारो ओर से काटना/कुतरना/चिचोरना ।

обдава́ть (अपू०), **обда́ть** (पू०) (वर्त० обдаю́, обдаешь ; भवि० обда́м, обда́шь) १. (-पर) उँडेलना ; о. кипятко́м उबलता हुआ पानी उँडेलना , २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ о́бдало хо́лодом उसने ठड-सी महसूस की ।

обде́лать दे० обде́лывать.

обдели́ть दे० обделя́ть.

обде́лывать (अपू०), **обде́лать** (पू०) १. टीप-टाप करना ; पालिश करना ; (चमडा) साफ करना/छाँटना ; २ जडना ; о. драгоце́нные ка́мни बहुमूल्य हीरे जडना ; ३ सुव्यवस्था करना ; सुप्रबन्ध करना ; о дéло किसी काम का ठीक-ठीक प्रबन्ध करना ।

обделя́ть (अपू०), **обдели́ть** (पू०) किसी-को उसके भाग से वंचित करना ; ठीक बँटवारा न करना ।

обдёргивать (अपू०), **обдёрнуть** (पू०) (वस्त्र आदि नीचे को खीचकर) ठीक करना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे खीचकर अपने वस्त्र ठीक करना ; २. (ताश में) गलत पत्ता खीचना/निकालना ; ३. обдергивать का कर्मवाच्य ।

обдира́ла (पु०) चमडी-उधेड ; लुटेरा ; कपडे उतारनेवाला ।

обдира́ние (नपु०) *छिलका/खाल उतारने की क्रिया ।*

обдира́ть (अपू०), **ободра́ть** (पू०) (भवि० обдеру́, обдерешь) फाडना ; छीलना ; खाल उतारना ; (पेड का) छिलका/छाल उतारना ; о кору́ с де́рева पेड की छाल उतारना ।

обдува́ть (अपू०), **обду́ть** (पू०) (भवि० обду́ю, обду́ешь) १ पछोरना ; फटकना ; २. धोखा देना , छल करना ; बुद्धू बनाना ।

обду́манн||о (क्रि० वि०) जान-बूझकर ; भली भाँति सोच-विचारकर ; **—ый** (वि०) भली भाँति सोच-विचारकर किया हुआ ; जान-बूझकर किया हुआ , хорошо́ —ый план भली भाँति सोची-विचारी हुई योजना ।

обду́мывать (अपू०), **обду́мать** (पू०) विचार करना ; भली भाँति सोचना ; э́тот вопро́с на́до обду́мать इस प्रश्न पर भली भाँति विचार होना चाहिए ।

обду́ть दे० обдува́ть

о́бе दे० о́ба

обега́ть -I (अपू०), **обе́гать** (पू०) १. (दौडकर) चक्कर लगाना ; गश्त कर लेना ; २. (बहुत लोगो से) मिलने जाना ; सबसे मिलना ।

обега́ть -II (अपू०), **обежа́ть** (पू०) (भवि० обегу́, обежи́шь) (चारो ओर) दौडना ; पास से भागकर गुजर जाना ; दौडकर आगे निकल जाना ।

обе́д (पु०) (दिन का मुख्य) भोजन , दोपहर का खाना , пе́ред —ом भोजन से पूर्व / दोपहर से पहले ; по́сле —а भोजन के पश्चात् / दोपहर के पश्चात् ।

обе́дать (अपू०), **по—** (पू०) (दिनका मुख्य) भोजन करना ; दोपहर का खाना खाना ।

обедне́ние (नपु०) निर्धन हो जाना / करना ; दरिद्र करना/हो जाना ।

обедне́ть दे० беднéть

обе́дня (स्त्री०) ईसाइयो की दिन की प्रार्थना ।

обежа́ть दे० обега́ть-II

обезбо́ливать (अपू०), **обезбо́лить** (पू०) (ओषधी से) सवेदनाहरण , अचेत करना ; बेहोश करना ।

обезбо́ливающ||ий (वि०) सवेदनाहारी ; चेतनाशून्य करनेवाला ; बेहोशी लानेवाला ; —ее сре́дство सवेदनाहारी ओषधि / बेहोशी लानेवाली दवा ।

обезво́живать (अपू०), **обезво́дить** (पू०) (भवि० обезво́жу, обезво́дишь) निर्जलीकरण करना ।

обезвре́живать (अपू०), **обезвре́дить** (पू०) (भवि० обезвре́жу, обезвре́дишь) हानिरहित बनाना ।

обезгла́вливать (अपू०), **обезгла́вить** (पू०) (обезгла́влю, обезгла́вишь) सिर काटना ।

обезде́нежеть (पू०) निर्धन हो जाना ।

обездо́ленный (वि०) (обездоли́ть से कृदन्त) अभागा , उच्छिन्न ; पैतृक सम्पत्ति से वचित ।

обездо́ливать (अपू०), **обездо́лить** (पू०) किसीको उसके भाग से वचित करना ; अन्याय का वर्ताव करना ।

обезжи́ривать (अपू०), **обезжи́рить** (पू०) चर्बी निकालना ।

обеззара́живание (नपु०) निसक्रमण , रोग के कीटाणुओ से मुक्त करने की क्रिया ।

обеззара́живать (अपू०), **обеззара́зить** (पू०) (भवि० обеззара́жу, обеззара́зишь) निसक्रमण करना , रोग के कीटाणु दूर करना ।

обезземе́ливать (अपू०), **обезземе́лить** (पू०) भूमि से वचित करना ; (किसान से) भूमि छीनना ।

обезли́чивать (अपू०), **обезли́чить** (पू०) व्यक्तित्व से वचित करना , व्यक्तिगत दायित्व को समाप्त करना , **—ся** (आत्म०) १ अपना व्यक्तित्व खोना ; २. обезли́чивать का कर्मवाच्य ।

обезлю́деть (पू०) उजड़ जाना ; निर्जन होना ।

обезлю́дить (पू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नही होता) उजाडना , निर्जन करना ।

обезобра́живать (अपू०), **обезобра́зить** (पू०) (भवि० обезобра́жу, обезобра́зишь) कुरूप करना , रूप बिगाडना ।

обезопа́сить (पू०) (обезопа́шу यह रूप बहुत कम प्रयुक्त होता है, обезопа́сишь) (-से) सुरक्षित करना ।

обезору́ж||ивание (नपु०) निरस्त्रीकरण ; **—ивать** (अपू०), **обезору́жить** (पू०) निरस्त्रीकरण करना ; निरायुध करना ।

обезу́меть (पू०) चेतना खोना , पागल होना ; होश गुम होना ; о. от страха डर के मारे होश गुम होना ।

обезья́н||а (स्त्री०) बन्दर , वानर , लगूर , **—ий** (वि०) बन्दर का , वानर-सदृश ।

обели́ть (अपू०), **обели́ть** (पू०) १ निर्दोषिता/निरपराधिता सिद्ध करना , २ सफेदी करना ।

оберега́ть (अपू०), **обере́чь** (पू०) (भवि० оберегу́, обережешь) (-से) रक्षा करना , (-मे) बचाव करना , **—ся** (आत्म०) १ (-से) अपनी रक्षा करना , २. оберега́ть का कर्मवाच्य ।

оберну́ть(ся) दे० обертывать(ся) और обора́чивать(ся).

обёртка (स्त्री०) आवेष्टक ; लिफाफा , पुस्तक की जिल्द पर चढा कागज ।

обёрточн||ый (वि०) (-मे) लपेटने का ; पैकिट में बाँधने का ; —ая бума́га (-मे) लपेटने का कागज ।

обёртывать (अपू०), **оберну́ть** (पू०) १. लपेटना , оберну́ть кни́гу पुस्तक पर कागज चढाना ; २. मोडना ; оберну́ть лицо́ (к) (-की ओर) मुँह मोडना ; **—ся** (आत्म०) १. मुडना ; э́то зави́сит от того́, как обернётся де́ло यह स्थिति पर निर्भर है ; २. обертывать का कर्मवाच्य ।

обескро́в||ить दे० обескро́вливать; **—ленный** (वि०) रक्तहीन , पीला फक ; निर्जीव ।

обескро́вливать (अपू०), **обескро́вить** (पू०) (भवि० обескро́влю, обескро́вишь) १ रक्त निकालना ; रक्तहीन करना ; २ निर्जीव करना ; अशक्त करना ।

обескура́живать (अपू०), **обескура́жить** (पू०) हतोत्साह करना ; दिल तोडना ।

обеспа́мятеть (पू०) १ स्मरण-शक्ति खो बैठना ; २ चेतनाशून्य होना ; बेहोश होना ।

обеспе́чен||ие (नपु ०) १. सुरक्षित करने अथवा गारटी करने की क्रिया ; २ प्रतिभूति ; गारटी ; जमानतदारी ; जमानत ; ३. भरण-पोषण ; निर्वहण ; ४ (की) व्यवस्था करना ; मुहैया करना ; ५ सुरक्षा, ; बचाव ; **—ность** (स्त्री०) १ भरण-पोषण का प्रबन्ध ; —ность семьи́ परिवार के भरण-पोषण का प्रबन्ध , २ समृद्धि , материа́льная —ность भौतिक सुरक्षा ।

обеспе́чивать (अपू०), **обеспе́чить** (पू०) १ (की) व्यवस्था करना ; मुहैया करना ; २ सुरक्षित करना ; आश्वस्त करना ; ० успех सफलता निश्चित करना ; ३ भरण-पोषण का प्रबन्ध करना ; ४ सुरक्षित करना , बचाव करना ।

обеспло́дить (पू०) (обеспло́жу, обеспло́дишь) अनुर्वरीकरण , बीज-कीटाणु मारना ।

обеспоко́ить(ся) दे० беспоко́ить(ся).

обесси́леть (पू०) शक्तिहीन होना ; क्षीण होना ; कमजोर/दुर्बल होना ।

обесси́ливать (अपू०), **обесси́лить** (पू०) शक्तिहीन करना , दुर्बल/कमजोर करना ।

обесслáвить (पू०) (обесслáвлю, обесслáвишь) अपकीर्ति फैलाना ; अपयश फैलाना ; बदनाम करना ।

обессме́ртить (पू०) (обессме́рчу, обессме́ртишь) अमर करना ; **—ся** (आत्म०) अमर होना ।

обессу́дить (पू०) (भवि० обессу́жу, обессу́дишь) ने обессу́дьте ! क्षमा कीजिए !

обесцвéчивать (अपू०), **обесцвéтить** (पू०) (भवि० обесцвéчу, обесцвéтишь) रँग हटाना ।

обесцéн||ение (नपु ०) मूल्य-ह्रास ; मूल्य कम हो जाना ; **—ивать** (अपू०), **обесцéнить** (पू०) मूल्य घटाना ; सस्ता करना ।

обесчéстить दे० бесчéстить

обéт (पु ०) प्रण , प्रतिज्ञा ।

обеща́ние (नपु ०) वायदा ; дать о чем वचन देना / वायदा करना ; сдержа́ть о чем वचन का पालन करना , кля́твенное о шпоф / कसम ।

обеща́ть (अपू० और पू०) वचन देना ; वायदा करना ।

обжа́лование (नपु ०) पुनर्विचार की प्रार्थना ; अपील ; о приговóра दंड के विरुद्ध अपील ।

обжа́ловать (पू०) (—лую) १. (किसीकी) शिकायत करना , २ पुनर्विचार की प्रार्थना करना ; अपील करना ।

обже́чь(ся) दे० обжига́ть(ся).

обжива́ться (आत्म० अपू०), **обжи́ться** (आत्म० पू०) (किसी नये स्थान पर कुछ समय तक रहकर वहाँ के वातावरण का) अभ्यस्त बनना ।

обжига́ть (अपू०), **обже́чь** (पू०) (भवि० обожгу́, обожжёшь) १ जलाना ; झुलसाना ; २ (ईंटें आदि) पकाना ; □ обже́чь себе́ па́льцы अपनी उँगलियाँ जला लेना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको जलाना ; अपनी उँगलियाँ जलाना ; □ обже́гшись на молоке́, бу́дешь дуть и на́ воду दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है ।

обжира́ться (आत्म० अपू०), **обожра́ться** (आत्म० पू०) अत्यधिक भोजन करना , ठूँस-ठूँसकर खाना ।

обжи́ться दे० обжива́ться.

обжо́р||а (उभ०) भुक्खड , पेटू ; खाऊ ; **—ство** (नपु ०) भुक्खडपन ; पेटूपन ।

обзаведе́ние (नपु ०) उपार्जन , प्राप्ति ।

обзав||оди́ться (आत्म० अपू०), **обзавести́сь** (आत्म० पू०) (वर्त० обзавожу́сь, обзавóдишься ; भवि० обзаведу́сь, обзаведёшься) उपार्जन करना , प्राप्त करना ; —есть́сь семьей (पुरुष का) गृहस्थ-जीवन मे प्रविष्ट

होना ; —естúсь хозя́йством अपनी घर-गृहस्थी चलाना ।

обзо́р (पुं०) १. सर्वेक्षण ; २. (लेख, भाषण आदि के विषय में) समीक्षा ; आलोचना ; ३. (सेना०) दृष्टि-क्षेत्र ।

обзыва́ть (अपू०), **обозва́ть** (पू०) (भवि० обзову́, обзовешь) नाम से बुलाना ; कहना ; он обозва́л его́ дурако́м उसने उसे मूर्ख कहा (अर्थात् मूर्ख कहकर बुलाया) ।

обива́ть (अपू०), **оби́ть** (पू०) (भवि० обобью́, обобьешь) १. (पत्थर आदि मारकर) गिराना ; झाडना ; о я́блоки с я́блони (पत्थर आदि मारकर) सेब गिराना/झाड़ना ; २. पीटकर ठीक करना ; о лен पीटकर सन ठीक करना ; ३. (फर्नीचर पर) गद्दे आदि लगाना ।

оби́вка (स्त्री०) १. (फर्नीचर पर) गद्दे आदि लगाने की क्रिया ; २ मकान को सजाने का सामान (पर्दे आदि) ।

оби́д||а (स्त्री०) १ रुष्ट करने/नाराज करने की क्रिया ; २. नाराजगी ; बुरा मानना , нанести́ о रुष्ट करना/नाराज करना ; он на меня́ в —е वह मुझ से नाराज़ है ।

оби́деть(ся) दे० обижать(ся).

оби́дн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) о., что э́то произошло खेद है कि ऐसा हुआ (इसके लिए खेद है) ; о., что вы опоздали खेद है कि आपको देर हो गयी ; мне о мýжке खेद है ; о. э́то слы́шать यह सुनकर बड़ा खेद होता है ; (क्रि० वि०) रुष्ट होकर ; नाराजगी से ; **—ый** (वि०) रुष्ट करनेवाला ; क्रोधोत्पादक ।

оби́дчивость (स्त्री०) तुनुकमिज़ाजी ; चिड़चिड़ापन ।

обижа́ть (अपू०), **оби́деть** (पू०) (भवि० оби́жу, оби́дишь) रुष्ट करना ; नाराज करना ; भावनाओं को ठेस पहुँचाना ; они́ его́ оби́дели उन्होंने उसको रुष्ट कर दिया/उन्होंने उसकी भावनाओं को ठेस पहुँचायी है , **—ся** (आत्म०) रुष्ट होना ; नाराज होना ; बुरा मानना , не обижа́йтесь बुरा मत मानिए ।

оби́лие (नपु०) बाहुल्य ; बहुतायत ; प्रचुरता ।

оби́льный (वि०) प्रचुर , बहुल ; अधिक ।

обину́ясь (कृदन्त) не о सीधे-सादे/बिना लाग-लपेट के ।

обиня́к (पु०) говори́ть —а́ми लाग-लपेट करना / इधर-उधर की बातें बनाना ।

обира́ть (अपू०), **обобра́ть** (पू०) (भवि० оберу́, оберешь) १. चुनना , इकट्ठा करना ; तोड़ना , о я́годы रसभरी चुनना , २ लूटना ; निचोड़ना ।

обита́||емый (वि०) बसने के योग्य ; **—тель** (पु०), **—тельница** (स्त्री०) निवासी/निवासिनी , रहनेवाला/वाली ।

обита́ть (अपू०) निवास करना ; रहना ।

оби́тель (स्त्री०) १ निवास-स्थान ; २ मठ ; विहार ।

оби́ть दे० обива́ть

обихо́д (पु०) (केवल एकवचन) १. रीति , रिवाज ; २ प्रयोग , дома́шний о घर-गृहस्थी (की चीज़ें) ; пусти́ть что-л. в о किसी वस्तु को सामान्य प्रयोग में लाना ।

обихо́дный (वि०) दैनिक ; सामान्य ; о язы́к बोलचाल की भाषा ।

обка́пывать -I (अपू०), **обка́пать** (पू०) (पर) बूँदें गिराना ; (बूँदें गिराकर) धब्बे डालना ।

обка́пывать -II (अपू०), **обкопа́ть** (पू०) (चारों ओर) खोदना ।

обка́рмливать (अपू०), **обкорми́ть** (पू०) (भवि० обкормлю́, обко́рмишь) अधिक खिलाना ।

обка́тывать (अपू०), **обката́ть** (पू०) १ (आटा) गूँधना ; बेलना ; २ बेलन फेरना ; समतल करना ; о доро́гу सड़क पर बेलन फेरना ।

обкла́дка (स्त्री०) (चारों ओर) रखे जाने/ढँके जाने की क्रिया ; (टैक्स आदि) लगाने की क्रिया ।

обкла́дывать (अपू०), **обложи́ть** (पू०) (किनारों पर) बाड़ लगाना ; ढँकना ; о газо́н дерном घास के चारों ओर पौधों की बाड़ लगाना ; не́бо обложи́ло ту́чами आकाश बादलों से ढँक

गया अर्थात् आकाश पर बादल छा गये ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) обложи́ло язы́к जीभ पर छाले हो जाना ; ३. (शिकार मे) घेरा कम करते जाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने चारो ओर रखना ; обложи́ться горя́чими буты́лками अपने चारो ओर गर्म पानी की बोतले रखना ; обложи́ться кни́гами पुस्तको से घेरा जाना / चारो ओर पुस्तके होना ; २. обкла́дывать का कर्मवाच्य ।

обкле́ивать = оклеи́вать

обклеи́ть = оклеи́ть दे० оклеи́вать.

обко́м (областно́й комите́т па́ртии, профсою́за) पार्टी या श्रमिक-सघ की जिला-समिति ।

обкопа́ть दे० обка́пывать-II

обкорми́ть दे० обка́рмливать.

обкорна́ть दे० окорна́ть.

обкра́дывать (अपू०), **обокра́сть** (पू०) (भवि० обкраду́, обкрадешь) चोरी करना ; चुराना , लूटना ।

обку́ривать (अपू०), **обкури́ть** (पू०) १. (धुआँ देकर) निकालना ; भगाना ; о. пчел धुएँ से मधुमक्खियो को उडाना ; २. (तम्बाकू आदि पीकर) बहुत धुआँ कर देना ; ३ (एक दो कश लगाकर) हुक्के को ठीक तरह से चलाना ।

обку́сывать (अपू०), **обкуса́ть** (पू०) (चारो ओर) दाँतो से काटना ।

обла́ва (स्त्री०) १. (शिकार या किसी अपराधी आदि को पकड़ने के लिए उसके निवास-स्थान का) घेरा ; २. छापा ।

облага́емый (वि०) कर लगाने योग्य ।

облага́ть (अपू०), **обложи́ть** (पू०) (कर) लगाना ; (दड) लगाना , о. штра́фом जुर्माना/दड लगाना ; о нало́гом कर लगाना , **—ся** (आत्म०) (कर, जुर्माना) लगाया जाना ।

облагодете́льствовать (अपू०) (—ствую) बहुत कृपा करना ।

облагора́живать (अपू०), **облагоро́дить** (पू०) (भवि० облагоро́жу, облагоро́дишь) उदात्त बनाना ; प्रतिष्ठा बढ़ाना ।

облада́||ние (नपु०) आधिपत्य ; जायदाद ; स्वामित्व ; **—тель** (पु०) अधिपति , स्वामी ; मालिक ।

облада́ть (अपू०) आधिपत्य करना ; अधिकार जमाना/रखना ; о. пра́вом अधिकार रखना ; о. тала́нтом प्रतिभावान होना ।

о́блако (नपु०) मेघ ; बादल , о. ве́стник मेघदूत ; покрыва́ться облака́ми बादल छा जाना ।

обла́мывать (अपू०), **обломи́ть, облома́ть** (पू०) (обломи́ть से обломлю́, обло́мишь) तोडना ; **—ся** (आत्म०) १. टूट जाना , २ обла́мывать का कर्मवाच्य ।

обла́пи||ть (पू०) (обла́плю, обла́пишь) १ पजो से पकड लेना , медве́дь —л охо́тника रीछ ने शिकारी को पजो से पकड लिया , २. (भद्दे ढग से) आलिगन करना ।

облапо́шивать (अपू०), **облапо́шить** (पू०) ठगना , धोखा देना ।

обласка́ть (पू०) बहुत दुलार करना ; लाड करना ।

областно́й (वि०) १ о́бласть से वि० ; २ प्रादेशिक , о суд प्रादेशिक अदालत ।

о́бласть (स्त्री०) १. जिला ; प्रदेश ; सूबा ; २. क्षेत्र ; о. зна́ний ज्ञान का क्षेत्र ।

обла́тка (स्त्री०) १ (दवाई का) कैपसूल , २. सूखी लेई की टिकिया जिसके द्वारा चिट्ठियाँ चिपकाते हैं ।

облача́ть (अपू०), **облачи́ть** (पू०) १. (गिरजाघर मे पादरी को) पोशाक पहनाना , २. सुसज्जित करना ; **—ся** (आत्म०) १ पोशाक पहनना , कपडे पहनना , २ अपने आपको सुसज्जित करना ।

облаче́ние (नपु०) १. कपड़े/पोशाक पहनाना ; २ (पादरी की) पवित्र पोशाक ।

о́блачн||ость (स्त्री०) मेघाच्छन्नता ; **—ый** (वि०) मेघाच्छन्न ।

облега́ть (अपू०), **обле́чь** (पु०) (भवि०

обля́гу, обля́жешь) १ (घटा, मेघ) छा जाना, घिर आना ; २ (कपड़े) शरीर पर ठीक बैठना ।

облегча́ть (अपू०), **облегчи́ть** (पू०) सहज बनाना ; आसान बनाना, (बोझ, कष्ट) हल्का करना ; (पीडा) कम करना, (दड) कम करना ; घटाना ।

обледене́лый (वि०) हिमाच्छादित ; बर्फ से ढँका हुआ ।

обледене́ть (पू०) हिमाच्छन्न होना ; बर्फ से ढँक जाना ।

облеза́ть (अपू०), **обле́зть** (पू०) (रुएं, पोस्तीन आदि का) झड जाना ; घिस जाना ; (रंग, रोगन का) उतर जाना ।

облека́ть (अपू०), **обле́чь** (पू०) (भवि० облеку́, облечёшь) १ वस्त्र पहनाना, २ (अधिकार आदि से) सम्पन्न करना, (पद पर) नियुक्त करना ; облечь полномочиями पूर्ण अधिकार देना ; **—ся** (आत्म०) १ कपडे पहनना, २ (अधिकार आदि से) सम्पन्न होना ।

обле́ниваться (आत्म० अपू०), **облени́ться** (आत्म० पू०) आलसी होना ।

облепля́ть (अपू०) **облепи́ть** (पू०) (भवि० облеплю́, обле́пишь) १ चारो ओर चिपकाना ; २. (चारो ओर) चिपकना, грязь облепи́ла колеса पहिये के चारो ओर कीचड चिपक गया ; ३. घेरना ; चिपटना ; де́ти облепи́ли его́ बच्चो ने उसे घेर लिया/बच्चे उस से चिपट गये ।

облесе́ние (नपु०) वनरोपण ; वृक्ष लगाना ।

облета́ть -I (अपू०), **облете́ть** (पू०) (भवि० облечу́, облети́шь) १. (चारो ओर) उड़ना ; उड़ान करना ; облета́ть вокру́г Москвы́ मास्को के चारो ओर उडान करना, २ (अफवाह, समाचार आदि) फैलना ; ३. (पत्तो का) गिरना ; झड जाना ।

облета́ть -II (पू०) (उडकर अथवा जल्दी-जल्दी) बहुत-से स्थानो पर हो आना, चारो ओर उड़ान कर आना ।

облече́ние (नपुं०) (अधिकार) सौपने की क्रिया ।

обле́чь -I (पू०) दे० облека́ть और облега́ть.

обле́чься दे० облека́ться

облива́ть (अपू०), **облить** (पू०) (भवि० оболью́, обольёшь) (-पर) उँडेलना ; गिराना ; बहाना ; छिडकना ; о кни́гу черни́лами पुस्तक पर स्याही गिराना ; о. гря́зью кого́-л किसी पर कीचड फेकना, о помо́ями कलक लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आप पर उँडेलना/गिराना, २. облива́ть का कर्मवाच्य ; □ облива́ться слеза́ми आँसू बहाना ; облива́ться по́том पसीने से तरबतर होना ; се́рдце облива́ется кро́вью हृदय से रक्त बह रहा है ।

обли́вка (स्त्री०) १ पानी देने/उँडेलने की क्रिया ; भिगोना, छिडकना, २ चमक ।

обливн||о́й (वि०) १. पानी देने/ उँडेलने का ; २. —ы́е гончарные изде́лия चमकदार (पालिश किये हुए) मिट्टी के बर्तन ।

облигацио́нный (वि०) बन्ध-सम्बन्धी ; बाड-सम्बन्धी ।

облига́ция (स्त्री०) राजकीय ऋणबन्ध, बाड ।

обли́зывать (अपू०), **облиза́ть, облизну́ть** (पू०) (चारो ओर से) चाटना ; चाटकर साफ कर देना ; о гу́бы ओठ चाटना ; **—ся** (आत्म०) १ अपने ओठ चाटना ; २ облизывать का कर्मवाच्य ।

о́блик (पु०) १ बाहरी दिखावट ; पहलू ; शक्ल ; २ चरित्र ; नैतिक स्वभाव ।

обли́ть(ся) दे० облива́ть(ся)

облицо́вывать (अपू०) **облицева́ть** (पू०) (भवि० —цу́ю) (भट्टी आदि के भीतर) ईंटो आदि का अस्तर लगाना ।

облич||а́ть (अपू०), **обличи́ть** (पू०) १. अपराधी घोषित करना, अपराधी ठहराना ; २. उघाडना ; पर्दा फाश करना ; वास्तविक रूप मे प्रकट करना ; ३ (केवल अपू०) जाहिर करना ; प्रकट करना ; बताना ; व्यक्त करना ; सकेत करना ; кни́га —а́ет эруди́цию а́втора पुस्तक लेखक की विद्वत्ता प्रकट करती है ।

обличе́ние (नपु०) १. अभियोजन ; २. २. उघाड़ने / पर्दा फाश करने की क्रिया ।

обличи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उघाडनेवाला/वाली ; वास्तविक रूप प्रकट करनेवाला/वाली ; अभियोक्ता/अभियोक्त्री ।

обличи́тельн||ый (वि०) उघाडने का, अभियोजन- , —ая статья́ पर्दा फाश करनेवाला लेख/अभियोजन-लेख ।

обличи́ть दे० обличáть

обли́чье = о́блик.

обложе́ние (नपु०) १ करारोपण , कर लगाने की क्रिया ; २ (सेना-सम्बन्धी) घेरा ।

обложи́ть -I दे० облагáть

обложи́ть -II दे० обклáдывать ; **—ся** दे० обклáдываться.

обло́жка (स्त्री०) आवेष्टक , आवरण , पुस्तक की जिल्द पर चढा हुआ कागज ।

облока́чиваться (आत्म० अपू०), **облокоти́ться** (आत्म० पू०) (भवि० облокочу́сь, облокоти́шься) कोहनी के बल बैठना ।

обломáть(ся), обломи́ть(ся) दे० облáмывать(ся)

обло́мовщина (स्त्री०) आलसीपन , अकर्मण्यता ; (गोंचारोव के इसी नाम के उपन्यास के पात्र ओबलोमोव की भाँति) ।

обло́мок (पु०) १ खड , टुकडा ; २. (बहु०) मलबा ।

облу́пливать (अपू०), **облупи́ть** (पू०) (भवि० облуплю́, облу́пишь) छिलका उतारना ; छीलना , (अंडे का) ऊपरी भाग उतारना ।

облупля́ть = **облу́пливать.**

облучáть (अपू०), **облучи́ть** (पू०) जगमगाना ; किरणें फेंकना ।

облуче́ние (नपुं०) जगमगाहट ; प्रकाश ; तेज ।

облучи́ть दे० облучáть.

облучо́к (पु०) कोचवान के बैठने का स्थान ।

облы́жный (वि०) झूठा ।

облысе́ть दे० лысéть.

облюбовáть (पू०) (—бýю) वरण ; चुनना ; छाँटना ।

обмáзать दे० обмáзывать

обмáзка (स्त्री०) १ पलस्तर/कोट करने की क्रिया ; पोतने की क्रिया , २ पलस्तर ।

обмáзывать (अपू०), **обмáзать** (पू०) (भवि० обмáжу, обмáжешь) १. पलस्तर करना , कोट करना ; पोतना , २ गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना ; २. обмáзывать का कर्मवाच्य ।

обмáкивать (अपू०), **обмакнýть** (पू०) (-मे) डुबोना ; (-मे) भिगोना ; обмакнýть пéро в чернúла कलम स्याही मे डुबोना ।

обмáн (पु०) धोखा ; कपट ; दगा , ввести́ в о. धोखा देना/दगा करना , о зрéния दृष्टिभ्रम / नजर का धोखा ।

обмáн||ный (वि०) कपटी , धोखेबाज ; धोखेबाजी का , —ным пýтем धोखे से / छल मे ; **—ýть(ся)** दे० обмáнывать(ся).

обмáн||чивость (स्त्री०) कपट ; छल ; **—чивый** (वि०) कपटी , छली ; धोखेबाज ; **—щик** (पु०) धोखेबाज ; कपटी ; पाखडी ; ठग ; वचक ।

обмáнывать (अपू०), **обмануть** (पू०) धोखा देना , ठगना , обмануть чье-л довéрие किसीसे विश्वासघात करना ; **—ся** (आत्म०) १ धोखे मे आना ; ठगा जाना ; обмануться в свои́х ожида́ниях निराश होना ; २ обмáнывать का कर्मवाच्य ।

обмáрывать (अपू०), **обмарáть** (पू०) गन्दा करना ।

обмáтывать (अपू०), **обмотáть** (पू०) चारो ओर लपेटना , онá обмотáла полотéнце вокрýг головы́, онá обмотáла головý полотéнцем उस (स्त्री/लड़की) ने अपने सिर पर तौलिया लपेट लिया ; **—ся** (आत्म०) १. ओढ लेना ; अपने आपको लपेट लेना , —ся шáрфом रूमाल ओढ लेना , २ обмáтывать का कर्मवाच्य ।

обмáхивать (अपू०), **обмахнýть** (पू०) १. (गर्द आदि) झाड़ना , о. пыль со стóла मेज

पर से गर्द झाड़ना ; २ (पखा आदि) झलना ; о лицо́ все́ром मुँह पर पंखा झलना , **—ся** (आत्म०) १ अपने ऊपर पखा हाँकना/झलना , २ обмахивать का कर्मवाच्य ।

обмеле́ние (नपु०) छिछला/कम गहरा होने की क्रिया ।

обмеле́ть (पू०) छिछला होना , कम गहरा होना ।

обме́н (पु०) विनिमय , अदला-बदली , वस्तु-विनिमय , о мне́ниями विचार-विनिमय , в о (-के) बदले मे ।

обме́нивать (अपू०), **обменя́ть, обменя́ть** (पू०) विनिमय करना , अदला-बदली करना , वस्तु-विनिमय करना , **—ся** (आत्म०) १ (एक-दूसरे से) विनिमय करना ; अदला-बदली करना , —ся мне́ниями विचार-विनिमय करना , २ обме́нивать का कर्मवाच्य ।

обме́нный (वि०) обме́н से वि० ।

обменя́ть(ся) दे० обме́нивать(ся)

обме́р (पु०) १. नाप , २ गलत नाप ।

обмере́ть दे० обмира́ть

обме́ривать (अपू०), **обме́рить** (पू०) १ नापना , २. गलत नापना ।

обмеря́ть = обме́ривать

обмета́ть (अपू०), **обмести́** (पू०) (भवि० обмету́, обметешь) झाड़ू देना , गर्द झाडना , साफ करना ।

обме́тывать (अपू०), **обмета́ть** (पू०) १ (बटनो के) काज करना ; २ (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ обмета́ло гу́бы उसके ओठ फट गये है ।

обмина́ть (अपू०), **обмя́ть** (पू०) (भवि० обомну́, обомнешь) (पाँव से) नीचे को दबाना ; о се́но (दबाकर) घास बिठाना ।

обмира́ть (अपू०), **обмере́ть** (पू०) (भवि० обомру, обомрешь) बेहोश होना ; निःसज्ञ होना ; се́рдце у меня́ о́бмерло मेरा दिल डूबने लगा ।

обмозго́вывать (अपू०), **обмозгова́ть** (भवि० —гу́ю) (पू०) (-पर) भली भाँति सोच-विचार करना ।

обмола́чивать (अपू०), **обмолоти́ть** (पू०) (भवि० обмолочу́, обмоло́тишь) दायँ करना , (धान आदि) कूटना ।

обмо́лв||иться (पू०) १ जीभ उलटना ; कुछ का कुछ कह जाना , २ जिक्र करना ; यूँ ही कह देना ; он не —ится об э́том ни сло́вом वह इसका जिक्र तक नही करेगा ।

обмо́лвка (स्त्री०) जीभ उलटना , कुछ का कुछ कह जाना ।

обмолоти́ть दे० обмола́чивать.

обмора́живать दे० **обморо́зить** (पू०) (भवि० обморо́жу, обморо́зишь) १. он обморо́зил себе́ ру́ки उसके हाथ तुषाराहत हो गये है ; २ चारो ओर से जम जाना ।

о́бморок (पु०) बेहोशी का दौरा ; चेतनाशून्यता ; दौरा ; упа́сть в о बेहोश होना ।

обморо́чить दे० моро́чить.

о́бморочный (वि०) बेहोश ; अचेत ।

обмота́ть(ся) दे० обма́тывать(ся).

обмо́тка (स्त्री०) १ लपेटने की क्रिया ; о. кату́шек गेडुरियाँ लपेटना ; २ (बहु०) (टाँगो पर बाधने की) पट्टियाँ ।

обмочи́ть (पू०) गीला करना ; भिगोना ; **—ся** (आत्म० पू०) अपने आपको भिगोना , भीगना , ребенок обмочи́лся बच्चा भीग गया है ।

обмундирова́ние (नपु०) १ कपडे पहनने की क्रिया , २ वर्दी ।

обмундиро́вка = обмундирова́ние.

обмыва́ние (नपु०) स्नान ; नहाने/धोने की क्रिया ।

обмыва́ть (अपू०), **обмы́ть** (पू०) (भवि० обмо́ю, обмо́ешь) १ स्नान कराना ; नहलाना ; २ धोना ; **—ся** (आत्म०) १ स्नान करना ; नहाना ; धोना , २. обмыва́ть का कर्मवाच्य ।

обмы́лок (पु०) साबुन का बचा हुआ टुकडा ।

обмы́ть दे० обмыва́ть

обмяка́ть (अपू०), **обмя́кнуть** (पू०) नर्म हो जाना ; पिलपिला हो जाना ।

обмя́ть दे० обмина́ть.

обнагле́ть दे० нагле́ть.

обнадéживать (अपू०), **обнадёжить** (पू०) आशा दिलाना, ढाढस बँधाना।

обнаж||áть (अपू०), **обнажи́ть** (पू०) नगा करना, (तलवार आदि को) म्यान से निकालना; प्रकट करना, о гóлову सिर नगा करना; **—ся** (आत्म०) १ नगा होना; पता लगना, प्रकट होना; २ обнажáть का कर्मवाच्य, **—éние** (नपु०) नगा करने/प्रकट करने की क्रिया।

обнарóдование (नपु०) डौंडी, प्रख्यापन; ऐलान।

обнарóдовать (पू०) (—дую) डौंडी पीटना, प्रख्यापन करना, ऐलान करना।

обнару́живать (अपू०), **обнару́жить** (पू०) १ प्रकट करना; प्रदर्शित करना, о. свою́ радость प्रसन्नता प्रकट करना; о тала́нт प्रतिभा दिखाना, २. पता लगाना, मालूम करना, **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना, पता लगना; २ обнару́живать का कर्मवाच्य।

обнести́ -I, II दे० обноси́ть-I, II

обнима́ть (अपू०), **обня́ть** (पू०) (भवि० обниму́, обни́мешь और обойму́, обоймешь) आलिंगन करना, गले मिलना, **—ся** (आत्म०) एक-दूसरे से गले मिलना।

обнища́лый (वि०) निर्धनीकृत।

обнища́ть (पू०) निर्धन होना।

обно́ва (स्त्री०) १. नवोपार्जन; नवोपार्जित वस्तु; २ नयी पोशाक।

обнови́ть(ся) दे० обновля́ть(ся)

обно́вка = обно́ва.

обновле́ние (नपु०) पुनर्नवीकरण।

обновля́ть (अपू०), **обнови́ть** (पू०) (भवि० обновлю́, обновишь) १ नया करना; ताजा करना, नये जैसा बनाना, २. पहली बार प्रयोग मे लाना; **—ся** (आत्म०) नया बनना; नया होना, पुनर्जीवित होना।

обноси́ть -I (अपू०), **обнести́** (पू०) (वर्त० обношу́, обно́сишь, भवि० обнесу́, обнесешь) १. (चारो ओर) बाड आदि लगाना; о. стено́й चारो ओर दीवार की ओट करना; о изгородью चारो ओर बाड लगाना; २. (भोजन) परोसना; **II.** (भोजन) एक मेज से दूसरी मेज पर ले जाना, भोजन परोसने में किसीको छोड जाना।

обноси́ться (आत्म० पू०) १ कपडो की कमी होना; २. обноси́ть I और II का कर्मवाच्य।

обно́ски (बहु०) फटे-पुराने कपडे, उतारे हुए कपडे।

обню́хивать (अपू०), **обню́хать** (पू०) (चारो ओर से) सूँघना; соба́ка обню́хала вошéдшего कुत्ते ने आगन्तुक को चारो ओर से सूँघा।

обня́ть(ся) दे० обнима́ть(ся)

обо- दे० о- I, II.

обобра́ть दे० обира́ть.

обобщ||а́ть (अपू०), **обобщи́ть** (पू०) सामान्यीकरण करना; **—éние** (नपु०) सामान्यीकरण।

обобществл||éние (नपु०) समाजीकरण; **—я́ть** (अपू०), **обобществи́ть** (पू०) (भवि० обобществлю́, обобществи́шь) समाजीकरण करना।

обобщи́ть दे० обобща́ть

обовши́веть दे० вши́веть

обогати́тельный (वि०) о. зано́д (कोयला आदि) साफ करने का कारखाना (अंग्रेजी—वाशरी)।

обогаща́ть (अपू०), **обогати́ть** (पू०) (भवि० обогачу́, обогати́шь) १. समृद्ध बनाना, обогатить свой о́пыт अपना अनुभव बढाना, २ (कोयला आदि) साफ करना, **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको समृद्ध बनाना, २ обогащать का कर्मवाच्य।

обогащéние (नपु०) समृद्धि, समृद्ध करने का क्रिया, (कोयले आदि को) साफ करने की क्रिया।

обогна́ть दे० обгоня́ть

обогну́ть दे० огиба́ть

обоготворя́ть (अपू०), **обоготвори́ть** (पू०) देव-रूप में प्रतिष्ठित करना।

обогрéв (पु०) आँच , **—áние** (नपु०) आँच देने/तपाने की क्रिया ।

обогревáть (अपू०), **обогрéть** (पू०) तपाना , आँच देना , **—ся** (आत्म०) १ तापना , २ обогревать का कर्मवाच्य ।

óбод (पु०) (पहिये की) हाल/रिम , **—ок** (पु०) óбод का अल्प० ।

ободóчный (वि०) —ая кишкá बडी आँत ।

ободрáть दे० обдирáть

ободр||éние (नपु०) प्रोत्साहन , उद्दीपन ; आश्वासन ; **—и́тельный** (वि०) उत्साहजनक , उद्दीपक ।

ободря́ть (अपू०), **обóдри́ть** (पू०) प्रोत्साहन देना , हौसला बढाना , आश्वस्त करना ; **—ся** (आत्म०) १ प्रोत्साहित होना ; हौसला करना , २ ободря́ть का कर्मवाच्य ।

обоепóлый (वि०) द्विलिंगी ।

обожá||ние (नपुं०) पूजा , भक्ति , आराधना ; **—тель** (पु०), **—тельница** (स्त्री०) भक्त , प्रशसक , आराधक ।

обожáть (पू०) पूजा करना , आराधना करना ; भक्ति करना ।

обождáть (पू०) (थोडे समय के लिए) प्रतीक्षा करना , इन्तजार करना ।

обожествлéние (नपुं०) देव-रूप मे प्रतिष्ठा करने/देवता की भाँति पूजने की क्रिया ।

обожествля́ть (अपू०), **обожестви́ть** (पू०) (भवि० обожествлю́ обожестви́шь) देव-रूप मे प्रतिष्ठा करना , देवता की भाँति पूजा करना ।

обожрáться दे० обжирáться.

обóз (पुं०) १ (गाडियो का) ताँता , पक्ति ; २. (सेना०) परिवहन-टुकडी ।

обозвáть दे० обзывáть.

обозли́ть (पू०) (किसीमें) क्रोध-भावना जागृत करना ; क्रोध दिलाना , **—ся** (आत्म०) क्रुद्ध होना ; गुस्सा होना ।

обознавáться (आत्म० अपू०), **обознáться** (आत्म० पू०) (किसीको भ्रम से) कोई और समझ लेना ; прости́те, я обознáлся क्षमा कीजिए मै आपको कोई और समझा था ।

обозначáть (अपू०), **обознáчить** (पू०) १. अकित करना , निर्दिष्ट करना ; सूचित करना ; २ (केवल अपू०) अर्थ होना ; **—ся** (आत्म०) обозначáть का कर्मवाच्य ।

обóзный (वि०) १ обóз से वि० ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) कोचवान ; ड्राइवर ।

обозревáтель (पु०) समीक्षक ; आलोचक ।

обозр||евáть (अपू०), **обозрéть** (पू०) समीक्षा करना ; आलोचना करना ; **—éние** (नपु०) समीक्षा ; आलोचना ।

обóи (बहु०) (दीवारो पर चिपकाने का) कागज ; оклéивать —ями दीवार पर कागज चिपकाना ।

обóйма (स्त्री०) १ कारतूस का क्लिप ; २. लोहे का छल्ला ।

обóйный (वि०) обóи से वि० ।

обойти́(сь) दे० обходи́ть(ся).

обокрáсть दे० обкрáдывать

оболгáть (पू०) अपवाद फैलाना ; (किसीकी) निन्दा करना ।

оболóчка (स्त्री०) आवेष्टक , गिलाफ , लिफाफा ; ढक्कन ; खोल ; झिल्ली ; खाल ; рáдужная о. आँख का तारा (अग्रेजी—आइरिस) ; рогови́дная о. नेत्र-पटल (अग्रेजी—कोर्निया), сéтчатая о. आँख के पिछले भाग का चित्रपट (अग्रेजी—रैटीना) ।

обóлтус (पु०) स्थूल-बुद्धि , मूर्ख ।

обольсти́тель (पु०), **—ница** (स्त्री०) बहकाकर शील भ्रष्ट करनेवाला/वाली , फुसलानेवाला/वाली ; **—ный** (वि०) (बहकाकर) शीलभ्रष्ट करनेवाला ; फुसलानेवाला ।

обольща́ть (अपू०), **обольсти́ть** (पू०) (भवि० обольщу́, обольсти́шь) फुसलाना ; बहकाकर शील भ्रष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) बहकावे मे आना ; भ्रम में होना ; обольща́ться надéждами झूठी आशाएँ रखना ।

обольщéние (नपुं०) १ फुसलाहट , बहकावा ; शील-भ्रंश ; २ भ्रम ।

обомле́ть (पू०) हतप्रभ होना, स्तभित होना।

обоня́||ние (नपु०) घ्राण-शक्ति; सूँघने की शक्ति; **—тельный** (वि०) घ्राणेन्द्रिय-सम्बन्धी।

обоня́ть (अपू०) सूँघना।

обора́чивать (अपू०), **оборо́тить, оберну́ть** (पू०) (оборо́тить से оборочу́, оборо́тишь) मोडना, оборо́тить лицо́ (к) (की ओर) मुहँ मोडना; **—ся** (आत्म०) मुडना।

оборва́нец (पु०) (चीथडे पहने) दरिद्र मनुष्य।

оборва́ть(ся) दे० обрыва́ть(ся)

обо́рка (स्त्री०) झालर; मगजी।

оборо́н||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) रक्षा; министе́рство —ы रक्षा-मन्त्रालय; **—и́тельный** (वि०) रक्षात्मक, —и́тельная война́ रक्षात्मक युद्ध।

оборони́ть(ся) दे० обороня́ть(ся).

оборо́нный (वि०) रक्षात्मक; रक्षा-सम्बन्धी।

обороноспосо́бность (स्त्री०) रक्षा-क्षमता।

обороня́ть (अपू०), **оборони́ть** (पू०) रक्षा करना; बचाव करना; **—ся** (आत्म०) अपनी रक्षा करना, अपना बचाव करना।

оборо́т (पु०) १ चक्कर; परिक्रमण, маши́на де́лает 100 —ов в мину́ту मशीन एक मिनट में १०० चक्कर लगाती है; २ (पृष्ठ की) दूसरी ओर; на —е (पृष्ठ की) दूसरी ओर/पीछे; смотри́ на —е पृष्ठ के दूसरी ओर देखिए/पन्ना उलटिए; о ре́чи मुहावरा।

о́боротень (पुं०) पौराणिक कथाओ मे जादू के बल से पशु बनाया गया व्यक्ति।

оборо́тистый = оборо́тливый.

оборони́ть(ся) दे० обора́чивать(ся).

оборо́тливый (वि०) उपायकुशल; साधनशील; तिकडमी।

оборо́тн||ый (वि०) १. о капита́ле चल पूँजी; २ —ая сторона́ उल्टी ओर।

обору́дов||ание (नपु०) १. सुसज्जित/सम्पन्न करने की क्रिया, २. (वस्तुएँ) साज-सामान; सामग्री; **—ать** (अपू० और पू०) (—дую) सुसज्जित करना; सम्पन्न करना; प्रबन्ध करना; व्यवस्था करना; о де́ле किसी काम का प्रबन्ध करना।

обоснова́ние (नपु०) १ नीव रखने की क्रिया; २. नीव, आधार।

обосно́вывать (अपू०), **обоснова́ть** (भवि०—ну́ю) (पू०) नीव रखना; आधारित करना; **—ся** (आत्म०) १ पर आधारित होना; २. बस जाना; ३ обосно́вывать का कर्मवाच्य।

обосо́бить(ся) दे० обособля́ть(ся).

обособле́ние (नपु०) १ पृथक्करण; २. पृथकत्व।

обосо́бленн||о (क्रि० वि०) पृथक्; भिन्न; अलग; **—ый** (वि०) पृथक् किया हुआ।

обособля́ть (अपू०), **обосо́бить** (पू०) (भवि० обосо́блю, обосо́бишь) पृथक् करना; अलग करना; **—ся** (आत्म०) पृथक् होना; अलग होना।

обостре́ние (नपु०) उत्तेजन, उद्दीपन; वर्द्धन; गम्भीर कर देना; о боле́зни रोगवर्द्धन/रोग का गम्भीर रूप लेना।

обостря́ть (अपू०), **обостри́ть** (पू०) १. तीव्र करना; तेज करना; २ गम्भीर करना; उत्तेजित करना; о отноше́ниях सम्बन्धो में तनाव पैदा करना; **—ся** (आत्म०) १ तीव्र होना; तेज होना; गम्भीर होना; चिन्ताजनक होना; положе́ние обостри́лось स्थिति गम्भीर (चिन्ताजनक) हो गयी; २. обостря́ть का कर्मवाच्य।

обо́чина (स्त्री०) सडक या पटरी का किनारा या मुँडेर; (जगल आदि का) छोर; किनारा।

обою́дн||о (क्रि० वि०) परस्पर, **—ый** (वि०) पारस्परिक, अन्योन्य, по —ому согла́сию पारस्परिक सहमति से।

обоюдово́гнутый (वि०) दोनो ओर नतोदर।

обоюдовы́пуклый (वि०) एक ओर उन्नतोदर और दूसरी ओर नतोदर।

обоюдоо́стр||ый (वि०) दुधारा; —ое ору́жие दुधारा अस्त्र/हथियार।

обраба́тывать (अपू०), **обрабо́тать** (पू०) १ तैयार करना, (भूमि) जोतना; (धमडा) कमाना, २ बनाना, अपने पक्ष मे कर लेना।

обра́довать(ся) दे० ра́довать(ся)

о́браз (पु०) १ रूप, आकृति; २. प्रकार; विधि, ३. मूर्ति; □ о действий काम करने की विधि; каки́м —ом? किस प्रकार?, таки́м —ом इस प्रकार; гла́вным —ом मुख्यत.; ра́вным —ом बराबर-बराबर।

образ||е́ц (पु०) नमूना, प्रतिरूप; आदर्श; по —цу́ नमूने के अनुसार, брать за о. नकल करना/नमूना उतारना।

о́бразный (वि०) सुचित्रित।

образова́ние (नपु०) १ रचना, बनावट, सृजन; о слов शब्दो की रचना, २ शिक्षा; нача́льное о प्रारम्भिक शिक्षा; вы́сшее о उच्च शिक्षा, дать о शिक्षा देना, получи́ть о. शिक्षा पाना।

образо́ванный १. образова́ть से कृदन्त; २. (वि०) शिक्षित।

образо́вывать (अपू०), **образова́ть** (पू०) (भवि० —зу́ю) बनाना; सगठन करना, **—ся** (आत्म०) १ बनना; प्रकट होना, २ образо́вывать का कर्मवाच्य।

образу́мить (पू०) (भवि० образу́млю, образу́мишь) समझाना, ठीक रास्ते पर लाना; आँखे खोलना, **—ся** (आत्म० पू०) समझना, ठीक रास्ते पर आना, आँखे खुलना।

образцо́в||ый (वि०) आदर्श; नमूने का, —ое хозя́йство आदर्श फार्म, — ое произведе́ние उत्कृष्ट कृति/ग्रन्थ-रत्न।

обра́зчик (पु०) नमूना।

обрамле́ние (नपु०) १ चौखटा लगाने की क्रिया; २. चौखटा।

обрамля́ть (अपू०), **обра́мить** (पू०) (भवि० обра́млю, обра́мишь) चौखटे मे जडना, फ्रेम करना।

обраста́||ние (नपु०) १ (वनस्पतियो के) अधिक बढ जाने की क्रिया, २ उपार्जन; सचयन; **—ть** (अपू०), **обрасти́** (पू०) (भवि० обрасту́, обрастешь) १ (वनस्पतियो का) अधिक बढ जाना, २ उपार्जन करना, सचय करना; □ обрасти́ гря́зью कीचड से लथपथ हो जाना; обрасти́ жи́ром चर्बी चढ जाना।

обрати́м||ость (स्त्री०) प्रतिवर्तता; विपर्ययता; उलटाये जाने का भाव, **—ый** (वि०) प्रतिवर्त्य; विपर्येय, जो उलटाया जा सके।

обрати́ть(ся) दे० обраща́ть(ся)

обра́тн||о (क्रि० वि०) १ वापस; पीछे को; идти́ о. वापस जाना; брать о вапсе लेना; २. विलोम रूप से; ३. о пропорциона́льный (गणित) प्रतिलोमानुपात, **—ый** (वि०) वापसी का; विपर्यय, उत्क्रम; (गणित) विलोम; उलट; о путь वापसी सफर, о ход उत्क्रम-गति/पीछे को जाना, в —ую сторону उल्टी दिशा को, —ая пропо́рция प्रतिलोमानुपात; —ый смысл उल्टा अर्थ; —ый биле́т वापसी टिकट, име́ющий —ое действие पूर्वव्याप्ति सहित/अतीत से लागू।

обраща́ть (अपू०), **обрати́ть** (पू०) (भवि० обращу́, обрати́шь) १ (ध्यान) आकर्षित करना/दिलाना, о взгляд (на) दृष्टि डालना, обрати́ть чье-л внима́ние (на) (-की ओर) किसीका ध्यान आकर्षित करना/ध्यान दिलाना; २. (मे) बदल देना; обрати́ть в шу́тку मजाक मे बदलना; **—ся** (आत्म०) १ सम्बोधन करना; обраща́ться с призы́вом к кому́-л किसीसे अपील करना; обраща́ться к врачу́ डाक्टर से परामर्श करना; २ (-में) परिणत होना, बदलना; ३ (केवल अपू०) व्यवहार करना, बर्ताव करना; хорошо́ обраща́ться с кем-л किसीसे सद्व्यवहार करना/अच्छी तरह पेश आना; он не уме́ет обраща́ться с э́тим инструме́нтом वह इस औजार का प्रयोग करना नही जानता; ४. (केवल अपू०) (बिजली की धारा का) चक्रण; चक्कर लगाना।

обраще́ние (नपु०) १ परिवर्तन, о. в ве́ру धर्म-परिवर्तन, २. चक्रण; пусти́ть в о घुमाना/चलाना, ३ बर्ताव; व्यवहार;

плохóе о бура बर्ताव , ४. प्रयोग ; ५. (पत्र आदि में) सम्बोधन , ६ आह्वान ; अपील ।

обревизовáть दे० ревизовáть

обрéз (पु॰) (पुस्तक का) छोर या सिरा ; □ в о एकदम नपा-तुला/फालतू बिल्कुल नही ; у менй врéмени в о मेरे पास नपा-तुला वक्त है ।

обрезáние (नपु॰) कटाई ; छँटाई ; (तख्ते के) किनारे ठीक करने की क्रिया ।

обрéзание (नपु॰) सुन्नत करना (लिंग की अग्रत्वचा को काटना) ।

обрéзать(ся) दे० обрéзывать(ся).

обрезáть(ся) दे० обрéзывать(ся)

обрéзок (पु॰) (धातु आदि की) कतरन ।

обрéзывать (अपू॰), **обрéзать** (पू॰) (भवि॰ обрéжу, обрéжешь) १ (चारो ओर से) काटना , कुतरना ; छाँटना ; (पुस्तक के) कोने बनाना , (तख्ते के) कोने ठीक करना ; २ सुन्नत करना (मुसलमानो की एक धार्मिक प्रथा जिसमे बच्चे के लिंग की अग्रत्वचा को काटा जाता है) , झिड़की देना ; झाड़ पिलाना , **—ся** (आत्म॰) १ अपने आपको काटना , २ обрéзывать का कर्मवाच्य ।

обрекáть (अपू॰), **обрéчь** (पू॰) (भवि॰ обреку́, обречёшь) भाग्य पर छोड़ देना ।

обременúтельный (वि॰) कठिन ; कष्टप्रद ।

обременя́ть (अपू॰), **обременúть** (पू॰) भार डालना , बोझ डालना ।

обретáть (अपू॰), **обрести́** (पू॰) (भवि॰ обрету́, обретёшь) पाना ; ढूँढ लेना ; о. покóй शान्ति पाना ; о. себé дрýга अपने लिए मित्र ढूँढ लेना ; **—ся** (आत्म॰) मिलना ; кни́га обрела́сь под стóлом पुस्तक मेज के नीचे से मिली ।

обречéние (नपु॰) भाग्य पर छोड देने की क्रिया ।

обречённост||ь (स्त्री॰) чýвство —и भाग्य पर छोड़ देने का भाव ।

обрéчь दे० обрекáть.

обрешéтить (पू॰) (обрешéчу, обрешéтишь) तख्ते की पट्टियाँ लगाना ।

обрисóвывать (अपू॰), **обрисовáть** (पू॰) (भवि॰ —сýю) आलेख करना ; चित्रित करना , निरूपित करना ; **—ся** (आत्म॰) आलेखित किया जाना ; चित्रित/निरूपित किया जाना ।

обрúть (पू॰) (भवि॰ обрéю, обрéешь) हजामत बनाना ; **—ся** (आत्म॰ पू॰) अपनी हजामत बनाना ।

обрóк (पु॰) पट्टेदार द्वारा दिये जानेवाला लगान या कर ।

обронúть (पु॰) गिराना ।

обрóчный (वि॰) : о крестьянин भाड़े पर किसान ।

обрубáть (अपू॰), **обрубúть** (पू॰) (भवि॰ обрублю́, обрýбишь) १ (कुल्हाड़ी से) काट देना ; (पूँछ) काटकर छोटी करना ; २. किनारा मोड़कर सीना ।

обрýбок (पु॰) कटा हुआ भाग ; पेड़ का ठूँठ ; (पेड़ की) कटी हुई डाली ।

обругáть (पू॰) गाली देना ; बुरा-भला कहना ; लानत-मलामत करना ।

обрусéть (पू॰) (भाषा और स्वभाव में) रूसी बनना ।

óбруч (पु॰) (बेलनाकार लकड़ी के पीपे की पट्टियाँ मजबूत करने के लिए धातु, तार या लकड़ी का) घेरा ; छल्ला ।

обручáльн||ый (वि॰) —ое кольцó सुहाग-अँगूठी (विवाह के उपलक्ष मे वर द्वारा कन्या को दी गयी अँगूठी) ; о обрядá मँगनी/सगाई ।

обручáть (अपू॰), **обручúть** (पू॰) सगाई करना ; मँगनी करना ; **—ся** (आत्म॰) अपनी मँगनी या सगाई कराना ।

обручéние (नपु॰) मँगनी ; सगाई ।

обручúть दे० обручáть.

обрушивáть (अपू॰), **обрýшить** (पू॰) गिरा देना , ढहाना ; नष्ट करना ; о стéну दीवार गिराना ; **—ся** (आत्म॰) ढहना ; नष्ट होना ; टूटकर गिरना ; (на) झपट्टा मारना ।

обры́в (पु०) सीधी खडी पर्वत-सी चट्टान ।

обрыва́ть (अपू०), **оборва́ть** (पू०) १ फाड देना ; (फूल-फल) चुनना/तोडना, एकत्रित करना, (रस्सी, तार को) तोडना ; २. (भाषण) अचानक बन्द कर देना ; о свою́ речь अपना भाषण बन्द कर देना, **—ся** (आत्म०) १. (रस्सी आदि का) टूटना . २ (व्यक्ति या वस्तु का कही से) गिर जाना, ढह जाना, ३. अचानक बन्द हो जाना, разгово́р оборва́лся на полусло́ве बातचीत अचानक बन्द हो गयी ।

обры́вистый (वि०) खडी, बहुत ढलवाँ ।

обры́в‖ок (पु०) अश ; टुकडे, —ки разгово́ра बातचीत के अश ।

обры́згивать (अपू०), **обры́згать** (पू०) छिडकना ; छोटे देना, छितराना ; **—ся** (आत्म०) अपने आप पर छिडकना ; छितराना ।

обрю́зглый (वि०) मोटा और पिलपिला ।

обрю́зг‖нуть (पू०) मोटा और पिलपिला होना ; **—ший** = обрю́зглый

обря́д (पु०) संस्कार ; रस्म ; **—ный, —овый** (वि०) रस्म/सस्कार-सम्बन्धी ।

обса́живать (अपू०), **обсади́ть** (पू०) (भवि० обса́жу, обса́дишь) (चारो ओर) पौधे लगाना ।

обса́сывать (अपू०), **обсоса́ть** (पू०) १ (चारो ओर से) चूसना ; २ (सब पहलुओ पर ध्यान से) सोचना ।

обсемене́ние (नपु०) (बीज की) बुआई ।

обсеменя́ть (अपू०), **обсемени́ть** (पू०) (बीज) बोना ; о поля́ खेतो में बीज बोना ।

обсервато́рия (स्त्री०) वेधशाला ।

обсерва́ция (स्त्री०) प्रेक्षण ।

обска́кивать (अपू०), **обскака́ть** (पू०) (भवि० обскачу́, обска́чешь) (घोडे को) इधर-उधर सरपट दौडाना ; (केवल पू०) घोड़ा सरपट दौडाकर आगे निकल जाना ।

обскура́нт (पु०) ज्ञान या प्रकाश का विरोधी ; प्रतिक्रियावादी ; कूपमडूकवादी ।

обсле́дова‖ние (नपु०) परीक्षण ; जाँच ; पडताल, **—тель** (पु०), **—тельница** (स्त्री०) परीक्षक/परीक्षिका ; पडताल करनेवाला/वाली ।

обслу́живание (नपु०) सेवा, परिचर्या ; (टेक०) अनुरक्षण, देखभाल ; культу́рно-бытово́е о सास्कृतिक और जीवन-सम्बन्धी बातो की देखभाल ।

обслу́живать (अपू०), **обслужи́ть** (पू०) सेवा करना, परिचर्या करना ; (-के लिए) उपलब्ध करना ; मुहैया करना, (मशीन आदि की) देखरेख करना ।

обсоса́ть दे० обса́сывать.

обсо́хнуть दे० обсыха́ть.

обставля́ть (अपू०), **обстави́ть** (पू०) (भवि० обста́влю, обста́вишь) १ (-से) घेरना; २ (घर को फर्नीचर आदि से) सजाना ; ३ व्यवस्था करना ; ४ धोखा करना ; **—ся** (आत्म०) १ घिर जाना · २ अपना घर फर्नीचर आदि से सजाना ; ३. обставля́ть का कर्मवाच्य ।

обстано́в‖ка (स्त्री०) १ (केवल एकवचन) फर्नीचर आदि ; २. स्थिति ; हालत, междунаро́дная о. अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति, **—очный** (वि०) —очная пье́са वेशभूषा-प्रधान नाटक ।

обстоя́тельный (वि०) १ (व्यक्ति के विषय में) दृढसकल्प ; २ (भाषण, पुस्तक के विषय मे) सम्पूर्ण ; विस्तृत ; विशद ।

обстоя́тельственный (वि०) (व्या०) क्रियाविशेषण-सम्बन्धी ।

обстоя́тельств‖о (नपु०) १ परिस्थिति ; смягча́ющие вину́ —а अपराध की गुरुता कम करनेवाली परिस्थितियाँ ; при да́нных, таки́х —ах ऐसी परिस्थितियो मे ; —а измени́лись परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं ; —а неблагоприя́тны परिस्थितियाँ प्रतिकूल हैं, примени́ться к —ам अपने आपको परिस्थितियो के अनुकूल ढालना ; २ (व्या०) क्रिया-विशेषण ; □ смотря́ по —ам स्थिति पर निर्भर है ।

обсто‖я́ть (अपू०) как —я́т ва́ши де́ла ? आपका काम-काज कैसा चल रहा है ?

обстра́иваться (आत्म० अपू०), **обстро́иться** (आत्म० पू०) अपने लिए घर बनाना ; बनना ; निर्मित होना ; го́род бы́стро обстро́ился नगर शीघ्र ही बन गया ।

обстре́л (पु०) शलक , गोलाबारी ।

обстре́ливать (अपू०), **обстреля́ть** (पू०) शलक करना ; गोलाबारी करना ; गोली चलाना ।

обстрога́ть (पू०) (रन्दे से) समतल करना ; साफ करना ।

обстро́иться दे० обстра́иваться.

обтрукциони́ст (पु०) बाधक ; रुकावट डालनेवाला ; अड़गा लगानेवाला ।

обстру́кция (स्त्री०) बाधा ; अवरोध ; अड़गा ।

обступа́ть (अपू०), **обступи́ть** (पू०) (भवि० обступлю́, обсту́пишь) १. घेरा डालना ; २ (-के चारो ओर) जमा होना , дети обступи́ли учи́тельницу बच्चो ने अध्यापिका को चारो ओर से घेर लिया ।

обсужд||а́ть (अपू०), **обсуди́ть** (पू०) (भवि० обсужу́, обсу́дишь) विचार करना ; भली भाँति सोच-विचार करना , **—е́ние** (नपु०) सोच विचार ।

обсу́шивать (अपू०), **обсуши́ть** (पू०) शुष्क करना , सुखाना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको सुखाना ।

обсчи́тывать (अपू०), **обсчита́ть** (पू०) गलत गिनना ; गिनने मे गलती करना ; **—ся** (आत्म०) गिनने मे गलती करना ।

обсыпа́ть (अपू०), **обсы́пать** (पू०) (भवि० обсы́плю, обсы́плешь) (चारो ओर) बिखेरना ; छितराना , **—ся** (आत्म०) १ = осыпа́ться ; २ обсыпа́ть का कर्मवाच्य ।

обсыха́ть (अपू०), **обсохну́ть** (पू०) सूखना ; शुष्क होना ।

обта́ивать (अपू०), **обта́ять** (पू०) (चारो ओर से) पिघल जाना ।

обта́чивать (अपू०), **обточи́ть** (पू०) खराद पर रखकर समतल करना ; सान पर रखना ।

обта́ять (अपू०) दे० обта́ивать

обтека́ть (अपू०), **обте́чь** (पू०) (भवि० обтеку́, обтечешь) (चारो ओर से) बहना ।

обтере́ть(ся) दे० обтира́ть(ся)

обтёсывать (अपू०), **обтеса́ть** (पू०) (भवि० обтешу́, обте́шешь) (लकडी के तख्ते/शहतीर आदि को) समतल करना ; काटना ; सफाई से न काटना , (व्यक्ति को) सुसस्कृत बनाना ; शिष्ट बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. सुसस्कृत बनना ; शिष्ट बनना ; २ обтесывать का कर्मवाच्य ।

обте́чь दे० обтека́ть

обтира́ть (अपू०), **обтере́ть** (पू०) (भवि० оботру́, оботрешь) १ पोछना; पोछकर सुखाना ; २ (-से) रगडना , **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको पोछकर सुखाना ; (केवल पू०) सस्कृत/शिष्ट बनना ।

обточи́ть दे० обта́чивать

обто́чка (स्त्री०) सान या खराद आदि पर घुमाने की क्रिया ।

обтрёпывать (अपू०), **обтрепа́ть** (पू०) (भवि० обтреплю́, обтре́плешь) (वस्त्र आदि पहनकर) घिस देना ; **—ся** (आत्म०) १ (वस्त्र) घिसना , २. (व्यक्ति का) जर्जर होना ।

обтя́гивать (अपू०), **обтяну́ть** (पू०) १. (खीचकर) ढाँपना ; २. (कपडा खीचकर) ठीक करना ; ३ (रस्सा बाँधकर) नाव आदि को खीचना ।

обува́ть (अपू०), **обу́ть** (पू०) (भवि० обу́ю, обу́ешь) किसीको जूता/बूट पहनाना ; किसीको बूट/जूता देना , **—ся** (आत्म०) १. जूता/बूट पहनना , २ обува́ть का कर्मवाच्य ।

обувно́й (वि०) जूतो का ; о магази́н जूतो की दुकान ।

о́бувь (स्त्री०) जूता ।

обу́глива||ние (नपु०) कार्बनीकरण ; **—ать** (अपू०), **обу́глить** (पू०) १. जलाकर कोयला बनाना , झुलसाना , जलाना ; २. कार्बन बनाना ।

обу́живать (अपू०), **обу́зить** (पू०) (भवि० обу́жу, обу́зишь) तग करना, सकुचित करना।

обу́з||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) भार; быть —ой для кого́-л किसीके लिए भार होना।

обу́зд||ывать (अपू०), **обузда́ть** (पू०) रोकना, थामना; लगाम लगाना; सयम मे रखना; —а́ть себя́ अपने आपको संयम मे रखना।

обу́зить दे० обу́живать

обурева́||ть (अपू०) उत्तेजना दिलाना; आवेश मे लाना; быть —емым страстя́ми आवेगो के वशीभूत होना।

обусло́вливать (अपू०), **обусло́вить** (पू०) (भवि० обусло́влю, обусло́вишь) १ शर्त लगाना, बन्धन लगाना, २ कारण होना; **—ся** (आत्म०) शर्त होना।

обу́ть(ся) दे० обува́ть(ся)

о́бух, обу́х (पु०) (कुल्हाडे आदि का) कुन्दा; पछिया।

обуча́ть (अपू०), **обучи́ть** (पू०) पढाना; सिखाना; प्रशिक्षण देना; **—ся** (आत्म०) सीखना; पढना।

обуче́ние (नपु०) शिक्षा; पढाई, प्रशिक्षण।

обуя́ть (अपू०) पकडना; छा जाना, его́ обуя́л страх उस पर डर छा गया।

обха́жива||ть (अपू०) १ बार-बार जाना; खुशामद करना, फुसलाना; मीठी बाते करके लुभाना; он до́лго —л тётку, но де́нег от нее не доби́лся वह चाची की बहुत देर तक खुशामद करता रहा, परन्तु उसे रुपया-पैसा न मिला।

обхва́т (पु०) в —е परिधि मे।

обхва́тывать (अपू०), **обхвати́ть** (पू०) (भवि० обхвачу́, обхва́тишь) बाँहो मे भरना; भेंट भरना, э́того де́рева не обхвати́ть इस पेड को बाँहो मे नहीं भरा जा सकता/उस पेड को भेंट में नही भरा जा सकता।

обхо́д (पु०) १ चक्कर, गश्त; пойти́ в о दौड/गश्त पर जाना; २. चक्करदार रास्ता; ३ (पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना के) घूमने की क्रिया; ४. (कानून आदि का) उल्लघन; बचना।

обходи́тельный (वि०) शिष्ट; सभ्य।

обходи́ть (अपू०), **обойти́** (पू०) (वर्त० обхожу́, обхо́дишь; भवि० обойду́, обойдешь) १ गुजरना; चक्कर लगाना, गश्त लगाना; २. पार्श्व या पीछे से हमला करने के लिए सेना का घूमना, ३ फैलना; но́вость обошла́ весь го́род समाचार सारे नगर में फैल गया, ४ (कानून आदि का) उल्लघन करना; बचना; ५ टालना, छोड देना; о молча́нием चुपके से गुजरना, нельзя́ обойти́ э́тот вопро́с इस प्रश्न को टाला नही जा सकता; о. затрудне́ние मुसीबत टालना; **—ся** (आत्म०) १ बर्ताव करना, व्यवहार करना; —ся с кем-л. как с ра́вным किसीसे बराबरी का बर्ताव करना; २ मूल्य होना, э́то вам до́рого обойдется यह आपको महँगा पडेगा, ३. गुजारा करना; काम चलाना; без кри́ка не обхо́дится चिल्लाये बिना काम नही चलेगा/चिल्लाना ही पडेगा।

обхо́дн||ый (वि०) चक्करदार; —ым путем चक्करदार रास्ते से।

обхожде́ние (नपु०) शिष्टाचार; बर्ताव; व्यवहार।

обчища́ть (अपू०), **обчи́стить** (पू०) (भवि० обчи́щу, обчистишь) १ साफ करना; २ चुराना; उडा लेना; साफ कर देना, **—ся** (आत्म०) १ अपने आपको साफ करना, २ обчища́ть का कर्मवाच्य।

обша́ривать (अपू०), **обша́рить** (पू०) छान मारना; बहुत ढूँढना।

обшив||а́ть (अपू०), **обши́ть** (पू०) (भवि० обошью́, обошьешь) १ मगजी लगाना; सजाफ लगाना; कपडे पर फीता आदि लगाना; २ किसीके लिए कपडा सीना; она́ —а́ет всю семью́ वह (स्त्री/लडकी) सारे परिवार के कपडे सीती है; ३. तख्तो से ढँकना; ४ पलस्तर करना।

обши́вка (स्त्री०) १. संजाफ़ लगाने/मगज़ी लगाने

की क्रिया, २ फीता लगाने की क्रिया, ३ तख्ते लगाकर ढाँकने/पलस्तर करने की क्रिया।

обши́рн||ость (स्त्री०) फैलाव; विस्तार, व्यापकता; **—ый** (वि०) विस्तृत, विशाल।

обши́ть दे० обшивáть.

обшла́г (पु०) (कमीज की आस्तीन के) कफ।

общáться (आत्म० अपू०) संसर्ग/सम्पर्क रखना; मिलना जुलना; нельзя́ о с зарáзными छूत के रोगियो से मिलना-जुलना नही चाहिए।

общедосту́пный (वि०) जो सबकी पहुँच में हो/जहाँ सबकी पहुँच हो।

общежи́тие (नपु०) १ सामान्य आवास; छात्रावास; बोर्डिंग हाउस, २ सामाजिक जीवन।

общеизве́стный (वि०) सर्वविदित।

общенаро́дный (वि०) जनसाधारण का, पचायती; आम।

общéние (नपु०) ससर्ग, सम्पर्क; ли́чное о निजी सम्पर्क।

общеобяза́тельный (वि०) सबके लिए अनिवार्य।

общепри́знанный (वि०) सर्वतोम्वीकृत, जिसे सबने स्वीकार किया हो।

общесою́зный (वि०) अखिलसघीय।

общéственник (पु०) जनसेवक, समाज-सेवक।

общéственн||ость (स्त्री०) १ जनता; २ जनमत; **—ый** (वि०) सार्वजनिक, सामाजिक; —ая собственность सार्वजनिक सम्पत्ति, —ый обвини́тель सरकारी अभियोजक; —ое мнéние जनमत; —ая рабóта समाज-सेवा; —ые нáуки समाज-विज्ञान; —ое положéние सामाजिक स्थिति।

óбщество (नपु०) १ समाज; о друзéй Совéтского Сою́за सोवियत संघ के मित्रो का समाज, २. कम्पनी।

обществове́дение (नपु०) समाज-विज्ञान।

óбщ||ий (वि०) सार्वजनिक; सामान्य; आम; о наибóльший дели́тель **мéньшее** —ее наименьшее крáтное लघुत्तम समापवर्त्य; —ее собрáние सार्वजनिक सभा, —ее согла́сие सर्वसम्मति।

óбщина, общи́на (स्त्री०) समुदाय; समष्टि; सस्था।

общи́нн||ый (वि०) सामुदायिक, साझे का; —ая земля́ साझे की भूमि।

общи́пывать (अपू०), **общипáть** (पू०) (भवि० общи́плю, общи́плешь) नोचना; तोडना; о. пéрья с кýрицы मुर्गी के पख नोचना।

общи́тельный (वि०) मिलनसार; о хáрактер मिलनसार स्वभाव।

óбщность (स्त्री०) साझेदारी; о владéния स्वामित्व की साझेदारी।

объедáть (अपू०), **объéсть** (पू०) (भवि० объéм, объéшь) (चारो ओर से) खा जाना/कुतरना; किसी पर भार होना; मोरचा (जग) लगना, **—ся** (आत्म०) आवश्यकता से अधिक खाना।

объедин||éние (नपु०) १ एकीकरण; २. सघ, समाज, **—ённый** (वि०) सयुक्त; Организáция Объединенных Нáций सयुक्त राष्ट्रसघ, **—и́тельный** (वि०) एकत्रीकरण करनेवाला, एक सूत्र मे बाँधनेवाला।

объединя́ть (अपू०), **объедини́ть** (पू०) मिलाना, सयुक्त करना, एकीकरण करना, **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना, २ объединя́ть का कर्मवाच्य।

объéдки (बहु०) जूठन; बचा-खुचा।

объéзд (पु०) १ (चारो ओर) सवारी पर घूमने की क्रिया, परिभ्रमण; २ परिपथ।

объéздка (स्त्री०) घोडा सधाने की क्रिया।

объéздчик (पु०) १ घुडसवार (सिपाही आदि); २ घोडे सधानेवाला।

объезжáть (अपू०), **объéздить, объéхать** (पू०) (объездить से объéзжу, объéздишь; объéхать से объéду, объéдешь)

(сваре́й пер) сфер करना , २ (объе́хать पू० के साथ) (के चारों ओर,बीच से) जाना ; ३ (объе́здить पू० के साथ) घोडा सधाना ।

объе́кт (पुं०) वस्तु ; पदार्थ ।

объекти́в (पु ०) (दूरबीन, फोटो कैमरे आदि का) लेस ।

объекти́вный (वि०) वस्तुपरक , वस्तुगत , अनात्मपरक ।

объём (पुं०) आयतन , घनफल , परिमाण , आकार , **—истый** (वि०) विस्तीर्ण ; बडा , बडे आकारवाला , **—ный** (वि०) आयतन से , आयतनगत , घनफल के अनुसार , —ный ана́лиз आयतनगत/घनफलात्मक विश्लेषण ।

объе́сть(ся) दे० объеда́ть(ся)

объе́хать दे० объезжа́ть

объявле́ние (नपु ०) घोषणा ; ऐलान , о войны́ युद्ध-घोषणा , २ सूचना , विज्ञापन , नोटिस ; вы́весить о सूचना (नोटिस) लगाना ।

объявля́ть (अपू०), **объяви́ть** (पू०) (भवि० объявлю́, объя́вишь) घोषणा करना ; ऐलान करना , प्रकाशित करना , о войну́ युद्ध की घोषणा करना ; о благода́рность प्रशसा-भाव व्यक्त करना , **—ся** (आत्म०) १ अपने कुछ होने की घोषणा करना , २ प्रकट होना , (कर्तृ-निरपेक्ष) объявля́ется, что घोषणा की जाती है कि . . ।

объяде́ние (नपु ०) ऐ० о यह स्वादिष्ट है ।

пре- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया मे निम्नलिखित अर्थ आ जाते है ; १. 'सबसे अधिक' का अर्थ, जैसे превы́сить (सबसे अधिक ऊँचा हो जाना) ; २ пере-१ का अर्थ, जैसे преступи́ть (चलकर पार करना)।
преа́мбула (स्त्री०) प्रस्तावना ; पूर्वपीठिका।
пребыва́||ие (नपु०) निवास , पडाव ; ме́сто постоя́нного —ия स्थायी निवास-स्थान ; п. в до́лжности, п на посту́ पदावधि/कार्यकाल।
пребыва́ть (अपू०) होना ; п. у вла́сти सत्तारूढ होना ; п. в отсу́тствии अनुपस्थित होना।
превали́ровать (अपू०) (—рую) छा जाना ; प्रबल होना।
превзойти́ दे० превосходи́ть
превозмога́ть (अपू०), **превозмо́чь** (पू०) (भवि० превозмогу́, превозмо́жешь) वशीभूत करना ; काबू मे करना।
превозноси́ть (अपू०), **превознести́** (पू०) (वर्त० превозношу́, превозно́сишь ; भवि० превознесу́, превознесешь) अति प्रशसा करना ; उच्चासीन करना ; п. до небе́с आसमान पर चढाना।
превозноше́ние (नपु०) प्रशसा ; उच्चासीन करना।
превосходи́тельство (नपुं०) परमश्रेष्ठ ; महामान्य।
превосходи́ть (अपू०), **превзойти́** (पू०) (भवि० превзойду́, превзойдешь) बढ जाना ; अतिक्रमण करना ; п кого́-л. му́жеством किसीसे साहस मे बढ़ जाना ; п. чи́сленностью सख्या में बढ जाना।
превосхо́д||ный (वि०) १. श्रेष्ठ ; उत्तम ; बढिया ; २. बहुत बढकर ; संख्या में अधिक ; —ая сте́пень (व्या०) तम-प्रत्ययान्त रूप ; **—ство** (नपुं०) श्रेष्ठता ; उत्तमता ; वरिष्ठता।
превати́ть(ся) दे० превраща́ть(ся).
превра́тн||о (क्रि० वि०) गलत ; उल्टा ; п. понима́ть ग़लत समझना / उल्टा समझना ; **—ость** (स्त्री०) १. झूठापन ; असत्यता ; मिथ्यापन ; २. अस्थिरता ; चिरपरिवर्तनशीलता ; —ости судьбы́ भाग्य की चिरपरिवर्तनशीलता ; **—ый** (वि०) १. असत्य ; मिथ्या ; गलत ; —ое представле́ние गलत प्रभाव ; २. परिवर्तनशील ; भ्रामक।
превраща́ть (अपू०), **превати́ть** (पू०) (भवि० превращу́, превати́шь) परिणत करना ; बदलना ; п в шу́тку हँसी या मजाक मे बदलना ; п. киломе́тры в ме́тры किलोमीटरो को मीटरो मे बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. बदलना ; परिणत होना , мину́ты превати́лись в часы́ मिनट घटो मे बदल गये ; २. превраща́ть का कर्मवाच्य।
превраще́ние (नपु०) रूपान्तरण ; परिवर्तन।
превыша́ть (अपू०), **превы́сить** (पू०) (भवि० превы́шу, превы́сишь) अतिक्रमण करना ; बढ़ जाना ; п власть अपने अधिकारो का अतिक्रमण करना।
превы́ше (क्रि० वि०) п. всего́ सबसे बढ़कर/सर्वोच्च।
превыше́ние (नपुं०) अतिक्रमण ; п. вла́сти अधिकार-अतिक्रमण।
прегра́да (स्त्री०) रोक ; रुकावट ; अवरोध ; грудобрю́шная п. मध्यच्छदा ; डायफ्राम।
прегра||жда́ть (अपू०), **прегради́ть** (पू०) (भवि० прегражу́, прегради́шь) रुकावट डालना ; अवरोध करना ; —ди́ть путь кому́-л. किसीका रास्ता रोकना।
пред = пе́ред.
пред -I председа́тель और представи́тель का संक्षिप्त रूप।
пред -II (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोडने से क्रिया मे पूर्व या पहले का अर्थ आ जाता है, जैसे предвкуша́ть (पहले ही चख लेना)।
предава́ть (अपू०), **преда́ть** (पू०) (वर्त० предаю́, предаешь ; भवि० предам́, преда́шь) १. п. суду́ अदालत को सौपना ; п.

смéрти जान से मारना ; п. проклáтию शाप देना ; २. विश्वासघात करना ; धोखा देना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) सौपना ; वशीभूत होना ; —ся гнéву क्रोध के वशीभूत होना ; २. предавáть का कर्मवाच्य ।

предáние (नपुं०) **I.** १. दन्तकथा ; २. परम्परा ; **II.** п. суду अदालत को सौपना ; п. смéрти जान से मारना ।

прéданн||ость (स्त्री०) भक्ति ; निष्ठा ; **—ый** (वि०) १. предавáть से कृदन्त ; २ निष्ठावान ; अडिग ; सच्चा ; —ый сын आज्ञाकारी पुत्र ; —ый друг सच्चा मित्र ।

предáтель (पुं०) विश्वासघाती ; गद्दार ; **—ница** (स्त्री०) विश्वासघातिनी ; गद्दार औरत ; **—ский** (वि०) विश्वासघाती ; धोखेबाज ; गद्दार ; **—ство** (नपुं०) विश्वासघात ; देशद्रोह ; गद्दारी ।

предáть(ся) दे० предавáть(ся).

предварéние (नपु ०) १. पूर्व-चेतावनी ; भविष्य-वाणी ; २. पेशकदमी ।

предвари́тельн||о (क्रि० वि०) प्राथमिक/प्रारम्भिक रूप से ; **—ый** (वि०) प्राथमिक ; प्रारम्भिक ; п. экзáмен प्राथमिक परीक्षा ; —ое заключéние हिरासत ; —ые переговóры प्रारम्भिक बातचीत ।

предваря́ть (अपू०), **предвари́ть** (पू०) १. भविष्यवाणी करना ; चेतावनी देना ; २. पेशकदमी ।

предвéст||ие (नपुं०) पूर्वसूचना ; शकुन ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) १. अग्रयायी ; अग्रदूत ; २. पूर्वाभास ; शकुन ; पूर्वलक्षण ।

предвеща́||ть (अपू०) पहले से सूचित करना ; लक्षण दिखायी पड़ना ; शकुन होना ; óто не —ет ничегó хорóшего यह लक्षण अच्छे नही दिखायी देते ।

предвзя́тый (वि०) पूर्वगृहीत ; पक्षपातपूर्ण ।

предви́дение (नपुं०) पूर्वदृष्टि ; पूर्वज्ञान ; दूरदर्शिता ।

предви́деть (पू०) (भवि० предви́жу, предви́дишь) पूर्वदर्शन करना ; पहले से ही देख लेना ; पहले से ही जान लेना ; **—ся** (आत्म०) १. -की आशा होना ; २. предви́деть का कर्मवाच्य ।

предвкуш||а́ть (अपू०), **предвкуси́ть** (पू०) (भवि० предвкушу́, предвку́сишь) पूर्वविधारण करना ; पहले से चख लेना, **—éние** (नपुं०) पूर्वविधारण ; पहले से चख लेना ।

предводи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) नेता/नेत्री ; अग्रयायी ; **—ство** (नपु ०) नेतृत्व ; под —ством (-के) नेतृत्व मे ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) नेतृत्व करना ।

предвосхища́ть (अपू०), **предвосхи́тить** (पू०) (भवि० предвосхищу́, предвосхи́тишь) पूर्वानुमान होना ; पहले से ही जान लेना ; п событúя घटनाओ को पहले से ही जान लेना ।

предвосхище́ние (नपुं०) पूर्वानुमान ।

предвы́борный (वि०) निर्वाचन-पूर्व ; चुनाव से पहले का ।

предго́рье (नपुं०) (पहाड की) तलहटी ।

предве́рие (नपुं०) दहलीज ।

преде́л (पुं०) सीमा ; हद ; अन्त ; положи́ть п. अन्त करना ; всемý есть п हर चीज की एक सीमा होती है ; в —ах सीमा मे ; в —ах го́да एक वर्ष के भीतर ।

преде́льный (वि०) सीमा का ; п во́зраст आयु-सीमा ।

предержа́щ||ий (वि०) влáсти —ие उच्चाधिकारीगण ।

предзака́тный (वि०) सूर्यास्त से पूर्व का ।

предзнаменова́ние (नपुं०) पूर्वाभास ; शकुन ; дýрное п. अपशकुन ।

предика́т (पु ०) (व्या०) विधेय ।

предисло́вие (नपुं०) भूमिका ; प्रस्तावना ।

предлага́ть (अपू०), **предложи́ть** (पू०) पेश करना ; प्रस्ताव करना ; सुझाव देना ; (प्रश्न आदि) करना ; п. чью-л. кандидатýру किसी-के नाम का (चुनाव के लिए) प्रस्ताव करना / नाम

प्रस्तुत करना ; п. вниманию ध्यान दिलाना ; п. вопрос кому-л. किसीसे प्रश्न करना ; п. новый план नयी योजना पेश करना ।

предло́г (पुं०) बहाना ; छल ; под —ом (के) बहाने से ; २ (व्या०) उपसर्ग ।

предложе́ние (नपु०) **I.** १ प्रस्ताव ; सुझाव ; де́лать п. кому-л. किसीको कुछ सुझाव देना/किसीके सामने कुछ सुझाव रखना ; принима́ть п. (विवाह का) प्रस्ताव स्वीकार करना ; вноси́ть п सुझाव देना ; २ पूर्ति ; सम्भरण ; п труда́ श्रम-सम्भरण ; спрос и п माँग और पूर्ति ; ३ (सराफे का) भाव ; **II.** (व्या०) वाक्य ; वाक्यखड ; просто́е п. सरल वाक्य ; гла́вное п प्रधान वाक्यखंड ।

предложи́ть दे० предлага́ть

предло́жный (वि०) उपसर्ग-सम्बन्धी ।

предме́стье (नपु०) नगरोपान्त ; बाहरी बस्तियाँ ।

предме́т (पु०) १. वस्तु ; (सामग्री) पदार्थ ; —ы широ́кого потребле́ния उपभोज्य वस्तुएँ/आम खपत की चीजे ; —ы пе́рвой необходи́мости जीवन की आवश्यक वस्तुएँ ; २. विषय ; п. нау́чного иссле́дования वैज्ञानिक अन्वेषण का विषय ।

предме́тный (वि०) п урок सजीव निदर्शन (किसी वस्तु को प्रस्तुत करके दृष्टान्त द्वारा समझाना); п. указа́тель विषय-सूची / क्रमणिका ।

предназ‖ача́ть (अपू०), **предназна́чить** (पू०) (के लिए) उठा रखना ; पूर्व-नियतन करना ; **—ачéние** (नपु०) (के लिए) उठा रखने की क्रिया ; पूर्वनियतन ।

преднаме́ренность (स्त्री०) पूर्व-संकल्प ; पूर्व-विचार ; **—ый** (वि०) पूर्व-संकल्पित ; पूर्व-विचारित ।

предначерта́ние (नपु०) रूपरेखा ; योजना ; नमूना ।

предо = пе́ред -I

предобе́денный (वि०) (दोपहर के) खाने के पहले का ; भोजन से पूर्व का ।

пре́док (पुं०) पूर्वज ।

предоктя́брьский (वि०) अक्तूबर (क्रान्ति)-पूर्व का ।

предопредел‖е́ние (नपु०) पूर्वनिश्चय ; पूर्व-सकल्प ; **—я́ть** (अपू०), **предопредели́ть** (पू०) पूर्व-निश्चय करना ; पूर्व-सकल्प करना ; पहले से नियुक्त करना या ठहराना ।

предоставле́ние (नपु०) नियुक्ति ; नियतन ; निर्धारण ।

предост‖авля́ть (अपू०), **предоста́вить** (पू०) (भवि० предоста́влю, предоста́вишь) -का अवसर देना ; (-पर) छोडना , ему́ —а́вили (самому́) реши́ть э́то इसका निर्णय उसी पर छोड दिया गया ; п. кому́-л. сло́во किसीसे भाषण देने के लिए कहना ; п. возмо́жность अवसर देना ; п. о́тпуск छुट्टी देना ।

предостер‖ега́ть (अपू०), **предостере́чь** (पू०) (भवि० предостерегу́, предостережешь) चेतावनी देना ; सावधान करना ; तबीह करना ; **—еже́ние** (नपु०) चेतावनी ; तबीह ।

предосторо́жност‖ь (स्त्री०) पूर्वोपाय ; सावधानी ; принима́ть ме́ры —и पूर्वोपाय करना ; एहतियाती कार्यवाही करना ।

предосуди́тельный (वि०) निन्दनीय ; निन्दा के योग्य ; आपत्तिजनक ।

предотвращ‖а́ть (अपू०), **предотврати́ть** (पू०) (भवि० предотвращу́, предотврати́шь) रोकना ; टालना ; **—е́ние** (नपु०) रोकने/टालने की क्रिया ।

предохран‖е́ние (नपु०) सरक्षण ; परिरक्षण ; **—и́тель** (पुं०) (टेक०) सुरक्षा-ताला ; सुरक्षा-खटका ; सेफ्टी-गार्ड , пла́вкий —и́тель सेफ्टी-फ्यूज ; **—и́тельный** (वि०) १. परिरक्षक ; निरोधक ; प्रतिकारक ; —и́тельные ме́ры एहतियाती कार्यवाही ; पूर्वोपाय ; २. (टेक०) सुरक्षा- ; (सेफ्टी) ; —и́тельный кла́пан सेफ्टी वाल्व ।

предохраня́ть (अपू०), **предохрани́ть** (पू०) परिरक्षा करना ; बचाव करना ; संरक्षण करना ।

предписа́н||ие (नपु ०) १. निर्देश ; अनुदेश ; आदेश ; секре́тное п. गुप्त आदेश ; согла́сно —ию आदेशानुसार ; २. (कानून-सम्बन्धी) आदेश-पत्र ; ३. नुस्खा ।

предпи́сывать (अपू०), **предписа́ть** (पू०) (भवि० предпишу́, предпи́шешь) १. निर्देश देना ; आदेश देना ; २. नुस्खा लिखना ।

предпле́чье (नपु ०) प्रकोष्ठ ; पहुँचा (हाथ की कलाई से कोहनी तक का भाग) ।

предплюсна́ (स्त्री०) (शरीर-रचना०) टखना ; गुल्फिका ; प्रपटोपास्थि ; एडी के ऊपर की गाँठ ।

предполага́емый : १. предполага́ть से कृदन्त , २. (वि०) अनुमानित ; कल्पित ।

предполага́||ть (अपू०), **предположи́ть** (पू०) १ अनुमान करना , कल्पना करना ; फर्ज करना , मान लेना ; предположи́м, что э́то треуго́льник मान लीजिए कि यह एक त्रिकोण है , २. (केवल अपू०) इरादा करना ; इच्छा करना ; विचार करना ; что вы предполага́ете де́лать ? आपका क्या करने का विचार है ?; ३. (केवल अपू०) पूर्व-कल्पना करना ; पहले से मान लेना ; **—ся** (आत्म०) १. (कर्तृ-निरपेक्ष) предполага́ется, что अनुमान है कि . . ; २. предполага́ть का कर्मवाच्य ।

предположе́ние (नपु ०) कल्पना ; अनुमान ; धारणा , законода́тельное п. बिल का मसौदा ।

предположи́тельн||о (क्रि० वि०) १. सम्भवत ; कदाचित् ; २. लगभग , **—ый** (वि०) अनुमानित ; कल्पना-प्रसूत ।

предположи́ть दे० предполага́ть.

предпосла́ть दे० предпосыла́ть.

предпосле́дний (वि०) उपान्तिम ; अन्तिम से पहला ।

предпосыла́ть (अपू०), **предпосла́ть** (पू०) (भवि० препошлю́, предпошлешь) प्रस्तावना-रूप में कहना ; पूर्वपक्ष कहना ।

предпосы́лка दे० посы́лка.

предпочита́ть (अपू०), **предпоче́сть** (पू०) (भवि० предпочту́, предпочтешь) अधिमान्यता देना ; तरजीह देना ।

предпочте́ние (नपु ०) अधिमान्यता ; तरजीह ; ока́зывать п. अधिमान्यता देना ; तरजीह देना ।

предпочти́тельн||о (क्रि० वि०) अधिमान्यता/तरजीह देकर ; **—ый** (वि०) अधिमान्य/तरजीह देने योग्य ।

предпра́здничн||ый (वि०) उत्सव-पूर्व का ; त्यौहार से पहले का ; छुट्टी से पहले का ; —ое настрое́ние छुट्टी के दिन की खुशी/मस्ती ।

предприи́мчи||вость (स्त्री०) उद्यम ; **—ый** (वि०) उद्यमी ।

предпринима́тель (पु ०), **—ница** (स्त्री०) (व्यापार या किसी कम्पनी का) मालिक ; **—ский** (वि०) मालिक का ।

предпринима́ть (अपू०), **предприня́ть** (पू०) (भवि० предприму́, предпри́мешь) (काम आदि) हाथ मे लेना ; п. попы́тку प्रयत्न करना ; п. си́льные ата́ки ज़ोरदार हमले करना/विकट आक्रमण करना ।

предприя́тие (नपु ०) व्यवसाय-संस्था ।

предрасполага́ть (अपू०), **предрасположи́ть** (पू०) पूर्व-प्रवृत्ति जगाना , किसीमें पहले से ही कोई इच्छा या इरादा पैदा कर देना ।

предрасположе́ние (नपु ०) १ पूर्वप्रवृत्ति ; २ (चिकि०) शरीर का विशेष स्वभाव (जैसे किसीको गर्म जलवायु अनुकूल होती है तो किसीको सर्द) ।

предрассве́тный (वि०) अरुणोदय से पूर्व का ।

предрассу́д||ок (पु ०) पूर्वाग्रह ; पक्षपात ; без —ков बिना पूर्वाग्रह के/बिना किसी पक्षपात के ।

предрека́ть (अपू०), **предре́чь** (पू०) (भवि० предреку́, предречешь) भविष्य बतलाना ; भविष्यवाणी करना ।

предреша́ть (अपू०), **предреши́ть** (पू०) पूर्वनिर्णय करना ।

председа́тель (पु॰) सभापति ; अध्यक्ष ; प्रधान ; **—ский** (वि॰) सभापति का ; प्रधान का ; **—ство** (नपु॰) सभापतित्व ; अध्यक्षता ; **—ствовать** (अपू॰) (—ствую) सभापतित्व करना ; **—ствующий** १. председа́тельствовать से कृदन्त ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) सभापति ; अध्यक्ष ; प्रधान ।

предсе́рдие (नपु॰) (शरीर-रचना॰) कर्ण-शष्कुली ; कान का बाहरी पर्दा ।

предсказа́||ние (नपु॰) पूर्वकथन ; भविष्य-वाणी ; भविष्यकथन , **—тель** (पु॰), **—тельница** (स्त्री॰) भविष्यवक्ता/वक्त्री ; भविष्यकथन करनेवाला/वाली ।

предска́зывать (अपू॰), **предсказа́ть** (पू॰) (भवि॰ предскажу́, предска́жешь) भविष्यवाणी करना ; भविष्यकथन करना ।

предсме́ртный (वि॰) मृत्यु से पहले का ।

представа́ть (अपू॰), **предста́ть** (पू॰) (वर्त॰ предстаю́, предстаешь ; भवि॰ предста́ну, предста́нешь) (-के सामने) पेश होना ।

представи́тель (पु॰), **—ница** (स्त्री॰) प्रतिनिधि ; полномо́чный п. पूर्णाधिकारी प्रतिनिधि ; **—ность** (स्त्री॰) प्रभावशालिता ; गरिमा ; शान ; रोब ; **—ный** (वि॰) १. प्रतिनिधिक ; प्रतिनिध्यात्मक ; २. प्रभावशाली ; रोबदार ; गरिमामय ; п человéк рóбедар आदमी ; **—ство** (नपु॰) प्रतिनिधित्व ।

представи́ть(ся) दे॰ представля́ть(ся).

представ||ле́ние (नपु॰) १. (प्रार्थना-पत्र आदि) पेश करना ; २. (नाटक) उपस्थापन ; प्रदर्शन , अभिनय ; ३. विचार ; कल्पना ; име́ть —ле́ние विचार करना / कल्पना करना ; **—ля́ть** (अपू॰), **представи́ть** (पू॰) (भवि॰ предста́влю, предста́вишь) १. (प्रार्थना-पत्र आदि) पेश करना ; प्रस्तुत करना ; э́то не —ля́ет тру́дности यह कोई कठिनाई प्रस्तुत नही करती / इसमें कोई कठिनाई नही ; э́то не —ля́ет для меня́ интере́са इसमें मेरी कोई दिलचस्पी नही ; —ля́ть доказа́тельства प्रमाण प्रस्तुत करना ; —ля́ть на рассмотре́ние विचार करने के लिए प्रस्तुत करना ; २. प्रतिनिधित्व करना ; ३ परिचय कराना ; ४. कल्पना करना ; предста́вьте себе́ мое удивле́ние मेरे आश्चर्य की कल्पना कीजिए ; ५ (नाटक) उपस्थापन करना ; अभिनय करना ; ६ —ля́ть собо́ю что-л. (की भाँति) होना ; что он собо́й —ля́ет ? वह अपने को क्या समझता है ? ; земля́ —ля́ет собо́й сферо́ид पृथ्वी गोले जैसी है ; **—я́ться** (आत्म॰ अपू॰), **предста́виться** (आत्म॰ पू॰) १. प्रकट होना ; सामने आना ; (अवसर आदि) मिलना ; глаза́м предста́вилась печа́льная карти́на विषाद का एक-एक चित्र हमारे नेत्रो के समक्ष मूर्तिमन्त हो गया ; слу́чай ско́ро предста́вился अवसर शीघ्र ही मिल गया ; २ (कर्तृ-निरपेक्ष) दिखायी पडना ; ему́ предста́вилось что उसको ऐसा दिखायी पडा कि.../उसको ऐसा लगा मानो··· ; ३. अपना परिचय कराना ; ४ представля́ть का कर्मवाच्य ।

предста́тельный (वि॰): —ая железа́ (शरीर-रचना॰) पुर.स्थ ग्रन्थि (जननेन्द्रिय की गिल्टियाँ) ।

предста́ть दे॰ представа́ть

предсто||я́ть (अपू॰) आगे होना , भविष्य के गर्भ में होना ; че́рез не́сколько дней —я́т вы́боры कुछ दिनो मे चुनाव होनेवाले हैं ; ему́ —я́т тру́дности उस पर कष्ट आनेवाला है ; нам —и́т реши́ть вопро́с हमे इस प्रश्न का हल करना है ; **—я́щий** १ предстоя́ть से कृदन्त ; २. (वि॰) भावी ; आनेवाला , होनेवाला ।

предте́ча (उभ॰) अग्रयायी ; पूर्वभावी ; अग्रभावी ।

предубежд||е́ние (नपु॰) पूर्वाग्रह ; पक्षपात ; **—ённый** (कृदन्त और वि॰) पूर्वग्रहयुक्त ; पक्षपातपूर्ण ।

предуве́дом||ить दे० предуведомля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) पूर्वसूचना ।

предуведомля́ть (अपू०), **предуве́домить** (पू०) (भवि० предуве́домлю, предуве́домишь) पूर्वसूचना देना ; चेतावनी देना ।

предугада́дывать (अपू०), **предугада́ть** (पू०) पहले से ही अनुमान लगाना , पहले से ही भाँप लेना ।

предумы́шленный (वि०) पूर्वविचारित ।

предупреди́тельн||ость (स्त्री०) १. अनुग्रह ; सौजन्य ; शिष्टता ; २. ध्यान ; **—ый** (वि०) १ (उपाय आदि) निरोधक ; एहतियाती ; २. (व्यक्ति) भलामानस ; भद्र ; अनुग्रही ; कृपालु ।

предупреж||да́ть (अपू०), **предупреди́ть** (पू०) (भवि० предупрежу́, предупреди́шь) १. पूर्वसूचना देना ; पहले ही से बता देना ; चेतावनी देना ; एहतियात बरतना ; पूर्वोपाय करना ; बचाव करना ; п пожа́р आग लगने से बचाना ; २ पहले से ही जान लेना ; я хоте́л сде́лать это для вас, но он предупреди́л меня́ मै यह आपके लिए करना चाहता था, परन्तु उसने पहले ही जान लिया ; я хоте́л э́то сказа́ть, но он предупреди́л меня́ मै यह कहना चाहता था परन्तु उसने मेरे मुँह की बात छीन ली ; **—де́ние** (नपुं०) पूर्वसूचना , चेतावनी ।

предусма́трива||ть (अपू०), **предусмотре́ть** (पू०) पहले से विचार लेना/सोच लेना ; (कानून, नियमो आदि मे) व्यवस्था होना ; зако́н не —ет тако́го слу́чая क़ानून में ऐसे मामले के लिए कोई व्यवस्था नही दी गयी ।

предусмотри́тельн||ость (स्त्री०) दूरदर्शिता ; **—ый** (वि०) दूरदर्शी ; —ый челове́к दूरदर्शी व्यक्ति ।

предустано́вленный (वि०) पूर्वस्थापित ; पूर्वनिश्चित ।

предчу́вствие (नपुं०) पूर्वाभास ।

предчу́вствова||ть (अपू०) (—ствую) पूर्वाभास होना ; он —л что э́то так бу́дет उसको पूर्वाभास हो गया था कि ऐसा होगा ।

предше́ств||енник (पुं०), **—енница** (स्त्री०) पूर्वाधिकारी / पूर्वाधिकारिणी , पूर्ववर्ती/पूर्ववर्तिनी **—овать** (अपू०) (—ствую) अग्रभावी होना ; पहले विद्यमान होना , **—ующий** १. предше́ствовать से कृदन्त ; २ (वि०) भूतपूर्व , पूर्व-; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) = предыду́щее दे० предыду́щий-२

предъяв||и́тель (पुं०) पेशकार ; पेश करनेवाला , वाहक ; —и́тель и́ска (अदालत-सम्बन्धी) वादी / दावेदार ; чек с упла́гой на —и́теля धनी-जोग हुडी (अंग्रेजी—बेयरर चैक) ; **—и́ть** दे० предъявля́ть **—ле́ние** (नपुं०) पेश किया जाना ; प्रस्तुत किया जाना ।

предъявля́ть (अपू०), **предъяви́ть** (पू०) (भवि० предъявлю́, предъя́вишь) पेश करना ; प्रस्तुत करना ; दिखाना ; п биле́ты टिकट दिखाना ; п. докуме́нты कागज दिखाना ; п. доказа́тельства प्रमाण प्रस्तुत करना ; п. тре́бование माँग पेश करना ।

предыду́щий (वि०) १. पिछला ; गत ; п. год गत वर्ष ; २ (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) उपर्युक्त ; पूर्वोक्त ।

прее́м||ник (पुं०) उत्तराधिकारी ; **—ственность** (स्त्री०) उत्तराधिकारिता ; **—ственный** (वि०) —ственный поря́док उत्तराधिकार-क्रम ; **—ство** (नपुं०) = пре-е́мственность.

пре́жде (क्रि० वि०) पहले ; на́до бы́ло п. ду́мать об э́том इसके विषय मे पहले सोचना चाहिए था , он до́лжен п. конча́ть э́то उसको इसे पहले समाप्त करना चाहिए था ; он пойдет туда́ п. меня́ वह वहाँ मुझसे पहले जायेगा ; □ пре́жде всего́ सर्वप्रथम / सबसे पहले ।

преждевре́менн||о (क्रि० वि०) समय से पहले ; **—ый** (वि०) समय से पहले का ; अकाल- ; असामयिक, —ые ро́ды समय से पहले का जन्म ।

пре́жн||ий (वि०) पहले का ; अग्रगामी ; पूर्व ; в —ее вре́мя पुराने समय में ।

през|и́диум (पु ०) अध्यक्ष-मडल ; П. Верхо́вного Сове́та सर्वोच्च/परम सोवियत का अध्यक्ष-मडल ।

презира́ть (अपू०), **презре́ть** (पू०) (भवि० презрю́, презри́шь) १. (केवल अपू०) घृणा करना ; तुच्छ समझना ; п. лесть चापलूसी से घृणा करना ; २. उपेक्षा करना ; п. опа́сность खतरे की उपेक्षा करना ।

презре́н||ие (नपु ०) तिरस्कार; घृणा ; मानहानि ; अवमान ; **—ный** (वि०) तिरस्कृत ; घृणित ।

презре́ть दे० презира́ть.

презри́тельн||ый (वि०) अपमानसूचक ; घृणासूचक ; —ая улы́бка अपमानसूचक मुस्कराहट ।

презу́мпция (स्त्री०) अनुमान ।

преиму́ществ||енн||о (क्रि० वि०) मुख्यत ; मुख्य रूप से ; **—ый** (वि०) १ मुख्य ; २. अधिमान्य ; तरजीह का ; —ое пра́во तरजीह ; —ое пра́во на поку́пку पूर्वक्रय-अधिकार ।

преиму́ществ||о (नपु ०) लाभ ; अधिमान्यता ; तरजीह ; отда́ть п. तरजीह देना ; име́ть п. (-की तुलना मे) विशेषता रखना , но —у मुख्यत ।

преиспо́дняя (स्त्री०) (वि० रू०) नरक ; अधोलोक ।

преисполня́ть (अपू०), **преисполни́ть** (पू०) (-से) भर देना ; उत्कट भावना जागृत कर देना ; п гне́вом क्रोध की भावना जागृत कर देना ; **—ся** (आत्म०) (से) भर जाना ।

прейскура́нт (पु ०) मूल्य-सूची ।

преклон||е́ние (नपु ०) प्रशसा ; पूजा ; **—и́ть(ся)** दे० преклоня́ть(ся).

преклóнный (वि०) п во́зраст (बहुत अधिक) बुढापा ।

преклоня́ть (अपू०), **преклони́ть** (पू०) झुकाना , п. коле́ни घुटने टेकना ; п. го́лову शीश झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. (-के आगे) झुकना ; २ प्रशसा करना ; पूजा करना ।

прекослóв||ие (नपु ०) खडन ; प्रतिवाद ; без вся́кого —ия बिना किसी प्रतिवाद के ।

прекослóвить (अपू०) (वर्त० прекослóвлю, прекослóвишь) खडन करना ; प्रतिवाद करना ।

прекра́сн||о (क्रि० वि०) १. उत्तम रूप से ; विशिष्ट प्रकार से ; २. (विस्मय०) बहुत बढिया ! ; सुन्दर ! ; **—ый** (वि०) १. सुन्दर ; बढिया ; २. उत्तम ; विशिष्ट ; в оди́н —ый день किसी अच्छे दिन ; —ый пол महिला-वर्ग/स्त्री-जाति ।

прекраща́ть (अपू०), **прекрати́ть** (पू०) (भवि० прекращу́, прекрати́шь) बन्द करना ; समाप्त करना ; अन्त करना ; (सम्बन्ध) तोड देना ; छोड देना , п. знако́мство सम्बन्ध तोड़ देना ; п. разгово́р बातचीत बन्द करना ; п. рабо́ту काम बन्द कर देना ; п войну́ युद्ध समाप्त करना/युद्ध का अन्त करना ; п. подпи́ску चन्दा देना बन्द कर देना ; **—ся** (आत्म०) १ बन्द होना ; समाप्त होना ; अन्त होना ; २. прекраща́ть का कर्मवाच्य ।

прекраще́ние (नपु ०) बन्द करने की क्रिया ; अन्त , समाप्ति ; п вое́нных де́йствий युद्ध का अन्त ।

прела́т (पु ०) गिरजाघर का प्रधान अधिकारी ।

прeléстный (वि०) रमणीय ; मनोहर ; सुहावना ; सुन्दर ।

пре́лесть (स्त्री०) रमणीयता ; मनोहरता ; आकर्षण ।

прелимина́рный (वि०) प्राथमिक ; प्रारम्भिक ।

прелом||и́ть(ся) दे० преломля́ть(ся) , **—ле́ние** (नपु ०) १. (भौ०) वर्तन ; किरणों की वक्रता ; २ पहलू ।

преломля́ть (अपू०), **преломи́ть** (पू०) (भवि० преломлю́, прело́мишь) १. (भौ०) वर्तन करना ; п лучи́ किरणों का वर्तन करना ; २. व्याख्या करना ; **—ся** (आत्म०) १. (भौ०) वर्तन होना २. व्याख्या होना ; ३. преломля́ть का कर्मवाच्य ।

пре́лый (वि०) दुर्गन्धित ; सड़ा हुआ ।

прель (स्त्री०) सड़न ; दुर्गन्ध ; गन्दगी ।

прельща́ть (अपू०), **прельсти́ть** (पू०) (भवि० прельщу́, прельсти́шь) फुसलाना ; आकर्षित करना ; मोहित करना ; п. кого́-л. обеща́ниями किसी को वायदे करके फुसलाना ; путеше́ствие по мо́рю прельсти́ло его́ समुद्र-यात्रा उसके लिए एक आकर्षण था ; **—ся** (आत्म०) आकर्षित होना ; मोहित होना ।

прелюбо‖де́й (पुं०) व्यभिचारी , **—дея́ние** (नपुं०) व्यभिचार ; **—де́йствовать** (अपू०) (—ствую) व्यभिचार करना ।

прелю́дия (स्त्री०) प्रस्तावना ।

премиа́льн‖ый (वि०) १. пре́мия से वि० ; п. фонд बोनस-निधि ; —ая систе́ма бо́нус-पद्धति ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) बोनस ; получа́ть —ые бо́нус लेना ।

премѝн‖уть (पू०) चूकना ; он не —ул увéдомить вáс वह आपको बताने से नही चूका ।

премирова́ние (नपुं०) पुरस्कार / बोनस देने की क्रिया ।

премирова́ть (अपू०) (—ру́ю) पुरस्कार देना ; बोनस देना ।

пре́мия (स्त्री०) १. पुरस्कार ; बोनस ; но́бе-левская п. नोबल पुरस्कार ; २. (बीमे आदि का) चन्दा (अंग्रेजी—प्रीमियम) ; страхова́я п. बीमे का चन्दा ।

прему́др‖ость (स्त्री०) परम बुद्धिमत्ता ; परम ज्ञान , **—ый** (वि०) परम बुद्धिमान ; परम ज्ञानी ।

премье́р (पु०) १. प्रधान मन्त्री ; п. мини́стр प्रधान मन्त्री , २ (नाटक में) मुख्य अभिनेता ।

премье́ра (स्त्री०) (नाटक का) सर्वप्रथम अभिनय ।

премье́рша (स्त्री०) (नाटक की) मुख्य अभिनेत्री ।

пренебре‖га́ть (अपू०), **пренебре́чь** (पू०) (भवि० пренебрегу́, пренебрежешь) उपेक्षा करना ; तुच्छ समझना , परवाह न करना ; п. свои́ми обя́занностями अपने कर्तव्य की उपेक्षा करना ; п. опа́сностью खतरे को तुच्छ समझना / खतरे की परवाह न करना ; **—же́ние** (नपुं०) १. उपेक्षा ; लापरवाही ; —же́ние свои́ми обя́занностями अपने कर्तव्य की उपेक्षा करना ; २. तुच्छ समझने की क्रिया ; घृणा ; तिरस्कार ; **—жи́тельный** (वि०) तिरस्कार-युक्त ; घृणायुक्त ।

пренебре́чь दे० пренебрега́ть.

пре́ние (नपुं०) सडन ; सडने की क्रिया ।

пре́ния (बहु०) बहस ; बातचीत ; открыва́ть п. बहस आरम्भ करना ।

преоблада́ние (नपुं०) प्रबलता ।

преоблада́ть (अपू०) हावी होना ; प्रबल होना ।

преобража́ть (अपू०), **преобрази́ть** (पू०) (भवि० преображу́, преобрази́шь) बदलना , आकार बदलना ; **—ся** (आत्म०) बदलना ; अपना आकार बदलना ; преобража́ть का कर्मवाच्य ।

преобразова́‖ние (नपुं०) रूपान्तर ; सुधार ; पुनस्संगठन ; **—тель** (पु०) १. सुधारक ; पुन-स्संगठनकर्ता ; २. (भौ०) परिवर्तक (अंग्रेजी—ट्रांसफार्मर) ।

преобразо́вывать (अपू०), **преобра-зова́ть** (पू०) (भवि०—зу́ю) १. सुधार करना ; पुनस्संगठन करना ; २ (भौ० और गणित) परिवर्तन करना ।

преодолева́‖ть (अपू०), **преодоле́ть** (पू०) हावी होना ; जीतना ; काबू पाना ; преодоле́ть лень आलस्य पर काबू/विजय पाना ; п. тру́дности कठिनाइयो पर काबू/विजय पाना ।

преодоле́ние (नपुं०) काबू पाने / विजय पाने की क्रिया ।

преодоле́ть दे० преодолева́ть.

преодоли́мый (वि०) जेय ; वश मे करने योग्य ; जीतने योग्य ।

преосвяще́нный (वि०) परम पूजनीय ; बहुमान्य (बिशप की उपाधि) ।

препара́т (पुं०) १. शरीर या पौधे का वह भाग जो वैज्ञानिक परीक्षा के लिए तैयार किया जाये ; २. औषधि ; दवा ।

препара́тор (पु०) प्रयोगशाला-सहायक ; लेबोरेटरी असिस्टेंट ।

препина́н||ие (नपुं०) : зна́ки —ия (व्या०) विराम-चिह्न ।

препира́||тельство (नपुं०) वाग्युद्ध ; झगडा ; **—ться** (आत्म० अपू०) वाग्युद्ध करना ; झगडना ।

преподава́||ние (नपुं०) अध्यापन ; शिक्षा ; **—тель** (पु०), अध्यापक ; **—тельница** (स्त्री०) ; अध्यापिका ; **—тельский** (वि०) अध्यापक का ; अध्यापन-सम्बन्धी ।

преподава́ть (अपू०) पढाना ।

препод||носи́ть (अपू०), **преподнести́** (पू०) (वर्त० преподношу́, преподно́сишь ; भवि० преподнесу́, преподнесешь) भेंट करना ; उपहार देना ; —нес мне кни́гу उसने मुझे एक पुस्तक भेंट की , —нести́ неприя́тную но́вость बुरी खबर देना ; **—ноше́ние** (नपु०) भेंट , उपहार ।

преподо́бный (वि०) परम पूजनीय (गिरजाघर मे पादरी की उपाधि) ।

препо́на (स्त्री०) रुकावट ; अवरोध ।

препроводи́тельный = сопроводи́тельный

препровож||да́ть (अपू०), **препроводи́ть** (पू०) (भवि० препровожу́, препроводи́шь) अग्रप्रेषित करना ; आगे भेजना ; **—де́ние** (नपु०) अग्रप्रेषण ; आगे भेजने की क्रिया ; —де́ние вре́мени समय गुजारना ।

препя́тств||ие (नपुं०) बाधा ; रुकावट ; विघ्न ; чини́ть —ия кому́-л. किसीके रास्ते में रोडा अटकाना , **—овать** (अपू०) (—ствую) बाधा डालना ; रुकावट डालना ; रोडा अटकाना , विघ्न डालना ।

прерва́ть(ся) दे० прерыва́ть(ся).

перека́ни||е (नपु०) वाग्युद्ध ; गर्मागर्मी ; बहसबाजी ; вступи́ть с кем-л. в —ия किसीसे बहसबाजी शुरू करना ।

пре́рия (स्त्री०) घास का (वृक्ष-विहीन) बडा मैदान ।

прерогати́ва (स्त्री०) परमाधिकार ।

прерыва́ть (अपू०), **прерва́ть** (पू०) (भवि० прерву́, прервешь) बीच मे टोक देना ; (सहसा) समाप्त कर देना ; रुकावट डालना ; विघ्न डालना ; п. разгово́р (दूसरे की) बातचीत में विघ्न डालना/(अपनी) बातचीत सहसा समाप्त कर देना ; п занятия विद्याध्ययन में विघ्न डालना ; п. ток (बिजली की) धारा रुद्ध कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. विघ्न पडना ; (सहसा) टूटना ; बन्द होना ; समाप्त होना ; २. прерыва́ть का कर्मवाच्य ।

преры́вист||о (क्रि० वि०) : говори́ть п рывками बोलना ; дыша́ть п рывками साँस लेना ; **—ый** (वि०) आन्तरायिक ; रुका हुआ ; रुक-रुककर आनेवाला ।

пресви́тер (पुं०) पुरोहित ; प्रधान पादरी ।

пресека́ть (अपू०), **пресе́чь** (पू०) (भवि० пресеку́, пресечешь) बन्द करना ; समाप्त करना ; दबाना ; он сра́зу пресек э́то उसने इसे तुरन्त बन्द कर दिया , пресе́чь зло в ко́рне पाप को अंकुरित होते ही नष्ट कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. बन्द होना ; (आवाज आदि का) टूटना ; рабо́та пресекла́сь काम बन्द हो गया ; २. пресека́ть का कर्मवाच्य ।

пресече́ние (नपुं०) बन्द होने की क्रिया ।

пресе́чь(ся) दे० пресека́ть(ся)

преследова||ние (नपु०) १ परिपीडन ; सताने की क्रिया , दुःख , क्लेश ; २ पीछा ; нача́ть п. (кого́-л) किसीका पीछा करने लगना ; ३. अभियोग ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) आततायी ; पीडा या दुःख देनेवाला/वाली ; पीछा करनेवाला/वाली ।

преслéд||овать (अपू०), (—дую) १. पीछे पडना ; पीछा करना ; सिर पर सवार होना ; э́та мысль —ует меня́ यह बात मेरे मन में घुमडती रहती है ; २. सताना ; पीडा देना ; दुःख देना ; अभियोग चलाना ; ३ (-के लिए) सघर्ष करना ; п. цель उद्देश्य-पूर्ति के लिए सघर्ष करना ।

преслову́тый (वि०) कुख्यात ; कुप्रसिद्ध ।

пресмыка́||тельство (नपुं०) गिडगिड़ाने का भाव ; रिरियाना ; दीनता का भाव ; **—ться** (आत्म० अपू०) १ (छिपकर) रेंगना ; २. (किसीके सम्मुख) रिरियाना ; गिड़गिडाना ; ३. बुरे दिन काटना ; **—ющееся** (संज्ञा की तरह प्रयुक्त कृदन्त) (वि० रू०) उरग ; रेंगकर चलनेवाले जीव ।

пресново́дн||ый (वि०) ताजे पानी का ; मीठे पानी (कुएँ अथवा नदी) का ; —ые ры́бы ताजे पानी मे रहनेवाली मछलियाँ ।

пре́сный (वि०) १. (पानी) ताजा ; मीठा (कुएँ अथवा नदी का पानी जो नमकीन न हो) ; २. (खाना) बिना नमक अथवा मसाले का ; ३. निर्जीव ; निष्प्राण ; п. расска́з निष्प्राण कथा ।

преспоко́йн||о (क्रि० वि०) एकदम शान्ति से ; चुपचाप ; **—ый** (वि०) अत्यन्त शान्त , —ый ребенок अत्यन्त शान्त बच्चा ।

пресс (पुं०) दाबक ; सपीडन-यन्त्र ।

пре́сса (स्त्री०) (समू०) समाचार-पत्र ।

прессова́||ние (नपुं०) सपीडन ; दबाने की क्रिया , **—ть** (अपू०), **спрессова́ть** (पू०) (—су́ю) सपीडन ; भार डालकर दबाना ।

прессо́в||ка = прессова́ние ; —щи́к (पु०) दबानेवाला , सपीडन-यन्त्र (दाबक) का परिचालक ।

пресс-папье́ (नपुं०) मेज पर कागज दबाकर रखने के लिए धातु या काँच का टुकड़ा ।

престави́ться (आत्म० पू०) (престáвлюсь, престáвишься) गुजर जाना ; मर जाना ।

престаре́лый (वि०) वृद्ध ; बूढा ।

прести́ж (पुं०) गौरव ; प्रतिष्ठा ।

престо́л (पुं०) १ सिंहासन ; राजगद्दी ; вступи́ть на п. सिंहासन पर बैठना / राजगद्दी सँभालना ; возводи́ть на п. सिंहासन पर बैठाना ; сверга́ть с —а सिंहासन से उतारना ; २. (उपासना-गृह में) वेदी ; **—онаследие** (नपुं०) सिंहासनारोहण ।

преступ||а́ть (अपू०), **преступи́ть** (पू०) (भवि० преступлю́, престу́пишь) उल्लंघन करना ; अतिक्रमण करना ; तोडना ; —и́ть зако́н कानून का उल्लघन करना/कानून तोडना ।

преступле́н||ие (नपुं०) अपराध ; जुर्म ; государственное п. राजद्रोह ; полити́ческое п. राजनीतिक अपराध ; соверша́ть п. जुर्म करना ; заставáть на ме́сте —ия रँगे हाथो पकड़े जाना ।

престу́пник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अपराधी/अपराधिनी ; **—ный** (वि०) दंड्य ; —ный посту́пок दंड्य अपराध ।

пресыща́ть (अपू०), **пресы́тить** (पू०) (भवि० пресы́щу, пресы́тишь) वितृत करना ; (भोजन) नाक तक ठूँसना ; **—ся** (आत्म०) अघाना/वितृत होना ; (भोजन) नाक तक ठूँसना ।

пресыще́||ние (नपु०), **—нность** (स्त्री०) तृप्ति ; अघाना ।

претворе́ние (नपुं०) रूपान्तर ; एक पदार्थ को दूसरे में बदलने की क्रिया ।

претворя́ть (अपू०), **претвори́ть** (पू०) १. (-मे) बदलना ; परिणत करना ; २. п. в жизнь कार्यान्वित करना ; **—ся** (आत्म०) १. —ся в жизнь कार्यान्वित होना / साकार होना ; его́ мечтá претвори́лась в жизнь उसके स्वप्न साकार हो गये ; २. претворя́ть का कर्मवाच्य ।

претенд||е́нт (पुं०) व्यपदेशक ; झूठा दावेदार ; **—е́нтка** (स्त्री०) व्यपदेशिका ; झूठी दावेदार ; **—ова́ть** (अपू०) (—ду́ю) व्यपदेश करना ; झूठा दावा करना ।

претéнз||ия (स्त्री०) १. झूठा दावा ; व्यपदेश ; २. शिकायत ; име́ть —ию शिकायत होना ।

претенциóзн||ость (स्त्री०) आडम्बर ; दिखावा ; **—ый** (वि०) आडम्बरी ; बाहरी दिखावा करनेवाला ।

претерпева́ть (अपू०), **претерпе́ть** (पू०) (भवि० претерплю́, претéрпишь) सहन करना ; п. лише́ния कठिनाइयाँ सहन करना ।

прети́||ть (अपू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष के रूप प्राय प्रयोग में नही लाये जाते ; प्राय कर्तृ-निरपेक्ष) वमन या घृणा होना ; мне —и́т मुझे इससे घृणा है।

преткнове́н||ие (नपु०) ка́мень —ия ठोकर/रोडा।

преть (अपू०), **со—, у—** (पू०) १. (сопре́ть पू० के साथ) सडना ; २. (упре́ть पू० के साथ) सिझाना ; मन्दी आँच मे पकाना।

преувел||ичéние (नपु०) अतिरंजन ; п тру́достéй कठिनाइयो का अतिरंजन ; **—и́чивать** (अपू०), **преувели́чить** (पू०) अतिरजित करना ; बढाकर कहना।

преуменьш||а́ть (अपू०), **преумéньшить** (पू०) कम मूल्य आँकना ; कम समझना ; **—éние** (नपु०) कम मूल्याकन।

преуспева́ть (अपू०), **преуспе́ть** (पू०) १ बहुत सफल होना ; २. (केवल अपू०) फलना-फूलना ; समृद्धि प्राप्त करना ;

префе́кт (पु०) पूर्ण।

преферáнс (पु०) (ताश में) प्रेफ्रेंस नामक खेल।

пре́фикс (पु०) उपसर्ग।

преходя́щ||ий (वि०) नश्वर ; अस्थिर ; все на свéте —е जीवन मे सब-कुछ नश्वर है।

прецеде́нт (पु०) पूर्व-दृष्टान्त ; मिसाल।

при (उपसर्ग : अ०) १. -के साथवाला ; का ; он живет при ста́нции वह स्टेशन के साथवाले मकान में रहता है ; би́тва при Сталингра́де स्तालिनग्राद का युद्ध ; २ -की उपस्थिति मे ; के सामने ; э́то на́до сде́лать при нем यह उनके सामने करना चाहिए ; ३. -के युग में ; काल में ; समय में, при Пу́шкине पुश्किन के युग में ; ४. पास ; विषय में ; у него́ при себе́ все бума́ги उसके पास अपने (अपने विषय में) सारे कागज है ; у него́ нет при себе́ де́нег उसके पास पैसा नही है ; ५ при электри́честве बिजली के उजाले में ; при дневно́м све́те दिन के उजाले में ; при перехо́де че́рез у́лицу सड़क पार करते हुए ; ६ -के होते हुए ; при тако́м здоро́вье ऐसी सेहत होते हुए ; при всем том इसके अतिरिक्त/इसके साथ ही।

при- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोडने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. गतिसूचक क्रिया में पूर्णता सूचित करने का अर्थ, जैसे прибы́ть (आ पहुँचना) ; притащи́ть (खीच लाना) ; २ 'समीपता' का अर्थ, जैसे приста́вить стол к само́й стене́ मेज को बिल्कुल दीवार के समीप रखना ; ३ 'के साथ जोडना या जडना' का अर्थ जैसे приде́лать замки́ к две́ри (किवाड पर ताला जड देना) ; ४. दबाने या भीचने अथवा ऊपर से नीचे को होने का अर्थ, जैसे придави́ть (दबाना), прикати́ть (ऊपर से नीचे को लुढकाना) ५. क्रियाओ के अपूर्ण रूप को पूर्ण बनाने के लिए, जैसे мири́ть से примири́ть

приба́в||ить(ся) दे० прибавля́ть(ся) ; **—ка** (स्त्री०) १. वृद्धि ; बढोतरी ; योग ; २ तरक्की ; उन्नति ; получи́ть —ку तरक्की मिलना ; **—ле́ние** (नपु०) १. वृद्धि ; बढोतरी ; —ле́ние семе́йства परिवार मे वृद्धि ; २. परिशिष्ट।

прибавля́ть (अपू०), **приба́вить** (पू०) (भवि० приба́влю, приба́вишь) वृद्धि करना ; बढाना ; п. жа́лования वेतन बढाना/तरक्की देना ; п. ша́гу जल्दी-जल्दी कदम बढाना ; п. хо́ду चाल तेज करना ; **—ся** (आत्म०) १. बढना ; (पानी का) चढना ; день приба́вился दिन लम्बे हो गये ; —ся в ве́се भार बढना ; २. прибавля́ть का कर्मवाच्य।

приба́вочн||ый (वि०) अतिरिक्त ; п. проду́кт अतिरिक्त उपज ; —ая сто́имость अतिरिक्त मूल्य

прибау́тка (स्त्री०) विनोदोक्ति ; चुटकी।

прибега́ть -I (अपू०), **прибе́гнуть** (पू०) भागकर आना ; सहारा लेना ; п к по́мощи सहायता के लिए भागकर आना ; п к си́ле बल का सहारा लेना।

прибега́ть -II (अपू०), **прибежа́ть**

(पू०) (भवि० прибегу́, прибежи́шь) दौडते हुए आना ।

прибе́гнуть दे० прибега́ть-I.

прибедня́ться (आत्म० अपू०), **прибедни́ться** (आत्म० पू०) चेहरे पर दैन्य-भाव दर्शाना ; गरीब/दीन होने का बहाना करना ।

прибежа́ть दे० прибега́ть-II.

прибе́жище (नपु०) शरण ; आश्रय ; सहारा ।

приберега́ть (अपू०), **прибере́чь** (पू०) (भवि० приберегу́, прибережешь) सुरक्षित रखना ; बचाकर रखना ; п. де́нежек на черный день आडे वक्त के लिए धन बचाकर रखना ।

прибива́ть (अपू०), **приби́ть** (पू०) (भवि० прибью́, прибьешь) १. कीलों से ठोकना/गाडना ; २. (प्रायः कर्तृ-निरपेक्ष) ло́дку приби́ло к бе́регу नाव तट पर फेंक दी गयी ; пыль приби́ло дождем, дождь приби́л пыль वर्षा से धूलि दब गयी ।

прибира́ть (अपू०), **прибра́ть** (पू०) (भवि० приберу́, поиберешь) १. करीने से रखना ; सफाई करना ; п. ко́мнату कमरे की सफाई करना ; п. посте́ль बिस्तर बिछाना ; २. छिपाना ; **—ся** (आत्म०) १ सब-कुछ करीने से रखना ; सफाई करना ; २ прибира́ть का कर्मवाच्य ।

приби́ть दे० прибива́ть

приближа́ть (अपू०), **прибли́зить** (पू०) (भवि० прибли́жу, прибли́зишь) समीप लाना ; पास लाना ; прибли́зить кни́гу к глаза́м पुस्तक को आँखों के समीप लाना ; он прибли́зил свой прие́зд उसने अपने पहुँचने का दिन और समीप कर दिया , **—ся** (आत्म०) १. -के पास आना ; -के समीप आना ; २. (केवल अपू०) -के निकट होना ; समीप होना ; —ся к и́стине सत्य के निकट होना ; ३. приближа́ть का कर्मवाच्य ।

приближ||е́ние (नपु०) १. समीप आने की क्रिया ; २. (गणित) सन्निकटन ; **—ённый** (कृदन्त और वि०) १ सन्निकट ; स्थूल (चित्र) ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) परिचारक ; सेवक ।

приблизи́тельн||о (क्रि० वि०) अनुमान से ; मोटे तौर पर ; अन्दाजन ; **—ый** (वि०) अनुमानित ; अन्दाजे का ।

прибли́зить दे० приближа́ть.

прибо́||й (पु०) (सागर की) लहर ; तरंग ; гро́хот —я लहरों का गर्जन ।

прибо́р (पु०) १. उपकरण ; औजार ; отопи́тельный п तापक/हीटर ; २. सैट ; ча́йный п चाय का सैट (अंग्रेजी—टी सैट) ; ३. सामान ; पुर्जे , око́нный п खिड़की का सामान ; **—ный** (वि०) औजारों का ; —ная до́ска औजारों का तख्ता ।

прибра́ть दे० прибира́ть

прибре́жный (वि०) सागर-तट ; नदी-तट ।

прибрести́ (पू०) (भवि० прибреду́, прибредешь) घिसटते-घिसटते आना ।

прибыва́||ть (अपू०), **прибы́ть** (पू०) (भवि० прибу́ду, прибу́дешь) **I** आना ; पहुँचना ; **II** बढना ; (पानी का) चढना ; вода́ —ет पानी चढ रहा है , □ на́шего полку́ при́было हमारी सख्या बढ गयी है ।

при́быль (स्त्री०) १ लाभ ; मुनाफा ; валова́я п कुल लाभ , чи́стая п शुद्ध लाभ/निवल लाभ ; извлека́ть п (из) -से लाभ उठाना ; २. बढोतरी , वृद्धि , (पानी का) चढाव ; п. во́ды पानी का चढाव ; п населе́ния आबादी की वृद्धि ; **—ный** (वि०) लाभदायक ; —ное де́ло लाभदायक काम ।

прибы́тие (नपु०) आगमन , पहुँच ; आमद ।

прибы́ть दे० прибыва́ть.

прива́л (पु०) (सेना०) पडाव ; де́лать п. पडाव डालना ।

прива́ливать (अपू०), **привали́ть** (पू०) १. (-के) सहारे रखना ; टेकना , привали́ть ка́мень к стене́ पत्थर को दीवार के सहारे

रखना/पत्थर को दीवार से टेकना; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) (जहाज का) आना; (लोगो का) समूह मे आना/भीड का रूप लेकर आना; привали́ло мно́го наро́ду बहुत लोग आये/लोगों की बडी भीड आयी।

прива́ривать (अपू०), **приварѝть** (पू०) १ (भौ०) सन्धान करना; वेल्डिग करना; २. और अधिक उबालना/पकाना।

прива́рок (पु०) खाद्य सामग्री; भोजन।

прива́т-доце́нт (पुं०) (विश्वविद्यालय का) उपाचार्य।

прива́тный (वि०) निजी; व्यक्तिगत।

приведе́ние (नपुं०) १. लाने की क्रिया; п. к прися́ге शपथ दिलाना; २. (गणित) (-के रूप में) लाना; п к о́бщему знамена́телю सार्व/सामान्य हर के रूप मे लाना, ३. (तथ्य आदि) सामने रखना; पेश करना; п. доказа́тельств प्रमाण पेश करना; ४. п в движе́ние गतिवान करना/चलाना; п в испо́лне́ние कार्यान्वित करना।

привезти́ दे० привози́ть.

привере́д||ливость (स्त्री०) दुस्तोषता; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करने का भाव; **—ливый** (वि०) दुस्तोष; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करनेवाला; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दुस्तोष; छोटी-छोटी बात में मीन-मेख करनेवाला व्यक्ति; **—ничать** (अपू०) दुस्तोष होना; छोटी-छोटी बातो में मीन-मेख करना।

приве́ржен||ец (पुं०) अनुपालक; अनुयायी; **—ка** (स्त्री०) अनुपालिका; अनुयायिनी; **—ность** (स्त्री०) अनुपालन; अनुगमन; भक्ति; **—ный** (वि०) अनुपालक; अनुगामी; भक्त।

привернýть (पू०) दे० привертывать.

привертéть दे० привертывать.

привёртывать (अपू०), **привертéть, привернýть** (पू०) १. पेच से कसना; २. (привернýть पू० के साथ) (गैस आदि के नल की) टोटी खोलना।

приве́сить दे० приве́шивать

приве́сок (स्त्री०) १. पासंग; २ (किसी चीज में थोडी-सी) बढोतरी।

привести́(сь) दे० приводи́ть(ся).

приве́т (पु०) अभिनन्दन; अभिवादन; आदर; मान; с —ом सादर; переда́ть п अभिवादन करना; ни отве́та, ни —а от него́ उसकी कोई खैर-खबर नही आयी; **—ливость** (स्त्री०) सौजन्य; मिलनसारी; **—ливый** (वि०) मिलनसार; **—ственный** (वि०) अभिनन्दन-सम्बन्धी; —ственный а́дрес अभिनन्दन-पत्र; **—ствие** (नपुं०) १. अभिनन्दन; अभिवादन; बधाई; नमस्कार; २ स्वागत-भाषण; अभिनन्दन-भाषण; **—ствовать** (अपू०) (वर्त० —ствую) अभिवादन करना; स्वागत करना; कुशल-क्षेम पूछना।

приве́шивать (अपू०), **приве́сить** (पू०) (भवि० приве́шу, приве́сишь) १ लटकाना; २. फालतू तोलना।

прививáть (अपू०), **привѝть** (पू०) (भवि० привью́, привьешь) १. टीका लगाना; २. (वन०) कलम लगाना; (विचार आदि का) सन्निवेश करना; मन मे बैठाना; □ п. но́вую мо́ду (на) नया फैशन/ढर्रा चलाना; **—ся** (आत्म०) १. टीका लगवाना, (अभिव्यजना) प्रचलित होना; (अपनी विचारधारा के) अनुयायी पाना; विचारो का अपनाया जाना; о́спа хорошо́ привила́сь चेचक का टीका ठीक लगा; э́то выраже́ние не привило́сь в ру́сском язы́ке यह अभिव्यजना अभी रूसी भाषा मे नही आयी/प्रचलित नही हुई; э́ти взгля́ды не привили́сь इन विचारो को किसीने नही अपनाया; २. прививáть का कर्मवाच्य।

приви́вк||а (स्त्री०) १. टीका; сде́лать кому́-л. —у किसीके टीका लगाना; २. (वन०) कलम।

приви́вочный (वि०) १. टीके का; २. (वन०) कलम का।

привиде́ние (नपुं०) भूत; प्रेत।

привиде́||ться (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лся сон उसको स्वप्न आया।

привилегиро́ванн||ость (स्त्री०) विशेषाधिकार ; **—ый** (वि०) विशेषाधिकार-प्राप्त ।

привиле́гия (स्त्री०) विशेषाधिकार ।

привѝнчивать (अपू०), **привинти́ть** (पू०) (भवि० привинчу́, привинти́шь) पेच या ढिबरी लगाकर कसना ।

привира́ть (अपू०), **приврáть** (पू०) (भवि० привру́, привре́шь) बेपर की उडाना ; झूठ बोलना ।

привѝть(ся) दे० прививáть(ся).

при́вкус (पुं०) (किसी चीज़ में) दूसरी तरह का स्वाद आना ।

привлека́тельн||ость (स्त्री०) आकर्षकता ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; सुन्दर ; मोहक ; —ая улы́бка आकर्षक मुस्कान ।

привлека́||ть (अपू०), **привле́чь** (पू०) (भवि० привлеку́, привлечешь) १. आकर्षित करना ; खीचना ; п чье-л вниманиe किसी का ध्यान आकर्षित करना ; ли́чность, —ющая внима́ние आकर्षक व्यक्तित्व ; २. (साझीदार) बनाना ; सहयोगी बनाना ; (काम पर) भरती करना ; п на свою́ сто́рону अपने पक्ष में कर लेना ; ३ п к суду́ अदालत मे ले आना / अभियोग चलाना ; п. к ответственности उत्तरदायी ठहराना ।

привноси́ть (अपू०), **привнести́** (पू०) (वर्त० привношу́, привно́сишь ; भवि० привнесу́, привнесешь) प्रविष्ट करना ; लाना ।

приво́д (पुं०) (टेक०) गीयर ; разобщи́тельный п कटआउट गीयर ।

приводи́ть (अपू०), **привести́** (पू०) (वर्त० привожу́, приво́дишь , भवि० приведу́, приведешь) १. लाना ; что привело́ вас сюда́ ? कैसे आये ? (आप यहाँ किसलिए आये हैं ?) ; २. परिणाम/फल होना ; э́то привело́ к печа́льным результа́там इसका बुरा परिणाम निकला ; ३. (गणित) रूपान्तर करना ; (-में) परिणत करना ; п. к о́бщему знамена́телю सार्व/सामान्य हर में परिणत करना ; ४. (तथ्य, प्रमाण आदि) प्रस्तुत करना ; पेश करना ; п. доказа́тельство प्रमाण प्रस्तुत करना ; п. что-л. в приме́р किसीका उदाहरण प्रस्तुत करना ; ५. п. в восто́рг आह्लादित करना ; п в бе́шенство कोपाकुल करना/पागल बना देना ; п. в у́жас भयभीत करना ; п. в затрудне́ние मुसीबत में डालना ; п. в удивле́ние चकित करना ; **—ся** (आत्म०) १. भाग्य में होना ; -पडना ; ему́ привело́сь быть там उसे वहाँ जाना पडा ; ему́ привело́сь испыта́ть мно́го го́ря उसे बहुत दु.ख झेलने पडे ; २. приводи́ть का कर्मवाच्य ।

приво́дка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) रजिस्टर ; छपाई में यह देखने का कार्य कि एक पन्ने की पंक्तियाँ दूसरे पन्ने की पंक्तियो के बराबर आये ।

приводн||о́й (वि०) चालन- ; —о́й реме́нь चालन-पट्टी ।

приво́з (पुं०) १. लाने की क्रिया ; २ आयात ।

привоз||и́ть (अपू०), **привезти́** (पू०) (भवि० привезу́, привезешь) लाना ; —и́ть сюда́ यहाँ लाओ ; —и́ть обра́тно वापस लाओ ।

привозн||о́й, —ый (वि०) आयात किया हुआ ; दिसावर से मँगाया हुआ ।

приола́кивать (अपू०), **приволочи́ть, приволо́чь** (पू०) (приволо́чь से приволоку́, приволочешь) लाना ; घसीटना ।

приволокну́ться (आत्म० पू०) किसी स्त्री के पीछे फिरने लगना ।

приволочи́ть, приволо́чь दे० приола́кивать.

приво́ль||е (नपुं०) १. स्वतन्त्रता ; жить в п स्वतन्त्रतापूर्वक रहना ; २. विस्तार ; फैलाव ; **—ный** (वि०) स्वतन्त्र ; —ная жизнь स्वतन्त्र जीवन ।

приора́живать (अपू०), **приворожи́ть** (पू०) जादू करना ; मन्त्र चलाना ।

приврáтн||ик (पुं०) द्वारपाल ; दरबान ; **—ица** (स्त्री०) द्वारपालिका ।

привра́ть दे० привира́ть.

привска́кивать (अपू०), **привскочи́ть** (पू०) कूद पडना ; उछल पडना ।

привстава́ть (अपू०), **привста́ть** (पू०) (वर्त० привстаю́, привстаешь ; भवि० привста́ну, привста́нешь) १ उठना ; खडा होना , २ (घोडे की) रफ्तार धीमी करना ।

прив‖ыка́ть (अपू०), **привы́кнуть** (पू०) (-की) आदत पड जाना ; (-का) अभ्यस्त होना ; स्वभाव पड जाना, он уже́ —ы́к к э́тому वह इसका अभ्यस्त हो चुका है ।

привы́ч‖ка (स्त्री०) आदत ; स्वभाव ; по —е स्वभाव से/आदत से ; вы́работать в себе́ —у अपनी आदत बनाना , он приобрел —у кури́ть пе́ред сном उसको सोने से पहले तम्बाकू पीने की आदत पड गयी ; **—ность** (स्त्री०) अभ्यस्तता ; **—ный** (वि०) अभ्यस्त ; आदी ।

привя́занн‖ость (स्त्री०) आसक्ति ; स्नेह ; लगाव ; प्रेम , भक्ति ; **—ый** ; १. привяза́ть से कृदन्त ; २ (वि०) आसक्त ; स्नेही ; भक्त ; प्रेमी ।

привяза́ть(ся) दे० привя́зывать(ся).

привя́зка (स्त्री०) топографи́ческая п. (सेना०) सर्वेक्षण ।

привя́зчив‖ость (स्त्री०) १ आसक्ति ; स्नेहशीलता ; वत्सलता ; २ चिपक जाने/पीछे पड जाने/उबा देने का भाव ; **—ый** (वि०) १. स्नेहशील , वत्सल ; २ चिपक जानेवाला ; पीछे पड जानेवाला ; उबा देनेवाला ; ३ दु खद ; कष्टकर ।

привя́зывать (अपू०), **привяза́ть** (पू०) (भवि० привяжу́, привя́жешь) (-से) बाँधना ; (पशु के) पगहा बाँधना ; п. ло́шадь घोडा बाँधना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) बँध जाना ; प्रेम में बँध जाना ; २. चिपक जाना ; पीछे पड जाना ; что ты к нему́ привяза́лся तू उसके पीछे क्यो पड गया है ?

при́вязь (स्त्री०) बन्धन ; (कुत्ते का) पट्टा ; पगहा ; रस्सा ।

пригвожда́ть (अपू०), **пригвозди́ть** (पू०) (भवि० пригвожу́, пригвозди́шь) कीलो से ठोकना/गाडना ; पिन से लगाना ।

пригиба́ть (अपू०), **пригну́ть** (पू०) थोडा-सा झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. थोडा-सा झुकना , २. пригиба́ть का कर्मवाच्य ।

пригла́живать (अपू०), **пригла́дить** (पू०) (भवि० пригла́жу, пригла́дишь) समतल करना ; साफ करना ; (बालो को) सँवारना ; **—ся** (आत्म०) अपने बाल सँवारना ।

пригласи́тельный (वि०) निमन्त्रण का ; п билет́ निमन्त्रण-पत्र ।

пригла‖ша́ть (अपू०), **пригласи́ть** (पू०) (भवि० приглашу́, пригласи́шь) १. आमन्त्रित करना ; —ша́ть на ча́шку ча́я चाय पर बुलाना ; —ша́ть на обе́д खाने पर बुलाना / आमन्त्रित करना ; २ (डाक्टर आदि को) बुला भेजना ; ३. उजरत पर रखना ; —ша́ть на рабо́ту काम पर बुलाना/नौकरी देना; **—ше́ние** (नपुं०) १ निमन्त्रण ; बुलावा ; २ उजरत पर रखने की क्रिया ।

приглуша́ть (अपू०), **приглуши́ть** (पू०) (आँच, आवाज आदि को) मन्द करना ; п голос आवाज मन्द करना ।

пригля́дывать (अपू०), **пригляде́ть** (पू०) (भवि० пригля́жу, приглядишь) १ चुनना ; छाँटना ; २. देख-भाल करना ; п за детьми́ बच्चो की देख-भाल करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) अभ्यस्त हो जाना ; (-का) आदी होना ; २. ध्यान से देखना ; निरीक्षण करना ; ३ (केवल पू०) जी भर जाना ; ему́ приглядéлись э́ти карти́ны इन चित्रो से उसका जी भर गया ।

пригляну́ться (आत्म० पू०) किसीकी नजरो मे चढ जाना ; п краси́вым де́вицам सुन्दर युवतियो की नजरो में चढ जाना ।

пригна́ть दे० пригоня́ть.

пригну́ть(ся) दे० пригиба́ть(ся).

приговáривать -I. (अपू०) बार-बार कहना ; दुहराना ; कहते रहना ।

приговáривать -II. (अपू०), **приговорúть** (पू०) दंड देना ; सजा देना ; п. к смéрти मृत्यु-दंड देना ।

приговóр (पुं०) (अदालती) सजा ; दंड ; निर्णय ; смéртный п. मृत्यु-दंड ।

пригодúться (आत्म० पू०) (भवि० пригожýсь, пригодúшься) काम आना ; लाभकर होना ।

пригóдн||ость (स्त्री०) लाभकारिता ; **—ый** (वि०) लाभकर ; काम आनेवाला ।

пригóжий (वि०) सुन्दर ।

приголýбить (पू०) (भवि० приголýблю, приголýбишь) लाड करना ; प्यार करना ।

пригóн (पु०) पशुओं को घर हाँककर लाने की क्रिया ।

пригóнка (स्त्री०) फिट करने की क्रिया ; समायोजन ; п. по глазáм (दूरबीन आदि को) फोकस करना ; п. машúны इंजन फिट करना ।

пригонять (अपू०), **пригнáть** (पू०) १. (पशुओं को) हाँकर लाना ; २. फिट करना ; समायोजन करना ; п. машúну इंजन फिट करना ।

пригор||áть (अपू०), **пригорéть** (पू०) जलना ; молокó —éло दूध जल गया ।

прúгород (पुं०) नगरोपान्त ; बाहरी बस्तियाँ ; मुफस्सिल ।

прúгородный (वि०) नगरोपान्तिक ; नगर के आस-पास का ; मुफस्सिल ; п поéзд दे० пóезд.

пригóрок (पु०) छोटी पहाड़ी ।

прúгоршня (स्त्री०) मुट्ठी भर, अंजुलि भर ।

пригорю́ниваться (आत्म० अपू०), **пригорю́ниться** (आत्म० पू०) उदास होना ; उद्विग्न होना ।

приготови́тельный (वि०) तैयारी का ; प्रारम्भिक ।

приготóвить(ся) (अपू०) दे० готовúть-(ся)

приготов||лéние (नपुं०) तैयारी ; без —лéния बिना तैयारी ; **—лять(ся)** = **готóвить(ся)**.

пригревáть (अपू०), **пригрéть** (पू०) १. (ऊपर से) गर्म करना ; २ पनाह देना ; शरण देना ; सद्व्यवहार करना, □ пригрéть змею́ на груди́ आस्तीन में साँप पालना ।

пригрéзиться दे० грéзиться.

пригрéть दे० пригревáть.

пригрозúть दे० грозúть.

пригубúть (पू०) (भवि० пригýблю, пригýбишь) घूँट भरना ; स्वाद चखना ।

придавáть (अपू०), **придáть** (पू०) (वर्त० придаю́, придаешь, भवि० придáм, придáшь) १. जमा करना ; बढाना ; जोडना ; २. (सेना०) किसीके अधिकार में देना ; ३. значéние чему́-л किसी वस्तु को महत्व देना ; п. ду́ху बढावा देना/उत्साहित करना ; п. лоск चमकाना/पालिश करना ।

придáвливать (अपू०), **придавúть** (पू०) (भवि० придавлю́, придáвишь) दबाना ; п. кáмнем पत्थर के नीचे दबाना ।

придáние (नपु०). для —я смý сúлы उसको शक्ति देने के लिए ; для —я закóнной сúлы कानून लागू (जारी) करने के लिए ।

придáное (पुं०) (वि० रू०) दहेज ।

прпдáто||к (पुं०) परिशिष्ट ; **—чный** (वि०) १. अतिरिक्त, सहायक ; २. (वन०) अस्थानिक ; —чная пóчка अस्थानिक कलिका ।

придáть दे० придавáть.

прндá||ча (स्त्री०) : в —чу साथ में/(-के) अतिरिक्त ; в —чу он получúл еще однý кнúгу साथ में उसे एक पुस्तक मिल गयी ।

придвигáть (अपू०), **придвúнуть** (पू०) सरकाना ; खींचना ; придвúнуть стол к стенé मेज दीवार की ओर सरकाना/खींचना ; **—ся** (आत्म०) १. सरकना ; समीप/निकल आना, २ придвигáть का कर्मवाच्य ।

придво́рный (वि०) १. राजदरबारी ; п. врач राजवैद्य ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) दरबारी ।

приде́лывать (अपू०), **приде́лать** (पू०) जडना ; приде́лать замо́к к две́ри दरवाजे पर ताला जड़ना ।

приде́рживать (अपू०), **придержа́ть** (पू०) रोकना ; □ придержа́ть язы́к जबान को काबू में रखना ।

приде́рживаться (आत्म० अपू०) १. डटे रहना ; दृढ रहना ; चिपके रहना ; п. мне́ния अपनी राय पर डटे रहना , п. пра́вила नियम का पालन करना , п тёмы विषय से विचलित न होना ; п. бе́рега किनारे पर रहना ; २. приде́рживать का कर्मवाच्य ।

прида́ра (स्त्री०) (उभ०) छिद्रान्वेषी/छिद्रान्वेषिणी ; दूसरो के दोष ढूँढनेवाला/वाली ।

придира́ться (आत्म० अपू०), **придра́ться** (आत्म० पू०) (भवि० придеру́сь, придерешься) १. छिद्रान्वेषण करना ; दूसरो के दोष ढूँढना ; नुक्स निकालना ; २. लाभ उठाना ; придра́ться к слу́чаю अवसर से लाभ उठाना ।

прида́р||ка (स्त्री०) छिद्रान्वेषण ; दूसरो के दोष ढूँढते रहना ; **—чивость** (स्त्री०) छिद्रान्वेषण का भाव ; **—чивый** (वि०) छिद्रान्वेषी ।

придоро́жный (वि०) सडक के किनारे का ; सड़क के पास का ।

придра́ться दे० придира́ться

приду́мывать (अपू०), **приду́мать** (पू०) सोच लेना ; आविष्कार करना ; (बात आदि) गढ़ना ।

придуркова́тый (वि०) मूर्ख ; जड़मति ।

прида́р||ь (स्त्री०) с —ю बेवकूफ-सा/मूर्ख-सा ।

придуши́ть (पू०) गला घोटना ।

придыха́ние (नपु ०) श्वास खीचना ।

приеда́ться (आत्म० अपू०), **прие́сться** (आत्म० पू०) (भवि० прие́мся, прие́шься) जी भर जाना ; сму́ прие́лось э́то ку́шанье इस खाने से उसका जी भर गया है ; така́я му́зыка сму́ прие́лась इस प्रकार के सगीत से उसका जी भर गया है ।

прие́зд (पु ०) आगमन ; с —ом स्वागतम् ।

приезжа́ть (अपू०), **прие́хать** (पू०) (भवि० прие́ду, прие́дешь) (किसी सवारी पर) आ जाना ; पहुँचना ।

приезжа́ющий : १. приезжа́ть से कृदन्त ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आगन्तुक ; आनेवाला ।

прие́м (पु ०) १. (पार्सल की) प्राप्ति ; (अतिथि, दर्शक का) स्वागत ; मिलना ; час(ы́) —а मिलने का समय ; оказа́ть хоро́ший п अच्छा स्वागत करना ; раду́шный п. हार्दिक स्वागत ; २. (दल, पार्टी आदि मे) प्रवेश ; ३ (दवा की) खुराक ; лека́рства оста́лось на два —а दवा की केवल दो खुराके रह गयी हैं ; ४. ढँग ; лече́бный п चिकित्सा का ढँग ; □ в два три —а दो, तीन कदमो/ढगो मे ।

прие́мка (स्त्री०) दे० прием-१.

прие́млем||ость (स्त्री०) ग्राह्यता ; स्वीकार्यता ; **—ый** (वि०) ग्राह्य ; स्वीकार्य ।

прие́мная (स्त्री०) (वि० रू०) १ प्रतीक्षालय ; २. स्वागत-कक्ष ; बैठक ।

прие́мник (पु ०) रेडियो-सैट ।

прие́мн||ый (वि०) १ मिलने का ; स्वागत का ; п. день मिलने का दिन ; —ые часы́ मिलने का समय ; —ые испыта́ния प्रवेश-परीक्षा ; २ —ая мать उपमाता/धर्ममाता ; п. сын दत्तकपुत्र/मुतबन्ना ।

прие́мочный (वि०) приемка से वि० ; п. докуме́нт प्राप्ति का दस्तावेज ।

прие́мщик (पु ०) संग्राही ; प्राप्तकर्ता ।

прие́мыш (पु ०) गोद लिया हुआ बच्चा ; दत्तकपुत्र ; मुतबन्ना ।

прие́сться दे० приеда́ться.

прие́хать दे० приезжа́ть.

прижа́ть दे० прижима́ть.

прижáться दे० жáться-1 और прижимáться.

прижéчь दे० прижигáть.

приживáл‖ка (स्त्री०), **—льщик** (पुं०) परजीवी ; टुकड़खोर ।

приживáть (अपू०), **прижúть** (पू०) (भवि० приживý, приживешь) (बच्चे) पैदा करना ; онú прижúли мнóго детéй उन्होंने बहुत बच्चे पैदा किये ; **—ся** (आत्म०) (किसी स्थान का) अभ्यस्त होना ; अनुकूल होना ; (पौधे आदि का) जड पकड़ना ।

прижигáние (नपुं०) दागने की क्रिया ; झुलसाने की क्रिया ।

прижигáть (अपू०), **прижéчь** (पू०) (भवि० прижгý, прижжешь) दागना ; झुलसाना ; जलाना ।

прижимáть (अपू०) **прижáть** (पू०) (прижмý, прижмешь) , १. (-की ओर) दबाना ; (-से) लगाना ; п. к груди́ छाती से लगाना ; २. दबाना ; п. должникóв कर्ज देनेवालो को दबाना ; **—ся** (आत्म०) १. (-के) साथ लगना ; (-के) समीप लेटना/बैठना ; भिचकर बैठना/खड़े होना ; २. прижимáть का कर्मवाच्य ।

прижúмистый (वि०) कृपण ; कजूस ; मक्खीचूस ।

прижúть(ся) दे० приживáть(ся).

приз (पुं०) पुरस्कार ; पारितोषिक ; इनाम ; дéнежный п. (पुरस्कार-रूप में दी गयी) थैली ; получáть п. पुरस्कार प्राप्त करना ; присуждáть п पुरस्कार देना ।

призадýмываться (आत्म० अपू०), **призадýматься** (आत्म० पू०) सोच-विचार में पडना ; हिचकिचाना ।

призанять (पू०) उधार लेना ।

призвáни‖е (नपुं०) व्यवसाय ; पेशा ; худóжник по —ю व्यवसाय से चित्रकार ।

призвáть दे० призывáть.

призéмист‖ый (वि०) गोल-मटोल ; मोटा और नाटा ; —ая фигýра गोल-मटोल आदमी ; नाटा और मोटा व्यक्ति ।

приземля́т(ся) (आत्म० अपू०), **приземли́ться** (आत्म० पू०) (हवाई जहाज का) अवतरण ; भूमि पर उतरना ।

призёр (पुं०) पुरस्कार-विजेता ; इनाम जीतनेवाला ।

при́зма (स्त्री०) (गणित) समपार्श्व ; प्रिज्म ।

признавáть (अपू०), **призна́ть** (पू०) (वर्त० признаю́, признаешь ; भवि० признáю, признáешь) १ अंगीकार करना ; मान लेना ; п. правúтельство सरकार को अंगीकार करना / मान लेना ; п свою́ винý अपना अपराध मान लेना ; п свои́ ошúбки अपनी गलतियाँ मानना ; п. недействúтельным रद्द करना ; २. पहचानना ; समझना ; он признáл во мне рýсского वह मुझे रूसी समझा ; я вас срáзу не признáл मैंने आपको तुरन्त ही नही पहचाना ; **—ся** (आत्म०) १. स्वीकार करना ; मानना ; признáться во всем सब-कुछ मान जाना ; २. признавáть का कर्मवाच्य ; □ признáться (сказáть) सच कहूँ तो...; нáдо признáться मानना पड़ेगा कि... ।

при́знак (पु०) लक्षण ; चिह्न ; निशानी ; п. болéзни बीमारी का लक्षण ; по —у -के आधार पर ; обнарýживать —и устáлости थकावट के चिह्न दिखायी देना ।

призна́ние (नपुं०) अंगीकरण ; स्वीकरण ; मानना ।

при́знанный (कृदन्त और वि०) अंगीकृत ; माना हुआ ; п писáтель माना हुआ/प्रतिष्ठित लेखक ।

призна́‖тельность (स्त्री०) कृतज्ञता ; **—тельный** (वि०) कृतज्ञ ; **—ть(ся)** दे० признавáть(ся).

призовóй (वि०) प्रिज से वि० ।

призóр (पुं०) : без —а उपेक्षित ।

при́зрак (पुं०) भूत ; प्रेत ; छाया ; гоня́ться за —ами छायाओ के पीछे भागना ; ужáсный п. भयंकर भूत ।

при́зрачн||ость (स्त्री०) भ्रान्ति ; **—ый** (वि०) १. भूत प्रेत-सम्बन्धी ; २. भ्रान्तिपूर्ण ।

призрева́ть (अपू०), **призре́ть** (पू०) (दान से) भरण-पोषण करना ।

призре́ни||е (नपु०) भरण-पोषण ; देख-भाल ; दान ; дом —я бедных दरिद्रालय ; खैरातखाना ।

призре́ть दे० призрева́ть.

призы́в (पु०) १. आह्वान , आमन्त्रण ; बुलावा ; по —у па́ртии पार्टी के आह्वान पर ; २. (सेना मे) सेवा का बुलावा ।

призыва́ть (अपू०), **призва́ть** (पू०) (भवि० призову́, призовешь) आमन्त्रित करना ; बुलाना ; п на вое́нную слу́жбу सैनिक सेवा के लिए बुलाना , п. на по́мощь सहायता के लिए बुलाना ; **—ся** (आत्म०) बुलाया जाना ।

призывн||о́к (पु०) (सैनिक सेवा के लिए) बुलाया हुआ जवान ; **—о́й** (वि०) . —о́й во́зраст सेना मे भरती की आयु ।

призы́вный (वि०) आमन्त्रण का ; बुलावे का ; п клич आमन्त्रण ; बुलावा ।

при́иск (पु०) खान ; золоты́е —и सोने की खाने ।

приска́ние (नपु०) ढूँढने की क्रिया ।

прии́скивать (अपू०), **приска́ть** (पू०) (भवि० приищу́, прии́щешь) ढूँढना ; तलाश करना ।

при́исковый (वि०) खान-सम्बन्धी ; खान का ।

прийти́(сь) दे० приходи́ть(ся).

прика́з (पु०) १. आदेश ; हुक्म ; по —у (-के) आदेश से , отдава́ть п आदेश देना ; २. विभाग ; दफ्तर , **—а́ние** (नपु०) आदेश ; (अदालत की) निरोधाज्ञा ; **—а́ть** दे० прика́зывать ; **—ный** (वि०) १. दफ्तर का ; विभाग का ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) क्लर्क ; करणिक ; मुशी ।

прика́зчик (पु०) १. (दुकान में) बिक्रीकर्त्ता ; २. (जायदाद का) कार्यचालक ; कारिन्दा ; कारकुन ।

прика́||зывать (अपू), **приказа́ть** (पू०) (भवि० прикажу́, прика́жешь) आदेश देना ; हुक्म देना ; что —жете ? क्या आज्ञा है ? ; как —жете जैसी आज्ञा ।

прика́лывать (अपू०), **приколо́ть** (पू०) १. पिन से लगाना ; २ (छुरा आदि घोपकर) जान से मार देना ।

прика́нчивать (अपू०), **прико́нчить** (पू०) समाप्त कर देना ।

прикарма́нивать (अपू०), **прикарма́нить** (पू०) जेब मे डालना ।

прика́рмливать (अपू०), **прикорми́ть** (पू०) (भवि० прикормлю́, прико́рмишь) १. (कबूतर आदि को) दाना डालकर लुभाना ; लासा देना ; २. (केवल अपू०) बच्चे से माँ का दूध छुडाना ।

прикаса́ться (आत्म० अपू०), **прикосну́ться** (आत्म० पू०) छूना ।

прика́тывать (अपू०), **прикати́ть** (पू०) (भवि० прикачу́, прика́тишь) १ -तक लुढक आना ; २ आ पहुँचना ।

прики́дывать (अपू०), **прики́нуть** (पू०) १. (-मे) और डालना/फेकना ; २. अनुमान करना ; अन्दाजा लगाना ; ३. (कपडो के नाप की) आजमाइश करना ; п на весáх तोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) बहाना करना , прикидываться больны́м बीमार होने का बहाना करना ; २. прики́дывать का कर्मवाच्य ।

прикла́д (पु०) १ (बन्दूक आदि का) मोटा भारी किनारा , २ (वस्त्रो की) किनारी ; गोटा ।

прикла́дка (स्त्री०) (बन्दूक का) निशाना बाँधने की क्रिया ।

прикладн||о́й (वि०) उपयोजित ; —ые нау́ки उपयोजित विज्ञान ।

прикла́дывать (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. (-से) जोडना ; साथ लगाना ; २. (-के पास) रखना/पर लगाना ; приложи́ть часы́ к у́ху घडी कान से लगाना ; приложи́ть к ноге́ пла́стырь टाँग पर पलस्तर चढ़ाना ; □ п. печа́ть मुहर लगाना ; п. ру́ку हस्ताक्षर करना ;

приложи́ть все стара́ние पूरा ज़ोर लगाना ; ума́ не приложу́ मेरी तो समझ मे नही आता ; **—ся** (आत्म०) १. निशाना साधना ; २. चूमना ; ३ прикла́дывать का कर्मवाच्य ।

прикле́ивать (अपू०), **приклеи́ть** (पू०) (смолой/гвоздями/клеем आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना , २. прикле́ивать का कर्मवाच्य ।

приклёпывать (अपू०), **приклепа́ть** (पू०) धातु के टुकडो को दुनोकी कीलो (रिवटो) से जोड़ना ।

приклони́ть (पू०) : он не зна́ет где п. го́лову उसे सिर छिपाने तक को कोई ठिकाना नही ।

приключа́ться (आत्म० अपू०), **приключи́ться** (आत्म० पू०) घटित होना ।

приключе́ние (नपुं०) जीवट का काम ; साहसपूर्ण कार्य ।

приключи́ться दे० приключа́ться.

прико́вывать (अपू०), **приковать** (पू०) (भवि०—кую) गढना ; गर्म करके हथौडे से पीटकर बनाना ; रिवटो (दुनोकी कीलो) से जोडना ; □ п. чье-л внима́ние किसीका चित्त एकाग्र कराना ।

приколачивать (अपू०), **приколоти́ть** (पू०) (भवि० приколочу́, приколо́тишь) कील ठोककर गाड़ना/जोड़ना ।

приколо́ть दे० прика́лывать.

прико́нчить दे० прика́нчивать.

прикопи́ть (पू०) (भवि० прикоплю́, прико́пишь) बचाना ; बचाकर रखना , जमा करना ; п. де́нег धन जमा करना ।

прико́рм (पु०) (मछली आदि पकड़ने के लिए काँटे पर लगाया गया) कीड़ा ; लासा ; (बच्चो का दूध छुड़ाते समय लालच के लिए दिया गया) खाना ।

прикорми́ть दे० прика́рмливать.

прикорну́ть (पू०) (किसी चीज़ का सहारा लेकर अथवा असुविधाजनक स्थिति मे) झपकी लेना ; सोना ।

прикоснове́н||ие (नपुं०) १ स्पर्श ; при —нии स्पर्श से ; २. (केवल एकवचन) सम्बन्ध ; वास्ता ; **—ность** (स्त्री०) सम्बन्ध ; वास्ता ; он к э́тому не име́л никако́й —ности इसमे उसका कोई वास्ता नही था ।

прикосну́ться दे० прика́саться.

прикра́||са (स्त्री०) अतिरजना ; без —с बिना अतिरजना के / वास्तविक रूप में ।

прикра́шивать (अपू०), **прикра́сить** (पू०) (भवि० прикра́шу, прикра́сишь) अतिरजित करके बताना ।

прикрепи́ть दे० прикрепля́ть

прикрепле́ние (नपुं०) १. बाँधने/जोड़ने की क्रिया ; २. (रजिस्टर आदि मे) इन्दराज ।

прикрепля́ть (अपू०), **прикрепи́ть** (पू०) (भवि० прикреплю́ прикрепи́шь) १. (-से) पक्का करना ; बाँधना ; लगाना , п бума́гу к сто́лу кно́пками मेज़ पर पिने लगाकर कागज़ लगाना ; २ (रजिस्टर आदि मे) दर्ज करना ।

прикри́кивать (अपू०), **прикри́кнуть** (पू०) चिल्लाना ; जोर से बोलना ।

прикру́чивать (अपू०), **прикрути́ть** (पू०) (भवि० прикручу́, прикру́тишь) १. (मरोड़कर या बटकर) बाँधना ; п. ру́ки к спи́не मरोड़कर हाथ पीठ पर रखना ; २. (मरोड़कर या घुमाकर) नीचे को करना ; п. фити́ль в ла́мпе लालटैन की बत्ती नीचे को करना ।

прикрыва́ть (अपू०), **прикры́ть** (पू०) (भवि० прикро́ю, прикро́ешь) १. ढँकना ; छिपाना ; (खिडकी, दरवाजा इत्यादि) बन्द करना ; २. बचाव करना ; ढाँपना ; п. глаза́ руко́й (от со́лнца) (सूर्य के प्रकाश से बचने के लिए) आँखो को हाथ से ढाँप लेना ; ३. परिसमापन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) ढाँपना ; छिपाना ; २. परिसमापन होना ; ३ прикрывать का कर्मवाच्य ।

прикрыт||ие (नपुं०) (सेना०) अनुरक्षण ; मार्गरक्षण ; под —ем -के अनुरक्षण मे ।

прикры́ть(ся) दे० прикрыва́ть(ся).

прикупа́ть (अपू०), **прикупи́ть** (पू०) (भवि० прикуплю́, прику́пишь) और अधिक खरीदना, प्र. (еще) са́хару और अधिक खाँड खरीदना।

прику́ривать (अपू०), **прикури́ть** (पू०) किसी दूसरे की सिगरेट से अपनी सिगरेट सुलगाना।

прику́с (पुं०) (काटने के लिए) भिचे हुए दाँतो की स्थिति; ни́жний п. निचले दाँत/निचला जबड़ा।

прикуси́ть दे० прику́сывать.

прику́ска (स्त्री०) घोडो का दाँतों से तोबडा चबाना और साथ ही ज़ोर-ज़ोर से साँस लेना जो उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

прику́с||ывать (अपू०), **прикуси́ть** (पू०) (भवि० прикушу́, прику́сишь) दाँतो से काटना; прикуси́ть (ссбе́) язы́к अपनी जीभ वश में रखना / मुँह बन्द रखना।

прила́||вок (पुं०) (दुकान का) बिक्री-पटल (अंग्रेज़ी—काउटर); рабо́тник —вка बिक्रीकर्ता।

прилага́емый (कृदन्त और वि०) साथ लगा हुआ/जुड़ा हुआ।

прилага́тельное (वि०) : и́мя п. (व्या०) विशेषण।

прилага́ть (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. = прикла́дывать-१.; २. लगाना; п. уси́лия ज़ोर लगाना / कोशिश करना।

прила́живать (अपू०), **прила́дить** (पू०) (भवि० прила́жу, прила́дишь) अनुकूल बनाना; ठीक कर देना।

приласка́||ть (पू०) लाड़ करना; आलिंगन करना; पुचकारना; **—ться** (आत्म० पू०) (पास आकर, प्रेमवश) लोटना; ко́шка —лась к хозя́йке बिल्ली मालिकन के पास आकर प्रेमवश लोटने लगी।

прилега́ть (अपू०), **приле́чь** (पू०) (भवि० приля́гу, приля́жешь) १. (कपड़े आदि का) ठीक बैठना; २. (केवल अपू०) (-से) लगा होना; сад прилега́ет к реке́ बाग़ नदी से लगा हुआ है; ३ (केवल अपू०) थोड़ी देर लेटना/आराम करना।

прилега́ющий (वि०) १. (वस्त्र आदि) ठीक नाप का; २. लगा हुआ; जुडा हुआ; आसन्न; पार्श्ववर्ती; समीप का।

прилежа́ние (नपुं०) परिश्रम; उद्योग।

прилежа́щий (वि०) (गणित) आसन्न।

приле́жн||о (क्रि० वि०) परिश्रम से; उद्योग से; **—ый** (वि०) परिश्रमी; उद्योगी।

прилепля́ть (अपू०), **прилепи́ть** (पू०) (भवि० прилеплю́, прилепишь) (गोंद/सरेस/लेई आदि से) चिपकाना; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना; २. прилепля́ть का कर्मवाच्य।

прилёт (पुं०) (हवाई जहाज़, पक्षियो का) आगमन।

прилета́ть (अपू०), **прилете́ть** (पू०) (भवि० прилечу́, прилети́шь) उड़ आना; हवाई जहाज़ द्वारा आना; उडते आना; जल्दी से आना।

приле́чь दे० прилега́ть.

прили́в (पुं०) १. बहाव; ज्वार; चढाव, लहर; तरंग; आवेश; प्रवाह; волна́ —а ज्वार-भाटे की लहर; п. го́рдости अभिमान की लहर; п. гне́ва क्रोधावेश; п. капита́ла पूँजी का प्रचुर परिमाण मे आना/पूँजी का प्रवाह-सा आ जाना; २. (किसी अंग में रुधिर का) अधिक संचय; ३. (टेक०) उभार; गाँठ।

приliва́ть (अपू०), **прили́ть** (पू०) (भवि० прилью́, прильешь) (-की ओर) बहना; (रक्त का) वेग से बहना।

приливн||о́й, —ый (वि०) ज्वारभाटा-सम्बन्धी।

прили́зывать (अपू०), **прилиза́ть** (पू०) १. (भवि० прилижу́, прили́жешь) (जीभ से चाटकर) साफ करना; २. (बालो को) चिकना अथवा चमकदार बनाना।

прилипа́ть (अपू०), **прили́пнуть** (पू०) चिपटना; चिपकना।

прили́пчивый (वि०) १. आसंजी; चिपचिपा; (व्यक्ति) चिपक जानेवाला; २. (रोग) स्पर्शज; संक्रामक।

прили́стник (पु०) (वन०) अनुपत्र , जुडा हुआ छोटा पत्ता (अंग्रेजी —स्टिप्यूल)।

прили́ть दे० приливáть.

прили́ч||ie (नपु०) १ औचित्य ; २. सौजन्य ; из —я सौजन्यवश ।

прили́чн||o (क्रि० वि०) १. औचित्यपूर्वक ; सौजन्य से ; २. अच्छी तरह ; **—ый** (वि०) १. उचित ; सौजन्यपूर्ण , सुन्दर ; २. अच्छा ; खासा ; —ый перевóд अच्छा अनुवाद ।

приложе́ние (नपु०) १. (मुहर आदि) लगाने/अंकित करने की क्रिया ; २. (पत्र आदि के साथ भेजा हुआ कागज़ आदि) सलग्न-पत्र ; ३. (पत्रिका का) परिशिष्ट ; ४. (व्या०) समानाधिकरण , ५. (दवा आदि का) लेप ।

приложи́ть दे० прикла́дывать और прилага́ть.

приложи́ться दे० прикла́дываться.

прильну́ть दे० льнуть.

прима́зываться (आत्म० अपू०), **прима́заться** (आत्म० पू०) (भवि० примажу́сь, прима́жешься) चिपकना ; साथ लगे रहना ।

прима́нивать (अपू०), **приман||и́ть** (पू०) फुसलाना ; बहकाना ।

прима́нка (स्त्री०) फुसलावा ; बहकावा ; प्रलोभन ।

прима́т (पु०) श्रेष्ठता ; उत्तमता ।

прима́ты (बहु०) प्राईमेट (अपने बच्चो को दूध पिलानेवाले प्राणियो का प्रथम वर्ग) ।

прима́чивать (अपू०), **примочи́ть** (पू०) गीला करना ; सीला करना ।

примелька́||ться (आत्म० अपू०) его́ лицó мне —лось उसका चेहरा मेरे लिए परिचित हो गया ।

примен||е́ние (नपु०) (ओषधि का) लेप ; प्रयोग ; находи́ть п. प्रयोग का पता लगा लेना ; **—и́мый** (वि०) प्रयोज्य ; उपयुक्त ; **—и́тельно** (क्रि० वि०) (-к) अनुरूप ।

применя́ть (अपू०), **примени́ть** (पू०) प्रयोग में लाना ; लागू करना ; п. на пра́ктике व्यवहार में लाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) अनुकूल बनाना ; अनुरूप ढालना ; २. применя́ть का कर्मवाच्य ।

приме́р (पु०) उदाहरण ; привести́ п. उदाहरण देना ; для —а उदाहरण के लिए ; не в п. другúм अपवाद-रूप में ; к —у उदाहरण के तौर पर ।

примерза́ть (अपू०), **примёрзнуть** (पू०) जमना ; बर्फ मे परिणत होना ।

приме́р||ить दे० примеря́ть और ме́рить ; **—ка** (स्त्री०) (कपड़े को) पहनकर आज़माइश करने की क्रिया ।

приме́рн||o (क्रि० वि०) १. आदर्श रूप में ; उत्तम रीति से ; शिष्ट ढँग से ; २. अनुमान से ; अन्दाज़न ; **—ый** (वि०) १. आदर्शभूत ; अनुकरणीय ; २ अनुमान का ; अन्दाज़े का ।

примеря́ть (अपू०), **приме́рить** (पू०) कपडे के नाप की आज़माइश करना ; **—ся** (आत्म०) १ लक्ष्य करना ; २. примеря́ть का कर्मवाच्य ।

при́месь (स्त्री०) १. मिश्रण ; २. आभा ।

приме́та (स्त्री०) चिह्न ; निशानी ; —ы प्रत्यक्ष चिह्न ।

приметá́ть दे० приметывать.

приме́тить दे० примечáть.

приме́тлив||ость (स्त्री०) तीक्ष्णदृष्टि , तेज़ नज़र ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णदृष्टि ; तेज़ नज़रवाला ।

приме́тный (वि०) १. दृष्टिगोचर ; प्रत्यक्ष ; २. प्रख्यात ; सबसे अलग ज़ाहिर होनेवाला ।

приме́тывать (अपू०), **приметá́ть** (पू०) टाँका लगाना ।

примеча́ние (नपु०) टीका-टिप्पणी ; पाद-टिप्पणी ; व्याख्या ।

примеча́тельн||ость (स्त्री०) स्मर्तव्यता ; नुमायांपन , दर्शनीयता ; (विशेषता के लिए) ख्याति ; **—ый** (वि०) स्मर्तव्य ; नुमायां ; दर्शनीय ; (विशेषता के लिए) ख्यात ।

примеча́ть (अपू०), **приме́тить** (पू०) (भवि० приме́чу, приме́тишь) ध्यान देना ; प्रत्यक्ष अनुभव करना ।

приме́шивать (अपू०), **примеша́ть** (पू०) मिश्रण करना ; मिलाना ।

примина́ть (अपू०), **приня́ть** (पू०) (भवि० приму́, примешь) कुचलना ; (पाँव से) रौंदना ; (हाथ से) चपटा करना ।

примире́нец (पुं०) समझौता करानेवाला ; मैत्री करानेवाला ।

примире́ние (नपुं०) समझौता ; फैसला ; सुलह ; समन्वय ; सन्तुलन ।

примире́нчество (नपुं०) समझौते की भावना ; समन्वय-भावना ।

примир||и́мый (वि०) समन्वय/समझौता/सुलह कराने योग्य , **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) सुलह या समझौता करानेवाला/वाली , **—и́тельный** (वि०) समझौता/सुलह करानेवाला ।

примиря́ть (अपू०), **примири́ть** (पू०) समझौता/सुलह कराना ; समन्वय करना ; п. противоре́чивые тре́бования विरोधी माँगो का समन्वय करना ।

примити́в (पुं०) आदिम **—ный** (वि०) आदिम , मौलिक ।

примкну́ть दे० примыка́ть.

примо́лкнуть (पू०) चुप हो जाना ।

примо́рский (वि०) सागरतटवर्ती ।

примо́рье (नपु०) सागरतटवर्ती प्रदेश ।

примости́ться (आत्म० पू०) (примощу́сь, примости́шься) (आराम से) बैठ जाना ।

примочи́ть दे० прима́чивать.

примо́чк||а (स्त्री०) (आँख आदि) धोने की दवा ; सिकाई ; п. для глаз आँखो में डालने की दवा ; де́лать —и सिकाई करना ।

при́мула (स्त्री०) अनेक रँग के फूलो का एक पौधा ।

при́мус (पुं०) प्राइमस स्टोव ।

примча́ть (पू०) १. जल्दबाज़ी मे लाना ; २. = примча́ться ; **—ся** (आत्म० पू०) भागते हुए आना ।

примыка́ние (नपुं०) १. सान्निध्य ; २. (व्या०) आसत्ति ।

примыка́ть (अपू०), **примкну́ть** (पू०) १. -से जोडना ; примкну́ть до́ски одна́ с друго́й तख्ते एक दूसरे से जोडना ; २ लगाना ; जडना ; примкну́ть штыки́ ! बन्दूक मे किरच/संगीन लगाओ !; ३. (केवल अपू०) के समीप होना ; सीमा पर होना ; ४. (व्या०) आसत्ति होना ।

приня́ть दे० принима́ть.

принадлежа́ть (अपू०) -का होना ; -की सम्पत्ति होना ; (-से) सम्बन्ध रखना ; п. к числу́ संख्या से सम्बन्ध रखना ; п к па́ртии दल से सम्बन्ध रखना ।

принадле́жност||ь (स्त्री०) १ सम्पत्ति ; सम्बन्ध ; п. к па́ртии दल की सदस्यता ; २. (बहु०) सामग्री ; सामान ; бри́твенные —и हजामत का सामान ; пи́сьменные —и लेखन-सामग्री ; рыболо́вные —и मछलियाँ पकडने का सामान ; □ обрати́ться по —и उपयुक्त व्यक्ति को अर्ज़ी देना ।

приняле́чь (पू०) (भवि० приналя́гу, приналя́жешь) १. (-का) सहारा लेना ; टेक लेना ; २ जुट जाना ; он приналег на рабо́ту वह काम पर जुट गया ।

принаряжа́ть (अपू०), **принаряди́ть** (पू०) (भवि० принаря́жу, принаря́дишь) (वस्त्र आदि पहनाकर) सजाना ; **—ся** (आत्म०) (वस्त्र आदि पहनकर) सजना ।

принево́л||ивать (अपू०), **приневоли́ть** (पू०) विवश करना ; मजबूर करना , он —ил меня сде́лать э́то उसने मुझे यह करने के लिए विवश किया ।

принести́ दे० приноси́ть.

принести́сь = **примча́ться.**

принижа́ть (अपू०), **прини́зить** (पू०) (भवि० принижу́, прини́зишь) १. अपमान करना ; नीचा दिखाना ; २. गर्व खर्व करना ।

прини́женность (स्त्री०) विनय ; नम्रता , दीनता ।

прини́зить दे० принижа́ть.

приника́ть (अपू०), **прини́кнуть** (पू०) १. (छिपने के लिए) भूमि के साथ लगकर बैठ जाना ; за́яц прини́к к ку́стам खरगोश झाडियो के पीछे जमीन के साथ लगकर छिपकर बैठ गया ; п. у́хом (к) (-पर) कान लगाना ; २ चिपट जाना ।

приним||а́ть (अपू०), **приня́ть** (पू०) (भवि० приму́, при́мешь) १. लेना ; ग्रहण करना ; п. лека́рство दवा लेना/ओषधि सेवन करना ; п. ва́нну स्नान करना ; п пи́щу भोजन करना ; п прися́гу शपथ लेना ; п ме́ры कार्यवाही करना ; п. уча́стие भाग लेना ; п реше́ние निर्णय करना , —ая что-л по внима́ние किसी बात को ध्यान में रखते हुए ; п. чью-л. сто́рону किसीका पक्ष लेना ; п за пра́вило नियम बनाना ; п на себя́ अपने ऊपर लेना ; п. пода́рок उपहार/भेट स्वीकार करना ; он приня́л Сове́тское граждáнство उसने सोवियत-नागरिकता ग्रहण कर ली , п христиáнство ईसाई धर्म ग्रहण करना ; э́то так при́нято ऐसा रिवाज है ; २. दाखिल करना ; п. в шко́лу स्कूल मे दाखिल करना ; ३. स्वीकार करना ; п. предложе́ние प्रस्ताव स्वीकार करना ; п вы́зов चुनौती स्वीकार करना ; п. резолю́цию प्रस्ताव स्वीकार करना/पास करना ; ४. (अतिथि आदि का) स्वागत करना ; मिलना ; п. раду́шно हार्दिक स्वागत करना ; он сего́дня не —ает वह आज किसीसे नही मिलेगा ; ५. धारण करना ; п вид शक्ल बनाना ; ६. समझना ; он приня́л его́ за това́рища Пе́трова वह उसको साथी पेत्रोव समझा ; за кого́ вы меня́ —аете ? आप मुझे कौन समझ रहे हैं ?/आपने मुझे क्या समझ रखा है ? ; ७. सँभाल लेना ।

приним||а́ться (आत्म० अपू०), **приня́ться** (आत्म० पू०) १ जुट जाना ; लग जाना ; —а́ться за рабо́ту काम पर जुट जाना/लग जाना ; —а́ться петь गाने लगना ; २. किसी काम को हाथ में लेना ; ३ (पौधे का) जड पकड़ना ; ४. (आदत) पड जाना ; ५. (धन, मुद्रा आदि का) प्रचलित होना ; चलन में होना ; ६ принима́ть का कर्मवाच्य ।

принора́вливать (अपू०), **приноро́вить** (पू०) (भवि० приноровлю́, приноро́вишь) स्थिति या समय के अनुकूल बनाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) अनुकूल बनाना ।

прино||си́ть (अपू०), **принести́** (पू०) (वर्त० приношу́, прино́сишь ; भवि० принесу́, принесешь) १. लाना ; п. обра́тно वापस लाना ; २. (फसल, लाभ आदि) देना ; लाना ; п. плоды́ फल लाना ; п по́льзу लाभकर होना ; □ п. в же́ртву बलिदान करना ; п. благода́рность धन्यवाद देना ; п. жа́лобу शिकायत करना ; **—ше́ние** (नपुं०) भेंट ; उपहार ।

принуди́тельный (वि०) अनिवार्य ; आवश्यक ; जबर्दस्ती का ।

принуж||да́ть (अपू०), **прину́дить** (पू०) (भवि० прину́жу, прину́дишь) विवश करना ; मजबूर करना ; दबाव डालना ; जबर्दस्ती करना ; п. к молча́нию चुप होने के लिए मजबूर करना/जबर्दस्ती चुप कराना ; **—де́ние** (नपुं०) विवशता ; मजबूरी ; जबर्दस्ती ; по —де́нию विवश होकर/दबाव में आकर ; без —де́ния बिना किसी दबाव के ।

принц (पुं०) राजकुमार ; शाहज़ादा ; **—е́сса** (स्त्री०) राजकुमारी ; शाहज़ादी ।

при́нцип (पुं०) सिद्धान्त ।

принципа́л (पु०) प्रधानाचार्य ; मुखिया ।

принципиа́льн||о (क्रि० वि०) १. सिद्धान्त रूप से ; २. मुख्य रूप से ; **—ый** (वि०) सिद्धान्त का ; —ый вопро́с सिद्धान्त का प्रश्न ।

принюха́ться (आत्म० पू०) १. दे० прино́хиваться ; २. (-की) गन्ध का अभ्यस्त हो जाना ।

принюхиваться (आत्म० अपू०), **принюхаться** (आत्म० पू०) (-की ओर) नाक-भौं चढाना ; तिरस्कार का भाव दर्शाना ।

приня́т||ие (नपुं०) १. ग्रहण करने की क्रिया ; (भोजन) करने की क्रिया ; (औषधि) सेवन ; (उपहार) स्वीकरण ; (प्रस्ताव) स्वीकरण ; по́сле —ия лека́рства औषधि-सेवन के पश्चात् ; п решéния निर्णय करना ; п. кома́ндования कमान सँभालना ; २. दाखिला ; प्रवेश ।

при́нят||ый (कृदन्त और वि०) (प्रस्ताव आदि) स्वीकृत ; पास किया हुआ ; —ая резолю́ция स्वीकृत/पास किया हुआ प्रस्ताव ।

приня́ть(ся) दे० принима́ть(ся)

приободря́ть (अपू०), **приободри́ть** (पू०) बढावा देना ; दिल बढाना ; **—ся** (आत्म०) हौसला करना ; साहस करना ।

приобрета́ть (अपू०), **приобрести́** (पू०) (भवि० приобрету́, приобретешь) १ प्राप्त करना ; उपार्जन करना ; п. плоху́ю репута́цию बदनामी कमाना/बदनाम होना ; २. खरीदना ।

приобрете́ние (नपुं०) १. उपार्जन ; क्रय ; खरीद ; २ उपार्जित वस्तु ; खरीदी हुई वस्तु ; सौदा ।

приобща́ть (अपू०), **приобщи́ть** (पू०) जोडना ; п. к. де́лу (कागज़) नत्थी करना ; (ईसाई धर्म के अनुसार) पूजा या सस्कार कराना ; **—ся** (आत्म०) मिलना ।

приоде́ть (पू०) (भवि० приоде́ну, приоде́нешь) कपडे पहनाना ; सजाना ; **—ся** (आत्म०) कपडे पहनना ; सजना ।

приорите́т (पुं०) अग्रिमता ; प्राथमिकता ।

приоса́ниться (आत्म० पू०) ध्यान में आना ; अकड में आना ।

приостана́вливать (अपू०), **приостанови́ть** (पू०) (भवि० приостановлю́, приостано́вишь) (थोडी देर के लिए) बन्द करना ; रोकना ; п. рабо́ту काम बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. (थोडी देर के लिए) बन्द होना ; रुकना ; २ приостана́вливать का कर्मवाच्य ।

приостано́вка (स्त्री०) (थोडी देर के लिए) बन्द करने/रोकने की क्रिया ।

приотворя́ть (अपू०), **приотвори́ть** (पू०) (धीरे से) खोलना ; आधा खोलना ; (द्वार) आधा खुला छोडना ; **—ся** (आत्म०) १ (धीरे से) खुलना ; आधा खुलना ; २. приотворя́ть का कर्मवाच्य ।

приоткрыва́ть(ся) = **приотворя́ть(ся).**

приоткрыть(ся) = **приотвори́ть(ся).**

приохо́тить (पू०) (भवि० приохо́чу́, приохо́тишь) रुचि पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) (-की ओर) रुचि होना ।

припада́ть (अपू०), **припа́сть** (पू०) (भवि० припаду́, припадешь) १ नीचे गिरना ; लिपट जाना ; п. к груди́ кого́-л. किसीकी छाती से लिपट जाना ; п. к чьим-л. ногам́ किसीके पाँव पडना ; п. у́хом कान लगाना ; २. (केवल अपू०) थोडा-सा लँगड़ाना ; п. на пра́вую но́гу दायी टाँग से लँगडाना ।

припа́док (पुं०) दौरा ; आवेश ; आक्रमण ; п. безу́мии पागलपन का दौरा ; п. бе́шенства क्रोध का आवेश ।

припа́ивать (अपू०), **припая́ть** (पू०) टाँका लगाना ; झालना ।

припа́йка (स्त्री०) टाँका ; झाल ।

припа́рка (स्त्री०) (फोड़े आदि पर बाँधने की) पुलटिस ।

припаса́ть (अपू०), **припасти́** (पू०) (भवि० припасу́, припасешь) बचाकर रखना ; जमा करके रखना ।

припа́сы (बहु०) जखीरा ; रसद ; съестны́е п खाद्य सामग्री/रसद ; вое́нные п गोला-बारूद ।

припая́ть दे० припа́ивать.

припе́в (पुं०) (संगीत) टेक (गीत के बोल जो दुहराये जाते हैं) ; **—а́ть** (अपू०) मौज में

гаина , □ жить препевáючи ऐश्वर्य-वभव में रहना ।

припёк (पुं०) **I.** रोटी सेकने के बाद आटे के वज़न में होनेवाली बढ़ोतरी ; **II.** на —е धूप में ।

припека́||ть (अपू०) झुलसाना ; сóлнце —ет सूर्य झुलसाये दे रहा है/कडाके की धूप है ।

припере́ть दे० припирáть.

припечáтывать (अपू०), **припечáтать** (पू०) १. मुहर लगाना ; सील लगाना ; २. और अधिक छापना ।

припира́ть (अपू०), **припере́ть** (पू०) (भवि० припру́, припрешь) १. भीचना ; толпá нас приперла к стене́ भीड ने हमें दीवार के साथ भीच दिया ; २. (किवाड) बन्द करना ; п. чем л дверь (कोई भारी वस्तु रखकर) किवाड बन्द करना ।

приписа́ть(ся) दे० припи́сывать(ся).

припи́ска (स्त्री०) १. पुनश्च ; विषय जो चिट्ठी समाप्त कर चुकने के बाद लिखा जाये ; п. к завещáнию वसीयतनामे का अनुलेख ; २. रजिस्ट्री ।

припи́сывать (अपू०), **приписа́ть** (पू०) (भवि० припишу́, припи́шешь) १. और लिखना ; २. रजिस्ट्री कराना ; ३. -को ज़िम्मेदार ठहराना ; -को श्रेय देना ; **—ся** (आत्म०) १. रजिस्ट्री करना ; रजिस्टर में दर्ज करना ; २. припи́сывать का कर्मवाच्य ।

припла́та = доплáта.

приплати́ть = доплати́ть.

приплести́ दे० приплетáть.

приплести́сь (आत्म० पू०) (भवि० приплетýсь, приплетешь) गिरते-पड़ते आना ।

приплета́ть (अपू०), **приплести́** (पू०) (भवि० приплету́, приплетешь) १. -में गूँथ लेना ; २ फँसाना ; उलझा लेना ।

приплóд (पुं०) (पशुओं के) शावक ; बच्चे ।

приплыва́ть (अपू०), **приплы́ть** (पू०) (भवि० приплыву́, приплывешь) तैर आना ; तैरते आना ; (पोत आदि का) आना ।

приплю́снутый (वि०) चपटा किया हुआ ।

приплю́снуть (पू०) चपटा करना ।

припля́сывать (अपू०) लोकनृत्य करना ; फुदकना ।

приподнима́ть (अपू०), **приподня́ть** (पू०) (भवि० приподниму́, приподни́мешь) (थोडा-सा) ऊपर को उठाना ; खड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) १. थोड़ा-सा ऊपर उठना ; खडा होना ; २. приподнима́ть का कर्मवाच्य ।

припóй (पुं०) टाँका ; झाल ।

приползáть (अपू०) **приползти́** (पू०) (भवि० приползу́, приползёшь) रेंगते हुए आना ; रेंगकर आना ।

припомин||а́ть (अपू०), **припóмнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; наскóлько —áю जहाँ तक मुझे स्मरण है ; он припóмнил उसे याद आ गया ; □ он вам э́то припóмнит वह आपसे इसका बदला लेगा ।

припра́ва (स्त्री०) छौंक ; मसाला ।

припра́вить दे० приправля́ть.

припра́вка (स्त्री०) छापने से पहले टाइप को समतल करने की क्रिया ।

приправля́ть (अपू०), **приправи́ть** (पू०) (भवि० припрáвлю, припрáвишь) १. (सब्ज़ी आदि में) छौंक देना ; मसाला देना ; २. छापने से पहले टाइप को समतल करना ।

припугну́ть (पू०) डराना ; धमकाना ।

припу́дривать (अपू०), **припу́дрить** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) पाउडर लगाना ।

при́пуск (पुं०) गुंजाइश ; अवकाश ।

припуска́ть (अपू०), **припусти́ть** (पू०) (भवि० припущу́, припу́стишь) १. (सीने या कसीदा करने में) बाहर छोड़ देना ; २. जल्दी-जल्दी कदम बढ़ाना ; गाड़ी तेज़ चलाना ।

припу́тывать (अपू०), **припу́тать** (पू०) -में फँसाना ; उलझा लेना ।

припуха́ть (अपू०), **припу́хнуть** (पू०) (थोड़ा-सा) सूजना ।

припу́хл||ость (स्त्री०) सूजन ; **—ый** (वि०) सूजा हुआ ।

припу́хнуть दे० припуха́ть.

прираба́тывать (अपू०), **прираб|о́тать** (पू०) (और अधिक) कमाना ; अतिरिक्त कमाई करना ।

при́работок (पुं०) अतिरिक्त कमाई ।

прира́внивать (अपू०), **приравня́ть** (पू०) समान स्तर पर रखना ; एकसार समझना ; बराबर करना ।

прира||ста́ть (अपू०), **прирасти́** (पू०) (भवि० прирасту́, прирастёшь) १. तेजी से बढ़ना , п к ме́сту स्थान/भूमि मे जड जमाना , २. बढ़ना ; **—ще́ние** (नपु०) बढ़ोतरी ; समृद्धि , तरक्की ।

приревнова́ть (पू०) (—ну́ю) ईर्ष्या करना ।

приреза́ть (अपू०), **прире́зать** (पू०) (भवि० прире́жу, прире́жешь) **I.** गला काटना ; मार देना ; **II.** बढ़ाना ; п уча́сток земли́ अतिरिक्त भूमि तैयार करना ।

приро́д||а (स्त्री०) १ प्रकृति ; зако́н —ы प्रकृति का नियम ; на ло́не —ы प्रकृति के आँचल मे ; २. स्वभाव ; он лени́в от —ы वह स्वभाव से आलसी है ; э́то в —е вещей यह स्वाभाविक है ; **—ный** (वि०) १. प्राकृतिक , —ные бога́тства प्राकृतिक समृद्धि ; २. स्वाभाविक ।

природове́д (पुं०) प्रकृतिविद् ; **—ение** (नपुं०) प्रकृति-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) प्रकृतिविज्ञान-सम्बन्धी ।

прирождённый (वि०) जन्मजात ; स्वाभाविक ; सहज ।

приро́ст (पुं०) वृद्धि ; अनेक वस्तुओ की एक साथ वृद्धि ।

прирубе́жный (वि०) सीमान्तवर्ती ।

прируча́ть (अपू०), **приручи́ть** (पू०) (पशुओ को) पालतू बनाना ।

приса́живаться (आत्म० अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) बैठना ; приса́живайтесь, прися́дьте ! बैठिए ! , присе́сть на ко́рточки पजो के बल बैठना ।

приса́сываться (आत्म० अपू०), **присоса́ться** (आत्म० अपू०) से चिपकना ।

присва́ивать (अपू०), **присво́ить** (पू०) १ आत्मसात् करना ; अपनाना ; पचाना ; п. незако́нно अवैध रूप से हडप करना ; गबन करना ; п себе́ пра́во अधिकार ग्रहण करना ; २ प्रदान करना ; देना ; п зва́ние पद प्रदान करना ; п. себе́ и́мя नाम धारण करना ।

при́свист (पु०) सीत्कार ; सीटी ।

присви́стывать (अपू०), **присви́стнуть** (पू०) सीटी बजाना ।

присвое́ние (नपुं०) हडप करने की क्रिया , विनियोजन , незако́нное п. गबन ।

присво́ить दे० присва́ивать.

приседа́ние (नपु०) (सम्राज्ञी के सामने) घुटने टेककर स्त्रियो के अभिवादन करने की विधि ।

приседа́ть (अपू०), **присе́сть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) १. घुटनो के बल बैठना ; २. (डर के मारे) सिकुडकर बैठना ; (स्त्रियों का) घुटनों के बल झुककर अभिवादन करना ।

присе́ст (पु०) बैठक ; в оди́н п. एक बैठक में ।

присе́сть (पू०) १. दे० приса́живаться ; २. दे० приседа́ть

при́сказка (स्त्री०) (कहानी कहनेवाले की) प्रस्तावना ।

прискака́ть (पू०) (भवि० прискачу́, прискачешь) १. घोड़े को सरपट दौडाते हुए आना ; भागते आना ; п. верхо́м на ло́шади घोडे को सरपट दौडाते हुए आना ; २ (एक टाँग पर) फुदकते आना ।

прискорб||ие (नपु०) दुःख ; खेद ; अफसोस ; с душе́вным —ием हार्दिक दुःख के साथ ; **—ный** (वि०) दुःखपूर्ण ; दयनीय ; शोचनीय ।

прискучи||ть (पू०) जी उकता जाना ; ему́ э́то —ло इससे उसका जी उकता गया है ।

присла́ть दे० присыла́ть.

прислоня́ть (अपू०), **прислони́ть** (पू०) १ (-के) सहारे रखना ; टेकना ; п. ле́стницу к стене́ सीढी दीवार के सहारे रखना ; २. पास रखना ; п. стол к стене́ मेज दीवार के पास रखना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) सहारा लेकर बैठना या खडे होना ; २. прислоня́ть का कर्मवाच्य ।

прислу́га (स्त्री०) १. सेविका ; नौकरानी ; २. (समू०) घर के नौकर-चाकर ।

прислу́живать (अपू०), **прислужи́ть** (पू०) नौकरी करना ; सेवा करना ; **—ся** (आत्म०) चापलूसी करना ।

прислу́жник (पुं०) नौकर ; सेवक ; चापलूस ।

прислу́шиваться (आत्म० अपू०), **прислу́шаться** (आत्म० पू०) ध्यान से सुनना ; कान लगाकर सुनना ; п. к чьему́-л. мне́нию किसीकी राय को ध्यान से सुनना ।

присма́тривать (अपू०), **присмотре́ть** (पू०) १. (-की) देख-रेख रखना ; नज़र रखना , п. за рабо́той काम की देख-रेख करना, २. (-की) तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म०) १ ध्यान से देखना ; २ (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

присмире́ть (पू०) शान्त होना ; शोर बन्द करना ।

присмо́тр (पुं०) देख-रेख ; निगरानी ; под —ом -की देख-रेख में ।

присмотре́ть(ся) दे० присма́тривать-(ся).

присни́ться दे० сни́ться.

присовокупля́ть (अपू०), **присовокупи́ть** (पू०) (भवि० присовокуплю́, присовокупи́шь) और कहना ; और जोडना ।

присоедине́ние (नपुं०) १. जोड ; योग ; २. (प्रदेश आदि) अपने अधिकार मे करने/मिला लेने की क्रिया ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध ।

присоединя́ть (अपू०), **присоедини́ть** (पू०) १. मिलाना ; २. योग करना ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध करना ; ४. (प्रदेश को) अपने अधिकार में लेना ; अपने देश में मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. मिलना ; присоединя́ться к мне́нию кого́-л. किसीकी राय से राय मिलना/राय से सहमत होना ; к ним присоедини́лись де́ти उनके साथ बच्चे मिल गये ; २. присоединя́ть का कर्मवाच्य ।

присоли́ть (पू०) थोडा-सा नमक डालना ।

присоса́ться दे० присса́сываться.

присосе́диться (आत्म० पू०) (भवि० присосе́жу, присосе́дишься) (-के) समीप बैठना ; पास बैठना ।

присо́ска (स्त्री०), **присо́сок** (पुं०) (पशुओ अथवा पेडों का) चूषणांग ; चूसने का अवयव ।

присо́хнуть दे० присыха́ть.

приспе́ть (पू०) समय पर आ पहुँचना ।

приспе́шни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) अनुचर ; दास/दासी ।

приспи́ч||ить (पू०) किसी बात की धुन सवार होना ; ему́ —ило е́хать за́втра उसे कल जाने की धुन सवार है ; что вам —ило ? आपको यह क्या धुन सवार है ?

приспосо́бить(ся) दे० приспособля́ть-(ся).

приспособле́нец (पुं०) अवसरवादी ।

приспособле́ние (नपु०) १. अनुकूलन ; अवसर के अनुकूल होने की क्रिया ; п. к кли́мату जलवायु का अभ्यस्त होना ; २. उपकरण , साधन ।

приспособле́нчество (नपुं०) अवसरवाद ; वातावरण के अनुकूल बनने का भाव ।

приспособля́ть (अपू०), **приспосо́бить** (पू०) (भवि० приспосо́блю, приспосо́бишь) (-के) अनुकूल बनाना ; अभ्यस्त बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) (-के) अनुकूल बनाना ; (-का) अभ्यस्त होना ; २ приспособля́ть का कर्मवाच्य ।

приспуска́ть (अपू०), **приспусти́ть** (पू०) (भवि० приспущу́, приспу́стишь) (थोड़ा-सा) नीचे करना ; п. флаг (शोक मनाने के

लिए) झडा झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १ (सुरक्षित प्रदेश की ओर जाने के लिए) पोत के पतवार को ऊपर या हवा की ओर करना ; २. приспускáть से कर्मवाच्य ।

прúстав (पुं०) थानेदार ; становóй п जिला-पुलिस-अफसर ।

приставáние (नपुं०) तंग करने / पीछे पड जाने की क्रिया ।

приставáть (अपू०), **пристáть** (पू०) (वर्त० пристаю́ пристаешь, भवि० пристáну, пристáнешь) १ (-मे) चिपक जाना ; (-से) लगे रहना ; २. (पोत का) -के बराबर आ जाना ; ३. (सैर-मडली के साथ) आ मिलना ; ४. तग करना ; पीछे पड जाना ; ५. (रोग आदि का) फैलना ; ६. (केवल पू०) फबना ; э́та шля́па ей пристáла यह टोपी उस (स्त्री/कन्या) के फब गयी ।

приставúть दे० приставля́ть.

приставка (स्त्री०) (व्या०) उपसर्ग ।

приставля́ть (अपू०), **приставúть** (पू०) (भवि० приставлю́, приставúшь) -के सहारे रखना/खडा करना ; टेकना ; नियुक्त करना ; (-की) देख-भाल करना ।

приставн||о́й (वि०) जोडा हुआ ; —а́я ле́стница जीना / नसेनी ।

прúстальн||о (क्रि० वि०) अनिमेष ; एकटक ; टकटकी बाँधकर ; नज़र जमाकर ; п. смотре́ть (на) टकटकी बाँधकर देखना ; **—ый** (वि०) अनिमेष ; स्थिर ; с —ым внима́нием बहुत ध्यानपूर्वक/तत्परता से ।

пристáнище (नपुं०) शरण ; आश्रय ।

прúстань (स्त्री०) १. बगमार ; घाट ; गोदी ; २. आश्रय ।

пристáть दे० приставáть

пристёгивать (अपू०), **пристегнýть** (पू०) बाँधना ; बटन बन्द करना ; फँसाना ; उलझा लेना ।

пристóйн||ость (स्त्री०) औचित्य ; सौजन्य ; **—ый** (वि०) औचित्यपूर्ण ; सौजन्यपूर्ण ; विनीत ; योग्य ।

пристра́ивать (अपू०), **пристро́ить** (पू०) १. भवन/मकान का और भाग बनाना ; निर्माण करना ; २. लगाना ; जमाना ; प्रबन्ध करना ; пристро́ить сы́на к ме́сту बेटे को नौकरी पर लगाना ; он пристро́ил всех свои́х дете́й उसने अपने सारे बच्चों का प्रबन्ध कर दिया है/अर्थात् काम पर लगा दिया है ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान प्राप्त करना ; बसना ; २. пристра́ивать का कर्मवाच्य ।

пристра́сти||е (नपुं०) १. रुझान ; अनुराग ; रुचि ; २ पक्षपात ; относи́ться с —м पक्षपात करना ।

пристрасти́ться (आत्म० पू०) (пристращу́сь, пристрасти́шься) (-की ओर) रुझान होना ; रुचि होना ; (-की) तीव्र इच्छा होना ।

пристра́стн||о (क्रि० वि०) पक्षपात से ; п. к кому́-л. относи́ться किसीके साथ पक्षपात करना ; **—ость** (स्त्री०) पक्षपात ; **—ый** (वि०) पक्षपाती ; быть —ым (к) पक्षपात करना ।

пристра́чивать (अपू०), **пристрочи́ть** (पू०) (-से) सी देना ; टाँका लगा देना ।

пристре́ливать -I. (अपू०), **пристрели́ть** (पू०) निशाना बनाना ; (गोली से) जान से मार देना ।

пристре́ливать -II. (अपू०), **пристреля́ть** (पू०) घडी की सुइयाँ ठीक करना ; **—ся** १. (आत्म०) अपने आपको गोली का निशाना बनाना ; आत्महत्या करना ; २. пристре́ливать-II. का कर्मवाच्य ।

пристро́ить(ся) दे० пристра́ивать(ся).

пристро́йка (स्त्री०) उपभवन ; उपगृह ।

пристрочи́ть दे० пристра́чивать.

пристру́нивать (अपू०), **пристру́нить** (पू०) दबाव से काम लेना ; सख्ती करना ; если́ он не признаётся, пристру́ньте его́ यदि वह न माने तो सख्ती से काम लो ।

пристýкивать (अपू०), **пристýкнуть** (पू०) (कुछ देर के लिए) खटखटाना ।

при́ступ (पु॰) १. (सेना॰) आक्रमण ; प्रहार ; टूट पड़ना ; २. (क्रोध आदि का) आवेश ; आक्रोश ; दौरा ; ३ प्रारम्भ ; □ к нему́ —у нет उससे मिलना बड़ा कठिन है ; к э́тому —у нет यह पहुँच से बाहर है/यह बहुत महँगा है ।

приступа́ть (अपू॰), **приступи́ть** (पू॰) (भवि॰ приступлю́, присту́пишь) आरम्भ करना ; (दूसरे काम पर) लगना ; п. к рабо́те काम पर लगना ; п. чте́нию पढाई शुरू करना ।

приступи́ться (आत्म॰ पू॰) पहुँचना ; मिलना; не приступи́шься, нельзя́ п. = при́ступу нет दे॰ при́ступ.

присту́пок (पु॰) सीढी ।

пристыди́ть (पू॰) (भवि॰ пристыжу́, пристыди́шь) शर्मिन्दा करना ; लज्जित करना ।

пристыжённый (कृदन्त और वि॰) लज्जित ; शर्मिन्दा ।

приста́жка (स्त्री॰) =пристяжна́я.

пристяжна́я (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) (गाड़ी के बम के साथ बँधा हुआ) फालतू घोडा ।

присуди́ть दे॰ присужда́ть.

прису||жда́ть (अपू॰), **присуди́ть** (पू॰) (भवि॰ присужу́, прису́дишь) १ (दंड) लगाना ; (कैद की) सज़ा देना ; २. प्रदान करना ; ему́ —ди́ли пе́рвую пре́мию उसको प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया ; **—жде́ние** (नपु॰) (पुरस्कार आदि का) प्रदान किया जाना ।

прису́тственн||ый (वि॰) : —ое ме́сто कार्यालय/दफ्तर ; —ые часы́ दफ्तर का समय/काम का समय ।

прису́тствие (नपु॰) १. उपस्थिति ; ва́ше п необходи́мо आपकी उपस्थिति आवश्यक है ; २. बैठक ; ३. दफ्तर ; कार्यालय ।

прису́тствовать (अपू॰) (—ствую) उपस्थित होना ।

прису́щ||ий (वि॰) स्वाभाविक ; सहज ; с —им ему́ ю́мором अपने सहज हास्य-विनोद से ; **—ность** (स्त्री॰) स्वाभाविकता ।

присчи́тывать (अपू॰), **присчита́ть** (पू॰) जमा करना ; जोडना ।

присыла́ть (अपू॰), **присла́ть** (पू॰) (भवि॰ пришлю́, пришлешь) भेजना ।

присы́лка (स्त्री॰) भेजने की क्रिया ।

присыпа́ть (अपू॰), **присы́пать** (पू॰) (भवि॰ присы́плю, присы́плешь) १. (आटा आदि) और अधिक डालना ; присы́пать (еще) муки́ और आटा डालना ; २. बुरकना ।

присы́пка (स्त्री॰) १. बुरकने की क्रिया ; २. बुकनी ; पाउडर ।

присыха́ть (अपू॰), **присо́хнуть** (पू॰) (सूखकर) चिपक जाना ; सूख जाना ।

прися́г||а (स्त्री॰) शपथ ; वफादारी की शपथ ; приводи́ть к —е शपथ दिलाना ।

прися́га́ть (अपू॰), **прися́гну́ть** (पू॰) शपथ लेना ; कसम खाना ।

прися́жн||ый (वि॰) १. (अदालत-सम्बन्धी) п. пове́ренный ба́рристер ; п. заседа́тель दे॰–३ ; २ जन्म से ; п. расска́зчик जन्म से कहानी कहनेवाला ; ३. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) (क्रान्ति-पूर्व) जूरी का सदस्य ; суд —ых जूरी ।

притаи́ть (पू॰) п. дыха́ние साँस रोकना ; **—ся** (आत्म॰ पू॰) छिपना ; चुप रहना ।

прита́птывать (अपू॰), **притопта́ть** (पू॰) (भवि॰ притопчу́, притопчешь) १. पाँव से रौदना ; कुचलना ; २. (केवल अपू॰) पजो से थपथपाना ।

прита́скивать (अपू॰), **притащи́ть** (पू॰) (घसीटकर) लाना ; घसीटना ।

прита́чивать (अपू॰), **притача́ть** (पू॰) सी देना ; टाँके लगाना ।

притащи́ть दे॰ прита́скивать.

притащи́ться (आत्म॰ पू॰) (स्वय) घिसटना ; घिसटकर आना ।

притвори́ть(ся) दे॰ притворя́ть(ся)

притво́рно (क्रि॰ वि॰) बहाने से ; छल से , पाखड से ।

притво́р||ный (वि०) छद्म ; कृत्रिम , बनावटी ; —ные слезы बनावटी आँसू ; **—ство** (नपुं०) कृत्रिमता , बहाना ; पाखड ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) बहानेबाज ; पाखडी ।

притворя́ть (अपू०), **притвори́ть** (पू०) (किवाड आदि) बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) **I.** (किवाड आदि) बन्द होना ; बन्द किया जाना ; **II.** बहाना करना ; पाखड करना ; —ся больны́м बीमारी का बहाना करना ।

притека́ть (अपू०), **притечь** (पू०) (भवि० притеку́, притечёшь) बहना ।

притере́ть दे० притира́ть

притерпе́ться (आत्म० पू०) притерплю́сь, притерпи́шься) (-ка) अभ्यस्त हो जाना ।

притеса́ть दे० притёсывать.

притесне́ние (नपुं०) अत्याचार ; दमन ; दबाव ।

притесни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अत्याचारी ; दमन करनेवाला/वाली ; दबाव डालनेवाला/वाली ।

притесня́||ть (अपू०), **притесни́ть** (पू०) दमन करना ; दबाना ; ца́рское правительство —ло рабо́чих जार सरकार ने मजदूरों का दमन किया/-पर अत्याचार किया ।

притёсывать (अपू०), **притеса́ть** (पू०) (भवि० притешу́, притёшешь) (ठीक बैठाने के लिए) थोडा-सा काटना ।

прите́чь दे० притека́ть

притира́ть (अपू०), **притере́ть** (पू०) (भवि० притру́, притрёшь) १ रगड़कर तेज करना ; २ (धीरे-धीरे) मलना ; रगडना ; п. лицо́ му́ку पर पाउडर-सुर्खी आदि लगाना ।

прити́скивать (अपू०), **прити́снуть** (पू०) भींचना ; вы меня́ прити́снули к стене́ आपने मुझे दीवार के साथ भींच दिया ; **—ся** (आत्म०) भिंचना ।

притиха́ть (अपू०), **прити́хнуть** (पू०) चुप होना , शोर मचाना बन्द करना ।

приткну́ть (पू०) (सुई या पिन आदि से) लगाना ; **—ся** (आत्म०) : ему́ не́где —ся उसके बैठने/खडे होने के लिए कोई स्थान नहीं ।

прито́к (पुं०) १. अन्तर्वाह ; भीतर की ओर बहाव ; (बहकर) भीतर आने की क्रिया ; २. सहायक नदी/नाला ।

при́толока (स्त्री०) भरेठ ; करगहना (दरवाजे के ऊपर दीवार का बोझ सँभालने के लिए दी हुई लकडी) ।

прито́м (अ०) और ; इसके अतिरिक्त ।

прито́н (पुं०) (चोरों आदि की) गार ; गुफा ।

прито́пнуть दे० прито́пывать.

притопта́ть दे० притáптывать.

прито́пывать (अपू०), **прито́пнуть** (पू०) पाँव से कुचलना या एडी से थपथपाना ।

приторáчивать (अपू०), **приторочи́ть** (पू०) (चमोटे पर) उस्तरा तेज करना ।

при́торн||ость (स्त्री०) बहुत मिठास ; अतिमाधुर्य ; **—ый** (वि०) बहुत मीठा ; अतिमधुर ; —ый челове́к मधुरभाषी मनुष्य ; —ая улы́бка मधुर मुस्कान ।

приторочи́ть दे० приторáчивать

притра́гиваться (आत्म० अपू०), **притро́нуться** (आत्म० पू०) छूना ।

притуп||и́ть(ся) दे० притупля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) धारहीन करना ; मौथरा करना ; कुंठित करना ।

притупля́ть (अपू०), **притупи́ть** (पू०) (भवि० притуплю́, притупи́шь) (चाकू, छुरे आदि को) धारहीन करना ; मौथरा करना ; कुंठित करना ; **—ся** (आत्म०) १. (चाकू, छुरे आदि का) धारहीन होना ; मौथरा होना ; कुंठित होना ; २. притупля́ть का कर्मवाच्य ।

при́тча (स्त्री०) शिक्षाप्रद रूपक या कहानी ।

притяга́тельн||ость (स्त्री०) आकर्षण ; मनोहरता ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; मनोहर ।

притя́гивать (अपू०), **притяну́ть** (पू०) आकर्षित करना , खींचना ; मुग्ध करना ।

притяжа́тельн||ый (वि०) (व्या०) — ое местоимéние सम्बन्धसूचक सर्वनाम ।

притяже́ние (नपु०) आकर्षण ।

притяза́ние (नपु०) झूठा दावा ; माँग ।

притяну́ть दे० притя́гивать.

приударя́ть (अपू०), **приуда́рить** (पू०) १ (धीरे से) प्रहार करना ; मारना ; २ (अकर्मक) जोश से काम शुरू करना ; ३ (किसी स्त्री के) पीछे भागना ; प्रेम करना , आसक्ति दिखाना ।

приукраша́ть (अपू०), **приукра́сить** (पू०) (भवि० приукра́шу, приукра́сишь) सजाना ; अलकृत करना ।

приуменьша́ть (अपू०), **приуме́ньши́ть** (पू०) कम करना ; घटाना ।

приумножа́ть (अपू०), **приумно́жить** (पू०) गुणा करना ; बढाना ।

приумо́лкнуть (पू०) चुप होना ।

приуны́ть (पू०) विषण्ण होना ; उदास होना ।

приуро́чивать (अपू०), **приуро́чить** (पू०) समय नियत करना ।

приуса́дебный (वि०) : п. уча́сток निजी जमीन ।

приути́хнуть (पू०) (तूफान आदि का) शान्त हो जाना ; (वायु का) बन्द हो जाना , (बातचीत अथवा शोर का) बन्द हो जाना ।

приуча́ть (अपू०), **приучи́ть** (पू०) प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ; अभ्यस्त बनाना ; п. кого́-л. к дисципли́не अनुशासन का अभ्यस्त बनाना (अथवा आदत डालना) ; п. себя́ к терпе́нию सन्तोषी बनना सीखना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रशिक्षण लेना ; अभ्यस्त होना ; २. приуча́ть का कर्मवाच्य ।

прифранти́ться (आत्म० पू०) (прифранчу́сь, прифранти́шься) (वस्त्र पहनकर) सजना ; टिप-टाप होना , बना-ठना होना ।

прихва́рывать (अपू०), **прихвороу́ть** (पू०) बीमार पड़ना , ज्वर आना ।

прихвастну́ть (पू०) (कुछ) डींग मारना ; (थोड़ा-सा) घमड करना ; दून की हाँकना ।

прихва́тывать (अपू०), **прихвати́ть** (पू०) (भवि० прихвачу́, прихва́тишь) १. (अपने साथ) ले जाना ; २. उधार लेना ; ३. बाँधना ; ४. पाला मार जाना ; ठड मार जाना ; цветы́ прихвати́ло моро́зом फूलो को पाला मार गया है ; ५ (किस्सा) बढा-चढाकर सुनाना ।

прихворну́ть दे० прихва́рывать.

при́хвостень (पुं०) चाटुकार ; खुशामदी ; चापलूस ।

прихлеба́тель (पुं०) परजीवी ; टुकडखोर ।

прихлёбывать (अपू०), **прихлебну́ть** (पू०) थोडा-थोड़ा करके पीना ; घूँट भरना ।

прихло́пывать (अपू०), **прихло́пнуть** (पू०) १ धडाम से किवाड़ बन्द करना ; २. ताली बजाना ।

прихлы́нуть (पू०) (-की ओर) वेग से बहना ।

прихо́д (पुं०) **I.** आगमन ; **II.** आय ; आमदनी ; **III.** पादरी का प्रदेश (पैरिश) ।

приходи́ть (अपू०), **прийти́** (पू०) (वर्त० прихожу́, прихо́дишь, भवि० приду́, придешь) आना ; ну, вот мы и пришли́ लो हम आ गये ! ; п к соглаше́нию समझौता करना ; п к концу́ अन्त होना ; п в у́жас भयभीत होना ; п в го́лову सूझना ; п в изумле́ние चकित होना ; ему́ прихо́дит коне́ц **उसका अन्त समीप है** ।

приходи́ться (आत्म० अपू०), **прийти́сь** (आत्म० पू०) १ ठीक आना/बैठना ; ша́пка пришла́сь по голове́ टोपी सिर पर बिल्कुल ठीक आ गयी ; २ (-के) दिन होना ; (-के) दिन पड़ना ; выходно́й день прихо́дится на 7 ма́я छुट्टी का दिन ७ मई को पडता है ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) -पड़ना ; ему́ пришло́сь уе́хать उसको जाना पडा ; ему́ прихо́дится подожда́ть उसको प्रतीक्षा करनी पड़ेगी ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) с него́ прихо́дится пя́ть рубле́й उसे पाँच रूबल देने हैं ; на ка́ждого (из нас) прихо́дится по рублю́ हममें से प्रत्येक को एक रूबल मिलेगा ; ५. (केवल अपू०) он прихо́дится мне отцо́м

वह मेरा पिता है।

прихо́дн||ый (वि०) १. прихо́д-II से वि० ; —ая кни́га आय-खाता।

прихо́довать (अपू०) (—дую) (रकम) किसी मद मे जमा करना।

прихо́дский (वि०) पादरी के हल्के (पैरिश) का।

приходя́щий १. приходи́ть से कृदन्त ; २. (वि०) बहिरग ; बाहर का ; п. больно́й बहिरग रोगी / बाहर का रोगी ; ३. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आगन्तुक।

прихожа́н||ин (पु०), **—ка** (स्त्री०) पादरी के प्रदेश (पैरिश) का निवासी/निवासिनी।

прихо́жая (स्त्री०) (वि० रू०) ड्योढी ; प्रवेश-कमरा।

прихора́шиваться (आत्म० अपू०) सजना-सँवरना ; बना-ठना होना।

прихотли́в||ость (स्त्री०) वहमीपन ; सनकीपन ; मनमौजीपन ; **—ый** (वि०) १ वहमी ; सनकी ; मनमौजी ; तरगी ; २. (कलाकृति के बारे में) सुन्दर ; अभिराम ; —ый рису́нок सुन्दर चित्र/अभिराम चित्र।

при́хоть (स्त्री०) वहम ; सनक ; तरग।

прихра́мывать (अपू०) थोड़ा-थोड़ा लँगड़ाना।

прице́л (पु०) पश्चदर्शा ; बन्दूक की मक्खी।

прице́ливаться (आत्म० अपू०), **прице́литься** (आत्म० पू०) निशाना बाँधना ; लक्ष्य साधना।

прице́льный (वि०) निशाना बाँधने का ; निशाने का।

прице́ниваться (आत्म० अपू०), **прицени́ться** (आत्म० पू०) (-का) मोल करना।

прице́п (पु०) अनुयान (पीछे जुड़ी हुई गाड़ी) ; ट्रेलर।

прицепи́ться दे० прицепля́ться.

прице́пка (स्त्री०) १. कुंडी से कुंडी जोड़ने की क्रिया ; हुक लगाने की क्रिया ; २. किसीके दोष निकालना।

прицепля́ть (अपू०), **прицепи́ть** (पू०) (भवि० прицеплю́, прице́пишь) १ खूँटी या कील आदि पर अटकाना ; टाँगना ; हुक लगाना ; (रेलगाडी के डिब्बो को) जोडना ; २. (पतलून आदि का) बकसुआ लगाना ; **—ся** (आत्म०) १ चिपट जाना ; चिमट जाना ; (-से) जुड जाना ; २. पीछे पड जाना ; किसीके दोष निकालना ; ३. прицепля́ть का कर्मवाच्य।

прицепно́й (वि०) १ п. вагон = прице́п ; २. (नौचालन०) बन्धनी ; रज्जु।

причал́ (पु०) १ जहाज आदि को घाट पर बाँधने की क्रिया ; २. शायिका (रेल या जहाज में सोने की जगह) (अग्रेजी—बर्थ) ; ३ (पानी के जहाज को बाँधकर रखने का) लोहे का रस्सा।

причáливать (अपू०), **причáлить** (पू०) १. (घाट पर नाव आदि) बाँधना ; २. (अकर्मक) जहाज का घाट पर लगना।

причáстие (नपु०) (व्या०) **I.** कृदन्त ; **II.** ईसामसीह के स्मरणार्थ सहभोज (अग्रेजी—होली कम्यूनियन)।

причастúть दे० причащáть.

причáстн||ость (स्त्री०) सहभागिता ; शामिल होने की भावना ; **—ый** (वि०) १. सहभागी ; भाग लेनेवाला ; शामिल होनेवाला ; быть —ым (-में) सहभागी होना ; २. (व्या०) कृदन्त-सम्बन्धी।

причащáть (अपू०), **причастúть** (पू०) (भवि० причащу́, причасти́шь) (ईसाई धर्म में) सहभोज कराना।

причём (क्रि० वि०) **I.** п. я тут ? मेरा इससे क्या सम्बन्ध है ? ; он остáлся не п उसने व्यर्थ कष्ट उठाया ; **II.** (अ०) имéется два сосýда, п. каждый из них содéржит 2 лúтра молокá दो बर्तन हैं और प्रत्येक में दो लिटर दूध आता है।

причесáть(ся) दे० причесывать(ся).

причёска (स्त्री०) (बालो की) माँग ; बाल बनाने का ढँग ; мне нрáвится ее п. मुझे उस (स्त्री/लड़की) के बाल बनाने का ढँग अच्छा लगता है।

причёсывать (अपू०), **причеса́ть** (पू०) (भवि० причешу́, причёшешь) कंघी करना ; कंघी से बाल साफ करना ; बाल बनाना ; बाल काढना ; (नाई से) बाल बनवाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने बालो में कंघी करना ; २. причесывать का कर्म० रूप ।

причи́н||а (स्त्री०) हेतु ; कारण ; वजह ; и в сле́дствие कारण और कार्य ; по той и́ли ино́й —е किसी न किसी कारण से ; бе́зо вся́кой —ы बिना किसी कारण के ।

причини́ть दे० причиня́ть.

причи́нн||ость (स्त्री०) कारणत्व ; **—ый** (वि०) हेतुक ; कारण बतलानेवाला ।

причиня́ть (अपू०), **причини́ть** (पू०) (-का) कारण बनना ; п. вред हानि पहुँचाना ; и беспоко́йство चिन्ता उत्पन्न करना / कष्ट देना ।

причисле́ние (नपुं०) १. जमा करने / बढाने की क्रिया ; २. (-मे) गणन ; ३ (किसी विभाग मे) नियुक्ति ।

причисля́ть (अपू०), **причи́слить** (पू०) १. जमा करना ; बढ़ाना , २. (किसी विभाग में) नियुक्त करना ; и к воинско́й ча́сти सेना की टुकडी में नियुक्त करना ; ३ (-में) गणना होना ; गिना जाना ।

причита́||ние (नपुं०) विलाप ; **—ть** (अपू०) (-पर) विलाप करना ।

причита́||ться (आत्म० अपू०) —होना ; हिसाब में निकलना ; за рабо́ту ему́ —ется сто рубле́й उसके काम के (एवज मे) सौ रूबल निकलते हैं ; с вас —ется три рубля́ आपके हिसाब मे तीन रूबल निकलते हैं ।

причмо́кивать (अपू०), **причмо́кнуть** (पू०) (ओठो से) पुचपुच का शब्द करना ; п. от удово́льствия स्वाद से चटखारे लेना ; п., погоня́я ло́шадь घोड़े को तिकतिक करके हाँकना ।

причт (समू०) पादरीगण ।

причу́да (स्त्री०) १. सनक ; वहम ; बहक ; तरंग ; २. विचित्रता ।

причу́ди||ться (आत्म० पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष-रूप प्रयुक्त नही होते) दिखायी पड़ना ; लगना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лось, что उसको ऐसा लगा मानो .. ।

причу́длив||ость (स्त्री०) १. मौज ; तरंग ; २. विचित्रता ; **—ый** (वि०) १. मौजी ; तरंगी ; वहमी ; २. विचित्र ।

причу́д||ник (पु०), **—ница** (स्त्री०) सनकी ; झक्की ।

пришварто́вывать (अपू०), **пришварто́вать** (पू०) (भवि० —ту́ю) (पोत, नाव को) घाट पर बाँधना ; **—ся** (आत्म०) (नाव, जहाज आदि का) घाट पर लगना ।

прише́лец (पुं०) नवागन्तुक ; अजनबी ।

пришепётывать (अपू०) (कभी-कभी या कुछ करते हुए) कानाफूसी करना ; फुसफुसाना ।

прише́ствие (नपुं०) आगमन ।

пришиби́ть (पू०) १. चोट मारना ; २. निरुत्साहित करना ।

пришива́ние (नपुं०) सिलाई ; **—а́ть** (अपू०), **приши́ть** (पू०) (भवि० пришью́, пришьёшь) १. सीना ; २. приши́ть кому́-л. де́ло किसीके विरुद्ध मामला खड़ा करना ।

приш||и́вка (स्त्री०) १. सिलाई ; २ सिला हुआ टुकड़ा आदि ; **—ивно́й** (वि०) अलग सिया हुआ ; —ивно́й воротни́к अलग सिया हुआ कालर ।

приши́ть दे० пришива́ть.

при́шлый (वि०) बाहर से आया हुआ , अजनबी ; नवागन्तुक ।

пришпи́ливать (अपू०), **пришпи́лить** (पू०) पिन लगाना ।

пришпо́ри||вать (अपू०), **пришпо́рить** (पू०) (घोड़े के) एड़ लगाना ; он —л коня́ उसने घोड़े के एड़ लगायी ।

прищёлкивать (अपू०), **прищёлкнуть** (पू०) (उँगली) चटकाना ; (चाबुक से) चट-चट का शब्द करना ; (जिह्वा से) 'टिच' का शब्द करना ।

прищем||ля́ть (अपू०), **прищеми́ть** (पू०) (भवि० прищемлю́, прищеми́шь) कुचलना ; चिथलना ; पिचा लेना ; —и́ть себе́ па́лец अपनी उँगली कुचल लेना/पिचा लेना , —и́ть па́лец две́рью किवाड मे उँगली पिचाना ।

прищепля́ть (अपू०), **прищепи́ть** (पू०) (भवि० прищеплю́, прищепишь) (वन०) कलम लगाना ।

прищу́ривать (अपू०), **прищу́рить** (पू०) п. глаза́ = прищу́риваться ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) आँखे तरेरना ।

прию́т (पु॰) आश्रय ; शरण ; पनाह ; де́тский п. अनाथालय ; роди́льный п. मातृकागृह ; найти́ п आश्रय/पनाह ढूँढ़ना ।

приюти́ть (पू०) (भवि० приючу́, приюти́шь) आश्रय देना ; शरण देना ; पनाह देना ; **—ся** (आत्म०) शरण लेना ; पनाह लेना ।

прия́знь (स्त्री०) मित्रभाव ; सद्भावना ।

прия́тель (पु ०), **—ница** (स्त्री०) मित्र ; **—ский** (वि०) मित्र का ; मित्रतापूर्ण ।

прия́тн||о (क्रि० वि०) प्रीतिकर ढँग से ; अनुकूल रीति से , **—ый** (वि०) प्रिय , रुचिकर , सुन्दर ; अनुकूल ; —ый вид प्रियदर्शन/सुन्दर ; —ая но́вость शुभ समाचार ।

про (अ०) १. विषय में ; बारे मे ; он говори́л ему́ п. э́ту кни́гу उसने उससे इस पुस्तक के बारे में कहा था ; २. लिए ; э́то не п. вас यह आपके लिए नही ; □ п. себя́ अपने मन में ; он поду́мал п себя́ उसने अपने मन में सोचा ।

про- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. 'बीच में से' अथवा 'आर-पार' का अर्थ, जैसे простреля́ть (गोली आर-पार करना) ; проруби́ть (बीच में से काट डालना) ; २ 'पास से' का अर्थ, जैसे прое́хать (पास से जाना), пробежа́ть (भागकर पास से निकल जाना) ; ३. हानि अथवा खर्च सूचित करने का अर्थ, जैसे проигра́ть (हारना) ; промота́ть (रुपया उड़ा देना अथवा फ़िज़ूल खर्च करना) ; проторгова́ться (व्यापार में हानि उठाना) ; ४. कार्य का किसी निश्चित समय तक जारी रहना सूचित करने का अर्थ, जैसे просиде́ть всю ночь (सारी रात बैठे रहना) ; проспа́ть до́ утра (प्रातःकाल तक सोना) ; ५ कार्य की पूर्णरूपेण समाप्ति सूचित करने का अर्थ, जसे прочита́ть (पूरा पढ लेना) ; ६. क्रियाओ के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे звуча́ть (बजना) से прозвуча́ть.

проанализи́ровать दे० анализи́ровать.

про́б||а (स्त्री०) १. परीक्षा ; परीक्षण ; п голосо́в स्वर-परीक्षा ; २ (परीक्षा के लिए ली गयी किसी धातु की) मात्रा ; नमूना ; ३. (बहुमूल्य धातुओ पर लगा) चिह्न ; ४. मात्रा ; मानक ; зо́лото 56-о́й —ы ६५ कैरेट सोना ।

пробавля́ться (आत्म० अपू०) (-пр) निर्वाह करना ; गुजारा करना ।

пробаси́ть (पू०) (пробашу́, пробаси́шь) मोटे स्वर में बोलना ।

пробе́г (पु॰) दौड ।

пробе́||га́ть (अपू०), **пробежа́ть** (पू०) (भवि० пробегу́, пробежи́шь) १. (पास से, बीच में से) दौड़ जाना ; २. дрожь —жа́ла у меня́ по те́лу मेरे शरीर में भय की लहर दौड़ गयी ।

пробе́л (पु॰) १. खाली स्थान ; लोप ; छूट ; воспо́лнить —ы खाली स्थान भरना ; २. कमी ; п. в образова́нии शिक्षा की कमी ; воспо́лнить п. कमी पूरी करना ।

пробива́ть (अपू०), **проби́ть** (पू०) (भवि० пробью́, пробьешь) छेद करना ; सुराख निकालना ; (गोली) आर-पार निकालना ; (दीवार) गिराना ; तोड़ना ; п. путь, доро́гу रास्ता खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (सघर्ष करके) अपना रास्ता बनाना ; बीच में से निकल जाना ; —ся сквозь толпу́ भीड़ में से अपना रास्ता बना लेना ; २. (पौधो का) फूट निकलना ; ३. пробива́ть का कर्मवाच्य ।

проби́вка (स्त्री०) छेद/सुराख करने की क्रिया ।

пробира́ть (अपू०), **пробра́ть** (पू०) (भवि० проберу́, проберешь) १. भर्त्सना करना ; डाँटना ; झिडकी देना ; झाड पिलाना ; बुरा-भला कहना ; २: хо́лод пробира́л его́ उसे ठड लग गयी ; **—ся** (आत्म०) अपना रास्ता बनाना ; с трудо́м —ся вперед वह कठिनाई से आगे बढ़ा ; —ся густы́м куста́рником उसने घनी झाडियो में से अपना रास्ता बनाया ; —ся на цы́почках दबे पाँव चलना / पजो के बल चलना।

проби́рка (स्त्री०) (रसायनशाला मे) परीक्षा करने की काँच-नली।

проби́р‖ный (वि०) :— ос клеймо́ धातुओ को प्रामाणिक करने का चिह्न ; п. ка́мень कसौटी ; —ная пала́та बहुमूल्य धातुओ की परीक्षा करने का दफ्तर ; **—щик** (पु०) बहुमूल्य धातुओ की परीक्षा करनेवाला।

проби́ть I. दे० пробива́ть ; **II.** दे० бить.

проби́ться (आत्म० पू०) १. दे० пробива́ться ; २ (कुछ समय के लिए) -से सघर्ष करना।

про́бк‖а (स्त्री०) १. काग, बोतल की डाट, २. लकडी या धातु का प्लग ; ३. (यातायात का) जाम हो जाना (रुक जाना) ; ४. (बिजली का) फ्यूज ; □ глуп, как п ниста мужчи́на, **—овый** (वि०) काग का ; डाट का।

пробле́м‖а (स्त्री०) समस्या ; **—ати́ческий, —ати́чный** (वि०) समस्यात्मक ; समस्या-।

про́блеск (पु०) क्षणिक ज्योति/कान्ति ; मन्द प्रभा ; किरण ; п. наде́жды आशा की किरण।

проблужда́‖ть (पू०) (रास्ता भूलकर) घूमना ; भटकना ; он —л два часа́ वह (रास्ता भूलकर) दो घटे भटकता रहा।

про́бный (वि०) परीक्षा का ; п. полет परीक्षा की उड़ान।

редколлéгия (स्त्री०) (редакциóнная коллéгия) सम्पादक-मंडल ।

рéдкостный = рéдкий-२.

рéдкость (स्त्री०) १. विरलता ; दुर्लभ वस्तु ; २. अपूर्व वस्तु ; अनूठी वस्तु ।

редýкция (स्त्री०) ह्रास ; घटाव ; कमी ।

редуцúровать (अपू० और पू०) (—рую) घटाना ; कम करना ।

рéдьк||а (स्त्री०) सहजना की जड ; □ надоéло óто емý хýже гóрькой —и इसके मारे उसकी नाक मे दम है ।

режúм (पु०) राज्य ; शासन ; शासन-पद्धति ; (टेक०) स्थिति ; दर ; температýрный р. ताप-स्थिति ।

реéстр (पु०) सूची ; रजिस्टर ।

режиссёр (पु०) (रगमंच का) निर्देशक ; निर्माता ।

резáк (पु०) चाकू ; छुरी ।

рéзальн||ый (वि०) —ая машúна कर्तन-यन्त्र ; काटने की मशीन ।

рéзать (अपू०), **раз—, за—, вы-резать, с—** (पू०) १ (разрéзать पू० के साथ) १. काटना, छेदना ; आपरेशन करना ; २. (केवल अपू०) (चाकू आदि से) काटना ; нож не рéжет चाकू चलता (काटता) नहीं ; ३. (зарéзать पू० के साथ) (चाकू, छुरे से) कत्ल कर डालना ; किसीका गला काटना ; ४. (вырезать पू० के साथ) खुदाई का काम करना ; सगतराशी करना ; नक्काशी करना ; ५. (केवल अपू०) веревка рéжет пáльцы रस्सी से उँगलियाँ कट गयी हैं ; у негó рéжет в животé उसके पेट में दर्द हो रहा है ; ६. (срéзать पू० के साथ) (परीक्षा में) असफल होना ; विफल होना □ р. прáвду в глазá खरी-खरी सुनाना ; **—ся**

(आत्म० अपू०), **порéзаться** (आत्म० पू०) १. у негó рéжутся зýбы उसके दाँत निकल रहे हैं ; २. जोश से या सोत्साह खेलना ; ३. рéзать १, २, ३, का कर्मवाच्य ।

резви́ться (आत्म० अपू०) खेलना-कूदना ; дéти резви́лись пóсле урóка पाठ के बाद बच्चे खेलते कूदते रहे ।

рéзвость (स्त्री०) १. फुर्तीलापन ; चंचलता ; р. ребенка बच्चे की चचलता ; р. умá बुद्धि की चचलता ; २. (घोडे की) रफ्तार ।

рéзвый (वि०) १ फुर्तीला ; चचल ; २. तेज (घोडा) ।

резéрв (पु०) प्रारक्षित सेना ; **—ный** (वि०) प्रारक्षित ।

резервуáр (पु०) जलाशय ।

резéц (पु०) १. (टेक०) कर्तक ; काटनेवाला ; छेनी , २. राजदत (आगे का काटनेवाला चौड़ा दाँत) ।

резидéнт (पुं०) निवासी ।

резидéнция (स्त्री०) निवास ।

резúна (स्त्री०) रबड ।

резúнка (स्त्री०) लचकदार तस्मा ।

резúновый (वि०) रबड़ का ।

рéзка (स्त्री०) कटाई ।

рéзк||ий (वि०) तीखा ; तेज ; प्रचड ; р. вéтер प्रचड वायु , —ие словá तीखे शब्द ; —ие тонá तेज रँग ; —ая крúтика तीखी आलोचना ; कडी आलोचना ।

рéзк||о (क्रि० वि०) तीखेपन से ; तेजी से ; एकाएक . **—ость** (स्त्री०) १. तीखापन ; तेजी ; २ तीखे बोल ; धृष्टता ।

резнóй (वि०) नक्काशी किया हुआ ; खोदा हुआ ।

резня́ (स्त्री०) वध ; हत्या ; नर-सहार ।

резолю́ц||ия (स्त्री०) प्रस्ताव , приниматъ —ию प्रस्ताव पास करना ।

резóн (पुं०) युक्ति ; तर्क ।

резонáнс (पुं०) अनुनाद ; प्रतिध्वनि ।

резонáтор (पुं०) अनुनादक ।

резонéр (पुं०) कुतर्की ; तर्कप्रिय ।

резонёрствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) तर्क करना ; बहस करना ।

резони́ровать (अपू०) (—рую) प्रतिध्वनि करना ; अनुनाद करना ।

резóнный (वि०) युक्तिपूर्ण ; तर्कपूर्ण ।

результáт (पुं०) फल ; परिणाम ; в —е परिणामत· ।

рéзчик (पुं०) (लकडी, धातु पर) खुदाई का काम करनेवाला ; नक्काश ।

резь (स्त्री०) शूल ।

резьбá (स्त्री०) (लकडी आदि पर) नक़्काशी या खुदाई का काम ।

резюмé (अ०) साराश ; अनुवृत्त ; संक्षेप ।

рей (पुं०) (नौचालन०) गज ।

рейд (पुं०) **I.** लंगरगाह ; नौकाश्रय ; **II.** हवाई हमला ।

рéйка (स्त्री०) तख्ते की पट्टी ; फट्टा ।

рейс (पुं०) चर्क ; मार्ग ; खेप ; (पानी के जहाज का) एक ओर का सफर ।

рейсфéдер (पुं०) आलेखनी ।

рейсши́на (स्त्री०) टी-स्क्वेयर ।

рейту́зы (बहु०) (घुडसवारी की) बिरजिस ।

рекá (स्त्री०) नदी ।

рекапитуля́ция (स्त्री०) सक्षेपावृत्ति ।

рéквием (पु०) (मृतात्मा की शान्ति के लिए) ईश्वर से प्रार्थना ।

реквизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (सरकार द्वारा कोई स्थान, कारखाना आदि) अधिग्रहण करना ।

реквизи́ция (स्त्री०) अधिग्रहण ।

рекла́ма (स्त्री०) विज्ञापन ; इश्तहार ।

реклами́ровать (अपू० और पू०) (—рую) विज्ञापन देना ; इश्तहार देना ।

рекогносци́ровать (अपू० और पू०) (—рую) टोह लेना ; पर्यवेक्षण करना ; शत्रु की गतिविधि की पड़ताल करना ।

рекогносцирóвщик (पुं०) टोह लेनेवाला ; पर्यवेक्षक ।

рекомендáтельн||ый (वि०) рекомендáция से वि० ; सिफारिशी ; —ое письмó सिफारिशी चिट्ठी ।

рекомендáция (स्त्री०) सिफारिश ।

рекоменд||овáть (अपू० और पू०) (—дýю) १. सिफारिश करना ; २. सलाह देना ; **—ся** (आत्म०) सिफारिश किया जाना ; वाछनीय होना ; такóй спóсоб не —ýется यह ढग वांछनीय नही/यह ढँग अपनाने की सिफारिश नही की जाती ।

реконструи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पुनर्निर्माण करना ।

реконстру́кция (स्त्री०) पुनर्निर्माण ।

рекóрд (पु०) रिकार्ड ; побúть р. रिकार्ड तोड़ना ।

рекордсмéн (पु०) रिकार्ड तोड़नेवाला ।

рéкрут (पु०) रँगरूट ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) रँगरूट भरती करना ; **—ский** (वि०) रँगरूट का ; —ский набóр रँगरूटो की भरती ।

ректификáция (स्त्री०) संशोधन ; परिशोधन ।

рéктор (पु०) (विश्वविद्यालय में) अधिशिक्षक ; रेक्टर ।

релé (नपु०) (टेक०) योजन ; योजित्र ।

религиóзн||ость (स्त्री०) धर्मनिष्ठा ; **—ый** (वि०) धार्मिक , धर्म ; —ые вóйны धर्म-युद्ध ।

религия (स्त्री०) धर्म ।

реликвия (स्त्री०) अवशेष ।

реликтовый (वि०) अवशेष का ; अवशेष ।

рельéф (पु०) (चित्रकला) उत्कीर्ण कृति ।

рельéфно (क्रि० वि०) उत्कीर्ण रूप से ।

рельéфн||ый (वि०) (चित्रकला) उत्कीर्ण ; —ая рабóта उत्कीर्ण कृति ।

рельс (पु०) रेल की पटरी ; сходúть с —ов पटरी से उतर जाना ।

рéльсов||ый (वि०) р. путь रेल की पटरी ; —ая сеть रेल की पटरियों का जाल ।

релятивúзм (पु०) सापेक्षवाद ।

рема́рка (स्त्री०) मंच-निर्देशन ।

ремённ||ый (वि०) (चमडे के) पट्टे का ; с —ым приводóм (चमडे के) पट्टे से खीचा जानेवाला ।

ремéнь (पु०) पट्टा ; पेटी ; поясно́й р. (कमर पर बाँधने की चमडे की) पेटी ।

ремéсленн||ик (पु०) कारीगर ; शिल्पी ; **—ичество** (नपु०) दस्तकारी ; कारीगरी ; शिल्प-कौशल ; **—ый** (वि०) दस्तकारी का ; शिल्प- ।

ремеслó (नपु०) व्यवसाय ; कारोबार ; दस्तकारी ; शिल्प ।

ремешóк (पु०) (चमड़े की) छोटी पेटी ; तस्मा ; (घडी बाँधने का) फीता ।

реми́з (पु०) (ताश में) जुर्माना ; постáвить р. जुर्माना देना ।

ремилитаризáция (स्त्री०) पुन सैन्यीकरण ।

реминисцéнция (स्त्री०) सस्मरण ।

ремóнт (पु०) १ मरम्मत ; सधारण ; быть в —е जिसकी मरम्मत की जा रही हो ; २. = ремонти́рование-२ ; **—и́рование** (नपु०) १. = ремóнт ; २. (सेना०) पुनरुपस्करण ; फिर से लैस करना ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) मरम्मत करना , **—ный** (वि०) १. मरम्मत का ; —ная мастерскáя मरम्मत की दुकान/कारखाना ; २. (सेना०) घुडसवार ।

ренегáт (पु०), **—ка** (स्त्री०) गद्दार ; स्वधर्मत्यागी ; स्वधर्मद्रोही/द्रोहिणी ; अपने धर्म को बदलनेवाला/वाली ; अपने पक्ष या दल का त्याग करनेवाला/वाली ; **—ство** (नपु०) गद्दारी ; स्वधर्म-परित्याग ; धर्म बदलने की क्रिया ; अपने पक्ष या दल का त्याग ।

реномé (नपु० अ०) ख्याति ; यश ।

рéнта (स्त्री०) किराया ; लगान ; भाड़ा ।

рентáбельн||ость (स्त्री०) लाभदायिता ; लाभप्रदता ; **—ый** (वि०) लाभदायक ; लाभप्रद ।

рентгенизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) एक्स-रे करना ।

рентге́новский (वि०) एक्स-रे का ।

реорганиз||а́ция (स्त्री०) पुनर्गठन ; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—зу́ю) पुनर्गठन करना ।

ре́па (स्त्री०) शलजम ।

репара́ция (स्त्री०) (युद्ध) क्षतिपूर्ति ; तावान ; हर्जाना ।

репатриа́ция (स्त्री०) देश-प्रत्यावर्तन ; देश वापस भेजना ।

репертуа́р (पुं०) (किसी नाट्य-सस्था द्वारा तैयार की गयी) नाटक-सूची ।

репети́ровать (अपू०) (—рую) १. (नाटक का) पूर्वाभिनय करना ; रिहर्सल करना ; २. (केवल अपू०) (विद्यार्थी को) पढ़ाना ।

репети́тор (पुं०) शिक्षक ।

репети́ция (स्त्री०) (नाटक का) पूर्वाभिनय ; रिहर्सल ।

ре́плика (स्त्री०) १. उत्तर , प्रतिकथन ; २. (नाटक०) अन्त्य वचन ; किसी पात्र की उक्ति के अन्तिम शब्द ।

реполо́в (पुं०) एक प्रकार की गानेवाली चिडिया ।

репорта́ж (पुं०) विवरण ।

репорте́р (पुं०) सवाददाता , विवरण देनेवाला ।

репресса́лии (पुं०) (बहु०) बदला ; प्रतिशोध ।

репресси́вный (वि०) दमनकारी ; दबानेवाला ।

репре́ссия (स्त्री०) दमन ; दबाव ।

репроду́ктор (पुं०) ध्वनिवर्धक ; (अग्रेजी—लाउड-स्पीकर) ।

репроду́кция (स्त्री०) जनन ।

репти́лия (स्त्री०) उरग ; रेगकर चलनेवाले जन्तु ।

репута́ция (स्त्री०) ख्याति ।

ре́пчатый (वि०) शलजम-जैसा ; р лук प्याज ।

рескри́пт (पुं०) शाही फरमान [किसी बडे आदमी के नाम सम्राट् का पत्र जिसमे उसकी सेवाओ के लिए उसे धन्यवाद दिया गया हो और किसी पुरस्कार की घोषणा की गयी हो ।]

ресни́ца (स्त्री०) बरौनी ; पलक के किनारे के बाल ।

респекта́бельн||ость (स्त्री०) मान्यता ; प्रतिष्ठा ; कुलीनता ; **—ый** (वि०) मान्य ; प्रतिष्ठित , आदरणीय ।

респу́блика (स्त्री०) गणराज्य ।

республика́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) अमरीका मे रिपब्लिकन पार्टी का सदस्य/सदस्या ।

рессо́ра (स्त्री०) (गाडी के) स्प्रिग ।

рес(с)урс (पुं०) साधन ।

реставра́ция (स्त्री०) पुन:स्थापन ; यथास्थापन ।

реставри́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पुन स्थापन करना , यथापूर्व स्थापन करना ।

ресторан́ (पु०) रेस्तराँ ।

ресу́рс = рессу́рс.

ретив||о (क्रि० वि०) जोश से ; सोत्साह ; उत्साहपूर्वक ; **—ость** (स्त्री०) जोश ; उत्साह ; **—ый** (वि०) जोशीला ; उत्साही ; उत्साहपूर्ण ।

рети́на (स्त्री०) रेटीना ; आँख के पिछले भाग का चित्रपट ।

ретирова́ться (आत्म० अपू० और पू०) (—руюсь) पीछे हटना , मैदान छोडना ।

ретрибу́ция (स्त्री०) प्रतिकार ।

ретроград́ (पु०), **—ка** (स्त्री०) प्रतिगामी ; प्रतिक्रियावादी पुरुष/स्त्री ।

ретроспекти́вный (वि०) पूर्वव्याप्ति-सहित ; पिछली तारीख से लागू होनेवाला ; р взгляд सिंहावलोकन ।

ретуши́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (चित्र आदि) सुधारना ; दोष-निवारण करना ।

рефера́т (पुं०) निबन्ध ।

референ́дум (पुं०) जनमत-सग्रह ।

рефле́ксия (स्त्री०) (भौ०) परावर्तन ; प्रतिबिम्ब ।

рефле́ктор (पुं०) (भौ०) परावर्तक ।

рефо́рм||а (स्त्री०) सुधार ; производи́ть —у सुधार करना ; **—а́тор** (पुं०) सुधारक ; **—а́ция** (स्त्री०) सुधार-कार्य ।

реформи́зм (पुं०) सुधारवाद ।

реформи́ст (पु॰) सुधारवादी ।
рефракто́метр (पु॰) वर्तनांकमापी ।
рефра́ктор (पु॰) (भौ॰) वर्तक ।
рефра́кция (स्त्री॰) (भौ॰) वर्तन ।
рефре́н (पु॰) (सगीत) टेक ।
рефрижера́тор (पु॰) प्रशीतक (अग्रेजी—रेफ्रीजरेटर) ।
рехну́ться (आत्म॰ पू॰) पागल होना ।
рецензе́нт (पु॰) समीक्षक ।
рецензи́ровать (अपू॰), **про—** (पू॰) (—рую) समीक्षा करना ।
реце́нзия (स्त्री॰) समीक्षा ।
реце́пт (पु॰) नुस्खा ।
реце́пция (स्त्री॰) अगवानी ; स्वागत ।
рецидив (पु॰) (रोग का) प्रत्यावर्तन ; फिर से आ जाना ; **—и́зм** (पु॰) प्रत्यावर्तिता ; **—и́ст** (पु॰), **—и́стка** (स्त्री॰) प्रत्यावर्ती / प्रत्यावर्तिनी ; फिर से जुर्म करनेवाला/वाली ।
речево́й (वि॰) वाचिक ; वाणी-सम्बन्धी ।
речи́стый (वि॰) वाचाल ।
ре́чка (स्त्री॰) छोटी नदी ; नाला ।
речно́й (वि॰) नदी का ; р. песо́к नदी का रेत ।
реч||ь (स्त्री॰) १. भाषा ; родна́я р. मातृभाषा , २. वाणी ; дар —и वाणी का वरदान ; ३. उच्चारण ; отчетливая р. स्पष्ट उच्चारण ; ४. गोष्ठी ; चर्चा ; о чем р. ? किस बात की चर्चा हो रही है ? ; р. идет о том प्रश्न यह है कि..., об э́том не́ было и —и इसका तो जिक्र ही नही आया ; ५. भाषण ; приве́тственная р. स्वागत-भाषण ; ६. (व्या॰) пряма́я р. प्रत्यक्ष कथन ; वक्ता के अपने शब्द ; ко́свенная р. परोक्ष कथन ; ча́сти —и विवेचन-पद ।
реша́ть (अपू॰), **реши́ть, порешить** १. (-का) निर्णय करना , फैसला करना ; он реши́л е́хать उसने जाने का निर्णय कर लिया ; २. (реши́ть पू॰ के साथ) हल करना ; э́то реша́ет вопро́с इससे प्रश्न हल हो जाता है ।
реша́ться (आत्म॰ अपू॰), **реши́ться** (आत्म॰ पू॰) १. इरादा कर लेना ; फैसला करना ; २. реша́ть का कर्मवाच्य ।
реша́ющий १. реша́ть से कृदन्त ; २ (वि॰) निर्णायक ; निर्णयात्मक ।
реше́ние (नपु॰) १ फैसला ; संकल्प ; २. (प्रश्न का) हल ; निष्कर्ष ।
решётка (स्त्री॰) जगला ; जाली ।
решето́ (नपु॰) चलनी ; протира́ть сквозь р. चलनी में छानना ।
реши́мость (स्त्री॰) सकल्प-शक्ति ; दृढता ।
реши́тельн||о (क्रि॰ वि॰) १. दृढतापूर्वक ; निश्चयपूर्वक ; он р про́тив э́того वह दृढ़ता से इसका विरोध करता है ; २. निश्चित रूप से ; ३. बिल्कुल ; он р ничего́ не де́лает वह बिल्कुल कुछ नही करता ; **—ость** (स्त्री॰) सकल्प-शक्ति ; दृढता ; **—ый** (वि॰) १ निर्णायक ; निर्णयात्मक ; —ая борьба́ निर्णयात्मक सघर्ष ; २. निश्चयात्मक ; दृढ , पक्का ; —ая похо́дка पक्का कदम ; —ым о́бразом निश्चित रूप से ।
реши́ть(ся) दे॰ реша́ть(ся).
ре́шка (स्त्री॰) : орел или р. चित्त या पट्ट ।
решо́тка = решётка.
ре́я (नौचालन॰) = рей.
ре́ять (अपू॰) मँडराना ; हवा मे घूमना ; पंख फड़फडाना ।
ржа (स्त्री॰) १ मोरचा ; जंग ; २. (पौधो का) काला रोग ।
ржа́веть (अपू॰), **по—** (पू॰) मोरचा लग जाना ; जग लगना ।
ржа́вость (स्त्री॰) मोरचा ; जग ।
ржа́вчин||а (स्त्री॰) १. मोरचा ; जंग ; изъе́денный —ой मोरचा खाया हुआ ; जंग लगा हुआ ; २. (पौधो का) काला रोग ।
ржа́вый (वि॰) मोरचा खाया हुआ ; जंग लगा हुआ ।
ржа́ние (नपु॰) घोड़े की हिनहिनाहट ।
ржа́нка (स्त्री॰) एक प्रकार की बुलबुल जैसी चिड़िया ।

ржан||о́й (वि०) · —а́я му́ка रई (नाम के अनाज) का आटा ।

ржать (अपू०) १. (घोड़े का) हिनहिनाना ; २. घोडे की हिनहिनाहट की तरह हँसना ।

ри́га (स्त्री०) खलिहान ।

ридикю́ль (पुं०) स्त्रियो का जालीदार बटुआ ।

ри́за (स्त्री०) चैज्यूबल (पादरी की धार्मिक त्यौहार पर पहनने की वर्दी) ।

рикоше́т (पुं०) टप्पा ; भूमि, अथवा जल पर तोप के गोले का टप्पा खाकर गिरना ; —ом टप्पा खाने पर ।

ри́млян||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) रोम-निवासी/निवासिनी ; रोमी ।

ри́мский (वि०) रोम का ; रोमी ; p. па́па पोप ।

ри́нуться (आत्म० पू०) वेग से दौड़ना ।

ри́пер (पु ०) (टेक०) चीरने/फाड़ने का औज़ार ।

рис (पुं०) चावल , धान ।

риск (पु ०) खतरा ; जोखिम ; с —ом для жи́зни जान जोखिम मे डालकर ।

рискну́ть (पू०) १. दे० рискова́ть ; २. साहस करना ।

рискова́ть (अपू०), **рискну́ть** (पू०) (वर्त० —ку́ю) जोखिम में डालना ; खतरा मोल लेना ; साहस करना ; p. жи́знью जान जोखिम मे डालना ।

рисова́льн||ый (वि०) आलेखन-; चित्रकला-सम्बन्धी ; ड्राइग का ; —ая бума́га ड्राइंग का कागज ; आलेखन-पत्र ।

рисова́ние (नपुं०) चित्रकला ; आलेखन ; ड्राइग ।

рисова́ть (अपू०), **нарисова́ть** (पू०) (वर्त० рису́ю, рису́ешь) १. चित्र खीचना ; २. आलेखन करना ; चित्रित करना ; **—ся** (आत्म०) चित्रित होना ; विशिष्ट आकृति धारण करना ।

ри́совый (वि०) चावल का ।

рису́нок (पुं०) चित्र ; (कढ़ाई का) नमूना ।

ритм (नपु ०) ताल ; लय ; **—и́ческий** (वि०) ताल का ; लय का ।

ри́тор (पुं०) अलंकार-शास्त्रज्ञ ।

ритори́ческий (वि०) आलंकारिक ।

ритуа́л (पुं०) सस्कार ।

риф (पुं०) **I** बाँछा ; बादबान-पर्दा ; **II.** पथरीला तट ।

ри́фма (स्त्री०) अन्त्यानुप्रास ; काफिया ।

рицин́ (पुं०) अरिड (वृक्ष) ।

рицино́в||ый (वि०) अरिंड का ; —ое ма́сло अरिंड का तेल ।

робе́ть (अपू०) भीरुता / डरपोकपन दिखाना ।

ро́бкий (वि०) भीरु ; डरपोक ।

ро́бость (स्त्री०) भीरुता ; डरपोकपन ।

ров (पु ०) खाई ।

рове́сник (पु ०) समसामयिक ; समकालीन ; समवयस्क ।

ро́вно (क्रि० वि०) १. बराबर ; एक जैसे ; २. ठीक ; p. 10 рубле́й ठीक दस रूबल ; p. (в) 2 часа́ ठीक दो बजे ; ३. बिल्कुल ; p. ничего́ не понима́ть बिल्कुल कुछ न समझना ; ४. नियमित रूप से ; се́рдце би́лось p. हृदय नियमित गति से धड़क रहा था ।

ро́вн||ый (वि०) १. एकसार ; समतल ; हमवार ; चौरस ; —ая доро́га हमवार सडक ; २. p. го́лос समस्वर ; समप्रवाही स्वर ; p. кли́мат एक जैसी जलवायु ; □ p. счет बराबर लेखा ; लेन-देन बराबर ।

ровня́ (उभ०) बराबर ; он тебе́ не p. वह तेरे बराबर का नही ।

ровня́ть (अपू०), **с—** (पू०) बराबर करना ।

рог (पुं०) १. सीग ; २. (बजाने की) सीगी ; बिगुल ।

рога́стый (वि०) बड़े सीगोवाला ।

рога́т||ина (स्त्री०) रीछ मारने की बर्छी ; **—ка** (स्त्री०) १. घुमौवा फाटक ; २. गुलेल ।

рога́тый (वि०) सीगोंवाला ; кру́пный p. скот ढोर ; मवेशी ।

рогови́ца (स्त्री०) आँख की पुतली (अंग्रेजी—कॉर्निया) ।

рогов||о́й (वि०) सींग का ; —áя гребенка सींग की कघी ; —áя оболóчка आंख की पुतली (अंग्रेजी—कौर्निया) ।

рогóжа (स्त्री०) (पेड़ आदि के छिलके की बनी) चटाई ।

рогонóсец (पु ०) व्यभिचारिणी स्त्री का पति ; परकीया-पति ।

род (पुं०) १. परिवार ; सम्बन्धी ; नातेदार ; जन्म ; उद्गम ; नस्ल ; без —у, без плéмени बिना (किसी) सगे-सम्बन्धी के ; он хорóшего —а वह अच्छे परिवार की है ; २. जाति ; वर्ग ; गण ; человéческий р. मानव-जाति ; ३. प्रकार ; всякого —а товáры सब प्रकार का माल ; ४. (व्या०) लिंग ; мужскóй р. पुल्लिंग ; жéнский р. स्त्रीलिंग ; срéдний р नपुंसकलिंग ; □ в некóтором —е कुछ हद तक ; емý 8 лет óт —у वह आठ वर्ष का है / उसकी आयु आठ वर्ष है ; емý на —ý написáно यह उसके भाग्य में लिखा है ।

рóдий (पुं०) (रस०) रोडियम ।

родúльн||ица = рожéница ; —ый (वि०) : р. дом प्रसूति-गृह ; जच्चाखाना ; —ая горя́чка प्रसव-ज्वर ।

родúмчик (पुं०) बालाक्षेपक ; ऐंठन (बच्चो का एक रोग जिसमे उसका शरीर काँपता है और बेहोशी होती है) ।

родúм||ый = роднóй ; —ое пятнó तिल ; मस्सा ।

рóдина (स्त्री०) मातृभूमि ।

рóдинка (स्त्री०) तिल ; मस्सा ।

родúны (बहु०) प्रसव-पीड़ा ।

родúте||ли (बहु०) माता-पिता ; **—ль** (पुं०) पिता ; **—льница** (स्त्री०) माता ।

родúтельный (वि०) р падéж (व्या०) सम्बन्धकारक-रूप ।

родúтельский (वि०) माता-पिता का ।

родúть(ся) दे० рождáть(ся).

рóдич = рóдственник.

родни́к (पुं०) सोता ; चश्मा ।

родникóв||ый (वि०) सोते का ; चश्मे का —ая водá सोते का जल ।

родни́ть (अपू०), **по—, с—** (पू०) १. (сродни́ть पू० के साथ) समीप लाना ; २. (породни́ть पू० के साथ) सम्बन्धी बनाना ; **—ся** (आत्म०) सम्बन्धी बनना ।

родничóк (पुं०) चाँद ; बच्चे की कपाल की हड्डी की दरार (जो जुडी नही होती) ।

роди||óй (वि०) १. सगा ; सम्बन्धी ; онú —ы́е брáтья वे सगे भाई हैं ; э́то егó р. дя́дя यह उसका चचा है ; २. देशी ; —áя странá स्वदेश ; —áя земля́ मातृभूमि ; р. гóрод अपना नगर ; ३. (सम्बोधन में प्रयुक्त) प्रिय ! / मेरा प्यारा ! , ४ (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (बहु०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; □ р язы́к मातृभाषा ।

родня́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; блúзкая р. निकट सम्बन्धी ; он мне р. वह मेरा रिश्तेदार है ।

родовúт||ость (स्त्री०) रक्त ; खून ; **—ый** (वि०) अभिजात ; कुलीन ; खानदानी ।

родов||óй (वि०) **I.** १. पैतृक ; —ое имýщество, имéние पैतृक सम्पत्ति ; बपौती ; २. जनजातीय ; कबीले का ; ३. जातीय ; **वर्गीय** ; ४. (व्या०) लिंग-सम्बन्धी ; **II.** प्रसव-सम्बन्धी ; —ые потýги प्रसव-पीड़ा ।

рóдом (क्रि० वि०) जन्म से ; он р. нéмец जन्म से वह जर्मन है ।

родоначáльник (पु ०) १. पूर्वज ; २. पिता ।

родослóвная (स्त्री०) (वि० रू०) वंशावली ; वंशनामावली ।

родослóвн||ый (वि०) वंश-सम्बन्धी ; आनुवंशिक ; —ое дéрево वंशावली ।

рóдственн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ; नातेदार ; блúзкий р. निकट सम्बन्धी ; **—ость** (स्त्री०) १. साम्य ; २. (सम्बन्धों की) घनिष्ठता ; **—ый** (वि०) १.

सम्बन्धी का ; नाते का ; रिश्ते का ; —ые свя́зи नाते के बन्धन ; रिश्तेदारी के बन्धन ; २. —ые наро́ды परस्पर सम्बन्धित जातियाँ ; —ые языки́ सहपारिवारिक भाषाएँ ; एक परिवार की भाषाएँ ; ३. सुपरिचित ।

родство́ (नपुं०) सम्बन्ध ; रिश्ता ; नाता ; кро́вное р खून का रिश्ता ।

ро́ды (बहु०) प्रसव-पीडा ।

рое́ние (नपु०) मधुमक्खियो का एकत्रित होना ।

ро́ж||а (स्त्री०) **I.** भट्टा मुँह ; बूथा ; стро́ить —и मुँह बनाना ; **II.** (चिकि०) अरुणचर्म ।

рожа́ть (अपू०) जनना ।

рожда́емость (स्त्री०) जन्म की दर ।

рожда́ть (अपू०), **роди́ть** (पू०) (भवि० рожу́, роди́шь) जनना ; जन्म देना ; она́ родила́ сына́ उस (स्त्री) ने बालक/पुत्र को जन्म दिया ; **—ся** (आत्म०) १ जन्म लेना ; उत्पन्न होना ; у него́ роди́лся сын उसके बालक/पुत्र ने जन्म लिया ; २ (विचार आदि का) सूझना ; ३. उगना ; फलना-फूलना ; пшени́ца роди́лась хорошо́ в э́том году́ इस वर्ष गेहूँ की फसल अच्छी है ।

рожде́ни||е (नपु) जन्म ; प्रसव ; день —я जन्मदिन ।

рождественский (वि०) क्रिसमस का ।

рождество́ (नपुं०) क्रिसमस ।

рожени́ца (स्त्री०) प्रसविनी ; प्रसू ; जच्चा ।

рожо́к (पुं०) १. рог का अल्प० ; २. (बच्चे को दूध पिलाने की) शीशी/बोतल ; ३ जूता पहनने का चम्मच ।

рожо́н (पु०) · лезть на р. ऊखली में सिर देना ।

рожь (स्त्री०) रई नाम का एक अनाज ।

ро́за (स्त्री०) गुलाब का फूल ; गुलाब का पौधा ।

розо́н (पुं०) १. गुलाब का फूल ; २. गुलाब का पौधा ।

ро́звальни (बहु०) रोज़वालनी (एक प्रकार की नीची चौडी स्लेज) ।

ро́зга (स्त्री०) (बच्चों को मारने का) बेत ; наказывать —ми बेंत से पीटने की सज़ा देना ; बेत लगाना ।

розмари́н (पुं०) केशवास (एक प्रकार का सुगन्धित पौधा) ।

ро́зниц||а (स्त्री०) फुटकर ; в —у फुटकर में ।

ро́зничный (वि०) फुटकर का ; р магази́н फुटकर बिक्री की दुकान ।

ро́зно (क्रि० वि०) अलग से ।

рознь (स्त्री०) १. मतभेद ; फूट ; २ अन्तर ; □ се́ять р. फूट के बीज बोना ; челове́к человеку р. ससार मे भाँति-भाँति के लोग है ; मनुष्य मनुष्य में अन्तर है ।

розова́тый (वि०) गुलाबी-सा ।

розове́ть (अपू०), **по—** (पू०) गुलाबी होना ।

ро́зовый (वि०) १. गुलाबी रँग ; २. ро́за से वि० ।

ро́зыгрыш (पुं०) १ (लॉटरी आदि) निकालना ; २. बराबर मैच/खेल ।

ро́зыск (पुं०) तलाशी ।

рои́ться (आत्म० अपू०) मधुमक्खियो का एकत्रित होना ।

рой (पु०) मधुमक्खियो का दल ।

рок (पु०) (केवल एकवचन) भाग्य ; злой р. दुर्भाग्य ।

роково́й (वि०) घातक ।

ро́кот (पुं०) दहाड ; गडगड़ाहट ।

рокота́ть (अपू०) दहाड़ना ; गड़गड़ाना ।

ро́лик (पु०) १. बेलन ; २. (मेज़ आदि के नीचे) छोटा-सा पहिया ; конько́й на —ах रोलर-स्केट ।

роль (स्त्री०) (नाटक की) भूमिका ; पार्ट ; игра́ть р. Га́млета हैमलेट की भूमिका करना ।

ром (पु०) रम (एक प्रकार की शराब) ।

рома́н (पुं०) १. उपन्यास ; २. (स्त्री और पुरुष के बीच) प्रेम-सम्बन्ध ।

романи́ст -I (पुं०) उपन्यासकार ; **II.** रोमी भाषा-विज्ञ ; रोमी भाषाओ का ज्ञाता ।

романи́стика (स्त्री०) रोमीभाषा-विज्ञान ।

романи́ческ||ий—ое (वि०) रोमानी ; —ое приключе́ние रोमानी साहस कार्य ।

рома́нс (पु॰) प्रेम-गीत ।

рома́нск||ий (वि॰) —ие языки́ रोमीय भाषाएँ ।

романти́зм (पु॰) रोमानवाद ।

рома́нтик (पु॰) रोमानवादी ।

романти́ческий (वि॰) रोमानवादी ।

рома́шка (स्त्री॰) बाबन॰ ; कपूँर पुष्प ।

ромб (पु॰) (ज्यामिति) राम्बस ।

роня́ть (अपू॰), **у—** (पू॰) १. गिराना ; २. (केवल अपू॰) (पत्तों का, पखों का) गिराना ; ३. हानि पहुँचाना ।

ро́пот (पु॰) १. कलकल शब्द ; २. बडबड़ाहट ।

роптáть (अपू॰) (ропщу́, ро́пщешь) १. कलकल शब्द करना , २. बडबड़ाना ।

роса́ (स्त्री॰) ओस ; появля́ется р. ओस पड रही है ।

роси́нк||а (स्त्री॰) ओस की बूँद ; □ у него́ ма́ковой —и во рту́ не было उसके पेट मे तो रोटी का एक कौर भी नही गया था ।

роси́стый (वि॰) ओसदार ।

роско́шный (वि॰) शानदार , ठाठ-बाट का ।

ро́скошь (स्त्री॰) शान-बान , ठाठ-बाट ; तडक-भड़क ।

ро́слый (वि॰) लम्बा-तगड़ा ; लम्बे कद का ; कद्दावर ।

ро́сный (वि॰) ओस का ।

ро́спись (स्त्री॰) (केवल एकवचन) (समू॰) भित्ति-चित्र ।

ро́спуск (पु॰) भग करने की क्रिया ; (सदन, बैठक आदि का) विसर्जन ।

росси́йский (वि॰) रूस का ।

ро́сска́зни (बहु॰) कल्पित कथाएँ ।

ро́ссыпь (स्त्री॰) खान ; золота́я р. सोने की खान ।

рост (पु॰) १. वृद्धि ; बढ़ोतरी ; उन्नति ; २. क़द ; ऊँचाई ; большо́го —а कद्दावर ; (कद का) लम्बा ; —ом 175 сантиме́тров (कद मे) १७५ सेंटीमीटर लम्बा ; □ дава́ть де́ньги в р. ब्याज पर रुपया चलाना ।

ростовщи́||к (पु॰) सूदखोर ; ब्याज पर रुपया चलानेवाला ; **—чество** (नपु॰) सूदखोरी ।

росто́к (पु॰) शाखा ; अकुर ।

ро́счерк (पु॰) (लिखाई में) पुँछल्ला ; □ одни́м —ом пера́ लेखनी की एक चोट से ।

рот (पु॰) मुँह ; дыша́ть ртом मुँह से साँस लेना ; име́ть шесть ртов в семье́ परिवार मे छह जीव (व्यक्ति) होना ; рази́нув р आश्चर्य से मुँह खोले हुए / आश्चर्यचकित , не брать в р. मुँह से न लगाना ; он вина́ в р. не берет वह शराब छूता भी नही ।

ро́та (स्त्री॰) (सेना॰) कम्पनी ; р. свя́зи सिगनल-कम्पनी ; стрелко́вая р राइफल-कम्पनी ।

ротацио́нн||ый (वि॰) घूर्णक-; घुमानेवाला ; —ая маши́на घूर्णक यन्त्र ।

ро́тмистр (पु॰) (घुडसवार सेना मे) कप्तान ।

ро́тный (वि॰) (सेना॰) १. कम्पनी का ; २. कम्पनी-कमाडर ।

ротозе́й (पु॰) आवारा ; निठल्ला , वृथा समय नष्ट करनेवाला ।

ротóнда (स्त्री॰) १. गोलाकार भवन ; २. स्त्रियों के पहनने का बिना आस्तीनो का ऊनी अँगरखा ।

ро́тор (पु॰) (बिजली का) घूर्णक ।

ро́хля (स्त्री॰ (उभ॰) रेढी ; वृथा नष्ट करनेवाला ।

ро́ща (स्त्री॰) कुज ; वृक्षवाटिका ।

роял||и́зм (पु॰) राजवाद ; **—и́ст** (पु॰) राजवादी ।

роя́л||ь (पु॰) पियानो ; игра́ть на —е पियानो बजाना ।

рту́тный (वि॰) पारे का ।

ртуть (स्त्री॰) पारा ; पारद ।

руба́ка (पु॰) तलवार का धनी ।

руба́нок (पु॰) (बढई का) रन्दा ।

руба́ха (स्त्री॰) (मोटे कपडे की) कमीज़ ।

руба́шка (स्त्री॰) १. (पुरुष की) कमीज़ ; (स्त्री की) सेमीज़ ; ночна́я р. (पुरुष की रात को पहनने की) कमीज़ ; (स्त्री का) गाउन ; २. (टेक॰) जाकेट ; ३. (घोडे, कुत्ते आदि का) रँग ; ४. (ताश के पत्ते की) उलटी ओर ।

рубе́ж (पु॰) सीमा ; за —о́м विदेश ।

рубе́ц (पु॰) **I.** १. सीवन ; २. मगज़ी ; ३. घाव का चिह्न ; दाग , ४. कोड़े या डडे की मार का निशान ; **II.** १. उदर ; पेट ; तोद ; २. पशुओ का पेट ।

руби́льник (पु॰) (बिजली का) बड़ा स्विच ।

руби́н (पु॰) लालमणि ; माणिक ।

руби́новый (वि॰) लालमणि/माणिक का ।

руби́ть (अपू॰) (рублю́, ру́бишь) १. (पेड़ काटकर) गिराना ; २. (लकडियाँ) काटना ; (माँस आदि का) कीमा बनाना ; ३. (तलवार आदि से) काटना ; **—ся** (आत्म॰) १. तलवारो से लड़ना ; २. руби́ть का कर्मवाच्य ।

ру́бище (नपु॰) (केवल एकवचन) चीथडा ।

ру́бка (स्त्री॰) **I.** पेड काटकर गिराने की क्रिया ; कटाई ; कीमा बनाने की क्रिया ; **II.** (जहाज में) डेक-केबिन ।

рублёв||ка (स्त्री॰) एक रूबल का नोट ; **—ый** (वि॰) एक रूबल का ।

ру́бленый (वि॰) काटा हुआ ; कीमा बना हुआ ।

рубль (पु॰) रूबल (रूसी सिक्का) ; □ копе́йка р бережет вю́д-вю́д сто́ рубле́й ।

ру́брика (स्त्री॰) (अध्याय आदि का) शीर्षक ।

ру́гань (स्त्री॰) गाली , अपशब्द ।

руга́тель||ный (वि॰) गालियो/अपशब्दो से भरा हुआ ; **—ство** (नपु॰) गाली ; भर्त्सना ; फटकार ।

руга́ть (अपू॰), **вы́ругать, ругну́ть** (पू॰) १. गाली देना ; अपशब्द कहना ; झाडना , २. आलोचना करना ; **—ся** (आत्म॰) १. अपशब्द कहना ; गाली देना ; फटकारना ; २. (एक-दूसरे को) गाली देना ।

ругну́ть(ся) दे॰ руга́ть(ся).

руда́ (स्त्री॰) अयस्क ; कच्ची धातु ।

рудиме́нт (पु॰) (किसी विषय का) मूल/आधारभूत तत्त्व ; **—арный** (वि॰) मूल ; अविकसित ; प्राथमिक ।

рудни́к (पु॰) खान ।

ру́дный (वि॰) руда́ से वि॰ ।

ру́дня (स्त्री॰) खान ।

рудоко́п (पु॰) खनिक ; खान में काम करनेवाला ।

рудоподъёмник (पु॰) अयस्क उत्थापक (कच्ची धातु उठानेवाली मशीन) ।

ружье́йный (वि॰) बन्दूक का ; राइफल का ।

ружь||ё (नपु॰) बन्दूक ; стреля́ть из —я́ बन्दूक चलाना ।

руи́на (बहु॰) खँडहर ।

рук||а́ (स्त्री॰) १. हाथ ; बाँह ; уме́лые —и́ कुशल हाथ ; Мохан взял Си́ту по́д руку मोहन ने सीता की बाँह मे बाँह डाल ली ; вести́ за́ руку हाथ पकडकर ले जाना ; маха́ть —о́й हाथ हिलाना ; пожима́ть ру́ку हाथ दबाना/मिलाना ; —а́ми не тро́гать ку́пуа हाथ से न छुएँ ; २. लिखाई ; दस्तखत ; четкая р. साफ लिखाई ; □ брать в свои́ ру́ки अपने हाथ मे लेना ; дава́ть ру́ку на отсече́ние शपथ लेना/जान की बाज़ी लगाना ; ему́ и кни́ги в ру́ки वह खूब जानता है ; махну́ть —о́й (на) (-का) विचार छोडना ; нажи́ть ру́ку कुशलता प्राप्त करना ; наложи́ть на себя́ ру́ки आत्मघात करना ; он на ру́ку нечи́ст उसको चोरी की आदत है ; у него́ ру́ки опуска́ются वह बिल्कुल हताश है ; от рук отби́ться हाथ से निकल जाना ; под —о́й पहुँच में/समीप ; разводи́ть —а́ми चकित होना ; ру́ки прочь हाथ मत लगाइए ; сиде́ть сложа́ ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; сон в ру́ку स्वप्न सत्य निकलना ; шить на —а́х हाथ से सीना ।

рука́в (पु॰) १. आस्तीन ; बाँह ; २. (नदी की) शाखा ; ३. पौधो पर पानी छिड़कने की नली ; □ де́лать что-л. спустя́ —а́ किसी काम को मन से न करना ।

рукави́ца (स्त्री॰) १. (बिना उँगलियो का) दस्ताना ; २. लोहे का दस्ताना ।

рука́вчик (पु॰) १. छोटी आस्तीन ; (कमीज के) कफ़ ।

рукоблу́дие (नपुं०) हस्तमैथुन ।

руководи́тель (पुं०) १. अग्रणी ; अगुआ ; नेता ; २. शिक्षक ; अध्यापक ; кла́ссный р. कक्षा-अध्यापक ।

руководи́ть (अपू०) (руковожу́, руково́дишь) १. नेतृत्व करना ; अगुआई करना ; मार्ग-प्रदर्शन करना ; २. निर्देशन करना ।

руково́дство (नपुं०) १. (क्रिया) मार्ग-प्रदर्शन ; नेतृत्व ; २. (समू०) नेतागण ; ३. पुस्तिका ; मार्ग-दर्शिनी ; गाइड ।

руково́дствоваться (आत्म० अपू०) (वर्त० —ствуюсь) अनुसरण करना ; р. указа́ниями निर्देशों का अनुसरण करना ।

руководя́щ||ий (कृदन्त और वि०) प्रमुख ; अग्र ; —ая идея́ प्रमुख विचार ; —ая статья́ अग्रलेख/सम्पादकीय ; —ие अधिकारी ।

рукоде́лие (नपुं०) कढाई ; हाथ का काम ।

рукоде́льница (स्त्री०) कढाई का काम करने-वाली ।

рукомо́йник (पुं०) (हाथ धोने की) चिलमची ।

рукопа́шная (स्त्री०) (वि० रू०) हाथापाई ; गुत्थमगुत्था ।

рукопа́шный (वि०) : р. бой हाथापाई ; हाथाबाँही ।

рукопи́сный (वि०) हस्तलिखित ।

ру́копись (स्त्री०) हस्तलेख ; हस्तलिखित प्रति ; पाडुलिपि ।

рукоплеска́ние (नपुं०) तालियाँ बजाने की क्रिया ।

рукоплеска́ть (अपू०) (वर्त० рукоплещу́, рукопле́щешь) तालियाँ बजाना ।

рукопожа́т||ие (नपु०) : обме́ниваться —ием हाथ मिलाना ।

рукоя́||тка, —ть (स्त्री०) हत्था ; दस्ता ; मूठ ।

рулево́й (वि०) १. (पोत या नाव में) सुकान का ; पतवार-सम्बन्धी ; २. (पोत या नाव में) कर्णधार ; पतवरिया ।

руле́тка (स्त्री०) नापने का फीता ।

руль (पुं०) (पोत का) सुकान ; पतवार ; (वायुयान का) चालक-पहिया ।

румб (पु०) (कुतुबनुमा) बिन्दु ।

румы́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) रुमानिया-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) रुमानिया का ; р язы́к रुमानिया की भाषा ।

румя́на (स्त्री०) गालों पर लगाने की सुर्खी ; गाजा ।

румя́н||ец (पुं०) गालो की (स्वाभाविक) लाली/सुर्खी ; (लज्जा की) लाली ; залива́ться —цем लजाना / (लज्जा के मारे) मुँह लाल हो जाना ।

румя́нить (अपू०), **на—** (पू०) (गालो पर) सुर्खी लगाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) गालो पर सुर्खी लगाना ।

румя́ный (वि०) गुलाबी ; सुर्ख (गालो पर का रँग) ।

руно́ (नपु०) (भेड़ की) ऊन ।

ру́пор (पुं०) (ग्रामोफोन आदि का) धूतू ; भोंपू ।

руса́к (पु०) (शरद ऋतु का भूरे रँग का) खरहा ।

руса́л||ка (स्त्री०) जलपरी ; **—очий** (वि०) जलपरी का ।

ру́сло (नपुं०) (नदी का) पाट ।

ру́сский (वि०) १ रूसी ; р язы́к रूसी भाषा ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) रूसी (व्यक्ति) ।

ру́сый (वि०) गोरा मनुष्य जिसके बाल गहरे काले न हो बल्कि सुनहरे हो ।

ру́та (स्त्री०) सदापहा (एक प्रकार का सुगन्धित पौधा) ।

руте́ний (पुं०) (रस०) रुथेनियम ।

рути́на (स्त्री०) नितचर्या ; नित्यक्रम ।

рутинёр (पुं०), **—ка** (स्त्री०) अनुदार ; पुराणपन्थी ।

рути́нный (वि०) नित्यक्रम का ; नितचर्या- ।

ру́хлядь (स्त्री०) (समू०) काठ-कबाड़ ।

рухля́к (पुं०) खतीली मिट्टी ।

ру́хну||ть (पू०) ढह जाना ; गिर पड़ना ; नष्ट होना ; पानी फिर जाना ; все его́ пла́ны —ли उसकी सब योजनाओ पर पानी फिर गया ।

руча́тельство (नपु॰) जमानत ; ज़िम्मेदारी ; गारंटी ; часы́ с —м गारंटी वाली घडी ।

руча́||ться (आत्म॰ अपू॰), **поручи́ться** (आत्म॰ पू॰) (किसी वस्तु की) प्रतिभूति करना ; गारंटी करना ; (किसी मनुष्य की) प्रतिभूति करना ; जमानत करना ; ज़िम्मेदारी लेना ; я —юсь, что сде́лаю э́то मै यह करने की ज़िम्मेदारी लेता हूँ ।

руче́й (पु॰) नाला ; स्रोत ; छोटी नदी ।

ручеёк (पु॰) руче́й का अल्प॰ ।

ру́чка (स्त्री॰) १ рука́ का अल्प॰ , २. हत्थी ; р две́ри द्वार की हत्थी ; २. (कुर्सी, सोफे की) बाँह ; ३ होल्डर ; डंडी ; автомати́ческая р. फाउंटेन-पेन ।

ручни́к (पु॰) १ शिल्पी , हाथ के काम मे दक्ष/कारीगर ; २ हथौडी ।

ручн||о́й (वि॰) **I.** १ हाथ का ; बाँह का ; —ы́е часы́ हाथ की घडी ; २ हाथो द्वारा किया हुआ ; р труд हाथ का काम ; ३. हाथ से चलनेवाला , —а́я пила́ हाथ की आरी ; **II.** सधाया हुआ ; पालतू ।

ру́шиться (आत्म॰ अपू॰ और पू॰) ढह जाना ; गिर जाना ।

ры́б||а (स्त्री॰) मछली ; уди́ть —у मछली पकडना ।

рыба́к (पु॰) मछेरा ; माहीगीर ।

рыба́||цкий, —чий (वि॰) मछली पकड़ने का ; मछेरे का ; —чья ло́дка मछलियाँ पकड़ने की नाव ।

рыба́чить (अपू॰) मछलियाँ पकडना ।

рыба́чка (स्त्री॰) १. मछलियाँ पकड़नेवाली औरत ; २. मछेरे की पत्नी ।

рыбёшка (स्त्री॰) छोटी मछली ।

ры́б||ий, —ный (वि॰) मछली का ।

рыбово́д (पु॰) मत्स्यपालक ; मछलियाँ पालनेवाला ; **—ство** (नपु॰) मत्स्यपालन ; मछलीपालन , **—ческий** (वि॰) मछलीपालन-सम्बन्धी ।

рыболо́в (पुं॰) मछलियाँ पकडनेवाला ; मछेरा ; **—ный** (वि॰) मछलियाँ पकड़ने का ; —ное су́дно मछलियाँ पकडने की छोटी नाव ; **—ство** (नपुं॰) मछली-उद्योग ।

рыбопромы́шленность (स्त्री॰) मछली-उद्योग ।

Ры́бы (ज्योतिष॰) मत्स्य ।

рыв||о́к (पुं॰) झटका ; —ка́ми झटको से ।

рыга́ть (अपू॰), **рыгну́ть** (पू॰) डकार लेना ।

рыда́ние (नपुं॰) सिसकी लेने की क्रिया ।

рыда́ть (अपू॰) सिसकी लेना ; आहे भरना ।

рыжеборо́дый (वि॰) लाल दाढीवाला ।

рыжева́тый (वि॰) लाल-सा ; लोहित ।

рыже́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) लाल-सा होना ; लोहित होना ।

ры́жий (वि॰) १ लाल-सा , लाल बालोवाला ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि॰ रू॰) विदूषक ।

рыка́ть (अपू॰) दहाडना ।

ры́ло (नपु॰) (सूअर आदि का) थूथुन ।

ры́льце (नपु॰) १. ры́ло का अल्प॰ ; २. कुक्षि ; पुष्पकेशर का अग्रभाग ।

ры́нд||а (स्त्री॰) **I.** चौदहवी—सत्रहवी शताब्दी के जारो का अगरक्षक , **II.** (पोत का) घटा ; бить —у दोपहर का (बारह बजे का) घटा बजाना ; गजर बजाना ।

ры́н||ок (पुं॰) मडी ; बाजार ; **—очный** (वि॰) मडी का ; बाजार का ; по —очной цене́ मडी के भाव पर ।

рыса́к (पुं॰) दुलकी चलनेवाला घोडा ।

ры́сий (वि॰) १. рысь से वि॰ ; २. (नेत्रो के विषय मे) तीक्ष्ण ; भेदक ।

рыси́ст||ый (वि॰) —ая ло́шадь दुलकी चलनेवाला घोडा ।

ры́скать (अपू॰) (ры́скаю, ры́скаешь और ры́щу, ры́щешь) घूमना ; विचरना ; इधर-उधर भागना ; в лесу́ ры́щут во́лки जंगल में भेड़िये घूम रहे हैं ।

рысца́ (स्त्री॰) दुलकी चाल ।

рысь (स्त्री॰) **I.** वनबिलाव ; बिल्ली की तरह का एक जगली पशु ; **II.** (घोड़े की) दुलकी चाल ।

ры́твина (स्त्री०) लीक ; चक्रमार्ग ; धारी ।

рыть (अपू०) (वर्त० рóю, рóешь) खोदना ; सुरग खोदना ; कुरेदना , (घोड़े का खुर से) ज़मीन कुरेदना ; (सूअर का थूथुन से) भूमि खोदना ।

рытьё (नपुं०) खुदाई ।

ры́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (वर्त० рóюсь, рóешься) खोदना ; (खँडहर आदि) खोदना ; छान मारना ।

рыхли́ть (अपू०) (भूमि) पोली करना ; नर्म करना ; भुरभुरी बनाना ।

ры́хл||ость (स्त्री०) भुरभुरापन ; पोलापन ; **—ый** (वि०) (भूमि) पोली ; नर्म ; भुरभुरी ।

ры́царский (वि०) सरदार का ।

ры́царь (पुं०) सरदार (अंग्रेजी—नाइट) ; р. стра́ствующий साहसी राजराणक ; मुहिम-जो-बाँका ।

рыча́г (पुं०) (टेक०) उत्तोलक ; लीवर ।

рыча́ние (नपुं०) गर्जन ; गुर्राहट ।

рыча́ть (अपू०), **про—** (पू०) गरजना ; गुर्राना ।

рья́н||о (क्रि० वि०) उत्साहपूर्वक ; जोश से ; **—ость** (स्त्री०) उत्साह ; जोश ; **—ый** (वि०) उत्साही ; जोशीला ।

ряби́на (स्त्री०) I. एक तरह की रसभरी ; II. (चेचक आदि का) दाग ।

ряб||и́ть (अपू०), **за—** (पू०) (भवि० ряблю́, ряби́шь) १. (केवल अपू०) (पानी आदि का) छलछलाना ; कलकल करना ; २. दाग पड़ना ; о́спа ряби́т лицо́ चेचक से मुँह पर दाग पड़ जाते हैं ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ —и́т в глаза́х उसकी आँखे चौंधिया गयी हैं ।

ря́бник (पुं०) तामड़े रँग की मुर्गी ।

ря́бь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (पानी की) लहर ; छलछलाहट ; (आँखो की) चौंधियाहट ।

ря́вкать (अपू०), **ря́вкнуть** (पू०) दहाड़ना ; रँभाना ।

ряд (पुं०) १. पंक्ति ; р. за —ом पंक्तियों में ; पंक्ति पर पंक्ति ; २. माला ; शृंखला ; सिलसिला ।

ряди́ться -I (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ряжу́сь, ряди́шься) (मूल्य का) सौदा करना ।

ряди́ться -II (आत्म० अपू०), **на—** (आत्म० पू०) (वस्त्र पहनकर) सजना ; वस्त्र पहनना ।

рядко́м = ря́дом.

рядово́й (वि०) १. सामान्य ; साधारण ; २. साधारण सिपाही ।

ря́дом (क्रि० वि०) १. बाजू में ; पहलू में ; साथ में ; сиде́ть р. с кем-л. किसीके बाजू में बैठना ; २ साथ का ; он живет р. वह साथ के मकान में रहता है ; сплошь и р. बहुधा ; प्रायः ।

ря́са (स्त्री०) पादरियो का चोगा ।

ря́ска (स्त्री०) कारड घास (काँसा आदि) ।

С

с, со (अ०) १. साथ ; समेत ; और ; он приéхал с детьмú वह बच्चो समेत आ गया ; чай с молокóм दूध की चाय ; с улы́бкой मुस्कराहट के साथ/मुस्कराकर ; с интересом दिलचस्पी के साथ ; кни́га с карти́нками सचित्र पुस्तक ; брат с сестрóй ушлú भाई और बहन चले गये; мы с тобóй, мы с вáми मैं और तुम/मैं और आप ; □ с рабóтой все хорошó काम ठीक चल रहा है ; что с тобóй ? तुझे क्या हो गया ? ; с годáми, с вóзрастом э́то пройдет समय/उम्र के साथ-साथ यह भी चला जायेगा ; с кáждым днем दिन-प्रतिदिन ; с послéдним пóездом अन्तिम गाडी से ; २. से ; पर से , упáсть с кры́ши छत पर से गिर जाना ; снять кольцó с пáльца उँगली से अँगूठी उतारना ; вернýться с рабóты काम से लौटना ; рисовáть портрéт с кого́-л किसीका चित्र खीचना ; с рáдости प्रसन्नतापूर्वक ; ३. से (समय-सूचक) , с сентября́ по декáбрь सितम्बर से दिसम्बर तक ; с трех до пяти́ तीन से पाँच तक ; □ с пéрвого взгля́да देखते ही ; с головы́ дó ног सिरे से पाँव तक ; со сна अधजगा / अधसोया ; с вáшего согла́сия आपकी अनुमति से ; с ви́ду देखने में ; ४ जितना; के बराबर ; लगभग ; प्राय. ; с була́вочную голóвку पिन के सिरे जितना ; с вас рóстом आपके कद का , тудá бýдет с киломéтр यहाँ से लगभग एक किलोमीटर होगा ।

с- (со-, съ-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. विभिन्न दिशाओ से एक ही विन्दु की ओर गति तथा मिलना सूचित करने का अर्थ ; जैसे сходи́ться (विभिन्न दिशाओ से आकर मिलना) ; соединя́ть (जोडना) ; २. ऊपर से नीचे को गति का अर्थ, जैसे слезть (नीचे उतरना) ; склони́ть (झुकाना) ; ३ बिल्कुल अलग कर देने का अर्थ, जैसे срéзать (काटकर अलग कर देना) ; сорвáть (फाड़ देना) ; ४. कार्य की पूर्ति का अर्थ, जैसे сжечь (जला देना) ।

сáбельный (वि०) खड्ग/तलवार का ।

сáбля (स्त्री०) खड्ग ; तलवार ।

сабот||áж (पुं०) अन्तर्ध्वंस ; दुष्टतामूलक अपकरण ; तोड़फोड़ ; **—áжник** (पु०), **—áжница** (स्त्री०) अन्तर्ध्वंसक ; तोड़-फोड करनेवाला/वाली ; दुष्टतामूलक अपकरण करनेवाला/वाली ; **—áжничать, —и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अन्तर्ध्वंस करना ; तोड-फोड करना ; दुष्टतामूलक अपकरण करना ; शरारत से हानि पहुँचाना ।

сабýр (पुं०) (वन०) घीकुँआर , ग्वारपाठा ।

сáван (पु०) १. कफन ; मृतक को उढाने की चादर ; २ आवरण ।

саврáсый (वि०) (घोडे के विषय में) लालीमाइल भूरा ।

сáга (स्त्री०) आल्हा ; वीर-कथा ।

сагити́ровать (पू०) (—рую) अपने पक्ष में कर लेना ।

сáго (नपुं०) साबूदाना ।

сад (पुं०) उपवन ; बाग ।

сад||и́зм (पुं०) पीडनतोष ; एक प्रकार की मानसिक यौन रुग्णता जिसमें व्यक्ति परपीडन में आनन्द लेता है ; **—и́ст** (पुं०) पीडनतोष ; **—и́стский** (वि०) पीडनतोष ।

сади́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० сажý, сади́шь) पौधा लगाना ।

сади́ться (आत्म० अपू०), **сесть** (आत्म० पू०) (वर्त० сажýсь, сади́шься ; भवि० ся́ду, ся́дешь) **I.** १. बैठना ; उठ बैठना ; он сел на стул वह कुर्सी पर बैठ गया ; он сел в постéли वह (उठकर) चारपाई पर बैठ गया ; २.

(गाड़ी आदि पर) बैठना ; चढ़ना ; он сел на пóезд в Москвé वह मास्को में गाडी पर बैठ गया ; емý нáдо сесть на этот трамвáй उसको इस ट्राम में बैठना चाहिए ; ३. (पक्षी का स्वतन्त्रतापूर्वक) बैठना ; (घुन्ध आदि का) पड़ना ; ४ (सूर्य, चन्द्रमा का) अस्त होना ; **II.** (कपडे का) सिकुड जाना ।

сáднить (अपू०) (घाव आदि में) जलन होना ।

садóвник (पु॰) माली ; बागबान ।

садовóд (पु ०) औद्यानिकीविद् ; बागबानी का जानकार ; **—ство** (नपु॰) औद्यानिकी ; बागबानी ; **—ческий** (वि०) औद्यानिकीय ; बागबानी-सम्बन्धी ।

садóв||ый (वि०) १. औद्यानिक ; उपवन-सम्बन्धी ; बाग का ; २ —ые цветы (बगीचे के) फूल ।

садóк (पु॰) १. मछली पालने का कुंड/तालाब ; २. पशु पालने का बाडा ; ३ (हिसक जन्तुओ को पकडने का) स्थान-विशेष ; (बडा) पिजडा ।

сáжа (स्त्री०) (धुएँ की) कालिख ; काजल ।

сажáть, посадúть (पू०) (भवि० посажý, посадúшь) १. आरोहित करना ; बिठाना ; с на трон सिहासन पर बिठाना ; с в тюрьмý जेल मे डालना/कैद करना ; с. под арéст हिरासत मे लेना ; с. кýрицу на яйца मुर्गी को अडो पर बिठाना ; २. с. хлеб в печь भट्टी में रोटी लगाना ; ३. (पौधा) लगाना ।

сáженец (पु॰) (एक जगह से उखाडकर दूसरी जगह लगाया हुआ) छोटा पौधा ।

сáжень (स्त्री०) साझेन (एक रूसी नाप = ७ फुट या २१३ सेंटीमीटर ।

сазáн (पु॰) मीठे पानी की एक मछली ।

сáйка (स्त्री०) डबल रोटी ।

сак (पु॰) १. बोरी ; थैला ; २. स्त्रियो का ढीला और चौडा कोट ।

саквояж (पु॰) सफरी थैला ।

сáкля (स्त्री०) साक्ल्या (काकेशस-निवासियों का घर) ।

сакраментáльный (वि०) धार्मिक ; पवित्र ।

салáзки (बहु०) (हाथ से खींची जानेवाली) स्लेज ।

салáка (स्त्री०) एक प्रकार की मछली ।

салáт (पु॰) सलाद ।

сáло (नपु॰) १. चर्बी ; २. बर्फ की पतली परत ।

салóн (पु ०) १. बडी बैठक ; २. नाई की दुकान ।

салóп (पु॰) स्त्रियो का चौड़ा कोट ।

салфéтка (स्त्री०) नेपकिन ; (खाने के मेज पर का) रुमाल ।

сáльдо (नपु॰) शेष ; बकाया ।

сáльн||ость (स्त्री०) अश्लीलता ; **—ый** (वि०) १ चर्बी का बना हुआ ; —ая свечá चर्बी की बनी मोमबत्ती ; २. (शरीर-रचना०) चर्बी का ; ३. चिकनाई का ; —ое пятнó चिकनाई का धब्बा ; ४. अश्लील ।

сальтомортáле (नपु॰) कलाबाजी ; कुलाँच ।

сам (पु ०), **самá** (स्त्री०), **самó** (नपु॰) **сáми** (बहु०) स्वय ; я с. себé хозяин मैं अपनी मर्ज़ी का मालिक हूँ ; онá —á виновáта वह स्वयं कुसूरवार है ।

сам-дрýг (अ०) एक-दूसरे के साथ ।

самéц (पु॰) नर ।

сáмка (स्त्री०) मादा ।

самоанáлиз (पु॰) आत्मनिरीक्षण ।

самобичевáние (नपु॰) आत्मपीडन ; आत्मयन्त्रणा ।

самобытн||ость (स्त्री०) मौलिकता ; **—ый** (वि०) मौलिक ।

самовáр (पु॰) सामोवार ।

самовлáст||ие (नपु॰) निरंकुशता ; **—ный** (वि०) निरंकुश ।

самовнушéние (नपु॰) स्वकल्पना ।

самовозбуждéние (नपु॰) आत्मोत्तेजन ।

самовóлие (नपु॰) स्वच्छन्दता ; स्वेच्छाचारिता ।

самовóльничать (अपू०) स्वेच्छा से करना ।

самовóльн||ый (वि०) स्वेच्छाचारी ; बिना आज्ञा का ; बिना अधिकार का ; —ая отлýчка बिना आज्ञा के अनुपस्थिति ।

самохвалéние (नपु॰) आत्मश्लाघा ।

самого́н (पुं०) (चोरी से बनाया और बेचा जाने-वाला) प्रतिषिद्ध / गैर-कानूनी वोदका ।

самодви́жущийся (कृदन्त) स्वचालित ।

самоде́йствующий (वि०) स्वयकर्मी ; स्वयं काम करनेवाला ।

самоде́льный (वि०) घर में बना हुआ ।

самоде́льщина (स्त्री०) घर बनी हुई वस्तु ।

самодержа́в||ие (नपुं०) निरकुशता ; **—ный** (वि०) निरकुश ।

самоде́ржец (पुं०) निरकुश ।

самоде́ятельн||ость (स्त्री०) १ स्वत स्फूर्त क्रिया / कार्य ; २. (अव्यावसायिक) शौक , **—ый** (वि०) १ अव्यावसायिक ; शौकीनी का ; २. आत्मनिर्भर ।

самодисципли́на (स्त्री०) आत्म-अनुशासन ।

самодовле́ющий (वि०) आत्मपूर्ण ; आत्म-निर्भर ।

самодово́льный (वि०) आत्मतुष्ट ; अपने ही में प्रसन्न , अपने ही में सन्तुष्ट ।

самоду́р (पुं०) अक्खड ; मनमौजी ; मनमानी करनेवाला ; स्वेच्छाचारी ; **—ство** (नपुं०) अक्खडपन ; स्वेच्छाचारिता ; मनमानी करने का भाव ।

самозабве́ние (नपु ०) आत्मविस्मरण ।

самозажига́ние (नपुं०) स्वयंदाह ; अपने आप आग लग जाना ।

самозака́лка (स्त्री०) अपने आप कडा होना ।

самозащи́та (स्त्री०) आत्मरक्षा ।

самозва́н||ец (पुं०) प्रवंचक ; धोखेबाज ; झूठा दावेदार ; **—ный** (वि०) प्रवचक ; धोखेबाज ; झूठा दावेदार ।

самоинду́кция (स्त्री०) (भौ०) आत्मप्रेरण ।

самоистяза́ние (नपुं०) आत्मपीडन ।

самока́т (पुं०) (सेना०) बाइसिकिल ।

самоконтро́ль (पुं०) आत्मनिग्रह ; आत्म-सयम ।

самокри́тика (स्त्री०) आत्मालोचन ; अपनी आलोचना ।

самолёт (पुं०) वायुयान ; हवाई जहाज ; **—постро́ение** (नपुं०) वायुयान-निर्माण ।

самоли́чно (क्रि० वि०) स्वयं ।

само||люби́вый (वि०) स्वाभिमानी ; अहम्मन्य ; गर्विष्ठ ; **—лю́бие** (नपु ०) स्वाभिमान ; गर्व ।

самомне́ние (नपु ०) अहम्मन्यता ; अहंकार ।

самонаблюде́ние (नपुं०) आत्मनिरीक्षण ।

самонаде́янн||ость (स्त्री०) आत्मनिर्भरता ; **—ый** (वि०) आत्मनिर्भर ।

самообвине́ние (नपुं०) आत्माभियोजन ; अपने ऊपर अभियोग लगाना ।

самооблада́ние (नपुं०) आत्मनिग्रह ; आत्म-सयम ।

самообличе́ние (नपुं०) आत्माभियोजन ।

самообма́н (पु ०) आत्मछल ।

самообожа́ние (नपुं०) आत्मस्तुति ; आत्मपूजा ।

самооборо́на (स्त्री०) आत्मरक्षा ।

самообразова́ние (नपु ०) आत्मशिक्षा ।

самообслу́живание (नपुं०) आत्मसेवा ।

самоограниче́ние (नपु ०) आत्मनिग्रह ।

самоопределе́ние (नपु ०) आत्मनिर्णय ; स्वय निर्णय करने का भाव ; пра́во на́ций на с. राष्ट्रो का आत्मनिर्णय का अधिकार ।

самоопределя́ться (आत्म० अपू०), **самоопредели́ться** (आत्म० पू०) आत्म-निर्णय करना ।

самоотвержéние = самоотвéрженность.

самоотвéрженн||ость (स्त्री०) नि:स्वार्थता; स्वार्थहीनता ; **—ый** (वि०) नि स्वार्थ ; स्वार्थ-हीन ।

самоотво́д (पुं०) (पद, नामजदगी आदि) स्वीकार न करना ; अपनी पद-नियुक्ति की अस्वीकृति ।

самоотрече́ние (नपु ०) आत्मनिषेध ; आत्म-त्याग ।

самоохра́на (स्त्री०) आत्मरक्षण ।

самооце́нка (स्त्री०) आत्म-मूल्याकन ।

самоочеви́дный (वि०) स्वत: सिद्ध ; स्वयं-सिद्ध ।

самопи́шущ||ий (वि०) स्वयलेखी ; अपने आप लिखनेवाला , —ее перó फाउटेन पैन ।

самопожéртвование (नपुं०) आत्म-बलिदान ।

самопознáние (नपुं०) आत्मज्ञान ।

самопóмощь (स्त्री०) स्वावलम्बन ।

самопровéрка (स्त्री०) आत्मनिरीक्षण ।

самопроизвóльн||ость (स्त्री०) सहजता ; स्वत स्फूर्तता ; **—ый** (वि०) सहज ; स्वत.स्फूर्त ।

самопрялка (स्त्री०) स्वचालित चर्खा ।

саморекла́ма (स्त्री०) आत्म-विज्ञापन ; अपनी इश्तहारबाजी ।

саморо́дный (वि०) (धातु) प्राकृतिक ; (प्रतिभा) जन्मजात ।

саморо́док (पुं०) १. प्राकृतिक धातु ; с. зóлота सोने की डली ; २. जन्मजात प्रतिभा ।

самоса́дочн||ый (वि०) —ая соль झील से निकाला हुआ नमक ।

самосовершéнствование (नपुं०) आत्म-पूर्णता ।

самосознáние (नपु०) आत्मचेतना ।

самосохранéни||е (नपुं०) आत्मरक्षा ; чýвство —я आत्मरक्षा की भावना ।

самостоя́тельн||о (क्रि० वि०) आत्मनिर्भरता से ; **—ый** (वि०) स्वतन्त्र ; आत्मनिर्भर ; अपने पाँव पर आप खडा होनेवाला ।

самостре́льный (वि०) स्वत:चालित (बन्दूक आदि) ।

самосу́д (पुं०) लिंच-विधान ; लोगो का स्वयं किसीको प्राणदड देना ।

самотёком (क्रि० वि०) स्वतः ; अपने आप ; बिना किसी दबाव के ।

самоуби́й||ство (नपुं०) आत्महत्या ; खुदकुशी ; конча́ть —ством आत्महत्या करना ; **—ца** (उभ०) आत्महत्यारा / -हत्यारी ; आत्मघाती / आत्मघातिनी ।

самоуваже́ние (नपुं०) आत्मसम्मान ।

самоуве́ренн||о (क्रि० वि०) आत्मविश्वास से **—ость** (स्त्री०) आत्मविश्वास ; **—ый** (वि०) आत्मविश्वासी ।

самоуни||же́ние, —чиже́ние (नपुं०) आत्म-अवज्ञा ; आत्म-अवमानना ; आत्म-तिरस्कार ।

самоуничтоже́ние (नपुं०) आत्मनाश ।

самоуправле́ние (नपुं०) स्वशासन ; स्वराज्य ।

самоуправля́ющийся (वि०) स्वशासित ।

самоупра́вн||ость (स्त्री०) मनमानापन ; **—ый** (वि०) मनमाना ।

самоусовершéнствование = самосовершенствова́ние.

самоуспоко́енн||ость (स्त्री०) आत्म-परितोष ; हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने का भाव ; **—ый** (वि०) आत्मपरितुष्ट ; हाथ पर हाथ धरे बैठा रहनेवाला ।

самоустраня́ться (आत्म० अपू०), **самоустрани́ться** (आत्म० पू०) अलग रहना ।

самоучи́тель (पु०) स्वयशिक्षक ।

самоу́чк||а (स्त्री०) स्वयशिक्षित व्यक्ति ; ऐसा व्यक्ति जिसने बिना गुरू के ही विद्यार्जन किया हो ; **—ой** (वि०) : вы́учиться чему́-л. —ой बिना गुरू के सीखना ।

самохва́льство (नपुं०) आत्मश्लाघा ; शेखी ।

самохо́дный (वि०) स्वचालित ; अपने आप चलनेवाला ।

самоцве́т, —ный ка́мень बहुमूल्य पत्थर ।

самоце́ль (स्त्री०) परम साध्य ।

самочи́нный (वि०) मनमाना ।

самочу́вствие (नपुं०) · име́ть плохóе с. जी खराब होना ।

сам-пя́т अपने समेत पाँच (चार और के साथ) ।

сам-сём अपने समेत सात (छह और के साथ) ।

са́м||ый (वि०) १. ठीक ; बिल्कुल ; ऐन ; в —ом це́нтре ठीक बीच में ; в —ом нача́ле बिल्कुल शुरू मे ; до —ого ве́чера ऐन रात तक ; २. тот же с. (что, кото́рый), тако́й же с (как) ठीक वही (जो) ;

тот с (котóрый) ठीक वही (जो) ; óтот же с. यही ; в то же —ое врéмя, когдá उसी समय जबकि .. ; ३ अत्यधिक ; बहुत ; बेहद ; с интерéсный बेहद/बहुत दिलचस्प ; □ в —ом дéле वस्तुत ; सचमुच ।

сан (पु॰) रुतबा ।

санатóр||ий (पु॰), **—ия** (स्त्री॰) स्वास्थ्यप्रद स्थान ।

сангви́на (स्त्री॰) १ (चित्रकार की) हल्के लाल रँग की पेंसिल ; २. ऐसी पेंसिल से बना चित्र ।

сангви́ник (पु॰) जिन्दादिल ; जानदार ; उमगो-भरा ।

сандáл (पु॰) संदल/चन्दन की लकडी ।

сандáлия (बहु॰) सैंडिल (जूते) ।

сандáловый (वि॰) संदल/चन्दन की लकडी का ।

сандарáк (पु॰) वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह ।

сáн||и (बहु॰) स्लेज ; éхать на, в —ях स्लेज पर जाना ।

санитáр (पु॰) १ आरोग्य-सिद्धान्तो का प्रवर्तक ; अस्पताल का परिचारक ; (अस्पताल में) डाक्टर का मर्दली ; (रोगियो की) टिकठी उठानेवाला ; **—ия** (स्त्री॰) स्वच्छता ; सफाई ; आरोग्य-व्यवस्था ; **—ка** (स्त्री॰) (अस्पताल की) नर्स ; **—ный** (वि॰) स्वास्थ्य-सम्बन्धी ; चिकित्सा-सम्बन्धी ; —ный врач सफाई का डाक्टर ; सफाई-निरीक्षक ; —ный пóезд अस्पताल-(रेल) गाडी ।

сáнки (बहु॰) = сáни.

санкциони́ровать (अपू॰ और पू॰) (—рую) स्वीकृति देना ; मजूरी देना ।

сáнкция (स्त्री॰) मजूरी ।

сáнный (वि॰) स्लेज का ।

санóвник (पु॰) पदवीधारी ; रुतबेदार ।

сáночки сáнки का अल्प॰ ।

санскри́т (पु॰) संस्कृत भाषा ; **—ский** (वि॰) संस्कृत (भाषा)-सम्बन्धी ।

сантимента́льн||ичать, —ый = сентимента́льничать, сентимента́льный

сантиме́тр (पु॰) सेंटीमीटर ।

санчáсть (स्त्री॰) (санитáрная часть) सफाई-विभाग ; स्वास्थ्य-विभाग ।

сап (पु॰) घोडो का एक संक्रामक कंठ-रोग ।

сáпа (स्त्री॰) (सेना॰) एक प्रकार का मोर्चा ।

сапёр (पु॰) सफरमैना का सिपाही/अफसर ।

сапнóй (वि॰) сап से वि॰ ।

сапóг (पु॰) बूट ; (घुटने तक के ऊँचे) बूट ; जूते ।

сапóжн||ик (पु॰) मोची ; **—ичать** (अपू॰) मोची का काम करना ; **—ый** (वि॰) जूते का ; —ая щетка जूते का बुरुश ; —ая вáкса जूते की पालिश ।

сарáй (पु॰) छप्पर ; छादन ; शैड ।

саранчá (स्त्री॰) टिड्डी ।

сарафáн (पु॰) साराफान (रूसी किसान स्त्रियों के पहनने की बिना बाजुओ की लम्बी कमीज जिस-पर कमर के पास पेटी बाँधी जाती है) ।

сарди́н||а (स्त्री॰), **—ка** (स्त्री॰) एक प्रकार की छोटी मछली ।

сардони́кс (पु॰) गोमेदक ; एक रत्न ।

сáржа (स्त्री॰) (कपडा) सरज ।

саркáзм (पु॰) आक्षेप ; ताना ।

саркасти́ческий (वि॰) आक्षेपपूर्ण ; ताने का ।

сарпи́нка (स्त्री॰) छीट ; दरेस ।

сатанá (पु॰) (केवल एकवचन) शैतान ।

сателли́т (पु॰) १ (ज्योतिष) उपग्रह ; २ अनुचारी ; पिछलग्गू ।

сати́р (पु॰) यूनानी मद्य देवता (जिसका आधा शरीर घोडे का और आधा शरीर मनुष्य का होता है) ।

сати́р||а (स्त्री॰) व्यंग्य ; **—ик** (पु॰) व्यंग्य-कार ; **—и́ческий** (वि॰) व्यंग्यात्मक ।

Сатýрн (पु॰) शनिग्रह ।

сатурна́лии (बहु॰) (प्राचीन रोम में) आनन्दोत्सव ।

сафóй (पु॰) एक प्रकार की बन्दगोभी ।

сафья́н (पुं०) बकरे का कमाया हुआ बढ़िया चमडा ।

са́хар (पुं०) शक्कर ; खांड ।

са́харить (अपू०), **по—** (पू०) शक्कर/खांड डालना ।

са́харница (स्त्री०) शक्कर/खांड रखने का बर्तन ।

са́харн||ый (वि०) शक्कर/खांड का ; с. трост-ни́к ईख ; —ая свекла चुकन्दर ; с. заво́д खांड का कारखाना ।

сахарова́рение (नपुं०) खांड साफ करने की क्रिया ।

сахарово́дчик (पुं०) खांड-कारखाने का मालिक ।

сачо́к (पुं०) जाल ; с. для ры́бы मछली पकडने का जाल ।

сба́вить दे० сбавля́ть.

сба́вка=ски́дка.

сбавля́ть (अपू०), **сба́вить** (पू०) (भवि० сба́влю, сба́вишь) कम करना ; घटाना ; с. це́ны मूल्य कम करना ।

сбаланси́ровать दे० баланси́ровать.

сбе́гать (पू०) भागना ; сбе́гай за до́ктором भागकर डाक्टर को बुला लाओ ।

сбега́ть (अपू०), **сбежа́ть** (पू०) (भवि० сбегу́, сбе́жишь) १. (ऊपर से नीचे को) भागना ; с. с горы́ पहाडी पर से नीचे को भागना; он бы́стро сбежа́л с ле́стницы वह भागकर सीढियो से नीचे उतर आया ; २. भाग जाना ; соба́ка сбежа́ла от хозя́ина कुत्ता मालिक के पास से भाग गया ; □ кра́ска сбежа́ла с его́ лица́ उसके मुँह का रँग उतर गया , उसका मुँह फीका हो गया ; **—ся** (आत्म०) दौडकर आना ; एकत्रित होना ; сбежа́лся наро́д लोग एकत्रित हो गये ।

сберега́тельн||ый (वि०) : —ая ка́сса दे० ка́сса.

сберега́ть (अपू०), **сбере́чь** (पू०) (भवि० сберегу́, сбережешь) १. बचाना ; रक्षा करना ; сбере́чь библиоте́ку पुस्तकालय की रक्षा करना ; २. (धन आदि) बचाकर रखना ; जमा करना ; □ с на чёрный день आड़े वक्त के लिए बचाकर रखना ।

сбереже́ние (नपुं०) १. देख-भाल ; с. ору́жия हथियार की रक्षा/देख-भाल ; २. किफायत ; बचत ।

сбере́чь दे० сберега́ть और бере́чь.

сберка́сса=сберега́тельная ка́сса दे० ка́сса.

сбива́ть (अपू०), **сбить** (पू०) (भवि० собью́, собьёшь) १. (मारकर) नीचे गिराना ; (पेड से सेब आदि) नीचे गिराना ; с. самолет हवाई जहाज को गोली से गिराना ; २. संभ्रम में डालना ; परेशान करना ; он счита́л, а вы его́ сби́ли वह गिन रहा था परन्तु आपने उसको सभ्रम में डाल दिया ; с. с то́лку кого́-л किसीको सभ्रम में डाल देना ; ३. ठोकना ; сби́ть я́щик из досо́к (कीलों से) तख्ते ठोककर बक्सा बनाना ; ४. मथना ; ५. с. каблуки́ जूते की एडियाँ घिसा देना ; **—ся** (आत्म०) १. रास्ता भूल जाना ; भटक जाना ; इधर-उधर हो जाना ; २ एक ओर को हो जाना ; шля́па сби́лась на́ бок टोपी एक ओर को सरक गयी , ३. (जूते की) एडियाँ घिस जाना ; ४. сбива́ть का कर्मवाच्य ।

сби́вчив||ость (स्त्री०) हडबडाहट ; संभ्रम की स्थिति ; **—ый** (वि०) सभ्रम में डाल देनेवाला ; चकरानेवाला ।

сбить(ся) दे० сбива́ть(ся)

сближа́ть (अपू०), **сбли́зить** (पू०) (भवि० сбли́жу, сбли́зишь) निकट लाना ; समीप लाना ; **—ся** (आत्म०) १. निकट आना ; समीप आना ; २. घनिष्ठ मित्र बनना ।

сближе́ние (नपुं०) १. सन्निकटन ; समीप आने की क्रिया ; २. घनिष्ठता ।

сбо́ку (क्रि० वि०) एक ओर से ; एक ओर को ; посмотре́ть с एक ओर से देखना ।

сболта́ть दे० болта́ть.

сболти́ть दे० сбо́лтывать

сболтну́ть (पू०) कह बैठना ; बक देना ।

сбо́лчивать (अपू०), **сболти́ть** (पू०) (भवि० сболчу́, сболти́шь) कांबले लगाकर जोड़ना ।

сбор (पु०) १ सग्रह ; संकलन ; с. урожа́я संगृहीत अन्न ; फसल ; с налого́в कर-सग्रह ; २. जन-समूह ; быть в —е एकत्रित होना ; सभा करना ; ३. संगृहीत धन ; (थियेटर में) टिकट-बिक्री का धन ; ४ कर ; टैक्स ; शुल्क , ५. (बहु०) तैयारियाँ, **—и́ще** (नपु०) सभा ; भीड ; जनसमूह ।

сбо́рка (स्त्री०) (टेक०) मशीन के कल-पुर्जो को जोडना ।

сбо́рки (बहु०) (वस्त्र पर पडी) प्लेट, सलवट आदि ।

сбо́рник (पु०) सग्रह ; सकलन ; с расска́зов कहानी-सग्रह ।

сбо́рный (वि०) १. वह मशीन आदि जिसके कल-पुर्जे अलग किये जा सके ; २. विभिन्न भागो से बना , चुनिन्दा ; —ая кома́нда चुनिन्दा (विभिन्न टीमो मे से चुनी हुई) टीम , ३ सम्मिलन-स्थान ; एकत्र होने का स्थान ।

сбо́рщик (पु०) १. संग्रहकर्ता ; с налого́в करसग्रहकर्ता ; टैक्स कलैक्टर , २. इजन-फिटर ।

сбра́сывать (अपू०), **сбро́сить** (पू०) (भवि० сбро́шу, сбро́сишь) १. नीचे फेकना , गिराना ; конь сбро́сил седока́ घोडे ने सवार को नीचे गिरा दिया ; с. снег с кры́ши छत से बर्फ नीचे गिराना ; २ (पत्ते, खाल आदि) झाडना ; उतारना ; ३. (वस्त्र, जूते आदि) उतारना ।

сбрива́ть (अपू०), **сбрить** (पू०) दाढी बनाना ; हजामत बनाना ।

сброд (पु०) (समू०) अव्यवस्थित लोगो का समूह ; रेल-पेल ; भीड़-भड़क्का ।

сбро́сить दे० сбра́сывать.

сбру́я (स्त्री०) (घोडे का) साज ; काठी ।

сбыва́ть (अपू०), **сбыть** (पू०) (भवि० сбу́ду, сбу́дешь) १. बेच डालना ; मडी में बेच डालना ; २ छुटकारा पाना ; पीछा छुडाना ; **—ся** (आत्म०) १. सच होना ; २. होना ; что с ним сбыло́сь ? उसको क्या हो गया ? ; ३. сбыва́ть का कर्मवाच्य ।

сбыт (पु०) बिक्री ; име́ть хоро́ший с. अच्छी बिक्री होना ।

сбы́ть(ся) दे० сбыва́ть(ся).

сва́дебный (वि०) वैवाहिक ; विवाह-सम्बन्धी ।

сва́дьб||а (स्त्री०) विवाह ; быть на —е विवाह पर उपस्थित होना ।

сва́йный (वि०) खम्भों के सहारे पर बना (पुल, मकान आदि) ।

сва́ливать (अपू०), **свали́ть** (पू०) १. गिराना ; ढेर लगाना ; свали́ть де́рево पेड (काटकर) गिराना ; с дрова́ в ку́чу लकडियाँ काटकर ढेर लगाना ; २. पटकना ; उलटाना ; □ свали́ть вину́ на кого́-л किसी पर अपराध थोपना ; **—ся** (आत्म०) १. (टूटकर) नीचे गिरना ; де́рево свали́лось पेड टूटकर गिर पड़ा ; २. बीमार पडना ।

свали́ть दे० сва́ливать और вали́ть ; **—ся** दे० сва́ливаться.

сва́лка (स्त्री०) १. घूरा ; कूड़ा-कर्कट फेकने की जगह ; २. झगडा ।

свали́ть दे० вали́ть.

сва́ривать (अपू०), **свари́ть** (पू०) (भौ०) सन्धान करना ; वेल्डिग करना ।

свари́ть(ся) दे० вари́ть(ся) और сва́ривать.

сварли́в||ость (स्त्री०) कलहप्रियता ; झगडालूपन ; **—ый** (वि०) कलहप्रिय ; झगड़ालू ।

сварно́й (वि०) सन्धानित ; वेल्डिग किया हुआ ।

сва́рочный (वि०) सन्धान-सम्बन्धी ; वेल्डिग का ।

сват (पु०) १ (विवाह-सम्बन्ध करानेवाला) मध्यस्थ ; बिचौलिया ; २. समधी ।

сва́тать (अपू०), **по—, со—** (पू०) विवाह करने के लिए कहना ; पत्नी या पति-रूप में माँगना ।

сватовство́ (नपु०) (मध्यस्थ द्वारा) विवाह पक्का कराना ।

сва́ха (स्त्री०) विवाह-सम्बन्ध करानेवाला ; मध्यस्थ ; बिचौलिया ।

сва́я (स्त्री०) (पुल आदि का आधार) खम्भा ; थम्मी ।

све́дени||е (नपु०) १. सूचना ; वृत्त ; २. ज्ञान ; по моим —ям जहाँ तक मुझे पता है ; □ доводи́ть до —я सूचना देना ।

сведе́ние (नपु०) १. कमी ; с. счетов लेखा बराबर करना ; हिसाब बेबाक करना ; २. (चिकि०) सिकुडन ; संकोच ।

све́дущий (वि०) प्रवीण ; ज्ञानी ।

свежева́ть (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —жу́ю) (मरे हुए पशु की) खाल उतारना और आँते निकालकर साफ करना ।

свежевы́беленный (वि०) अभी-अभी सफेदी किया हुआ ।

све́жесть (स्त्री०) १. ताजगी ; २. ठंडक ।

свеже́||ть (अपू०), **по—** (पू०) ताजा होना ; ठंडा होना ; на у́лице —ет बाहर ठंड हो रही है ।

све́ж||ий (वि०) ताजा ; —ая ры́ба ताजी मछली ; —ие но́вости ताजी खबरे ; □ —ая ра́на ताजा घाव ।

свезти́ दे० свози́ть.

свёкла (स्त्री०) चुकन्दर ।

свекло||ви́ца (स्त्री०) चुकन्दर ; **—ви́чный** (वि०) चुकन्दर का ; **—во́дство** (नपु०) चुकन्दर-उत्पादन ।

свеко́льн||ик (पुं०) चुकन्दर का शोरबा ; **—ый** (वि०) चुकन्दर का ।

свёкор (पुं०) ससुर ।

свекро́вь (स्त्री०) सास ।

сверга́ть (अपू०), **све́ргнуть** (पू०) १. नीचे फेकना ; २. तख्ता पलटना ; छुटकारा पाना ; све́ргнуть ца́рское прави́тельство ज़ार-सरकार का तख्ता पलटना ; **—ся** (आत्म०) १. तेजी से ऊपर से नीचे आना/गिर पड़ना ; २. сверга́ть का कर्मवाच्य ।

сверже́ние (नपु०) (से) छुटकारा पाने/तख्ता पलटने की क्रिया ; с. ца́рского прави́тельства ज़ार सरकार का तख्ता पलटना ।

све́рить दे० сверя́ть.

све́рка (स्त्री०) (मौलिक प्रति से प्रतिलिपि का) मिलान ।

сверка́ние (नपु०) चमक ; जगमगाहट ; कौंध ।

сверка́||ть (अपू०) चमकना ; जगमगाना ; कौंधना ; мо́лния —ет बिजली कौंध रही है ।

сверкну́||ть (पू०) कौंधना ; —ла мо́лния बिजली कौंध गयी ।

сверле́ние (नपु०) छेद करना ।

сверли́льный (वि०) छिद्रण-; छेद करने का ; с. стано́к छेद करने की मशीन ।

сверли́ть (अपू०) छेद करना ।

сверло́ (नपु०) छिद्रक ।

сверло́вщик (पुं०) छिद्रक ; छेद करनेवाला ।

сверну́ть(ся) दे० свертывать(ся).

сверста́ть दे० сверстывать और верста́ть.

све́рстни||к (पु०) समवयस्क ; вме́сте с ним —ки हम समवयस्क हैं ।

свёрстывать (अपू०), **сверста́ть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) पन्नो मे विभाजित करके टाइप फर्मे पर बैठाना ।

свёрток (पुं०) बडल ; पैकिट ; пáрсел ; с бума́г कागजो का (बेलनाकार) बडल ।

свёртывание (नपु०) १. लपेटने की क्रिया ; २. कम करने की क्रिया ; с. произво́дства उत्पादन कम करना ; ३. (दूध आदि) जमाने की क्रिया ।

свёртывать (अपू०), **свернýть** (पू०) १. (बेलनाकार) लपेटना ; с. ковер दरी लपेटना ; २. कम करना ; с. произво́дство उत्पादन कम करना ; ३. मोडना ; मरोड़ना ; с в сто́рону एक ओर को मोड़ना ; свернýть ше́ю кому́-л. किसीकी गर्दन मरोडना ; **—ся** (आत्म०) १. (बेलनाकार) लिपटना ; (साँप का) गेडुरी बनाना ; २. (दूध आदि का) जमना ; ३. свертывать का कर्मवाच्य ।

сверх (अ०) १. ऊपर ; २. (-के) अतिरिक्त ; (-के) परे ; बाहर ; с. (вся́кого) ожида́ния

आशातीत ; с програ́ммы कार्यक्रम के अतिरिक्त ; с. сил शक्ति के परे/शक्ति से बाहर ।

сверхмо́щный (वि०) अतिशक्तिवान् ।

сверхсме́тный (वि०) बजट से ऊपर का ।

све́рху (क्रि० वि०) (अ०) ऊपर से ; चोटी पर से ; चोटी पर , वृद्ध с ऊपर से (नीचे का) दृश्य/नज़ारा ; свет па́дает с. प्रकाश ऊपर से आ रहा है , с до́низу ऊपर से नीचे तक ; положи́те кни́гу с पुस्तक को ऊपर रख दीजिये ।

сверхуро́чн||ый (वि०) समयोपरि ; अतिरिक्त समय का ; सवाई ; —ая рабо́та समयोपरि काम ; सवाई (अंग्रेज़ी—ओवरटाइम) ।

сверхчелове́к (पुं०) अतिमानव ।

сверхчу́вственный (वि०) अतीन्द्रिय ; इन्द्रियातीत ।

сверхчувстви́тельный (वि०) अतिसंवेदनशील ; अतिसंवेदनात्मक ।

сверхшта́тный (वि०) अधिसंख्यक ; नियत गिनती से ऊपर का ।

сверхъесте́ственный (वि०) अतिप्राकृत ।

сверчо́к (पुं०) झींगुर ।

свершáть, свершúть = совершáть, совершúть

свершáться (आत्म० अपू०), **свершúться** (आत्म० पू०) पूरा हो जाना ; (आशाओं आदि का) फलीभूत होना/सत्य सिद्ध होना ।

сверя́ть (अपू०), **све́рить** (पू०) प्रतिलिपि का मौलिक प्रति के साथ मिलान करना ।

свес (पुं०) अलिन्द ; छज्जा ; (छत आदि का) आगे निकला हुआ भाग ।

све́сить(ся) दे० све́шивать(ся).

свести́(сь) दे० своди́ть(ся).

свет (पु०) **I** प्रकाश ; आलोक ; дневно́й с. दिन का प्रकाश ; при —е प्रकाश में ; □ броса́ть с. (на) प्रकाश डालना ; чуть с. पौ फटते समय ; **II.** १ संसार ; но́вый с. नया संसार ; по всему́ —у संसार भर में ; २. समाज ; вы́сший с. उच्च समाज ; □ выпуска́ть в свет प्रकाशित करना ; появля́ться в с. जन्म लेना ; тот с. परलोक ; он на том —е, его́ нет на —е उसका देहान्त हो गया है ।

света́||ть (कर्तृ-निरपेक्ष) —ет, начина́ет с. पौ फट रही है ।

свети́ло (नपुं०) ज्योतिष्पिंड ; प्रकाश-पुंज ; नक्षत्र (सूर्य, चन्द्रमा, तारागण आदि) ।

свети́||ть (अपू०) (свечу́, све́тишь) चमकना ; प्रकाश डालना ; со́лнце све́тит सूर्य चमक रहा है ; на не́бе —ли звезды आकाश में तारे चमक रहे थे ; **—ться** (आत्म०) चमकना ; на не́бе —лись звезды आकाश में तारे चमक रहे थे ।

светле́ть (अपू०), **по—** (पू०) प्रकाशमय होना ; (आकाश का) निर्मल होना ।

светл||о́ (क्रि० वि०) सालोक ; चमकते हुए ; चमक से ।

све́тл||о- हल्का ; —оголубо́й हल्का नीला ; **—ый** (वि०) रोशनीदार ; प्रकाशयुक्त ; आलोकित ; —ая ко́мната प्रकाशयुक्त कमरा ।

светля́||к, —чок (पु०) जुगनू , पटबीजना ।

светово́й (वि०) प्रकाशयुक्त ; आलोकित ; चमकीला ; с. сигна́л प्रकाशयुक्त संकेतक/सिगनल ।

светолече́||бница (स्त्री०) सूर्यरश्मि-चिकित्सालय ; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा करने का अस्पताल ; **—ние** (नपुं०) सूर्यरश्मि चिकित्सा ; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा ।

светомаскиро́вка (स्त्री०) अँधेरा-घुप करने की क्रिया ।

све́топись (स्त्री०) फोटोग्राफी ; छायाकारी ।

светопреставле́ние (नपुं०) प्रलय ।

светофо́р (पुं०) प्रकाशयुक्त संकेतक/सिगनल ।

све́точ (पुं०) लालटेन ; लैम्प ।

све́тск||ий (वि०) १. धर्म-निरपेक्ष ; लौकिक ; सांसारिक ; भौतिक ; दुनियावी ; —ое образова́ние धर्म-निरपेक्ष शिक्षा ; २. सामाजिक ; समाजप्रेमी ; —ая же́нщина समाजप्रेमी महिला ; —ое о́бщество समाज ; **—ость** (स्त्री०) सद्व्यवहार ; शिष्टता ।

свеч||а́ (स्त्री०) १. मोमबत्ती ; प्रकाश ; २. दवा की बत्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ायी जाती

है ; १. कैंडल-शक्ति ; ла́мпочка в 30 —е́й तीस कैंडल-शक्ति का बल्ब ।

све́чка = свеча́ –१, २.

свечно́й (वि०) मोमबत्ती का ; с. завóд मोमबत्ती बनाने का कारखाना ।

све́шать दे० ве́шать.

све́шивать (अपू०), **све́сить** (पू०) (भवि० све́шу, све́сишь) (और नीचे को) लटकाना ; све́сить веревку रस्सी और नीचे को करना ; сиде́ть све́сив но́ги टाँगे लटकाकर बैठना ; **—ся** (आत्म०) १. टेकना ; (-पर) सहारा लेना/झुकना ; लटकना ।

свива́льник (पुं०) पोतड़ा (नवजात शिशु के लपेटने का कपडा) ।

свива́ть (अपू०), **свить** (पू०) (भवि० совью́, совьешь) १. गूँथना ; (रस्सी आदि) बटना ; свить вено́к हार गूँथना ; свить гнездо́ घोसला बनाना ; с. веревку रस्सी बटना ; २. (केवल अपू०) (बच्चे को) पोतड़े में कसकर लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. लिपटना ; २. свива́ть का कर्मवाच्य ।

свида́ние (नपुं०) भेंट ; □ до свида́ния फिर मिलेंगे (विदाई का अभिवादन) ।

свиде́т||ель (पु०), **—ельница** (स्त्री०) साक्षी ; गवाह ; быть —елем साक्षी होना ; गवाह होना ; **—ельский** (वि०) साक्षी/गवाह-सम्बन्धी ; **—ельство** (नपुं०) १. साक्ष्य ; गवाही ; २. प्रमाण-पत्र ; सार्टिफिकेट ; медици́нское —ельство डाक्टरी सार्टिफिकेट ।

свиде́тельствовать (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —ствую) १. (केवल अपू०) गवाही देना ; २. प्रमाणित करना ; तसदीक करना ; ३. (освиде́тельствовать पू० के साथ) निरीक्षण करना ।

сви́деться (आत्म० पू०) (भवि० сви́жусь, сви́дишься) (-से) मिलना ।

свилева́тый (वि०) गँठीला ; गाँठदार ।

свиль (स्त्री०) गाँठ ।

свина́рка (स्त्री०) शूकरपालिका ; सूअर पालनेवाली ।

свина́рник (पुं०) सूअरों का बाड़ा ।

свине́ц (पुं०) सीसा ; सिक्का ।

свини́на (स्त्री०) सूअर का मास ।

сви́нка (स्त्री०) १. свинья́ का अल्प० ; २. (चिकि०) कनपेड (अंग्रेजी—मम्प्स) ।

свиново́д||ство (नपुं०) सूअर-पालन ; शूकर-पालन ; **—ческий** (वि०) शूकरपालन-सम्बन्धी ।

свин||о́й (वि०) सूअर का ; —о́е мя́со सूअर का माँस ।

свинопа́с (पुं०) सूअरों का झुंड ।

сви́нс||кий (वि०) सूअर जैसा ; **—тво** (नपु०) सूअरपन ।

свинти́ть दे० сви́нчивать.

свинцо́вый (वि०) सीसे का ; सिक्के का ।

сви́нчивать (अपू०), **свинти́ть** (पू०) (भवि० свинчу́, свинти́шь) १. पेच कसकर जोड़ना ; २. पेच निकालना/अलग करना ।

свинья́ (स्त्री०) सूअर ।

свире́ль (स्त्री०) (एक प्रकार की) बाँसुरी या मुरली ।

свирепе́ть (अपू०), **о—** (पू०) रोष/क्रोधावेश में आना ; (पाला, प्लेग आदि का) जोर पकड़ना ; प्रचंड होना ; क्रूरता दिखाना ।

свире́п||ость (स्त्री०) १. प्रचंडता ; २. क्रोधावेश ; क्रूरता ; दया का अभाव ; **—ый** (वि०) १ प्रचंड ; जोर का ; —ый моро́з जोर का पाला ; २. कोपाकुल ; रोषमय ; ३. क्रूर ; निर्दय ; —ый пала́ч निर्दय वधिक ।

свиса́ть (अपू०), **сви́снуть** (पू०) लटकना ; ве́тви свиса́ют शाखाएँ लटक रही हैं ।

свист (पुं०) सीटी ; (वायु आदि का) सायँ-सायँ का शब्द ।

свиста́ть (अपू०), **свисте́ть** (पू०) (वर्त० свищу́, свисти́шь) सीटी बजाना : (पक्षियों का) चहकना ; (हवा आदि का) सायँ-सायँ करना ।

сви́стну||ть (पू०) १. (एक बार) सीटी बजाना ; २ चुराना ; у меня́ —ли часы́ मेरी घड़ी चोरी हो गयी ।

свисто́к (पुं०) सीटी ।

свисту́лька (स्त्री०) (बच्चो के बजाने की) सीटी ; अलगोज़ा ।

свисту́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) सीटी बजाना पसन्द करनेवाला/वाली ।

сви́та (स्त्री०) १. परिजन ; २ नौकर-चाकर ; ३. (सम्राट आदि का) अमला ।

сви́тер (पुं०) स्वैटर , ऊनी बनियान ।

сви́ток (पु ०) (कागज़ो का) बडल ।

сви́ть दे० вить और свива́ть ; **—ся** दे० свива́ться.

свихну́ть = вы́вихнуть ; **—ся** (आत्म०) १ बुद्धिभ्रष्ट होना ; २ पथभ्रष्ट होना ।

свищ (पुं०) भगन्दर ; नासूर ; (अखरोट आदि में कीडे द्वारा बनाया गया) छेद ।

свобо́д||а (स्त्री०) स्वातन्त्र्य ; आजादी ; с. сло́ва भाषण-स्वातन्त्र्य ; с. печа́ти मुद्रण-स्वातन्त्र्य ; с. торго́вли व्यापार-स्वातन्त्र्य ; с. со́вести विवेक-स्वातन्त्र्य , с. во́ли इच्छा स्वातन्त्र्य ; выпуска́ть на —у स्वतन्त्र करना ।

свобо́дн||о १ (क्रि० वि०) स्वतन्त्रतापूर्वक ; सहज ही ; आसानी से ; он с. мо́жет доста́ть э́ту кни́гу в любо́м магази́не यह पुस्तक उसे किसी भी दुकान पर असानी से मिल सकती है ; २. (वस्त्र आदि) ढीलेपन से ; **—ый** (वि०) १. स्वतन्त्र ; उन्मुक्त ; सहज ; आसान ; —ая торго́вля उन्मुक्त व्यापार ; —ый до́ступ सहज पहुँच ; २. अव्यस्त ; निठल्ला ; ३. (वस्त्र आदि) ढीला ; खुला ; ४. फालतू ; в —ые мину́ты अपने फालतू समय में ; □ —ые иску́сства ललित कलाएँ ।

свободо||люби́вый (वि०) स्वातन्त्र्य-प्रेमी ; **—лю́бие** (नपु ०) स्वातन्त्र्य-प्रेम ।

свободомы́сл||ие (नपुं०) स्वतन्त्र विचार ; स्वतन्त्र विचार-पद्धति , **—ящий** (वि०) स्वतन्त्र मनीषी ; स्वतन्त्र विचारक ।

свод (पुं०) **I.** (निर्माण) महराब ; **II.** (विधि) सग्रह ; सहिता ।

своди́ть -I (अपू०), **свести́** (पू०) (वर्त० сведу́, сведёшь, сведу́т ; भवि० сведу́, сведешь ; भवि० свожу́, сво́дишь ; भवि० сведу́, сведешь) १. (नीचे को) ले जाना ; с. с горы́ पहाड से नीचे को ले जाना ; २. मिलाना ; судьба́ свела́ нас भाग्य ने हमें मिला दिया है ; ३ कम करना ; с на-нет नही के बराबर कर देना ; ४ हटाना ; ५. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ свело́ ногу́ उसके पैर में मोच आ गयी है ; □ с. концы́ с концами́ बडी कठिनाई से जीविका चलाना ; с с ума́ पागल कर देना ; с счеты с кем-л. किसीके साथ हिसाब बराबर करना ; свести́ дру́жбу मित्रता करना ।

своди́ть -II (पू०) ले जाना ; он сводил детей в кино́ वह बच्चो को सिनेमा ले गया ।

своди́ться (आत्म० अपू०), **свести́сь** (आत्म० पू०) १. अर्थ होना ; э́то сво́дится к тому́ же са́мому यह तो एक ही बात हुई ; с к. нулю́ नही के बराबर होना ; २. (फोटो, चित्र आदि का) ठीक आ जाना ; карти́нка хорошо́ свела́сь चित्र अच्छा आया है ; ३. своди́ть-I का कर्मवाच्य ।

сво́дка (स्त्री०) १ अनुचयन ; सक्षेप ; साराश ; опера́тивная с. विज्ञप्ति ; २ (छापाखाना-सम्बन्धी) दोहराने की क्रिया ।

сво́дни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) बुरे काम में सहायता देनेवाला/वाली ।

сво́дн||ый (वि०) १. सक्षिप्त ; —ая табли́ца सक्षिप्त सारिणी ; २. सौतेला ; —ые бра́тья सौतेले भाई ; —ые сестры सौतेली बहनें ।

сво́дня = сво́дница.

своевла́стный (वि०) निरंकुश ।

своево́л||ие (नपुं०) स्वच्छन्दता ; **—ьный** स्वच्छन्द ; मनमौजी ।

своевре́менн||о (क्रि० वि०) ठीक समय पर ; **—ый** (वि०) ठीक समय का ।

своекоры́ст||ие (नपुं०) स्वार्थ ; स्वहित ; **—ный** (वि०) स्वार्थी ।

своенра́в||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) हठ ; मनमानापन ; **—ный** (वि०) हठी ; मनमानी करनेवाला ।

своеобра́з‖ие (नपु॰) **—ность** (स्त्री॰) मौलिकता ; विलक्षणता , **—ный** (वि॰) अपने ही ढँग का ; मौलिक ; विलक्षण ।

свози́ть (अपू॰), **свезти́** (पू॰) (वर्त॰ свожу́, сво́зишь ; भवि॰ свезу́, свезешь) १. ले जाना ; पहुँचाना ; свози́ ребя́т в Москву́ ! बच्चो को मास्को ले जाओ ! , २. (एक स्थान पर) इकट्ठा करना ; ३. नीचे ले जाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे ले जाना ।

свой (सर्व॰) अपना , я потеря́л свою́ шля́пу मेरी टोपी खो गयी है ; он зна́ет свое де́ло वह अपना काम जानता है ; он живет в своем до́ме वह अपने घर मे रहता है ; □ здесь все свои́ ये सब अपने ही हैं ; пойти́ к свои́м अपनो के यहाँ जाना ; он сам не свой वह आपे मे नही है ; свой своему́ понево́ле брат अपना अपना ही होता है ।

сво́йственник (पु॰) (पत्नी की ओर का) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ।

сво́йственн‖ый (वि॰) (-की) विशेषता का ; челове́ку —о ошиба́ться भूल मानव-स्वभाव की विशेषता है/इन्सान गलती करता ही है ।

сво́йство (नपु॰) १. सम्पत्ति ; २. (मनुष्य की) विशिष्टता ।

свойство́ (नपु॰) (विवाह द्वारा) सम्बन्ध ; रिश्ता ।

свола́кивать (अपू॰), **своло́чь** (पू॰) (भवि॰ сволоку́, сволочешь) घसीटना ।

сво́лочь (स्त्री॰) (समू॰) निम्नवर्ग के लोग ; नीच ; बदमाश ।

сво́ра (स्त्री॰) १. (शिकारी कुत्ते की) रस्सी ; २. शिकारी कुत्तो का झुंड ।

сворачивать (अपू॰), **своротить** (पू॰) (भवि॰ сворочу́, своро́тишь) १. (स्थान से) हटाना ; विस्थापित करना ; он с трудо́м своротил ка́мень उसने बड़ी कठिनता से पत्थर हटाया ; २. मुड़ना ; с. напра́во दाये हाथ को मुड़ना ; ३. केवल अपू॰ = свертывать.

своровать (पू॰) (—ру́ю) चुराना ।

своротить दे॰ сворачивать.

свояк (पु॰) साढू ; हमजुल्फ ।

свояченица (स्त्री॰) साली ।

свыка́ться (आत्म॰ अपू॰), **свы́кнуться** (आत्म॰ पू॰) आदत पड़ जाना ; अभ्यस्त हो जाना ।

свысока́ (क्रि॰ वि॰) उद्दतापूर्वक ; смотре́ть на кого́-л. с. किसीको तिस्कारपूर्वक देखना ।

сверху (क्रि॰ वि॰) **I.** ऊपर से ; आकाश से ; **II.** (अ॰) अधिक ; ऊपर ; с. 30-ти челове́к ३० से ऊपर/अधिक (व्यक्ति) ।

связа́ть दे॰ свя́зывать और вяза́ть.

связа́ться दे॰ свя́зываться.

связи́ст (पु॰) (सेना॰) सकेतक ; सिगनल देने-वाला व्यक्ति ।

свя́зка (स्त्री॰) १ पुलिन्दा ; गुच्छा ; с. бума́г कागजो का पुलिन्दा ; с. ключе́й तालियो का गुच्छा ; २. (शरीर मे के) महीन तन्तु ; बन्धनी ; सयोजक अवयव , голосо́вые —и वाक्तन्तु ; ३. (भाषा-विज्ञान) глаго́л-свя́зка सयोजक क्रिया ।

связно́й (पु॰) (वि॰ रू॰) (सेना॰) पास की टुकडियो से सम्पर्क रखने के लिए भेजा गया अफसर ।

свя́зн‖ость (स्त्री॰) सम्बद्धता , **—ый** (वि॰) सम्बद्ध ।

свя́зочный (वि॰) свя́зка से वि॰ ।

свя́зывание (नपु॰) बाँधने की क्रिया ।

свя́зывать (अपू॰), **связа́ть** (पू॰) (свяжу́, свя́жешь) (साथ) बाँधना ; जोडना ; с концы́ веревки रस्सी के सिरो को बाँधना ; с. в у́зел गठरी बाँधना ; связа́ть обеща́нием वायदा लेकर बाँधना ; **—ся** (आत्म॰) १. बातचीत करना ; भेजना ; सचार करना ; свя-зываться по телефо́ну टेलीफोन द्वारा बातचीत करना ; тесне́е связа́ться с ма́ссами जनता से गहरा सम्बन्ध स्थापित करना ; २ не свя́зывайся с ним उससे कोई सम्बन्ध मत रखो ।

связ||ь (स्त्री०) १. सम्बन्ध ; बन्धन ; стоя́ть в те́сной —и गहरा सम्बन्ध होना ; в —и с чем-л किसी (वस्तु) के सम्बन्ध मे ; в —и с э́тим, в э́той —и इस सम्बन्ध मे , дру́жеская с. मित्रता का सम्बन्ध , २ (केवल एकवचन) (रेल, टेलीफोन आदि द्वारा) सचार ; слу́жба —и (सेना०) सचार-सेवा ।

свята́лище (नपु०) मन्दिर ; देवालय ।

свя́тки (बहु०) स्व्यात्काएँ (एक विशेष त्यौहार—क्रिसमिस से छह जनवरी तक) ।

свя́то (क्रि० वि०) पवित्रता से ।

свят||о́й (वि०) १ पावन , पवित्र , с долг पावन कर्तव्य ; २. (सज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पुण्यात्मा ; सन्त ; □ —ая (неде́ля) ईस्टर का सप्ताह ।

свя́тость (स्त्री०) पवित्रता ; पावनता ।

святота́тство (नपु०) अपवित्रीकरण ; देवालय को अपवित्र करना ।

свя́точный (वि०) свя́тки से वि० ।

свято́ша (उभ०) पाखडी ; धर्माभिमानी ।

свя́тцы (बहु०) चर्च-कलेंडर ।

святы́ня (स्त्री०) पवित्र वस्तु ।

свяще́нн||ик (पु०) पुरोहित ; पादरी ; **—ический** (वि०) पुरोहित/पादरी-सम्बन्धी ; धर्माचार्य-सम्बन्धी , **—ый** (वि०) पावन , पवित्र ।

свяще́нство (नपु०) (समू०) पुरोहित/पादरी-वर्ग ।

сгиб (पु०) झुकाव ; मोड ।

сгиба́ть (अपू०), **согну́ть** (पू०) झुकाना , मोडना ; टेढा करना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; मुडना ; टेढा होना ।

сги́нуть (पू०) गायब होना ; сгинь ! दफा हो !/भाग जा !

сгла́живать (अपू०), **сгла́дить** (पू०) (भवि० сгла́жу сгла́дишь) साफ करना ; **—ся** (आत्म०) साफ होना ; साफ किया जाना ।

сгла́зить (पू०) (भवि० сгла́жу, сгла́зишь) (बुरी) नजर लगाना ।

сглупи́ть दे० глупи́ть.

сгнива́ть = гнить

сгнои́ть दे० гноить

сгова́риваться (आत्म० अपू०), **сговори́ться** (आत्म० पू०) समझौता कर लेना ; तय कर लेना ; с ним тру́дно сговори́ться उससे समझौता करना बड़ा कठिन है ; он сговори́лся встре́титься со мно́й на ста́нции उसने मुझसे स्टेशन पर मिलने की बात तय कर ली ।

сго́вор (पु०) १ समझौता ; वचनबन्ध ; २. मँगनी , सगाई ।

сговори́ться (दे०) сгова́риваться.

сгово́рчив||ость (स्त्री०) आशुतोषता , सहज ही मान जाने का भाव ; **—ый** (वि०) आशुतोष ; जिसको सहज ही मनाया जा सके ।

сгоня́ть (अपू०), **согна́ть** (पू०) (भवि० сгоню́, сго́нишь) १. (स्थान से) भगा देना ; हाँक देना ; २ एक स्थान पर हाँककर इकट्ठा करना ; □с. со двора́ घर से बाहर निकाल देना ।

сгора́ние (नपु०) दहन ; जलाने की क्रिया ।

сгора́ть (अपू०), **сгоре́ть** (पू०) जलकर समाप्त हो जाना ; जल जाना ; дом сгоре́л मकान जल गया है ; свеча́ сгоре́ла मोमबत्ती जल चुकी है ; с от стыда́ शर्म से पानी-पानी हो जाना ।

сго́рбить(ся) दे० го́рбить(ся).

сгоре́ть दे० сгора́ть.

сгоряча́ (क्रि० वि०) आवेश मे ; जोश मे ।

сгреба́ть (अपू०), **сгрести́** (पू०) (भवि० сгребу́, сгребешь) १. हँगी या फावडे से एक स्थान पर इकट्ठा करना ; с сено́ हँगी से घास इकट्ठी करना ; २. (फावडे से इकट्ठा करके) फेकना ; गिराना ; с. снег с кры́ши छत पर से बर्फ फेकना ।

сгружа́ть (अपू०), **сгрузи́ть** (पू०) (भवि० сгружу́, сгру́зишь) माल उतारना ।

сгруппирова́ть दे० группирова́ть.

сгрыза́ть (अपू०), **сгрызть** (पू०) (कुरकुर) चबाना ; с оре́хи अखरोट आदि चबाना/खाना ।

сгуби́ть (पू०) (сгублю́, сгу́бишь) नष्ट करना ; बरबाद करना ।

сгусти́ть(ся) दे० сгущáть(ся).

сгу́сток (पुं०) पिंड ; लोंदा ; थक्का ; с. крóви खून का लोंदा/थक्का ।

сгущáемость (स्त्री०) संघनशीयता ; सघनन-योग्यता ।

сгущáть (अपू०), **сгусти́ть** (पू०) (भवि० сгущý, сгусти́шь) गाढा करना ; सघनित करना ; **—ся** (आत्म०) गाढा होना ; सघनित होना , (रक्त का) पिंड बनना ; लोंदा बनना ।

сгуще́ние (नपु ०) सघनन ।

сдáбривать (अपू०), **сдóбрить** (पू०) छौंक लगाना ; मसाला डालना ।

сдавáть (अपू०), **сдать** (पू०) (वर्त० сдаю́, сдаёшь ; भवि० сдáм, сдáшь) १. देना ; सँभालना ; с. вéщи в багáж सामान ब्रेक के डिब्बे में रखना ; с. багáж на хранéние सामान क्लोक-रूम मे रखना ; с. внаéм किराये पर चढाना ; २. (दुर्ग, नगर आदि को) समर्पित करना ; शत्रु के हवाले करना , हथियार डालना , ३. (ताश के पत्ते) बाँटना ; кому́ с. ? किसकी बारी है ? , ४. (रेजगारी) देना ; он сдáл мне 3 рубля́ उसने मुझे तीन रूबल की रेजगारी दी , ५. दुर्बल होना ; он óчень сдал пóсле болéзни बीमारी के बाद वह बहुत दुर्बल हो गया है ; □ с. экзамéн परीक्षा देना , इम्तहान पास करना ।

сдавáться -I (आत्म० अपू०), **сдáться** (आत्म० पू०) १. हथियार डालना ; आत्मसमर्पण करना ; сдáться в плен बन्दी बनाये जाने के लिए अपने आपको समर्पित करना ; २. сдавáть का कर्मवाच्य ।

сдавáться -II (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) емý сдается उसको दिखायी पड़ रहा है कि... ।

сдáвливать (अपू०), **сдави́ть** (पू०) (भवि० сдавлю́, сдáвишь) भींचना ; कुचलना , он сдавúл мне рýку उसने मेरा हाथ भींच दिया ।

сдать(ся) दे० сдавáть(ся).

сдáч||а (स्त्री०) १. (दुर्ग, नगर आदि का) समर्पण ; शत्रु के हवाले किया जाना ; २. दिया जाना ; с. в наéм किराये पर दिया जाना ; ३. (ताश मे) बारी ; вáша с. आपकी बारी है ; ४. रेजगारी ; пять рублéй —и पाँच रूबल की रेजगारी ।

сдвáивание (नपु०) दुगुना करने की क्रिया ।

сдвáивать (अपू०), **сдвои́ть** (पू०) दुगुना करना ।

сдвиг (पुं०) विस्थापन ; (काम आदि में) सुधार ; तरक्की ।

сдвигáть (अपू०), **сдви́нуть** (पू०) १. (अपने स्थान से) हटाना ; हिलाना ; सरकाना ; он не мог сдви́нуть стол (с мéста) वह मेज को हिला न सका ; сдвигáть шляпу на затылок अपनी टोपी पीछे को सरका लेना ; २. (सरकाकर) एक जगह कर देना ; इकट्ठा कर देना ; он сдви́нул два столá उसने दोनो मेज़ो को सरकाकर एक जगह कर दिया ; □ сдви́нуть бровú भृकुटि चढाना ; **—ся** (आत्म०) १. हिलना ; सरकना , हटना ; он не сдви́нулся с мéста वह अपने स्थान से हिला नही ; २ इकट्ठे होना ; ३. сдвигáть का कर्मवाच्य ।

сдвои́ть दे० сдвáивать

сдéлать(ся) दे० дéлать(ся).

сдéлк||а (स्त्री०) १. सौदा ; २. समझौता ; войти́ в —у सौदा करना ।

сдéльщ||но (क्रि० वि०) काम से ; **—ный** (वि०) खडश. , उजरती ; —ая плáта उजरती/खंडश: काम की मज़दूरी , **—щик** (पुं०) उजरत पर/खडश. काम करनेवाला ; **—щина** (स्त्री०) उजरती/खडश: काम ।

сдёргивать (अपू०), **сдёрнуть** (पू०) खीचना , (खीचकर) उतार देना ; сдернуть скáтерть со столá मेजपोश (खीचकर) उतार देना ; они сдернули с негó шáпку उन्होने उसकी टोपी उतार ली ।

сдéржанн||о (क्रि० वि०) निग्रहपूर्वक ; संयम से ; **—ость** (स्त्री०) निग्रह ; सयम ; **—ый** : १ сдéрживать से कृदन्त ; २. (वि०) संयमी ; निग्रही ।

сдéрживать (अपू०), **сдержáть** (पू०) रोकना ; प्रतिरोध करना ; संयत रखना ; □ сдержáть своé слóво, обещáние अपना

वचन पूरा करना ; **—ся** (आत्म०) अपने ऊपर सयम रखना ।

сдёрнуть दे० сдергивать.

сдира́ть (अपू०), **содра́ть** (पू०) (भवि० сдеру́, сдерешь) १. चमडी/छिलका उतारना ; с кору́ с березы भूर्जवृक्ष से छिलका उतारना ; с ко́жу с живо́тного पशु की चमडी उधेडना ; २ (केवल पू०) содра́ть втри́дорога с кого́-л (किसीसे) बहुत मूल्य लेना/चमडी उतार लेना ।

сдо́ба (स्त्री०) (समू०) (दूध और घी मिले आटे से बनी) डबल रोटी ।

сдо́бный (वि०) दूध और घी मिलाकर गूँधा हुआ (आटा) ।

сдо́брить दे० сда́бривать.

сдо́бровать (अपू०) : ему́ не с. यह उसके लिए बुरा सिद्ध होगा/उसे इसका फल भुगतना होगा ।

сдружи́ться (आत्म० पू०) मित्र बनना ।

сдува́ть (अपू०), **сдуть** (पू०) (भवि० сду́ю, сду́ешь) (फूँक मारकर) उडा देना ; он сдул пе́пел с папиро́сы उसने फूँक मारकर सिगरेट पर से राख उडा दी ।

сду́ру (क्रि० वि०) मूर्खतापूर्वक ; मूर्खता से ।

сдуть दे० сдува́ть.

сеа́нс (पु०) (सिनेमा) प्रदर्शन/शो ; пе́рвый с. पहला प्रदर्शन/शो ।

себесто́имость (स्त्री०) निवल मूल्य ।

себя́ (सर्व०) स्वय ।

себялю́б||ец (पु०) आत्मप्रेमी (व्यक्ति) ; **—и́вый** (वि०) आत्मप्रेमी ।

сев (पु०) बुआई ।

се́вер (पुं०) उत्तर (दिशा) ; к —у (от) (-से) उत्तर को ; **—ный** (वि०) उत्तरी ; उत्तर का ।

се́веро-восто́к : उत्तर-पूर्व ।

северовосто́чный (वि०) उत्तर-पूर्वीय ।

се́веро-за́пад : उत्तर-पश्चिम ।

североза́падный (वि०) उत्तर-पश्चिमी ।

северя́нин (पुं०) उत्तरवासी ।

севооборо́т (पुं०) सस्यावर्तन ; फसलो की हेर-फेर ।

сегме́нт (पुं०) (गणित) वृत्त-खड ।

сего́дня (क्रि० वि०) आज ; с. у́тром आज प्रात.काल ; с ве́чером आज सायंकाल ।

сегодня́шний (वि०) आज का ; на с. день आज के दिन , आज ।

седа́лищ||е (नपुं०) १ (शरीर-रचना०) नितम्ब ; चूतड ; २. आसन ; कुर्सी ; **—ный** (वि०) चूतड़ो का ; आसन-सम्बन्धी ।

седе́льный (वि०) седло́ से वि० ; с ма́стер घोड़े की काठी या साज बनानेवाला ।

седе́ть (अपू०), **по—** (पू०) बालो का सफेद हो जाना ।

седина́ (स्त्री०) सफेद बाल ।

седла́ть (अपू०), **о—** (पू०) (घोड़ी पर) काठी या साज कसना ।

седло́ (नपु०) (घोड़े की) काठी ; जीन ।

седоборо́дый (वि०) श्वेतश्मश्रु ; सफेद दाढ़ी-वाला ।

седова́тый (वि०) सफेद-सा ।

седовла́сый (वि०) श्वेतकेश ; सफेद बालोवाला ।

седо́й (वि०) सफेद ; भूरा ।

седо́к (पु०) घुडसवार ।

седьм||о́й (वि०) सातवाँ ; —о́е ма́я सात मई , страни́ца —а́я सातवाँ पृष्ठ ।

сезо́м (पु०) शीशम ।

сезо́н (पुं०) १. ऋतु ; मौसम ; काल ; २. दिन ; мертвый с. मन्दी के दिन ।

сезо́нный (वि०) сезо́н से वि० ; с биле́т अवधि-टिकट ; सीज़न-टिकट ।

сей (सर्व०), **сия́** (स्त्री०), **сие́** (नपु०), **сии́** (बहु०) (सर्व०) इस (एकवचन) , इन (बहु०) ; на с. раз इस बार ; до сих пор अब तक ; сего́ го́да इस वर्ष का ; сего́ ме́сяца इस मास का ; что сие́ зна́чит ? इसका क्या अर्थ है ? ; сим удостоверя́ется प्रमाणित किया जाता है/तसदीक किया जाता है ; при сем прилага́ется इस (पत्र आदि) के साथ भेजा जा रहा है ; сию́ мину́ту इसी पल ; अभी ।

сейм (पु॰) (पोलैंड की) विधान-सभा ; सेइम ।

сейн||а (स्त्री॰) मछलियाँ पकडने का जाल ; **—ер** (पु॰) मत्स्यपोत ; मछलियाँ पकड़ने का पोत ।

сейсмо́граф (पु॰) भूकम्पलेखी ।

сейф (पु॰) तिजोरी ; सेफ ।

сейча́с (क्रि॰ वि॰) १. अब , अभी ; где он с. живет ? अब वह कहाँ रहता है ? ; сде́лайте э́то с. इसे अभी कीजिए ; то́лько с. अभी-अभी ; он то́лько с. ушел वह अभी-अभी गया है ; २. तुरन्त ; сейча́с ! अभी !

се́канс (पु॰) (गणित) छेदिका ।

секве́стр (पु॰) (अदालत द्वारा) अस्थायी जब्ती ।

секи́ра (स्त्री॰) कुठार ; गँडासा ; फरसा ।

секре́т (पु॰) भेद ; रहस्य ; по —у गुप्त रीति से ; вы́дать, разболта́ть с भेद खोलना ; с успе́ха सफलता का रहस्य ; □ с полиши-не́ля खुला रहस्य / व्यक्त रहस्य ; **II.** स्राव ।

секретариа́т (पु॰) सचिवालय ।

секрета́рство (नपु॰) सचिव-पद ।

секрет||а́рша (स्त्री॰), **—а́рь** (पु॰) सचिव ; सैक्रेटरी ; ли́чный —а́рь दे॰ ли́чный.

секре́тн||о (क्रि॰ वि॰) गुप्त रीति से ; **—ость** (स्त्री॰) गोपनीयता ; **—ый** (वि॰) गुप्त ।

секрето́рный (वि॰) स्रावी ।

секре́ция (स्त्री॰) स्राव ।

сексуа́льн||ость (स्त्री॰) लिंगमूलकता ; यौनता ; लैंगिकता ; लिंगमूलक भेद ; **—ый** (वि॰) लिंगमूलक ; यौन ; स्त्री-पुरुष के भेद का ; भोग-वासना-विषयक ।

се́кта (स्त्री॰) मत ; सम्प्रदाय ; पन्थ ।

секта́нт (पु॰) मतान्ध ; मताग्रही ; संकीर्ण विचारोवाला ; किसी सम्प्रदाय का कट्टर अनुयायी ; **—ский** (वि॰) साम्प्रदायिक ; सम्प्रदायमूलक ; **—ство** (नपु॰) साम्प्रदायिकता ; संकीर्णता ।

се́ктор (पु॰) खड ।

секуляриза́ция (स्त्री॰) धर्म-निरपेक्ष करने का भाव ; लौकिकीकरण ; लौकिक बनाना ।

секу́нд||а (स्त्री॰) सैकिंड ; **—ный** (वि॰) सैकिंड का ; —ная стре́лка सैकिंड की सुई ।

секу́щая (स्त्री॰) (गणित) छेदिका ।

секцио́нный (वि॰) विभागीय ।

се́кция (स्त्री॰) १ अनुभाग ; २. अंश ; तराश ; छेदन ।

селёдка = сельдь.

селёдочный (वि॰) हैरिंग मछली का ।

селезёнка (स्त्री॰) (शरीर-रचना॰) प्लीहा ; तिल्ली ।

се́лезень (पु॰) (नर) हंस ; बतख ।

селе́н (पु॰) (रस॰) सेलेनियम ।

селени́т (पु॰) चन्द्रकान्त मणि ।

селеногра́фия (स्त्री॰) चन्द्रवर्णन ; चन्द्रमा के वर्णन की विद्या ।

сели́тра (स्त्री॰) (रस॰) शोरा ।

сели́ться (आत्म॰ अपू॰) बसना ; निवास बनाना ।

сел||о́ (नपु॰) गाँव ; बस्ती ; □ э́то ни к —у́, ни к го́роду यह न यहाँ है, न वहाँ ।

сельдере́й (पु॰) जंगली चोलाई ।

сельдь (स्त्री॰) हैरिंग मछली ।

се́льск||ий (वि॰) गाँव का ; जानपद ; देहाती ; —ая жизнь देहाती जीवन ; —ое хозя́йство कृषि ; с учи́тель गाँव का अध्यापक ।

сельскохозя́йственный (वि॰) कृषि-; कृषि-सम्बन्धी ।

сельсове́т (पु॰) (се́льский сове́т) ग्राम-सोवियत ।

се́льтерская вода́ (स्त्री॰) जर्मनी के सेलत्सर नामक स्थान का खनिज जल ; सोडावॉटर ।

сема́нтика (स्त्री॰) शब्दार्थ-विज्ञान ; अर्थ-विचार ।

семасиоло́гия (स्त्री॰) अर्थ-विचार ; भाषा-विज्ञान का वह विभाग जिसमें शब्दो के अर्थ-विकास का विवेचन-विश्लेषण किया जाता है ।

сёмга (स्त्री॰) सेमगा या सामन मछली ।

семе́йн||ый (वि॰) १. घरेलू ; पारिवारिक ; —ая жизнь घरेलू जीवन ; पारिवारिक जीवन ;

—ые свя́зи पारिवारिक बन्धन ; २. परिवार-वाला ; с. челове́к परिवारवाला व्यक्ति ।

семе́й||ственность (स्त्री०) कुनबापरस्ती ; **—ственный** (वि०) घरेलू ; पारिवारिक ; **—ство** (नपुं०) परिवार ।

семена́ сéмя का बहु० ।

семени́ть (अपू०) (छोटे-छोटे कदमों से) चलना ।

семени||и́к (पु०) १. अंडकोष ; २ (वन०) बीजकोष , फली ; **—о́й** (वि०) १. बीज का ; २. वीर्य–, शुक्र-सम्बन्धी ।

семери́чный (वि०) सप्तक ; सात ।

семёрка (स्त्री०) सत्ता ।

семерно́й (वि०) सतगुना ।

сéмеро (नपुं०) सातो ।

семе́стр (पुं०) विश्वविद्यालय में छह महीने का अध्ययन-क्रम/अवधि ।

сéмечко (नपुं०) сéмя का अल्प० ।

семидесятиле́т||ие (नपुं०) सत्तरवीं वर्षगाँठ ; **—ний** (वि०) सत्तर वर्ष का ; सत्तरवर्षीय ।

семидеся́т||ый (वि०) सत्तरवाँ ; страни́ца —ая सत्तरवाँ पृष्ठ ।

семикра́тный (वि०) सात गुना ।

семиле́тка (स्त्री०) १. सप्तवर्षीय स्कूल ; २. सप्तवर्षीय बच्चा ; ३ सप्तवर्षीय ; सात वर्ष का ।

семина́р (पुं०) १. परिगोष्ठी ; सेमिनार , परिसंवाद ; २. धार्मिक विद्यापीठ / सेमीनारी का स्नातक ; **—и́ст** (पुं०) धार्मिकविद्यापीठ (सेमीनारी) में शिक्षा प्राप्त करनेवाला ; **—ия** (स्त्री०) धार्मिकविद्यापीठ ; सेमीनारी **—ский** (वि०) семина́р और семина́рист से वि० ।

семисо́тый (वि०) सातसौवाँ ।

семи́т (पुं०) सामी ; **—и́ческий** (वि०) सामीय ।

семиуго́льн||ик (पुं) सप्तभुज ; **—ый** (वि०) सप्तभुजीय ।

семна́дцат||ый (वि०) सत्रहवाँ ; страни́ца —ая सत्रहवाँ पृष्ठ ।

семна́дцать (गिनती) सत्रह ।

семь (गिनती) सात ।

се́мьдесят (गिनती) सत्तर ।

се́мьсот (गिनती) सात सौ ।

се́мью (क्रि० वि०) सतगुना ।

семь||я́ (स्त्री०) परिवार ; из хорошей —и́ अभिजात , कुलीन , अच्छे परिवार से ।

семьяни́н (पुं०) परिवारवाला मनुष्य ।

се́мя (स्त्री०) (बहु० семена́) बीज ; शुक्र ।

сена́т (पुं०) सैनिट ; **—ор** (पुं०) सैनिटर ; **—орский** (वि०) सैनिटर का ।

се́ни (बहु०) ड्योढी ।

сенни́к (पुं०) चटाई ।

сенно́й (वि०) सूखी घास का ; चारे का ; с. ры́нок घासमंडी ।

се́но (नपुं०) सूखी घास ; चारा ।

сенова́л (पुं०) सूखी घास का ढेर ।

сеновороши́лка (स्त्री०) सूखी घास फैलाने की हेंगी ।

сенокóс (पुं०) (सूखी) घास की कटाई ।

сенокоси́лка (स्त्री०) (सूखी) घास काटने की मशीन ।

сенсацио́нн||ый (वि०) सनसनीदार , सनसनीखेज ; —ое собы́тие सनसनीदार/सनसनीखेज घटना ।

сенса́ция (स्त्री०) १ सनसनी ; २. सवेदन ।

сенсуа́льный (वि०) १. सनसनीदार ; २. ऐन्द्रिक ; सवेदनापरक ; सवेदनात्मक ।

сентенцио́зный (वि०) सूत्रबद्ध ; छोटे वाक्यों का ।

сенте́нция (स्त्री०) वाक्य ; सूत्र ; सिद्धान्त ।

сентимент||али́зм (पुं०) भावुकता ; **—а́льный** (वि०) भावुक ।

сентя́брь (पुं०) सितम्बर (मास) ; **—ский** (वि०) सितम्बर का ।

сень (स्त्री०) आच्छादन , चँदोवा , शामियाना ।

сепарат||и́зм (पुं०) विच्छेदवाद ; विविक्तिवाद ; पृथकतावाद , **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) विच्छेदवादी ; पृथकतावादी ; विविक्तिवादी ।

сепара́тный (वि०) पृथक ; अलग ।

се́пия (स्त्री०) १. रँगसाज़ या चित्रकार का स्याही-माइल भूरा रँग ; २ उक्त रँग से तैयार किया गया चित्र ।

се́псис (पुं०) किसी अंग का विषाक्त होना ।

септи́ческий (वि०) विषाक्त ; रुधिर को विषैला करनेवाला ।

се́ра (स्त्री०) (रस०) गन्धक ।

сера́ль (पुं०) तुर्किस्तान के सुल्तान का महल ; अन्त:पुर ।

серафи́м (पुं०) (मसीही धर्म के अनुसार) सर्वोच्च श्रेणी का छह पखोवाला देवदूत ।

серб (पु०) सर्बिया देश का निवासी ; **—ский** (वि०) सर्बियाई ।

серви́з (पुं०) · सैट ; обеде́нный с. खाने का सैट ; ча́йный с चाय का सैट ।

сервирова́ть (अपू० और पू०) (—ру́ю) परोसना , с стол मेज़ पर खाना लगाना ।

сервиту́т (पु०) दासत्व ; दासता ; गुलामी ।

серде́чник (पुं०) १ (टेक०) केन्द्रक ; (अंग्रेजी—कोर) ; २ हृदय के रोगो का विशेषज्ञ ; ३. с. лугово́й एक प्रकार का फूल ।

серде́чн||ость (स्त्री०) हार्दिकता ; सौहार्द ; मैत्री ; **—ый** (वि०) १. हृदय का ; हार्दिक ; २. सच्चा ; प्रेमी ।

серди́т||ый (वि०) १. (-пер) क्रुद्ध ; быть —ым (на) -पर क्रुद्ध होना ; २. (सिरके या सरसो के तेल आदि का) तेज होना ; तीक्ष्ण होना ।

серди́ть (अपू०) (сержу́, се́рдишь) गुस्सा दिलाना ; क्रोध दिलाना ; **—ся** (आत्म०) -पर क्रुद्ध होना ; क्रोध करना ।

сердобо́лие (नपुं०) कोमलहृदयता ; दयालुता ।

сердобо́льный (वि०) कोमलहृदय , दयालु ।

се́рдц||е (नपुं०) हृदय ; दिल ; до́брое, мя́гкое с. कृपालु/कोमलहृदय ; ка́менное с पाषाण-हृदय ; скрепя́ с. अनिच्छापूर्वक ; поро́к —а हृदय-रोग ; в —а́х क्रोधावेश में ; по —у दिल से ; с глаз доло́й, из —а вон नज़र से दूर, दिल से दूर ।

сердцебие́ние (नपुं०) हृदय की धड़कन ।

сердцеве́д (पुं०) हृद्‌विद ; मन की बात जाननेवाला

сердцеви́на (स्त्री०) (वन०) १. गूदा ; गिरी ; с. березы भुर्ज वृक्ष का गूदा ; с. оре́ха (अखरोट आदि की) गिरी ; २. केन्द्र ; मुख्य भाग ।

сердцее́д (पुं०) कामिनी-रमण ; स्त्रियो के मन को मोह लेनेवाला ।

серебреник (पुं०) I. सुनार ; सर्राफ ; II. चाँदी का सिक्का ।

серебри́ст||ость (स्त्री०) शुभ्रता ; सफेदी ; **—ый** (वि०) रजत-शुभ्र ; चाँदी के सदृश श्वेत ।

серебри́ть (अपू०), **по—** (पू०) चाँदी का मुलम्मा करना ।

серебро́ (नपुं०) १ चाँदी ; २. चाँदी की चीजें ।

серебря́н||ый (वि०) चाँदी का ; —ая посу́да चाँदी का बर्तन ।

середи́н||а (स्त्री०) मध्य ; в —е मध्य में ; **—ный** (वि०) मध्य का ; केन्द्रीय ।

серёдка = середи́на.

середня́к (पु०) मध्यम श्रेणी का किसान ।

середня́цкий (वि०) середня́к से वि० ।

серёжка (स्त्री०) १. एक प्रकार का पौधा ; २. =серьга́.

серена́да (स्त्री०) सेरेनादा (प्रेमी का सान्ध्य गीत) ।

се́ренький (वि०) भूरा-सा ; धुँधला ।

сере́ть (अपू०), **по—** (पू०) भूरा हो जाना ; धुँधला हो जाना ।

сержа́нт (पुं०) (सेना०) सारजेंट ।

сери́йный (वि०) क्रमबद्ध ; धारावाहिक ।

се́ристый (वि०) (रस०) सलफ्यूरियस ।

се́рия (स्त्री०) माला ; शृंखला ।

се́рна (स्त्री०) साबर (जंगली पहाडी हिरन) ।

серни́стый (वि०) (रस०) सलफ्यूरियस ; सलफरी ।

сернова́тистый (वि०) (रस०) थायो-सलफ्यूरिक ।

сернокисл||ый (वि०) : —ая соль सल्फ़ेट ।

сéрн||ый (वि०) (रस०) सलफ्यूरिक ; —ая кислотá सलफ्यूरिक ऐसिड , गन्धक अम्ल ।

серовáтый (वि०) भूरा-सा ।

сероводорóд (पु०) (रस०) हाइड्रोजन सल्फेट ।

сероглáзый (वि०) भूरी आँखोवाला ।

серп (पु०) हँसिया ।

серпантúн (पु०) रग-बिरगा, लम्बा और पतला फ़ीता ।

серпентúн (पुं०) सर्पिज , एक प्रकार का सब्ज़ रँग का खनिज पदार्थ ।

серсó (नपु०) (अ०) सेरसो—एक विशेष खेल जिसमें लोहे का घेरा छडी पर घुमाकर ऊपर फेंका जाता है और फिर उसे अपनी-अपनी छडी पर रोकने की कोशिश की जाती है ।

сéрум पुं०) लसी , रक्त मे जल का अश ।

сéрый (वि०) भूरा , मटियाला ।

серьгá (स्त्री०) १ (कान में पहनने का) काँटा ; झुमका , बाली , २ (टेक०) अलगनी ।

серьёзн||о (क्रि० वि०) गम्भीरतापूर्वक ; लगन से , ईमानदारी मे , серьезно ? सचमुच ? ; **—ость** (स्त्री०) गम्भीरता , लगन , ईमानदारी ; **—ый** (वि०) गम्भीर , लगनवाला , ईमानदार ।

сéссия (स्त्री०) बैठक , अधिवेशन ।

сестрá (स्त्री०) बहन , медицúнская с नर्स ।

сéстрин, —ский (वि०) बहन का ।

сестр||úца, —úчка (स्त्री०) сестрá का अल्प० ।

сесть दे० садúться.

сéтка (स्त्री०) जाल , जाली ; с для лóвли мух मक्खियाँ आदि पकडने का जाल ।

сéточный (वि०) जाल का ।

сéтовать (अपू०), **по—** (पू०) (—тую) विलाप करना ।

сéттер (पुं०) एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

сетчáтка (स्त्री०) आँख के पिछले भाग का चित्रपट (अंग्रेजी—रेटीना) ।

сéтчат||ый (वि०) : —ая глáза दे० сетчáтка

сет||ь (स्त्री०) १. जाल ; मछलियाँ आदि पकड़ने का जाल , попáсть в —и जाल मे फँसना ; расставлять —и जाल बिछाना ; २. (रेल की पटरियो आदि का) जाल ।

сéча (स्त्री०) (काव्य०) युद्ध ; हत्याकाड ; नरसहार ।

сечéние (नपुं०) १ चाबुक लगाने / कोडा लगाने की क्रिया ; २ तराश ; काट ; छेद ।

сéчка (स्त्री०) १. (सब्ज़ी काटने का) चाकू ; छुरी ; २. (चारे की) कुटी ; टोका ।

сечь (अपू०), **вúсечь** (पू०) (वर्त० секý, сечешь) १ चाबुक से मारना ; कोडा मारना ; बेत मारना ; २ (केवल अपू०) (काटकर) छोटे-छोटे टुकडे करना ; कुटी करना ; टोका करना ; **—ся** (आत्म०) (बालो का) बिखर जाना ; (रेशमी कपडे का ज्यादा दिन पहनने से) तार-तार हो जाना ; रिन जाना ।

сéялка (स्त्री०) वपन-यन्त्र , बीज बोने की मशीन ।

сéятель (पु०) वपनकर्त्ता , बीज बोनेवाला ।

сéять (अपू०), **по—** (पू०) १ बीजवपन ; बीज बोना ; с. враждý (мéжду) (के बीच) शत्रुता के बीज बोना ; २. खोना ; □ что посéешь, то и пожнешь जैसा बोओगे, वैसा काटोगे / जसी करनी, वैसी भरनी ।

сжáлиться (आत्म० पू०) दया करना ।

сжáрить (पू०) भूनना ।

сжáтие (नपु०) दबाने/भीचने की क्रिया ; दबाव ; с вóздуха हवा का दबाव ।

сжáтость (स्त्री०) १. (गैस आदि का) दबाव ; संपीडन ; २. सक्षिप्तता ।

сжать(ся) दे० сжимáть(ся) और жать

сжечь दे० жечь और сжигáть.

сживáть (अपू०), **сжить** (पू०) (भवि० сживý, сживешь) जीना दूभर कर देना ; он старáлся сжит меня́ с квартúры उसने मकान में मेरा रहना दूभर करने की कोशिश की ; с со свéта जान ले लेना ; **—ся** (आत्म०) (साथ रहते-रहते) एक दूसरे से घुल-मिल जाना ।

сжигáть (अपू०), **сжечь** (पू०) (भवि० сожгý, сожжешь) जला डालना ; दाह करना ; (मुर्दा) जलाना ।

сжижа́ть (अपू०), **сжиди́ть** (पू०) (भवि० сжижу́, сжиди́шь) तरलीकरण ; तरल करना ।

сжима́ть (अपू०) **сжа́ть** (पू०) (भवि० сожму́, сожме́шь) निचोडना ; भींचना ; पेरना ; दबाना ; с. ру́ку в кула́к घूँसा दिखाना ; с ру́ку кому́-л. किसीका हाथ ऐंठना/दबाना ; **—ся** (आत्म०) भिंचना ; सिकुडना ; इकट्ठा होना ।

сжи́ть(ся) दे० сживáть(ся).

сза́ди (क्रि० वि०) पीछे से ; पीछे ; पिछले सिरे से ; посмотре́ть с. पीछे से देखना ; вид с. पीछे से दिखायी पडनेवाला दृश्य ; пя́тый вагóн с пíдлеле сíре से पाँचवाँ डिब्बा ; (अ०) पीछे ; с. дóма घर के पीछे ।

сзыва́ть (अपू०), **созва́ть** (पू०) (भवि० созову́, созовешь) बुलाना ; (अतिथियो को) इकट्ठा करना ।

сибиля́нт (पुं०) (भाषा-विज्ञान) ऊष्म वर्ण ; [रूसी वर्णमाला में ж, з, с, ш— ये ऊष्म वर्ण हैं ।]

сиби́рский (वि०) साइबेरिया का ।

сибир||я́к (पुं०), **—я́чка** (स्त्री०) साइबेरिया-निवासी/निवासिनी ।

сиви́лла (स्त्री०) (कल्पित) जादूगरनी ।

си́вка (उभ०) भूरा (घोडा) ।

сивýха (स्त्री०) (कच्ची) शराब ।

си́вый (वि०) भूरा ।

сиг (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

сига́ра (स्त्री०) सिगार ।

сигар||е́та, —е́тка (स्त्री०) सिगरेट ।

сига́рный (वि०) सिगार का ।

сигна́л (पुं०) सकेत ; सिगनल ; **—иза́тор** (पुं०) सकेत-यन्त्र ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) सकेत देना ; **—ьный** (वि०) सकेत का ; **—ьщик** (पुं०) सकेतक (व्यक्ति) ।

сигнатýр||а (स्त्री०), **—ка** (स्त्री०) १. अनुपान ; दवा सेवन करने की विधि ; २ हस्ताक्षर ।

сиде́лка (स्त्री०) (रोगी की देख-भाल करनेवाली) नर्स ।

сиде́ни||е (नपुं०) बैठने की क्रिया ; он устáл от дóлгого —я वह बहुत देर बैठने के कारण थक गया ।

сиде́ние (नपुं०) आसन ; बठने की क्रिया ।

сиде́ть (अपू०) (वर्त० сижу́, сиди́шь) १. बैठना ; с. поджáв нóги चौकडी मारकर बैठना ; остáться с. बैठे रहना ; с на я́йцах (मुर्गी का) अडों पर बैठना/अडे सेना ; २. с. в тюрьме́ जेल भुगतना ; с под аре́стом हिरासत में होना ; с. без де́ла बेकार बैठना ; с. сложá ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; ३. (कपडे का) ठीक बैठना ; ठीक नाप का होना ; **—ся** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не сиди́тся дóма वह घर पर नही बैठ सकता / वह घर पर रहना पसन्द नही करता ; ему́ не сиди́тся на мéсте वह एक स्थान पर टिककर नही बैठ सकता ।

сидр (पुं०) सिद्र (एक प्रकार की ब्रांडी) ।

сидя́ч||ий (वि०) बैठा हुआ ; в —ей пóзе बैठे हुए ।

сие́на (स्त्री०) रँग बनाने के काम में आनेवाली भूरी-सी मिट्टी ।

си́зый (वि०) फाख्ता के रँग का ।

сикомóр (पुं०) मिस्र का एक प्रकार का अंजीर का पेड ।

си́л||а (स्त्री०) १ शक्ति ; बल ; जोर ; пóлный сил शक्तिवान्/शक्तिशाली ; изо всех сил पूरी शक्ति से ; —ой बलपूर्वक / зáбрáсть ; брать —ой बलपूर्वक लेना ; ходи́ть чéрез —у कठिनाई से चल सकना ; вы́биться из сил अशक्त हो जाना ; с. вóли इच्छा-शक्ति , २. (टेक०) शक्ति ; лошади́ная с अश्व-शक्ति ; ३ (सेना०) बल ; शक्ति ; воéнно-воздýшные —ы विमान-बल ; हवाई शक्ति ; ४ (कानून-सम्बन्धी) входи́ть в —у लागू होना ।

сила́ч (पुं०) व्यायामिक ; कसरती आदमी ।

силика́т (पुं०) (रस०) सिलीकेट ।

си́литься (आत्म० अपू०) जोर लगाना ; शक्ति लगाना ;कोशिश करना ; я си́лился не пла́кать मैंने न रोने की कोशिश की ।

силко́м (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।
силов‖о́й (वि०) —а́я ста́нция बिजलीघर ।
си́лой (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।
сило́к (पु०) फन्दा ; जाल ।
силуэ́т (पुं०) तिमिर-चित्र (केवल बाह्य रेखा दर्शानेवाला छाया-चित्र) ।
си́льно (क्रि० वि०) बलपूर्वक ; जबर्दस्ती ; दृढता से ; जोर से , प्रचंडता से; быть с привя́занным (к) दृढतापूर्वक बँध जाना ; с де́йствовать जोर से कार्य करना ; с уда́рить जोर से मारना ; с занемо́чь बहुत बीमार होना , с. нужда́ться (в чем-л) (किसी वस्तु की) बहुत आवश्यकता होना ; с разбогате́ть बहुत धनी बन जाना ; с чу́вствовать तीव्रता से अनुभव करना ; с пить बहुत (शराब) पी लेना ; с поте́ть पसीना-पसीना हो जाना ; □ с ска́зано आप हद से बढ रहे हैं ।
сильноде́йствующий (वि०) (विष या दवा के बारे मे) बहुत असर करनेवाला/वाली ; तीखा/तीखी ।
си́льн‖ый (वि०) १ बलवान , शक्तिशाली ; (गर्मी आदि) तेज , (भूख आदि) सख्त ; (इच्छा आदि) तीव्र ; उद्दाम ; с. за́пах तीव्र गन्ध ; —ая во́ля दृढ सकल्प ; २ सिद्धहस्त ; निष्णात ; си́лен в матема́тике गणित मे निष्णात ।
сильф (पु०) (लोक-साहित्य) गगनदेव ।
си́мвол (पु०) प्रतीक , सकेत , लक्षण , **—и́зм** (पु०) प्रतीकवाद ।
симво́лика (स्त्री०) सकेत-विद्या ।
символ‖исти́ческий, —и́чный (वि०) प्रतीकात्मक , प्रतीक-सम्बन्धी ।
симметри́‖ческий, —чный (वि०) समित ; सुडौल ।
симметри́я (स्त्री०) समिति ; सुडौलपन ।
симони́я (स्त्री०) धर्मपदविक्रय ; धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध ।
симпат‖изи́ровать (अपू०) (—рую) समवेदना प्रकट करना ; सहानुभूति दिखाना ; **—и́ческий** (वि०) समवेदना ; सहानुभूति ; **—и́чный** (वि०) सहज आकर्षणयुक्त ; आकर्षक ; सुन्दर ।
симпа́тия (स्त्री०) समवेदना ; सहानुभूति ।
симпто́м (पु०) लक्षण ; निदान ।
симптомати́ч‖еский, —ный (वि०) लक्षण /निदान-सम्बन्धी ।
симул‖и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) बहाना करना ; с. негодова́ние क्रोध जताना ; с. безу́мие पागल होने का बहाना करना ; **—и́нтка** (स्त्री०) छल करनेवाली ; **—ля́ция** (स्त्री०) बहाना / छल करने की क्रिया ।
синаго́га (स्त्री०) यहूदी-देवालय ।
синдикал‖и́зм (पुं०) शिल्पसघवाद ; सिडीकेलिज्म ; **—и́ст** (पुं०) शिल्पसंघवादी ; सिंडीकेलिस्ट ; **—и́стский** (वि०) शिल्पसंघवादीय ।
синдика́т (पु०) शिल्पसघ ; व्यवसाय-सघ ; (अंग्रेजी—सिंडिकेट) ।
синева́ (स्त्री०) (स्याही माइल) गहरा नीला रंग ।
синева́тый (वि०) नीला-सा ।
сине́кдоха (स्त्री०) उपादान लक्षण (जिसमें अंगी के लिए अग अथवा अग के लिए अगी का प्रयोग होता है) ।
синеку́ра (स्त्री०) बिना किसी कार्य-भार के लाभ या प्रतिष्ठा का पद , मौज की नौकरी ।
синеро́д (पु०) (रस०) सिनोजेन ।
сине́ть (अपू०), **по—** (पू०) नीला हो जाना ।
си́ний (वि०) नीला ।
сини́льн‖ый (वि०) (रस०) —ая кислота́ हाइड्रोसियेनिक एसिड ।
сини́ть (अपू०), **под—** (पू०) नीला करना ।
сини́ца (स्त्री०) फुदकी ; एक प्रकार का पक्षी ।
сино́д (पुं०) पादरियो की सभा ; **—а́льный, —ский** (वि०) धर्मसभा का ; धर्मसभा-सम्बन्धी ।
сино́л‖ог (पु०), चीनवेत्ता ; चीनी भाषा, साहित्य और सस्कृति आदि का ज्ञाता ; **—о́гия** (स्त्री०) चीनज्ञान ; चीनी भाषा, साहित्य और सस्कृति आदि का ज्ञान ।
сино́ним (पुं०) पर्याय ; समानार्थवाचक शब्द ; **—и́ческий** (वि०) पर्यायवाची ।

сино́птик (पुं०) मौसम के विषय में भविष्यवाणी करनेवाला ।

си́нтаксис (पुं०) (वाक्य) विन्यास ; वाक्य-रचना ।

си́нте||з (पुं०) सश्लेषण ; समन्वय ; **—ти́ческий** (वि०) १. си́нтез से वि० ; २ (रस०) सांश्लेषिक ; सश्लिष्ट ; कृत्रिम ।

синхрон||изи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) एक ही समय होना ; समक्रमण होना ; **—и́зм** (पुं०) समक्रमिकता ; **—и́я** = синхрони́зм.

синхро́нный (वि०) समक्रमिक ; एक ही समय घटित होनेवाले ।

синь = синева́.

си́нька (स्त्री०) १. नील ; २. (किसी योजना की) मूल रूपरेखा ; मूलयोजना ।

синя́к (पु०) खरोंच ; झरीट ; खरोंच का निशान ; नील ।

сион||и́зм (पु०) यहूदीवाद , **—и́ст** (पु०), **—и́стка** (स्त्री०) यहूदीवादी ।

сипа́й (पु०) सिपाही ।

си́плый (वि०) (आवाज़) फटी ; भर्रायी ।

си́пнуть (अपू०) (आवाज़ का) फट जाना ; भर्राना ।

сире́на (स्त्री०) भोंपू ।

сире́невый (वि०) (वन०) बकाइन का ।

сире́нь (स्त्री०) (वन०) बकाइन ।

сири́||ец (पुं०) सीरिया-निवासी ; **—и́йский** (वि०) सीरिया का ।

Си́риус (पुं०) लुब्धक (एक नक्षत्र-विशेष) ।

сиро́п (पु०) चाशनी ; शर्बत ।

сирот||а́ (उभ०) अनाथ ; मातृपितृविहीन बालक ; оста́ться —о́й अनाथ हो जाना ; **—ли́вый** (वि०) (काव्य०) एकाकी ।

сиро́тс||кий (वि०) अनाथ का ; **—тво** (नपुं०) अनाथता ; मातृपितृविहीनता ।

систе́ма (स्त्री०) प्रणाली ; पद्धति ; व्यवस्था ; तन्त्र ; ка́рточная с. राशन-पद्धति ।

системати́ческ||и (क्रि० वि०) पद्धति या क्रम के अनुसार ; व्यवस्थित ढंग से ; **—ий** (वि०) यथाक्रम ; व्यवस्थित ; क्रम के अनुसार ।

систе́рна = цисте́рна.

си́стола (स्त्री०) प्रकुंचन (हृदय या धमनी का सिकुडना) ।

си́тец (पुं०) छींट ; दरेस ; छपा हुआ कपडा ।

си́течко (नपुं०) си́то का अल्प० ।

си́тник (पु०) I. छाने हुए आटे की सफेद डबल रोटी ; II. सरहरी (एक प्रकार का पौधा) ।

си́тный (वि०) с хлеб = си́тник-I.

си́то (नपुं०) छलनी ।

ситуа́ция (स्त्री०) स्थिति ।

си́тцевый (वि०) छींट का ; दरेस का ।

си́филис (पुं०) उपदंश रोग ; गर्मी ।

сифо́н (पु०) (भौ०) साइफन ।

сия́ние (नपुं०) क्रान्ति ; प्रकाश ; चमक ।

сия́||ть (अपू०) चमकना ; со́лнце —ет सूर्य चमक रहा है ।

скабрёзн||ость (स्त्री०) अश्लीलता ; अशिष्टता ; **—ый** (वि०) अश्लील ; अशिष्टतापूर्ण ; **—ый** ра́сска́з अश्लील कहानी ।

сказ (पु०) कथा ; □ вот тебе́ и весь с. बस कहानी खत्म हुई / बस, इतनी ही कहानी है ।

сказа́ние (नपु०) कथा ; गल्प ।

сказа́ть दे० говори́ть ; □ ле́гче с. чем сде́лать करने से कहना सहज है/कहना सहज है करना कठिन ; ска́зано - сде́лано कहा और हुआ ; **—ся** दे० ска́зываться.

скази́тель (पु०) लोक-कथाएँ कहनेवाला ।

ска́зк||а (स्त्री०) कथा , कहानी ; расска́зывать —и कहानियाँ कहना/सुनाना ; э́то с यह गप्प है ।

ска́зочный (वि०) १ परियों की कहानी का ; २ अद्भुत ; अविश्वसनीय ; अलौकिक ।

ска́зывать (अपू०) कहानी सुनाना ।

ска́з||ываться (आत्म० अपू०) **сказа́ться** (भवि० скажу́сь, ска́жешься) (आत्म० पू०) १. बताना ; २. बुरा प्रभाव डालना ; दुष्प्रभाव डालना ; боле́знь си́льно —а́лась на нём ; बीमारी का उस पर बुरा प्रभाव पड़ा ; ३. (अपने

विषय मे) सूचना देना, —áться больны́м अपनी बिमारी की सूचना देना ; ४. प्रकट होना ।

скака́лка (स्त्री०) बच्चो के उछलने की रस्सी ।

скака́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० скачу́, ска́чешь) १ कूदना ; पारी-पारी से एक पैर पर भार देकर चलना ; फुदकना, २ घोड़े को सरपट दौडाना ।

скаков||о́й (वि०) दौड का ; —áя ло́шадь घुडदौड का घोडा ; —áя доро́жка घुडदौड-पथ (अग्रेज़ी-रेसकोर्स) ।

скаку́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) कूदनेवाला/वाली ; फुदकनेवाला/वाली ।

скал||а́ (स्त्री०) चट्टान ; **—и́стый** (वि०) पथरीला ; चट्टानोवाला ।

ска́лить (अपू०), **о—** (पू०) с. зу́бы दाँत निकाल कर हँसना ।

ска́лка (स्त्री०) (रोटी आदि बेलने का) बेलना ; (कपडे धोने का) मोगरा ।

ска́лывать (अपू०), **сколо́ть** (पू०) (भवि० колю́, ско́лешь) १. (-से) फोडना ; तोडना ; с лед с. тротуа́ра पटरी पर से बर्फ तोडना ; २. पिनो से जोडना/लगाना ।

скальки́ровать दे० кальки́ровать.

скалькули́ровать दे० калькули́ровать

скальп (पुं०) खोपडी ; मस्तक की त्वचा और बाल ।

скальпи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) सिर/खोपडी उतारना ; с. уби́того врага́ मारे हुए शत्रु की खोपडी/सिर उतार लेना ।

скам||е́ечка (स्त्री०) छोटा बेंच ; **—е́йка, —ья́** (स्त्री०) बेंच ।

скандал (पु०) लोकापवाद ; कलक ; तोहमत ; **—и́ст,** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) अपवादी/अपवादिनी ; तोहमत लगानेवाला / वाली ; **—ьный** (वि०) कलकित ; दगीला ।

ска́ндий (पुं०) (रस०) स्कैंडियम ।

скандо́вать = сканди́ровать.

скандо́ванье दे० скандирование.

скандо́вка दे० скандирование.

скандо́вщик दे० скандировщик.

скандо́вщица दे० скандировщица.

скачообра́зный (वि०) पत्ते के सदृश ; पत्ते जैसा ।

скачо́к (पु॰) छलाँग ।

ска́шивать (अपू०), **скоси́ть** (पू०) (भवि० скошу́, ско́сишь) **I.** घास काटना ; **II.** तिरछी नज़र से देखना ; कटाक्ष करना ; **III.** तिरछा बनाना ; ढलवाँ बनाना ।

сква́ж||ина (स्त्री०) खाँचा ; दरार ; सुराख ; छेद ; замо́чная с. ताली का छेद ; **—истость** (स्त्री०) दरारदार होने का भाव ; खाँचेदार होने का भाव ; **—истый** (वि०) खाँचेदार ; दरारदार ।

сквер (पु॰) चौक ।

сквёрно (क्रि० वि०) बुरी तरह से ; с. па́хнуть दुर्गन्ध आना/बुरी गन्ध आना ; пальто́ с. сиди́т на нем कोट उसके ठीक नहीं आता ; его́ дела́ иду́т с. उसका काम खराब हो रहा है ; поступа́ть с по отноше́нию к кому́-л. किसीसे बुरा बर्ताव करना ।

скверносло́в (पु॰) गाली देनेवाला ; अपभाषी ; **—ие** (नपु॰) गाली-गलौज ; अश्लील भाषा ; अपभाषा ।

сквернослови́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० скверносло́влю, скверносло́вишь) अश्लील बातें कहना ; गालियाँ देना ।

сквёрный (वि०) बुरा ; नीच , с челове́к बुरा आदमी ; с. посту́пок बुरा काम ।

сквита́ться (आत्म० पू०) (-से) हिसाब चुकाना ; लेखा बराबर करना ।

сквози́||ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) १. здесь —и́т यहाँ हवा का झोंका आता है/यहाँ हवा लगती है , २ आर-पार दिखायी पडना ; свет —и́т че́рез занаве́ску प्रकाश पर्दे के बीच से आ रहा है ; ३. (कपड़े का) पारदर्शी होना ।

сквозно́й (वि०) आर-पार ; बीचोबीच का ; с. прохо́д आर-पार रास्ता ; с. ве́тер = сквозня́к.

сквозня́к (पु॰) (कमरे में आमने-सामने दरवाजा या खिड़की होने के कारण आनेवाला) हवा का झोंका ।

сквозь (अ०) (बीच) में से ; आर-पार ; с. дыру́ छेद मे से ; говори́ть с. зу́бы दाँत भींचकर बोलना ; □ смотре́ть с. па́льцы (на что-л) देखी-अनदेखी करना/चश्मपोशी करना ।

скворе́ц (पु॰) मैना ।

скворе́чн||ик (पु॰), **—ица** (स्त्री०) (छत या पेड पर पक्षी के लिए बनाया गया) घोंसला ।

скеле́т (पु॰) ढाँचा ; पंजर ; अस्थि-पंजर ।

ске́п||сис (पु॰) (तत्त्वज्ञानियों का) अविश्वास ; सन्देह ; शका ; **—тик** (पु॰) सन्देहवादी ; शंकालु ; अविश्वासी ; **—тици́зм** (पु॰) सन्देहवाद ।

скепти́ческий (वि०) सन्देहात्मक ; सन्दिग्ध ।

ски́дка (स्त्री०) छूट ; बट्टा ।

ски́дывать (अपू०), **ски́нуть** (पू०) १. फेंक देना ; २. (कपडे) उतारना ; ३. मूल्य कम करना/घटाना ।

ски́петр (पु॰) राजदंड ।

скипида́р (पु॰) तारपीन ; очи́щенный с. तारपीन का तेल ; **—ный** (वि०) तारपीन का ।

скирд (पु॰), **—а́** (स्त्री०) भूसे या कटी हुई फसल का ढेर , टाल ।

скирдова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० —дую) भूसे का ढेर लगाना ; टाल लगाना ।

скиса́ть (अपू०), **ски́снуть** (पू०) खट्टा हो जाना ।

скит (पु॰) कुटिया ; आश्रम ।

скита́лец (पु॰) घुमक्कड , पर्यटक ।

скита́ться (आत्म० अपू०) घूमना ; विचरना ; पर्यटन करना ।

склад (पु॰) **I.** गोदाम ; भंडार ; **II.** बनावट ; स्वरूप ; अवस्था ; с. ума́ मानसिक अवस्था ।

скла́дка (स्त्री०) (मुँह पर) झुर्री ; (कपडे की) सलवट ; प्लेट ; तह ; शिकन ; с. на брю́ках पतलून की सलवट ।

скла́дно (क्रि० वि०) भली प्रकार से ।

складно́й (वि०) तह किये जाने योग्य ।

скла́дн||ость (स्त्री०) समन्वय ; समस्वरता ; सामजस्य , **—ый** (वि०) समन्वित ; समस्वर ; समंजस ।

скла́дочн||ый (वि०) —ое помеще́ние = склад-I ; —ое ме́сто काठ-कबाड रखने का गोदाम ।

складско́й (वि०) गोदाम का ।

скла́дчатый (वि०) बहुत सलवटोवाला (कपडा आदि) ।

скла́дчина (स्त्री०) सचय करने की क्रिया ।

склады́ (बहु०) वर्ण , अक्षर ; मात्रा (सिलेबल) ।

скла́дывать (अपू०), **сложи́ть** (पू०) १. इकट्ठा करना ; ढेर लगाना , с. ве́щи пе́ред отъе́здом (जाने से पहले) सामान बाँधना ; २. (गणित) जोड लगाना ; जोडना ; с два и четы́ре दो और चार का जोड़ लगाना ; ३. (पद्य आदि की) रचना करना ; ४. उठा लेना , сложи́ кни́ги со стола́ मेज़ पर से पुस्तकें उठा लो ; ५. तह करना ; с вдво́е दुहरा करना , с. газе́ту समाचार-पत्र की तह बनाना ; □ сиде́ть сложа́ ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना ; с. ору́жие हथियार डालना ; **—ся** (आत्म०) १. इकट्ठा होना ; सचित होना ; २. बनना ; (स्थिति) पैदा होना , обстоя́тельства сложи́лись благоприя́тно स्थिति अनुकूल हो गयी ; ३ скла́дывать का कर्मवाच्य ।

скле́ивать (अपू०), **склеи́ть** (पू०) (गोद/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. скле́ивать का कर्मवाच्य ।

скле́йка (स्त्री०) (गोद या लेई से) चिपकाने की क्रिया ।

склеп (पु०) महरावदार मकबरा ।

склепа́ть दे० склепывать.

склёпка (स्त्री०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोडने की क्रिया ।

склёпывать (अपू०), **склепа́ть** (पू०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोड़ना ।

скрика́ть (अपू०), **скри́кать** (पू०) (भवि० скри́чу, скри́чешь) (चिल्लाकर) बुला लेना/इकट्ठा कर लेना ; хозя́йка скри́кала кур मालकिन ने आवाज़ देकर सब मुर्गियाँ इकट्ठी कर ली ।

скло́ка (स्त्री०) झगडा ।

склон (पु०) ढाल ; ढलवान ।

склоне́ние (नपु०) १ नमन ; नति ; झुकाव ; २. कारक-रूप/धातु-रूप ।

склони́ть(ся) दे० склоня́ть(ся)

скло́нн||ость (स्त्री०) झुकाव ; प्रवणता ; रुझान , с к вое́нной слу́жбе सिपाही बनने की प्रवृत्ति/फौज मे नौकरी करने की प्रवृत्ति ; **—ый** (वि०) नत ; प्रवृत्त ; झुका हुआ ।

склоня́ть (अपू०), **склони́ть** (पू०) १. झुकाना ; मोडना ; склони́ть го́лову सिर झुकाना ; २ मनाना ; मनाने की कोशिश करना ; (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपो/धातु-रूपो की रचना करना ; गर्दाने करना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रवृत्ति होना ; झुकाव होना ; मान जाना ; २. -पर झुकना ; —ся над колыбе́лью पालने पर झुकना ; ३ (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपो/धातु-रूपो की रचना होना ।

скло́чн||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) कलह-प्रिय , झगडा करनेवाला/वाली ।

скля́нка (स्त्री०) १ शीशी ; २ बालूघडी ; ३. (नौचालन०) आधा घटा ।

скоба́ (स्त्री०) शिकजा ।

ско́бель (पु०) उस्तरा ।

ско́бк||а (स्त्री०) १ скоба́ का अल्प० ; २. कोष्ठक या बन्धनी का चिह्न ( ) ; в —и, в —ах कोष्ठको में ; बन्धनियो मे ; २. बालो की छँटाई ; माथे और गुद्दी पर से बालो की छँटाई ।

скобли́ть (पू०) १. खरोंचना ; २. रन्दा करना ; ३. (जर्राही मे) चमडी छेदना या काटना ।

скобян||о́й (वि०) : с. това́р, —ые изде́лия लोहे की बनी चीजे ।

сковать दे० ско́вывать.

сковорода́ (स्त्री०) कडाही ।

ско́вородень (पु०) (टेक०) соедине́ния в с. फ़ाख्ता की दुम की-सी चूल या जोड़ ।

сковоро́дка = сковорода́.

ско́вывать (अपू०), **сковáть** (पू०) (वर्त० скýю, скуешь) १. गढना ; (लोहे आदि को) गर्म करके हथौड़े से कूटकर बनाना ; २. कूटकर जोड़ना ; ३. ज़ंजीर से बाँधना ; बेड़ी लगाना ; ३. बर्फ से ढँक देना ; лед сковáл péку नदी जम गयी है ।

сколáчивать (अपू०), **сколотúть** (पू०) (भवि० сколочý, сколóтишь) ठोककर बनाना ; इकट्ठे करना ; संगठन करना ; сколотúть я́щик из досóк कीले ठोककर तख्तों का बक्स बनाना ।

ско́лок (पुं०) १. प्रतिरूप ; २. (कढ़ाई का) नमूना ।

сколотúть दे० сколáчивать.

сколóть दे० скáлывать.

скольже́ние (नपुं०) फिसलन ।

скользúть (अपू०) फिसलना ।

ско́льзкий (वि०) पिच्छल ; फिसलना ।

скользну́ть (पू०) फिसल जाना ।

ско́лько (क्रि० वि०) कितना , с э́то сто́ит इसका कितना मूल्य है ? ; с. у вас книг ? आपके पास कितनी पुस्तकें हैं ?

скома́ндовать (पू०) (—дую) आदेश देना ; हुक्म देना ।

скомбини́ровать दे० комбини́ровать.

ско́мкать दे० ко́мкать.

скомóро||х (पुं०) विदूषक ; ठिठोलिया , **—шество** (नपुं०) विदूषकता ; ठिठोलियापन ।

скомпили́ровать दे० компили́ровать.

скомпонова́ть दे० компонова́ть.

скомпромети́ровать दे० компромети́ровать.

сконструи́ровать दे० конструи́ровать

сконфу́зить(ся) दे० конфу́зить(ся).

скончáться (पू०) (काव्य०) स्वर्ग सिधारना ; मर जाना ।

скопе́ц (पुं०) नपुंसक ; हिजड़ा ।

скопúдом (पुं०) संचयशील ; किफ़ायतशआर ; जोड़ू ; पैसा जमा करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) सचयशीलता ; किफायतशआरी ; पैसा जमा करने का स्वभाव ।

скопи́ровать दे० копи́ровать

скопи́ть-I दे० скáпливать.

скопи́ть-II = оскопля́ть.

скопи́ться दे० скáпливаться.

ско́пище (नपुं०) भीड , जमघट ।

скопле́ние (नपुं०) १. संचय ; २. (लोगों की) भीड़ ; जमघट ।

скопля́ть(ся) = скáпливать(ся).

ско́пом (क्रि० वि०) भीड में ; जमघट में ।

скорбе́ть (पू०) शोक मनाना ; दु.ख मनाना ।

ско́рбный (वि०) शोकपूर्ण ; दु.खद ।

скорбу́т (पुं०) एक प्रकार का रक्त-रोग (अंग्रेजी—स्कर्वी) ।

скорбь (स्त्री०) शोक ; दु ख ।

скоре́||е, —й १ скóро और скóрый का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. он с. умрет чем сдáстся समर्पण करने से पहले वह प्राण दे देगा/ वह मर जायेगा परन्तु समर्पण नहीं करेगा ।

скорлупá (स्त्री०) छिलका ; खोल ; с. орéха अखरोट का छिलका ; с яйцá अंडे का खोल ।

скорми́ть दे० скáрмливать.

скорня́||к (पुं०) पोस्तीन का व्यापारी ; पोस्तीन लगानेवाला ।

ско́ро (क्रि० वि०) शीघ्रतापूर्वक ; जल्दी से ; शीघ्र ।

скорогово́рк||а (स्त्री०) शीघ्रभाषण ; सर्राटे से बोलने की क्रिया ।

скоро́мн||ый (वि०) चर्बी का ; मांस का ; —ые дни मासाहार-दिवस (जब धर्म के अनुसार मांस खाना वर्जित नहीं होता ।)

скоропали́тельный (वि०) जल्दबाज ; उतावला ; हड़बड़िया ।

ско́ропись (स्त्री०) घसीट ।

скоропо́ртящи||йся (कृदन्त और वि०) जल्दी खराब होनेवाली चीज़ ; क्षयशील वस्तु ; —еся товáры, продýкты क्षयशील वस्तुएँ ।

скоропости́жн||ый (वि०) आकस्मिक ; ая смерть आकस्मिक मृत्यु ।

скоропреходя́щий (वि०) क्षणिक ; क्षणस्थायी ।

скороспе́лый (वि०) अकालपक्व ; अकालपरिणत ; समय से पहले पकनेवाला ।

скоростно́й (वि०) अतिवेगवान ; तेज रफ़्तार का ।

ско́рост||ь (स्त्री०) वेग ; गति ; रफ्तार ; со —ью 100 киломе́тров в час १०० किलोमीटर प्रति घटे की रफ़्तार से ; коро́бка —ей (टेक०) गियर बक्स ।

скорота́ть दे० корота́ть.

скоротéчный (वि०) अस्थिर ; क्षणिक ; थोड़े काल का ।

скорохо́д (पु०) द्रुतगामी ।

скорпио́н (पु०) बिच्छू ।

ско́рчить दे० ко́рчить ; **—ся** (आत्म०) १. दे० ко́рчиться ; २. ऊपर को मोड़ दिया जाना ; ऊपर को सिकुड़ जाना ।

ско́р||ый (वि०) १. तेज ; तीव्र ; द्रुत ; с. шаг तेज क़दम ; २. आगामी ; आसन्न ; в —ом вре́мени बहुत शीघ्र ; □ с по́езд तेज़रफ्तार रेलगाड़ी ; —ая по́мощь प्राथमिक उपचार/चिकित्सा ।

скос (पु०) ढलान ; ढाल ।

скоси́ть दे० коси́ть और ска́шивать-I.

скости́ть (पू०) (скощу́, скости́шь) (ऋण) छोड़ देना ; (मूल्य में) कमी कर देना ।

скот (पु०) पशु ; ढोर ; मवेशी ।

скоти́на (स्त्री०) (समू०) = скот.

ско́тн||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) अहीर/अहीरिन , चरवाहा ।

ско́тный (वि०) . с. двор पशुओं का बाड़ा ; गोड़ा ।

скотобо́йня (स्त्री०) बूचड़खाना ।

скотово́д (पु०) पशुप्रजननवेत्ता ; पशुओं की नस्ल सुधारनेवाला , **—ство** (नपु०) पशुप्रजनन ; पशुपालन ; **—ческий** (वि) पशुप्रजनन-सम्बन्धी ; पशुपालन सम्बन्धी ।

скотоло́ж||ец (पु०) पशुओं से मैथुन करनेवाला ; **—ство** (नपु०) पशुओं से मैथुन ।

скотоприго́нный (वि०) पशुओं के लिए उपयुक्त ; с двор पशुओं का बाड़ा ।

скотопромы́шленн||ик (पु०) पशुओं का व्यापारी ; **—ость** (स्त्री०) पशुओं का व्यापार ।

ско́тский (वि०) १ पाशविक ; २. पशु-सदृश ; जगली , गँवार ।

скра́дывать (अपू०) १. चुराना ; २. छिपाना ।

скра́шивать (अपू०), **скра́сить** (पू०) (भवि० скра́шу, скра́сишь) मधुर बनाना ; (बुराई/कमी को) ढँक लेना ; с разлу́ку वियोग को मधुर बनाना ; прекра́сная игра́ актеров скра́сила недоста́тки пье́сы कलाकारों के अच्छे अभिनय ने नाटक की कमियों को ढँक लिया ।

скребни́ца (स्त्री०) (घोड़े पर फेरने का) खरहरा ।

скребо́к (पु०) खुरचनी ; खुरचने का औज़ार ।

скре́жет (पु०) दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना ।

скрежета́ть (अपू०) (скрежещу́, скреже́щешь) दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना ।

скре́п||а (स्त्री०) १. (टेक०) पाहू ; कोनिया ; २. प्रतिहस्ताक्षर/प्रमाणित करने की क्रिया ; за —ой секретаря́ सचिव के प्रतिहस्ताक्षरों के साथ , सचिव द्वारा प्रमाणित किये जाने पर ।

скре́пер (पु०) खुरचने का औज़ार ।

скрепи́ть दे० скрепля́ть.

скре́пка (स्त्री०) (कागजों का) क्लिप ।

скрепле́ние (नपु०) १. दृढ/पुष्ट करने की क्रिया ; (बाँधकर) पक्का करने की क्रिया ; २. = скре́па-१ ; ३. प्रतिहस्ताक्षर ।

скреп||ля́ть (अपू०), **скрепи́ть** (पू०) (भवि० скреплю́, скрепи́шь) १. बाँधना ; (बाँधकर) पक्का करना ; —ля́ть була́вкой बकसुए से बाँधना ; २. शिकजे (क्लैम्प) से पकड़कर कसना; ३ प्रतिहस्ताक्षर करना ; □ скрепя́ се́рдце अनिच्छापूर्वक ।

скрести́ (अपू०) (वर्त० скребу́, скребешь) खुरचना ।

скрести́ть(ся) दे० скре́щивать(ся).

скреще́ние (नपुं०) १. आड़ा/खड़ा रखने की क्रिया ; २ दुनस्ला करने की क्रिया ।

скре́щивать (अपू०), **скрести́ть** (पू०) (भवि० скрещу́, скрести́шь) १. आड़ा/खड़ा रखना ; скрести́ть шпа́ги/ме́чи तलवार से तलवार टकराना ; २. दुनस्ला करना ।

скриви́ть(ся) दे० криви́ть(ся).

скрижа́ль (स्त्री०) प्रस्तर-पटल (जिस पर इजील आदि के उद्धरण लिखे हो) ।

скрип (पुं०) किकियाहट ; (किवाड़ो आदि का) ची-ची का शब्द ; चर्र-मर्र ।

скрипа́ч (पुं०), **—ка** (स्त्री०) वायलिनवादक/-वादिका ।

скрипе́ние = скрип.

скрипе́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० скриплю́, скрипи́шь) (किवाडो, पहियो का) ची-ची का शब्द करना ; चर्र-मर्र करना с. зуба́ми दाँत पीसना ; दाँत किटकिटाना ।

скрипи́чный (वि०) वायलिन-सम्बन्धी ।

скри́пк||а (स्त्री०) वायलिन ; игра́ть на —е वायलिन बजाना ।

скри́пнуть (पू०) (किवाड़ आदि से एकबारगी) ची-ची का शब्द होना ; चर्र-मर्र करना ।

скрои́ть दे० кроить.

скро́мн||ик (पु०), **—ица** ((स्त्री०) विनीत पुरुष/स्त्री ; **—ичать** (अपू०) विनय दिखाना ; **—ость** (स्त्री०) विनीत भाव ; विनय , **—ый** (वि०) १. विनीत ; сли́шком —ый अति-विनीत ; २. मामूली , —ый за́работок मामूली वेतन ।

скрупулёз||ость (स्त्री०) दुस्तोषता ; बाल की खाल उतारने का भाव ; छोटी-छोटी बात पर मीन-मेख करने का भाव ; **—ый** (वि०) दुस्तोष ; बाल की खाल उतारनेवाला ; छोटी-छोटी बात पर मीन-मेख करनेवाला ।

скру́чивать (अपू०), **скрути́ть** (पू०) (भवि० скручу́, скру́тишь) १. (रस्सी ; धागे आदि को) बटना ; काग़ज़ में तम्बाकू लपेटकर सिगरेट बनाना ; २. बाँधना ; с ру́ки кому́-л किसी-के हाथ बाँधना ।

скрыва́ть (अपू०), **скрыть** (पू०) (भवि० скро́ю, скро́ешь) १ छिपाना , с престу́пника अपराधी को छिपाना ; с. свой гнев अपने क्रोध को छिपाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको छिपाना ; छिपना ; со́лнце скры́лось за ту́чами सूर्य बादलो मे छिप गया ; २. बच निकलना ; छिपना ; скры́ться от кредито́ров लेनदारो से छिप जाना ।

скры́тн||ость (स्त्री०) गोपन-स्वभाव ; घुन्नापन ; किसीको अपनी बाते या भेद न बताने का भाव ; **—ый** (वि०) गोपन-स्वभाव (व्यक्ति) ; घुन्ना ; किसीको अपनी बाते न बतानेवाला ।

скры́т||ый скрыва́ть से कृदन्त ; छिपाया हुआ ; (वि०) गुप्त ; —ая теплота́ गुप्त ऊष्मा ।

скрыть(ся) दे० скрыва́ть(ся).

скрю́ч||ивать (अपू०), **скрю́чить** (पू०) टेढा करना ; его́ —ило от бо́ли वह पीड़ा के कारण ऐंठा जा रहा था ।

скря́||га (उभ०) कृपण ; कजूस ; मक्खीचूस ; **—жничество** (नपु०) कृपणता ; कजूसी ।

скуде́ть (पू०), **о—** (पू०) कम हो जाना ; विरल हो जाना ।

ску́д||ный (वि०) विरल ; कम ; थोड़ा ; **—ость** (स्त्री०) अभाव ; कमी ।

скудоу́мный (वि०) मेधाविहीन ; जड़मति ; मूर्ख ।

ску́ка (स्त्री०) उकताहट ; ऊब जाने का भाव ।

скула́ (स्त्री०) कपोलास्थि ।

скули́ть (अपू०) कराहना ; बच्चो की तरह रोना/ठुनकना ।

скулово́й (वि०) गडास्थि- ; कपोलास्थि- ।

ску́льпт||ор (पु०) मूर्तिकार ; प्रतिमाकार ; **—у́ра** (स्त्री०) मूर्तिकला ; **—у́рный** (वि०) मूर्तिकला-सम्बन्धी ।

ску́мбрия (स्त्री०) एक प्रकार की मछली ।

скупа́ть (अपू०), **скупи́ть** (पू०) (भवि० скуплю́, ску́пишь) सब खरीद लेना ; अधिक मात्रा मे खरीदना ।

скупердя́й (पुं०) कंजूस ; कृपण ।

скупе́ц (पु०) कजूस ; मक्खीचूस ; कृपण ।

скупи́ть दे० скупа́ть.

скупи́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (भवि० скуплю́сь, скупи́шься) कंजूसी करना ; मुट्ठी बँधी रखना ।

ску́пка (स्त्री०) (अधिक मात्रा में) खरीदने की क्रिया ; जखीरा करना ।

ску́по (क्रि० वि०) कजूसी से ; लोभ से ।

скуп||ова́тый (वि०) कजूस-सा ; लोभी-सा ; **—о́й** (वि०) कजूस ; लोभी ।

ску́пость (स्त्री०) कजूसी ; लोभ ।

ску́пщик (पुं०) क्रेता , खरीदनेवाला ।

скуча́ть (अपू०) उचाट होना ; ऊब जाना ; उकता जाना ; जी न लगना ।

ску́ченн||о (क्रि० वि०) सटकर ; भिड़े-भिड़े ; सघनता से , भिचकर ; **—ость** (स्त्री०) घनापन ; सघनता ; जनाकीर्णता ; **—ый** (वि०) (आबादी) घनी ; जनाकीर्ण ।

ску́чиваться (आत्म० अपू०), **ску́читься** (आत्म० पू०) (थोडे स्थान में बहुत से लोगो का) जमा होना ; भिचकर इकट्ठे होना ।

ску́чн||о (क्रि० वि०) उचाट होकर ; उकताकर ; ऊबकर ; (कर्तृ-निरपेक्ष) यहाँ जी नही लगता ; **—ый** (वि०) १. उकता देनेवाला ; उबा देनेवाला ; २ उकता जानेवाला ; ऊब जानेवाला ।

ску́шать (पू०) खा जाना ।

слабе́ть (अपू०), **о—** (पू०) दुर्बल होना . (वायु आदि का वेग) कम होना/धीमा पड़ना ।

слабина́ (स्त्री०) १. (तनी हुई चीज पर) ढीली जगह ; रस्सी का ढीला भाग ; २. कमजोर जगह ।

слаби́тельное (नपुं०) (वि० रू०) रेचक ; दस्तावर दवा ।

сла́би||ть (अपू०), **про—** (पू०) (भवि० слаблю, сла́бишь) (कर्तृ-निरपेक्ष) —т उसको दस्त हो रहे हैं ।

сла́бо (क्रि० वि०) धीरे से ; कमजोरी से ; он чу́вствует себя́ с. वह कमजोरी महसूस कर रहा है ; **—ва́тый** (वि०) दुर्बल-सा ।

слабово́л||ие (नपुं०) शिथिल सकल्प ; दुर्बल इच्छा ; **—ьный** (वि०) शिथिलसंकल्प (व्यक्ति) ; दुर्बल इच्छावाला ।

слабоси́л||ие (नपुं०) दुर्बलता ; कमजोरी ; **—ьный** (वि०) दुर्बल ; कमजोर ।

сла́бость (स्त्री०) दुर्बलता ; कमजोरी ।

слабоу́м||ие (नपुं०) बुद्धि की दुर्बलता ; क्षीण बुद्धि ; **—ный** (वि०) बुद्धि का दुर्बल , क्षीण-बुद्धि ; कुन्दजहन ।

сла́б||ый (वि०) १ दुर्बल ; (शब्द आदि) धीमा ; ढीला ; मन्दबुद्धि ; с. ребенок कमजोर बच्चा ; с. го́лос धीमी आवाज ; —ые глаза́ कमजोर आँखे ; с. у́зел ढीली गाँठ ; २ निकृष्ट ; घटिया ; नीचे दर्जे का ; с. ора́тор निकृष्ट वक्ता ; с пол अबला जाति ; स्त्री जाति ।

сла́в||а (स्त्री०) ख्याति ; प्रसिद्धि , कीर्ति ; यश ; всеми́рная с विश्वव्यापी प्रसिद्धि , дости́гнуть —ы ख्याति प्राप्त करना , дурна́я с. बुरा नाम/कुख्याति ; □ с. бо́гу ! ईश्वर का धन्यवाद !

слави́ст (पुं०) स्लाव-भाषाओ का अध्येता ।

слави́стика (स्त्री०) स्लाव-भाषाएँ और साहित्य ।

сла́вить (अपू०) (сла́влю, сла́вишь) गौरवान्वित करना ; यश फैलाना ; गुणगान करना ; **—ся** (आत्म० अपू०) (-के) लिए विख्यात होना/प्रसिद्ध होना ।

сла́вн||о (क्रि० वि०) बढिया तरीके से ; अच्छे ढँग से ; भली प्रकार से ; **—ый** (वि०) १ विख्यात , प्रसिद्ध ; २. अच्छा ; भला ।

славосло́в||ие (नपुं०) गुणगान ; प्रशंसा ; **—и́ть** (अपू०) (славосло́влю, славосло́вишь) गुणगान करना ; यश फैलाना ।

слазяни́зм (पुं०) स्लाववाद ।

славяново́д = слави́ст.

славяново́дение = слави́стика.

славя́нский (वि०) स्लाव-।

слага́емое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) मद ; रकम ।

слага́ть (अपू०), **сложи́ть** (पू०) १. (पद्य) रचना करना ; с. стихи́ पद्य रचना ; २. छोड देना ; त्यागना ; с. с себя́ обя́занности पद त्याग करना ; **—ся** (आत्म०) १. -का होना ; (-मे) समाविष्ट होना ; २. слага́ть का कर्मवाच्य ।

слад (पु०) с ним —у нет उसको वश में रखना कठिन है/वह काबू से बाहर है ।

сла́денький (वि०) मीठा-सा ।

сла́дить (पू०) १. दे० сла́живать ; २. काबू में करना ; वश मे करना ; он не мо́жет с. с э́тим де́лом यह काम करना उसके बस की बात नही ।

сла́дк||ий (वि०) मीठा ; मधुर ; —ое вино́ मीठी शराब , с. го́лос मधुर स्वर ; с. сон मधुर स्वप्न ।

сладкова́тый (वि०) मीठा-सा ।

сла́дкое (पुं०) (वि० रू०) १. भोज के अन्त मे फल अथवा मिष्टान्न , २. = сласти.

сладкоéжка (उभ०) = сластена.

сладкозву́чный (वि०) मधुर , मीठा ।

сладкоречи́вый (वि०) मधुरभाषी ; मिठबोला ।

сла́достный (वि०) मधुर ; मीठा ।

сладостра́ст||ие (नपुं०) कामुकता ; कामलिप्सा ; विलासिता ; व्यभिचारिता ; **—ный** कामुक ; विलासी ; व्यभिचारी ।

сла́дость (स्त्री०) मधुरता ; मिठास ।

сла́живать (अपू०), **сла́дить** (पू०) (भवि० сла́жу, сладишь) प्रबन्ध करना ; ठीक करना ।

сла́зить (पू०) (слажу, сла́зишь) १. (कोई चीज लाने या कुछ करने के लिए) नीचे उतरना ; २. (कोई चीज लाने या कुछ करने के लिए) ऊपर चढ़ना ; слазить на кры́шу для почи́нки मरम्मत करने के लिए छत पर चढ़ना ।

сла́нец (पुं०) एक प्रकार का पत्थर ; स्लेट ।

сластёна (उभ०) मिष्टान्नप्रिय ; मिठाई का शौकीन ।

сла́сти (बहु०) मिठाइयाँ ।

сластолю́б||ец (पु०) विलासी/भोगी (मनुष्य) ; कामुक ; **—и́вый** (वि०) कामुक ; भोगी ; विलासी ।

слать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० шлю, шлешь) भेजना ।

слаща́вый (वि०) मीठा ।

сла́ще сладкий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

сле́ва (क्रि० वि०) बायी ओर से ; बायी ओर को ; с. был лес बायी ओर जगल था ।

слегка́ (क्रि० वि०) कुछ ; थोडा-सा ; मामूली ; он с. уста́л वह कुछ थक गया है ।

след (पुं०) लीक ; चिह्न ; पद-चिह्न ; चरण-चिह्न ; खोज , идти́ по —а́м पदचिह्नों पर चलना ; —ы труда́ श्रम के चिह्न ।

следи́ть -I (अपू०) (वर्त० слежу́, следи́шь) १. नजर रखना ; निगरानी करना ; पीछा करना ; जासूसी करना ; समझना ; внима́тельно с. ध्यानपूर्वक देखना ; он шлишком бы́стро говори́т, о́чень тру́дно с. за ним वह बहुत जल्दी बोलता है , उसकी बात समझना बडा कठिन है ; २. देख-भाल करना ; с. за детьми बच्चो की देख-भाल करना ।

следить -II (अपू०), **на—** (पू०) पद-चिह्न छोड़ना ; खोज छोड़ना ।

сле́дование (नपुं०) : по́езд да́льнего —я लम्बे सफर की गाड़ी ।

сле́дователь (पुं०) जाँच-अधिकारी ; तहकीकात करनेवाला अफ़सर या जज ।

сле́довательно (क्रि० वि०) अत. ; इसलिए ।

сле́дова||ть (अपू०), **по—** (पू०) (—дую) १. पीछा करना ; अनुसरण करना ; за ним —али उसका पीछा किया जा रहा था ; २. बाद मे आना ; अनुसरण करना , ле́то сле́дует за весно́й वसन्त के बाद गर्मी आती है ; ३. во всем с. отцу́ सब बातों में पिता का अनुसरण

करना ; ४. с. мóде फैशन अपनाना ; फैशन का अनुसरण करना ; ५. (-так) जाना ; пóезд слéдует до Москвы́ यह गाडी मास्को तक जाती है ; ६ फल होना ; из э́того слéдует, что इसका फल यह है कि...; ७ (कर्तृ-निरपेक्ष) емý слéдует сдéлать э́то немéдленно इसको यह तुरन्त करना चाहिए ; слéдует пóмнить स्मरण रखना चाहिए ; э́того слéдовало ожидáть ऐसी आशा ही थी / यही आशा थी ; ८ емý слéдует с вас 100 рублéй उसके तुम्हारी तरफ १०० रूबल निकलते हैं (अर्थात् तुम्हे उसके १०० रूबल देने हैं) ; □ как слéдует उचित रीति से ; सम्यक्तया ।

слéдом (क्रि० वि०) एकदम बाद ; तुरन्त पश्चात् ; पीछे-पीछे ; прийти́ с за кем-л. किसीके पीछे-पीछे आना ।

следопы́т (पु०) खोजो से शिकार का पीछा करनेवाला शिकारी ।

слéдственн||о = слéдовательно ; **—ый** (वि०) जाँच-; तफ्तीशका ; तहकीकात का ; —ый материáл गवाही ; —ая комúссия जाँच-समिति ।

слéдствие (नपु०) १. परिणाम ; उपसिद्धि ; причúна и с कार्य और कारण ; २ (केवल एकवचन) जाँच ; तफ्तीश ; तहकीकात ।

слéдуем||ый (वि०) १. देय ; प्राप्तव्य ; —ые емý дéньги उसका प्राप्तव्य धन , २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) देय ।

следующ||ий (वि०) आगामी ; अगला ; с. день अगले दिन ; в с раз अगली बार ; —им óбразом निम्न प्रकार से ।

слёживаться (आत्म० अपू०), **слежáться** (आत्म० पू०) (माल का गोदाम में) पडे-पड़े खराब हो जाना ।

слезá (स्त्री०) अश्रु ; आँसू ; разрази́ться, зали́ться —ми आँसू बहाना ; плáкать гóрькими —ми फूट-फूटकर रोना ; осуши́ть слезы आँसू पोछना ।

слезáть (अपू०), **слезть** (पू०) (-से) नीचे उतरना ; слезть с дéрева पेड से नीचे उतरना ; (रँग आदि का) छूटना ; उतर जाना ।

слези́ться (आत्म० अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नही होता ; слези́шься) (आँखो का) आँसुओ से परिपूर्ण होना ; глазá слезя́тся от ды́ма धुएँ के कारण आँखो से आँसू आने लगते हैं ।

слезли́вый (वि०) रुदनशील ; रोउना ; с ребенок रुदनशील बालक ; रोउना बच्चा ।

слёзн||о (क्रि० वि०) आँसू बहाते हुए ; **—ый** (वि०) १. अश्रुओ का ; २. दीन ; विनम्र ; —ая прóсьба विनम्र प्रार्थना ।

слезотечéние (नपु०) आँखो से पानी बहने का रोग ।

слезть दे० слезáть.

слепéнь (पु०) गोमक्षी ; घोडामक्खी ।

слепéц (पु०) अन्धा (आदमी) ।

слепи́ть -I (अपू०) (слеплю́, слепи́шь) अन्धा करना ।

слепи́ть -II दे० лепи́ть

слепи́ть -III दे० слеплять.

слеплять (अपू०), **слепи́ть** (पू०) (भवि० слеплю́, слéпишь) चिपकाना ।

слéпнуть (अपू०) अन्धा होना ।

слéпо (क्रि० वि०) १. अन्धे होकर ; आँखे मूँदकर ; २. अस्पष्टता से ।

слепóй (वि०) १. अन्धा ; с. на одúн глаз काना (एक आँखवाला) ; २. अन्धा आदमी ।

слéпок (पुं०) (प्रतिमा आदि का) प्रतिरूप , साँचा ; नकल ; с. со стáтуи प्रतिमा का प्रतिरूप ।

слепорождённый (वि०) जन्मान्ध ; जन्म का अन्धा ।

слепотá (स्त्री०) अन्धापन ।

слепы́ш (पुं०) छछूँदर ।

слесáрн||ичать (अपू०) लुहार का काम करना ; **—ый** (वि०) लुहार का ; —ое дéло लुहार का काम ।

слесáрня (स्त्री०) लुहार की दुकान ।

слéсарь (पु॰) लुहार।

слёт (पु॰) १. उडान ; २ सम्मेलन/समारोह।

слетáть -I (पू॰) उड़कर जाना और तुरन्त वापस लौट आना।

слетáть -II (अपू॰), **слетéть** (पू॰) (भवि॰ слечý, слети́шь) १. (-से) नीचे उड आना ; воробéй слетéл с кры́ши चिड़िया छत से नीचे उड आयी , २. उड जाना ; ба́бочка слетéла с цветкá तितली फूल पर से उड गयी ; **—ся** (आत्म॰) इकट्ठे उड जाना।

слечь (पू॰) (भवि॰ слягу, ля́жешь) खाट पकडना ; बीमार होकर (पलँग पर) लेट जाना।

сли́ва (स्त्री॰) आलूबुखारा (फल या पेड)।

слива́ть (अपू॰), **слить** (पू॰) (भवि॰ солью, сольешь) १. उँडेलना ; २. (मिलाकर) एक कर देना ; слить две шко́лы в одну́ दो स्कूलो को मिलाकर एक कर देना ; ३ (धातु को) गलाना , सगलन करना ; **—ся** (आत्म॰) (नदियो का) इकट्ठा बहना ; (सस्थाओ का मिलकर) एक हो जाना , —ся воеди́но मिलकर एक हो जाना।

сли́вки (बहु॰) मलाई ; снима́ть с. मलाई उतारना।

сли́вовый (वि॰) आलूबुखारे का।

сли́вочн||ик (पु॰) मलाई रखने का बर्तन ; **—ый** (वि॰) मलाईदार ; —ое моро́женое आइस-क्रीम।

сливя́нка (स्त्री॰) आलूबुखारे की शराब।

слиза́ть दे॰ сли́зывать.

сли́зистый (वि॰) श्लेष्मा, कफ इत्यादि से युक्त।

слизну́ть दे॰ сли́зывать.

слизня́к (पू॰) घोघा ; खोलरहित शुम्बुक।

сли́зывать (अपू॰), **слиза́ть, слизну́ть** (पू॰) चाट लेना।

слизь (स्त्री॰) श्लेष्मा।

слиня́ть (पू॰) (रँग) फीका पड जाना।

слипа́ться (आत्म॰ अपू॰), **сли́пнуться** (आत्म॰ पू॰) (एक-दूसरे के साथ) चिपक जाना ; листы́ кни́ги сли́плись पुस्तक के पृष्ठ चिपक गये हैं।

сли́тн||о (क्रि॰ वि॰) इकट्ठे ; मिलकर ; **—ый** (वि॰) संयुक्त ; मिले हुए ; इकट्ठे ; —ое написа́ние э́тих слов ча́сто встреча́ется यह शब्द प्राय: इकट्ठे/मिलाकर लिखे जाते हैं।

сли́ток (पु॰) (धातु की) सिल ; पिंड ; (सोने आदि की) छड़।

сли́ться दे॰ слива́ться.

слича́ть (अपू॰), **сличи́ть** (पू॰) मिलान करना ; с. что-л. с оригина́лом प्रतिलिपि का मूल से मिलान करना।

сличе́ние (नपु॰) मिलान।

сличи́ть दे॰ слича́ть.

сли́шком (क्रि॰ वि॰) अति ; बहुत ; э́то с. до́рого यह बहुत महँगा है ; с. ма́ло बहुत थोडा।

слия́ние (नपु॰) १. (नदियो का) संगम ; (रँगों का) मिलान , एकीकरण , (सस्थाओ का एक-दूसरे से मिलकर) एक हो जाना ; विलय ; २. (स्थान) संगम।

слоб||ода́, —о́дка (स्त्री॰) नगरोपान्त ; उपान्त-प्रदेश।

слова́рь (पु॰) शब्दकोश।

слове́сн||ик (पु॰) शब्द-शास्त्री ; **—ость** (स्त्री॰) १. साहित्य ; у́стная —ость लोक-साहित्य ; २. भाषा-विज्ञान ; शब्दव्युत्पत्ति-शास्त्र ; **—ый** (वि॰) १. मौखिक ; २. भाषाविज्ञान-सम्बन्धी।

слове́чко (नपु॰) сло́во का अल्प॰।

сло́вник (पु॰) शब्दकोश ; शब्दावली।

сло́вно (अ॰) मानो ; -की भाँति ; с. он знал मानो वह जानता था ; он поет с соловéй वह बुलबुल की भाँति गाता है।

сло́в||о (नपु॰) १. शब्द ; ла́сковое с. प्रिय शब्द ; сдержа́ть с. वचन का पालन करना ; дава́ть (че́стное) с вчन देना ; други́ми слова́ми दूसरे शब्दो मे ; —ом и де́лом वचन और कर्म से ; игра́ слов शब्दक्रीड़ा/शब्दो का खेल ; по его́ —а́м उसके अनुसार ; २. भाषण ; свобо́да —а भाषण-स्वातन्त्र्य।

словоизвержéние (नपुं०) शब्द-प्रवाह।
слóвом (क्रि० वि०) एक शब्द मे ; सक्षेप मे।
словообразовáние (नपुं०) पद-रचना।
словоохóтлив||ость (स्त्री०) वाचालता ; **—ый** (वि०) वाचाल , बातूनी।
словопрéние (नपुं०) झगडा ; विवाद।
словопроизвóдство (नपुं०) शब्द-व्युत्पत्ति ; निरुक्ति।
словоупотреблéние (नपुं०) शब्द-प्रयोग।
словц||ó (नपुं०) для крáсного —á विनोद के लिए।
слог (पुं०) १ वर्ण ; अक्षर ; मात्रा , सिलेबल ; २. शैली ; **—овóй** (वि०) वर्ण का; अक्षर का ; मात्रा का ; सिलेबल का।
слоёный (वि०) परतदार (मिठाई आदि)।
сложéни||е (नपुं०) १. (गणित) योग ; जोड ; २ (शरीर की) गठन ; крéпкого —я सुगठित/सुदृढ़ शरीर।
сложи́ть दे० склáдывать, слагáть और класть ; **—ся** दे० склáдываться और слагáться
слóжно (क्रि० वि०) जटिलता से ; पेचीदगी से।
слóжн||ость (स्त्री०) जटिलता , पेचीदगी , □ в óбщей —ости समस्त: ; **—ый** (वि०) १. जटिल , पेचीदा ; —ый вопрóс जटिल प्रश्न ; —ое числó जटिल सख्या , २. —ое слóво समस्त पद।
слои́стый (वि०) परतदार ; तहदार।
слой (पु०) परत ; तह।
слóйка (स्त्री०) परतदार मिठाई।
слом (पुं०) टूटन ; तोड़ने की क्रिया।
сломáть(ся) दे० ломáть(ся).
сломи́ть (पू०) १. (तोड़कर) नष्ट कर देना ; бýря сломи́ла дéрево तूफान ने पेड़ जड़ से उखाड फेंका ; २ с сопротивлéние प्रतिरोध नष्ट करना ; с. чье-л. упóрство किसीकी अकड तोडना ; **—ся** (आत्म०) टूटना।
слон पु०) हाथी ; □ дéлать из мýхи —á राई का पहाड़ बनाना ; **—ёнок** (पुं०) हाथी का बच्चा ; **—и́ха** (स्त्री०) हथिनी ; **—óвый** (वि०) हाथी का ; —óвая кость हाथीदाँत।
слоня́ться (आत्म० अपू०) आवारागर्दी करना।
слóпать दे० лóпать.
слугá (पुं०) सेवक ; नौकर।
слýги (बहु०) (समू०) नौकर-चाकर , घर के नौकर।
служáка (पुं०) अनुभवी/उत्साही नौकर या सिपाही।
служáнка (स्त्री०) नौकरानी।
служáщий -I. служи́ть से कृदन्त ; -के काम आनेवाला ; прибóр, с. для зажигáния आग जलाने का उपकरण ; **II.** (सज्ञा की तरह प्रयुक्त (वि० रू०) कर्मचारी ; कामकर ; नौकर।
слýжб||а (स्त्री०) १. सेवा ; काम ; नौकरी ; воéнная с. सेना मे नौकरी ; караýльная с. पहरा ; искáть —у नौकरी ढूँढना , काम की तलाश करना ; идти́ на —у काम पर जाना ; २. (गिरजे मे) प्रार्थना ; उपासना ; □ не в —у, а в дрýжбу ! केवल मित्रता के नाते !
слýжбы (बहु०) (कोठी के बाहर बने) नौकरो के क्वार्टर।
служéбный (वि०) १ слýжба से वि० ; २. सहायक।
служ||éние (नपुं०) सेवा ; नौकरी ; **—и́вый** (पुं०) (वि० रू०) सैनिक ; सिपाही ; **—и́лый** (वि०) : —и́лые лю́ди, —и́лое сослóвие (प्राचीन रूस में) सैन्य-वर्ग ; **—и́тель** (पुं०) १. (अस्पताल में) अर्दली ; २ परिचारक।
служи́ть (अपू०), **по—, от—** (पू०) १. सेवा करना ; с. кому́-л. вéрой и прáвдой किसीकी निष्ठापूर्वक सेवा करना ; с. исскýству कला की सेवा करना ; २. नौकरी करना ; काम करना , с. в áрмии सेना में नौकरी करना ; с. секретарем मन्त्री के पद पर काम करना ; ३. होना ; с. примéром उदाहरण होना ; ४. काम आना ; э́та кóмната слýжит емý кабинéтом यह कमरा उसके अध्ययन के काम आता है ;

५ प्रयोग में होना ; э́то пальто́ слу́жит ему́ 2 го́да यह कोट उसके पास दो वर्ष से है ; ६. (отслужи́ть पू० के साथ) (गिरजाघर में) प्रार्थना या उपासना करना ; ७. (केवल अपू०) (कुत्ते का कुछ माँगने के लिए) पिछली दो टाँगों पर खड़े होना ; □ чем могу́ с. ? मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ?

слу́жка (पुं०) मठ का शिष्य-सेवक ।

слука́вить दे० лука́вить.

слупи́ть दे० лупи́ть.

слух (पुं०) १. कान ; श्रवणेन्द्रिय ; श्रवण ; о́рган —а श्रवणेन्द्रिय ; то́нкий с. तेज़ कान ; २. जनप्रवाद ; अफवाह ; सुनी-सुनायी बात ; кривотолки ; по —ам किंवदन्तियों के अनुसार ; пусти́ть с. अफवाह फैलाना ; есть с. что अफवाह है कि... ; □ ни —у, ни ду́ху (о) -की कोई खैर-खबर नहीं/कोई कुशल-समाचार नहीं ।

слуха́ч (पु०) (सेना०) रेडियो पर संकेत सुननेवाला ।

слухово́й (वि०) सुनने का ।

слу́чай (पु०) १ अवसर ; स्थिति ; हालत ; в (тако́м) —е (ऐसी) स्थिति में ; в не́которых —ях कुछ स्थितियों में ; в проти́вном —е वरन् ; воспо́льзоваться удо́бным —ем अवसर से लाभ उठाना ; упусти́ть удо́бный с. अवसर चूकना/अवसर खोना ; при —е अवसर मिलने पर/यदि अवसर मिला ; २. घटना ; несча́стный с. दुर्घटना ।

случа́йно (क्रि० वि०) १. अवसर से ; अकस्मात् ; सयोगवश ; я с. был там सयोगवश मैं वहाँ था ; २. вы с. не ви́дели това́рища Ивано́ва आपने कहीं श्री इवानोव को तो नहीं देखा ?

случа́йность (स्त्री०) १. अवसर ; по счастли́вой —ости सौभाग्यवश ; по несча́стной —ости दुर्भाग्यवश ; २. दैवयोग ; संयोग ; с встре́чи मिलन/मिलने का संयोग ; **—ый** (वि०) आकस्मिक ; सांयोगिक ।

случа́ть (अपू०), **случи́ть** (पू०) १. समीप ले आना ; मेल बढाना ; २. (नर और मादा पशु को) मिलाना ।

случа́ться (आत्म० अपू०), **случи́ться** (आत्म० पू०) **I.** १. घटित होना ; होना ; —и́лось что ऐसा हुआ कि . ; что —и́лось? क्या हुआ ? ; как бу́дто ничего́ не —и́лось जैसे कुछ हुआ ही न हो ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) мне —и́лось встре́титься с ним मुझे उससे मिलने का अवसर मिला ; **II.** (नर और मादा पशुओं का) मिलना ।

слу́чка (स्त्री०) (पशुओं के) मिलने की क्रिया ।

случно́й, слу́чный (वि०) (नर और मादा पशु को) मिलाने/मिलने का ; с. сезо́н नर और मादा पशुओं के मिलने का मौसम ।

слу́шание (नपुं०) श्रवण ; सुनने की क्रिया ; सुनवाई ; с. де́ла मुकदमे की सुनवाई ।

слу́шатель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) १. श्रोता/श्रोत्री ; सुननेवाला/वाली ; २. विद्यार्थी ; ३. (समू०) श्रोतागण ।

слу́шать (अपू०), **по—** (पू०) १. सुनना ; с. с напряжённым внима́нием ध्यानपूर्वक सुनना ; २. (भाषणों में) उपस्थित होना ; सुनना ; ३. आज्ञा मानना ; आज्ञापालन करना ; **—ся** (आत्म०) १ आज्ञापालन करना ; सुनना ; ребенок никого́ не слу́шается बच्चा किसीका कहना नहीं मानता ; २. слу́шать का कर्मवाच्य ।

слыть (अपू०) (слыву́, слывёшь) (-के लिए) प्रसिद्ध होना ; माना जाना ; он слывет ученым челове́ком वह विद्वान् माना जाता है ।

слыха́ть (अपू०) (किसीके बारे में) सुनना ; —ли ли вы об э́том ? क्या आपने इसके विषय में सुना है ?

слы́шать (अपू०), **у—** (पू०) १. सुनना ; он слы́шал плач ребенка उसने बच्चे का रोना सुना ; здесь нас никто́ не (у)слы́шит यहाँ हमारी कोई नहीं सुनता ; २. (केवल अपू०) (अकर्मक) सुनना ; не с. सुनायी न देना/सुनायी न पड़ना ; **—ся** (आत्म०) सुनायी पड़ना ; सुना

जाना ; за стено́й слы́шалось пе́ние दीवार के पीछे से गाने का शब्द सुनायी पड रहा था ।

слы́шим||ость (स्त्री०) श्रव्यता ; कर्णगोचरता ; **—ый** (वि०) श्रव्य , कर्णगोचर ।

слы́шн||о (विधेय) १. (кто́-निरपेक्ष) с., как он чита́ет वह पढ़ता सुनायी देता है ; ему́ с. उसको सुनायी देता है ; २ с. он прие́хал कहा जाता है कि वह आ गया है ; что с. ? क्या समाचार है ? ; **—ый** (वि०) श्रव्य ; कर्णगोचर ।

слюд||а́ (स्त्री०) अभ्रक ; **—яно́й** (वि०) अभ्रक का ।

слюна́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) लार ।

слю́ни (बहु०) लार ; пускать с. मुँह से लार बहाना ।

слюни́ть (अपू०), **по—** (पू०) लार से मैला करना ।

слю́н||ки (बहु०) у него́ с. теку́т उसके मुँह मे पानी भर आया ; **—ный** (वि०) लार का ।

сля́котный (वि०) पकिल ; कीचडदार ।

сля́коть (स्त्री०) पक , कीचड ।

сма́зать दे० сма́зывать.

сма́зка (स्त्री०) १. स्नेहन ग्रीज देने/तेल देने की क्रिया ; २ स्नेहक ; चिकनाई (ग्रीज, तेल आदि) ।

смазли́в||ый (वि०) सुन्दर , —ое ли́чико सुन्दर मुखडा ।

сма́зочн||ый (वि०) स्नेहक ; —ое ма́сло स्नेहक तेल ।

сма́зчик (पुं०) स्नेह/तेल आदि देनेवाला ।

сма́зывание (नपुं०) १. (गले मे औषधि आदि) लगाना ; लेप करना ; २. लीपा-पोती ; с. вопро́са प्रश्न पर लीपा-पोती करना / प्रश्न को घुटाले में डालना ।

сма́зывать (अपू०), **сма́зать** (पू०) (भवि० сма́жу, сма́жешь) १ ग्रीज देना ; स्नेहक/चिकनाई देना ; चुपडना ; с. ио́дом आयोडीन लगाना ; २. घूस देना ; रिश्वत देना ; ३. लीपा-पोती करना ; сма́зать вопрос प्रश्न पर लीपा-पोती करना ; प्रश्न को घुटाले में डालना ।

смак (पुं०) (केवल एकवचन) स्वाद ; रस ।

сма́лец (पुं०) सूअर की चर्बी ।

сма́нивать (अपू०), **смани́ть** (पुं०) लुभाना ; फुसलाना ।

смара́гд (पुं०) मरकत मणि ।

смастери́ть दे० мастери́ть.

сма́тывать (अपू०), **смота́ть** (पू०) लपेटना , с в клубо́к गोला बनाना ; □ с у́дочки सिर पर पाँव रखकर भाग जाना ।

сма́хивать (अपू०), **смахну́ть** (पू०) **I.** (बुरुश/झाडू आदि से) हटाना ; झाडना ; पोछना ; с пыль (с) -से गर्द झाडना ; смахну́ть слезу́ आँसू पोछना ; **II.** (-के) सदृश होना ; आकृति मिलना ।

сма́ху (क्रि० वि०) झट ; तुरन्त , с. сде́лал де́ло झट काम कर दिया ।

сма́чивать (अपू०), **смочи́ть** (पू०) गीला करना ।

сма́чн||о (क्रि० वि०) स्वाद से , चटखारे लेकर ; **—ый** (वि०) स्वाद ।

смежа́ть (अपू०), **смежи́ть** (पू०) (आँखे आदि) बन्द कर लेना ; с. глаза́ आँखे बन्द कर लेना ।

сме́жн||ость (स्त्री०) सान्निध्य ; आसन्नता ; सामीप्य ; **—ый** (वि०) पार्श्ववर्ती ; आसन्न ; समीप का ।

смека́листый (वि०) तीक्ष्णबुद्धि ; प्रत्युत्पन्न-मति , हाजिरजवाब ।

смека́ть (अपू०), **смекну́ть** (पू०) अर्थ ग्रहण करना ; झट से समझ जाना ।

смеле́ть (अपू०), **о—** (पू०) साहस करना ।

сме́л||о (क्रि० वि०) साहस से , निडरता से ; говори́ть с. निडरता से बोलना ; я могу́ с. сказа́ть मैं यह कहने का साहस कर सकता हूँ ; **—ость** (स्त्री०) साहस ; निडरता ; दिलेरी ; **—ый** (वि०) साहसी ; दिलेर ; निडर ।

смельча́к (पुं०) बेधडक ; दिलेर ।

сме́на (स्त्री०) १ बदलने की क्रिया ; बदली ; с. карау́ла पहरेदारो की बदली ; २ (फैक्टरी आदि में मज़दूरों की) पारी ; शिफ्ट ।

сме́нный (वि०) बदलने का ; शिफ्ट अर्थात् पारी का ।

смени́ть(ся) दे० сменя́ть(ся).

сменя́ем||ость (स्त्री०) प्रतिस्थापन ; बदले जाने का भाव ; **—ый** (वि०) प्रतिस्थापनीय ; जो बदला जा सके ।

сменя́ть (अपू०), **смени́ть** (पू०) १. बदलना ; смени́ть лошаде́й घोडे बदलना ; с. мото́р(ы) इंजन बदलना ; २ किसीका स्थान लेना ; **—ся** (आत्म०) १. पारी बदलना ; शिफ्ट बदलना ; २ बदल जाना ; परिणत हो जाना ; испу́г смени́лся ра́достью भय प्रसन्नता में बदल गया/परिणत हो गया ; ३. сменя́ть का कर्मवाच्य ।

смерза́ться (आत्म० अपू०), **смёрзнуться** (आत्म० पू०) जमकर एक हो जाना ; два куска́ льда́ смерзлись बर्फ के दो टुकड़े जमकर एक हो गये ।

сме́рить दे० мери́ть.

смерка́||ться (आत्म० अपू०), **сме́ркнуться** (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) —ется अँधेरा छा रहा है ।

смерте́льн||о (क्रि० वि०) घातक रूप से ; **—ый** (वि०) घातक ; प्राणान्तक ; —ый враг जानी दुश्मन ।

сме́ртник (पुं०) प्राणदंड-प्राप्त बन्दी ।

сме́рт||ность (स्त्री०) मृत्यु-सख्या ; मर्त्यता ; मृत्युवशता ; **—ный** (वि०) १ मर्त्य ; विनाशी ; челове́к —ен मनुष्य मर्त्य है ; २. मृत्यु का ; —ное ло́же मृत्यु-शय्या ; —ный приго́вор प्राणदड ; मृत्युदड ।

смертоно́сн||ость (स्त्री०) घातकता ; **—ый** (वि०) घातक ; प्राणान्तक ; —ое ору́жие घातक हथियार ।

смерт||ь (स्त्री०) मृत्यु ; голо́дная с. भूख से मृत्यु ; он у́мер —ью геро́я उसने वीरगति पायी , быть ме́жду жи́знью и —ью जीवन और मरण के बीच ; □ в когтя́х —и मृत्यु के मुँह में ; вопро́с жи́зни и —и जीवन और मरण का प्रश्न ; до са́мой —и मृत्यु पर्यन्त ।

смерч (पु०) १. बवंडर ; बवूला ; २. भँवर ।

смеси́тель (पुं०) (टेक०) मिश्रण करने/मिलाने का यन्त्र ।

смеси́ть दे० меси́ть

смести́ दे० смета́ть-I.

смести́ть(ся) दे० смеща́ть(ся)

смесь (स्त्री०) मिश्रण ।

сме́т||а (स्त्री०) अनुमान ; प्राक्कलन ; составля́ть —у प्राक्कलन/अनुमान लगाना ।

смета́на (स्त्री०) (खट्टी) मलाई ।

смета́ть -I (अपू०), **смести́** (पू०) (भवि० смету́, сметешь) (झाड़ू देकर) साफ कर देना ; झाडना ।

смета́ть -II दे० мета́ть और сметывать.

смётка (स्त्री०) तीक्ष्ण बुद्धि ; प्रत्युत्पन्नमतित्व ; हाजिरजवाबी ।

сме́тлив||ость (स्त्री०) बुद्धि की तीक्ष्णता ; प्रत्युत्पन्नमतित्व ; हाजिरजवाबी ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णबुद्धि ; प्रत्युत्पन्नमति ।

сме́тный (वि०) आनुमानिक ; प्राक्कलन का ।

смётывать (अपू०), **смета́ть** (पू०) टाँका लगाना ।

сме||ть (अपू०), **посме́ть** (पू०) साहस करना ; —ю сказа́ть मैं यह कहने का साहस करता हूँ ! не сме́йте э́того де́лать ! ऐसा करने का साहस मत करो !

смех (पुं०) हँसी ; подави́ть в себе́ с. अपनी हँसी दबाना ; поднима́ть кого́-л. на́ с. किसीकी हँसी उडाना ; —а ра́ди हँसी मे/मजाक मे ।

смехотво́рный (वि०) हास्यजनक ; हँसी दिलानेवाला ।

смеша́ть(ся) दे० сме́шивать(ся).

смеше́ние (नपुं०) १. गडबडझाला ; २. (रँगों की) मिलावट ।

сме́шивание (नपु०) मिश्रण ; मिलाने की क्रिया ।

сме́шивать (अपू०), **смеша́ть** (पू०) १. मिश्रण करना ; मिलाना ; २. इकट्ठा करना ; गड़बड़ी फैलाना ; □ смеша́ть кого́-л. с грязью किसी पर कीचड उछालना ; **—ся** (आत्म०) १. मिश्रित होना ; मिलना ; २ घबराना ; ३. сме́шивать का कर्मवाच्य ।

смеши́ть (अपू०) हँसाना ।

смешли́в||ость (स्त्री०) हँसोडपन ; (सहज में) हँसने का भाव ; मामूली-सी बात पर हँस पडने का भाव ; **—ый** (वि०) हँसोड ; (सहज में) हँस पडनेवाला ; मामूली-सी बात पर हँस पडनेवाला ।

смешн||о́ (क्रि० वि०) मजाकिया तौर से ; हास्यास्पद रूप से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) сме́шно यह हास्यास्पद है ; **—о́й** (वि०) हास्यास्पद ; अभिहस्य ; उपहस्य ; भद्दा ।

смешо́к (पुं०) (मुँह बन्द करके) हँसी ।

смеща́ть (अपू०), **смести́ть** (पू०) (भवि० смещу́, смести́шь) १. विस्थापन करना ; २. (नौकरी से) हटाना ; बरतरफ करना ; с. заве́дующего प्रबन्धकर्ता को हटा देना ; **—ся** (आत्म०) १. विस्थापित होना ; २ हटना ; ३. смеща́ть का कर्मवाच्य ।

смеще́ние (नपुं०) १. विस्थापन ; २. नौकरी से हटाये जाने की क्रिया ; ३ उथल-पुथल ; अव्यवस्था ।

смея́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) १. हँसना , २ हँसी उडाना ; मजाक करना ।

сми́ловаться (आत्म० अपू०) दया करना ।

смире́н||ие (नपुं०) विनय ; नम्रता ; **—ник** (पु ०) विनीत ; नम्र ; **—но** (क्रि० वि०) विनय-पूर्वक ; नम्रतापूर्वक ; **—ность** (स्त्री०) विनय ; विनीत भाव ; नम्रता ; **—ный** (वि०) विनीत ; नम्र ।

смири́ть(ся) दे० смиря́ть(ся)

сми́рн||о (क्रि० वि०) शान्तिपूर्वक ; сиде́ть с शान्ति से बैठना ; **—ый** (वि०) शान्त ।

смиря́ть (अपू०), **смири́ть** (पू०) दबाना ; वशीभूत करना , (भावनाओं को) संयत रखना ; **—ся** (आत्म०) अधीन या वशीभूत होना ।

смо́ква (स्त्री०) १. अंजीर का फल ; २. (पेड़) = смоко́вница.

смоко́вница (स्त्री०) अंजीर का पेड ।

смола́ (स्त्री०) तारकोल ।

смолка́ть (अपू०), **смо́лкнуть** (पू०) चुप होना ; (शब्द का) सुनायी पडना बन्द होना ।

смолова́рня = смолоку́рня.

смо́лоду (क्रि० वि०) युवावस्था से ।

смолоку́р (पुं०) तारकोल बिछानेवाला ।

смолоку́рня (स्त्री०) तारकोल का कारखाना ।

смолоти́ть दे० молоти́ть.

смоло́ть दे० моло́ть.

смолча́ть (पू०) चुप्पी साधना ; चुप रहना ।

смоль (स्त्री०) черный, как с. काला स्याह/गहरे काले रँग का ।

смоляно́й (वि०) смола́ से वि० ।

смонти́ровать दे० монти́ровать.

смо́ргнуть (पू०) гла́зом не с. बिल्कुल न घबराना ; он соврет и гла́зом не смо́ргнет वह झूठ बोलते हुए बिल्कुल भी नही घबराता ।

сморка́ть (अपू०), **вы́сморкать** (पू०). с нос नाक साफ करना ; **—ся** (आत्म०) अपनी नाक साफ करना ।

смороди́на (स्त्री०) एक प्रकार की झरबेरी ।

смороз́ить (पू०) (сморожу, смороз́ишь) मूर्खता की बात कह देना ; बक देना ।

смо́рчок (पुं०) १ (एक प्रकार की खाने की) गुच्छी/कुकुरमत्ता ; २ (व्यक्ति के विषय में) नाटा और कमजोर ।

смо́рщить(ся) दे० мо́рщить(ся).

смота́ть दे० сма́тывать.

смотр (पु ०) (परेड आदि का) निरीक्षण ।

смотре́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. (अकर्मक) देखना ; (на) देखना ; с при́стально टकटकी बाँधकर देखना ; с. в окно́ खिडकी में से देखना ; с. вперёд आगे देखना ; २. (पुस्तक, समाचार-पत्र आदि पर) नज़र दौड़ाना ; ३. (रोगी का) परीक्षण

करना ; (सेना का) निरीक्षण करना ; पर्यावलोकन करना ; ४. निगाह रखना ; चौकसी रखना ; с. за рабо́тами काम पर निगाह रखना ; ५ (किसीका) अनुसरण करना , ६. (केवल अपू०) झाँकना · ७. (केवल अपू०) (के सदृश) दिखायी पड़ना ; он смо́трит победи́телем वह विजयी दिखायी पडता है ; смотри́ !, смотри́те ! देखना ! देखिए ! ; смотря́ по -के अनुसार ; смотря́ по обстоя́тельством परिस्थिति के अनुसार ; как вы на э́то смо́трите ? आपका इसके विषय में क्या विचार है ? ; с. в о́ба दोनो आँखें खुली रखना/चौकन्ना रहना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको देखना ; —ся в зе́ркало शीशा देखना ; २. смотре́ть का कर्मवाच्य ।

смотри́ны (बहु०) प्राचीन रूस में दुलहिन का वर के माता-पिता आदि से परिचय प्राप्त करने की रस्म ।

смотри́тель (पु॰), **—ница** (स्त्री०) अवेक्षक (सुपरवाइजर) ; निरीक्षक (इंसपेक्टर) ।

смочи́ть दे० смáчивать.

смочь (पू०) (भवि० смогу́, смо́жешь) -सकना ; он не смог прийти́ вчера́ वह कल न आ सका ।

смоше́нничать दे० моше́нничать.

смрад (पु ०) दुर्गन्ध ; बदबू ; **—ный** (वि०) दुर्गन्धयुक्त ; बदबूदार ।

смугловáтый (वि०) कुछ साँवले रँग का ।

сму́гл||ый (वि०) साँवला ; **—я́нка** (स्त्री०) साँवली लडकी ।

сму́т||а (स्त्री०) राजद्रोह ; उथल-पुथल ; се́ять —у फूट डालना/राजद्रोह के बीज बोना ।

смути́ть(ся) दे० смущáть(ся).

сму́тн||о (क्रि० वि०) अस्पष्टता से ; धुँधलेपन से ; सन्दिग्ध रूप से ; **—ый** (वि०) अस्पष्ट ; सन्दिग्ध ; धुँधला ; —ое представле́ние अस्पष्ट/सन्दिग्ध विचार ।

смутья́н (पु॰), **—ка** (स्त्री०) राजद्रोही/राजद्रोहिणी ।

смущáть (अपू०), **смути́ть** (पू०) (भवि० смущу́, смути́шь) घबरा देना ; औसान खता करना ; आकुल करना ; (शान्ति आदि) भंग करना ; с поко́й शान्ति भंग करना ; **—ся** (आत्म०) १. घबरा जाना ; आकुल होना ; सकुचाना ; झेंपना ; २. смущáть का कर्मवाच्य ।

смуще́ние (नपु॰) घबराहट ; झेंप ।

смывáть (अपू०), **смыть** (पू०) (भवि० смо́ю, смо́ешь) १. धो डालना ; २ बहा ले जाना ; **—ся** (आत्म०) १. (धुलाई में) उतर जाना/छूट जाना ; २. смывáть का कर्मवाच्य ।

смыкáть (अपू०), **сомкну́ть** (पू०) १. (बिल्कुल) मिला देना ; एक कर देना ; २. बन्द करना ; मूँदना ; сомкну́ть глазá आँखें बन्द करना ; आँखे मूँदना ; **—ся** (आत्म०) १. मिल जाना ; एक हो जाना , २ बन्द होना ।

смысл (पु॰) १. भावार्थ ; अर्थ ; प्रयोजन ; име́ть с अर्थ होना ; с жи́зни जीवन का प्रयोजन ।

смы́слить (अपू०) समझना ।

смысловóй (वि०) смысль से वि० ।

смы́ть(ся) दे० смывáть(ся).

смы́чка (स्त्री०) १. बिलकुल मिल जाने/एक हो जाने की क्रिया ; २. मिलने का स्थान ; с свóдов महराबो के मिलने का स्थान ; ३ (हिनो और कार्य का) ऐक्य ।

смычкóвый (वि०) धनुषाकार ।

смы́чный (वि०) स्पर्श (व्यंजन) ।

смычóк (पु॰) कमान ; (सारंगी आदि बजाने का) गज ; कमानी ।

смышлён||ость (स्त्री०) चातुर्य ; चतुराई ; **—ый** (वि०) चतुर ।

смягчáть (अपू०), **смягчи́ть** (पू०) नर्म करना , कम करना ; ढीला करना ; с. гнев क्रोध कम करना ; **—ся** (आत्म०) नर्म होना ; (रोग का) कम होना ; ढीला पडना ।

смяте́ние (नपु ०) गडबडी ; दुर्व्यवस्था ; धाँधली ; приводи́ть в с गडबड़ी फैलाना/धाँधली मचाना ।

смять (पू०) (сомну́, сомнешь) १ (कपड़े या

कागज़ मे) सलवटे डालना ; शिकन डालना , (घास) रौंदना , २ (सेना०) कुचलना ।

мя́ться (आत्म० पू०) सलवटें पडना ।

набж||а́ть (अपू०), **снабди́ть** (पू०) (भवि० снабжу́, снабди́шь) सम्भरण करना ; उपलब्ध / मुहैया करना ; (-से) युक्त करना ; (-से) सुसज्जित करना , **—е́ние** (नपु०) रसद ; सम्भरण (क्रिया) ।

на́добье (नपु०) (जडी-बूटियो से तैयार की हुई) औषधि ; दवा ।

нару́жи (क्रि० वि०) बाहर ; बाहर से ।

наря́д (पु०) १. प्रक्षेपित अमला , गोला ; २. (टेक०) गियर ।

наряди́ть(ся) दे० снаряжа́ться.

наря́дный (वि०) снаря́д से वि० ।

наряжа́ть (अपू०), **снарядѝть** (पू०) (भवि० снаряжу́, снарядѝшь) सुसज्जित करना ; (-से) युक्त करना ; लैस करना ; **—ся** (आत्म०) १ सुसज्जित होना , -से युक्त होना ; २. снаряжа́ть का कर्मवाच्य ।

наряже́ние (नपु०) साज-सामान ; सामग्री ।

часть (स्त्री०) (बहुधा एकवचन समू०) उपकरण ; साज-सामान ; सामान ; рыболо́вная с. मछलियाँ पकडने का सामान ।

снача́ла (क्रि० वि०) आरम्भ से , फिर से ; नये सिरे से ।

снег (पु०) हिम , बर्फ ; идет с. बर्फ पड रही है ; поля́ покры́ты —ом खेत बर्फ से ढँके हैं ; **—ово́й** (वि०) हिम- ; बर्फ का ; —ова́я вода́ हिमजल , बर्फ का पानी ।

снегу́рка, снегу́рочка (स्त्री०) हिमकन्या, हिमकुमारी ।

седа́||ть (अपू०) खा जाना ; его́ —ет раска́яние पश्चात्ताप उसको खाये जा रहा है ।

седь (स्त्री०) (केवल एकवचन) भोजन ; खाद्य पदार्थ ।

снежи́нка (स्त्री०) बर्फ का गाला ।

сне́жн||ый (वि०) हिममय ; बर्फीला ; —ая зима́ बर्फीली शरद ऋतु ।

снеж||о́к (पु०) १ हल्की बर्फ ; २ बर्फ का गाला; игра́ть в —ки बर्फ के गाले मार-मारकर खेलना/एक-दूसरे के बर्फ के गाले मारना ।

снести́ दे० носи́ть.

снести́сь दे० носи́ться और нести́сь.

снето́к (पु०) एक प्रकार की मछली ।

снижа́ть (अपू०), **сни́зить** (पू०) (भवि० сни́жу, сни́жешь) १ नीचे को करना ; २. घटाना ; कम करना ; с. тре́бования माँग कम करना ; ३. पदावनति करना ; (पद मे) नीचा कर देना ; □ с. тон स्वर धीमा करना ; **—ся** (आत्म०) १ नीचे होना ; नीचे उतरना ; २. घटना ; कम होना ; (मूल्य का) गिर जाना ।

сниже́ние (नपु०) नमन ; पतन , कमी ; с. себесто́имости उत्पादन-मूल्य मे कमी ।

снизойти́ दे० снисходи́ть.

сни́зу (क्रि० वि० और अ०) नीचे से ; तल से ; नीचे ; посмотре́ть с. नीचे से देखना ; положи́те кни́гу с पुस्तक नीचे रख दीजिए ।

снима́ть (अपू०), **снять** (पू०) (भवि० сниму́, сни́мешь) १. उतारना ; हटाना ; с. шля́пу टोपी उतारना ; с. сли́вки с молока́ दूध पर से मलाई उतारना ; с урожа́й फसल काटना , с с кого́-л отве́тственность किसीको जिम्मेदारी से मुक्त करना ; с. с кого́-л показа́ния किसीकी गवाही लेना ; с свое предложе́ние अपना प्रस्ताव वापस लेना ; с. ме́рку с кого́-л किसीका नाप लेना ; २ (फोटो) उतारना ; खीचना ; ३ किराये पर लेना ; □ как руко́й сня́ло मानो जादू से गायब हो गया हो ; **—ся** (आत्म०) १. —ся с учёта हिसाब मे से काट देना ; २. अपनी फोटो खिंचवाना/उतरवाना ; ३. снима́ть का कर्मवाच्य ।

сни́мок (पु०) फोटो ; छाया-चित्र ।

снискать (पू०) (भवि० сни́щу, сни́щешь) प्राप्त करना ; पाना ; с. сла́ву ख्याति पाना ।

снисходи́тельн||ость (स्त्री०) शिष्टता ; विनय ; मुलायमियत ; नर्मी ; कृपालुता ; **—ый** (वि०) विनयशील ; मुलायम ; नर्म ; कृपालु ।

снисходи́ть (अपू०), **снизойти́** (पू०) (वर्त० снисхожу́, снисхо́дишь; भवि० снизойду́, снизойдешь) विनयशील होना; नर्मी से काम करना।

снисхожде́ние (नपु०) विनय; नर्म; कृपा; मुलायमियत।

сни́||ться (आत्म० अपू०), **при—** (आत्म० पू०) स्वप्न देखना; ему́ —лось, что उसे स्वप्न आया कि . . . .; ему́ —лся сон उसे स्वप्न आया।

сно́ва (क्रि० वि०) पुनः; फिर से; начина́ть с. पुनः आरम्भ करना; с. расска́зывать फिर से कहना।

снова́льн||ый (वि०) ताना तानने का; —ая маши́на ताना तानने की मशीन।

снова́льщи||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) ताना तानेवाला/वाली।

снова́ть (अपू०) (сную́, снуешь) १. आगे-पीछे जाना; тепе́рь по Во́лге парохо́ды взад и вперед снуют अब वोल्गा नदी में जहाज आगे-पीछे जा रहे हैं; २. आँखों के सामने फिरना; ३ ताना तानना।

сновиде́ние (नपुं०) स्वप्न।

сногсшиба́тельный (वि०) स्तब्ध करनेवाला।

сноп (पुं०) पूला; गट्ठा; पुलिन्दा।

сноро́вк||а (स्त्री०) प्रवीणता; कुशलता; चतुराई; име́ть —у в чем-л किसी काम में कुशल होना।

снос (पु०) **I.** с. тече́нием धारा मे बह जाना; **II.** ढाहना; дом прода́н на с. मकान ढाहने के लिए बेच दिया गया है; **III.** э́тому —у нет (कपडा आदि) यह बहुत चलेगा/यह बहुत चलाऊ है।

сноси́ть -I. (अपू०), **снести́** (पू०) (वर्त० сношу́, сно́сишь; भवि० снесу́, снесешь) १. ले जाना; (एक स्थान पर लाकर) एकत्रित कर देना, ढेर लगाना; (ऊपर से नीचे को) लाना; २. (हवा, आँधी का) उड़ाकर ले जाना; (पानी का) बहाकर ले जाना; бу́ря снесла́ кры́шу आँधी से छत उड़ गयी; ३. ढाहना; (दीवार आदि) तोड़कर गिरा देना; ४. सहन करना; **II.** (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не с головы́ यह उसको बहुत महँगा पड़ेगा; **—ся(сь)** (आत्म०) १. पत्र-व्यवहार करना; с друго́м с. другом एक-दूसरे से पत्र-व्यवहार करना; २. сноси́ть का कर्मवाच्य।

сно́ска (स्त्री०) पाद-टिप्पणी।

сно́сн||о (क्रि० वि०) कामचलाऊ तौर से; **—ый** (वि०) मामूली; कामचलाऊ; खासा।

снотво́рн||ый (वि०) १. निद्राकारी; नींद लानेवाला; —ое сре́дство नींद लानेवाली ओषधि; २. उकता देनेवाला।

сноха́ (स्त्री०) पुत्रवधू; पतोहू।

сноше́ни||е (नपुं०) संसर्ग; व्यवहार; सम्बन्ध, дру́жеские —я मित्रता का व्यवहार; прерыва́ть —я с кем-л. किसीसे सम्बन्ध विच्छेद करना।

сня́тие (नपुं०) उतारने/उठाने/हटाने की क्रिया; с. урожа́я फसल की कटाई; с. с рабо́ты काम से हटा दिया जाना; с. взыска́ния (जुर्माना, कर आदि की) उगाही से मुक्ति।

снят||о́й (वि०) —о́е молоко́ सपरेटा; मक्खन निकाला हुआ दूध।

сня́ть(ся) दे० снима́ть(ся).

со = с

соа́втор (पु०) सहलेखक।

соба́ка (स्त्री०) कुत्ता।

соба́||чий (वि०) कुत्ते का; —чья жизнь कुत्ते का जीवन।

соба́чка (स्त्री०) १. पिल्ला; छोटा कुत्ता; २ (बन्दूक का) घोडा।

собесе́дн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) सहभाषी, सहभाषिणी।

собесе́дование (नपु०) सहभाषण; वार्तालाप

собира́тель (पुं०), **—ница́** (स्त्री०) संग्रहकर्ता/संग्रहकर्त्री; с книг पुस्तक-संग्रहकर्ता।

собира́тельн||ый (वि०) समूहवाचक; —ое существи́тельное समूहवाचक / समुदायवाचक संज्ञा।

собира́ть (अपू०), **собра́ть** (पू०) (भवि०

соберу́, соберешь) १. इकट्ठे करना ; चुनना ; с. цветы́ फूल चुनना , с. ка́мешки ककड़ इकट्ठे करना , с. де́ньги धन सचय करना ; २. (सभा आदि) बुलाना ; ३. (मशीन के पुर्ज़ों का) सयोजन करना ; ४. (यात्रा के लिए) सुसज्जित/तैयार करना ; ५. с. на стол मेज़ पर भोजन परोसना ; с со стола́ मेज़ से भोजन उठाना ; **—ся** (आत्म०) १. एकत्रित होना ; इकट्ठे होना ; собрало́сь мно́го наро́да बहुत-से लोग एकत्रित हो गये ; २. इच्छा रखना ; इरादा करना , он собира́ется е́хать в Москву́ उसका मास्को जाने का इरादा है ; ३. собира́ть का कर्मवाच्य ।

соблаговоли́ть (पू०) अनुमति देना ; कृपा करना , с. дать ответ उत्तर देने की कृपा करना ।

собла́зн (पु०) प्रलोभन ; लालच ; вводи́ть в с. प्रलोभन देना ; **—и́тель** (पु०), **—и́тельница** (स्त्री०) प्रलोभयिता/प्रलोभयित्री , प्रलोभक , फुसलानेवाला/वाली , शीलहर्ता/हर्त्री ; **—и́тельность** (स्त्री०) प्रलोभन ; फुसलाहट ; **—и́тельный** (वि०) फुसलानेवाला ; लुभानेवाला ।

соблазня́ть (अपू०), **соблазни́ть** (पू०) प्रलुब्ध करना , फुसलाना ; फँसाना ; **—ся** (आत्म०) प्रलोभन मे आना ; फुसलाहट मे आना ।

соблюда́ть (अपू०), **соблюсти́** (पू०) (भवि० соблюду́, соблюдешь) (कानून, प्रथा आदि का) पालन करना ; с. поря́док व्यवस्था रखना ।

соблюде́ние (नपुं०) (कानून, प्रथा आदि का) पालन ।

соболе́знование (नपुं०) समवेदना ; выража́ть кому́-л свое с. किसीसे समवेदना प्रकट करना ।

соболе́зновать (अपू०) (—ную) समवेदना प्रकट करना ।

собо́лий (वि०) सेबल (दे० со́боль) का ।

со́боль (पुं०) सेबल (एक प्रकार का जन्तु) ।

собо́р (पु०) १. बड़ा गिरजाघर ; २. समिति ; सभा ।

собо́ю . себя́ का करणकारक-रूप , само́ с. (разуме́ется) यह स्पष्ट है कि...; сам с. स्वय/अपने आप , он хорош с. वह बहुत सुन्दर है ; оно́ дви́жется само́ с. वह (यन्त्र आदि) अपने आप चलता है ।

собра́ние (नपुं०) १. सभा ; बैठक ; о́бщее с. साधारण बैठक ; законода́тельное с. विधान-सभा ; २. संग्रह ।

собра́т (पुं०) साथी ; सहकर्मी ; सहयोगी ; सहकारी ; с. по ремеслу́ धन्धे में सहकारी ।

собра́ть(ся) दे० собира́ть(ся).

со́бственник (पुं०) स्वामी ; मालिक ; земе́льный с ज़मीदार ।

со́бственн||о (क्रि० वि०) с. говоря́ ठीक-ठीक कहा जाये तो- ; э́то с. не совсе́м так ठीक-ठीक कहा जाये तो यह ऐसा नहीं है ; с. го́род शहर खास ; **—ость** (स्त्री०) सम्पत्ति ; स्वामित्व ; जायदाद ; обще́ственная —ость सामाजिक सम्पत्ति ; ли́чная —ость निजी सम्पत्ति ; о́бщая —ость साझी / सामान्य सम्पत्ति ; **—ый** (वि०) अपना ; व्यक्तिगत ; в —ые ру́ки अपने हाथों में , —ое и́мя (व्या०) व्यक्तिवाचक सज्ञा ।

собутыльник (पुं०) हम-प्याला ।

собы́тие (नपुं०) घटना ।

сова́ (स्त्री०) उल्लू ।

сова́ть (पू०), **су́нуть** (पू०) (वर्त० сую́, суешь) (में) ठूँसना ; डालना ; с. что-л. в карма́н कोई वस्तु जेब मे डालना ; с. ру́ки в карма́н जेब मे हाथ डालना ; **—ся** (आत्म०) हस्तक्षेप करना ; दखल देना ।

соверша́ть (अपू०), **соверши́ть** (पू०) १. पूरा करना ; सम्पन्न करना ; (हत्या, पाप आदि) करना ; с. оши́бку गलती करना ; **—ся** (आत्म०) घटित होना ; होना ; २. पूर्ण होना ; ३. соверша́ть का कर्मवाच्य ।

совершéние (नपुं०) सिद्धि ; पूरा होना ; (हत्या, पाप आदि का) होना ।

совершéнно (क्रि० वि०) पूर्णतया ; सर्वथा ; बिल्कुल ; с. вéрно बिल्कुल ठीक ; с гóлый बिल्कुल नगा ।

совершеннолéт||ие (नपुं०) वयस्कता ; वयस्कता-प्राप्त ; बालिगपन ; достигáть —ия वयस्कता को प्राप्त होना ; **—ний** (वि०) वयस्क ; बालिग ; быть —ним वयस्क होना/बालिग होना ।

совершéнн||ый (वि०) सम्पूर्ण ; परम ; पूरा ; —ая прáвда परम सत्य ।

совершéнств||о (नपुं०) पूर्णता ; достигáть —а पूर्णता को प्राप्त करना ।

совершéнствовать (अपू०), **у—** (पू०) (—ствую) सम्पूर्ण बनाना ; विकास करना ; с. свой талáнт अपनी प्रतिभा का विकास करना ; **—ся** (आत्म०) १. सम्पूर्णता को प्राप्त करना ; २. совершéнствовать का कर्मवाच्य ।

совершúть(ся) दे० совершáть(ся).

сóвеститься (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (भवि० сóвещусь, сóвестишься) लज्जित होना ; शर्मिन्दा होना ।

сóвестлив||ость (स्त्री०) सत्यनिष्ठता ; ईमानदारी ; **—ый** (वि०) सत्यनिष्ठ ; ईमानदार ।

сóвестно (कर्तृ-निरपेक्ष) емý с. сдéлать э́то वह ऐसा करने के लिए लज्जित है ; как вам не с. ! आपको लज्जा नही आती !

сóвесть (स्त्री०) अन्तरात्मा ; अन्तःकरण ।

совéт (पुं०) **I.** सोवियत ; Верхóвный Совет СССР सोवियत सघ की सर्वोच्च सोवियत ; Совéт Национáльностей जातीय सोवियत ; Совéт Сою́за संघ-सोवियत ; **II.** परिषद् ; Совéт министров मन्त्रि-परिषद् ; Совет Безопáсности सुरक्षा-परिषद् ; **III.** परामर्श ; सम्मति ; मन्त्रणा ; सलाह ; राय ; по егó —у उसकी सम्मति में ; он дал мне хорóший с. उसने मुझे अच्छी सलाह दी ।

совéтник (पुं०) सलाहकार ; मन्त्रणाकार ; परामर्शदाता ।

совéтовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —тую) परामर्श/सलाह देना ; **—ся** (आत्म०) सम्मति लेना ; सलाह करना ।

совéтск||ий (वि०) सोवियत- ; Совéтский Сою́з सोवियत-संघ ; —ая власть सोवियत-सत्ता ; —ое государ́ство सोवियत-सरकार ।

совéт||чик (पुं०), **—чица** (स्त्री०) सम्मति देनेवाला/वाली ; सलाहकार ।

совещáние (नपुं०) सम्मेलन ; सभा ; बैठक ।

совещáтельный (वि०) परामर्शदातृ- ; मन्त्रणा- ; विमर्शी ; विचारात्मक ; с. орга́н परामर्शदातृ- समिति ; с. голóс विमर्शी-मत ।

совещáться (आत्म० अपू०) (किसीसे) विचार-विमर्श करना ; परामर्श करना ; सलाह-मशवरा करना ।

сови́ный (वि०) उल्लू का ।

совладáть (अपू०) वशीभूत करना ; काबू में करना ; с. с собóй अपने आपको वश मे रखना ।

совладéл||ец (पुं०) सयुक्त स्वामी ; **—ние** (नपु०) सयुक्त/सम्मिलित सम्पत्ति ; सयुक्त स्वामित्व ।

совлекáть (अपू०), **совлéчь** (पू०) (भवि० совлекý, совлечешь) डिगाना ; हटाना ; с. с пути́ и́стинного धर्मपथ से डिगाना ।

совмести́м||ость (स्त्री०) अनुरूपता ; अविरुद्धता , **—ый** (वि०) अनुरूप ; अविरुद्ध ।

совмести́тельств||о (नपुं०) बहुलवाद ; अनेकवाद ; рабóтать по —у = совмести́тельствовать ; **—овать** (अपू०) (—ствую) अनेक पद धारण करना ।

совмести́ть(ся) दे० совмещáть(ся)

совмéстн||о (क्रि० वि०) एक साथ मिलकर ; सम्मिलित रूप से ; **—ый** (वि०) सयुक्त ; सम्मिलित ; —ое заседáние सयुक्त बैठक ; —ая рабóта सम्मिलित काम ।

совмещáть (अपू०), **совмести́ть** (पू०) (भवि० совмещý, совмести́шь) १. संयुक्त

करना ; с. рабóту машинúстки и секретаря́ टाइपिस्ट और वैयक्तिक सहायक का काम संयुक्त करना ; २. =совместúтельствовать ; **—ся** (आत्म०) १. सयुक्त होना ; मिलना ; २. (गणित) सम्पात होना ।

совмещéние (नपु०) १. मिल जाना ; संयुजन ; २. एक व्यक्ति के एक समय मे बहुत से पद धारण करने की क्रिया ; ३. (गणित) सम्पात ।

совнарко́м (Сове́т Наро́дных Комиссаров) जन-कमिसार (जन-प्रतिनिधि) सोवियत ।

совóк (पु०) (छोटा) बेलचा ।

совокупúться दे० совокупля́ться.

совокупле́ние (नपु०) मैथुन ।

совокупля́ться (आत्म० अपू०), **совокупúться** (आत्म० पू०) (भवि० совокуплю́сь, совокупúшься) मैथुन करना ।

совоку́пн||о (क्रि० वि०) सम्मिलित रूप से ; **—ость** (स्त्री०) समुदाय , जोड़ ; в —ости जोड मे ; **—ый** (वि०) सम्मिलित , सयुक्त ।

совпада́ть (अपू०), **совпа́сть** (पू०) (भवि० совпаду́, совпадешь) सम्पात होना ; सम्मत होना ; एक ही समय होना ; не с. सम्मत न होना ।

совпаде́ние (नपु०) सम्पात ; सम्मत होने का भाव ; सयोग ।

совпа́сть दे० совпада́ть.

соврати́тель (पु०), **—ница** (स्त्री०) (फुसलाकर) पथभ्रष्ट करनेवाला/वाली ।

соврати́ть(ся) दे० совраща́ть(ся)

совра́ть दे० врать.

совраща́ть (अपू०), **соврати́ть** (पू०) (भवि० совращу́, совратúшь) (फुसलाकर) पथभ्रष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) पथभ्रष्ट होना ।

совраще́ние (नपु०) शीलहरण ; पथभ्रष्ट करने की क्रिया ।

современн||ик (पु०) समकालीन ; समसामयिक; **—ость** (स्त्री०) १. समकालीनता ; २. समसामयिकता ; २. नवीनता ; आधुनिकता ; **—ый** (वि०) १. समकालीन ; समसामयिक ; २. नवीन ; वर्तमान ; आधुनिक ; —ая литерату́ра आधुनिक साहित्य ; —ое положе́ние वर्तमान स्थिति ।

совсе́м (क्रि० वि०) सर्वथा ; पूर्ण रूप से ; बिल्कुल ; он с. молодóй वह सर्वथा युवक है ; он с. разорен वह सर्वथा नष्ट हो चुका है ; мне э́то с. не нра́вится यह मुझे बिल्कुल नही भाता ।

совхо́з (पु०) राजकीय फार्म ; **—ный** (वि०) राजकीय फार्म का ।

согбе́нный (वि०) झुका हुआ ; नत ।

согла́си||е (नपु०) १. सहमति ; स्वीकृति ; дава́ть свое с. अपनी स्वीकृति देना ; २. ऐकमत्य; मित्रता ; मेलजोल ; жить в —и मित्रतापूर्वक रहना ; मेलजोल से रहना ।

согласи́тельн||ый (वि०) सन्धि ; सुलह कराने का ; —ая комúссия सन्धि-आयोग ।

согласи́ться दे० соглаша́ться.

уведоми́тельн||ый (वि०) : —ое письмо́ (व्यापार-सम्बन्धी) सूचना-पत्र ।

уве́домить दे० уведомля́ть.

уведомле́ние (नपुं०) सूचना ; विज्ञप्ति ।

уведомля́ть (अपू०), **уве́домить** (पू०) (भवि० уве́домлю, уве́домишь) सूचना देना ; बताना ; о о дне́ заседа́ния बैठक की तिथि की सूचना देना ।

увезти́ दे० увози́ть.

увекове́ч||ение (नपुं०) शाश्वत करना ; अमर करने की क्रिया ।

увекове́чивать (अपू०), **увекове́чить** (पू०) शाश्वत करना ; अमर करना ; у па́мять геро́ев वीरो की कीर्ति अमर करना ।

увеличе́ние (नपुं०) १ बढोतरी ; वृद्धि ; विस्तार ; प्रसार , у. посевно́й пло́щади कृषि-भूमि का विस्तार करना ; у. чи́сленного соста́ва जनशक्ति मे बढोतरी ; २. आवर्धन ; (फोटो को) बडा करने की क्रिया ।

увели́чивать (अपू०), **увели́чить** (पू०) १. बढोतरी करना ; बढाना ; बडा करना ; у. дохо́ды लाभ बढ़ाना ; у. произво́дство उत्पादन बढाना ; २. आवर्धन करना ; (फोटो को) बडा करना ; **—ся** (आत्म०) १. बढना ; बढोतरी होना ; २ увели́чивать का कर्मवाच्य ।

увеличи́тельн||ый (वि०) आवर्धन ; बड़ा करने का ; —ое стекло́ आवर्धन-शीशा/आतशी शीशा ; у. аппара́т आवर्धन-यन्त्र ।

увели́чить दे० увели́чивать.

увенча́ние (नपुं०) राज्याभिषेक ; ताजपोशी ।

уве́нчивать (अपू०), **увенча́ть** (पू०) राज्याभिषेक करना ; ताजपोशी करना ; **—ся** (आत्म०) : —ся успе́хом सफलता प्राप्त करना ।

уве́рени||е (नपुं०) आश्वासन ; уж я не верю́ —ям अब मै आश्वासनो पर विश्वास नही करता ।

уве́ренно (क्रि० वि०) विश्वासपूर्वक ; निश्चयपूर्वक ; у. смотре́ть вперед विश्वासपूर्वक आगे देखना ।

уве́ренн||ость (स्त्री०) विश्वास ; निश्चय ; दृढता ; с —остью विश्वासपूर्वक ; в по́лной —ости, что इस दृढ विश्वास से कि ... ; у. в себе́ आत्मविश्वास ; **—ый** (वि०) १. विश्वस्त ; विश्रब्ध ; у. в себе́ आत्मविश्वासी ; २. दृढ ; अकम्प ; у. шаг अकम्प चरण ; मजबूत कदम ; □ бу́дьте уве́рены विश्वास रखिए ।

уве́рить(ся) दे० уверя́ть(ся).

уверну́ться दे० увертываться.

уве́ровать (पू०) (—рую) (-में) विश्वास करना ।

увёртка (स्त्री०) छल ; कपट ; धोखा ; लाग-लपेट ।

увёртлив||ость (स्त्री०) लाग-लपेट ; कपट ; छल ; **—ый** (वि०) छलपूर्ण ; कपटी ; चालाक ।

увёртываться (आत्म० अपू०), **уверну́ться** (आत्म० पू०) लाग-लपेट करना ; छल करना ।

увертю́ра (स्त्री०) संगीत-प्रस्तावना ।

уверя́ть (अपू०), **уве́рить** (पू०) विश्वास दिलाना ; यकीन दिलाना ; уверя́ю вас, что मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि.../विश्वास रखिए ; он хо́чет нас уве́рить वह हमें विश्वास दिलाना चाहता है ; **—ся** (आत्म०) विश्वास होना ; यकीन होना ; уве́риться в невино́вности кого́-л. किसीकी निरपराधिता का विश्वास होना ।

увесел||е́ние (नपुं०) मनबहलाव ; मनोरंजन ; **—и́тельный** (वि०) मनबहलाव का ; मनोरंजन का ; —и́тельная пое́здка दिल-बहलाव के लिए कही जाना ।

увеселя́ть (अपू०), **увесели́ть** (पू०) मन बहलाना ; मनोरंजन करना ।

уве́сист||ость (स्त्री०) भारीपन ; **—ый** (वि०) बहुत भारी ; बोझिल ।

увести́ दे० уводи́ть.

уве́ч||ить (अपू०) अंगहीन करना ; लँगड़ा-लूला करना ; **—ный** (वि०) अंगहीन ; लँगड़ा-लूला ।

уве́чье (नपुं०) अंग-भंग ।

уве́шивать (अपू०), **уве́шать** (पू०) कोई चीज़ लटकाकर ढँक देना ; у. сте́ну карти́нами दीवार को चित्रो से ढँक देना ।

увеща́ние (नपुं०) नसीहत करने/सीख देने की क्रिया ।

увеща́ть, увещева́ть (अपू०) नसीहत करना ; सीख देना ।

увива́ться (आत्म० अपू०) (увью́сь, увьешься) -के आगे-पीछे फिरना ।

увида́ть (अपू०) मिलना ; **—ся** (आत्म०) एक-दूसरे से मिलना ।

уви́деть(ся) दे० ви́деть(ся)

уви́ливать (अपू०), **увильну́ть** (पू०) जी चुराना ; टालना ; टालने की चेष्टा करना ।

увлажне́ние (नपुं०) गीला करने की क्रिया ; नम करने/आर्द्र करने की क्रिया ।

увлажня́ть (अपू०), **увлажни́ть** (पू०) गीला करना ; नम करना ; **—ся** (आत्म०) १. गीला होना ; नम होना ; २. увлажня́ть का कर्मवाच्य ।

увлека́тельн||ость (स्त्री०) आकर्षण ; सम्मोहन ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; सम्मोहक ; —ый расска́з आकर्षक कथा ।

увлека́ть (अपू०), **увлечь** (पू०) (भवि० увлеку́, увлечешь) १. बहा ले जाना ; у. чита́теля पाठको को अपने साथ बहा ले जाना ; २. मुग्ध करना ; मोह लेना ; फुसलाना ; ३. लुभाना ; फँसाना ; **—ся** (आत्म०) १. लगन होना ; т. те́ннисом टेनिस खेलने की लगन होना ; २. आकर्षित होना ; लुब्ध होना ; फँसना ।

увлече́ние (नपुं०) १. उत्साह ; सजीवता ; говори́ть с —м उत्साहपूर्वक बोलना ; २. (чем-л) लगन ; अनुराग ; ३. मनपसन्द वस्तु/चीज़ ।

увле́чь(ся) दे० увлека́ть(ся).

уво́д (पुं०) १. ले जाने की क्रिया ; २. पीछे हटने की क्रिया ; у. войск सेना का पीछे हटना ।

уводи́ть (अपू०), **увести́** (पू०) (वर्त० увожу́, уво́дишь ; भवि० уведу́, уведешь) १ ले जाना ; (सेना०) पीछे हटाना ; २. (छल से/बलपूर्वक स्त्री या बच्चो का) अपहरण करना ; भगा ले जाना ।

увоз (पुं०) अपहरण ; चुराने की क्रिया ।

увози́ть (अपू०), **увезти́** (पू०) (वर्त० увожу́, уво́зишь, भवि० увезу́, увезешь) १. (गाडी आदि में) ले जाना ; २. चुराना ; अपहरण करना ।

увола́кивать (अपू०), **уволо́чь** (पू०) (भवि० уволоку́, уволо́чешь) घसीट ले जाना ; चुराना ; волк уволо́к овцу́ भेड़िया भेड को घसीटकर ले गया ।

уво́лить(ся) दे० увольня́ть(ся).

уволо́чь दे० увола́кивать.

увольн||е́ние (नपुं०) (नौकरी से) हटा देने की क्रिया ; बरखास्तगी ; बरतरफी ; у. от до́лжности नौकरी से बरखास्तगी ; у. в отста́вку अवकाश ग्रहण करना ; он получи́л предупрежде́ние об —е́нии उसको नौकरी से बरखास्त किये जाने का नोटिस मिल गया है ; **—и́тельный** (वि०) —и́тельное свиде́тельство बरखास्तगी का प्रमाण-पत्र ।

увольня́ть (अपू०), **уво́лить** (पू०) १. नौकरी से हटाना ; बरखास्त करना ; у. от до́лжности पद से बरखास्त करना ; у. в отста́вку

अवकाश देना/निवृत्त करना/पेंशन देना ; у. в о́тпуск छुट्टी देना ; у. рабо́чих मजदूरों को काम से हटाना ; २. (केवल पू०) मुक्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. नौकरी छोड़ना ; निवृत्ति पाना ; २. увольня́ть का कर्मवाच्य ।

увы́ ! (विस्मय०) उई !

увяда́ние (नपुं०) मुरझाने की क्रिया ; सूखने/क्षीण होने की क्रिया ।

увяза́ть -I दे० увя́зывать.

увяза́ть -II (अपू०), **увя́знуть** (पू०) चिपक जाना ; बँध जाना ।

увяза́ться दे० увя́зываться.

увя́зка (स्त्री०) १. (माल आदि) बाँधने की क्रिया ; गट्ठर बाँधने की क्रिया ; २. समन्वय ; तालमेल ।

увя́знуть दे० увяза́ть.

увя́зывать (अपू०), **увяза́ть** (पू०) (भवि० увяжу́, увя́жешь) १. (माल आदि) बाँधना ; २. सम्बन्ध स्थापित करना ; समन्वय करना ; तालमेल रखना ; **—ся** (आत्म०) १. (माल आदि का) बाँधा जाना ; २. पीछे पड जाना ; लग जाना ; за ни́ми увяза́лась соба́ка उनके पीछे एक कुत्ता लग गया ; ३ увя́зывать का कर्मवाच्य ।

увя́нуть दे० увяда́ть.

уга́дывать (अपू०), **угада́ть** (पू०) बूझना ; अनुमान लगाना ; अन्दाज़ा लगाना ; вы угада́ли आपने बूझ लिया ; आपने ठीक अनुमान लगा लिया ।

уга́р (पुं०) १. (केवल एकवचन) कोयले की गैस ; па́хнет —ом कोयले की गैस की गन्ध आ रही है , у него́ у. उस पर कोयला-गैस के विष का असर हो गया है ; २. छीजन ; रद्दी भाग ; у. мета́лла धातु की छीजन ।

уга́рно (विशेष) (कर्तृ-निरपेक्ष) यहाँ у. यहाँ कोयले की गैस की गन्ध आ रही है ।

уга́рный (वि०) : у. газ कोयले की गैस ।

угаса́ние (नपुं०) आग बुझाने की क्रिया ।

угаса́||ть (अपू०), **уга́снуть** (पू०) आग बुझाना ; костёр —л अलाव की आग बुझ गयी है ।

углево́д (पुं०) (रस०) कार्बोहाइड्रेट ।

углеводоро́д (पुं०) (रस०) हाईड्रोकार्बन ।

угледроби́лка (स्त्री०) कोयला तोड़ने की मशीन ।

углекислота́ (स्त्री०) (रस०) कार्बोनिक अम्ल ।

углеки́слый (वि०) (रस०) у. газ कार्बोनिक अम्ल ; у. на́трий सोडियम कार्बोनेट ।

углеко́п (पुं०) कोयलाखान-मजदूर ; कोयले की खान में काम करनेवाला मजदूर ।

углепромы́шленн||ость (स्त्री०) कोयला-उद्योग ; **—ый** (वि०) कोयला-उद्योग का ।

углеро́д (पुं०) (रस०) कार्बन ।

угловат||ость (स्त्री०) कोणीयता ; कोणिकता ; **—ый** (वि०) १. कोणीय ; २. भद्दा ।

угло́вой (वि०) १. (मकान, कमरे आदि के विषय में) कोने का ; २. (गणित, भौ०) कोणीय ।

угломе́р (पुं०) कोणमापी ; गुनियाँ ।

углуби́ть(ся) दे० углубля́ть(ся).

углубл||е́ние (नपुं०) १ गहन/गहरा करने की क्रिया ; для —е́ния свои́х зна́ний अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए ; २. गड्ढा ; **—ённый** १. углубля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) गहरा ; गहन ; ३. (-में) लीन ।

углубля́ть (अपू०), **углуби́ть** (पू०) (भवि० углублю́, углуби́шь) गहरा करना ; बढाना ; углуби́ть кана́ву खाई गहरी करना ; у. свои́ зна́ния अपना ज्ञान बढाना ; **—ся** (आत्म०) १. गहरा होना ; बढना ; २. गहराई में जाना ; लीन होना ; углуби́ться в лес गहन वन/घने जंगल में जाना ; у. в кни́гу पुस्तक के विषय की गहराई में जाना ।

угляде́ть (पू०) (угляжу́, угляди́шь) देख-भाल करना ; не у. देख-भाल न करना ।

угна́ть दे० угоня́ть.

угна́ться (आत्म० पू०) (-के) साथ-साथ चलना ; बराबर से चलना ; е́ле мог я у. за ним मैं बड़ी कठिनाई से उसके साथ-साथ चल सका ।

угнета́тель (पु॰), **—ница** (स्त्री॰) अत्याचारी ; क्रूर ; **—ский** (स्त्री॰) दमनात्मक ; अत्याचारपूर्ण ।

угнет||а́ть (अपू॰) दमन करना ; दबाना ; अत्याचार करना ; поме́щики —а́ли крестья́н ज़मीदारो ने किसानों पर अत्याचार किया ; **—е́ние** (नपु॰), **—ённость** (स्त्री॰) दमन ; अत्याचार , क्रूरता ।

угова́ривать (अपू॰), **уговори́ть** (पू॰) मनाना ; मनाने की चेष्टा करना , не угова́ривайте меня́ मुझे मनाने/समझाने की चेष्टा मत कीजिए ; **—ся** (आत्म॰) १. बातचीत कर लेना ; २. समझौता करना ; я уговори́лся с ним о встре́че मैंने उससे मिलने की बात तय कर ली है ; уговори́ться о цене́ मूल्य के विषय में समझौता कर लेना ।

уговор (पु॰) १. मिन्नत , मनाने या राज़ी करने की क्रिया ; не подава́ться никаки́м —ам किसी प्रकार की मिन्नत से न मानना ; २. समझौता ; с —ом शर्त पर ; □ у. доро́же де́нег वायदा वायदा ही है ।

уговори́ть(ся) दे॰ угова́ривать(ся).

угод||а (स्त्री॰) प्रसन्नता ; в —у प्रसन्न करने के लिए ।

угоди́ть (पू॰) १. दे॰ угожда́ть ; २. गिर जाना ; टकराना ; у. в темноте́ в я́му अँधेरे में गड्ढे में गिर जाना ; у. голово́й в дверь द्वार से सिर टकराना ; ३. मारना ; у. пря́мо в глаз кому́-л. किसीकी आँख पर थप्पड मारना ।

угодлив||ость (स्त्री॰) चापलूसी ; जी-हुज़ूरी करने का भाव ; **—ый** १. (वि॰) चापलूस ; जी-हुज़ूरी करनेवाला ।

угодничать (अपू॰) १. चापलूसी करना ; २. अत्यनुवर्ती/बेहद फर्मांबरदार होना ।

угодно (विधेय) **I.** (कर्तृ-निरपेक्ष) как вам у. जैसी आपकी इच्छा ; что вам у. ? मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ ? ; у. ли вам вы́пить молока́ ? क्या आप दूध पीना पसन्द करेंगे ? ; у. ли вам молока́ क्या आप दूध पियेंगे ? ; **II.** кто у. कोई भी ; что у. कुछ भी ; де́лайте всё что (вам) у. (आप) जो/जैसा चाहे, कीजिए; как у. जिस प्रकार भी ; како́й у. जो चाहो/कोई भी ; □ ско́лько душе́ у. जी भरकर ; अघाकर ।

уго́дный (वि॰) वांछित ; पसन्द का ।

уго́дь||е (नपु॰): ле́сные —я जंगल ; полевы́е —я जोतने योग्य/कृष्य भूमि ।

угожда́ть (अपू॰), **угоди́ть** (पू॰) (भवि॰ угожу́, угоди́шь) प्रसन्न करना ; ему́ (на него́) не угоди́шь उसे प्रसन्न करना बडा कठिन है ।

у́гол (पु॰) १. कोना ; в углу́ कोने में ; среза́ть у कोना काटना/गोलाई देना ; २ (गणित) कोण ; прямо́й у लम्ब/सम-कोण ; о́стрый у. न्यून कोण ; тупо́й у. अधिक कोण ; вну́тренний у. अन्त कोण ; вне́шний у. बहिष्कोण ; дополни́тельный у. सम्पूरक कोण ; у. паде́ния आपतन-कोण ; у отраже́ния परावर्तन-कोण ; ३. घर ; име́ть свой у. अपना घर होना ; ४. कमरे का भाग ; कोना ; □ под э́тим угло́м зре́ния इस दृष्टिकोण से ।

уголёк (पु॰) उगोल का अल्प॰ ; कोयले का छोटा-सा टुकडा ।

уголо́вн||ый (वि॰) दंड्य ; दंड- ; у ко́декс дед-संग्रह/दंड-संहिता ; у. суд फ़ौजदारी अदालत ; у процесс, —ое де́ло फौजदारी मामला ; —ое пра́во दड-विधान ; у. престу́пник दंड्य अपराधी ।

уголо́к (पु॰) у́гол का अल्प॰

у́голь (पु॰) कोयला ; ка́менный у. पत्थर का कोयला ; древе́сный у. लकडी का कोयला ; пыла́ющие у́гли अगार/दहकते कोयले ।

уго́льник (पु॰) सैटस्क्वेयर ।

у́гольн||ый (वि॰) कोयले का ; —ая промы́шленность कोयला-उद्योग ; —ая кислота́ कार्बोनिक अम्ल ।

уго́льный (वि॰) कोने का ।

у́гольщик (पु॰) १. कोयला लादनेवाला ; २. कोयले का व्यापारी ; ३. कोयले से लदा जहाज़ ।

угомони́ть (पू०) शान्त करना ; चुप कराना ; **—ся** (आत्म०) शान्त होना ; चुप होना ; де́ти наконе́ц угомони́лись बच्चे आखिरकार चुप हो गये ।

уго́н (पुं०) १. दूर हाँक देने की क्रिया ; २. चोरी ।

угоня́ть (अपू०), **угна́ть** (पू०) (भवि० угоню́, уго́нишь) १. हाँकना ; у. скот в по́ле पशुओं को खेत में हाँक देना ; २. चुराना ; угна́ть ло́шадь со двора́ अस्तबल से घोड़ा चुराना ; угна́ть автомоби́ль कार चुराना ।

угора́здить (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ло попа́сть под автомоби́ль और फिर वह कार के नीचे आ गया ; как э́то вас —ло прийти́ сюда́ ? आप यहाँ आ कैसे गये ?

угора́ть (अपू०), **угоре́ть** (पू०) १. कोयला-गैस के ज़हर का असर होना ; २. (केवल पू०) पागल होना ; ты угоре́л, что-ли? क्या तू पागल हो गया है ?

угоре́лый (वि०) पागल ; он ме́чется, как у. वह पागल की भाँति इधर-उधर भाग रहा है ।

угоре́ть दे० угора́ть.

у́горь (पुं०) **I.** मुहाँसा ; शरीर पर काला दाग़ (एक रोग) ; **II.** एक प्रकार की मछली ।

угости́ть(ся) दे० угоща́ть(ся).

угото́ванный (वि०) तैयार ; तैयार किया हुआ ।

угоща́ть (अपू०), **угости́ть** (पू०) (भवि० угощу́, угости́шь) सत्कार करना ; खिलाना-पिलाना ; खातिर करना ; **—ся** (आत्म०) १. खाना-पीना ; २. угоща́ть का कर्मवाच्य ।

угоще́ние (नपुं०) १. सत्कार ; खातिर ; २. व्यंजन ; स्वादिष्ट भोजन ।

угрева́тый (वि०) (मुख के विषय में) मुहाँसेदार ।

угро́бить (पू०) (भवि० угро́блю, угро́бишь) १. मार देना ; २. नष्ट करना ; у. чью-н. репута́цию किसीकी ख्याति नष्ट करना ।

угрож||а́ть (अपू०) धमकाना ; डराना ; आशंकित करना ; ему́ —а́ет смерте́льная опа́сность उसे एक भीषण खतरे की आशंका है/उसे एक भयंकर खतरे का सामना करना पड़ सकता है ; **—а́ющe** (क्रि० वि०) धमकी या डर से ।

угро́за (स्त्री०) धमकी ; डर ; आशंका ; у. войны́ युद्ध का डर ।

угрозы́ск (पुं०) (уголо́вный ро́зыск) (पुलिस का) अपराध-अन्वेषण-विभाग ; ख़ुफ़िया-पुलिस ; चर-विभाग ।

угрызе́ни||е (नपुं०) —я со́вести आत्म-ग्लानि ; पश्चात्ताप ।

угрю́м||ость (स्त्री०) उदासी ; उद्विग्नता ; **—ый** (वि०) उदास ; उद्विग्न ।

уда́в (पुं०) अजगर ; बड़ा भारी साँप ।

удава́ться (आत्म० अपू०), **уда́ться** (आत्म० पू०) (वर्त० удаю́сь, удаешься ; भवि० удам́ся, удам́шься) १. सफल होना ; о́пыт сра́зу удался प्रयोग तुरन्त सफल हुआ ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ удало́сь найти́ э́то वह इसे ढूँढने में सफल हुआ ।

удави́ть (पू०) (удавлю́, уда́вишь) फाँसी देना ; गला घोटना ; **—ся** (आत्म०) फाँसी लगा लेना ; अपना गला घोटना ।

уда́вка (स्त्री०) १. फन्दा ; २. मछली पकड़ने का पुराने ढँग का काँटा ।

удавле́ни||е (नपुं०) फाँसी ; смерть от —я फाँसी द्वारा मृत्यु ।

удале́ние (नपुं०) १. दूर करने/हटाने की क्रिया ; (जर्राह की) चीर-फाड़ ; शल्य-क्रिया ; у. зу́ба दाँत उखाड़ना ; २. पद-च्युति ; नौकरी से अलहदगी ; बरखास्तगी ।

удалённ||ость (स्त्री०) दूरी ; **—ый** : १. удаля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) दूर ।

удале́ц (पुं०) साहसी ; बहादुर मनुष्य ।

удали́ть(ся) दे० удаля́ть(ся).

удало́й (वि०) साहसी ; बहादुर ।

у́дал||ь (स्त्री०), **—ство́** (नपुं०) साहस ; बहादुरी ।

удаля́ть (अपू०), **удали́ть** (पू०) १. दूर करना ; हटाना ; जाने के लिए विवश करना ;

चीर-फाड़ करना ; शल्य-क्रिया करना ; у. из за́ла заседа́ния सभा-मंडप से बाहर निकालना ; у. во́лосы (बेकार) बाल काटना ; у. зуб दाँत उखाड़ना ; २. बरखास्त करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) परे चले जाना ; हट जाना ; —ся от бе́рега तट से परे चले जाना ; —ся от те́мы विषय से भटक जाना ; —ся от дел (नौकरी से) निवृत्ति पाना ; रिटायर हो जाना ; २. удаля́ть का कर्मवाच्य ।

уда́р (पु॰) १. प्रहार ; चोट ; आघात ; मार ; ठोकर ; одни́м —ом एक प्रहार में ; наноси́ть у. आघात करना ; २. चोट/प्रहार की ध्वनि/आवाज़ ; ३. (चिकि॰) со́лнечный у. लू लगना ; □ у. пу́льса नाडी के चलने का शब्द ; одни́м —ом двух за́йцев уби́ть एक पन्थ दो काज ।

ударе́ние (नपु॰) स्वराघात ।

уда́рить(ся) दे० ударя́ть(ся).

уда́рн||ик (पु॰) (सेना०) (हथियार में) गोली चलाने का पिन ; **—ица** (स्त्री०) धुआँधार काम करनेवाला ; धड़ल्ले से काम करनेवाला ; **—ичество** (नपु॰) धुआँधार काम ; धड़ल्ले का काम ।

уда́рн||о (क्रि॰ वि॰) धड़ल्ले से ; рабо́тать у. धड़ल्ले से काम करना ; **—ый** (वि०) धड़ल्ले का ; बला का ; —ая брига́да धड़ल्ले से काम करनेवालो की टोली ; २. आवश्यक ; महत्वपूर्ण ; —ое зада́ние आवश्यक काम ; ३. (सेना०) प्रहार- ; —ые части प्रहार-टोली ; ४. ताल- ; (हाथ से पीटकर) बजाने का ; —ые инстру́менты ताल-वाद्य ।

ударя́ть (अपू०), **уда́рить** (पू०) चोट मारना ; आघात करना ; प्रहार करना ; मारना ; у. па́лкой छड़ी से मारना ; ударя́ть по физионо́мии मुँह पर थप्पड़ मारना ; у. в наба́т खतरे की घंटी बजाना ; ударя́ть в бараба́н ढोल बजाना ; □ ударя́ть по карма́ну महँगा पड़ना ; па́лец о па́лец не уда́рить उँगली तक न हिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. टकराना ; चोट खाना ; уда́риться голово́й о дверь दरवाज़ा से सिर टकराना ; ло́дка уда́рилась о скалу́ नाव एक चट्टान से टकरा गयी ; २. व्यसन लग जाना ; आदी हो जाना ।

уда́ться दे० удава́ться.

уда́ч||а (स्त्री०) सफलता ; सौभाग्य ; жела́ть —и सफलता चाहना ; ему́ всегда́ у. वह सदा सफलता प्राप्त करता है ; **—ливость** (स्त्री०) सफलता ; सौभाग्य ; **—ливый** (वि०) सफल ; भाग्यवान ; —ливый челове́к भाग्यवान मनुष्य ; **—ник** (पु॰) भाग्यवान ; **—но** (क्रि॰ वि०) १. सफलतापूर्वक ; २. भली भाँति ; अच्छा ; (вы́шло) —но, что अच्छा हुआ कि... ; **—ный** (वि०) १. सफल ; —ная попы́тка सफल प्रयत्न ; २. अच्छा ; सुन्दर ; —ный перево́д अच्छा/सुन्दर अनुवाद ; —ное выраже́ние सुन्दर अभिव्यक्ति ।

удва́ивать (अपू०), **удво́ить** (पू०) दुगुना करना ; **—ся** (आत्म०) दुगुना किया जाना ।

удвое́ние (नपु॰) दुगुना किये जाने की क्रिया ।

удво́енный (वि०) १. दुगुना किया हुआ ; २. दुगुना ।

удво́ить दे० удва́ивать.

уде́л (पु॰) भाग्य ; २. मध्ययुगीन रूस में एक स्वतन्त्र सामन्त देश ।

удели́ть दे० уделя́ть.

уде́льный (वि०) (भौ०) १. आपेक्षिक ; у. вес आपेक्षिक गुरुत्व ; २. у. пери́од मध्ययुगीन रूस मे स्वतन्त्र सामन्त देश का युग ; у. князь मध्ययुगीन रूस में स्वतन्त्र सामन्त ।

удел||я́ть (अपू०), **удели́ть** (पू०) (समय, ध्यान आदि) देना ; —и́те мне 5 мину́т मुझे पाँच मिनट दीजिए ; на́до —и́ть э́тому внима́ние इस पर ध्यान देना चाहिए ।

у́держ (पु॰) : без —у बेरोक ; बिना रुकावट के ।

удержа́ние (नपु॰) १. रखना ; सुरक्षित रखना ; २. कटौती ।

уде́рживать (अपू०), **удержа́ть** (पू०) १. सुरक्षित रखना ; у. в па́мяти मस्तिष्क में रखना/स्मरण करना ; २. (-से) रोकना ; у. кого́-л. от риско́ванного ша́га किसीको

खतरनाक कदम उठाने से रोकना ; ३. दबाना ; у. рыда́ние सिसकियाँ दबाना अथवा रोकना ; ४. (हिसाब में से) काट लेना ; मुजरा कर लेना ; **—ся** (आत्म०) १. मुकाबला करना ; डटना ; неприя́тель стара́лся удержа́ться на реке́ शत्रु ने नदी पर मुक़ाबला करने की कोशिश की ; —ся на нога́х अपने पाँव न उखड़ने देना ; डटे रहना ; २. он сде́лал всё, что́бы удержа́ться на слу́жбе उसने अपनी नौकरी रखने का भरसक प्रयत्न किया ; ३. दूर रहना ; परहेज करना ; —ся от куре́ния तम्बाकू पीने से परहेज करना ; он не мог удержа́ться от сме́ха वह अपनी हँसी न रोक सका ।

удесятерённый (वि०) दसगुना ।

удесятеря́ть (अपू०), **удесятери́ть** (पू०) दसगुना करना ; **—ся** (आत्म०) दसगुना होना ; दसगुना किया जाना ।

удешеви́ть(ся) दे० удешевля́ть(ся).

удешевле́ние (नपुं०) मूल्य में कमी ; सस्ता होने की क्रिया ।

удешевля́ть (अपू०), **удешеви́ть** (पू०) (भवि० удешевлю́, удешеви́шь) मूल्य कम करना ; सस्ता करना ; **—ся** (आत्म०) १. सस्ता होना ; मूल्य कम होना ; २. удешевля́ть का कर्मवाच्य ।

удиви́тельн||о (क्रि० वि०) १. आश्चर्य से ; अचम्भे से ; २. अति ; आत्यन्तिक रूप से ; प्रशंसात्मक रूप से ; **—ый** (वि०) १. आश्चर्यजनक ; विलक्षण ; विस्मयकारी ; ничего́ —ого कोई आश्चर्य की बात नहीं ; что —ого ? इसमें आश्चर्य की क्या बात है ? ; २. आश्चर्यजनक ; विलक्षण ; अद्भुत ।

удиви́ть(ся) दे० удивля́ть(ся).

удивле́ние (नपुं०) आश्चर्य ; विस्मय ; अचम्भा ।

удивля́ть (अपू०), **удиви́ть** (पू०) (भवि० удивлю́, удиви́шь) विस्मित करना ; आश्चर्यान्वित करना ; चकित करना ; **—ся** (आत्म०) विस्मित होना ; आश्चर्यान्वित होना ; चकित होना ।

удила́ (बहु०) लगाम का दहाना ।

уди́лище (नपुं०) मछलियाँ पकड़ने की छड़ी ।

уди́льщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) मछली पकड़नेवाला/वाली ।

удира́ть (अपू०), **удра́ть** (पू०) (भवि० удеру́, удере́шь) भाग जाना ; दुम दबाकर भागना ।

уди́ть (अपू०) (ужу́, уди́шь) у. ры́бу मछली पकडना ।

удлине́ние (नपुं०) दीर्घीकरण ; लम्बा करने की क्रिया ।

удлиня́ть (अपू०), **удлини́ть** (पू०) लम्बा करना ; у. черту́ रेखा लम्बी करना ; **—ся** (आत्म०) १. लम्बा होना ; २. удлиня́ть का कर्मवाच्य ।

удо́бн||о (क्रि० वि०) सुख से ; आराम से ; सुविधा से ; **—ый** (वि०) १. सुखद ; आरामदेह ; —ое кре́сло आरामकुर्सी ; २. सुविधापूर्ण ; सुगम ; —ый слу́чай सुअवसर ।

удобовари́м||ость (स्त्री०) पाच्यता ; **—ый** (वि०) पाच्य ।

удобо||исполни́мый (वि०) सहज-साध्य ; सहज-सम्पाद्य ; आसानी से ही पूरा किया जाने योग्य ; **—поня́тный** (वि०) सुबोध ; सुगम ; आसानी से समझा जाने योग्य ; **—произноси́мый** (वि०) उच्चारणीय ; सहज में उच्चारण किये जाने योग्य ; **—чита́емый** (वि०) (लिखाई) सुपाठ्य ; स्पष्ट ।

удобре́ние (नपुं०) १. उपजाऊ करने की क्रिया ; खाद आदि डालने की क्रिया ; २. खाद ।

удобря́ть (अपू०), **удо́брить** (पू०) उपजाऊ बनाना ; खाद आदि डालना ।

удо́бство (नपुं०) (केवल एकवचन) १. सुख ; आराम ; २. सुविधा ; кварти́ра со все́ми —ами हर तरह की सुविधावाला मकान ।

удовлетвор||е́ние (नपुं०) सन्तुष्टि ; परितुष्टि ; तसल्ली ; с большим —е́нием बड़ी तसल्ली से ; получи́ть по́лное у. पूरी तसल्ली होना ;

—ённо (नपुं०) तसल्ली से ; **—ённость** (स्त्री०) तसल्ली ; परितृप्ति ।

удовлетвори́тельн||о (क्रि० वि०) १. तसल्ली से ; सन्तोषपूर्वक ; २. सन्तोषजनक ; तृप्तिकर ; **—ый** (वि०) सन्तोषजनक ; तृप्तिकर ।

удовлетворя́ть (अपू०), **удовлетвори́ть** (पू०) १. सन्तुष्ट करना ; तृप्त करना ; (इच्छा, माग आदि) पूरी करना ; у. аппети́т अपनी भूख मिटाना ; у прóсьбу प्रार्थना पूरी करना ; २. सम्भरण करना ; मुहैया करना ; **—ся** (आत्म०) १. सन्तुष्ट होना ; २. удовлетворя́ть का कर्मवाच्य ।

удово́льствие (नपुं०) १. (भावना) आनन्द ; प्रसन्नता ; हर्ष ; испы́тывать у. от чего́-л, находи́ть у. в чем-л. किसी काम मे आनन्द प्राप्त करना ; с велича́йшим —м बड़ी प्रसन्नता से ; २. मनबहलाव ; मनोरञ्जन ।

удово́льствоваться दे० дово́льствоваться.

удо́д (पुं०) एक प्रकार की चिडिया ।

удо́й (पु०) १. दूध दुहने की क्रिया ; २. दूध की मात्रा (जो एक गाय देती है) ।

удо́йливый (वि०) दुधारू ; अधिक दूध देनेवाली ।

удорожа́ние (नपु०) महँगा होने की क्रिया ; मूल्य में बढ़ोतरी ।

удорожа́ть (अपू०), **удорожи́ть** (पू०) महँगा करना ; मूल्य बढाना ; **—ся** (आत्म०) १. महँगा होना ; मूल्य बढ़ना, २. удорожа́ть का कर्मवाच्य ।

удоста́ивать (अपू०), **удосто́ить** (पू०) १. अनुग्रह करना ; कृपा करना, он не удосто́ил се отве́том उस (पुरुष/बालक) ने उस (स्त्री/बालिका) को उत्तर देने की कृपा नही की ; २. प्रदान करना ; अता फरमाना ; у. награ́ду पुरस्कार प्रदान करना ; **—ся** (आत्म०) १. अनुग्रह का पात्र होना ; कृपा-पात्र होना ; २. удоста́ивать का कर्मवाच्य ।

удостовере́ние (नपुं०) १. (क्रिया) सत्यापन करना ; तसदीक करना ; २. प्रमाण-पत्र ; सार्टिफिकेट ; выдава́ть у. प्रमाण-पत्र देना ।

удостоверя́ть (अपू०), **удостове́рить** (पू०) सत्यापन करना ; तसदीक़ करना ; प्रमाणित करना ; प्रमाण-पत्र देना ; साक्षी होना ; у. по́дпись हस्ताक्षरों को प्रमाणित करना ; **—ся** १. निश्चय करना ; जाँचना ; पता लगाना ; —ся в и́стинности सत्य की जाँच करना ; २. удостоверя́ть का कर्मवाच्य ।

удосто́ивать(ся) = **удоста́ивать(ся)**.

удосто́ить(ся) दे० удоста́иваться.

удосу́живаться (आत्म० अपू०), **удосу́житься** (आत्म० पू०) (-के लिए) समय निकालना ; у. писа́ть письмо́ पत्र लिखने के लिए समय निकालना ।

у́дочка (स्त्री०) मछलियाँ पकड़ने की छड़ी ।

удра́ть दे० удира́ть.

удружи́ть (पू०) १. भला करना ; २. (मूर्खता से किसीको) हानि पहुँचाना ।

удруч||а́ть (अपू०), **удручи́ть** (पू०) १. (किसी पर) शोक, चिन्ता आदि का भार डालना ; दबाना, он —ен забо́тами वह चिन्ताओ के भार से दबा पड़ा है ; २. आकुल करना ; शोकाकुल करना ; शोकमग्न करना ; **—ённость** (स्त्री०) १. (शोक, चिन्ता आदि का) भार ; २. शोक ; शोकाकुलता ; **—ённый** (वि०) १ (चिन्ता आदि के) भार से दबा हुआ ; २. शोकाकुल ।

удуша́ть (अपू०), **удуши́ть** (पू०) गला घोटना ; दम घोटना ।

удуше́ние (नपुं०) गला घोटने की क्रिया ।

удуши́ть दे० удуша́ть.

удýшлив||ый (वि०) श्वास-अवरोधी ; दम घोटनेवाला ; —ые га́зы दमघोट गैसें ।

удýшье (नपुं०) दमा ।

уедин||е́ние (नपुं०) एकान्त ; अकेलापन ; निर्जनता ; **—ённо** (क्रि० वि०) एकान्त में ; अकेले ; жить —ённо अकेले रहना ; एकान्त में

रहना ; **—ённость** (स्त्री०) एकान्त ; अकेलापन ; निर्जनता ; **—ённый** : १. уединя́ть से कृदन्त ; २. एकान्त ; अकेला ; निर्जन ।

уединя́ть (अपू०), **уедини́ть** (पू०) (समूह से) अलग करना ; पृथक् करना ; **—ся** (आत्म०) अलग होना ।

уе́зд (पुं०) ज़िला ; **—ный** (वि०) ज़िले का ।

уезжа́ть (अपू०), **уе́хать** (पू०) (भवि० уе́ду, уе́дешь) चले जाना ; प्रस्थान करना ।

уж -I (पुं०) एक प्रकार का विषहीन साँप ।

уж -II (क्रि० वि०) १. = уже́ ; २. सचमुच ; विश्वास कीजिए ; уж он все узна́ет विश्वास कीजिए, वह सब-कुछ जान लेगा ; уж я не зна́ю सचमुच, मुझे पता नहीं ।

ужа́лить दे० жа́лить.

ужа́риваться (आत्म० अपू०), **ужа́риться** (आत्म० पू०) १. खूब भूनना ; २. भुन जाने से वज़न मे कम हो जाना ।

у́жас (पुं०) १. त्रास ; भय ; आतक ; приводи́ть, поверга́ть в у. भयभीत करना/आतकित करना ; объя́тый —ом भयभीत/त्रस्त , २. विभीषिका ; —ы войны́ युद्ध की विभीषिकाएँ ; ३. (क्रि० वि०) भयकर/भीषण रूप से , у. как хо́лодно भीषण/कड़ाके की सर्दी है ।

ужаса́ть (अपू०), **ужасну́ть** (पू०) भयभीत/त्रस्त करना ; डराना ; **—ся** (आत्म०) त्रस्त/भयभीत होना ; डरना ।

ужа́сно (क्रि० वि०) भयंकर रूप से ; भय से ।

ужасну́ть दे० ужаса́ть.

ужа́сный (वि०) भयंकर ; भयानक ; भयावह ; भीषण ; у. вид भयकर दृश्य ।

у́же : у́зкий और у́зко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

уже́ (क्रि० वि०) पहले से ही ; अब ; у. 12 часо́в बारह बज भी चुके हैं ; он у. ко́нчил рабо́ту वह काम समाप्त भी कर चुका है ; у. давно́ बहुत देर हुई ; он у. не ребенок वह अब बच्चा नहीं ।

уже́ли, уже́ль (क्रि० वि०) = неуже́ли.

ужже́ние (नपुं०) (काँटे से) मछलियाँ पकड़ने की क्रिया ।

ужива́ться (आत्म० अपू०), **ужи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० уживу́сь, ужи́вшься) मिल-जुलकर रहना ; मेल-मिलाप से रहना ; они́ не ужили́сь वे मिल-जुलकर न रह सके ।

ужи́вчив||ость (स्त्री०) मिल-जुलकर/मेल-मिलाप से रहने की भावना ; **—ый** (वि०) मिलनसार ; मिल-जुलकर रहनेवाला ।

ужи́мка (स्त्री०) (बहुधा बहु०) चेहरा बिगाड़ना ; मुँह बनाना ।

у́жин (पुं०) ब्यालू ; रात्रि का भोजन ।

у́жинать (अपू०), **по—** (पू०) ब्यालू/रात्रि का भोजन करना ।

ужи́ться दे० ужива́ться.

узаконе́ние (नपुं०) १. वैध करण ; वैध रूप देने की क्रिया ; विधि के अनुकूल करने की क्रिया ; जायज़ करना ; २. सविधि ; कानून ।

узако́нивать (अपू०), **узако́нить** (पू०) विधि-संगत करना ; विध्यनुकूल बनाना ; क़ानून के अनुरूप बनाना ।

узаконя́ть = узако́нивать.

узда́ (स्त्री०) लगाम ।

уздёчка (स्त्री०) узда́ का अल्प० ।

у́здцы (बहु०) держа́ть ло́шадь под у. घोड़े की लगाम पकड़ना ।

у́зел -I. (पुं०) १. गाँठ ; завя́зывать у. गाँठ लगाना ; развя́зывать у. गाँठ खोलना ; २. у. свя́зи सकेत/सिगनल-दफ़्तर ; सकेत/सिगनल-केन्द्र ; у. доро́г सड़को का सगम ; ३. गठरी ; बडल ; ४. (वन०) पर्ण-ग्रन्थि ; ५. (टेक०) संग्रह ; □ разруби́ть го́рдиев у. गुत्थी सुलझाना ; जटिल समस्या हल करना ।

у́зел -II. (नौचालन०) नॉट (जहाज़ की रफ़्तार की नाप) ।

узело́к (पुं०) १. छोटी गाँठ ; ग्रन्थि या गिरह ; २. छोटी गठरी ; बंडल ।

у́зк||ий (वि०) तंग ; कसा हुआ ; संकुचित ; संकीर्ण ; —ие взгля́ды संकुचित विचार ; у. челове́к संकुचित-हृदय मनुष्य ।

у́зко (क्रि० वि०) कसकर ; सकुचित रीति से ।

узкова́тый (वि०) कुछ तग ; तंग-सा ; कुछ कसा हुआ ।

узкоколе́йный (वि०) (रेल-पथ) छोटी पटरी का ।

узколо́бый (वि०) संकुचित-ललाट ; तंगपेशानी-वाला ।

узкоспециа́льный (वि०) उच्चकोटि का विशेषज्ञ ।

узлова́тый (वि०) गँठीला ; ग्रन्थिल ; गाँठदार ।

узлов||о́й (वि०) १ मुख्य ; у. вопро́с मुख्य प्रश्न ; २. —а́я ста́нция रेलवे जंकशन ; ३. गाँठ का , ग्रन्थिल ।

узнава́ть (अपू०), **узна́ть** (पू०) (वर्त० узна́ю, узна́ешь ; भवि० узна́ю, узна́ешь) १ पहचानना ; он узна́л меня́ по го́лосу उसने मुझे आवाज़ से पहचान लिया ; २. (सूचनाएँ) प्राप्त करना ; ३ पूछना ; पता लगाना ; узна́йте по телефо́ну, когда́ нача́ло спекта́кля टेलीफोन पर पूछिए कि खेल कब आरम्भ हो रहा है ; ४ परिचय प्राप्त करना ; जानना ; тепе́рь он ее лу́чше узна́л अब वह (पुरुष/बालक) उस (स्त्री/बालिका) को अच्छी तरह जान गया है ।

у́зник (पु०), **у́зница** (स्त्री०) बन्दी ; कैदी ।

узо́р (पु०) नमूना ; —ы для вышива́ния कढाई के नमूने ।

у́зость (स्त्री०) सकुचितता ; सकीर्णता ।

узре́ть (पू०) देखना ; आभास पाना ।

узурп||а́тор (पुं०) अपहर्ता ; **—а́ция** (स्त्री०) अपहरण ; बलादग्रहण ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अपहरण करना ; बलादग्रहण करना ।

у́зус (पु०) (कानून-सम्बन्धी) परम्परा ; प्रयोग ।

у́зы (बहु०) बन्धन ; у. дру́жбы मित्रता के बन्धन ।

у́йма (स्त्री०) (केवल एकवचन) अपार ; ढेरो ; बहुत-सारा ।

уйти́ दे० уходи́ть.

ука́з (पुं०) आदेश ; हुक्म ।

указа́ни||е (नपुं०) १. संकेत ; २. अनुदेश . निर्देश ; дава́ть —я अनुदेश देना ।

указа́тель (पुं०) १. (पुस्तक में) अनुक्रमणिका ; सूची ; २. железнодоро́жный у. (रेलों की) समय-सारिणी ; у. абоне́нтов телефо́нной се́ти टेलीफोन-दर्शिका ; ३. संकेतक ; दर्शी ; मापी ; मीटर ; у. ско́рости वेगमापी ; रफ़्तार-मापी ; **—ный** (वि०) दर्शानेवाला ; निर्देशक ; —ный па́лец दे० па́лец.

указа́ть दे० ука́зывать.

ука́зк||а (स्त्री०) आदेश ; हुक्म ; по чье́й-л. —е किसीके आदेश से ।

ука́зч||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) : он мне не у. वह मेरा अफसर नही है ।

ука́зывать (अपू०), **указа́ть** (पू०) (भवि० укажу́, ука́жешь) १. दिखाना ; दर्शाना ; у. доро́гу रास्ता दिखाना ; २. (-की ओर) निर्देश करना ; ३. बताना ; указа́ть, как вы́полнить рабо́ту बताइए काम कैसे पूरा किया जाय ; □ указа́ть кому́-л. на дверь किसीको जाने का रास्ता दिखाना ।

укарау́лить (पू०) पहरा देना ; रखवाली करना ।

ката́ть दे० ука́тывать-I.

ката́ть दे० ука́тывать-II.

ката́ться दे० ука́тываться.

ука́тка (स्त्री०) बेलन या रोलर फेरने की क्रिया ।

ука́тывать -I (अपू०), **ката́ть** (पू०) बेलन फेरना ; रोलर फेरना ; у. доро́гу सड़क पर बेलन या रोलर फेरना ।

ука́тывать -II (अपू०), **ката́ть** (पू०) (भवि० укачу́, ука́тишь) १. (गोले, गेद आदि को) लुढ़का देना ; २. (गाड़ी आदि मे) ले जाना ।

ука́тываться (आत्म० अपू०), **ката́ться** (आत्म० पू०) (गाड़ी आदि में) चले जाना ।

ука́чивать (अपू०), **укача́ть** (पू०) १. झूला झुलाकर सुलाना ; २. (कर्तृ-निर्पेक्ष) ero

укачáло (पोत आदि के हिचकोले खाने से) उसका जी मतला गया।

укипáть (अपू०), **укипéть** (पू०) (भवि० укиплю́, укипи́шь) उबलकर कम हो जाना; в чáйнике водá укипéла наполовúну चाय का पानी उबलकर आधा रह गया है।

уклáд (पुं०) у. жúзни जीवन-पद्धति।

уклáдка (स्त्री०) ढेर लगाने/लादने की क्रिया; करीने से लगाने की क्रिया; रेल की पटरी बनाने की क्रिया।

уклáдч||ик (पु०), **—ица** (स्त्री०) १ पैक करने/बाँधनेवाला/वाली, २. रेल की पटरी बनानेवाला/वाली।

уклáдывать (अपू०), **уложúть** (पू०) १. लिटाना; у. в постéль बिस्तर पर लिटाना; २. पैक करना, बाँधना; ३ (सामान आदि) लादना; ढेर लगाना; ४. (रेल की पटरी) बनाना; ५. (जान से) मारना; हत्या करना।

уклáдываться (आत्म० अपू०), **уложúться, улéчься** (आत्म० पू०) (улéчься से улягýсь, улáжешься) (уложúться पू० के साथ) १. पैक करना; सामान बाँधना; (уложúться और улечься पू० के साथ) २. -में समाना/आना; не все уклáдывается в э́тот сундýк इस सन्दूक में यह सब नहीं आयेगा; э́то не уклáдывается в головé यह बात दिमाग में आना कठिन है, ३. (уложúться पू० के साथ) (निश्चित सीमा में) रहना; мóжет ли он уложúться в 10 минýт? क्या उसके लिए दस मिनट पर्याप्त हैं?; ४. (улéчься पू० के साथ) लेटना; у в постéль चारपाई पर लेटना; ५ уклáдывать का कर्मवाच्य।

уклéйка (स्त्री०) एक प्रकार की मछली।

уклóн (पुं०) १. ढाल; उतार; ढलवान; रुझान; २. प्रवणता; पक्षपात; एकांगिता; ३. विचलन; मार्ग से हटना।

уклонéние (नपुं०) विचलन; (विषय से) हट जाना; भटक जाना; विषयान्तर करना।

уклонúться दे० уклоня́ться.

уклóнчив||о (क्रि० वि०) टालमटोल से; टालने के लिए; отвечáть у. टालमटोलवाला जवाब देना; **—ость** (स्त्री०) टालने/टालमटोल करने की भावना; **—ый** (वि०) टालनेवाला; टालमटोल का; छलयुक्त।

уклоня́ться (आत्म० अपू०), **уклони́ться** (आत्म० पू०) पथभ्रष्ट होना; टलना; बचाव करना/बच निकलना; (विषय से) विचलित होना/भटकना; у. от бóя युद्ध को टालना; у. от удáра चोट बचाना।

уклю́чина (स्त्री०) डाँडा/चप्पू लगाने का काँटा।

укокóшить (पू०) जान से मार देना; वध करना।

укóл (पुं०) १. डंक; गोदना; नुकीली वस्तु से किया हुआ चिह्न; २. इंजेक्शन।

уколóть (पू०) चुभोना; डंक मारना; खुभोना; у рýку иглóкой हाथ में सुई चुभोना; **—ся** (आत्म० पू०) अपने सुई चुभोना।

укомплектóвывать (अपू०), **укомплектовáть** (पू०) (—тýю) पूरा करना; у. войскóвые чáсти सेना की टुकड़ियाँ पूरी करना; (सदस्य आदि) भर्ती करना; **—ся** (आत्म०) १. पूरा होना; सारे रिक्त स्थानों/पदों की भर्ती कर लेना; २. укомплектóвывать का कर्मवाच्य।

укóр (पुं०) धिक्कार; भर्त्सना; लानत-मलामत।

укорáчивать (अपू०), **укоротúть** (पू०) (भवि० укорочý, укоротúшь) छोटा करना; **—ся** (आत्म०) छोटा होना; छोटा किया जाना।

укорéнение (नपुं०) जड़ लगाने या जड पकड़ने की क्रिया।

укоренáть (अपू०), **укорени́ть** (पू०) जड़ लगाना; जड़ जमाना; **—ся** (आत्म०) जड़ जमना; जड़ पकड़ना।

укори́зна (स्त्री०) धिक्कार; भर्त्सना; लानत-मलामत।

укори́зненн||ый (वि०) भर्त्सनापूर्ण, धिक्कारपूर्ण; निन्दनीय; —ые слóва भर्त्सनापूर्ण शब्द; भर्त्सना के शब्द।

укори́ть दे० укорáть.

укороти́ть दे० укора́чивать.

укоря́ть (अपू०), **укори́ть** (पू०) धिक्कारना; गाली देना ; у. кого́-л. во лжи́ किसीको झूठ बोलने पर धिक्कारना ।

уко́с (पुं०) घास की फसल ।

укра́дкой (क्रि० वि०) चोरी-चोरी ; चुपके से ।

украи́н‖ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) युक्रेन-निवासी/निवासिनी ।

укра́сить(ся) दे० украша́ть(ся).

укра́сть दे० красть.

украша́ть (अपू०), **укра́сить** (पू०) (भवि० укра́шу, укра́сишь) सजाना ; सुन्दर बनाना ; у. фла́гами झंडो से सजाना ; **—ся** (आत्म०) १. सजना , अपनेआप को सजाना ; २. украша́ть का कर्मवाच्य ।

украше́ние (नपुं०) १. अलकरण ; सजावट ; २. अलकार-प्रसाधन ; सजावट का सामान ।

укрепи́ть(ся) दे० укрепля́ть(ся).

укрепле́ние (नपुं०) १. सुदृढ बनाने की क्रिया; २. क़िलेबन्दी ।

укрепля́ть (अपू०), **укрепи́ть** (पू०) (भवि० укреплю́, укрепи́шь) पक्का करना ; सुदृढ करना ; किलेबन्दी करना ; **—ся** (आत्म०) १. पक्का होना ; सुदृढ होना ; अपनी स्थिति सुदृढ़ करना ; २. укрепля́ть का कर्मवाच्य ।

укро́мн‖ый (वि०) एकान्त ; —ое местечко एकान्त स्थान ।

укро́п (पुं०) सोया की जाति का एक शाक ।

укроти́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) सिधानेवाला/वाली ; वश मे करनेवाला/वाली ; у. змей सँपेरा ।

укрощать (अपू०), **укроти́ть** (पू०) (भवि० укрощу́, укроти́шь) वश में करना ; पालतू बनाना ; सिधाना ; **—ся** (आत्म०) १. वश में होना ; (क्रोध आदि) शान्त होना ; २. укрощать का कर्मवाच्य ।

укрупне́ние (नपुं०) सघनन ; समेकन ; विस्तारण ; विशदीकरण ; बढ़ाना ।

укрупня́ть (अपू०), **укрупни́ть** (पू०) संघनित करना ; समेकित करना ; विस्तार देना ; विशद करना ; बढाना ; **—ся** (आत्म०) १. संघनित होना ; समेकित होना ; २. укрупня́ть का कर्मवाच्य ।

укрыва́‖ние (नपुं०) छिपाना ; शरण देना ; चोरी का माल लेने की क्रिया ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) छिपानेवाला/वाली ; अपराध छिपानेवाला/वानी ; —тель кра́деного चोरी का माल लेनेवाला ; **—тельство** (नपुं०) छिपाना ; शरण देना ; चोरी का माल लेने की क्रिया ।

укрыва́ть (अपू०), **укры́ть** (पू०) (भवि० укро́ю, укро́ешь १. ढँकना ; у. одея́лом कम्बल से ढँकना ; २. आश्रय देना ; छिपाना ; चोरी का माल लेना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने-आप को ढँकना ; २. आश्रय लेना ; ३. नज़र से बचना ; от него́ ничего́ не укро́ется उसकी नज़र से कुछ नहीं बचता ; ४. укрыва́ть का कर्मवाच्य ।

укры́тие (नपुं०) शरण ; ओट ; у. от огня́ गोलाबारी से ओट ।

укры́ть(ся) दे० укрыва́ть(ся).

у́ксус (पुं०) सिरका ; **—ница** (स्त्री०) सिरके-दानी ।

уксуснокисл‖ый (वि०): —ая соль (रस०) ऐसिटेट ।

у́ксусн‖ый (वि०) (रस०) ऐसिटिक ; —ая кислота́ ऐसिटिक अम्ल ।

уку́поривать (अपू०), **уку́порить** (पू०) १. = заку́поривать ; герметически у. मुहरबन्द करना ; मुहर लगाना ; २. बाँधना ; पैक करना ; लपेटना ।

уку́порка (स्त्री०) १. डाट लगाने की क्रिया ; герметическая у. मुहरबन्द करना ; २. बाँधने/पैक करने की क्रिया ।

уку́с (पुं०) डंक ; (कुत्ते आदि का) काटना ; у. комара́ मच्छर का डंक ।

укуси́‖ть (पू०) (укушу́, уку́сишь) (कुत्ते

का) काट खाना ; डंक मारना ; одна́ соба́ка —ла мне ногу एक कुत्ते ने मेरी टाँग काट खायी ।

уку́тать(ся) दे० уку́тывать(ся).

уку́тывание (नपुं०) आवेष्टन ; लपेटने की क्रिया ।

уку́тывать (अपू०), **уку́тать** (पू०) लपेटना; ढँकना ; уку́тать ребенка बच्चे को कपड़े में लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को ढँकना ; २. уку́тывать का कर्मवाच्य ।

ула́вливать (अपू०), **уло́вить** (पू०) (भवि० уловлю́, уло́вишь) पकड़ना ; уло́вить взгляд दृष्टि आकर्षित करना ; у. схо́дство किसीके सदृश होना ; अनुहारी होना ; у. смысл भाव को समझ लेना ; у. моме́нт अवसर से लाभ उठाना ; уло́вить удо́бный слу́чай सुअवसर से लाभ उठाना ।

ула́живать (अपू०), **ула́дить** (पू०) (भवि० ула́жу, ула́дишь) ठीक करना ; तय करना ; सुलझाना ; निपटाना ; फैसला करना ; у. де́ло मामले को ठीक करना ; у. спо́рный вопро́с विवादास्पद प्रश्न हल करना ; **—ся** (आत्म०) ула́живать का कर्मवाच्य ।

ула́м||ывать (अपू०), **уломáть** (पू०) (कठिनता से) मनाना ; его́ не уломáешь उसको मनाना बड़ा कठिन है ।

ула́н (पुं०) (वर्दीवाला) घुड़सवार ; नेज़ेबाज़ ।

у́лей (पुं०) (मधुमक्खियों का) छत्ता ।

улепётывать (अपू०), **улепетну́ть** (पू०) दुम दबाकर भागना ; रफूचक्कर होना ।

улет||а́ть (अपू०), **улете́ть** (पू०) (भवि० улечу́, улети́шь) उड़ जाना ; самолет —ел на се́вер वायुयान उत्तर की ओर उड़ गया ; бума́жка —е́ла со стола́ कागज़ मेज़ पर से उड़ गया ।

улету́чиваться (आत्म० अपू०), **улету́читься** (आत्म० पू०) (भाप बनकर) उड़ जाना ; камфора́ улету́чилось कपूर उड़ गया ।

уле́чься (आत्म० पू०) १. दे० укла́дываться २. (गर्द आदि का) दब जाना ; बैठ जाना ।

улизну́ть (पू०) खिसक जाना ; (आँख बचाकर) चले जाना ।

ули́к||а (स्त्री०) साक्ष्य ; गवाही ; прямы́е —и प्रत्यक्ष साक्ष्य ; ко́свенные —и परिस्थितिपरक साक्ष्य ।

ули́тка (स्त्री०) १. शम्बूक ; घोंघा ; २. कौक्लिया (कान के भीतर घोंघे के समान कोष्ठिका) ।

у́лиц||а (स्त्री०) सड़क ; на —е सड़क पर/बाहर ; он живёт на —е Го́рького в до́ме но́мер 10 वह गोर्की सड़क पर मकान नं० १० में रहता है ।

улича́ть (अपू०), **уличи́ть** (पू०) अपराधी सिद्ध करना ; у. кого́-л. во лжи किसीको झूठ बोलते पकड़ना ।

у́личн||ый (वि०) सड़क का; —ое движе́ние सड़क का यातायात ।

уло́в (पुं०) (मछलियों की) पकड़ी हुई मात्रा ।

уло́вить दे० ула́вливать.

уло́вка (स्त्री०) छल ; कपट ; चालाकी ; прибега́ть к ра́зным —м चालाकियों पर उतर आना ; धूर्तता पर उतर आना ।

уложе́ние (नपुं०) (विधि) संहिता ; कोड ।

уложи́ть(ся) दे० укла́дывать(ся).

уломáть दे० ула́мывать.

у́лочка (स्त्री०) उपमार्ग ; छोटी सड़क ।

улуч||а́ть (अपू०), **улучи́ть** (पू०) (समय) निकालना ; (अवसर से) लाभ उठाना ; **—и́** мину́тку एक मिनट दीजिए/एक मिनट का समय निकालिए ; —и́ть удо́бный слу́чай सुअवसर से लाभ उठाना ।

улучша́ть (अपू०), **улу́чшить** (पू०) बेहतर बनाना ; श्रेष्ठतर बनाना ; सुधारना ; у. рабо́ту काम सुधारना ; **—ся** (आत्म०) १. सुधरना ; ठीक होना ; अच्छा होना ; बेहतर होना ; его́ здоро́вье улу́чшилось उसका स्वास्थ्य सुधर गया ; пого́да улу́чшилась मौसम अच्छा हो गया ; २. улучша́ть का कर्मवाच्य ।

улучше́ние (नपुं०) सुधार ; उन्नति ।

улу́чшить दे० улучша́ть.

улыба́||ться (आत्म० अपू०), **улыбну́ться** (आत्म पू०) १. मुस्कराना ; २. अनुकूल होना ; पसन्द करना ; ему́ э́то не —ется यह उसको पसन्द नहीं ।

улы́бка (स्त्री०) मुस्कराहट ।

улыбну́ться दे० улыба́ться.

ультима́тум (पुं०) अन्तिम चेतावनी ; चुनौती ।

ультрамикроско́п (पुं०) अतिसूक्ष्मदर्शी ।

улюлю́кать (अपू०) (शिकार के पीछे) हाँका देना ; हँकारना ।

ум (पुं०) बुद्धि ; मन ; समझ ; челове́к большо́го ума́ अत्यन्त बुद्धिमान मनुष्य ; □ сходи́ть с ума́ पागल होना ; вы с ума́ сошли́ ? क्या आप पागल हो गये हैं ? ; своди́ть с ума́ पागल बनाना ; ума́ не приложу́, ум за ра́зум захо́дит मेरी समझ में कुछ नहीं आता ; ско́лько голо́в - сто́лько умо́в जितने मुँह उतनी बातें ; у него́ друго́е на уме́ उसके मन में कुछ और है ; ему́ пришло́ на ум उसको सूझा , э́то не его́ ума́ де́ло यह उसकी समझ से बाहर की बात है ; счет на уме́ मौखिक गणित/ज़बानी हिसाब ।

умале́ние (नपुं०) अवमूल्यन ; क़द्र घटाने की क्रिया ; छोटा/कम करने की क्रिया ।

умали́ть(ся) दे० умаля́ть(ся).

ума́лчивание (नपुं०) चुप्पी ; मौन ।

ума́лчивать (अपू०), **умолча́ть** (पू०) चुप होना ; मौन साधना ।

умаля́ть (अपू०), **умали́ть** (पू०) अवमूल्यन करना ; क़द्र घटाना ; कम करना ; घटाना ; у. дохо́ды आय कम करना ; у. значе́ние чего́-л. किसी वस्तु की महत्ता घटाना ।

ума́сливать (अपू०), **ума́слить** (पू०) १. (ख़ुशामद करके) फुसलाना ; बहकाना ; у. ба́бушку दादी को फुसलाना ; २. (तेल आदि) चुपड़ना ; у. го́лову सिर पर तेल लगाना ।

ума́ять (पू०) थकाना ; **—ся** (आत्म० पू०) थकना ।

у́мбра (स्त्री०) अम्बर/केसरिया (एक प्रकार का पीला रँग) ।

уме́лый (वि०) योग्य ; चतुर ; कुशल ; у. рабо́тник कुशल कर्मचारी ।

уме́нье (नपुं०) क्षमता ; योग्यता ; कुशलता ।

уменьша́ть (अपू०), **уменьши́ть** (पू०) कम करना ; घटाना ; у. це́ну मूल्य कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. कम होना ; घटना ; २. уменьша́ть का कर्मवाच्य ।

уменьши́тельный (वि०) अल्पार्थवाची ; ऊनवाचक ।

уменьши́ть(ся) दे० уменьша́ть(ся).

уме́ренн||ость (स्त्री०) सौम्यता ; सयतता ; अनुग्रता ; समशीतोष्णता ; у. кли́мата जलवायु की समशीतोष्णता ; у. взгля́дов विचारों की सयतता/अनुग्रता ; **—ый** (वि०) सौम्य ; सयत ; अनुग्र ; समशीतोष्ण ; —ый климат समशीतोष्ण जलवायु , —ые взгля́ды संयत विचार ।

умере́ть दे० умира́ть.

уме́рить दे० умеря́ть.

умертви́ть दे० умерщвля́ть.

уме́рший : १. умира́ть से कृदन्त ; २. (वि०) मृतक ।

умерщвля́ть (अपू०), **умертви́ть** (पू०) (भवि० умертвлю́, умертви́шь) हत्या करना ; वध करना ; मारना ; नष्ट करना ; у. насеко́мых я́дом विष से कीड़े मारना ।

умеря́ть (अपू०), **уме́рить** (पू०) सौम्य बनाना ; निग्रह करना ; रोकना ; सयत रखना ; у. гнев गुस्सा रोकना ; **—ся** (आत्म०) १. सौम्य बनना ; संयम में रहना ; २. умеря́ть का कर्मवाच्य ।

умести́ть(ся) दे० умеща́ть(ся).

уме́стн||о (क्रि० वि०) उचित रूप से ; यथास्थान ; यथाकाल ; उचित स्थान पर ; **—ый** (वि०) उपयुक्त ; उचित ; उचित समय का ; उचित स्थान का ; э́тот расска́з вполне́ уме́стен इस कथा का वर्णन यहाँ सर्वथा उचित/उपयुक्त है ।

уме́||ть (अपू०) -सकना ; -जानना ; он не —ет чита́ть वह पढ़ नही सकता ; он не —ет де́лать э́того वह इसे करना नही जानता / वह यह नहीं कर सकता ।

умещ||а́ть (अपू०), **умести́ть** (पू०) (भवि० умещу́, умести́шь) स्थान निकालना ; रखना ; он не мо́жет умести́ть все ве́щи в этот чемода́н वह यह सब वस्तुएँ इस ट्रंक में नही रख सकता ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान होना ; रखा जाना ; все го́сти умести́лись за столо́м मेज पर सब अतिथियों के लिए स्थान था ; सब अतिथि मेज पर बैठ गये ; २. умеща́ть का कर्मवाच्य ।

уме́ючи (क्रि० वि०) कुशलता से ; चतुराई से ; समझदारी से ।

умил||е́ние (नपुं०) कोमल भावना ; **—ённый** (वि०) (कृदन्त और वि०) द्रवित ; द्रवीभूत ।

умили́тельн||ый (वि०) मर्मस्पर्शी ; करुण ; हृदयस्पर्शी ; हृदयद्रावक ; दिल पिघला देनेवाला ; —ое зре́лище हृदयस्पर्शी दृश्य ।

умили́ть(ся) दे० умиля́ть(ся).

уми́лостив||ить दे० умилостивля́ть ; **—ле́ние** (नपु०) शमन/शान्त करने की क्रिया ।

умилостивля́ть (अपू०), **уми́лостивить** (पू०) (भवि० уми́лостивлю́, уми́лостивишь) शमन करना ; शान्त करना ।

уми́льн||ость (स्त्री०) मिठास ; माधुर्य ; हृदयस्पर्शिता , मर्मस्पर्शिता ; **—ый** (वि०) १. हृदयस्पर्शी ; मर्मस्पर्शी ; मीठा ; —ый го́лос मीठी आवाज ; २. सुशील ; शीलवन्त ; ३. अकारण हस्तक्षेप करनेवाला ।

умиля́ть (अपू०), **умили́ть** (पू०) (हृदय) स्पर्श करना ; छूना ; **—ся** (आत्म०) द्रवित होना ; प्रभावित होना ; हृदय पर प्रभाव पड़ना ।

умина́ть (अपू०), **умя́ть** (पू०) (भवि० умну́, умнешь) १. आटा गूँधना ; २. पाँवों से रौदना ; ३. पेट भरकर/अघाकर खाना ; **—ся** (आत्म०) умина́ть का कर्मवाच्य ।

умира́ние (नपुं०) मरण ।

умира́ть (अपू०), **умере́ть** (पू०) (भवि० умру́, умрешь) मरना ; देहान्त होना ; он у́мер वह मर गया ; умере́ть сме́ртью геро́я वीरगति पाना ; умере́ть скоропости́жно अकस्मात् मृत्यु होना ; у. с го́лода भूख से मरना ।

умиротвор||е́ние (नपुं०) शमन/शान्त करने की क्रिया ; शान्तिस्थापन ; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) शान्तिस्थापक/-स्थापिका ; सन्धि करानेवाला/वाली ।

умиротворя́ть (अपू०), **умиротвори́ть** (पू०) शान्ति स्थापित करना ; **—ся** (आत्म०) १. शान्त होना ; २. умиротворя́ть का कर्मवाच्य ।

умне́е : у́мный और умно́ का तर-प्रत्ययान्त-रूप ।

умне́ть (अपू०), **по—** (पू०) बुद्धिमान होना ।

у́мник (पुं०) चतुर व्यक्ति/बालक ; अच्छा बालक ।

у́мница (स्त्री०) १. चतुर या अच्छी लड़की ; २. (उभ०) अत्यन्त चतुर पुरुष/स्त्री ।

у́мничать (अपू०) अपनी बुद्धि का प्रदर्शन करना ; बाल की खाल निकालना ; फिलासफी झाड़ना ।

умно́ (क्रि० वि०) बुद्धिमत्ता से ; चालाकी से ।

умножа́ть (अपू०), **умно́жить** (पू०) १. बढाना ; у. дохо́ды आय बढ़ाना ; у. си́лы शक्ति बढाना ; २. (गणित) गुणा करना ; ज़रब देना ; **—ся** (आत्म०) १. बढना ; २. умножа́ть का कर्मवाच्य ।

умноже́ние (नपुं०) १. वृद्धि ; बढोतरी ; २. (गणित) गुणा ; ज़रब ।

умно́жить दे० умножа́ть और мно́жить ; **—ся** दे० умножа́ться.

умозаключ||а́ть (अपू०), **умозаключи́ть** (पू०) निष्कर्ष निकालना ; उपसंहार करना ; **—е́ние** (नपुं०) निष्कर्ष ; उपसंहार ; де́лать —ение निष्कर्ष निकालना ।

умозаключи́ть दे० умозаключа́ть.

умозре́ние (नपुं०) चिन्तन ।

умозри́тельн||ость (स्त्री०) चिन्तनशीलता ; **—ый** (वि०) चिन्तनशील ; चिन्तनपरक ।

умоисступле́ние (नपुं०) सन्निपात ; बेहोशी ।

умоли́ть (पू०) द्रवीभूत करना ; दिल पिघलाना ।

у́молк (पुं०) बेश —у बिना चुप हुए/लगातार ; говори́ть без —у लगातार बोलते रहना ।

умолка́ть (अपू०), **умо́лкнуть** (पू०) चुप होना ; он умо́лк वह चुप हो गया ।

умоло́т (पुं०) (केवल एकवचन) (अनाज की) उपज ।

умолча́ние (नपुं०) १. चुप्पी ; मौन ; २. (साहित्य में) अनुल्लेख ।

умолча́ть दे० ума́лчивать.

умоля́ть (अपू०) विनती करना ; अनुनय-विनय करना ।

умопомеша́тельство (नपुं०) पागलपन ।

умопомрач||е́ние (नपुं०) (अस्थायी) पागलपन ; **—и́тельный** (वि०) अद्भुत् ; विचित्र ; आश्चर्यजनक ; असाधारण ; это —и́тельно यह आश्चर्यजनक/अद्भुत् है ।

умо́ра (स्त्री०) हास्य ।

умори́тельный (वि०) हास्यजनक ।

умори́ть (पू०) १. मारना ; वध करना ; он её умори́т वह (पुरुष/बालक) उस (स्त्री/बालिका) को मार डालेगा ; २. थका देना ; □ у. со́ смеху हँसा-हँसाकर मार डालना ; **—ся** (आत्म० पू०) बिल्कुल थक जाना ; थककर चूर हो जाना ।

у́мственн||ый (वि०) मानसिक ; बौद्धिक ; —ые спосо́бности बौद्धिक शक्ति ; —ая рабо́та मानसिक कार्य ।

у́мствование (नपुं०) तर्क ; बुद्धि-प्रदर्शन ।

у́мствовать (अपू०) (—ствую) तर्क करना ; बुद्धि का प्रदर्शन करना ।

умудря́ть (अपू०), **умудри́ть** (पू०) बुद्धिमान बनाना ; о́пыт умудрил его́ अनुभव ने उसे बुद्धिमान बना दिया ; **—ся** (आत्म०) बुद्धिमान बनना ।

умч||а́ть (पू०) १. (वेग से) ले जाना ; тро́йка —ала седо́ков (तीन घोडोवाली) गाड़ी सवारियों को वेग से ले गयी ; २. (किसी सवारी पर वेग से) चले जाना ; вса́дники —ались в по́ле घुडसवार वेग से खेतो में से चले गये ।

умыва́льн||ая (स्त्री०) (वि० रू०) हाथ-मुँह धोने का कमरा ; **—ик** (पुं०) हाथ-मुँह धोने का टब रखने की तिपाई ; **—ый** (वि०) (हाथ-मुँह) धोने का ; —ый прибо́р हाथ-मुँह धोने का सामान ।

умыва́ни||е (नपुं०) (हाथ-मुँह) धोना ; प्रक्षालन ; для —я धोने के लिए ।

умыва́ть (अपू०), **умы́ть** (पू०) (भवि० умо́ю, умо́ешь) (हाथ-मुँह) धोना ; у. ру́ки हाथ धोना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) हाथ-मुँह धोना ।

умыка́ние (नपुं०) (किसी लडकी का) अपहरण ; भगा ले जाने की क्रिया ।

умыка́ть (अपू०) (किसी लडकी का) अपहरण करना ; भगा ले जाना ।

у́мыс||ел (पुं०) मन्तव्य ; पूर्वयोजना ; इरादा ; с —лом जान-बूझकर/किसी विशेष उद्देश्य से ; злой у. बुरा इरादा ।

умы́слить दे० умышля́ть.

умы́ть(ся) दे० умыва́ть(ся).

умы́шленн||ость (स्त्री०) मन्तव्य ; पूर्वयोजना ; इरादा ; **—ый** १. умышля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) पूर्वयोजित ; जान-बूझकर किया हुआ ।

умышля́ть (अपू०), **умы́слить** (पू०) (भवि० умы́шлю, умы́слишь) १. (-की) योजना बनाना ; मन्तव्य होना ; (-का) इरादा करना ; २. (на) -के विरुद्ध षड्यन्त्र रचना ।

умягча́ть (अपू०), **умягчи́ть** (पू०) नर्म करना ।

умя́ть(ся) दे० умина́ть(ся).

унава́живать (अपू०), **унавози́ть** (पू०)

(भवि० унавóжу, унавóзишь) (गोबर की) खाद डालना ; у. поля́ खेतों में खाद डालना ।

унасле́довать दे० сле́довать.

унести́(сь) दे० уноси́ть(ся).

универма́г (पुं०) (универса́льный магази́н) सामान्य भंडार ; बडा भंडार ।

универсали́зм (पुं०) विश्ववाद ; सार्वभौमवाद ।

универса́льн||ость (स्त्री०) विश्वव्यापकता ; सार्वभौमता ; **—ый** (वि०) विश्वव्यापी ; सार्वभौम ; व्यापक ; —ое образова́ние बहुमुखी शिक्षा ।

университе́т (पुं०) विश्वविद्यालय , **—ский** (वि०) विश्वविद्यालय का ; —ское образова́ние विश्वविद्यालय की शिक्षा ।

унижа́ть (अपू०), **уни́зить** (पू०) (भवि० уни́жу, уни́зишь) नीचा दिखाना ; मानमर्दन करना ; घमंड तोडना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने-आप को नीचे गिराना ; दीन होना ; २. унижа́ть का कर्मवाच्य ।

униж||е́ние (नपुं०) मानमर्दन ; नीचा दिखाने/घमड तोडने की क्रिया ; **—ённость** (स्त्री०) नम्रता ; विनय ; दीनता ।

уни́женный १. унижа́ть से कृदन्त ; २. (वि०) दीन ।

унижённый = уни́женный.

унизáть दे० уни́зывать.

низи́тельн||ость (स्त्री०) नीचता ; **—ый** (वि०) अधम ; नीच ; —ый посту́пок नीचता का काम ।

уни́зить(ся) दे० унижа́ть(ся).

уни́з||ывать (अपू०), **низа́ть** (पू०) (भवि० унижу́, уни́жешь) ढँकना ; जड़ना ; मंडित करना ; у. пла́тье жéмчугом वस्त्रों पर मोती जड़ना ; нéбо бы́ло —ано звёздами आकाश तारों से मंडित था ।

уника́льный (वि०) अद्वितीय ; अनोखा ।

у́никум (पुं०) अद्वितीय ; अनोखा ।

унима́ть (अपू०), **уня́ть** (पू०) भवि० уйму́, уймёшь) १. शान्त करना ; चुप कराना ; уня́ть ребёнка बच्चे को चुप कराना ; २. रोक देना ; у. кровотече́ние из ра́ны घाव से खून बहना रोक देना ; **—ся** (आत्म०) १. शान्त होना ; (खून का बहना) बन्द होना ; २. унима́ть का कर्मवाच्य ।

унисóн (पुं०) स्वरैक्य ; स्वर-सामंजस्य ।

унита́з (पुं०) टट्टी का कमोड ।

унита́рный (वि०) एकात्मक ।

унифика́ция (स्त्री०) एकीकरण ।

унифици́ровать (अपू० और पू०) (—рую) एकीकरण करना ।

уничижи́тельный (वि०) निकृष्टवाची ; बुरे अर्थवाला ।

уничтожа́ть (अपू०), **уничто́жить** (पू०) नष्ट करना ; बरबाद करना ; मिटा देना ; उन्मूलन करना ; огóнь все уничтóжил अग्नि ने सब-कुछ नष्ट कर दिया ; у проти́вника शत्रु को मिटाना ; у. зло पाप का नाश करना ; у. ра́бство दासता का उन्मूलन करना ।

уничтожа́ющий १. уничтожа́ть से कृदन्त ; २. (वि०) विनाशक ; विध्वंसक ।

уничтоже́ние (नपुं०) विनाश ; विध्वंस ।

уничто́жить दे० уничтожа́ть.

у́ния (स्त्री०) संघ ।

уноси́ть (अपू०), **унести́** (पू०) (वर्त० уношу́, уно́сишь ; भवि० унесу́, унесешь) ले जाना ; у. с собо́й अपने साथ ले जाना ; воображе́ние унесло́ его́ далеко́ उसकी कल्पना उसे दूर ले गयी ; **—ся** (आत्म०) वेग से चले जाना ; दूर चले जाना ; его́ мы́сли унесли́сь в про́шлое उसके विचार उसे अतीत में ले गये ।

у́нтер = унтер-офице́р.

унтер-офице́р (पुं०) अ-समादिष्ट अधिकारी (नॉन-कमिशंड अफसर) ।

у́нция (स्त्री०) औंस ।

унывá||ть (अपू०) उत्साह खोना ; हिम्मत हारना ; निरुत्साहित होना ; निराश होना ; он никогда не —ет वह कभी हिम्मत नही हारता ।

уны́л||о (क्रि० वि०) निराशापूर्वक ; खिन्न होकर ; हतोत्साह होकर ; **—ый** (वि०) अवसन्न ; निराश; हतोत्साह ; खिन्न ।

уны́ние (नपुं०) अवसन्नता ; उत्साहहीनता ; खिन्नता : निराशा , впасть в у. उत्साह खोना ; हिम्मत हारना ।

уня́ть(ся) दे० унима́ть(ся).

упа́д (पुं०) दो —у गिरने तक ; तनेवа́ть до —у तब तक नाचते रहना जब तक थककर चूर न हो जाये ।

упа́док (पुं०) १. क्षय ; ह्रास ; अध पतन ; गिरावट ; приходи́ть в у. ह्रास होने लगना ; २ у сил नि शक्त होना ।

упа́дочничес||кий (वि०) क्षयशील ; पतनोन्मुख ; **—тво** (नपुं०) क्षय ; अध:पतन ; गिरावट ।

упа́дочн||ый (वि०) अवसादकारी ; क्षयशील ; ह्रासशील ; पतनोन्मुख ; पतनशील ; —ое настро́ение अवसाद ।

упаковáть(ся) दे० упако́вывать(ся).

упако́вка (स्त्री०) १. पैक करने की क्रिया ; बाँधने/लपेटने की क्रिया ; २. पैक करने का सामान ; बाँधने की सामग्री ।

упако́вочный (वि०) पैक करने का ; बाँधने का ; у. матери́ал पैक करने/बाँधने की सामग्री ।

упако́вщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) पैक करनेवाला/वाली ।

упако́вывать (अपू०), **упаковáть** (पू०) (भवि० —ку́ю) पैक करना ; у. това́р सामान बाँधना/पैक करना ; बडल बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना सामान बाँधना/पैक करना ; २. упако́вывать का कर्मवाच्य ।

упа́ривать (अपू०), **упа́рить** (पू०) भाप देना , भाप द्वारा नर्म करना ; у. свиную ко́жу सूअर की खाल को भाप देकर नर्म करना ; **—ся** (आत्म०) १. पसीने से तरबतर होना ; २. упа́ривать का कर्मवाच्य ।

упа́сть दे० па́дать.

упека́ть (अपू०), **упе́чь** (पू०) (भवि० упеку́, упечёшь) १. (रोटी आदि) हद से ज्यादा पकाना ; २. у. под суд मुकदमा चलाना ; у. в тюрьму́ जेल में जाना ।

упере́ть(ся) दे० упира́ть(ся).

упе́чь दे० упека́ть.

упива́ться (आत्म० अपू०), **упи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० упью́сь, упьёшься) १. (तृप्त होने तक या नशा चढने तक) पीना ; २. आनन्द लेना ।

упира́ть (अपू०), **упере́ть** (पू०) (भवि० упру́, упрёшь) १. सहारा देना ; (-के सहारे) टेकना ; у. шест в сте́ну बाँस को दीवार के सहारे टेकना ; упере́ть глаза́ в кого́-л. किसी को घूरना/किसी की ओर आँखे फाड़-फाड़कर देखना ; २ चुराना ; ३ (केवल अपू०) -पर जोर देना ; **—ся** (आत्म०) १. सहारा लेना ; -के सहारे टेकना ; —ся ло́ктем в сте́ну कोहनी दीवार के सहारे टेकना ; २. सीधा होना , शरीर सीधा करना ; ३. रुकावट का कारण होना ; весь вопро́с упира́ется в недоста́ток вре́мени सारा प्रश्न समय की कमी पर निर्भर/अवलम्बित है ।

упи́сывать (अपू०), **написа́ть** (पू०) (भवि० упишу́, упи́шешь) १. लिखना ; у. письмо́ на одно́й страни́чке पत्र एक पृष्ठ पर लिख लेना ; २. पेट भरकर भोजन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (पत्र में) आ जाना/लिखा जाना ; २. упи́сывать का कर्मवाच्य ।

упи́танн||ость (स्त्री०) सुपोषणता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) सुपोषित ; अच्छी तरह पाला हुआ ; मोटा ; स्थूल ।

упи́ться दे० упива́ться.

уплата (स्त्री०) (केवल एकवचन) अदायगी ; भुगतान ; у. по ве́кселю हुंडी का भुगतान ; у. до́лга ऋण का भुगतान ।

уплáчивать (अपू०), **уплати́ть** (पू०) (भवि० уплачу́, упла́тишь) अदा करना ;

भुगतान करना ; चुकाना ; у. долг ऋण चुकाना ; у. по счёту हिसाब चुकाना ; у. в рассрóчку किस्तों में अदा करना ।

уплести́ दे० уплетáть.

уплетáть, уплести́ = **упи́сывать**-२.

уплотнéние (नपुं०) १. संघनन ; २. (चिकि०) अन्तःस्रवण ; भीतर रिस जाना ।

уплотня́ть (अपू०), **уплотни́ть** (पू०) १ घना करना ; у. рабóчий день दिन के काम की अच्छी तरह योजना बनाना ; २. रिहाइशी क्षेत्र में कमी करना ; **—ся** (आत्म०) १. भिचकर रहना ; अपने रिहाइश के स्थान में कमी करना ; २. уплотня́ть का कर्मवाच्य ।

уплывáть (अपू०), **уплы́ть** (पू०) (भवि० уплывý, уплывёшь) तैर जाना ; (धन का) खर्च हो जाना ; (समय का) तेज़ी से बीत जाना ।

упова́ние (नपुं०) (दृढ) आशा ; पूरा भरोसा ।

упова́ть (अपू०) (-पर) बडी-बडी आशाएँ रखना ; पूरा भरोसा रखना ।

уподóбить(ся) दे० уподобля́ть(ся).

уподóбление (नपुं०) १. सादृश्य ; २. (भाषा-विज्ञान) पाचन ; आत्मसात् करने की क्रिया ।

уподобля́ть (अपू०), **уподóбить** (पू०) (भवि० уподóблю, уподóбишь) १. सदृश बनाना ; २. (भाषा-विज्ञान सम्बन्धी) पचाना ; आत्मसात् करना ; **—ся** (आत्म०) १. सदृश होना ; २. पच जाना ; आत्मसात् हो जाना ; ३. уподобля́ть का कर्मवाच्य ।

упоéни||е (नपुं०) अपार हर्ष ; आनन्द ; быть в —и अति हर्षित होना ।

упои́тельн||ый (वि०) बहुत लुभावना ; परम आकर्षक ; मोहक ; —ая красотá मोहक सौन्दर्य ।

уползáть (अपू०), **уползти́** (पू०) (भवि० уползý, уползёшь) रेंगकर चले जाना ।

уполномáчивать = **уполномóчивать**

уполномóчивать (अपू०), **уполномóчить** (पू०) पूर्ण अधिकार देना ।

уполномóчие (नपुं०) पूर्णाधिकार ।

уполномóчить दे० уполномóчивать.

упоминáние (नपुं०) उल्लेख ; ज़िक्र ।

упоминáть (अपू०), **упомянýть** (पू०) (-का) उल्लेख करना ; (-के बारे में) ज़िक्र करना ।

упомни́ть (पू०) स्मरण करना ; याद करना ।

упомянýть दे० упоминáть.

упóр (पुं०) सहारा ; आसरा , टेक ; □ сказáть что-л. прямо в у. кому́-л. किसीके मुँह पर कुछ कहना ; смотрéть в у. на кого́-л. किसीको घूरना/आँखे फाड़-फाडकर देखना ।

упóрный (वि०) दृढ ; आग्रही ; डटा रहनेवाला ; у. человéк आग्रही मनुष्य ; у. кáшель स्थायी खाँसी ; —ая борьбá दृढ संघर्ष ।

упóрствовать (अपू०) (—ствую) दृढ रहना ; डटे रहना ; आग्रह करना ; у. в своúх требовáниях अपनी माँगो पर दृढ रहना ।

упорхну́||ть (पू०) (फर-फर करके) उड़ जाना ; лáсточка —ла चिड़िया उड़ गयी ।

упоря́дочение (नपुं०) व्यवस्थित करने या क्रम से रखने की क्रिया ।

упоря́дочить (पू०) सुव्यवस्थित करना ; क्रम में रखना ।

употреби́тельн||ость (स्त्री०) प्रयोग ; सामान्यता ; आवृत्ति ; **—ый** (वि०) सामान्य ; सामान्यतः प्रयुक्त/प्रचलित ; —ые выражéния सामान्यतः प्रयुक्त अभिव्यक्तियाँ ।

употреби́ть दे० употребля́ть.

употребле́ни||е (नपुं०) प्रयोग ; इस्तेमाल ; выходи́ть из —я अप्रचलित होना/लुप्तप्रयोग होना ; вводи́ть в у. प्रयोग में लाना/व्यवहार में लाना ; непрáвильное у. दुरुपयोग ; спóсоб —я प्रयोग-विधि ; सेवन-विधि ।

употреб||ля́ть (अपू०), **употреби́ть** (पू०) (भवि० употреблю́, употреби́шь) प्रयोग में लाना ; इस्तेमाल करना ; у. спиртны́е напи́тки शराब आदि पीना ; —и́ть во зло दुरुपयोग करना ; —и́ть два часá दो घंटे खर्च

करना ; —и́ть наси́лие अहिंसा का प्रयोग करना ; у. с по́льзой (-से) लाभ उठाना ।

употребля́ться (आत्म० अपू०) १. प्रयुक्त होना ; २. употребля́ть का कर्मवाच्य ।

упра́в‖а (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) न्याय ; иска́ть —ы न्याय माँगना ; २. मंडल ; बोर्ड ; городска́я у. नगर-परिषद् ।

управдо́м (управля́ющий до́мом) घर का प्रबन्धकर्ता ।

управи́тель (पुं०) सम्पत्ति का प्रबन्धकर्त्ता ; कारकुन ; कारिन्दा ।

управи́ться दे० управля́ться.

управле́ние (नपुं०) १. प्रशासन ; प्रबन्ध करने की क्रिया ; नियन्त्रण ; двойно́е у. द्वैध प्रशासन/ दुराज ; у. огне́м गोलाबारी का नियन्त्रण ; २. दफ्तर ; प्रशासन ; मंडल ; निदेशालय ; ३. (वाद्यवृन्द आदि का) निर्देशन ; ४ (व्या०) समन्वय ।

управле́нческий (वि०) प्रशासनिक ; प्रशासन-सम्बन्धी ; प्रबन्ध-; प्रबन्ध-सम्बन्धी ।

управля́емый १. управля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) गुब्बारा जो इच्छानुसार इधर-उधर उड़ाया जा सकता है ।

управля́ть (अपू०) १. प्रशासन करना ; नियन्त्रण करना ; प्रबन्ध करना ; २. (मशीन, मोटर आदि) चलाना ; ३. (व्या०) समन्वय करना ।

управля́ющий १. управля́ть से कृदन्त ; २. व्यवस्थापक ; मैनेजर ; प्रबन्धक ।

упражне́ние (नपुं०) अभ्यास ।

упражня́ть (अपू०) अभ्यास कराना ; **—ся** (आत्म०) अभ्यास करना ; —ся в му́зыке संगीत का अभ्यास करना ।

упразднение (नपुं०) समापन ; मंसूखी ।

упраздня́ть (अपू०), **упразди́ть** (पू०) समाप्त करना ; मंसूख करना ; बन्द कर देना ; у. учрежде́ние संस्था को बन्द कर देना ।

упра́шивать (अपू०), **упроси́ть** (पू०) (भवि० упрошу́, упро́сишь) १. प्रार्थना करके मनाना ; मनुहार करना ; наси́лу его́ упроси́ли आखिर उसको मना लिया गया ।

упрева́ть (अपू०), **упре́ть** (पू०) १. सिझाना; धीमी आँच पर अच्छी तरह पकाना ; २. पसीने से तरबतर होना ; ло́шадь упре́ла घोड़ा पसीने से तरबतर हो गया ।

упреждать (अपू०), **упреди́ть** (पू०) (भवि० упрежу́, упреди́шь) पहले से ही जान लेना ; पेशबन्दी कर लेना ; у. проти́вника शत्रु की पेशबन्दी कर लेना ।

упрежде́ние (नपुं०) पहले से ही जानने की क्रिया ; पेशबन्दी करने की क्रिया ।

упрёк (पुं०) झाड़ ; फटकार ।

упрека́ть (अपू०), **упрекну́ть** (पू०) झाड़ना ; फटकारना ; बुरा-भला कहना ।

упре́ть दे० упрева́ть और преть.

упроси́ть दे० упра́шивать.

упрости́ть(ся) दे० упроща́ться.

упроче́ние (नपुं०) दृढीकरण ; सुदृढ करने की क्रिया ।

упро́чивать (अपू०), **упро́чить** (पू०) सुदृढ़ करना ; मज़बूत करना ; он упро́чил своё положе́ние उसने अपनी स्थिति सुदृढ कर ली ; **—ся** (आत्म०) १. सुदृढ होना ; २. упро́чивать का कर्मवाच्य ।

упроща́ть (अपू०), **упрости́ть** (पू०) (भवि० упрощу́, упрости́шь) १. सरल बनाना ; सुगम बनाना ; у. зада́чу समस्या को सुगम बनाना ; २. कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. सुगम होना ; у. смысл собы́тий घटनाओं की महत्ता को कम करना ; २. упроща́ть का कर्मवाच्य ।

упроще́нец (पुं०) भोला ; छिछला ।

упроще́ние (नपुं०) सरलीकरण ; सरल बनाने की क्रिया ।

упроще́н‖ство, —чество (नपुं०) सरलतावाद ।

упру́г‖ий (वि०) लचीला ; लचकदार ; नम्य ; **—ая пружи́на** लचकदार स्प्रिंग ; **—ость**

(स्त्री०) लचीलापन ; लचक ; नम्यता ; —ость пружи́ны स्प्रिंग की लचक ।

упря́жка (स्त्री०) एक साथ जोते हुए कई घोड़े ।

упряжн||о́й (वि०) जोतने का ; —а́я ло́шадь जोतने का घोड़ा ; गाड़ी का घोड़ा ।

у́пряжь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (घोड़े आदि का) साज ।

упря́мец (पु॰) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́миться (आत्म० अपू०), **за—** (आत्म० पू०) (वर्त० упря́млюсь, упря́мишься) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мство (नपुं०) हठ ; ज़िद ; अक्खड़पन ।

упря́мствовать (अपू०) (—ствую) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мый (वि०) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́тывать (अपू०), **упря́тать** (पू०) (भवि० упря́чу, упря́чешь) छिपाना ; (जेल में) डालना ; у. в тюрьму́ जेल में डालना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; २. упря́тывать का कर्मवाच्य ।

упуска́ть (अपू०), **упусти́ть** (पू०) (भवि० упущу́, упу́стишь) १. छोड़ना ; упусти́ть коне́ц веревки रस्सी का सिरा छोड़ना ; २. चूकना ; у. слу́чай अवसर से चूकना ।

упуще́ни||е (नपुं०) उपेक्षा ; प्रमाद ; भूल ; चूक ; —я по слу́жбе कर्तव्य-पालन में प्रमाद ।

упы́рь (पुं०) पिशाच जो रात को क़ब्र से उठकर सोते हुए मनुष्य का खून पी लेता है ।

упятери́ть (पू०) पाँचगुना करना ।

ура́ ! (विस्मय०) जय ! जय ! ; हुर्रा !

уравне́ние (नपुं०) समानीकरण ; у. в права́х अधिकारों का समानीकरण ।

ура́внивать -I (अपू०), **уравня́ть** (पू०) समान करना ; बराबर करना ।

ура́внивать -II (अपू०), **уровня́ть** (पू०) समतल करना ; हमवार करना ; у. доро́гу सड़क समतल/हमवार करना ।

ура́вниваться (आत्म० अपू०), **уравня́ться** (आत्म० पू०) १. बराबर होना ; समान होना ; у. в права́х समानाधिकार प्राप्त करना ; २. ура́внивать का कर्मवाच्य ।

уравни́ловка (स्त्री०) मज़दूरी का समानीकरण ।

уравни́тельный (वि०) समान/बराबर करनेवाला ।

уравнове́||сить(ся) दे० уравнове́шивать(ся) ; **—шенность** (स्त्री०) (विचारों की) स्थिरता ; समभाव ; **—шивание** (नपुं०) सन्तुलन ।

уравнове́шивать (अपू०), **уравнове́сить** (पू०) (भवि० уравнове́шу, уравнове́сишь) सन्तुलन करना ; तोल बराबर करना ; समकक्ष होना ; у. си́лы проти́вников विरोधियों की शक्ति के समकक्ष होना ।

уравня́ть(ся) दे० ура́внивать(ся).

урага́н (पुं०) आँधी ; तूफान ।

уразуме́ть (पू०) समझना ; ग्रहण करना ।

Ура́н (पुं०) वारुण (एक ग्रह) ।

ура́н (पुं०) (रस०) यूरेनियम ।

ура́новый (वि०) यूरेनियम का ।

урбан||иза́ция (स्त्री०) नगरीकरण ; नगररूप देना ; **—и́зм** (पुं०) नगरीयता ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) नगरीयतावादी/-वादिनी ।

урва́ть दे० урыва́ть.

урду́ (नपुं०) उर्दू भाषा ।

урегули́ровать (पू०) (—рую) १. सुव्यवस्थित करना ; क्रमबद्ध करना ; २. (समस्या) हल करना ।

уре́зать दे० уре́зывать.

уреза́ть = уре́зывать.

урезо́нивать (अपू०), **урезо́нить** (पू०) समझाना ।

уре́зывать (अपू०), **уре́зать** (पू०) (भवि० уре́жу, уре́жешь) १. काट देना ; २. कम करना ; थोड़ा करना ; घटाना ; у. расхо́ды खर्च कम करना ।

уре́тра (स्त्री०) मूत्रमार्ग ; मूत्रनाली ।

ури́на (स्त्री०) मूत्र ; पेशाब ।

у́ровень (पुं०) १. स्तर ; सतह ; तल ; у. воды́ पानी की सतह ; у дохо́да आय-स्तर ; २. तलमापी ।

уровня́ть दे० ура́внивать

уро́д (पुं०) १ दानव ; २. भद्दा मनुष्य ; कुरूप मनुष्य ।

уро́дина (उभ०) = уро́д-२

уроди́||ть (पू०) (भवि० урожу́, уроди́шь) पैदा करना ; जनना ; जन्म देना ; **—ся** (आत्म०) १. (फसल आदि) उगना ; пшени́ца —лась в э́том году́ इस वर्ष गेहूँ की फसल अच्छी है ; २ в кого́ он —лся वह किस पर है ? (अर्थात् उसकी आकृति किस जैसी है ?)

уро́дливость (स्त्री०) १. कुरूपता ; २. भद्दापन ; **—ый** (वि०) १ कुरूप ; २ भद्दा ।

уро́д||овать (अपू०), **из—** (पू०) (वर्त० —дую) कुरूप बनाना ; आकृति बिगाड़ना ; у. себя́ अपनेआप को कुरूप बनाना ; о́спа —ует лицо́ चेचक चेहरे को कुरूप बना देती है ; у него́ изуро́довано все те́ло उसका सारा शरीर खराब है ; **—ство** (नपुं०) कुरूपता ; भद्दापन ।

урожа́й (पुं०) १. फसल ; у. э́того го́да इस वर्ष की फ़सल ; бога́тый, хоро́ший у. अच्छी फसल ; २. अच्छी फसल ; **—ность** (स्त्री०) उर्वरता ; उपजाऊपन ; उत्पादकता —ность полéй खेतों की उर्वरता/उपजाऊपन ; **—ный** (वि०) फसल-सम्बन्धी ; —ный год अच्छी फ़सल का वर्ष ।

урождённый : १. уроди́ть से कृदन्त ; २. (वि०) जन्म का ।

урожéн||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) देशवासी/वासिनी ; देशी ; बाशिन्दा ।

уро́к (पुं०) पाठ ; सबक ; брать —и ру́сского языка́ रूसी भाषा के पाठ पढ़ना ; э́то бу́дет тебе́ —ом यह तुम्हारे लिए एक सबक़ होगा ; २. (स्कूल से घर पर करने के लिए दिया गया) काम ।

уро́н (पुं०) (केवल एकवचन) हानि ; нести́ большо́й у. बहुत हानि उठाना ।

уроня́ть दे० уронять.

уро́чн||ый (वि०) १. निश्चित ; नियत ; в у. час नियत समय पर ; २. —ая рабо́та नियमित कार्य ।

урча́||ние (नपुं०) बड़बड़ाहट ; **—ть** (अपू०) बड़बड़ाना ।

урыва́ть (अपू०), **урва́ть** (पू०) (भवि० урву́, урвешь) урва́ть полчаса́ для о́тдыха आराम के लिए आधा घंटा निकाल लेना ।

урывками (क्रि० वि०) उतार-चढ़ाव के साथ (किसी काम को करना) ।

уря́дник (पुं०) (क्रान्ति-पूर्व) १. गाँव का सिपाही ; २. कज़ाक सारजेंट ।

ус (पुं०) १. मूँछ ; २. स्पर्श-सूत्र (कीड़े-मकोड़े के स्पर्श-ज्ञान का अंग-विशेष) ; ३ (वन०) तन्तु ; अन्न की बाल ; □ ки́товый у. ह्वेल मछली की हड्डी ; мота́ть себе́ на у́с चेतावनी को हृदयंगम करना ; и в ус (себе́) не дуть बिल्कुल परवाह न करना ।

уса́дебный : (वि०) уса́дьба से वि० ।

уса́ди́ть दे० уса́живать.

уса́дка (स्त्री०) सिकुड़न ।

уса́дьба (स्त्री०) खेत सहित मकान ।

уса́живать (अपू०), **усади́ть** (पू०) (भवि० усажу́, уса́дишь) १. बिठाना ; बैठने के लिए कहना ; २. (पौधा आदि) लगाना ; ३. (घना करके) लगाना ; сте́ны уса́жены пя́тнами दीवार धब्बों से भरी पड़ी है ।

уса́живать(ся) (आत्म० अपू०), **усесть-ся** (आत्म० पू०) (भवि० уся́дусь, уся́дешься) १. बैठना ; आसन लेना ; २. (काम में) लगना ; у. за рабо́ту काम मे लगना ।

уса́тый (वि०) लम्बी मूँछोंवाला ।

уса́ч (पुं०) १. (लम्बी) मूँछोंवाला आदमी ;

२. एक प्रकार की मछली ; ३. एक प्रकार का गुबरीला ।

усва́ивать (अपू०), **усво́ить** (पू०) १. पचाना; सीखना; कुशलता प्राप्त करना ; у. привы́чку आदत डालना ; २. (भोजन आदि) पचाना ।

усво́ени||е (नपुं०) १. सीखने/कुशलता प्राप्त करने की क्रिया; предме́т тру́дный для —я इस विषय में पारगत होना/कुशलता प्राप्त करना कठिन है ; २. (भोजन आदि का) पाचन ।

усво́ить दे० усва́ивать.

усе́ивать (अपू०), **усе́ять** (पू०) जड़ देना ; मंडित करना ; छिटका देना ; не́бо усе́яно звездами आकाश पर तारे छिटके हुए हैं/आकाश तारों से मंडित है ।

усе́рдие (नपुं०) जोश ; उत्साह ; अध्यवसाय ; उद्योग ; рабо́тать с —м जोश से काम करना ।

усе́рдный (वि०) उत्साही ; जोशीला · अध्यवसायी ; उद्यमी ।

усе́рдствовать (अपू०) (—ствую) उत्साह दिखाना ।

усе́сться दे० уса́живаться.

усе́ять दे० усе́ивать.

усид||е́ть (पू०) (भवि० усижу́, усиди́шь) बैठे रहना ; बैठना ; тру́дно бы́ло у. на ме́сте अपने स्थान पर बैठे रहना कठिन हो रहा था ; он не —и́т мину́тки वह एक मिनट भी बैठा नहीं रह सकता ।

уси́дчив||ость (स्त्री०) उद्यम ; **—ый** (वि०) उद्योगी ; उद्यमी ; तत्पर ।

у́сик (बहु०) १ छोटी-छोटी मूँछें ; २. स्पर्श-सूत्र ; (कीड़े-मकोड़े के स्पर्श-ज्ञान का अंग विशेष) ; ३. (वन०) तन्तु ; अनाज की बाल ।

усиле́ние (नपुं०) (सेना०) कुमक ; पुनः सहायता भेजने की क्रिया ; (रोग के) गम्भीर/नाजुक होने की क्रिया ; शब्द को तीव्र/ऊँचा करने की क्रिया ।

уси́ливать (अपू०), **уси́лить** (पू०) (सेना०) कुमक भेजना ; पुनः सहायता भेजना ; सुदृढ करना ; मजबूत करना ; (रोग को) गम्भीर करना ; (शब्द, धारा आदि को) तीव्र करना ; ऊँचा करना ; बढ़ाना ; у. пита́ние अधिक पोषण देना ; у. жа́жду प्यास बढ़ाना/तीव्र करना ; **—ся** (आत्म०) १. शक्ति प्राप्त करना ; बढना ; मजबूत होना ; (धारा, शब्द आदि का) तीव्र होना ; ऊँचा होना ; २. уси́ливать का कर्मवाच्य ।

уси́лие (नपु०) प्रयत्न ; चेष्टा ।

усили́тель (पुं०) (भौ०) प्रवर्धक (अंग्रेजी—एम्पलिफायर) ।

уси́лить दे० уси́ливать.

ускака́||ть (पू०) (ускачу́, ускачешь) सरपट दौड़ जाना ; भाग जाना ; за́яц —л खरहा भाग गया ।

ускольза́ть (अपू०), **ускользну́ть** (पू०) खिसक जाना ; चोरी से चले जाना ।

ускоре́ние (नपुं०) त्वरण ; प्रवर्द्धन ; у. си́лы тя́жести (भौ०) गुरुत्वजनित शक्ति का त्वरण ।

ускори́тель (पुं०) त्वरक (अंग्रेजी—एक्सेलरेटर) ।

ускоря́ть (अपू०). **ускори́ть** (पू०) १. त्वरित करना ; गतिवर्धन करना ; वेग बढाना ; у. ход वेग बढ़ाना ; २. शीघ्रता करना ; **—ся** (आत्म०) १. वृद्धि होना ; बढ़ना ; २. शीघ्रता होना ; ३. ускоря́ть का कर्मवाच्य ।

усла́вливаться = услови́ваться.

усла́да (स्त्री०) आनन्द ; मजा ।

услажда́ть (अपू०), **услади́ть** (पू०) (भवि० услажу́, услади́шь) आनन्द देना ; у. зре́ние नेत्रों को आनन्द देना ; **—ся** (आत्म०) आनन्द लेना ।

усла́ть दे० усыла́ть.

уследи́ть (पू०) (услежу́, уследи́шь) १ -पर नज़र रखना ; (-की ओर) ध्यान रखना ; за ребенком не уследи́ли и он упа́л с каче́лей बच्चे की ओर ध्यान न रखा गया और वह पालने पर से गिर पड़ा ; २. (विचार आदि) समझना ।

усло́ви||е (नपुं०) १. उपबन्ध ; शर्त ; непре-ме́нное, обяза́тельное у. अनिवार्य शर्त/आवश्यक उपबन्ध ; —я догово́ра समझौते की शर्तें ; ста́вить —я शर्त/उपबन्ध लगाना ; я э́то сде́лаю при —и, что мне помо́гут मैं इसे इस शर्त पर करूँगा कि दूसरे लोग मेरी सहायता करें ; ни при каки́х —ях किसी भी स्थिति में नहीं ; каки́е ва́ши —я ? आपकी क्या शर्तें हैं ? ; २. समझौता ; सविदा ; заключа́ть у. समझौता करना ।

усло́вливаться (आत्म० अपू०), **усло́виться** (आत्म० पू०) (भवि० усло́влюсь, усло́вишься) तय कर लेना ; प्रबन्ध कर लेना ; समझौता करना ; निर्णय करना ; у. встре́титься भेंट (या मिलने) की बात तय कर लेना ; они́ усло́вились бо́льше об э́том не говори́ть उन्होंने इस बारे में कोई बात न करना तय कर लिया है ; у. о дне ता़रीख़ नियत करना ; ну́жно оконча́тельно усло́виться इस विषय में अन्तिम निर्णय कर लेना चाहिए ।

усло́вн||о (क्रि० वि०) सोपबन्ध ; शर्त के साथ ; **—ость** (स्त्री०) १. सोपबन्धता ; २. रूढ़ि ; परम्परा ; **—ый** (वि०) सोपबन्ध ; सशर्त ; —ое согла́сие सोपबन्ध अनुमति ; २. रूढिगत ; परम्परागत ; ३. सापेक्ष ; ४. (व्या०) क्रिया का सशर्तार्थक रूप ।

усложн||е́ние (नपुं०) जटिल या पेचीदा होने की क्रिया ; **—ённость** (स्त्री०) जटिलता ; पेचीदगी ; **—ённый** (कृदन्त और वि०) जटिल ; पेचीदा ।

усложня́ть (अपू०), **усложни́ть** (पू०) जटिल बनाना ; पेचीदा बनाना ; у. рабо́ту काम जटिल बना देना ; **—ся** (आत्म०) १. जटिल होना ; पेचीदा होना ; २. усложня́ть का कर्मवाच्य ।

услу́г||а (स्त्री०) सेवा ; उपकार ; भलाई ; ока́зывать кому́-л. —у किसीका उपकार करना ; у. за —у उपकार का बदला उपकार ; к ва́шим —ам आपकी सेवा में उपस्थित हूँ ।

услуже́ни||е (नपुं०) नौकरी ; सेवा ; в —и у кого́-л. किसीकी नौकरी करना ।

услу́живать (अपू०), **услужи́ть** (पू०) सेवा करना ; उपकार करना ; आभारी बनाना ।

услу́жлив||о (क्रि० वि०) सहायता करते हुए ; आभारी बनाते हुए ; **—ость** (स्त्री०) सहायता/उपकार की भावना ; सेवा-भावना ; **—ый** (वि०) उपकारी ; सेवा-भाव रखनेवाला ; □ —ый дура́к опа́снее врага́ नादान दोस्तो से भगवान बचाये ।

услыха́ть = услы́шать.

услы́шать दे० слы́шать.

усма́тривать (अपू०), **усмотре́ть** (पू०) १. देखना ; जानना ; (धोखे, गलती का) पता लगा लेना ; २. (केवल पू०) देख-भाल करना ; निगरानी करना ।

усмеха́ться (आत्म० अपू०), **усмехну́ться** (आत्म० पू०) मुस्कराना ; иронически у. व्यंग्यसूचक ढँग से मुस्कराना ।

усме́шка (स्त्री०) व्यंग्यपूर्ण मुस्कराहट ।

усмир||е́ние (नपुं०) (विद्रोह का) दमन करना ; दबाना ; **—и́тель** (पुं०) (विद्रोह का) दमन करनेवाला ।

усмиря́ть (अपू०), **усмири́ть** (पू०) शान्त करना ; (विद्रोह का) दमन करना ; दबाना ।

усмотре́ние (नपुं०) विचार ; विवेक ; निर्णय ; передава́ть, предоставля́ть на чье-л. у. किसीके विचार/निर्णय पर छोड़ना ।

усмо́треть दे० усма́тривать.

уснаща́ть (अपू०), **унасти́ть** (पू०) (भवि० уснащу́, уснасти́шь) सजाना ; अलंकृत करना ।

усну́ть (पू०) १. सो जाना ; २. (मछली का) मर जाना ।

усо́бица (स्त्री०) परस्पर शत्रुता ; गृह-युद्ध ।

усовершéнствование (नपुं०) पूर्णता ; सुधार ।

усовершéнствовать दे० совершéнствовать.

усо́вещивать (अपू०), **усо́вестить** (पू०) (भवि० усо́вещу, усо́вестишь) सद्भावों को प्रेरित करना।

усомни́ться (आत्म० पू०) सन्देह करना; शंका करना; у. в дру́ге मित्र पर सन्देह करना।

усо́пший (वि०) मृतक।

усо́хнуть दे० усыха́ть.

успева́емость (स्त्री०) (छात्र की) सफलता; उन्नति; प्रगति।

успева́ть (अपू०), **успе́ть** (पू०) १. (समय मे) कर सकना; он успе́л ко́нчить рабо́ту वह (समय मे) काम समाप्त कर सका; ему́ уже́ не успе́ть на по́езд वह अब (समय पर) गाडी पर नही पहुँच सकता; २. सफल होना; -में प्रगति करना; не у. पीछे रह जाना।

успе́ние (नपु०) स्वर्गारोहण; मुक्ति।

успе́ть दे० успева́ть.

успе́х (पु०) १. सफलता; प्रगति; жела́ю вам —а! मै आपकी सफलता चाहता हूँ/ईश्वर आपको सफलता दे!; де́лать —и (в) -में प्रगति करना; име́ть у, по́льзоваться —ом सफल होना/सफलता प्राप्त करना; не име́ть —а असफल होना; □ с —ом सफलता से।

успе́шн||о (क्रि० वि०) सफलता से; **—ость** (स्त्री०) सफलता; **—ый** (वि०) सफल।

успока́ивать (अपू०), **успоко́ить** (पू०) शान्त करना; у своё со́весть अपनी आत्मा को शान्ति देना, у. ребенка बच्चों को चुप कराना; **—ся** (आत्म०) १ शान्त होना; २. успока́ивать का कर्मवाच्य।

успоко||е́ние (नपु०) १. शान्त करने की क्रिया; २. शान्ति; **—и́тельный** (वि०) शान्तिदायक; शान्तिप्रद।

успоко́ить(ся) दे० успока́ивать(ся).

уста́ (बहु०) मुख; मुँह; на —х у всех सबके मुँह पर चढ़ा हुआ; सबकी ज़बान पर।

уста́в (पु०) विनियम; संविधि; नियमावली।

устава́ть (अपू०), **уста́ть** (पू०) (वर्त० устаю́, устаешь; भवि० уста́ну, уста́нешь) थक जाना; तंग आ जाना; ऊब जाना।

уставля́ть (अपू०), **уста́вить** (पू०) (भवि० уставлю́, уста́вишь) १. (-पर) रखना; (-पर) करीने से रखना; у. стол бутылками मेज़ पर बोतलें करीने से रखना; २. уста́вить глаза́ आँखे गाड़ना/आँखे फाड-फाडकर देखना; **—ся** (आत्म०) १. स्थान पाना; रखा जाना; вся ме́бель уста́вилась в одно́й ко́мнате सारा फ़र्नीचर एक कमरे में आ गया; २. आँखें गाड़ना; आँखें फाड-फाड़कर देखना; घूरना; ३. уставля́ть का कर्मवाच्य।

уста́л||ость (स्त्री०) क्लान्ति; श्रान्ति; थकावट; **—ый** (वि०) क्लान्त; श्रान्त; थका हुआ; он вы́глядит —ым वह थका हुआ दिखायी पड़ता है।

у́стал||ь (स्त्री०) = уста́лость, без —и अथक रूप से; बिना थकावट।

устана́вливать (अपू०), **установи́ть** (पू०) (भवि० установлю́, установишь) १. रखना; जड़ना; (इंजन आदि) लगाना; २. स्थापित करना; у. связь (с) (-से) सम्बन्ध स्थापित करना; у. поря́док व्यवस्था स्थापित करना; ३. निर्धारित करना; तय करना; पता लगाना; у. вре́мя समय निर्धारित करना; у. це́ну मूल्य निर्धारित करना/तय करना; он установи́л, что имеются месторожде́ния не́фти उसने पता लगाया कि यहाँ पेट्रोल मिलता है; **—ся** (आत्म०) १. (विचार आदि) स्थिर होना; его́ взгля́ды не установи́лись उसके विचार स्थिर नही हुए; установи́лась зима́ शरद ऋतु आ गयी/आरम्भ हो गयी; २. устана́вливать का कर्मवाच्य।

установк||а (स्त्री०) १. करीने से रखने/धरने की क्रिया; क्रम से रखने की क्रिया; (मशीन आदि) लगाने की क्रिया; जड़ने की क्रिया; स्थापना; २. सयन्त्र; холоди́льная у. प्रशीतक-सयन्त्र; ३. उद्देश्य; लक्ष्य; име́ть —у लक्ष्य रखना; ४. आदेश।

установлéние (नपुं०) स्थापना ; у. совéтской влáсти सोवियत सत्ता की स्थापना।

устарéл||ость (स्त्री०) लोप ; लुप्यमानता ; अप्रचलितता ; अप्रयुक्तता ; **—ый** (वि०) अप्रचलित ; लुप्त ; लुप्यमान ; पुराने ढँग का ; —ая мóда पुराना फैशन।

устарéть (पू०) १. बूढ़ा हो जाना ; २. पुराना हो जाना ; गतप्रयोग होना ; अप्रचलित होना।

устáть दे० уставáть.

устерегáть (अपू०), **устерéчь** (पू०) (भवि० устерегý, устережешь) (-से) बचाव करना ; रक्षा करना।

устилáть (अपू०), **устлáть** (पू०) (भवि० устелю́, устéлешь) (-से) ढँकना ; (-पर) बिछाना ; у коврóм दरी बिछाना।

ýстн||о (क्रि० वि०) मौखिक रूप से ; जबानी ; **—ый** (वि०) मौखिक ; —ая речь वक्तव्य ; □ —ая словéсность लोक-वार्ता/लोक-साहित्य।

устóи (बहु०) नीव ; нрáвственные у. नैतिक सिद्धान्त।

устóй (पुं०) **I.** (पुल का) भारावलम्ब ; स्तम्भ ; **II.** मलाई।

устóйчив||ость (स्त्री०) स्थिरता ; अविचलता ; स्थायित्व ; **—ый** (वि०) स्थिर ; स्थायी ; —ые цéны स्थायी/स्थिर मूल्य ; —ое равновéсие स्थिर सन्तुलन ; —ое правúтельство स्थायी सरकार।

устоя́ть (पू०) जमे रहना ; (अपने विश्वास या धारणा पर) डटे रहना ; दृढ रहना ; у. на ногáх पाँव जमाये रहना ; **—ся** (आत्म०) (तरल पदार्थ का गाद आदि नीचे बैठने पर) साफ हो जाना ; (दूध पर) मलाई आ जाना।

устрáивать (अपू०), **устрóить** (पू०) १. व्यवस्था करना ; सगठन करना ; स्थापना करना ; у. пикни́к सैर-सपाटे/पिकनिक की व्यवस्था करना ; устрóить шкóлу पाठशाला की स्थापना करना ; २. सुव्यवस्थित करना ; ठीक करना ; у. свои́ делá अपने मामलों को ठीक करना ; ३. устрóить больнóго в больни́цу रोगी को अस्पताल में दाखिल करवाना ; устрóить ребенка в шкóлу बच्चे को स्कूल मे दाखिल करवाना ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) सुविधाजनक होना ; उपयुक्त होना ; устрáивает ли э́то вас ? क्या यह आपके लिए सुविधाजनक है ?/क्या इसमें आपको सुविधा रहेगी ? ; **—ся** (आत्म०) १. बसना ; он хóчет устрóиться в Москве वह मास्को में बसना चाहता है/वह मास्को में नौकरी करना चाहता है ; —ся в нóвой квартире नये घर में बसना ; २. ठीक होना ; все устрóилось सब-कुछ ठीक हो गया ; ३. устрáивать का कर्मवाच्य।

устранéние (नपुं०) हटाने/एक ओर करने की क्रिया ; у. от дóлжности नौकरी से हटाया जाना।

устрани́ть (अपू०), **устрани́ть** (पू०) एक ओर करना ; हटाना ; у. от дóлжности नौकरी से हटाना/अलग करना , у. препя́тствия बाधाएँ हटाना ; **—ся** (आत्म०) १. अलग रहना ; दृढ़ रहना ; —ся от дел काम से अलग हो जाना ; अवकाश ग्रहण करना ; २. устрани́ть का कर्मवाच्य।

устрашáть (अपू०), **устрашúть** (पू०) डराना ; भयभीत करना ; **—ся** (आत्म०) १. डरना ; भयभीत होना ; २. устрашáть का कर्मवाच्य।

устремúть(ся) दे० устремля́ть(ся).

устремлéние (नपुं०) स्पृहा ; उमग ; इरादा।

устремля́ть (अपू०), **устремúть** (पू०) (भवि० устремлю́, устремúшь) (ध्यान, दृष्टि आदि) देना ; स्थिर करना ; **—ся** (आत्म०) (किसी पर) टूट पड़ना ; झपटना ; (ध्यान, दृष्टि आदि) मुड़ना ; आकर्षित होना।

ýстри||ца (स्त्री०) घोघा ; सीप ; **—чный** (वि०) घोघे का ; सीप का।

устроúтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) व्यवस्थापक/व्यवस्थापिका ; प्रबन्धकर्ता/कर्त्री ; संगठन-कर्ता/कर्त्री ; у. лéкций व्याख्यान का प्रबन्धकर्ता।

устро́ить(ся) दे० устра́ивать(ся).

устро́йств||о (नपुं०) १. प्रबन्ध ; व्यवस्था ; для —а свои́х дел अपने मामलों को सुव्यवस्थित करने के लिए ; он за́нят —ом кварти́ры वह अपने मकान को सुव्यवस्थित करने में लगा है ; २. (मशीन आदि का) संस्थापन ; विन्यास ; ३. रचना ; बनावट ; निर्माण ; ४. (निर्माण करने का) खाका ; ढाँचा ; नक़्शा ; ५. पद्धति ; госуда́рственное у. शासन-पद्धति ।

усту́п (पुं०) (दीवार आदि पर) टाँड ; उभरा हुआ भाग ।

уступ||а́ть (अपू०), **уступи́ть** (पू०) (भवि० уступлю́, усту́пишь) १. (-के लिए) छोड़ देना ; —и́те э́то ему́ यह उसके लिए छोड़ दो ; у. кому́-л. доро́гу किसीके लिए रास्ता छोड़ना ; २. (शक्ति के आगे) झुक जाना ; у. си́ле शक्ति के आगे झुक जाना ; у. тре́бованиям вре́мени समय के आगे झुकना ; ३. (किसीसे) कम होना ; हीनतर होना ; он никому́ не усту́пит в э́том отноше́нии वह इस सम्बन्ध में किसीसे कम नहीं ; ४. (मूल्य में) कमी करना ; он не усту́пит ни копе́йки वह (मूल्य में) एक पैसा कम नहीं करेगा ।

усту́пк||а (स्त्री०) १. छूट ; идти́ на —и छूट देना ; २. (मूल्य में) कमी ।

усту́пчив||ость (स्त्री०) लचीलापन ; नम्यता ; कोमलता ; **—ый** (वि०) लचीला ; नम्य ; कोमल ।

устыди́ть (पू०) (भवि० устыжу́, устыди́шь) शर्मिन्दा करना ; **—ся** (आत्म०) शर्मिन्दा होना ।

у́стье (नपुं०) १. (नदी का) दहाना ; у. Га́нга गंगा नदी का दहाना ; २. (बाहर निकालने का) छेद ; द्वार ; у. ша́хты खान का द्वार ।

усугу́б||ить(ся) दे० усугубля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) बढ़ाना ; शोचनीय बनाना ; у. внима́ния अधिक ध्यान देना ।

усугубля́ть (अपू०), **усугу́бить** (पू०) (भवि० усугу́блю, усугу́бишь) बढ़ाना ; अधिक शोचनीय बनाना ; **—ся** (आत्म०) बढ़ना ; शोचनीय होना ; страда́ния бо́льного усугу́билось रोगी की पीड़ा बढ़ गयी ।

усумни́ться = усомни́ться.

усу́шка (स्त्री०) (सूखने से पैदा हुई) सिकुड़न ।

усыла́ть (अपू०), **усла́ть** (पू०) (भवि० ушлю́, ушлешь) बाहर/दूर भेजना ; его́ усла́ли на Кавка́з उसको काफ़काज़ भेज दिया गया ।

усынов||и́ть दे० усыновля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) दत्तक लेने की क्रिया ; बच्चा गोद लेने की क्रिया ।

усыновля́ть (अपू०), **усынови́ть** (पू०) (भवि० усыновлю́, усынови́шь) दत्तक लेना ; बच्चा गोद लेना ।

усыпа́льница (स्त्री०) समाधि ; (एक ही परिवार के सदस्यो का) मकबरा ।

усыпа́ть (अपू०), **усы́пать** (पू०) (भवि० усы́плю, усы́плешь) (रेत आदि) बुरकना ; डालना ।

усыпи́тельн||ый (वि०) निद्राकारी ; निद्रा लानेवाला ; —ое сре́дство निद्रा लानेवाली दवा ।

усыпи́ть दे० усыпля́ть.

усыпле́ние (नपुं०) सुलाने की क्रिया ; सम्मोहन-क्रिया ; हिपनोटिज्म ।

усыпля́ть (अपू०), **усыпи́ть** (पू०) (भवि० усыплю́, усыпи́шь) सुलाना ; लोरी देकर/गाना सुनाकर सुलाना ; सम्मोहन करना ; हिपनोटिज्म करना ।

усыха́ть (अपू०), **усо́хнуть** (पू०) सूखना ; सूखकर सिकुड़ जाना ।

ута́ивать (अपू०), **утаи́ть** (पू०) १. छिपाना ; у. пра́вду सत्य छिपाना ; २. गुप्त रखना ; у. докуме́нты दस्तावेज़ गुप्त रखना ।

ута́йка (स्त्री०) छिपाने की क्रिया ।

ута́пливать (अपू०), **утопи́ть** (पू०)

(भवि० утоплю́, уто́пишь) अच्छी तरह तपाना ; गर्म करना ; у. молоко́ दूध गर्म करना ।

ута́птывать (अपू०), **утопта́ть** (पू०) (भवि० утопчу́, уто́пчешь) (पाँव से) रौदना ; कुचलना ; у. тра́ву पाँव से घास रौदना ।

ута́скивать (अपू०), **утащи́ть** (पू०) १. (घसीटकर) ले जाना ; २. चुराना ।

у́тварь (स्त्री०) (समू०) सामान ; дома́шняя у. घरेलू चीजे ।

утверди́тельн||о (क्रि० वि०) 'हाँ' मे ; स्वीकारात्मक रूप से ; отвеча́ть у. 'हाँ' में उत्तर देना ; **—ый** (वि०) स्वीकारसूचक ; у. отве́т स्वीकारसूचक उत्तर/'हाँ' मे उत्तर ।

утвержда́ть (अपू०), **утверди́ть** (पू०) (भवि० утвержу́, утверди́шь) १. (केवल अपू०) दृढतापूर्वक कहना ; निश्चयपूर्वक कहना ; बलपूर्वक कहना ; ज़ोर देकर कहना , он утвержда́ет, что он невино́вен वह दृढतापूर्वक कहता है कि वह अपराधी नही है ; २. स्वीकृति प्रदान करना ; मजूरी देना ; प्रमाणित करना ; ३ पक्का करना ; दृढीकरण करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी स्थिति दृढ करना , दृढनिश्चय होना ; २. утверждать का कर्मवाच्य ।

утвержде́ние (नपु०) १. दृढतापूर्वक/निश्चयपूर्वक कहने की क्रिया , २. मजूरी , स्वीकृति ; ३. दृढीकरण ।

у́текать (अपू०), **утечь** (पू०) (भवि० утеку́, утечешь) बह जाना ; चू जाना ।

утёнок (पु०) बत्तख का बच्चा ।

утепле́ние (नपु०) (मकान आदि को) गर्माने/गर्मी पहुँचाने की क्रिया ।

утепля́ть (अपू०), **утепли́ть** (पू०) (मकान को) गर्माना ; गर्मी पहुँचाना ।

утере́ть(ся) दे० утира́ть(ся).

утерп||е́ть (पू०) (утерплю́, утерпишь) अपनेआप को रोकना/संयत रखना ; тру́дно у. अपनेआप को सयत रखना बड़ा कठिन है ; он не —ел, что́бы не сказа́ть वह यह कहे बिना न रह सका ।

утеря́ (स्त्री०) हानि ; नुकसान ।

утеря́ть (पू०) खोना ; у. бума́ги काग़ज़ खोना ।

утёс (पु०) चट्टान ; **—истый** (वि०) चट्टानों से पूर्ण ; चट्टानोंवाला ।

уте́ха (स्त्री०) प्रसन्नता ; आनन्द ; तृप्ति ; सान्त्वना ।

уте́чка (स्त्री०) चूना ; टपकना ; बाहर निकलना ।

уте́чь दे० утека́ть.

утеша́ть (अपू०), **уте́шить** (पू०) आश्वासन/सान्त्वना देना ; ढाढ़स देना ; तसल्ली देना ; у. себя́ अपनेआप को सान्त्वना देना/तसल्ली देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को सान्त्वना देना ; २. सान्त्वना पाना ।

утеш||е́ние (नपु०) सान्त्वना ; ढाढस ; **—и́тель** (पु०) सान्त्वना देनेवाला ; ढाढस देनेवाला ; **—и́тельный** (वि०) सान्त्वना देनेवाला ; ढाढ़स देनेवाला ; **—и́ть** दे० утеша́ть.

утилиз||а́ция (स्त्री०) उपयोगिता ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) उपयोग करना ।

утилит||ари́зм (पु०) उपयोगितावाद ; **—а́рность** (स्त्री०) उपयोगिता ; **—а́рный** (वि०) उपयोगितावादीय ।

утиль (сырьё) (समू०) (केवल एकवचन) छीजन (जो और चीज़े बनाने के काम आ सके) ।

ути́ный (वि०) बत्तख का ।

утира́ть (अपू०), **утере́ть** (पू०) (भवि० утру́, утрешь) पोछना ; सुखाना ; у. пот с лица́ मुँह पर से पसीना पोछना ; у. себе́ нос नाक साफ करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को पोछना/सुखाना ; २. утира́ть का कर्मवाच्य ।

утиха́ть (अपू०), **ути́хнуть** (पू०) (शब्द का) बन्द होना ; धीमा होना ; (तूफान आदि का) शान्त होना ।

утихоми́ривать (अपू०), **утихоми́рить** (पू०) शान्त करना ; **—ся** (आत्म०) शान्त होना ।

ýтка (स्त्री०) **I.** बत्तख ; **II.** गप ; बेपर की बात ; मिथ्योक्ति ।

уткнýть (पू०) ढँकना ; छिपाना ; у. нос в книгу पुस्तक में नाक छिपाना ; у. лицó в воротни́к कालर में मुँह छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ; у. головóй в подýшку तकिये के नीचे सिर छिपाना ।

утконо́с (पुं०) बत्तख की तरह का एक पक्षी ।

ýтлый (वि०) भुरभुरा ।

утóк (पुं०) (कपड़े का) बाना ।

утоле́тние (नपुं०) प्यास बुझाने की क्रिया ; पिपासा-तृप्ति ; तृप्ति ; (पीड़ा) शमन/शान्त करने की क्रिया ।

утоли́ть दे० утоля́ть.

утолщáть (अपू०), **утолстúть** (पू०) (भवि० утолщý, утолстúшь) मोटा करना ; **—ся** (आत्म०) मोटा होना ।

утолще́ние (नपुं०) १. मोटा होने/करने की क्रिया ; २. मुटापा ।

утоля́ть (अपू०), **утоли́ть** (पू०) प्यास बुझाना ; (क्षुधा/भूख) तृप्त करना/मिटाना ; (पीड़ा) शमन/शान्त करना ; कम करना ।

утоми́тельн||о (क्रि० वि०) सश्रान्ति ; थकावट से ; **—ый** (वि०) क्लान्तिकर ; थकानेवाला ; —ая рабóта थकानेवाला काम ।

утоми́ть(ся) दे० утомля́ть(ся).

утомл||е́ние (नपुं०) थकावट ; **—ённый** (कृदन्त और वि०) क्लान्त ; श्रान्त ; थका हुआ ।

утомля́емость (स्त्री०) क्लान्ति ; श्रान्ति ; थकने का भाव ।

утомля́ть (अपू०), **утоми́ть** (पू०) (भवि० утомлю́, утоми́шь) थकाना ; у. себе́ глазá अपनी आँखें थकाना ; **—ся** (आत्म०) १. थकना ; अपनेआप को थकाना ; २. утомля́ть का कर्मवाच्य ।

утонýть दे० тонýть.

утончáть (अपू०), **утончúть** (पू०) बारीक करना ; у. нúтку धागा बारीक करना ; **—ся** (आत्म०) १. बारीक होना ; २. утончáть का कर्मवाच्य ।

утончённ||ость (स्त्री०) सूक्ष्मता ; बारीकी ; **—ый** १. утончáть से कृदन्त ; २. (वि०) सूक्ष्म ; बारीक ।

утончúть(ся) दे० утончáть(ся).

утопáть (अपू०), **утонýть** (पू०) १. = тонýть ; २. (केवल अपू०) लोटना ; खेलना ; у. в богáтстве वैभव में खेलना ; у. в крови́ खून से लथपथ होना ।

утопи́||зм (पुं०) स्वप्नलोकवाद ; **—ст** (पुं०), **—стка** (स्त्री०) स्वप्नलोकवादी ।

утопи́ть (पू०) १. दे० топи́ть ; २. दे० утáплывать.

утопи́ться दे० топи́ться.

утопи́ческий (वि०) कल्पना-विलासी ; स्वप्नदर्शी ।

утóпия (स्त्री०) कल्पनालोक ; स्वप्नलोक ।

утóпленн||ик (पुं०) डूबा हुआ पुरुष ; **—ица** (स्त्री०) डूबी हुई स्त्री ।

утоптáть दे० утáптывать.

утóр (पुं०) दाँता ; कटाव ; нарезáть —ы दाँते निकालना/दाँतेदार बनाना ।

уточне́ни||е (नपुं०) अन्वर्थ परिभाषा ; एकदम सही परिभाषा ; внести́ —я अन्वर्थ/एकदम सही परिभाषा देना ।

уточни́ть(ся) दे० уточня́ть(ся).

утóчный (वि०) (कपड़े के) बाने का ।

уточня́ть (अपू०), **уточни́ть** (पू०) निर्दिष्ट करना ; एकदम सही करना ; अन्वर्थ करना ; уточни́ть пýнкты договóра सन्धि की प्रत्येक बात निर्दिष्ट करना ; уточни́ть свéдение ठीक-ठीक पता लगाना ।

утра́ивать (अपू०), **утрóить** (पू०) तिगुना करना ; **—ся** (आत्म०) १. तिगुना होना ; २. утра́ивать का कर्मवाच्य ।

утрамбовáть, утрамбóвывать दे० трамбовáть.

утрáт||а (स्त्री०) हानि ; понестú —у हानि उठाना ।

утра́чивать (अपू०), **утра́тить** (पू०) (भवि० утра́чу, утра́тишь) खोना ; नष्ट होना ; магни́т утра́тил си́лу चुम्बक की शक्ति नष्ट हो चुकी है ।

у́тренн||ий (वि०) प्रात:काल का ; —ее вре́мя प्रात:काल ।

у́тренник (पुं०) १. (नाटक आदि का) प्रात:काल का शो/खेल ; २. प्रात:काल का पाला ।

утри́ровать (अपू० और पू०) (—рую) अतिरंजित/अतिशयोक्ति करके कहना ; बढा-चढाकर कहना ; नमक-मिर्च मिलाकर कहना ।

утрирóвка (स्त्री०) अतिरंजना ; अतिशयोक्ति ।

у́тр||о (नपुं०) प्रात: ; सुबह ; в дéвять часóв —á प्रात: नौ बजे ; с дóбрым —ом, дóброе у (प्रात:काल का अभिवादन) नमस्ते ; शुभप्रभातम् ।

утрóб||а (स्त्री०) १ गर्भाशय ; в —е мáтери माँ की कोख में ; २. पेट (मनुष्य) ।

утроéние (नपुं०) तिगुना करने की क्रिया ।

утрóить(ся) दे० утра́ивать(ся).

у́тром (क्रि० वि०) प्रात:काल ; सुबह ; сегóдня у आज प्रात:काल/आज सुबह ; зáвтра у. कल सुबह ।

утружда́ть (अपू०), **утруди́ть** (पू०) (भवि० утружу́, утруди́шь) कष्ट देना ; прости́те, что так утруди́л вас क्षमा कीजिए, आपको इतना कष्ट दिया ; **—ся** (आत्म०) कष्ट उठाना ।

утру́ска (स्त्री०) (लाने/ले जाने या एक पात्र से दूसरे पात्र में डालने में किसी चीज के भार में) कमी ।

утряса́ть (अपू०), **утрясти́** (पू०) (भवि० утрясу́, утрясёшь) १. (हिलाकर) भरना ; у. муку́ в мéшке (हिलाकर) बोरी में आटा भरना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) дорóгой меня́ совсéм утрясло́ в телéге रास्ते में गाड़ी पर हिचकोलों के कारण मेरा सारा शरीर हिल गया ; २. (बातचीत द्वारा) तय कर लेना ; мы э́тот вопрóс утрясём (बातचीत द्वारा) हम इस प्रश्न को तय कर लेंगे ।

утучня́ть (अपू०), **утучни́ть** (पू०) मोटा करना ; **—ся** (आत्म०) मोटा हो जाना ।

утыка́ть दे० уткну́ть.

утю́г (पुं०) (कपडों पर करने का) लोहा ; इस्तरी ।

утю́жить (अपू०), **вы́утюжить** (पू०) (कपड़ों पर) लोहा करना ; इस्तरी करना ।

утю́жка (स्त्री०) (कपड़ों पर) लोहा करने की क्रिया ।

утяжели́ть (पू०) भारी होना ।

уф (विस्मय०) उफ !

ух (विस्मय०) ओह !

уха́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) मछली का शोरबा ।

уха́б (पुं०) (सड़क का) गड्ढा ; खड्ड ।

уха́живание (नपुं०) १. (रोगी या बच्चे की) देख-भाल ; परिचर्या ; तीमारदारी ; २. प्रणयचर्या ; विवाह के उद्देश्य से किसी स्त्री से मिलना-जुलना ।

уха́живать (अपू०) १. (रोगी, बच्चे की) देख-भाल करना ; परिचर्या करना ; २. प्रणयचर्या में संलग्न होना ; विवाह के उदेश्य से किसी स्त्री से मिलना-जुलना ।

у́хар||ский (वि०) दबंग ; बेधडक ; **—ство** (नपुं०) दबग व्यवहार ; **—ь** (पुं०) बेधड़क ; दबंग आदमी ।

у́хать (अपू०), **у́хнуть** (पू०) १ गरजना ; कडकना ; вдруг у́хнет гром एकाएक बिजली कड़की ; २. (केवल पू०) एक बार में हारना ; ३. (केवल पू०) खो जाना ।

ухва́т (पुं०) चिमटा ।

ухвати́ть (पू०) (भवि० ухвачу́, ухва́тишь) पकड़ना ; у. за́ руку हाथ से पकड़ना ; **—ся** (आत्म०) (за) पकड़ना ; —ся за перúла जंगले को पकड़ना ; —ся за слу́чай अवसर से लाभ उठाना ।

ухва́тка (स्त्री०) आचार-व्यवहार ; रीति-नीति ।

ухитря́ться (आत्म० अपू०), **ухитри́ться** (आत्म० पू०) चालाकी दिखाना ।

ухищре́ни||е (नपुं०) चालाकी ; पैंतरा ; несмотря́ на все —я सब चालाकियों के बावजूद ; हर तरह के पैंतरे बदलने पर भी ।

ухищря́ться (आत्म० अपू०) चालाकी दिखाना ; पैंतरा बदलना ।

ухло́п||ывать (अपू०), **ухло́пать** (पू०) १. वध करना ; हत्या करना ; २. नष्ट करना ; अपव्यय करना ; он —ал на э́то це́лый день उसने इस पर सारा दिन नष्ट कर दिया ।

ухмыля́ться (आत्म० अपू०), **ухмыльну́ться** (आत्म० पू०) दाँत निपोरना ।

у́хнуть दे० у́хать.

у́хо (नपुं०) (बहु० у́ши) कान ; □ говори́ть кому́-л на́ у. किसी के कान में कहना ; держа́ть у. востро́ चौकन्ना रहना ; в одно́ у. вошло́, в друго́е вы́шло एक कान से सुनी दूसरे से निकाल दी ; он и —ом не ведет वह बिल्कुल परवाह नहीं करता ; затыка́ть у́ши कान बन्द करना ; навостри́ть у́ши कान खड़े करना ; пропуска́ть ми́мо ушей अनसुनी करना ।

ухо́д (पुं०) **I.** १. प्रस्थान ; रवानगी ; пе́ред са́мым —ом जाने से ठीक पहले ; **II.** (रोगी की) परिचर्या ; देख-भाल ; в э́том санато́рии хоро́ший у за больны́ми इस आरोग्य-सदन में रोगियों की अच्छी देख-भाल होती है ।

уходи́ть (अपू०), **уйти́** (पू०) (वर्त० ухожу́, ухо́дишь ; भवि० уйду́, уйдешь) १. चले जाना ; स्थान छोड़ना ; प्रस्थान करना ; (समय का) बीतना ; गुजरना ; у. с рабо́ты काम छोड़ना ; у. в отста́вку सेवा-निवृत्त होना/नौकरी से अवकाश ग्रहण करना ; у. с поста́ पद छोड़ना ; мо́лодость ухо́дит यौवन बीत जायेगा ; вре́мя ещё не ушло́ अभी समय है ; २. (केवल अपू०) बचना ; от э́того не уйдешь तुम इससे बच नहीं सकते ; ३. खर्च होना ; все си́лы ухо́дят на э́то इस पर सारी शक्ति खर्च होती है ; □ уйти́ ни с чем खाली हाथ जाना ; कुछ न मिलना ।

уходи́ться (आत्म० पू०) थक जाना ।

ухудша́ть (अपू०), **уху́дшить** (पू०) अधिक खराब करना ; और बिगाड़ देना ; сы́рая пого́да уху́дшила состоя́ние больно́го मौसम ने रोगी की हालत को और बिगाड़ दिया ; **—ся** (आत्म०) १. अधिक खराब होना ; बिगड़ना ; его́ здоро́вье уху́дшилось उसका स्वास्थ्य और भी बिगड़ गया ; २. ухудша́ть का कर्मवाच्य ।

ухудше́ние (नपुं०) (रोग, स्थिति आदि का) और बिगड जाना ; у. отноше́ний सम्बन्धों का बिगड़ जाना ।

уху́дшенный १. ухудша́ть से कृदन्त ; २. (वि०) बिगड़ा हुआ ।

уху́дшить(ся) दे० ухудша́ть(ся).

уцеле́||ть (पू०) बाल-बाल बचना ; कोई चोट न खाना ; बचना ; дом —л при пожа́ре घर आग से बच गया ।

уцепля́ться (आत्म० अपू०), **уцепи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० уцеплю́сь, уцепи́шься) मजबूती से पकड लेना ; चिपट जाना ; па́дая он уцепи́лся за перила गिरते हुए उसने जंगले को मजबूती से पकड लिया ।

уча́ствовать (अपू०) (—ствую) १. भाग लेना ; हिस्सा लेना ; у. в голосова́нии चुनाव में भाग लेना ; २. у. в расхо́дах खर्च का हिस्सा देना ।

уча́стие (नपुं०) (केवल एकवचन) १. भाग ; हिस्सा ; принима́ть у. भाग लेना ; २. सहानुभूति ; दिलचस्पी ; принима́ть у. в ком-л. किसीमें दिलचस्पी लेना ।

участи́ть(ся) दे० учаща́ть(ся).

уча́стковый (वि०) १. ज़िले का ; २. (क्रान्ति-पूर्व) ज़िला-पुलिस-अफसर ।

уча́стлив||ый (वि०) सहानुभूतिपूर्ण ; समवेदनात्मक ; прояви́ть —ое отноше́ние सहानुभूति दिखाना ।

уча́стник (पुं०) भागी ; हिस्सेदार ; सहकर्मी ; सहापराधी ; (प्रतियोगिता में) भाग लेनेवाला ; он у. граждáнской войны́ उसने गृहयुद्ध में भाग लिया था ।

уча́ст||ок (पुं०) १. भूखंड ; (छोटा-सा) टुकड़ा ; खंड ; дели́ть на —ки खंडों में विभाजित करना ; २. (ऊपर का) भाग ; поражённые

—ки ко́жи चमड़ी के रोगान्वित हिस्से/त्वचा के वे हिस्से जिन पर रोग का असर हो गया हो ; ३. जिला ; ४. (क्रान्तिपूर्व) थाना ।

у́част||ь (स्त्री०) भाग्य ; подчиня́ться свое́й —и अपने भाग्य के वश में होना ।

учаща́ть (अपू०), **участи́ть** (पू०) (भवि० учащу́, участи́шь) आवृत्ति बढाना ; **—ся** (आत्म०) आवृत्ति बढना ; अधिक बार (घटित) होना ।

уча́щаяся (स्त्री०) छात्रा ।

учащённый १. учаща́ть से कृदन्त ; २. (नाडी आदि की गति) तीव्र , तेज ।

уча́щийся : १. учи́ться से कृदन्त ; २. विद्यार्थी , छात्र ।

учёба (स्त्री०) अध्ययन ।

учёбн||ик (पुं०) पाठ्य पुस्तक ; प्रथम पुस्तक ; **—ый** (वि०) पढ़ाई का ; शैक्षिक ; शिक्षा-सम्बन्धी ; स्कूल का ; —ый год शिक्षा-वर्ष/पढाई का साल ; —ое вре́мя पढाई का समय ; —ый план निर्धारित पाठ्य क्रम ; —ый предме́т विषय ; —ая кни́га पाठ्य पुस्तक ; —ое су́дно प्रशिक्षण-पोत/ट्रेनिंग-जहाज ।

учёни||е (नपुं०) १. शिक्षा ; го́ды —я शिक्षा के वर्ष , ко́нчить у शिक्षा समाप्त करना ; २. शिक्षा देने की क्रिया ; ३ (सेना०) अभ्यास ; कवायद ; ४. सीख ; उपदेश ; सिद्धान्त ; मान्यता ।

учен||и́к (पुं०), **—и́ца** (स्त्री०) (स्कूल आदि का) छात्र/छात्रा ; शिष्य/शिष्या ; शिक्षु/शिक्षुणी ; **—и́ческий** (वि०) १. ученик से वि० ; २. अनिपुण ; अकुशल ; अनाड़ी ।

учени́чество (नपुं०) (केवल एकवचन) शिक्षुता ; छात्रावस्था ; शागिर्दी ।

учён||ость (स्त्री०) पांडित्य ; विद्वत्ता ; **—ый** (वि०) १. पंडित ; विद्वान ; २. वैज्ञानिक ; —ый комите́т वैज्ञानिक समिति ; —ое о́бщество वैज्ञानिक समाज ; ३ शिक्षित ; ४. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) वैज्ञानिक ; पंडित ; विद्वान ।

учéсть दे० учи́тывать.

учёт (पुं०) (केवल एकवचन) १. गणना ; вести́ у. गणना करना ; २. प्रविष्टि ; इन्दराज ; रजिस्टर में दर्ज करना ; сниматься с —а रजिस्टर में से काट दिया जाना ; ३. छूट ; मिती-काटा ।

учетверённый १. учетверя́ть से कृदन्त ; २. (वि०) चौगुना ।

учетверя́ть (अपू०), **учетвери́ть** (पू०) चौगुना करना ; **—ся** (आत्म०) १. चौगुना होना ; २. учетверя́ть का कर्मवाच्य ।

учётн||ый (वि०) १. учет से वि० ; у. стол पंजीयन-विभाग/रजिस्ट्री-विभाग ; —ая ка́рточка पंजीयन-पत्र / रजिस्ट्री-फार्म ; २. छूट / मितीकाटा-सम्बन्धी ।

учи́лище (नपुं०) विद्यालय ; स्कूल ; कालिज ।

учиня́ть (अपू०), **учини́ть** (पू०) करना ; बनाना ; у распра́ву कडी सजा देना ; у. па́кость кому́-л. किसीसे नीचता का व्यवहार करना ।

учи́тель (पुं०) अध्यापक ; शिक्षक ; шко́льный у. स्कूल का अध्यापक ; у. ру́сского языка́ रूसी भाषा का अध्यापक / शिक्षक ; **—ница** (स्त्री०) अध्यापिका ; **—ская** (स्त्री०) (वि० रू०) अध्यापको का कमरा ; **—ский** (वि०) अध्यापक/शिक्षक का ; —ский съезд अध्यापक-सम्मेलन ; **—ство** (नपुं०) (केवल एकवचन) (समू०) १. अध्यापकगण ; २. अध्यापन कार्य ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) अध्यापक होना ; अध्यापन-कार्य करना ।

учи́тывать (अपू०), **учéсть** (पू०) (भवि० учту́, учтешь) १ ध्यान में रखना ; учи́тывая ध्यान में रखते हुए ; не у. ध्यान में न रखना ; २. हिसाब में गिन लेना ; ३. (हुंडी का) मिती-काटा करना ।

учи́ть (अपू०) १. पढ़ाना ; शिक्षा देना ; सिखाना ; у. кого́-л. чему́-л. किसीको कुछ पढ़ाना/सिखाना ; २. पढ़ना ; शिक्षा पाना ; सीखना ; у. наизу́сть कंठस्थ करना / मुंहजबानी याद करना ; **—ся** (आत्म०) १. पढ़ना ; सीखना ; —ся чита́ть पढ़ना सीखना ; —ся ру́сскому языку́ रूसी भाषा सीखना/पढ़ना ; —ся портно́вскому

де́лу дर्जीगीरी सीखना ; २. शिक्षा पाना ; —ся в университе́те विश्वविद्यालय में शिक्षा पाना ।

учреди́тель (पु०), **—ница** (स्त्री०) संस्थापक/संस्थापिका ; **—ный** (वि०) संविधान- ; संविधायी ; विधान-निर्मात्री ; —ное собра́ние संविधान-सभा ।

учрежда́ть (अपू०), **учреди́ть** (पू०) (भवि० учрежу́, учреди́шь) स्थापित करना ; बनाना ; у. коми́ссию आयोग बनाना/स्थापित करना ।

учрежде́ние (नपु०) १. स्थापना ; स्थापित करने की क्रिया ; २. संस्था ।

учти́в||ость (स्त्री०) शिष्टता ; **—ый** (वि०) शिष्ट ।

учу́ять (पू०) सूँघना ; у зáпах गन्ध सूँघना ।

ушáстый (वि०) लम्बकर्ण ; बड़कन्ना ; बडे कानों-वाला ।

ушáт (पु०) बाल्टी ; на него́ как бу́то вы́лили у. хо́лодной воды́ उसपर मानों ठडे पानी की बाल्टी उँडेल दी गयी ।

у́ши दे० у́хо का बहु० ।

уши́б (पु०) चोट ; आघात ।

ушиба́ть (अपू०), **ушиби́ть** (पू०) आघात करना ; चोट करना ; **—ся** (आत्म०) १. चोट खाना ; २. ушиба́ть का कर्मवाच्य ।

ушива́ть (अपू०), **ши́ть** (पू०) (भवि० ушью́, ушьёшь) सी देना ; चारो ओर से सी देना ।

у́шко́ (नपु०) **I.** у́хо का अल्प० □ у него́ у́шки на маку́шке वह बड़ा चौकन्ना/सतर्क है ; **II.** १ नक्का ; सुई का छेद ; २. जूते का तस्मा/फीता ।

ушку́йник (पु०) (प्राचीन रूस मे) डाकुओ का सरदार ।

ушн||и́к (पु०) कानों का डाक्टर ; **—о́й** (वि०) कर्ण- ; कान-सम्बन्धी ; —áя боль कान का दर्द ।

ущéлье (नपु०) दर्रा ; करिका ; पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग ।

ущем||и́ть दे० ущемля́ть ; **—ле́ние** (नपु०) १. (किसी औज़ार से) जकड़ लेने की क्रिया ; २. किसीके स्वाभिमान को ठेस/चोट पहुँचाने की क्रिया ।

ущемля́ть (अपू०), **ущеми́ть** (पू०) (भवि० ущемлю́, ущеми́шь) १. (किसी औज़ार से) जकड लेना ; भींचना ; у. па́лец उँगली भीचना ; २. हानि पहुँचाना ; आघात करना ; у. чьи-л. права́ किसीके अधिकारो पर आघात करना ; ३. स्वाभिमान को ठेस/चोट पहुँचाना ।

ущéрб (पु०) (केवल एकवचन) हानि ; क्षति ; наноси́ть у. हानि पहुँचाना ; понести́ у. हानि उठाना ।

ущипну́ть दे० щипа́ть.

ую́т (पु०) सुख ; आराम ।

ую́тн||о (क्रि० वि०) सुख से ; आराम से ; **—ый** (वि०) सुखद ; सुखकर ; आरामदेह ।

уязви́м||ость (स्त्री०) भेद्यता ; **—ый** (वि०) भेद्य ; घाव पहुँचाने/आघात करने योग्य ।

уязви́ть दे० уязвля́ть.

уязвле́ние (नपु०) दंशन ; डंक मारने/आघात करने की क्रिया ।

уязвля́ть (अपू०), **уязви́ть** (पू०) (भवि० уязвлю́, уязви́шь) १. डंक मारना ; काटना ; २. आघात करना ।

уясне́ние (नपु०) समझना ; अर्थ ग्रहण करना ।

уясня́ть (अपू०), **уясни́ть** (पू०) १ (शब्द себе́ या बिना इस शब्द के प्रयुक्त) समझना ; अर्थ ग्रहण करना ; २. (किसी दूसरे को) समझाना ; स्पष्टीकरण करना ।

*

Ф

фабзавко́м (фабри́чно-заводско́й комите́т) कारखाना/फैक्टरी-समिति ।

фабко́м (фабри́чный комите́т) = фабзавко́м.

фа́брик||а (स्त्री०) फैक्टरी ; कारखाना ; मिल ; суко́нная ф कपड़ा-मिल ; **—а́нт** (पु०) फैक्टरी-मालिक ; कारखाने का मालिक ; **—а́т** (पु०) फैक्टरी में निर्मित वस्तुएँ ; **—а́ция** (स्त्री०) उत्पादन ; —а́ция су́кон कपड़े का उत्पादन ।

фабрикова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —ку́ю) (केवल अपू०) (माल) तैयार करना ; उत्पादन करना ।

фа́брить (अपू०), **на—** (पू०) (मूँछें आदि) रँगना ।

фабри́чн||ый (वि०) фа́брика का वि० ; ф. рабо́чий फैक्टरी-मजदूर ; —ая труба́ फैक्टरी की चिमनी ; —ое произво́дство फैक्टरी का उत्पादन ।

фа́була (स्त्री०) कथानक ; कथा-वस्तु ।

фавн (पु०) किन्नरों के सदृश एक देवता ।

фаво́р (पु०) (केवल एकवचन) अनुग्रह ; कृपा ; **—и́т** (पु०) कृपा-पात्र ; **—изм** (पु०) कृपा-भाव ; पक्षपात ; **—и́тка** (स्त्री०) कृपा-पात्र ।

фагóт (पु०) अलगोज़ा (एक प्रकार की बाँसुरी) ; **—и́ст** (पु०) अलगोजा बजानेवाला ।

фа́з||а (स्त्री०) १. अवस्था ; पक्ष ; २. (भौ०) कला ; —ы луны́ चन्द्रमा की कलाएँ ३. (टेक०) कोण ।

фазáн (पु०) तीतर ; मनाल ।

фа́зис = фа́за.

фа́зный (वि०) (भौ०) कला-; (टेक०) कोण का ।

фазóметр (पु०) (भौ०) कलामापी ।

фай (पु०) एक प्रकार का रेशम ।

фа́кел (पु०) दीपिका ; मशाल ; टार्च ।

фа́кель||ный (वि०) दीपिका/मशाल-सम्बन्धी ; **—щик** (पु०) ज्योतिधर ; मशालची ।

факи́р (पु०) फकीर ।

факси́миле (नपु०) प्रतिलिपि ; नकल ; नमूना ।

факт (पु०) तथ्य ; वास्तविकता ; соверши́вшийся ф. सिद्ध तथ्य/जीवन्त तथ्य ; приводи́ть —ы तथ्य सामने रखना/ठीक-ठीक वर्णन करना ; **—и́чески** (क्रि० वि०) वास्तव में ; सचमुच ; **—и́ческий** (वि०) वास्तविक ; —и́ческое положе́ние де́ла वस्तु-स्थिति ; वास्तविक स्थिति ।

фа́ктор (पु०) (छपाई-सम्बन्धी) १. (छापेखाने में) फोरमैन ; २. (गणित) गुणनखंड ।

факто́рия (स्त्री०) फैक्टरी ।

факто́тум (पु०) १. सब प्रकार का काम करनेवाला नौकर (पीर-बावर्ची-भिश्ती-खर) ।

фактýра (स्त्री०) १. बीजक ; बिल ; २. (संगीत/चित्रकला-सम्बन्धी) रचना ; तर्ज़-अदा ।

факультати́вный (वि०) ऐच्छिक ; वैकल्पिक ; ф. учéбный предмéт ऐच्छिक/वैकल्पिक विषय ।

факульте́т (पु०) (विश्वविद्यालय का) संकाय ; विभाग ; **—ский** (वि०) факульте́т से वि० ।

фал (पु०) (नौचालन०) हाँजा (पाल उठाने या नीचा करने का रस्सा) ।

фала́нга (स्त्री०) १. सशस्त्र सैनिकों का संगठित दल ; २. (शरीर-रचना०) अंगुलास्थि (छोटी हड्डी) ।

фа́лда (स्त्री०) (कोट आदि का) लटकता हुआ पिछला पल्ला ।

фа́линь (पु०) पागर (नाव के अग्रभाग पर बँधा रस्सा) ।

фаллúческий (वि०) लिंगपूजन-सम्बन्धी ।

фа́ллос, фа́ллус (पु०) लिंगपूजन ।

фалре́п (पु०) (नौचालन०) पासा सीढ़ी (पोत पर चढ़ने की रस्से की सीढ़ी) ।

фальсифи||ка́тор (पु०) प्रवंचक ; जालसाज ;

кáпетъ ; мілаватъ карневаіа ; —**ка́ция** (स्त्री०) प्रवंचना ; जालसाजी ; कपट ; मिलावट ; —**ци́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) (किसी चीज़ में) मिलावट करना ; (दस्तावेज़ आदि) जाली बनाना ; —ци́ровать ма́сло तेल में मिलावट करना ; —ци́ровать свиде́тельские показа́ния झूठे गवाह तैयार करना ।

фальц (पुं०) (टेक०) १. गहरी धारी ; २. तह ।

фальцева́льн||ый (वि०) : —ая маши́на (छपाई-सम्बन्धी) तह करने की मशीन ।

фальцева́ть (अपू०) (—цу́ю) १. गहरी धारियाँ बनाना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) तह करना ।

фальцо́в||ка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) तह करने की क्रिया ; —**щик** (पुं०), —**щица** (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) तह करनेवाला/वाली ।

фальши́вить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० фальши́влю, фальши́вишь) १. प्रवंचना/छल करना ; २. बेताल/बेसुर गाना ।

фальши́вка (स्त्री०) जाली दस्तावेज ।

фальшивомоне́тчик (पुं०) जाली सिक्के बनानेवाला ।

фальши́в||ый (वि०) जाली ; बनावटी ; नकली ; —ые во́лосы नकली बाल ; —ые зу́бы नकली दाँत ; —ая моне́та जाली सिक्का ।

фальшь (स्त्री०) (केवल एकवचन) जालीपन ; नक़ल ; छल ; पाखंड ।

фами́лия (स्त्री०) उपनाम ; как его́ ф. ? उसका उपनाम क्या है ?

фами́льн||ый (वि०) पारिवारिक ; परिवार-सम्बन्धी ; —ые драгоце́нности परिवार के हीरे-जवाहिर ।

фамилья́рн||ичать (अपू०) (किसीके साथ) बेतकल्लुफ हो जाना ; खुल जाना ; —**о** (क्रि० वि०) बेतकल्लुफी से ; —**ость** (स्त्री०) बेतकल्लुफी ; —**ный** (वि०) बेतकल्लुफ ।

фанабе́рия (स्त्री०) उद्दंडता ।

фанати́зм (पुं०) धर्मान्धता ; मतान्धता ।

фана́||тик (पुं०) धर्मान्ध ; मतान्ध ; —**ти́ческий** (वि०) धर्मान्ध ; —**ти́чность** (स्त्री०) धर्मान्धता ; मतान्धता ।

фанда́нго (नपुं०) फन्दांगो (एक प्रकार का नृत्य) ।

фане́р||а (स्त्री०) प्लाइवुड (एक प्रकार की तहदार लकड़ी) ; —**ный** (वि०) प्लाइवुड का ।

фа́нза́ (स्त्री०) मुलायम रेशम का कपड़ा ।

фантазёр (पुं०), —**ка** (स्त्री०) स्वप्नदर्शी/-दर्शिनी ; कल्पनाविलासी/-विलासिनी ; हवाई क़िले बनानेवाला/वाली ।

фантази́ровать (अपू०), **с—** (वर्त० —рую) १. (केवल अपू०) स्वप्न देखना ; हवाई किले बनाना ; २. झूठ बोलना ।

фанта́зия (स्त्री०) १. कल्पना ; अनुमान ; २. सनक ; झक ; वहम ; ему́ пришла́ в го́лову ф. उसे सनक सवार हो गयी ।

фанта́ст (पुं०) स्वप्नदर्शी ; कल्पनाविलासी ; हवाई किले बनानेवाला ; —**и́ческий** (वि०) काल्पनिक ; —**и́чность** (स्त्री०) अवास्तविकता ; —и́чный = фантасти́ческий.

фанто́м (पुं०) छाया ; प्रेत ।

фанфа́ра (स्त्री०) १. तुरही ; २. दुन्दुभी ; बिगुल ।

фанфаро́н (पुं०) दम्भी ; शेखीखोरा ; आत्मप्रशंसक ; —**а́да** (स्त्री०) दम्भ ; आत्मप्रशंसा ; शेखी ; —**ить** (अपू०) शेखी बघारना ; आत्मश्लाघा/आत्मप्रशंसा करना ; —**ство** (नपुं०) दम्भ ; आत्मश्लाघा ; आत्मप्रशंसा ; शेखी ।

цеди́ть (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० цежу́, цеди́шь) छानना ; फिल्टर करना ; □ ц. слова́, ц сквозь зу́бы दाँत भीचकर बोलना ।
цéдра (स्त्री०) (केवल एकवचन) सूखे फल का छिलका ; лимо́нная ц. नीबू का सूखा छिलका ।
цези́й (पु०) (रस०) सीज़ियम ।
цезу́р||а (स्त्री०) (छन्द में) यति ; **—ный** (वि०) (छन्द में) यति का ; यति-विषयक ।
цейло́нский (वि०) श्रीलंका (देश) का ; ц. чай श्रीलंका (देश) की चाय ।
цейхга́уз (पु०) (सेना०) गोदाम ।
целе́бн||ость (स्त्री०) स्वास्थ्यकारिता ; लाभप्रदता ; **—ый** (वि०) स्वास्थ्यकर ; लाभप्रद ; —ая трава́ जड़ी-बूटी ; —ое сре́дство स्वास्थ्यकर ओषधि ।
целев||о́й (वि०) विशेष उद्देश्य के लिए ; —а́я установка लक्ष्य/उद्देश्य ।
целесообра́зн||ость (स्त्री०) उपयुक्तता ; **—ый** (वि०) उपयुक्त ; मुनासिब ।
целеустремлённ||ость (स्त्री०) सोद्देश्यता ; उद्देश्य की स्पष्टता ; **—ый** (वि०) सोद्देश्य ; स्पष्ट उद्देश्यवाला ।
целиба́т (पु०) कौमार्य ; कुँवारापन ; अविवाहित जीवन ।
цели́к (पु०) १. स्तम्भ ; मीनार ; २. (सेना०) लक्ष्य ।
целико́м (क्रि० वि०) पूर्णरूपेण ; पूर्णतः ; पूरी तरह से ।
целина́ (स्त्री०) परती भूमि ; अकृष्ट भूमि ; по́днятая ц. कृषि-योग्य भूमि/अकृष्ट भूमि ।
цели́тельн||ость (स्त्री०) आरोग्यकारिता ; **—ый** (वि०) आरोग्यकर ; स्वास्थ्यप्रद ; —ый во́здух स्वास्थ्यप्रद वायु ।
це́лить(ся) (आत्म० अपू०) लक्ष्य बाँधना ; निशाना बाँधना ।
целко́вый (पु०) (वि० रू०) एक रूबल ।
целлулóза = целлюлóза.
целлулóид (पु०) सेल्युलाइड ।
целлюлóза (स्त्री०) सेल्युलोज़ ।
целова́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त०—лу́ю) चुम्बन करना ; चूमना ; ц. в гу́бы किसीके ओठों का चुम्बन करना/किसीके ओठ चूमना ; **—ся** (आत्म०) (परस्पर) चुम्बन करना ।
це́лое (नपु०) १. समग्र ; सकल ; पूर्ण ; ц. и ча́сти पूर्ण और अंश ; в о́бщем и це́лом समग्रतः २. (गणित) पूर्ण संख्या ।
целому́дренн||ость (स्त्री०) ब्रह्मचारिता ; शीलवत्ता ; **—ый** (वि०) ब्रह्मचारी ; शीलवान् ।
целому́дрие (नपु०) ब्रह्मचर्य ; शील ।
це́лостн||ость (स्त्री०) सम्पूर्णता ; **—ый** (वि०) सम्पूर्ण ।
це́лост||ь (स्त्री०) पूर्णता ; अखंडता ; в —и अखंड ; साबुत ।
цел||ый (वि०) १. अक्षत ; समूचा ; सही-सलामत ; साबुत ; ча́шка —á प्याला साबुत है ; цел и невреди́м सही-सलामत ; २. पूर्ण ; सारा ; पूरा ; तमाम ; ц. го́род सारा शहर ; —ая дю́жина पूरी दर्जन ; ц. час पूरा घंटा ; прошло́ —ых 10 дней (с) पूरे दस दिन हो गये ; —ые чи́сла (गणित) पूर्ण संख्याएँ ।
цель (स्त्री०) लक्ष्य ; उद्देश्य ; не попа́сть в ц. लक्ष्य से चूकना ; с —ю, в це́лях (-ке) उद्देश्य से ; дости́чь це́ли उद्देश्य-पूर्ति करना ।
це́льн||ый (वि०) १. पूर्ण ; शुद्ध ; अखंड ; अक्षत ; साबुत ; २. (व्यक्ति) सहृदय ; हार्दिक ; □ —ое молоко́ शुद्ध/खालिस दूध ; —ое вино́ शुद्ध शराब ।
Це́льси||й (पु०) : термо́метр —я सेंटीग्रेड थर्मामीटर ; де́сять гра́дусов —я दस दर्जे सेंटीग्रेड ।
цеме́нт (पु०) सिमेंट ; **—ный** (वि०) सिमेंट का ।
цен||а́ (स्त्री०) मूल्य ; दाम ; भाव ; твёрдая ц. एक दाम ; по высо́кой —е́ महँगे दामों पर ; сниже́ние цен मूल्य में कमी ; любо́й —о́й किसी भी मूल्य पर ।

ценз (पु॰) योग्यता ; अधिकार ; избира́тельный ц. मताधिकार ; образова́тельный ц. शैक्षिक योग्यता ; иму́щественный ц. साम्पत्तिक योग्यता ।

це́нзор (पु॰) सेंसर ।

цензу́ра (स्त्री॰) सेंसरी ।

цени́тель (पु॰), **—ница** (स्त्री॰) पारखी ; मूल्य आँकनेवाला ; कद्रदान ।

цени́ть (अपू॰), **о—** (पू॰) परखना ; मूल्याकन करना ; मूल्य का अनुमान करना ; ц. в сто рубле́й सौ रूबल मूल्य आँकना ; низко́ ц. कम मूल्य आँकना ; **—ся** (आत्म॰) १. मूल्यांकन किया जाना ; मूल्य होना ; २. цени́ть का कर्मवाच्य ।

це́нн||ость (स्त्री॰) १. (केवल एकवचन) मूल्य ; э́то представля́ет большу́ю ц इसका बडा मूल्य है ; २. बहुमूल्य द्रव्य ; **—ый** (वि॰) मूल्यवान ; बहुमूल्य ; □ —ая посы́лка रजिस्ट्री किया हुआ पार्सल ; —ые бума́ги हुंडी आदि ।

цент (पु॰) (सिक्का) सेंट ।

цента́вр = кента́вр.

центигра́мм = сантигра́мм.

центиме́тр = сантиме́тр.

це́нтнер (पु॰) सेंटनर (५० किलोग्राम); हंडरवेट ।

центр (पु॰) केन्द्र ; ц. тя́жести (भौ॰) गुरुत्वकेन्द्र ; ц. торго́вли व्यापार-केन्द्र ; культурный ц. सांस्कृतिक केन्द्र ।

центра́л (पु॰) (क्रान्ति-पूर्व) केन्द्रीय कारागार ; बड़ी जेल ।

централиза́ция (स्त्री॰) केन्द्रीयकरण ।

централи́зм (पु॰) केन्द्रीयकरण-नीति ।

централизова́ть (अपू॰ और पू॰) (—зу́ю) केन्द्रीयकरण करना ; केन्द्रीय शासन के अधीन करना ; केन्द्रस्थ करना ।

центра́льный (वि॰) केन्द्रीय ; ц. комите́т केन्द्रीय समिति ; —ое отопле́ние केन्द्रीय तापन-व्यवस्था ।

центрифу́га (स्त्री॰) (भौ॰) अपकेन्द्रित्र ।

центробе́жн||ый (वि॰) अपकेन्द्र- ; केन्द्रापसारी ; —ая си́ла अपकेन्द्र/केन्द्रापसारी शक्ति ।

центростреми́тельн||ый (वि॰) अभिकेन्द्र-; केन्द्राभिसारी ; —ая си́ла अभिकेन्द्र/केन्द्राभिसारी शक्ति ।

цеоли́т (पु॰) ज़िओलाइट (एक प्रकार की धातु) ।

цеп (पु॰) मूसल ।

цепене́ть (अपू॰), **по—** (पू॰) सुन्न हो जाना ; जम जाना ; अकड़ जाना ; ц. от хо́лода ठंड के मारे सुन्न हो जाना ।

це́пк||ий (वि॰) जकड़ लेनेवाला ; —ие ко́гти जकड़ लेनेवाले पंजे ; **—ость** (स्त्री॰) जकड़ ; पकड़ ; लसलसाहट ; —ость ко́шки बिल्ली की पकड़ ।

цепля́ться (आत्म॰ अपू॰) कसकर चिपटना ; चिपकना ।

цепно́й (वि॰) कड़ीदार ; जंजीरवाला ।

цепо́чка (स्त्री॰) (छोटी) ज़ंजीर ; फीता ; ц. для часо́в घड़ी की ज़ंजीर ।

цепь (स्त्री॰) शृंखला ; जंजीर ; कड़ी ; हथकडी ; (पाँव की) बेड़ी ; माला ; посади́ть на ц ज़ंजीर डालना ; го́рная ц पर्वत-शृंखला ।

церебра́льный (वि॰) मस्तिष्क-, मस्तिष्क-सम्बन्धी ।

церемониа́льный (वि॰) औपचारिक ; रस्मी ; ц. марш रस्मी परेड ।

церемо́ниться (आत्म॰ अपू॰) औपचारिकता बरतना/दिखाना ; तकल्लुफ करना ।

церемо́н||ия (स्त्री॰) उपचार ; तकल्लुफ़ ; दिखावा ; रस्म ; без —ий अनौपचारिक रूप से ।

церемо́нность (स्त्री॰) औपचारिकता ; तकल्लुफ ।

це́рий (पु॰) (रस॰) सीरियम ।

церко́вный (वि॰) це́рковь से वि॰ ; ц. двор चर्च/गिरजे का सहन ।

це́рковь (स्त्री॰) चर्च ; गिरजा ।

цесаре́вич (पु॰) ज़ार का युवराज ; ज़ार का बड़ा बेटा ।

цеса́рка (स्त्री॰) चीनी मुर्गी ।

цех (पुं०) १. कारख़ाने का अनुभाग ; начáльник —а अनुभाग-अधीक्षक ; литéйный ц. ढलाई-अनुभाग ; २. (शिल्पी) संघ ; निगम ।

цехово́й (वि०) цех से वि० ।

цеце́ (नपुं०) त्सेत्से (अफ़्रीका देश की एक प्रकार की मक्खी जिसके काटने से घोड़े बीमार हो जाते हैं) ।

цивилиза́||тор (पुं०) सभ्य बनानेवाला ; **—ция** (स्त्री०) सभ्यता ।

цивилизова́ть (अपू० और पू०) (—зу́ю) सभ्य बनाना ; **—ся** (आत्म०) सभ्य बनना ।

циви́льный (वि०) असैनिक ; सिविल ; ц. лист असैनिक अधिकारियों की सूची (अंग्रेज़ी—सिविल लिस्ट) ।

цикл (पु०) चक्र ।

цикли́ческий (वि०) चक्रीय ; चक्रवत् होनेवाला ।

цикло́н (पुं०) बवंडर ; तूफ़ान ।

цику́та (स्त्री०) एक विषैली वनस्पति ।

цили́ндр (पुं०) बेलन ; सिलेंडर ।

цимбали́ст (पुं०) मँजीरा बजानेवाला ।

цимба́лы (बहु०) मँजीरा ; झाँझ ।

цини́зм (पुं०) मानवद्वेष ; मानवद्वेषवाद ।

ци́ник (पुं०) मानवद्वेषी ।

цини́ческий (वि०) दुरात्मा ।

цинк (पु०) जस्ता ।

ци́нков||ый (वि०) : —ые белúла जस्ता-सफ़ेदा ।

цинкогра́фия (स्त्री०) १. जस्ते के ठप्पे से छापने की कला ; २. जस्ते के ठप्पे से छापनेवाले की दुकान ।

цирк (पुं०) सर्कस ; **—а́ч** (पुं०) सर्कस का कलाकार ; **—ово́й** (वि०) सर्कस का ।

циркули́ровать (अपू०) (—рую) (चिट्ठी आदि) सबके पास भेजना ; प्रचारित करना ।

ци́ркуль (पुं०) कुतुबनुमा ।

циркуля́р (पुं०) परिपत्र ; गश्ती चिट्ठी ; **—ный** (वि०) गश्ती ; —ное письмó परिपत्र ; गश्ती चिट्ठी ।

циркуляцио́нный (वि०) घूमता हुआ ; चक्कर काटता हुआ ; प्रचारित ।

циркуля́ция (स्त्री०) प्रचारण ; चक्रण ।

цирю́ль||ник (पुं०) नाई ; हज्जाम ; **—ня** (स्त्री०) हज्जाम की दुकान ; नाई की दुकान ।

цисте́рна (स्त्री०) जलकुंड ; पानी का हौज़ ।

цисти́т (पुं०) (चिकि०) मूत्राशय की सूजन ।

цитаде́ль (स्त्री०) (नगर-रक्षा के लिए) दुर्ग ; गढ़ ; कोट ।

цита́та (स्त्री०) उद्धरण ; हवाला ।

цитва́рный (वि०) चिरायते का ।

цити́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० —рую) उद्धरण देना ; हवाला देना ।

цифербла́т (पुं०) (घड़ी आदि की) डायल-प्लेट ।

ци́фра (स्त्री०) अंक ; हिन्दसा ।

цифров||о́й (वि०) ци́фра से वि० ; —ы́е да́нные आँकड़े ।

ци́церо (नपुं०) छापे का "पाइका" नामक अक्षर ।

ЦК (центра́льный комите́т) केन्द्रीय समिति ।

цо́кать -I (अपू०), **цо́кнуть** (पू०) चटखारना ; 'चिट' शब्द करना ।

цо́кать -II (अपू०) 'त्क' के स्थान पर 'त्स' का उच्चारण करना (उत्तरी रूस की बोलियों की विशेषता) ।

цо́коль (पुं०) (निर्माण०) कुर्सी (अंग्रेज़ी—प्लिन्थ) ।

цу́гом (क्रि० वि०) छह घोड़ों के साथ ।

цука́т (पुं०) मुरब्बा ।

цы́бик (पु०) त्सीबिक ; (४० से ८० रूसी पौंड के तोल की) चाय पेटी ।

цыга́н (पुं०), **—ка** (स्त्री०) बंजारा/बंजारिन ; जिप्सी ; **—ский** (वि०) बंजारे का ; जिप्सी का ।

цы́кать (अपू०), **цы́кнуть** (पू०) "शी-शी" करना ; चुप कराना ।

цынга́ (स्त्री०) स्कर्वी (एक प्रकार का रक्त-रोग)।

цыно́вка (स्त्री०) चटाई।

цыплёнок (पुं०) चूज़ा ; मुर्गी का बच्चा।

цы́почк||и (बहु०) : ходи́ть на —ах पंजों के बल चलना।

цы́п-цы́п (विस्मय०) (मुर्गों को बुलाने के लिए) 'चिप-चिप' का शब्द।

Ч

чабáн (पु॰) चरवाहा ; गड़रिया ।

чабёр, чабрéц (पु॰) पुदीने जैसी एक वनस्पति जो भोजन में प्रयुक्त होती है (अंग्रेज़ी—सेवोरी) ।

чáвкать (अपू॰) 'मच्-मच्' का शब्द करके चबाना ।

чад (पु॰) (केवल एकवचन) धुआँ ; кухóнный ч. रसोई का धुआँ ।

чади́ть (अपू॰), **на—** (पू॰) (वर्त॰ чажý, чади́шь) धुआँ देना ।

чáдн||ый (वि॰) सधूम ; धूमिल ; धुएँवाला ; здесь óчень —о यहाँ बड़ा धुआँ है ।

чáдо (नपु॰) बच्चा ।

чадрá (स्त्री॰) बुर्का ।

чаёвничать (अपू॰) अधिक देर तक चाय पर बैठना ; मजे-मजे से चाय पीना ।

чаевы́е (बहु॰) बख्शीश ।

чаёк (पु॰)चाय का अल्प॰ ; дать на ч. बख्शीश देना ।

чаепи́тие (नपु॰) चाय-पानी ; चाय-पार्टी ।

чай (पु॰) १ चाय ; крéпкий ч. तेज चाय ; чáшка чáю चाय का प्याला ; २. चाय-पान ; चाय-पार्टी ; □ дáть на ч. बख्शीश देना ।

чай (क्रि॰ वि॰) शायद ; कदाचित् ; मैं समझता हूँ कि... ; он, чай, устáл शायद वह थक गया है ।

чáйка (स्त्री॰) एक प्रकार की समुद्री चिड़िया ।

чáйная (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) चाय पीने का कमरा ।

чáйник (पु॰) चायदानी ; (चाय की) केतली ।

чáйн||ый (वि॰) चाय का ; —ая лóжка चाय का चम्मच ; ч. сервúз चाय का सेट ; ч. подноc चाय की ट्रे ।

чáлка (स्त्री॰) (जहाज़ आदि बाँधने का) आरसा ; रस्सा ।

чалмá (स्त्री॰) पगड़ी ; साफ़ा ।

чáлый (वि॰) चितकबरे रँग का ; ч. конь चितकबरे रँग का घोड़ा ।

чан (पु॰) टब ।

чáра (स्त्री॰) चषक ; (शराब का) प्याला ।

чардáш (पु॰) चारदाश (हंगरी देश का एक नृत्य) ।

чáрка (स्त्री॰) चषक ; (शराब का) प्याला ।

чарова́ть (अपू॰) (—рýю) जादू करना ; टोना करना ; मन्त्रमुग्ध करना ।

чарóвни́ца (स्त्री॰) जादूगरनी ।

чародéй (पु॰) जादूगर ; **—ка** (स्त्री॰) जादूगरनी ।

чарýющий (कृदन्त और वि॰) आकर्षक ; मुग्धकारी ; मोहक ; जादुई ।

чáры (बहु॰) जादू-टोना ; मन्त्र ; अभिचार ।

час (पु॰) १. घटा ; полторá —á डेढ़ घंटा ; чéрез ч. घटे में ; э́то потрéбует ч. врéмени इसमें एक घंटा लगेगा ; с ч. лишним एक घटे से ; २. (घड़ी का समय बताने के लिए) двенáдцать —óв बारह बजे ; ч. дня दिन के एक बजे ; котóрый ч.? क्या समय है/क्या बजा है ? ; ३. समय ; वक्त ; ч. óтдыха आराम का समय ; свобóдные —ы́ फालतू समय ; служéбные —ы́ काम करने का समय/दफ़्तर का समय ; □ стоя́ть на—áх पहरा देना ; стоя́ть —áми घंटों खड़े रहना ; в дóбрый ч. शुभ घड़ी में ; с —у на ч. प्रतिपल ।

часóвня (स्त्री॰) (छोटा) गिरजाघर ।

часов||óй -I १. (वि॰) घटे या घड़ी का ; —áя пружúна घड़ी का स्प्रिंग ; ч. магазúн घड़ीसाज़ की दुकान ; २. час-१ से वि॰ ; —áя бесéда एक घंटे की बातचीत ।

часово́й -II (पु॰) (वि॰ रू॰) सन्तरी ; पहरेदार ।

часовщи́к (पु॰) घड़ीसाज़ ।

часóк (पु॰) लगभग एक घटा ।

частéнько (क्रि० वि०) प्रायः ; बहुधा ; अकसर ।

части́ца (स्त्री०) १. (छोटा) भाग ; अंश ; २. (व्या०) अव्यय ।

части́ч||ка (स्त्री०) части́ца का अल्प० ।

части́чный (वि०) आंशिक ।

ча́стник (पु॰) छोटा सौदागर/व्यापारी ।

частновладéльческий (वि०) व्यक्तिगत स्वामित्व का ; जिस पर किसीका निजी स्वामित्व हो ।

ча́стное (नपु॰) (वि० रू०) भागफल ।

ча́стност||ь (स्त्री०) ब्यौरा ; □ в —и विशेषकर ।

ча́стн||ый (वि०) १. निजी ; व्यक्तिगत ; गैरसरकारी ; ч. капита́л निजी पूँजी ; —ая со́бственность निजी सम्पत्ति ; २. विशिष्ट ; ч. слу́чай विशिष्ट अवसर ।

ча́сто (क्रि० वि०) १. प्रायः ; बहुधा ; अकसर ; ч. встреча́ться с кем-л. किसीसे अकसर मिलना ; २. घना ; करीब-करीब ; पास-पास ; дере́вья поса́жены ч. पेड पास-पास लगाये गये हैं ।

частоко́л (पु॰) बाड ; कठघरा ।

частота́ (स्त्री०) आवृत्ति ।

часту́шка (स्त्री०) चास्तूशका (एक प्रकार का चतुष्पदी छन्द) ।

ча́ст||ый (वि०) १. प्रायिक ; बहुधा होनेवाला ; —ые посеще́ния प्रायः जाना ; २. घना ; ч. лес घना जंगल ; ३. तेज़ ч. пульс तेज़ नब्ज़ ।

част||ь (स्त्री०) १. अंश ; भाग ; खंड ; бо́льшая ч बडा भाग ; тре́тья ч. तीसरा भाग ; разобра́ть на —и पुर्ज़े अलग-अलग करना ; запасны́е —и फालतू पुर्ज़े ; плати́ть по —я́м किस्तो मे चुकाना ; २. विभाग ; уче́бная ч. शिक्षा-विभाग ; ३. (सेना०) टुकडी ; यूनिट ; войскова́я ч. फ़ौजी टुकड़ी ; ४. (क्रान्ति-पूर्व) थाना ।

ча́стью (क्रि० वि०) आंशिक रूप से ; अंशतः ।

час||ы́ (बहु०) घड़ी ; घंटा ; टाइमपीस ; ч. с буди́льником अलार्मवाला घटा या टाइमपीस ; завести́ ч. घड़ी में चाबी देना ; ч. спеша́т घड़ी तेज़ चलती है/घडी आगे है ; ч. отстаю́т घड़ी पीछे रहती है/घड़ी सुस्त है ; по мои́м —а́м двена́дцать मेरी घड़ी में बारह बजे हैं ; ч. бью́т 10 घड़ी दस बजा रही है ।

ча́хлый (वि०) (व्यक्ति के विषय में) मरियल ; रोगिल ; रुग्ण ; (वनस्पति के विषय में) रूढविकास ; जिसका विकास रुका हुआ हो ।

ча́хнуть (अपू०), **за—** (पू०) मुरझाना ।

чахо́т||ка (स्त्री०) यक्ष्मा ; क्षयरोग ; **—очный** (वि०) यक्ष्मा-सम्बन्धी ।

ча́ша (स्त्री०) कटोरा ; प्याला ; □ у них дом - по́лная ч. वे मालामाल हैं/वे वैभव-ऐश्वर्य में रहते है ।

чашели́стик (पु॰) (वन०) बाह्यदल (अंग्रेज़ी—सेपल) ।

ча́шечка (स्त्री०) १. छोटा प्याला ; २. (वन०) बाह्यदल (अंग्रेज़ी—कैलिक्स) ।

ча́шк||а (स्त्री०) १. प्याला ; कटोरी ; вы́пить —у ча́ю चाय का प्याला पीना ; २. तराजू का पलड़ा ; ३. коле́нная ч. घुटने की चपनी ।

ча́ща (स्त्री०) गहन वन ; बीहड़ ; जंगल का घना भाग ।

ча́ще ча́стый और ча́сто का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

ча́яни||е (नपु॰) आशा ; प्रत्याशा ; сверх —я, па́че —я आशातीत ; अप्रत्याशित ।

ча́ять (अपू०) आशा रखना ; प्रत्याशा होना ।

чва́ниться (आत्म० अपू०) डींग मारना ; शेखी मारना ।

чва́нство (नपु॰) शेखी ।

чего́ दे० что.

чей (सर्व०) किसका? ; ч. э́то нож ? यह किसका चाकू है ? ; чья э́та кни́га ? यह किसकी पुस्तक है ? ; чью кни́гу вы взя́ли ? आपने किसकी पुस्तक ली ?

чек (पु॰) (बैंक का) चेक ; плати́ть по —у चेक का भुगतान करना ।

чека́ (स्त्री०) धुरे की कील ; कीली (जो पहिये को बाहर निकलने से रोकती है) ।

чека́нить (अपू०) १. सिक्के ढालना ; गढ़ना ; २. (पोत आदि की) कलापट्टी करना ।

чека́ночный (वि०) कलापट्टी करने का ।

че́ков||ый (वि०) : —ая кни́жка (बैंक की) चेक-बुक ।

чёлн (पु॰) डोंगी ; हल्की नाव ।

челно́к (पु॰) १. छोटी नाव ; २. (बुनाई-सम्बन्धी) ढरकी ।

чело́ (नपु॰) (केवल एकवचन) (काव्य०) ललाट ; माथा ; □ бить —м кому́-л. किसीसे विनय-पूर्वक प्रार्थना करना ।

челоби́т||ная (स्त्री०) (वि० रू०) प्रार्थना-पत्र ; याचिका ; **—чик** (पु॰) प्रार्थी ; याचक ।

челове́к (पु॰) मनुष्य ; व्यक्ति ; делово́й ч. व्यापारी/कारोबारी आदमी ; обыкнове́нный ч. सामान्य व्यक्ति ; о́пытный ч. अनुभवी व्यक्ति; учёный ч. विद्वान ; молодо́й ч. युवक ; нас бы́ло де́сять ч. हम दस थे ; пять ч. дете́й पाँच बच्चे ।

человеко||любивый (वि०) मानवप्रेमी ; परोपकारी ; लोकोपकारी ; **—любие** (नपु॰) मानवप्रेम ; परोपकारिता ; लोकोपकारिता ; **—ненави́стник** (पु॰) मानवद्वेषी ; **—ненави́стничество** (नपु॰) मानव-द्वेष ; **—обра́зный** (वि०) नराकार ; मनुष्य के आकार का ।

челове́чек (पु॰) челове́к का अल्प० ।

челове́ческ||ий (वि०) मानव- ; मानवीय ; —ая приро́да मानव-प्रजाति ; ч. род मानव-जाति ।

челове́ч||ество (नपु॰) मानवता ; **—ность** (स्त्री०) मानवता ; **—ный** (वि०) मानवीय ; दयालु ।

челюстно́й (वि०) दाढ़ की हड्डी का ।

че́люсть (स्त्री०) १. जबड़ा ; २. ऊपर की दाढ़ की हड्डी ।

че́лядь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) नौकर-चाकर ; कमेरे ।

чем -I दे० что.

чем -II (सम्बन्धसूचक अ०) १ अपेक्षा ; निस्बत ; э́та кни́га лу́чше, ч. та यह पुस्तक उसकी अपेक्षा अच्छी है ; २. (тем-प्रत्ययान्त रूप से पूर्व) чем... тем ; чем бо́льше, тем лу́чше जितना अधिक, उतना अच्छा ; ३. -के बजाय ; ч. говори́ть, ты пойди́ туда́ बातें करने के बजाय तू वहाँ चला जा ।

чем -III (अ०) чем свет पौ फटते ही ।

чемода́н (पु॰) ट्रंक ; सूटकेस ।

чемпио́н (पु॰) (खेल आदि में) चैम्पियन ; मीरी ; उपाधिधारी ; ч. ми́ра विश्व-चैम्पियन ; **—а́т** (पु॰) चैम्पियनशिप प्रतियोगिता ; मीरी पद की प्रतियोगिता ; **—ский** (वि०) चैम्पियनशिप का ; मीरी पद का ; **—ство** (नपु॰) चैम्पियनशिप ; मीरी पद ।

чему́ दे० что.

чепе́ц (पु॰) टोपी ।

чепра́к (पु॰) घोड़े की काठी के नीचे डालने का नमदा ।

чепух||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) बकवास ; болта́ть, городи́ть —у́ बकवास करना ।

чепухо́в||ый (वि०) मामूली ; э́то —ое де́ло यह मामूली बात है ।

че́пчик (पु॰) टोपी ।

червообра́зный (वि०) कीड़े के सदृश ।

че́рви (बहु०) १. दे० червь ; २. =че́рвы.

черви́веть (अपू०), **о—** (पू०) कीड़े पड़ जाना ; я́блоки черви́веют सेबों में कीड़े पड़ रहे हैं ।

черви́вый (वि०) कीड़ोंवाला ।

черво́нец (पु॰) १. दस रूबल ; २. सोने का सिक्का ।

черво́нн||ый (वि०) १. (ताश में) पान का ; —ая да́ма पान की बेगम ; २. —ое зо́лото खालिस सोना ।

червото́чина (स्त्री०) (कीड़े द्वारा किया हुआ) छेद ।

че́рвы (बहु०) (ताश में) पान के पत्ते ।

червь (पुं०) कीट ; कीड़ा ; шелкови́чный ч. रेशम का कीड़ा ।

червя́к (पुं०) कीडा ; कीट ।

червя́чн||ый (वि०) : —ая переда́ча आर-शीमीदी/दांतेदार चूड़ियोंवाला गियर ।

червячо́к (पुं०) червя́к से अल्प० ।

черда́к (पुं०) चेरदाक (मकान के ऊपर की दोनों ओर की ढलवां छत और भीतर की छत के बीच का भाग) ।

черда́чный (वि०) черда́к से वि० ।

чере́д (पुं०) बारी ; पारी ; тепе́рь твой ч. अब तेरी बारी है ।

чере́д||а́ (स्त्री०) **I.** शृंखला ; अनुक्रम ; कतार ; дли́нной —о́й लम्बी शृंखला में ; लम्बी कतार में ; **II.** गेंदे का फूल ।

чередова́ние (नपुं०) बारी-बारी से होने की क्रिया ।

чередова́ться (आत्म० अपू०) (—ду́юсь) बारी-बारी से आना/होना ।

че́рез (अ०) १. पर से ; पार ; пры́гнуть ч. барье́р नाके पर से कूद जाना ; перейти́ ч. доро́гу सडक पार करना ; २. -में से ; пройти́ ч. лес जगल में से जाना ; ч. окно́ खिडकी में में से , ३. में ; (-के) भीतर ; ч. два часа́ दो घटे में ; ч год एक वर्ष के भीतर ; ४. द्वारा ; मार्फत ; ч. кого́-л किसीकी मार्फत/किसीके द्वारा ।

черёмуха (स्त्री०) चेरेमुखा (एक प्रकार का छोटे सुगन्धित फूलोवाला पेड) ।

черено́к (पु०) १ (वन०) कलम ; २. हत्था ; दस्ता ।

че́реп (पुं०) कपाल ; खोपडी ।

черепа́х||а (स्त्री०) १. कछुआ , कूर्म ; २. कछुए की खोपड़ी ; **—овый** (वि०) черепа́ха से वि० ; —овый гре́бень कछुए की पीठ की हड्डी का कधा ।

черепа́ший (वि०) черепа́ха -१ से वि०; ☐ черепа́шьим ша́гом कछुए की चाल से ; चींटी की चाल से ।

черепи́||ца (स्त्री०) (समू०) टाइल ; **—чный** (वि०) टाइल या खपरे का ; —чная кры́ша टाइलों की छत ।

черепно́й (वि०) कपाल- ; खोपड़ी-सम्बन्धी ।

черепо́к (पुं०) बर्तन का टूटा हुआ टुकड़ा ।

чересседе́льник (पुं०) (घोड़े की काठी का) पट्टा ।

чересчу́р (पुं०) अति ; हद से ज्यादा ; ч. мно́го अत्यधिक ; ч. ма́ло बहुत थोड़ा ; ☐ э́то уже ч. यह तो हद हो गयी ।

чере́шневый (वि०) чере́шня से वि० ।

чере́шня (स्त्री०) गिलास (पेड़ और फल) (अग्रेजी—चेरी) ।

чёркать (अपू०) (लिखे हुए को) काट देना ।

черкну́ть (बहु०) लिखना ; जल्दी में लिखना ।

чернёный (वि०) गिलास (अग्रेजी—चेरी) का ।

черне́||ть (अपू०), **по—** (पू०) १. काला होना ; २. काला दिखायी पडना ; что́-то —ло вдали́ दूर कुछ काला-काला दिखायी पड़ रहा था ; **—ться** (आत्म०) =чернеть-२.

черни́ка (स्त्री०) (केवल एकवचन) काले रँग का गिलास (अँग्रेजी—बिलबेरी) ।

черни́ла (बहु०) रोशनाई ; स्याही ।

черни́льн||ица (स्त्री०) १. दवात ; २. कलम-दान ; **—ый** (वि०) रोशनाई/स्याही का ; —ое пятно́ रोशनाई का धब्बा ।

черни́ть (अपू०), **на—, о—** (पू०) १. (начерни́ть पू० के साथ) काला करना ; २. (очерни́ть पू० के साथ) कलंकित करना ।

черни́чный (वि०) (काले रँग का) गिलास (अग्रेजी—बिलबेरी) का ।

черноборо́дый (वि०) काली दाढ़ीवाला ।

черновато́й (वि०) काला-सा ।

чернови́к (पुं०) १. मसौदा ; २. कच्चे काम की कापी ।

черново́й (वि०) (मसौदा आदि) कच्चा ; अनन्तिम ।

черноволо́сый (वि०) काले बालोंवाला ।
черноголо́вка (स्त्री०) काली कलँगीवाली चिड़िया ।
черногри́вый (वि०) कृष्णग्रीव ; जिसकी गर्दन पर काले बाल हों ।
чернозём (पुं०) काली मिट्टी ; **—ный** (वि०) काली मिट्टी का ।
чернокни́жник (पुं०) जादूगर ।
чернока́жий (वि०) काली त्वचावाला ; काला ; कृष्णवर्ण ।
чернокýдрый (वि०) काले घुँघरवाला ।
чернолéсье (नपुं०) पत्तेदार पेड़ों का जंगल ।
черномáзый (वि०) श्याम ; काले रँग से पुता हुआ ; काला ।
черномóрск||ий (वि०) कृष्णसागर का ; —ое побере́жье कृष्णसागर का तट ।
чернооки́й (वि०) श्यामलनेत्र ; कजरारे नयनोंवाला ; काली आँखोंवाला ।
чернорабо́чий (वि०) अकुशल मजदूर ।
чернослúв (पुं०) (समू०) सूखा आलूबुखारा ।
черносо́тенец (पुं०) (क्रान्ति-पूर्व) "काले-सौ" नामक संस्था का सदस्य ।
чернотá (स्त्री०) कालापन ।
чернoýсый (वि०) काली मूँछोंवाला ।
чёрн||ый (वि०) श्याम ; काला ; ч. хлеб काली रोटी ; ч как смоль काला-स्याह/गहरे काले रँग का ; —ая доскá (स्कूल का) श्यामपटल (अंग्रेजी—ब्लैकबोर्ड) ; ч. метáлл लोहस धातु ; —ое дéло पाप ; □ чéрным по бéлому लिखित रूप से ; черны́м - черно́ अँधेरा घुप ; ч. двор पिछला सहन ; —ая лéстница पिछली सीढ़ी ; ч. ход पिछला द्वार ; —ая рабóта कुशलताशून्य काम ; —ое дéрево आबनूस का पेड़ ; ч. ры́нок चोरबाजार ; держáть когó-л. в —ом тéле किसीसे बुरा बर्ताव करना ; —ая сóтня (क्रान्ति-पूर्व) "काले-सौ" नामक संस्था ।
чернь (स्त्री०) **I.** भीड़ ; **II.** एक प्रकार का मसाला जो चाँदी और दूसरी धातुओं पर खुदे हुए चित्रों में भरा रहता है ।
черпáк (पुं०) (कुएँ से पानी निकालने का) चरस ।
черпáлка (स्त्री०) रहट ।
чéрпать (अपू०), **черпнýть** (पू०) निकालना ; (बाल्टी या घड़े द्वारा कुएँ में से) पानी निकालना ; कलछी/चम्मच से निकालना ; ч. вóду पानी निकालना ; ч. знáния ज्ञान प्राप्त करना ।
черствé||ть (अपू०), **по—, о—** (पू०) १. (почерствéть पू० के साथ) बासी हो जाना ; सूख जाना ; хлеб бы́стро —ет रोटी जल्दी सूख जाती है ; २. (почерствéть, очерствéть पू० के साथ) (व्यक्ति का) क्रूर हो जाना ; —ло сéрдце हृदय क्रूर हो गया ।
чёрств||ость (स्त्री०) १. बासीपन ; २. क्रूरता ; **—ый** (वि०) १. बासी ; सूखा हुआ ; —ый хлеб सूखी हुई रोटी ; २. क्रूर ; —ое сéрдце क्रूर हृदय ।
чёрт = чорт.
черт||á (स्त्री०) १. रेखा ; провести́ —ý रेखा खींचना ; २. सीमा ; हद ; ч гóрода नगर की सीमा/हद ; ३. लक्षण ; स्वभाव ; отличи́тельная ч. विभेदक लक्षण ; □ —ы́ лицá रँग-रूप ।
чертёж (पुं०) खाका ; नक़्शा ; **—ная** (स्त्री०) (वि० रू०) नक्शानवीस का दफ्तर या कार्यालय ; **—ник** (पुं०) नक़्शानवीस ; **—ный** (वि०) आरेखण- ; ड्राइंग का ; —ное перó ड्राइंगपिन ।
чертёнок (पुं०) чёрт का अल्प० ।
черти́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० черчý, чéртишь या черти́шь) खाका बनाना ; नक़्शा बनाना ; ч. кáрту नक़्शा बनाना ।
чертóвка (स्त्री०) (गाली) पिशाचिनी ; डायन ।
чертóвск||и (क्रि० वि०) बला का ; बेहद ; он ч. спешúт वह बेहद जल्दी मचा रहा है ; **—ий** (वि०) शैतान का ; बला का ; —ая рабóта बला का काम ।
чертовщи́на (स्त्री०) शैतानी ; что за ч. ? यह कैसी शैतानी है ?
чертóг (पुं०) विशाल भवन ; कक्ष ; महल ।
чертополóх (पुं०) गोखरू ।

...рточка (स्त्री०) (—) का चिह्न ; डैश ।

...ртыха́ться (आत्म० अपू०) (शैतान की) सपथ लेना/क़सम खाना ।

...ерче́ние (नपुं०) आरेखण ; ड्राइंग ।

чеса́лка (स्त्री०) (सन आदि की) धुनाई ; तूमने की क्रिया ।

чеса́льн||ый (वि०) धुनाई का ; तूमने का ; —ая маши́на=чеса́лка.

чеса́льщ||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (सन आदि) कंघी से साफ करनेवाला/वाली ; तूमनेवाला/वाली ; धुनिया ।

чеса́ние (नपुं०) (सन आदि) कंघी से साफ करने की क्रिया ; धुनाई ; तूमने की क्रिया ।

чёсанный (कृदन्त) (सन आदि) कंघी से साफ़ किया हुआ ; (सन आदि) धुना हुआ ; तूमा हुआ ।

чеса́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० чешу́, че́шешь) १. (केवल अपू०) (बालों में) कंघी करना ; २. (केवल अपू०) (सन आदि) कघी से साफ करना ; धुनना ; तूमना ; ३. (हाथ, नाक आदि) खरोंचना ; он почеса́л себе́ ру́ку उसने अपना हाथ खरोच लिया ।

чеса́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) १. खुजलाना ; २. (अपने बालों में) कंघी करना ; ३. खुजली होना ; у него́ че́шется нос उसकी नाक पर खुजली हो रही है ; ४ чеса́ть का कर्मवाच्य ।

чесно́к (पुं०) लहसुन ।

чесно́чный (वि०) लहसुन का ।

чесо́т||ка (स्त्री०) खुजली ; दाद ; **—очный** (वि०) खुजली का ।

че́стование (नपुं०) अभिनन्दन ; (किसीके आदर-सत्कार में) भोज/जलसा ।

че́ствовать (अपू०) (—ствую) अभिनन्दन करना ; (किसीके सम्मान में) भोज देना/समारोह करना ; ч. кого́-л. по слу́чаю возвраще́ния किसीके लौटने पर उत्सव करना ; ч. кого́-л по слу́чаю годовщи́ны किसीकी वर्षगांठ मनाना ।

честя́ть (अपू०) (чещу́, честя́шь) गाली देना ; अपशब्द बोलना ।

че́стно (क्रि० वि०) ईमानदारी से ; न्यायोचित रूप से ; साफ़ तौर से ; он ч. отве́тил, что उसने ईमानदारी से उत्तर दिया कि ...।

честн||о́й (वि०) आदरणीय ; вся —а́я компа́ния समस्त आदरणीय साथी ; ч. оте́ц आदरणीय पिता ।

че́стн||ость (स्त्री०) ईमान ; सीधा-सच्चापन ; सच्चाई ; **—ый** (वि०) ईमानदार ; सच्चा ; स्पष्ट ; —ый челове́к ईमानदार आदमी ; —ое сло́во वचन ; —ое сло́во ! ईमान से !/ धर्म से !

честолю́б||ец (पुं०) महत्त्वाकांक्षी मनुष्य ; नाम का भूखा ; **—и́вый** (वि०) महत्त्वाकांक्षी ; он о́чень честолюби́в वह बडा महत्त्वाकांक्षी है ; **—ие** (नपुं०) महत्त्वाकाक्षा ।

чест||ь (स्त्री०) सम्मान ; प्रतिष्ठा ; इज्ज़त ; आदर ; челове́к —и सम्माननीय/प्रतिष्ठित व्यक्ति ; его́ ч. заде́та उसकी प्रतिष्ठा/इज्जत खतरे में है ; счита́ю за ч. मैं इसे अपना सम्मान समझता हूँ ; в ч. кого́-л. किसीके सम्मान में ; име́ю честь (-का) गौरव है ; □ ч. и ме́сто ! आपका स्वागत है !

чёт (पुं०) सम ; पूने ; ч. и не́чет सम और विषम ; पूने और ऊने ।

чета́ (स्त्री०) युगल ; जोड़ी ; супру́жеская ч. दम्पति ; □ он тебе́ не ч. तुम्हारी उसकी क्या तुलना !

четве́рг (पुं०) बृहस्पतिवार ।

четвере́ньк||и (बहु०) на —ах हाथ और पैर दोनों ज़मीन पर टेककर ; चौपाये की भाँति ।

четвери́к (पुं०) पौवा ।

четвёрка (स्त्री०) १. चौका ; २. चार चप्पुओं-वाली नाव ; ३. चार हवाई जहाज़ो का बेड़ा ।

четверно́й (वि०) चौगुना ।

че́тверо (नपुं०) चार ; चारों ; их ч. वे चार थे ।

четвороно́г||ие (बहु०) चौपाये (पशु) ; **—ий** (वि०) चौपाया ।

четверору́кие (बहु०) चतुष्पाद ; चौपाये ; चार टाँगोंवाले जीव ।

четверости́шие (नपुं०) चतुष्पदी श्लोक (जिसके पहले-तीसरे तथा दूसरे-चौथे चरण में अनुप्रास रहता है)।

четверта́к (पुं०) (रूबल का चौथा भाग) पच्चीस कोपे।

четверти́нка (स्त्री०) четверти́на का अल्प०।

четверти́чный (वि०) चार भाग का।

четвертно́й (वि०) : प. биле́т पच्चीस रूबल का नोट।

четвертова́ть (अपू०) (—тýю) चौथाई करना।

четвертýшка (स्त्री०) चौथाई भाग।

четвёрт||ый (वि०) चौथा; —ое число́ (ме́сяца) मास की चौथी तारीख; —ое января́ चार जनवरी; प. этáж चौथी मंजिल; प. но́мер चौथा नम्बर।

че́тверть (स्त्री०) चौथाई; चौथा भाग; चतुर्थांश; प. часá पन्द्रह मिनट; प. ве́ка पच्चीस वर्ष;; купи́ть за प. цены́ चौथाई मूल्य पर खरीदना; प. го́да तीन मास।

чётки (बहु०) सुमरनी; जापमाला; तसबीह।

чётк||ий (वि०) स्पष्ट; (लिखाई) साफ; सुपाठ्य; ठीक; कुशल; प. по́черк सुपाठ्य/साफ लिखाई; —ие директи́вы स्पष्ट निदेश; —ое испо́лне́ние зада́ния काम का कुशलतापूर्वक सम्पादन; **—ость** (स्त्री०) स्पष्टता।

чётн||ый (वि०) सम; पूने; —ое число́ सम संख्या; पूनी संख्या।

четы́ре (संख्या) चार।

четы́режды (क्रि० वि०) चौगुना।

чесы́реста (सख्या) चार सौ।

четырёх||гра́нник (पुं०) (गणित) चतुष्फलक; **—колёсный** (वि०) चौपहिया; चार पहियोंवाला; **—мото́рный** (वि०) चार इंजनवाला; **—со́тый** (वि०) चार-सौवाँ; **—сторо́нний** (वि०) चतुर्भुज; **—уго́льник** (पुं०) चतुष्कोण; वर्ग।

четырёхэта́жный (वि०) चौमहला; चार मंजिलवाला।

четырнадцатиле́тний (वि०) चौदह वर्ष का; प. ма́льчик चौदह वर्ष का बालक।

четы́рнадцатый (वि०) चौदहवाँ।

четы́рнадцать (संख्या) चौदह।

чехарда́ (स्त्री०) बच्चों का एक खेल जिसमें एक दूसरे की पीठ पर से कूदते हैं।

чехо́л (पुं०) (कुर्सी आदि का चमड़े या कपड़े का) आवेष्टक; गिलाफ।

чех (पुं०) चेकोस्लोवाकिया (देश) -निवासी।

чехослова́цкий (वि०) चेकोस्लोवाकिया (देश) का।

чечеви́ца (स्त्री०) १. मसूर (दाल); २. (फोटो) लेंस।

чечеви́чный (वि०) чечеви́ца से वि०।

чечётка (स्त्री०) १. एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया; २. चेच्योतका (एक नृत्य)।

че́ш||ка (स्त्री०) चेकोस्लोवाकिया (देश) की स्त्री; **—ский** (वि०) चेकोस्लोवाकिया (देश) का; —ский язы́к चेक भाषा।

чешу́йка (स्त्री०) (मछली, साँप आदि की) केचुली।

чешу||я́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मछली, साँप आदि की) केंचुली; снима́ть —ю́ केंचुली उतारना।

чи́бис (पुं०) टिटहरी।

чиж (पुं०) एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया; **—ик** (पुं०) १. = чиж; २. एक प्रकार का खेल।

чили́||ец (पुं०), **—йка** (स्त्री०) चिली (देश)-निवासी/निवासिनी; **—йский** (वि०) चिली (देश) का।

чили́кать (अपू०), **чили́кнуть** (पू०) = чири́кать, чири́кнуть.

чин (पुं०) पद; ओहदा; высо́кий प. उच्च पद; □ प. чи́ном उचित ढंग से; без **—а́** अनौपचारिक रूप से।

чина́р (पुं०) चिनार का पेड़।

чини́ть -I (अपू०), **по—, о—** (पू०) १. (почини́ть पू० के साथ) मरम्मत करना ; २. (очи́нить पू० के साथ) (पेंसिल आदि) बनाना ।

чини́ть -II (अपू०) -कारण होना ; (रुकावटें आदि) डालना ; ч. препя́тствия रुकावटें डालना ।

чи́нн||ость (स्त्री०) शिष्टता ; शिष्टाचार ; विनय ; **—ый** (वि०) विनीत ; शिष्ट ।

чино́зни||к (पु०) पदाधिकारी ; अफसर ; कर्मचारी ; **—ческий** (वि०) чино́вник से वि० ; **—чество** (नपु०) (समू०) पदाधिकारी-वर्ग ; कार्मिक-वर्ग ; कर्मचारी ; **—чий** (वि०) чино́вник से वि० ।

чино́вный (वि०) (क्रान्ति-पूर्व) उच्चपद का ।

чинопочита́ние (नपु०) पद का मान ।

чинопроизво́дство (नपु०) (पद में) उन्नति ; तरक्की ।

чи́рей (पु०) फोडा ।

чири́канье (नपु०) (चिड़ियों की) ची-ची ; चहचहाहट ।

чири́кать (अपू०), **чири́кнуть** (पू०) (चिड़ियो का) ची-ची करना ; चहचहाना ।

чи́ркать (अपू०), **чи́ркнуть** (पू०) 'चिर' का शब्द करना ; ч. спи́чками 'चिर' का शब्द करके दियासलाई जलाना ।

чиро́к (पु०) एक प्रकार की छोटी बत्तख ।

чи́сленн||ость (स्त्री०) सख्या ; गणना ; गिनती ; —остью в 100 челове́к गिनती में सौ व्यक्ति ; **—ый** (वि०) सख्यात्मक ; संख्या- ।

числи́тель (पु०) (गणित) अश ; लव ।

числи́тельн||ый (वि०) (व्या०) и́мя —ое अंक/संख्यांक ; —ое коли́чественное गण-सख्या ; —ое поря́дковое क्रमसूचक संख्या ।

чи́слить (अपू०) गणना करना ; गिनती करना ; गिनना ; ч. кого́-л. больны́м किसीकी रोगियों में गणना करना ; **—ся** (आत्म०) गिना जाना ।

числ||о́ (नपु०) १. संख्या ; (गणित) मात्रा ; राशि ; дро́бное ч. भिन्नात्मक संख्या ; це́лое ч. पूर्ण संख्या ; просто́е ч. अभाज्य संख्या ; чётное ч. सम ; нечётное ч. विषम ; мни́мое ч. काल्पनिक संख्या ; неизве́стное ч. अज्ञात राशि ; еди́нственное ч. (व्या०) एकवचन ; мно́жественное ч. बहुवचन ; २. तारीख ; како́е сего́дня ч ? आज क्या तारीख है ? ; сего́дня 5-ое ч. आज पाँच तारीख है ; □ без —а́ अनगिनत/भारी संख्या में ; сре́дним —о́м औसत में ; —о́м в два́дцать गिनती में बीस ।

числово́й (वि०) संख्यात्मक ।

чи́стилище (नपु०) पापमोचन स्थान (कैथोलिक चर्च के अनुसार स्वर्ग में जाने से पूर्व पाप धोने का स्थान) ।

чи́стильщик (नपु०) बूटपालिश करनेवाला ; जूते साफ करनेवाला ; मोची ।

чи́стить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० чи́щу, чи́стишь) १. साफ करना ; ч. (себе́) сапоги́ अपने जूते साफ करना ; ч. пла́тье कपड़ों को (बुरुश से) साफ करना ; ч. тру́бы चिमनी साफ़ करना ; २. (फल) छीलना ; (अखरोट आदि) तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को साफ करना ; अपने कपड़ो पर बुरुश करना ; २. чи́стить का कर्मवाच्य ।

чи́стка (स्त्री०) सफाई ; शोध ।

чи́сто (कर्तृ-निरपेक्ष) **I.** здесь ч. यहाँ साफ-सुथरी जगह है ; □ де́ло не ч. दाल में कुछ काला है ; **II.** (क्रि० वि०) १. सफाई से ; सुथरेपन से ; ठीक प्रकार से ; २. शुद्ध रूप से ।

чистово́й (वि०) साफ ; सुथरा ।

чистога́н (पु०) नकद ; заплати́ть —ом नकद देना ।

чистокро́вн||ый (वि०) शुद्धरक्त ; अभिजात ; अच्छी नस्ल का ; —ая ло́шадь अच्छी नस्ल का घोड़ा ।

чистописа́ние (नपु०) सुन्दर लिखावट ।

чистопло́тн||ость (स्त्री०) स्वच्छता ; सफ़ाई ; **—ый** (वि०) स्वच्छताप्रिय ; सफ़ाईपसन्द ; —ый челове́к स्वच्छताप्रिय/सफ़ाईपसन्द आदमी ।

чистосерде́чн||ость (स्त्री०) निष्कपटता ; सरलता ; **—ый** (वि०) निष्कपट ; सरल ।

чистот||а́ (स्त्री०) स्वच्छता ; सफ़ाई ; साफ़-सुथरापन ; शुद्धता ; च. во́здуха वायु की स्वच्छता ; □ говори́ на —ý ! साफ़-साफ़ कहो ।

чи́ст||ый (वि०) १. साफ़; सुथरा ; —ые ру́ки साफ हाथ ; २. शुद्ध ; खालिस ; स्वच्छ ; —ое зо́лото खालिस सोना ; —ая вода́ स्वच्छ जल ; ३. (उच्चारण आदि) शुद्ध ; ४. (भार, लाभ, आय आदि) निवल ; वास्तविक ; असली ; च. вес ни́тто निवल/असली भार ; ५. पवित्र ; शुद्ध ; ६. केवल ; नितान्त ; निरा ; एकदम ; च. слу́чай केवल दैवयोग ; —ое совпаде́ние केवल संयोग ; □ —ое по́ле खुला मैदान ।

чита́льн||ый (वि०) : च. зал वाचनालय ; **—я** (स्त्री०) वाचनालय ।

чита́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) पाठक/पाठिका ; **—ский** (वि०) чита́тель से वि० ।

чита́ть (अपू०) **про—, проче́сть** (पू०) (проче́сть से прочту́, прочтёшь) १. पढ़ना ; च. вслух ऊँचा पढना/बोलकर पढ़ना ; च. по склада́м वर्तनी-सहित/हिज्जे करके पढ़ना ; २. च. ле́кции भाषण देना ।

чита́ться (आत्म० अपू०) १. पढ़ा जाना ; кни́га легко́ чита́ется यह पुस्तक पढ़ने में सरल है ; २. чита́ть का कर्मवाच्य ; □ ему́ что́-то не чита́ется उसका पढ़ने को मन नही करता ।

чи́тка (स्त्री०) १. पठन ; वाचन ; २. (नाटक आदि की भूमिका पढने का) पूर्वाभ्यास/रिहर्सल ।

чиха́||ние (नपुं०) छींक ; □ на вся́кое ч. не наздра́вствуешься सबको प्रसन्न करना असम्भव है ; **—тельный** (वि०) छींक लानेवाला ।

чиха́ть (अपू०), **чихну́ть** (पू०) छींकना ।

чичеро́не (नपुं०) मार्गदर्शिका ; गाइड ।

чи́ще чи́стый और чи́сто का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

член (पुं०) १. सदस्य ; २. अंग ; अवयव ; (गणित) पद ; ч коммунисти́ческой па́ртии साम्यवादी/कम्यूनिस्ट पार्टी का सदस्य ; ч. парла́мента संसद्-सदस्य ; ३. (व्या०) वाक्यांश ; निश्चयात्मक/अनिश्चयात्मक अव्यय ।

чле́ник (पुं०) अवयव ।

членистоно́гие (बहु०) मनुष्य के सदृश जीव ।

членовреди́тельство (नपुं०) लँगड़ालूलापन ; अंगहीनता ।

членораздели́тельн||ость (स्त्री०) सार्थकता ; स्पष्टता ; व्यक्तता ; **—ый** (वि०) सार्थक ; स्पष्ट ; व्यक्त ; —ая речь सार्थक भाषा ।

чле́н||ский (वि०) सदस्यता का ; ч билéт सदस्यता का टिकट ч. взнос सदस्यता-शुल्क ; **—ство** (नपुं०) सदस्यता ।

чмо́кать (अपू०), **чмо́кнуть** (पू०) (ओठों से) 'पुच पुच' का शब्द करना ।

чо́глок (पुं०) छोटा बाज ।

чо́каться (आत्म० अपू०), **чо́кнуться** (आत्म० पू०) (काँच के गिलास आदि) ठनकाना ।

чо́лка १. (घोडे के) माथे के बाल ; २. (स्त्रियों या बच्चों के) कंघी करके माथे पर गिरायी हुई बालों की लट ।

чо́порн||о (क्रि० वि०) कठोर नयाचार (रस्म) से ; **—ый** (वि०) नयाचार (रस्म) का कठोरता से पालन करनेवाला ।

чорт (पुं०) शैतान ; □ иди́ к —у ! भाड़ में जा ! / जहन्नुम में जा ! ; ч. возьми́ ! ; ч. поберú ! शैतान ले जाये/भाड़ में जाये ! ; сам ч. не разберет, сам чорт но́гу сло́мит इसका तो शैतान भी पता नही लगा सकता/इसके तो सिर-पैर का कुछ पता नही चलता ; жить у —а на кули́чках संसार के दूसरे छोर पर रहना ।

чо́ртов (वि०) शैतान का ; ч. па́лец वज्र/बिजली ।

чрева́тый (वि०) गर्भित ; भरपूर ; संकुल ; ओतप्रोत ; ч. собы́тиями घटना-संकुल/घटनाओं से ओतप्रोत ; ч. после́дствиями फलगर्भित ।

чре́во (नपुं०) पेट ; गर्भाशय ; **—вещáние** (नपुं०) ऐसी बोली बोलना जिससे मालूम हो कि शब्द दूर से आ रहा है ; **—вещáтель** (पुं०) ऐसी बोली बोलनेवाला जिससे मालूम हो कि शब्द दूर से आ रहा है ; **—угóдие** (नपुं०) पेटूपन ; **—угóдник** (पुं०), **—гóдница** (स्त्री०) पेटू ; भुक्खड ; खाऊ ।

чредá (स्त्री०) अनुक्रम ; बारी ; पारी ।

чрез = чéрез.

чрезвычáйн||ый (वि०) असाधारण ; च. посóл असाधारण राजदूत ; —ое собрáние असाधारण बैठक ।

чрезмéрн||ость (स्त्री०) अति ; आधिक्य ; **—ый** (वि०) अति ; अधिक ; सीमा से बाहर का ।

чтéние (नपुं०) अध्ययन ; पढाई ; पढने की क्रिया ।

чтец (पुं०) पाठक ।

чтить (अपू०) आदर करना ; मान करना ।

что -I (सम्बन्धकारक-रूप чегó, कर्मकारक-रूप чем, सम्प्रदानकारक-रूप чемý, अधिकरण-कारक-रूप чём) (सर्व०) १. क्या ; ч. э́то (такое) ? यह क्या है ?; ч. знáчит э́то слóво ? इस शब्द का क्या अर्थ है ? ; ч. вы сказáли ? आपने क्या कहा ? ; для чегó э́то употребля́ется, слýжит ? यह किस काम आता है ? ; २. जो ; (та) книгá, ч. на столé वह पुस्तक जो मेज पर है ; ३. कुछ ; ч. остáвил, ч. взял с собóй वह कुछ छोड गया और कुछ अपने साथ ले गया ; ४. что за книгá там ? वहाँ कौन-सी पुस्तक है ? ; что за мысль ! कितना सुन्दर विचार है ! ; □ что ж (е) अच्छा/क्यो नही ; ч. ли шáйдет ; ч. ни день погóда меня́ется मौसम दिन पर दिन बदल रहा है ; ч. он ни скáжет, интерéсно जो कुछ भी वह कहता है, दिलचस्प होता है ; ч. бы ни случи́лось जो कुछ भी होगा ; ч. пóльзы ? क्या लाभ ? ; емý хоть бы ч. пройти́ 20 киломéтров उसके लिए बीस किलोमीटर चलना मामूली बात है ; чегó бы он не дал за э́то ! वह इसके लिए क्या नहीं देगा ? ; чегó тóлько он не ви́дел उसने क्या नहीं देखा ? ; ч. там разговáривать बोलने से क्या लाभ ? ; в чём дéло ? क्या बात है ? ; ч. случи́лось ? क्या हुआ ? ; ч. с вáми ? तुम्हें क्या हुआ ?

что -II (सम्बन्धसूचक अ०) कि ; э́то так прóсто, ч. кáждый поймéт यह इतना सहज है कि कोई भी इसे समझ सकता है ; он узнáл о том, что онá уéхала उसको पता लगा कि वह चली गयी है ।

что -III (क्रि० वि०) क्यों ; ч. он молчи́т ? वह चुप क्यों है ?

чтóбы, чтоб (सम्बन्धसूचक अ०) १. कि ; ताकि; невозмóжно, ч. он сказáл э́то यह असम्भव है कि उसने ऐसा कहा हो ; он говори́л грóмко ч. все слы́шали егó словá वह ऊँचा बोल रहा था ताकि उसके शब्द सबको सुनायी दे ; он встáл в шесть (часóв), ч быть там вó-время वह छह बजे उठा ताकि वहाँ समय पर पहुँच जाये ; он не мóжет написáть ни стрóчки без тогó, ч. не сдéлать ошúбки वह बिना गलती किये एक पंक्ति भी नहीं लिख सकता ।

что́-ли́бо, что́-нибýдь (सर्व०) कुछ ; знáет ли он ч. об э́том ? क्या वह इसके बारे में कुछ जानता है ?/क्या उसको इसके बारे में कुछ पता है ? ; он вам что́-нибудь скáжет वह तुम्हें कुछ बतायेगा ; ждáть два часа с чём-нибýдь दो घंटे से अधिक (समय तक) प्रतीक्षा करना ।

что́-то (सर्व०) १. क्रुद्ध ; тут ч. не так यहाँ कुछ गड़बड़ है ; २. (क्रि० वि०) мне ч. нездорóвится मेरा जी कुछ खराब है ; ३. लगता है कि.... ; ты ч. врешь लगता है कि तू झूठ बोल रहा है ; что́-то не пóмню कुछ याद नहीं पड़ता ।

чу (विस्मय०) सुना ? ; सुनो ! ; да, чу ! и вóрон прокричáл हाँ, सुनो ! फिर कौवा बोला ।

чуб (पुं०) माथे पर सामने के बाल/लट ।

чуба́рый (वि०) चितकबरा ; चित्तीदार ।

чубу́к (पुं०) हुक्के की नली ; सिगरेट-होल्डर ।

чу́вственн||ость (स्त्री०) १. कामुकता; विषयासक्ति; विषय; वासना ; в нем ра́но пробуди́лась ч. उसमें कामेच्छा/वासना छोटी उम्र में ही जागृत हो गयी ; २. इन्द्रियग्राह्यता ; संवेद्यता ; अहसास ; **—ый** (वि०) १. विषयासक्त ; कामुक ; —ый челове́к विषयासक्त/कामुक मनुष्य ; —ые удово́льствия वासना-तृप्ति ; २. इन्द्रियग्राह्य ; संवेद्य ; —ые предме́ты इन्द्रियग्राह्य वस्तुएँ ।

чувстви́тельн||ость (स्त्री०) १. सवेद्यता ; अनुभवगम्यता ; प्रत्यक्षता ; इन्द्रियग्राह्यता ; २. संवेदना ; अनुवर्तिता ; ३. भावुकता ; संवेदनशीलता ; **—ый** (वि०) १. सवेद्य ; इन्द्रियग्राह्य ; प्रत्यक्ष ; —ая ра́зница प्रत्यक्ष अन्तर ; २. सहृदय ; कोमलहृदय ; संवेदनशील ; —ый челове́к सवेदनशील मनुष्य ; सहृदय मनुष्य ; ३. भावुक ।

чу́вство (नपुं०) अनुभूति ; भावना ; चेतना ; пять чувств पाँच इन्द्रियाँ ; о́рганы чувств ज्ञानेन्द्रियाँ ; ч. до́лга कर्तव्य-भावना ; ч. удово́льствия तृप्ति की भावना ; ч. жа́лости दया की भावना ; ч. со́бственного досто́инства आत्म-सम्मान की भावना ; □ прийти́ в ч. चैतन्य होना/होश में आना ; привести́ кого́-л. в ч. किसीको सचेत करना/होश दिलाना ; без чувств अचेत/चेतनाशून्य ; лиши́ться чувств, упа́сть без чувств बेहोश होना ।

чу́вствование (नपुं०) अनुभूति ; अनुभव ; सवेदना ।

чу́вствовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —ствую) अनुभव/महसूस करना ; ч. го́лод भूख अनुभव करना ; **—ся** (आत्म०) अनुभव किया जाना ।

чугу́н (पुं०) १. ढलवाँ लोहा ; २. (ढलवाँ लोहे का बना) पतीला/बर्तन ; **—ный** (वि०) ढलवाँ लोहे का ।

чугунолите́йный (वि०) लोहा ढालने का ; च. заво́д लोहे की ढलाई का कारखाना ।

чуда́||к (पुं०) सनकी ; झक्की ; खब्ती ; अजीब आदमी ; како́й он ч. ! वह भी अजीब आदमी है ! ; **—кова́тый** (वि०) सनकी-सा ; झक्की-सा ; अजीब-सा ; **—чка** (स्त्री०) झक्की/सनकी स्त्री ; अजीब स्त्री ।

чуде́сный (वि०) १. अद्भुत् ; चमत्कारपूर्ण ; २. सुन्दर ।

чуди́ть (अपू०) अजीब ढँग का बर्ताव करना ।

чу́диться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नही होता ; чу́дишься) ему́ чу́дится उसे दिखायी पड़ता या सुनायी पड़ता है/उसे लगता है कि... ; ему́ чу́дится стук उसको खटखट सुनायी दे रही है ; вам э́то то́лько почу́дилось यह केवल आपकी कल्पना थी ।

чу́дно -I (कर्तृ-निरपेक्ष) १. सुन्दर ! २. (क्रि० वि०) सुन्दर रीति से ; आश्चर्यजनक ढँग से ।

чу́дно -II (कर्तृ-निरपेक्ष) १. чу́дно ! अजीब है ! ; २. чудно́ (क्रि० वि०) अजीब ढँग से ।

чу́дный (वि०) १. अद्भुत् ; विलक्षण ; २. सुन्दर ।

чу́д||о (नपुं०) चमत्कार ; कौतुक ; अचम्भा ; ч., что он спа́сся अचम्भा है कि वह बच गया ; ч. иску́сства कला का चमत्कार ; страна́ —е́с विचित्र/अद्भुत देश ।

чудо́вищ||е (नपुं०) दानव ; **—ность** (स्त्री०) दानवता ; विकटता ; **—ный** (वि०) दानवीय ; विकट ।

чудоде́й (पुं०) १. कौतुकी ; २. ऐन्द्रजालिक ।

чудотво́р||ец (पुं०) जादूगर ; कौतुकी ; **—ный** (वि०) चमत्कारपूर्ण ; चमत्कारिक ।

чужа́к (पुं०) परदेशी ; अजनबी ।

чужби́на (स्त्री०) (केवल एकवचन) पराया देश ; विदेश ।

чужда́||ться (आत्म० अपू०) अलग रहना ; -से दूर रहना ; он —лся же́нщин वह स्त्रियों से दूर रहता था ।

чу́жд||ый (वि०) इतर ; स्वभाव-विरुद्ध ; बेगाना ; पराया ; э́то —о мне́ यह मेरे स्वभाव के विरुद्ध

है ; ч. э́лемент इतर तत्त्व ; он чужд интри́г षड्यन्त्र करना उसके स्वभाव के विपरीत है ।

чужезе́м||ец (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) अजनबी ; परदेशी ; **—ный** (वि॰) अजनबी ; परदेशी ।

чужестра́нец (पु॰) = чужезе́мец.

чужестра́нка = чужезе́мка.

чуж||о́й -I (वि॰) अन्य का ; दूसरे का ; पराया ; на ч. счет दूसरे के खर्चे पर ; э́то —а́я кни́га यह दूसरे की पुस्तक है ; —и́е края́ पराया देश ।

чужо́й -II (पु॰) (वि॰ रू॰) अजनबी ; परदेशी ।

чула́н (पु॰) गोदाम ।

чуло́к (पु॰) (घुटनों तक की) जुराबें/मोजे (अंग्रेजी—नाइलोन) ।

чуло́чни||к (पु॰), **—ица** (स्त्री॰) घुटनो तक की जुराबें (मोजे) बनानेवाला/वाली ।

чуло́чный (वि॰) чуло́к से वि॰ ।

чум (पु॰) (यायावरो/खानाबदोशो का) खेमा ।

чума́ (स्त्री॰) (केवल एकवचन) प्लेग ; ताऊन ।

чума́зый (वि॰) मलिनमुख ; गन्दे मुँहवाला ।

чума́к (पु॰) (प्राचीन यूक्रेन मे) किसान जो गाँव से गेहूँ आदि लाकर शहर में बेचा करता था और वहाँ से नमक-मछली आदि ले जाया करता था ।

чуми́чка (स्त्री॰) फूहड़ स्त्री ।

чумно́й (वि॰) १. महामारी-सम्बन्धी ; २. प्लेग से आक्रान्त ।

чур (विस्मय॰) खबरदार ! ; ч. молча́ть ! खबरदार ! चुप ! ।

чура́ться (आत्म॰ अपू॰) डरकर (-से) बचना/अलग रहना ; зря ч. до́брых люде́й भले लोगों से (डरकर) अलग रहना व्यर्थ है ।

чурба́н (पु॰) १. छिपटी ; लकड़ी का टुकड़ा ; २. मूर्ख/बुद्धिहीन मनुष्य ।

чу́рка (स्त्री॰) लकड़ी/धातु का छोटा टुकड़ा ।

чу́тк||ий (वि॰) १. अनुभूतिप्रवण ; संवेदनशील ; २. (कान) पैना ; —ая соба́ка पैने कानोंवाला कुत्ता ; ३. समझदारी का ; कौशलपूर्ण ; ч. подхо́д समझदारी अथवा कौशल से सुलझाने का प्रयत्न ; **—о** (क्रि॰ वि॰) लगन/ध्यान से ; कौशल से ; —о прислу́шиваться लगन/ध्यान से सुनना ।

чу́ткость (स्त्री॰) संवेदनशीलता ; कौशलपूर्णता ।

чу́точк||а (स्त्री॰) : ни —и रंचमात्र भी नहीं ; लेशमात्र भी नही ; **—у** (क्रि॰ वि॰) रंचमात्र ; लेशमात्र ।

чуть (क्रि॰ वि॰) १. कठिनता से ; थोड़ा-सा ; कुछ ; он ч. ды́шит उसके लिए साँस लेना कठिन है ; отсю́да ч. ви́дно यहाँ से थोड़ा-सा दिखायी देता है ; чуть-чуть थोड़ा-सा ; он ч. не упа́л वह गिरते-गिरते बचा ; २. ч. то́лько जैसे ही ; ч. то́лько он вошел जैसे ही वह भीतर आया ; □ ч. свет पौ फटे ; उषाकाल में ।

чутьё (नपु॰) १. (पशुओं की) घ्राण-शक्ति ; सूँघने की शक्ति ; २. वृत्ति ; सूझ ; स्फुरण ; худо́жественное ч. कलात्मक वृत्ति/सूझ/स्फुरण ।

чу́чело (नपु॰) १. (भूसा भरी हुई) पशु या पक्षी की खाल ; २. बिजूका ; धोखा ; соло́менное ч. बिजूका ; (पशुओं को डराने के लिए) भूसे का आदमी ; ч. горо́ховое मूर्ख ; जड़मति ।

чу́шка (स्त्री॰) १. सूअर का बच्चा ; २. कृतघ्न ।

чу́шь (स्त्री॰) बकवास ; प्रलाप ।

чу́ять (अपू॰), **по—** (पू॰) सूँघना ; अनुभव करना ; समझना ।

Ш

шáбаш (पुं०) सप्ताह का सातवाँ दिन जिसमें यहूदी धर्म के अनुसार विश्राम किया जाता है; विश्राम का समय।

шабáш (पुं०) १. बस!; २. काम छोड़ने का समय; छुट्टी।

шабáш||ить (अपू०) छुट्टी करना; काम समाप्त करना; сегóдня рабóчие —ат в пять часóв आज मजदूर पाँच बजे छुट्टी करेंगे।

шáбер (पुं०) खुरचने का औजार।

шаблóн (पुं०) १. प्रतिमान; नमूना; साँचा; स्टेंसिल; २. घिसी-पिटी बात; साधारण बात; **—ность** (स्त्री०) तुच्छता; सामान्यता; **—ный** (वि०) १. प्रतिमान-; नमूने का; साँचे का; २. तुच्छ; मामूली; सामान्य।

шáвка (स्त्री०) एक प्रकार का बालोवाला कुत्ता।

шаг (पुं०) पग; डग; कदम; पद-चिह्न; पद-चाप; (चलने का) शब्द; идтú тúхим —ом धीरे-धीरे चलना; идтú бы́стрым —ом तेज चलना; ш. за шáгом धीरे-धीरे/एक-एक क़दम करके; ни —у дáльше एक भी पग आगे नहीं; □ не отступáть ни на ш. एक क़दम भी पीछे न हटना; в двух —ах отсю́да यहाँ से दो क़दम/बिल्कुल समीप; на кáждом —ý पग-पग करके; сдéлать ш. कदम उठाना।

шагáть (अपू०), **шагнýть** (पू०) कदम उठाना; डग भरना; पैदल चलना।

шáгом (क्रि० वि०) पैदल चाल से; धीरे-धीरे; éхать ш. धीरे-धीरे चलना; ш. марш! द्रुत मार्च/तेज चलो!

шагомéр (पुं०) डगमापी।

шагренев||ый (वि०): —ая кóжа हरे रँग का कमाया हुआ चमड़ा।

шагрéнь (स्त्री०) हरे रँग का कमाया हुआ चमड़ा।

шажкóм (क्रि० वि०) धीरे-धीरे।

шажóк (पुं०) छोटा क़दम।

шáйба (स्त्री०) वाशल (पेच के उपर रखी हुई मुँदरी जिससे कसकर ढिबरी ठहरती है)।

шáйка (स्त्री०) I. गिरोह; दल; ш. воров चोरो का गिरोह; II (पानी का) छोटा टब।

шайтáн (पुं०) शैतान।

шакáл (पुं०) शृगाल; गीदड़।

шалáнда (स्त्री०) एक प्रकार की चौड़े पेंदे की नाव।

шалáш (पुं०) झोपड़ी।

шал||éть (अपू०), **о—** (पू०) पागल हो जाना; चेतना/होश खोना; ш. от рáдости खुशी से पागल हो जाना; ш. от вóдки वोदका पीकर मदहोश होना।

шал||и́ть (अपू०) शरारत करना; не —и́! शरारत मत करो!

шаловли́в||ость (स्त्री०) शरारती स्वभाव; चचलता; **—ый** (वि०) चंचल; **—ый** ребенок शरारती बच्चा।

шалопáй (पुं०) निकम्मा; आवारागर्द।

шáлость (स्त्री०) शरारत।

шалýн (पुं०) १. चंचल; २. शरारती/ऊधमी बालक; **—и́шка** (स्त्री०) शरारती/ऊधमी बच्चा।

шалýнья (स्त्री०) १. चचल बालिका; २. शरारती/ऊधमी लड़की।

шалфéй (पुं०) एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति।

шáлый (वि०) पागल; सनकी; ш. человéк सनकी आदमी।

шаль (स्त्री०) शाल; दुशाला।

шальнóй (वि०) १. पागल; उन्मत्त; सनकी; २. पागलपन का।

шаман́ (पुं०) शमान (एक प्रकार का साधु जो दवा देकर या जादू-टोना करके गुजारा किया करता था); **—ство** (नपुं०) शमानवाद।

шáмканье (नपुं०) गुनगुनाहट ; अस्पष्ट वार्ता ।

шáмкать (अपू०) गुनगुनाना ; बड़बड़ाना ; अस्पष्ट बोलना ।

шампáнское (नपुं०) (वि० रू०) शैम्पेन ।

шампиньóн (पुं०) कुकुरमुत्ता ; छत्रक ।

шампýн||ь (उभ०) चम्पी ; शैम्पू ; мыть (себé) гóлову —ем अपने सिर को शैम्पू से धोना ।

шанс (पुं०) अवसर ; आशा ; имéть мнóго —ов बहुत अवसर मिलना ; имéть все —ы на успéх सफलता की पूरी आशा होना ।

шансонéтка (स्त्री०) १. (खुले मंच पर गाया जानेवाला) गीत ; २. (खुले मच पर गानेवाला) गायक ।

шантáж (पुं०) धमकी देकर रुपया ऐंठने की क्रिया ; **—úровать** (अपू०) (—рую) धमकी देकर रुपया ऐठना ; **—úст** (पुं०) धमकी देकर रुपया वसूल करनेवाला ।

шантрапá (उभ०) लुटेरा ; लम्पट मनुष्य ।

шáнцевый (वि०) : ш. инструмéнт खाई खोदने का औज़ार ।

шáпка (स्त्री०) टोपी ; мехóвая ш. पोस्तीन की टोपी ; □ на вóре ш. горúт पापी को शान्ति कहाँ ! ।

шапокля́к (पुं०) काली नलाकार लम्बी टोपी ।

шáпочка (स्त्री०) छोटी टोपी ।

шáпочн||ик (पुं०) टोपी बनानेवाला ; **—ый** (वि०) टोपी का ।

шар (पुं०) गोला ; गुब्बारा ; बैलून ; избирáтельный ш. (चुनाव में) मत-पेटी ; земнóй ш. पृथ्वी ; воздýшный ш. गुब्बारा ; бáлун ; □ хоть —óм покатú बिल्कुल खाली ।

шарабáн (पुं०) टमटम (एक प्रकार की घोड़ा-गाड़ी) ।

шарáда (स्त्री०) शब्द-पहेली ; शब्दो के हेर-फेरवाली पहेली ।

шарáхаться (आत्म० अपू०), **шарáхнуться** (आत्म० अपू०) (घोड़े आदि का) बिदक जाना ।

шарж (पुं०) व्यंग्य-चित्र ; कार्टून ; **—úровать** (अपू०) (—рую) व्यंग्य-चित्र बनाना ।

шáрик (पुं०) шар का अल्प० ; хлéбный ш. गोलाकार रोटी ।

шáриковый (वि०) ш. подшúпник = шарикоподшúпник.

шарикоподшúпник (पुं०) (टेक०) गुटिकाधार (अंग्रेज़ी—बाल-बेयरिंग) ।

шáрить (अपू०), **по—** (पू०) (भद्देपन से) टटोलना ; छान मारना ; пошáрить в кармáне (भद्देपन से) जेब टटोलना ।

шáркание (नपुं०) पाँव घिसटाने का शब्द ।

шáркать (अपू०), **шáркнуть** (पू०) पाँव घिसटाकर चलना ; चलते हुए पाँव से शब्द करना ।

шарлатáн (पुं०) नीमहकीम ; ठग ; ढोगी ; **—ство** (नपुं०) कपट व्यवहार ; ठगी ; ढोग ।

шармáнка (स्त्री०) हारमोनियम जैसा एक बाजा ।

шарнúр (पुं०) (किवाड़ आदि का) कब्जा ; चूल ।

шаровáры (बहु०) सलवार ।

шаровúдн||ость (स्त्री०) गोलाकृति ; **—ый** (वि०) गोलाकार ।

шаровóй (वि०) गोले का ; गोलाकार ; ш. сегмéнт गोलाकार खड ।

шарообрáзн||ость (स्त्री०) गोलाकृति ; **—ый** (वि०) गोलाकार ।

шарóшка (स्त्री०) (टेक०) कर्तक ; काटने का यन्त्र ।

шарф (पुं०) बड़ा रूमाल ; दुपट्टा ; вя́заный ш. गुलूबन्द ।

шасси́ (पुं०) मोटर गाड़ी या तोप-गाड़ी के नीचे का ढाँचा ।

шатáние (नपुं०) १. डगमगाहट ; लड़खड़ाहट ; हिचकिचाहट ; २. आवारागर्दी करना ; इधर-उधर टहलना ।

шатáть (अपू०) हिलाना ; झुलाना ; हिचकोले देना ; **—ся** (आत्म०) १. (कील आदि का) ढीला होना ; हिलना ; २. लड़खड़ाना ; डगमगाना ; ३ इधर-उधर टहलना ; आवारागर्दी करना ।

шатéн (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) भूरे बालोंवाला मनुष्य/-वाली स्त्री ।

шатёр (पु॰) खेमा ; तम्बू ।

шáтия (स्त्री॰) (घृणासूचक) मंडली ; चंडाल-चौकड़ी ।

шáткǁий (वि॰) १. अस्थिर ; हिलनेवाला ; लड़खड़ानेवाला ; २. नाजुक ; शोचनीय ; ढुलमुल ; दुर्बल ; —ое положéние शोचनीय/नाजुक स्थिति ; **—ость** (स्त्री॰) १. अस्थिरता ; २. शोचनीयता ; नाजुक स्थिति ।

шатýн (पु॰) (टेक॰) बन्धनी ; योजिनी ।

пáфер (पु॰) विवाह के समय दूल्हे या दुलहिन के सिर पर सेहरा थामकर रखनेवाला व्यक्ति ।

шафрáн (पु॰) केसर ; ज़ाफरान ; **—ный, —овый** (वि॰) केसर का ; ज़ाफरान का ।

шах (पु॰) १. शाह ; २. (शतरंज) शह ; ш. королю́ (बादशाह को) शह ।

кахмати́ст (पु॰) शतरज का खिलाड़ी ।

шáхматнǁый (वि॰) शतरज का ; —ая игра́ शतरज का खेल ।

шáхматы (बहु॰) शतरंज ; игрáть в ш. शतरज खेलना ।

шаховáть (अपू॰) (шахýю, шахýешь) (शतरज मे) शह देना ।

шáхта (स्त्री॰) खान ; каменноýгольная ш. कोयले की खान ।

шахтёр (पु॰) खनिक , खान मे काम करनेवाला ।

шахтёрский (वि॰) खनिक का ; खान में काम करनेवाले का ।

шáшечнǁица (स्त्री॰) ड्राफ्ट के खेल या शतरंज का तख्ता ; **—ый** (वि॰) : —ая доскá ड्राफ़्ट के खेल या शतरंज का तख्ता ।

шáшка -I (स्त्री॰) खड्ग ; तलवार ।

шáшкǁа -II (स्त्री॰) ड्राफ़्ट का खेल ; играть в —и ड्राफ़्ट खेलना ।

шашлы́к (पु॰) शाशलीक (एक प्रकार का कबाब) ।

шáшни (बहु॰) शरारतें , चालाकियाँ ।

швáбрǁа (स्त्री॰) झाड़ू ; कूँची ; чúстить —ой झाड़ू से साफ करना ।

швартóв (पु॰) (नौचालन॰) लंगर बाँधने का आरसा ; स्थापन-रज्जु ।

швартовáть (अपू॰), **при—** (पू॰) (वर्त॰ —тýю) (पोत, नाव आदि) लंगर से बाँधना ।

швед (पु॰), **—ка** (स्त्री॰) स्वीडन (देश) -निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि॰) स्वीडन (देश) का ।

швéйнǁик (पु॰) दर्ज़ी ; कपड़ा सीनेवाला ; **—ый** (वि॰) कपड़ा सीने का ; —ая машúна कपड़ा सीने की मशीन ।

швейцáр (पु॰) द्वारपाल ; दरबान ।

